begift *बिगिफ्ट v. t.* to give gifts. उपहार देना।

begild *बिगिल्ड v. t.* to cover with gold-leaf or to gild. सोने का पानी या वर्क चढ़ाना।

begin *बिगिन v. t. & v. i.* to commence, to come into existence. आरम्भ करना; आरम्भ होना।

to begin with : first of all. सब से पहले; सर्व प्रथम।

beginner *बिगिनर n.* आरम्भ करने वाला; नव-सिखिया।

beginning *बिगिनिङ्ग n.* origin; commencement. आरम्भ; उद्घाटन; उद्गम; उद्गम।

begird *बिगर्ड v. t.* to surround; to compass; to gird; encircle. घेरना, बांधना; लपेटना।

beglerbeg *बेगलरबेग n.* Governor of a Turkish province next to grand vizier in dignity. तुर्की साम्राज्य के प्रान्त का शासक जो वजीर के बाद प्रथम प्रतिष्ठित होता था।

begloom *बिग्लूम v. t* to make gloomy. दुखी बनाना।

begnaw *बिनॉ v. t.* to bite. काटना; खा जाना।

bego *बिगो v. t* to surround; to beset. घेरना।

woe-begone surrounded by woe. दुःख से घिरा हुआ।

begone *बिगॉन interj* go away, hence! चले जाओ, दूर हो।

begonia *बिगोनिया n* tropical plants with beautiful flowers and leaves. गर्म देशों का एक पौधा जिसके पत्ते तथा फूल सुन्दर होते हैं।

begored *बिगोर्ड v. t.* covered with gore. जमे हुए खून से ढका हुआ।

begorra *बिगोरा interj* by god! begad! भगवान की सौगन्ध!

begot *बिगोट* past tense of 'beget'.

begotten *बिगोटन* past participle of 'beget'.

begrime *बिग्राइम v. t.* to make grimy; to blacken with dirt; soil deeply. काला करना; दुखी बनाना; भीतर तक मलीन बनाना।

begrudge *बिग्रज v. t.* to grudge; to envy the possession of, to be dissatisfied. ईर्षा करना, किसी से स्पर्धा रखना; असन्तोष दिखाना।

beguile *बिगाइल v. t* cheats; deceive; dupe; to while away (time); to deviate; divert, to amuse. धोखा देना; कपट करना; (समय) नष्ट करना, (मार्ग) भटकाना; प्रसन्न करना।

beguilement *बिगाइलमेण्ट n.* act or state of beguiles. धोखेबाज; कपटी, ठग।

beguinage *बेगीनेज n.* a place for beguin. बेगीनों का स्थान।

beguine *बेगीन n.* nuns without vows. बिना संस्कार किये साध्वी का जीवन व्यतीत करने वाली पादरनी।

begun *बिगन pt pp.* of 'begin'. शुरू किया हुआ

begunk *बिगंक v. t.* befool; dupe. मूर्ख बनाना; धोखा देना।

behalf *बिहाफ n.* sake, account, benefit; part; favour. ओर; लाभ, भाग; कृपा।

on behalf of . की ओर से, के लाभार्थ; लिये; वास्ते; हेतु; निमित्त।

behappen *बिहॅपन v. t* to happen होना।

behave *बिहेव v. t* to treat; to conduct. व्यवहार करना; वर्ताव करना।

v. t. to act; to have good manners. शिष्टता दिखाना; ठीक प्रकार से कार्य करना।

behaviour *बिहेवियर n* conduct; actions, manners, treatment व्यवहार, वर्ताव; आचार।

upon one's best behaviour आचार पर ध्यान देना आवश्यक होना।

behaviourism *बिहेवियरिज्म n.* doctrine and method behaviour being predicted. आचार व्यवहार के सिद्धान्त; उनके कारणों का विश्लेषण आदि।

behead *बिहेड v. t.* to cut the head. सिर काटना।

beheld *बिहेल्ड* past tense of 'behold'.

behemoth *बीहिमॉथ, बिहीमॉथ n.* an animal. एक पशु।

behest *बिहेस्ट n.* order, promise आदेश; आज्ञा, वचन।

behight *बिहाइट v. t.* to take oath; to give promise वचन देना, शपथ लेना; प्रतिज्ञा करना।

behind *बिहाइंड prep* opposite of before; backward, after, inferior; hind portion पीछे, पिछड़ा हुआ; बाद में; नीचे; पिछला भाग।
to go behind one's word : अपनी बात से फिर जाना; मुकर जाना।
to put behind : विचार न करना।

behind door *बिहाइंड डोर n.* चोर दरवाजा, पीछे का द्वार, चोरी छिपे, गुप्त रूप से।

behind hand *बिहाइंड हैंड adj.* काम में पीछे; बिना पूरे सामान के; समय पर ऋण न चुकाने वाला।

behind the back. पीठ पीछे; चोरी से।

behind the scenes. रहस्यपूर्ण ढंग से; नेपथ्य में दिखाई न देते हुए।

behind the times. समय से पीछे; पिछड़ा हुआ; पुरातन, दकियानूसी।

behold *बिहोल्ड v. t.* to see; to view. देखना; विचार करना।
interj. look ! see ! देखो ! ओहो !

beholden *बिहोल्डन adj.* obliged. अनुगृहीत; कृतार्थ; अहसान से दबा हुआ; कृतज्ञ।

beholder *बिहोल्डर n.* one who sees. देखने वाला, दर्शक।

behoof *बिहूफ n.* advantage; convenience, profit. लाभ, सुविधा।

behoove *बिहूव* see 'behove'.

behote *बिहोट* see 'behight'.

behove *बिहूव v. t.* to befit; to become; to be proper; to be necessary. उचित होना; अच्छा लगना, आवश्यक होना; योग्य होना।

behowl *बिहाउल v. t.* to howl at. भौंकना; चिल्लाना।

beige *बेज n.* undyed woolen cloth. बिना रंगा तथा धुला ऊन का कपड़ा।

bein *बीन adj.* good; very well; easy. अच्छा; समृद्ध; आरामदेह।

being *बीइंग n.* existence; any thing existing or living, nature; substance अस्तित्व, जीवित प्राणी; प्रकृति; पदार्थ।
supreme being : परमेश्वर; भगवान।

beinkid *बीइंकड adj* covered or soiled with ink. स्याही से पुता हुआ।

bejade *बिजेड v. t.* to tire out थका देना।

bejant see 'bajan'. हट्टाकट्टा।

beje suit *बिजेसुइट v. t.* to make a Jesuite. यीशु धर्म में दीक्षा देना।

bejewel *बिजूअल v. t.* to adorn with jewels. रत्नों से सुशोभित करना।

bejewelled *बिजूअल्ड adj.* covered with jewels. रत्न जड़ित; हीरों से भरा हुआ; हीरे पहना हुआ।

bekiss *बिकिस v. t.* to shower kisses upon चुम्बनों से लाद देना, बहुत प्यार करना।

beknave *बिनेव v. t.* to call a knave, to treat as villain. दुष्ट या धूर्त बनाना, दुष्ट व्यवहार करना।

beknown *बिनोन adj.* same as 'known' जाना हुआ।

bel *बेल n.* a measure of noises: currents etc. बिजली के करण्ट तथा शब्द आदि का एक माप।

belabour *बिलेबर v. t.* to beat badly. खूब ठुकाई करना; बहुत मारना।

bel accoyle *बेल अकॉइल n.* fair welcome; good reception. अच्छा स्वागत; कृपा पूर्ण आवाभगत।

belace *बिलेस v. t.* to cover with lace. फीता लगाना; गोटे किनारी से सुशोभित करना।

bel air *बेल एयर n.* fine manners. अच्छा व्यवहार; शिष्टता।

belamoure *बेलामॉवर n.* a kind of flower; a beloved. प्रेमिका; जिससे प्रेम हो; एक सुन्दर फूल।

belamy *बिलेमी n.* a fast friend. पक्का मित्र।

belate *बिलेट v. t.* to make late. पीछे डालना; देर करना।

belated *बिलेटेड adj.* देर से आता हुआ; समय गुजरने पर होने वाला; पिछड़ा हुआ।

belaud *बिलाड v. t.* to praise much. बहुत प्रशंसा करना।

belay *बिले v. t.* to fasten; to attach. लपेट कर बांधना; लूटना; मार्ग में पकड़ लेना या आक्रमण करना।
interj : enough. बस; रहने दो।

bel canto a kind of music. सङ्गीत विशेष।

belch *बेल्च v. t. & v. t.* to emit wind from stomach through throat, bursting. डकार लेना; गले से हवा निकालना; गरजना।
n. emitting wind, eructation. विस्फोट; डकार।

belcher *बेल्चर n.* a kind of neckerchief. एक प्रकार का नीला गुलकन्द।

beldam, beldame *बेल्डम n.* old woman; an angry woman. बुढ़िया; बुड्ढी औरत; तेज स्वभाव की स्त्री।

beleaguer *बिलीगर v. t.* to besiege; to surround. घेरा डालना; सारे मार्ग रोकना।

belee *बिली n* a place on river side. नदी तट पर स्थान; घाट।

belemnite *बेलमनिट n.* fossil of a fish. एक मछली का नोकीला ढांचा।

bel esprit *बेल एस्पिट adj.* a genius or wit. बुद्धिमान; तीव्र बुद्धि।

bel etage *बेल एटेज n.* best story, first floor सर्वोत्तम कथा; पहली मंजिल।

belfry *बेलफ्राइ n.* bell tower. घंटियों का मीनार।

belga *बेल्गा n.* Belgian five francs. पांच फ्रांक का नोट।

belgard *बेलगार्ड n.* a fair look; kind look. अच्छा रूप; कृपालु रूप।

Belgravian *बेलग्रेवियन, adj.* aristocratic शान शौकत वाला; फैशन वाला।
लंदन के फैशनपरस्त भाग बेलग्रेविया का निवासी

Belial *बिलियल n* a devil. राक्षस, दैत्य; बदमाश; दुष्ट।

belie *बिलाइ v. t.* to falsify, to give false picture of झूठ सिद्ध करना; असत्य बनाना; झूठा वर्णन देना या चित्रण करना।

belief *बिलीफ n.* assurance; surity, trust; faith; opinion. विश्वास, धर्म; निश्चय; श्रद्धा; मत; विचार।

believable *बिलीवेबल adj.* विश्वास योग्य; विश्वसनीय; विश्वास।

believe *v. t.* to trust; to take as true विश्वास करना, सच मानना।

believer *बिलीवर n.* one who believes or has faith. विश्वास रखने वाला; किसी धर्म का अनुयायी; श्रद्धालु।

belike *बिलाइक adv.* perhaps. शायद; संभवतः; कदाचित।

belittle *बिलिटिल v. t.* to make small; to make look in significant; to depreciate. छोटा करना; महत्वपूर्ण या तुच्छ बताना; न्यूनता, निन्दा करना।

belive *बिलाइव adv.* speedily; urgently. शीघ्रता से; अविलम्ब।

bell *बेल* ringing cup like device with a tongue; any thing bell shaped; bubble of water. घंटी; घण्टा; घड़ियाल; घण्टी के आकार की वस्तु; जल का बुलबुला।
v. i. to ring; to cry loud. बजाना; जोर से गरजना।
v. t. to tie the bell. घण्टी बांधना।
to bell the cat : बिल्ली के घण्टी बांधना; कठिन कार्य में आगे होना।
bear the bell, carry off bell : सर्व प्रथम स्थान प्राप्त करना।

belladona *बेलाडोना n* a deadly drug containing atropine and narcotine. एक विषैली औषधि जिसमें नरकोटी तथा एट्रोपीन होती है, मकोय।

belladona lily *बेलाडोना लिलि n.* pink-flowered Amaryllis. गुलाबी फूलों की एक किस्म जो दक्षिणी अफ्रीका में होती है।

bella; horrida bella *बेला होरीडा बेला n.* wars; horrid wars. युद्ध; भयानक युद्ध।

bellaque matribus detestata *बेलॅक मेट्रीबस डीटेस्टॅटा* wars are abhorred by mothers. माताओं को युद्ध से घृणा होती है।

bellarmine *बेलारमीन n.* a grey beard. सफेद दाढ़ी।

bellatrix *बेलाट्रिक्स n.* a star. एक तारा।

bell bird *बेल बेर्ड n.* घंटी के समान शब्द वाला पक्षी।

bell, book and candle *बेल, बुक ॲण्ड कॅण्डल n.* shut the book quench the candle; ring the bell. घंटी बज गई किताब बन्द कर के सोजाओ।

bell bottomed *बेलबाटम्ड adj.* घंटी के जैसे आकार का; नीचे से चौड़ा।

bell boy *बेल बाय n* hotel servant होटल का बहरा या नौकर।

bell buoy *बेल बोय n.* a buoy with a bell घंटी वाला पीपा जो जहाज से बंधा रहता है और जल पर तैरता है तथा लहरों से घंटी बजती है।

bell cote *बेल कोट n.* घंटियों वाला एक गहना।

bell crank *बेल क्रैंक n* a kind of lever.

belle बेल *n.* beautiful lady; most handsome lady of any place. सुन्दरी; किसी स्थान की सबसे आकर्षक महिला।

belle amie बेल अमी lady friend; mistress. महिला मित्र; सहेली; प्रेमिका।

belle assemblee gathering of fashionable persons. बांके छैलों का सम्मेलन।

bell mere mother in law. सास।

belle passion बेल पैशन *n.* tender passion. कोमल भाव।

belle vue बेल वू *n.* good prospect. अच्छी सम्भावना या आशा।

belle lettres बेल लेटर *n.* noble literature. ललित साहित्य, काव्य आदि।

belleter बेलटर *n.* bell founder. घंटियां बनाने वाला।

bell founder बेल फाउण्डर *n.* one who casts bells घंटियां बनाने वाला।

bell glass बेल ग्लास *n.* फूलों को ढकने का शीशे का ढक्कन जो घण्टी के आकार का होता है।

bell heathe बेल हीथ *n.* झाड़ीदार मैदान; वनभूमि।

bell hanger बेल हैंगर *n.* घण्टी लटकाने वाला तथा घण्टियों की मरम्मत करने वाला।

bellibone बेलीबोन *n.* a good belle सुन्दर तथा अच्छी महिला।

bellicose बेलीकोस *adj.* of fighting nature, war like. लड़ाका; लड़ने की इच्छा, योद्धा।

bellied बेलीड *adj.* with a big belly. मोटे पेट वाला; भटके जैसे पेट वाला।

belligereancy बेलीजरेन्सी *n.* state of war युद्ध की स्थिति, युद्धरतता।

belligerent बेलीजरेन्ट *n.* one involved in war युद्धरत; विरोधी।

belljar बेल्जार *n.* घण्टी के आकार का शीशे का ढक्कन।

bellman बेलमैन *n.* town crier शहर का या अन्यथा घण्टी बजाने वाला।

bellmetal बेलमैटल *n* alloy of tin and copper. घण्टी बनाने की धातु; तांबे तथा टीन का मिश्रण; भरत।

Bellona बेलोना *n.* Roman Goddess of war; a vigorous woman. रोम की युद्धदेवी; चण्डी; शक्ति; दुर्गा के समान, चण्डी के समान स्त्री।

bellow बेलो *v. t* to roar violently गरजना; बैल के समान शब्द करना।

v. t. to shout on किसी पर गरजना।

n. a bull roar गरज, बैल की आवाज।

bellows बेलोज *n.* device for fanning fire by blowing; lungs, any thing which fans hatred. भाथी, आग सुलगाने का यन्त्र; फेंफड़ा; घृणा की अग्नि सुलगाने वाली बात।

bellows fish बेलोज फिश *n* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

bell pull बेल पुल *n.* घण्टी बजाने की रस्सी या हैण्डल।

bell punch बेल पञ्च *n.* ऐसा पञ्च (टिकट काटने का) जिसमे घण्टी बजती है।

bell push बेल पुश *n.* बिजली की घण्टी बजाने का बटन।

bell ringer बेलरिङ्गर *n* घण्टी बजाने वाला।

bell rope बेल रोप *n.* घण्टी की रस्सी।

bell tent बेल टेन्ट *n.* घण्टी के आकार का तम्बू।

bell tower बेल टावर *n.* घण्टियों वाला मीनार।

bell turret बेल टरेट *n.* घण्टियों वाला कंगूरा।

bellum interneci war of extermination. ऐसा युद्ध जो सर्वनाश करदे और जिनमें कोई न बचे।

bellum lethale deadly war. भयानक युद्ध।

bellum nec timendum nec provocandum war is neither to be feared nor to be provoked. युद्ध से न डरना ही चाहिये और न युद्ध को उत्तेजित ही करना चाहिये।

bell weather बेल वेदर *n.* भेड़ों में सबसे आगे की भेड़ जिसके गले में घंटी होती है भगाड़ालू व्यक्ति; भगाड़ालुओं का सरदार।

bell wort बेल वार्ट *n.* एक प्रकार का रोगन।

belly बेली *n.* stomach; front part; middle bulging part of pot; womb. पेट; गर्भाशय; बर्तन का बीच का उभरा हुआ भाग; आगे का भाग।

adj. relating to belly. पेट सम्बन्धी।

v. t. to swell. फूलना, बाहर निकलना।

belly ache बेली एक *n.* पेट का दर्द।

belly band बेली बैण्ड *n.* घोड़े के पेट की पेटी जिससे वह तांगे से बंधा रहता है।

bellyful बेलीफुल *n.* sufficient to fill belly. काफी पेटभर वस्तु; पर्याप्त सामग्री।

belly god बेली गाड *n.* पेट पुजारा; खाऊ; बहुत खाने वाला।

belly pinched बेली पिन्च्ड *adj.* भूखे पेट, जिसका पेट खाली हो।

belly timber बेली टिम्बर *n.* रसोई का सामान; नून-तेल-लकड़ी।

belly worship बेली वर्शिप *n.* पेटूपन; अधिक खाने का चाव।

belomancy बेलोमैन्सी *n* divination with the help of arrows. तीरों की सहायता से जादू मन्तर करना तथा भविष्य बताना।

belong बिलौङ्ग *v. t.* to be connected with, to be property of or member of or citizen of etc. किसी से सम्बन्धित होना, किसी का होना; (देश का नागरिक होना; संघ का सदस्य होना)।

belongings बिलौङ्गिंग्स *n.* everything that belong to a person or thing. किसी का सब सामान या सम्बन्धी आदि; सम्बन्धित वस्तुएं।

belove बिलव *v. t.* to love. प्रेम करना।

beloved बिलव्ड *n.* dearly loved. प्रियतम; इष्ट, प्रेमिका; प्यारा; प्यारी।

beloving बिलविङ्ग *adj.* प्यार करने वाला या वाली।

below *bilo prep.* underneath; lower in rank in quality, on this earth as opposed to those in heaven; in the hell. नीचे पद या स्थिति में निम्नतर; स्वर्ग के सम्बन्ध में; पृथ्वी पर या नर्क में।

bel sanque बेलसेङ्क *n.* gentle blood. कोमल रक्त; कोमल व्यक्ति।

belt *n.* zone; a flixable band used in machines. प्रदेश; क्षेत्र, मशीन का पट्टा; पेटी।

v. t. to surround or beat with; to cover belt while giving title. पेटी बांधना या पट्टे से मारना, उपाधि के रूप में पेटी बांधना।

to hold the belt : to hold the championship. अग्रतम उपाधि धारण करना।

to hit below the bell : कमर के नीचे वार करना; कमीना व्यवहार करना; अनुचित आक्रमण करना।

belta e follia vanno spesso in compagnia beauty and folly often go together. सुन्दरता तथा मूर्खता प्रायः साथ रहती है।

beltane बेलटन *n.* a festival held in May; first day of May. मई में होने वाला एक त्यौहार; मई की पहली तारीख;।

belted बेल्टेड *adj.* one who bears a belt an honoured person. पट्टा पहनने वाला; उपाधि प्राप्त।

belting बेल्टिङ्ग *n.* पेटी मशीन का पट्टा।

belua multorun capitum *n.* divil with many heads-irrational mob. बहुमुखी राक्षस; बुद्धिहीन भीड़; विवेकहीन; समूह।

beluga *bilugā n.* a kind of white whale fish. सफेद रंग की ह्वेल मछली।

belvedere बेलवीडीर *n* high turret on house, a house on high place. मकान के ऊपर ऊंचा चौबारा; ऊंचे स्थान पर मकान।

belyine *bilīin* from belie. पेट वाला।

bema *bīma n.* platform for delivering speeches. भाषण देने का मंच।

bemad बिमैड *v. t.* to make mad. पागल करना।

bemask बिमास्क *v. t.* to cover, to hide. छिपाना; ढांपना; नकाब डालना।

bemowl बिमौल *v. t.* to beat with stick डंडे से मारना, मरम्मत करना।

bemazed बिमेज्ड *adj.* perplexed. आश्चर्य चकित; घबराया हुआ।

bembex बेम्बेक्स *n.* noisy sand wasp. जोर से भरभराने वाली एक रेगिस्तानी भिड़; ततैया।

bemean बिमीन *v. t.* to make mean. कमीना बनाना; नीचा करना।

bemire *v. t.* to spoil with mud. गंदा करना; कीचड़ पोतना।

bemoan बिमोन *v. t.* to mourn. शोक मनाना; विलाप करना।

v. t. to be grieved. शोकातुर होना।

bemock बिमॉक *v. t.* to mock at. खिल्ली उड़ाना।

bemoil बिमाइल *v. t.* to drag and soil. घसीट कर गंदा करना।

bemonster बिमॉन्स्टर *v. t.* to make monster. राक्षस बना देना; भूत के समान समझ लेना।

bemouth बिमाउथ *v. t.* to utter here and there. इधर उधर कहते फिरना।

bemud बिमड *v. t.* to spoil with mud. कीचड़ छिड़काना; गंदा करना।

bemuddle बिमडल *v. t.* to bewilder. घबड़ा देना; आश्चर्य में डालना।

bemuffle *बिमफ़ल v. t.* to cover or wrap. पूरी तरह से ढक देना।

bemuse *बिम्यूज़ v. t.* to perplex. आश्चर्य में डालना; मूर्ख बनाना।

ben *बेन n.* (1) peak of mountain or hill. (2) good portion of house. (3) a seed of a tree. (१) पर्वत का शिखर; पहाड़ की चोटी; (२) घर का बढ़िया भाग; भीतरी कमरा; (३) एक पेड़ का बीज।
prep. & adv. towards better portion of house. घर के श्रेष्ठ भाग की ओर।
a but and a ben : दो कमरे का मकान; एक रसोई आदि दूसरा बढ़िया कमरा।
but and ben : बाहर और अन्दर।
far ben : पक्की मित्रता।
live but and ben : बिल्कुल पड़ौस में रहना।

bename *बिनेम v. t.* to give name. नाम देना; उल्लेख करना।

bench *बेंच n.* a wooden seat; table for working; seat or positon of judges of high or supreme court; high office or post. लकड़ी का आसन, चौकी; काम करने की मेज; उच्चतम या उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का आसन तथा पद तथा मंडली; शासकीय पद।
v. t. to provide with benches. बैंचें लगाना।
High Court Bench : उच्च न्यायालय की न्यायाधीश मंडली।
on the bench : holding the post of judge or bishop. न्यायाधीश पदधारी।
raise to the bench : to make a judge. न्यायाधीश बना देना।

bencher *बेंचर n.* one occupying high office; judge. उच्च पद पर आसीन; न्यायाधीश।

bench hole *बेंच होल n.* latrine. पाखाना, शौचालय।

bench mark *बेंच मार्क n.* level mark made in survey. तल मापने के लिये परिमापक द्वारा लगाया चिह्न।

bench warrant *बेंच वारंट n.* warrant issued by bench of High Court. उच्च न्यायालय से निकला हुआ वारंट या अधिपत्र।

bend *बेण्ड v. t. & v. i.* to give a curved shape; to slant; to turn down ward; to bow; to subdue. मुड़ना; टेढ़ा होना; नीचे झुकना; नम्र होना; दबा देना; झुका देना; मोड़ देना।
n. knot; inclination; curve. गांठ; झुकाव मोड़।

bender *बण्डर n.* झुकने वाला (व्यक्ति); मुड़ने वाली (वस्तु) छः पैन्स।

bend the bow *बेण्ड दी बो* भृकुटी बदलना; त्योरियां चढ़ाना।

bend wise *बेण्ड वाइज़ adv.* diagonally. एक कोने से दूसरे कोने तक।

bendy *बेण्डी adj. & n.* मुड़ा हुआ; कई मोड़ों में बंटा हुआ।

bene *बीन n.* a prayer. प्रार्थना।

beneaped *बिनीप्ड adj.* left aground by ebb of tide. भाटा द्वारा भूमि पर छोड़ा हुआ।

beneath *बिनीथ adv. & prep.* below; behind; at a lower level; not befitting. नीचे; पीछे; निम्नस्तर का; अनुचित, अनुरूप नहीं।

bene decessit *बेनिडिसिट* leaving certificate; S. L. C.; he has left well. छोड़ कर जाते समय मिलने वाला प्रमाण-पत्र।

benedicite *बनिडिसिटि interj.* bless you! आनन्द से रहो! भगवान भला करे!
n. blessing. आशीर्वाद।

benedick *बेनिडिक n.* newly married man. नव विवाहित, विशेषतः देर से विवाह करने वाला।

benedict *बेनिडिक्ट adj.* blessed; happy. आशीर्वाद प्राप्त; सुखी।

benedictine *बेनिडिक्टिन adj.* pertaining to St. Benedict. सेण्ट बैनेडिक सम्बन्धी।

benediction *बेनिडिक्शन n.* blessing; heavenly blessedness. आशीर्वाद; स्वर्गीय वरदान; कल्याण; धार्मिक संस्कार के पश्चात का आशीर्वाद; मंगल कामना।

benedictus *बेनिडिक्टस n.* canticle; song in church service. गिरजे में गाया जाने वाला एक गद्यगीत।

benefact *बेनिफ़ैक्ट v. t.* to give benefit. लाभ पहुंचाना।

benefaction *बेनिफ़ैक्शन n.* good work done for any one; benefit given to any one; grant or endowment. किसी के लिये किया गया सुकार्य या किसी को दिया गया लाभ; दान-दक्षिणा; अनुदान; उपकार; धर्मस्व।

benefactor *बेनिफ़ैक्टर n.* one who confers as a benefit or gives endowment. लाभ पहुँचाने वाला; धर्मस्व या अनुदान देने वाला; उपकारी।

benefic *बिनेफ़िक adj.* beneficient; kindly. कृपालु; लाभदायक; अनुग्रहकर्ता।

benefice *बेनिफ़िस n.* church living. पादरी का जीवन या वृत्ति।

beneficed *बेनिफ़िस्ड adj.* पादरी का जीवन व्यतीत करने वाला।

beneficence *बिनेफ़िसन्स n.* doing good actions; kindness; beneficial acts. अच्छे कार्य करना; परोपकार; कृपा; अनुग्रह; परहित।

beneficient *बेनेफ़िशेण्ट n.* giving benefit. परोपकारी; दानी; कृपालु।

beneficial *बेनेफ़िशल adj.* advantagious; useful; something which benefits. लाभदायक; कल्याणकारी; हितसाधक।

beneficiare *बेनेफ़ैमयर n.* actor; cricketeer etc. who takes a benefit. नट; क्रिकट का खिलाड़ी; लाभ उठाने वाला।

beneficiary *बेनेफ़िशयरी n.* one who receives the benefit or endowment or is likely to receive benefit लाभ प्राप्त कर्ता, धर्मस्व प्राप्त करने वाला; माफीदार; जिसके नाम कोई सम्पत्ति छोड़ी गई या जायेगी।

beneficium accipeie libertatem est vendere. to accept a favour is sell one's liberty. किसी का अनुग्रह स्वीकार करना अपनी स्वतंत्रता बेचना है।

benefit *बेनिफ़िट n.* advantage, gain; favour; kindness; right under insurance; privilege. लाभ; उपकार; अनुग्रह, बीमापत्र के अधीन अधिकार; विशेषाधिकार।
v. i. to get advantage. लाभ प्राप्त करना।
v. t. to give advantage. लाभ पहुंचाना; कृपा करना।

benefit night *बेनेफ़िट नाइट n.* night on which performance is made for somebody's benefit. वह जब किसी के सहायतार्थ कोई खेल आदि किया जाये।

benefit of inventory *बेनेफ़िट ऑफ़ इन्वेन्ट्री n.* उत्तराधिकारी को जो सम्पत्ति मिली हो उसकी सूची देने का उसका विशेषाधिकार जिससे कि पूर्वज के ऋणों का वह उसी सीमा तक उत्तरदायी रहे।

benefit of doubt *बेनेफ़िट ऑफ़ डाउट n.* दोष सिद्ध में सन्देह होने पर अभियुक्त के पक्ष में निर्णय; सन्देह का लाभ।

Benelux *बेनेलक्स n.* Belgium; Netherlands; Luxumburg. बेल्जियम; नेदरलैंडस; लक्जमबर्ग।

bene merentibus to the well deserving. सुयोग्य को।

bene meriti having well deserved. सुयोग्य सिद्ध होकर।

benempt *बिनेम्प्ट v. t.* bename. नाम देना; उल्लेख करना।

bene orasse est bene studuisse *v. t.* to have prayed well is to have endeavoured well. भली भांति प्रार्थना करने का अर्थ है भली भांति गहन करना।

bene placito *बिन प्लेसिटो* good pleasure; by your leave. आपके प्रसाद से; आपकी इजाजत से।

bene quit latuit, bene vexit he has lived well who has lived obscure. जो अज्ञात रहा वह अच्छा रहा।

benet *बिनेट v. t.* to catch in net. जाल में फसाना।

benet *बेनट n.* third order in Roman Catholic Church. रोमन कैथोलिक गिरजे में पादरियों की तीसरी श्रेणी।

bene vobis *बेन वोबिस adv.* health to you. आप स्वस्थ रहें।

benevolence *बेनेवोलन्स n.* charity; kind act; generosity; gift to help poor. दान; परोपकार; शुभ कर्म; कृपा; निर्धनों की सहायता।

benevolent *बेनेवोलेण्ट adj.* charitable; generous; kind; one who helps poor people. दानी; कृपालु; धर्मात्मा; दीनबन्धु।

benight *बिनाइट v. t.* to cover with darkness or gloom. अंधेरे में ढक देना; शोकातुर करना।

benighted *बिनाइटेड adj.* ignorant living in dark. अंधेरे में रहने वाला; अज्ञानी: पतित।

benighten *बिनाइटन v. t.* same as 'benight'.

benign *बिनाइन adj.* kind; favourable; gentle कृपा पूर्ण; सहायक; सुखद; कोमल; लाभप्रद।

benignancy *बिनिगनन्सी n.* kindness. कृपालुता।

benignant *बिनिगनेण्ट adj.* benign; gra-

cious. दयालु; कृपालु; लाभप्रद ।

benignity *बिनिगनिटी n.* goodness; kind circumstances. सहायक परिस्थितियां; कृपालुता ।

benigno numine *बेनिगनो नूमिन adj.* with favouring god-head. जिस पर देवता की कृपा हो ।

benison *बेनिज़न n.* blessing. आशीर्वाद; वरदान ।

benitier *बनीटयेर n.* holy water spring.पवित्र जल का स्रोत ।

benj *बेन्ज n.* Bhang. 'भांग' का अँग्रेजी अपभ्रंश ।

benjamin *बेन्जमिन n.* (1) youngest son; dearest son. (2) an old fashioned chester. (3) a kind of fig tree and its gum. (१) कनिष्ठ पुत्र; सबसे छोटा और लाडला पुत्र, (२) पुराने फैशन का ओवरकोट, (३) एक प्रकार का अंजीर का पेड़ और उसका गोंद ।

bennet *बेनिट n.* a kind of herb; dry grass. एक प्रकार की जड़ी; सूखी घास ।

bent *बेण्ट v. pt. pp.* of 'bend'. झुका हुआ ।
adj. curved; determined; obedient; मुड़ा हुआ; झुका हुआ; दृढ़प्रतिज्ञ; आज्ञाकारी ।
n. grass; grass place; hill. घास; घास वाला स्थान; पहाड़ी ।
take to the bent : भागना ।
to the top of ones bent : पूरे संकल्प के साथ; दृढ़प्रतिज्ञ होकर ।

Benthamism *बेन्थमिज्म n.* teachings of Bentham that happiness is pleasure. बेन्थम का सिद्धान्त कि सुख और विलासिता एक ही वस्तु है ।

benthos *बेन्थोस n.* sea bottom plants etc. समुद्र की तह पर पाये जाने वाले पौधे आदि ।

ben trovato *बेन ट्रोवॅटो adj.* well invented. भली प्रकार आविष्कृत ।

benumb *बिनम्ब v. t.* to make numb or senseless; to perplex. सुन्न करना, बुद्धि-हीन करना; आश्चर्यचकित करना ।

ben venuto *बेन वेन्यूटो n.* welcome. शुभागमन; स्वागतम् ।

benzedrine *बेन्जीड्रीन n.* a medicine for nervous defects. ज्ञान तन्तुओं अर्थात नाड़ी सम्बन्धी रोगों की एक औषधि ।

benzene *बेनज़ीन n.* a mineral oil prepared from coaltar. एक खनिज तेल जो तारकोल से बनता है ।

benzaldehyde *बेनजलडिहाइड n.* oil of bitter almonds. कड़वे बादामों का तेल ।

benzine *बेनजीन n.* a mineral oil used as motor fuel and used for removing stains. मोटर चलाने में और धब्बे मिटाने में काम आने वाला एक तेल ।

benzoin *बेनजॉइन n.* gum benzamine used in perfumes. एक प्रकार की सुगन्धित लेही; लोहबान ।

benzol(e) *बेनजोल n.* crude benzene used as motor fuel. मोटर चलाने में काम आने वाला एक तेल ।

bepaint *बिपेंट v. t.* to paint. रोगन करना; (किसी वस्तु पर) रंग करना ।

bepat *बिपेट v. t.* to pat; to beat. मारना; बार बार थपथपाना ।

bepatched *बिपॅच्ड adj.* having patches. पेवन्द या चिप्पड़े लगा हुआ ।

bepearl *बिपर्ल v. t.* to adorn with pearls. मोतियों से सजाना या जड़ना ।

bepelt *बिपॅल्ट v. t.* to pelt. किसी चीज को फेंककर मारना ।

bepepper *बिपेपर v. t.* to beat with blows. मुक्कों से मारना ।

bepester *बिपेस्टर v. t.* to trouble or annoy very much. बहुत तंग करना; परेशान करना ।

bepity *बिपिटि v. t.* to pity very much. बहुत दया करना ।

beplaster *बिप्लास्टर v. t.* to plaster. गाढ़ा पलस्तर करना ।

beplumed *बिप्लूम्ड adj.* decorated with plumes. परों से सजाया हुआ ।

bepommel *बिपॉमल v. t.* to pommel much. तलवार की मूठ से मारना ।

bepowder *बिपाउडर v. t.* to powder over. बुकनी छिड़कना; चूर्ण बनाना ।

bepraise *बिप्रेज v. t.* to praise very much. अत्यधिक प्रशंसा करना ।

beprose *बिप्रोज़ v. t.* to render into prose. गद्यरूप देना ।

bepuff *बिपफ v. t.* to over praise. चिढ़ाना; झूठी प्रशंसा करके फुलाना ।

bequeath *बिक्वीथ v. t.* to leave after death; to give in trust, to give by will. मरने के बाद किसी के लिये सम्पत्ति छोड़ना, किसी को न्यास रूप में देना; इच्छापत्र द्वारा देना; वसीयत द्वारा देना ।

bequeathable *बिक्वीदेबल adj* (something) that is fit to be bequeathed. (ऐसी सम्पत्ति) जो मरते समय छोड़ने लायक हो ।

bequeathal *बिक्वीदल n.* (also *bequeathment*) act of bequeathing; something bequeathed. सम्पत्ति छोड़ने की क्रिया; छोड़ी हुई सम्पत्ति ।

bequest *बिक्वेस्ट n.* something bequeathed; left by legacy. मरते समय छोड़ी हुई सम्पत्ति; इच्छापत्र या वसीयतनामे द्वारा छोड़ी हुई सम्पत्ति; रिक्थदान ।

berate *बिरेट v. t.* to chide very much. बहुत धमकाना; डांट डपट करना ।

beray *बिरे v. t.* to soil. गन्दा करना ।

Berber *बरबर n.* inhabitant or language of Barbary बरबरी के लोग या भाषा ।

berberis *बरबरिस n.* एक प्रकार के बेर की झाड़ी तथा फल ।

berceau *बेरसू n.* a cradle; a covered walk. पालना; ढकी हुई जगह ।

berceuse *बेरसज n.* cradle song. लोरी; बच्चे को सुलाने का गीत ।

bere *बेअर n.* barley; bear; pillow case. जौ; bear शब्द को देखिये; तकिये का गिलाफ ।

Berean *बेरीअन n.* a scottish tribe. स्काटलैंड की एक जाति ।

bereave *बिरीव v. t.* to deprive of any thing. or any relative. कोई वस्तु छीनना; किसी सम्बन्धी से वंचित करना; अन्याय करना ।

bereaved *बिरीव्ड adj.* one whose relative has died. जिसका कोई मर गया हो ।

bereavement *बिरीवमेण्ट n.* loss of somedear one किसी प्यारे सम्बन्धी या मित्र की मृत्यु; वियोग ।

bereft *बिरेफ्ट adj.* bereaved. वियोग-ग्रस्त ।

beret *बेरेट n.* a type of woolen cap. एक प्रकार की ऊनी टोपी ।

berg *बर्ग n.* a hill. पर्वत; पहाड़ी ।

bergadder *बर्गऍडर n.* a poisonous snake haunting the mountains. पर्वतों पर रहने वाला एक विषैला सांप ।

bergamask *बर्गमास्क n.* a masked dance of Itahan Rustics of those rustics themselves. इटली के गंवारों का एक नाच या वे गंवार ।

bergamot *बर्गमॉट n.* a fine pear. a kind of orange. एक सेब; एक प्रकार का संतरा या उसका वृक्ष ।

berhyme *बिरहाइम v. t.* to write verses about. कविता बनाना ।

beriberi *बेरीबेरी n.* weakness due to lack of vitamin B. कमजोरी का एक रोग 'बेरी-बेरी' (लङ्का का शब्द) जो विटेमिन 'बी' की कमी से होता है; जलंधर की किस्म का एक रोग ।

berkelium *बर्कलियम n.* element No. 97. तत्व संख्या ९७ ।

berlin *बर्लिन n.* a four wheeled cart. बग्घी; फिटन ।

Berlin blue *बर्लिन ब्लू n.* German blue. एक प्रकार का नीला रङ्ग जो जर्मनी में बनता है ।

berline *बर्लीन n.* a motor car. जर्मन फैशन की मोटर जिसमें ड्राइवर की सीट अलग की हुई होती है ।

Berlin wool *बर्लिन वूल n.* a fine wool for knitting. बुनने की एक बढ़िया प्रकार की ऊन ।

berm *बर्म n.* projected rock; a protecting shelf. झुकी हुई चट्टान ।

berob *बिरॉब v. t.* to rob. लूटना ।

berry *बेरी n.* any small round fruit containing. कोई छोटा रसीला गोल फल; बेर जैसा फल ।

berth *बर्थ n.* sleeping place in aircraft, ship or train; any allotted place; a comfortable place. विमान, जलयान या रेलगाड़ी में सोने का स्थान नियत स्थान; आराम स्थान ।
v. t. to provide a berth. स्थान की व्यवस्था करना ।
to give a wide berth to : दूर रहना ।

bertha *बर्था n.* a woman's long collars; a German gun. स्त्रियों के बड़े कालर; एक प्रकार की जर्मन तोप ।

berthage *बर्थेज n.* port charges. पत्तन या घाट पर जहाज के ठहरने का भाड़ा ।

berthe *बर्थ n.* woman's falling collar. स्त्रियों के लम्बे कालर ।

Berthon-boat *बर्थॉन बोट n.* a boat which can be packed up. बन्द होने वाली नाव ।

bertillonage *बर्टीयोनाज n.* criminal identification by mean's of measuring.

नापने की प्रणाली से अपराधियों को पहचानने की एक प्रणाली।

beryl *बेरिल n.* pale-green precious stone. हरितमणि, फिरोजा।
adj. pale greenish. हल्के हरे रंग का।

beryllium *बेरिलियम n.* a metallic element No. 4 एक धातु; तत्व संख्या ४।

besaint *बिसेंट v. t.* to make a saint. संत बनाना, संत प्रसिद्ध कर देना।

besainted *बिसेंटेड adj.* under the influence of saints. संतों के प्रभाव में; संतों के वश में।

bescatter *बिस्कैटर v. t.* to scatter over. बखेरना; ढक देना।

bescrawl *बिस्क्रॉल v. t.* to scrawl over. घसीटकर लिखना (कागज को) गंदी लिखाई से भर देना।

bescreen *बिस्क्रीन v. t.* to screen over ऊपर से ढक देना।

bescribble *बिस्क्रिबल* to bescrawl. घसीट कर लिखना।

besee *बिसी v. t.* to furnish; to provide; to adorn; to entertain.; to look to. व्यवस्था करना; देना; सजाना; दावत देना। स्वागत करना आश लगाना।

beseech *बिसीच v. t.* to pray; request; solicit; ask for. प्रार्थना करना; निवेदन करना; मांगना।

beseecher *बिसीचर* (also *beseeching*) *n.* suppliant. प्रार्थी।

beseechingly *बिसीचिङ्गली adv.* in soliciting manner. नम्र रूप में; प्रार्थना के रूप में।

beseechingness *बिसीचिङ्गनेस n.* act of entreaty. प्रार्थना करने की क्रिया या भाव।

beseechment *बिसीचमेण्ट n.* entreaty. प्रार्थना।

beseem *बिसीम v. t.* to become; to suit; to be fitting. योग्य होना; उपयुक्त होना; शोभा देना; अच्छा लगना।

beseeming *बिसीमिङ्ग adj.* befitting; becoming. योग्य; शोभनीय, उपयुक्त।

beseemingly *बिसीमिङ्गली adv* in a becoming manner. उपयुक्त रूप से; उचित प्रकार से योग्यतापूर्वक।

beseemingness *बिसीमिङ्गनेस n.* fitness. उपयुक्तता, शोभनीयता; योग्यता।

beseemly *बिसीमली adj.* fit; becoming; suitable. उपयुक्त; उचित; योग्य।

beseen *बिसीन adj.* of good shape; furnish. सुन्दर; सुसज्जित; सुव्यवस्थित।

beset *बिसेट v. t.* to encircle, to confound; to hem in; to set upon. घेर लेना; घबरा देना; मगजी लगाना; आक्रमण करना।

besetment *बिसेटमण्ट n.* failing, being beset by sin or immorality. पतन; पथ भ्रष्टता; पाप से घिर जाने की अवस्था; शत्रु द्वारा घिर जाना।

besetter *बिसेटर n.* one who besets. घेरने वाला; आक्रमणकारी।

besetting *बिसेटिङ्ग n* act of besieging. घेरने की क्रिया।

beshadow *बिशैडो v. t.* to cover with shadow. ऊपर छाया करना; ढकना।

beshame *बिशेम v. t* to put to shame. लज्जित करना।

beshine *बिशाइन v. t* to make shining. चमकाना; ज्योतिर्मान करना।

beshrew *बिश्रू v. t.* to curse; to think evil of. शाप देना; किसी का बुरा मनाना; आक्रोप करना; कोसना।

beside *बिसाइड prep.* near. by the side of; apart from; over and above; out of. समीप; परे, बाहर; अतिरिक्त; पृथक।
adv. near by; by the side; apart. दूर; पास में; एक ओर।

beside oneself out of one's wits. अपने आपे से बाहर।

besides *बिसाइड्स adv. & prep.* in addition to otherwise; else. (इसके) अतिरिक्त; अलावा; अन्यथा; और भी।

beside the mark not relevant. असंगत; अप्रासंगिक।

besiege *बिसीज v. t.* to surround; to attack. घेरा डालना; घेर लेना; आक्रमण करना।

besiegement *बिसीजमेंट n.* encirclement; attack. घेरा, आक्रमण।

besieger *बिसीजर n.* one who besieges. घेरा डालने वाला।

besieging *बिसीजिङ्ग adj.* surrounding. घेरा डालने वाला; आक्रमण करने वाला।
n. act of besieging. आक्रमण; घेरा डालने की क्रिया।

besiegingly *बिसीजिङ्गली adv.* in a surrounding of attacking manner. घेरते हुए; आक्रमणात्मक रूप में।

besigh *बिसाइ v. t.* to sigh over. (किसी बात) पर विलाप करना।

besing *बिसिङ्ग v. t.* to celebrate by singing. गान द्वारा मनाना; संगीत द्वारा प्रसिद्ध करना।

besit *बिसिट v. t* to surround, to befit. घेरना; ठीक बैठाना, उपयुक्त होना; शोभा देना।

besitting *बिसिटिङ्ग adj.* befitting. उपयुक्त; योग्य, शोभनीय।

beslave *बिस्लेव v. t.* to make slave, to treat as call, to call slave. दास बनाना; दास के समान समझना; दास बनाना।

beslaver *बिस्लेवर v. t.* to flatter very much. चाटुकारिता करना, खुशामद करना, चापलूसी करना; दासवत बन जाना।

beslobber *बिस्लॉबर v. t* to besmear with spittle; to kiss badly; to flatter. थूक लगाना; ऐसा चुम्बन करना कि थूक लिपट जाय; प्यार करना; खुशामद करना, चाटना।

beslubber *बिस्लबर v. t.* to besmear. पोतना।

besmear *बिस्मिअर v. t* to smear over. पोतना; लेप करना।

besmirch *बिसमर्च v. t.* to soil, to pollute; to make dim; to cover with smoke. गन्दा करना; अपवित्र बनाना; धीमा करना; अंधकार करना; धुंवां से ढक देना।

besmut *बिसमट v. t* to darken with soot or smoke धुवां से काला करना, धुंधला करना।

besmutch *बिस्मच v. t.* to soil; to besmut. गन्दा करना; धुवां से काला करना।

besmutted *बिस्मटेड adj.* darkened with soot. धुवां से काला हुआ; काजल लगाया हुआ।

besognio *बिज़ोनयो n.* beggar. भिखारी; भिक्षुक।

besoin *बिसॉई n.* need; desire; want. कमी; अभाव, आवश्यकता; इच्छा; अभिलाषा।

beso las manos. I kiss your hands. मैं तुम्हारे हाथों को चूमता हूं।

besom; bezom *बीजम; • बेजम,* a kind of broom; sweepstick; a reproaching abuse for a women. झाड़ू; बुहारी; स्त्री को डाट डपट के समय पुकारने का विशेषण।
jump the besom: एक प्रकार का अंग्रेजी विवाह करना जिसमें वर वधू दोनों एक झाड़ू के ऊपर से कूदते हैं; ऐसा विवाह अब भी प्रचलित है परन्तु अच्छा नहीं समझा जाता।

besomhead *बेजम हॅड n.* a blockhead. बुद्धू; मूढ (विशेषत. स्त्रियों के लिये)।

besomrider *बेजम राइडर n.* a witch. जादूगरनी; डायन (अंग्रेजों का अन्ध विश्वास है कि डायन झाड़ू पर चढ़ कर उड़ती है)।

besort *बिसॉर्ट v. t.* to befit; to suit. शोभा देना, अच्छा लगना; उपयुक्त होना; योग्य होना
n. a suitable company. उपयुक्त साथी।

besot *बिसॉट v. t.* to make stupid मूढ़ बना देना।

besotted *बिसॉटेड adj* stupid. मूर्ख।

besottedly *बिसॉटेडली adv* foolishly मूर्खता पूर्वक।

besottedness *बिसॉटेडनेस n.* act of besotting. मूर्ख बनाने की क्रिया।

besought *बिसौट* past tense of 'beseech' प्रार्थना की मांग।

besouled *बिसोल्ड adj* with a soul. आत्मा वाला।

bespangle *बिस्पङ्गल v. t.* to adorn with shining things. चमकदार वस्तुओं से सजाना।

bespatter *बिस्पैटर v. t* to spatter over; to defame; abuse. बखेरना, गंदा करना; कीचड़ उछालना; कोसना; गाली देना; अपमान करना; बदनाम करना।

bespeak *बिस्पीक v. t.* to engage in advance; to bewitch; to order for. पहले से नियोजित करलेना या पक्का कर लेना; मोहित करना, आर्डर देना (कपड़े आदि बनाने का)।

bespeckle *बिस्पेकल v. t.* to mark with specks. धब्बे लगाना।

bespectacled *बिस्पेक्टेकल्ड adj.* having glasses. चश्मे वाला।

bespeed *बिस्पीड v. t.* to make haste. जल्दबाजी करना; गति बढ़ाना।

bespice *बिस्पाइस v. t.* to make delicious by spices. मसाले डाल कर स्वादिष्ट बनाना।

bespit *बिस्पिट v. t.* to spit upon. (किसी पर) थूकना।

bespoke *बिस्पोक* (*p. p.* bespoken) past tense of **bespeak.** (वस्त्र आदि) जिनके बनाने

के लिये आदेश दिया गया हो।

besport *बिस्पोर्ट v. t.* to amuse. मनोरञ्जन करना; प्रसन्न करना।

bespot *बिस्पॉट v. t.* to cover with spots. धब्बे लगाना।

bespotted *बिस्पॉटेड adj.* covered with spots. जिस पर धब्बे लगे हों।

bespottedness *बिस्पॉटेडनेस n.* state of being bespotted धब्बे लगे होने की स्थिति।

bespout *बिस्पाउट v. t.* to spout over; to declaim. फवारा छोड़ना; वेग से कोई बात कहना; गम्भीरता से बोलना।

bespread *बिस्प्रेड v. t.* to cover over. ढक देना; ऊपर कोई वस्तु फैला देना; ओढ़ाना।

besprent *बिस्प्रेंट past participle.* shrinkled over. ढका हुआ।

besprinkle *बिस्प्रिंकल v. t.* to sprinkle over. ऊपर बखेरना या छिड़कना।

Bessemer *बेसमर adj.* a special type of steel. एक विशेष प्रकार का इस्पात।

Bessemer iron *बेसमर आइरन n.* एक विशेष प्रकार का लोहा या इस्पात।

best *बेस्ट adj. & adv.* most excellent; first. सर्वोत्तम; सबसे अच्छा; प्रथम, सर्वोत्कृष्ट। *n.* highest endeavour part; share, success. भरसक प्रयत्न; भाग; अंश; सफलता।

at best : to the greatest extent. पराकाष्ठा तक; सर्वोत्तम प्रकार से या रूप में।

be at one's best . सर्वोत्तम अवस्था में होना।

best is the enemy of the good : सर्वोत्तम के पीछे उत्तम भी खो जाता है; बहुत ऊंचे आदर्श से उन्नति में बाधा पड़ती है।

do (anything) for the best : अच्छी नीयत से काम करना।

do one's best : जितना हो सके उतना करना; भरसक प्रयत्न करना।

have the best of it : विजय प्राप्त करना।

make the best af anything : to be contented with anything. संतुष्ट रहना।

give one's best. हार मान लेना।

make the best of one's way : यथा संभव तेज चलना।

best boy जिसे लड़कियां सबसे अधिक चाहें वह लड़का।

best girl जिसे लड़के सबसे अधिक चाहें वह लड़की।

best maid brides maid. दुलहन के साथ रहने वाली सेविका।

best man bridegroom's man. दूल्हे के साथ रहने वाला सेवक या साथी।

best seller सबसे अधिक बिकने वाली पुस्तक; उस पुस्तक का लेखक।

bestain *बिस्टेन v. t.* to cover with stains. धब्बे लगाना।

bestar *बिस्टार v. t.* to cover with star. तारों से ढकना; तारे लगाना।

bestead *बिस्टेड adj.* situated; surrounded; beset with foes. स्थित; घिरा हुआ; शत्रुओं के बीच में।

v. t. to help; to be of use. सहायता करना; उपयोगी सिद्ध होना।

v. i. to profit. लाभ उठाना।

bested past participle of 'bestead' *adj.* उपयोगी; लाभ वाला; सहायता प्राप्त किया हुआ; शत्रुओं से घिरा हुआ; स्थित।

bestial *बेस्ट्यल a lj.* brutal; barbarous; like a beast; very several. नृशंस, अशिष्ट; जंगली; क्रूर; असभ्य; गंवार; पशुवत; अत्यन्त कामी; भोगी।

bestialise *बेस्टेलाइज* to make beast. पशुवत बनाना।

bestialism *बेस्टेलिज्म n.* brutality; irrationality. क्रूरता; अशिष्टता; असभ्यता; गंवारपन, बुद्धिवाद का अभाव।

bestiality *बेस्टेलिटी n.* beastly actions or habits; great vice. पशु के समान स्वभाव या कार्य; भारी पाप या पतन।

bestiary *बेस्टियरी n.* book containing stories of animals. पशुओं की कहानियों की पुस्तक।

bestick *बिस्टिक v. t.* to stick over; to decorate. (कीलों आदि से) लगाना; सजाना।

bestill *बिस्टिल v. t.* to make sull; quieten. शान्त करना; चुप करना।

bestir *बिस्टर v. t.* to excite; to exert. उत्तेजित करना; श्रम करना; चेष्टा करना; उकसाना, व्यवहार करना।

bestorm *बिस्टॉर्म v. t.* to assail with storm. शोर मचाते हुए; आक्रमण कर देना।

bestow *बिस्टो v. t.* to confer; to place, deposit; to stow over; to give accommodation. प्रदान करना; रख या परत लगाकर रखना जमा करना; निवास की व्यवस्था करना।

bestowal *बिस्टोअल n.* act of bestowing; disposal. प्रदान करने का कार्य; दान; उत्सर्जन।

bestower *बिस्टोअर n.* one who bestows. दाता; प्रदान करने वाला।

bestowment *बिस्टोमेंट n.* conferment; disposal. प्रदान करने की क्रिया; दान; उत्सर्जन।

bestraddle *बिस्ट्रैडल v. t.* to bestride. टांगें चौड़ी करके बैठना।

bestraught *बिस्ट्रॉट adj.* mad. पागल; चित्त विकृत।

bestreak *बिस्ट्रीक v. t.* to cover with streaks. धारियां बनाना या लगाना।

bestrew *बिस्ट्रू v. t.* to scatter over. बखेरना; फैलाना।

bestrewn *बिस्ट्रून* past participle of 'bestrew'.

bestridable *बिस्ट्राइडेबल adj.* रक्षा करने योग्य; चढ़ने योग्य (घोड़ा)।

bestride *बिस्ट्राइड v. i.* to sit astride; to ride; to defend. टांगें चौड़ी करके बैठना; (घोड़े पर) सवार होना; रक्षा करना।

bestuck *बिस्टक* past tense of 'bestick'.

bestud *बिस्टड v. t.* to put studs up; to decorate with studs. नग जड़ना; नगीना लगाना।

bet *बेट n.* stake; wager. जूआ, पण; दाव; बाजी; द्यूत।

v. t. stake. दाव (पर) लगाना, जूआ खेलना, बाजी (पर) लगाना।

an even bet ; equal chance. सफलता असफलता का समान संभावना फलना बराबर होना।

beta *बीटा n.* second letter of Greek alphabet. यूनानी वर्णमाला का दूसरा अक्षर 'B' (पहला अ लिखा होता है)।

betacism *बीटासिज्म n.* pronouncing 'B' like 'V' 'बी' को 'वी' बोलना।

betake *बिटेक v. t.* commit; to convey oneself to. वचन दे देना; अंगीकार कर लेना; लीन होना या लगाना; आश्रय लेना।

betaparticles *बीटा पार्टीकिल्स n.* particles emitted by radium. रेडियम जैसे पदार्थों द्वारा छोड़े गये लघुतत्व कण।

betarays *बीटारेज् n.* rays of beta particles. रेडियम जैसे पदार्थों द्वारा छोड़ी गई किरणें।

betatron *बीटाट्रोन n.* apparatus for creating. उच्च शक्ति उत्पन्न करने का एक यंत्र।

bete *बेट n. & adj.* brute; stupid person. क्रूर; मूर्ख व्यक्ति।

bete noire बेट न्वर n. (one's) abomination. घृणा; द्वेष।

beteem (e) *बिटीम v. t.* to bring forth to grant, to allow. मंजूरी देना; अनुमति देना।

betel *बीटल n.* पान का पत्ता (मलयालम भाषा में वेहिला); ताम्बूल।

betel nut *बीटल नट n.* areca nut. सुपारी; छालियां; पूंगीफल।

betel pepper *बीटल पेपर n.* पान का पेड़।

beth *बेथ, बाथ n.* second letter of Hebrew script. इब्रानी (यहूदियों की) भाषा का दूसरा अक्षर।

bethankit *बिथांकिट interj.* thanks God. भगवान को धन्यवाद।

bethel *बेथल n.* a Christian sect; a Church ship. ईसाइयों का एक सम्प्रदाय, एक जहाज जिस पर पूजा की व्यवस्था होती है।

bethesda *बेथस्डा n.* heating pool of Jerusalem जेरूसलेम का कुण्ड जिसमें स्नान करने से, ईसाइयों के विश्वास के अनुसार रोग नष्ट हो जाते हैं।

bethink *बिथिंक v. t. & v. i.* to recollect to think over; to ponder. स्मरण करना; विचार करना; सोचना।

bethought past tense and past participle of 'bethink' स्मरण किया; सोचा; विचार किया।

bethral(l) *बिथ्राल v. t.* to make slave. दास बनाना।

bethrow *बिथ्रो v. t.* to twist. ऐंठना, मोड़ना।

bethumb *बिथम्ब v. t.*to put thumb mark. अंगूठे का चिह्न लगाना।

bethump *बिथम्प v. t.* to beat. मारना; पीटना।

bethwack *बिथ्वैक v. t.* to beat. मारना; पीटना।

betide *बिटाइड v. t.* to befall; to occur. आपड़ना, हो जाना।

betime *बिटाइम v. t.* to betide; to happen. होना (शेक्सपीयर काल में)।

betimes *बिटाइम्स adv.* in time; early. speedily. समय पर; यथासमय; शीघ्रतापूर्वक; अविलम्ब ।

betise *बेटीज n.* a foolish talk; untimed action; stupidity. मूर्खता; असामयिक बात या कार्य ।

betitle *बिटाइटल v. t.* to give a title or name. शीर्षक या नाम निश्चित करना ।

betoil *बिटॉइल v. t.* to take hard work. कठोर परिश्रम करवाना ।

betoken *बिटोकन v. t.* to suggest; forstall; to show by sign; to symbolise. सुझाव देना; प्रस्ताव करना; दरसाना; सूचना देना; प्रतीक होना; मूर्तरूप होना ।

beton *बाटन n.* concrete. कंक्रीट; चूने तथा रोड़ियों का मिश्रण ।

betony *बेटनी n.* a medicinal plant. एक जड़ी बूटी ।

betook *बिटुक* past tense of 'betake'.

betoss *बिटॉस v. t.* to agitate. उत्तेजित करना (शेक्सपीयर काल में) ।

betray *बिट्रे v. t.* to let down; to prove treacherous to, disclose, act basely to seduce. धोखा देना; विश्वासघात करना; भेद बताना; पोल खोलना, कमीनी हरकतें करना; भगा ले जाना ।

betrayal *बिट्रेयल n.* act of betraying. विश्वासघात ।

betrayer *बिट्रेयर n.* one who betrays; one to seduces a girl. विश्वासघाती; लड़की को भगा कर ले जाने वाला ।

betread *बिट्रेड v. t.* to tread over. पैरों तले रौंदना; ऊपर से निकल जाना ।

betrim *बिट्रिम v. t.* to trim; to adorn. व्यवस्थित करना; काट छांट कर ठीक करना; सजाना ।

betroth *बिट्रोथ, बिट्रोद v. t.* to make as marriage contract. सगाई करना; विवाह के लिये वचन देना ।

betrothal *बिट्रोथल, बिट्रोदल n.* engagement for marrying. मंगनी; सगाई ।

bethrothed *बिट्रोथ्ड n. & adj.* engaged. जिसकी सगाई हो चुकी हो ।

betrothment *बिट्रोथमेंट n.* mutual engagement for marriage. सगाई; वाग्दान, मगनी; रोकना ।

better *बेटर n.* one who bets, superior. बड़ा जुवारी ।
adj. more excellent. अधिक; उत्तम; श्रेष्ठतर
adv. with more profit. अधिक लाभ से ।
v. t. to improve; to make better. सुधारना; अधिक उत्तम बनाना ।
v. i. to become better. सुधरना; अच्छा बनाना ।
bad better : be better than one's word. कहे से भी अधिक कर देना ।
no better than : अधिक अच्छा नहीं पै; ऐसा ही है ।
to be better off : अधिक सम्पन्न होना ।
to better oneself : अपनी स्थिति सुधार लेना
to get the better of : विजय प्राप्त कर लेना; हावी हो जाना ।

bettered *बेटर्ड adv.* improved. सुधारा हुआ ।

better-half *बेटर हाफ n.* wife; soul. पत्नी; अर्धाङ्गिनी; आत्मा ।

bettering *बेटरिंग n.* improvement. सुधार ।

betterment *बेटरमेंट n.* welfare. कल्याण; सुख-सुविधा ।

bettermost *बेटर मोस्ट adj.* best. सर्वोत्तम ।

betterness *n.* अच्छा; भलाई; कल्याण ।

better off *बेटर ऑफ* happier; richer. सुखी; आनन्द में; सौभाग्यशाली; अधिक अच्छी स्थिति में; अधिक धनी ।

betting *बेटिंग n.* act of wagering. जूआ खेलना; दांव पर लगाना ।

betty *बेटी n.* a man who takes interest in housewife's duties. घर के रसोई के कार्य में रुचि रखने वाला पुरुष ।

betumbled *बिटम्बल्ड adj.* tumbled; not in order. उखड़ा हुआ; अव्यवस्थित; ठीक प्रकार नहीं रखा हुआ; उलटपुलट ।

between *बिट्वीन prep. & adv.* in; across; along; reciprocally, on the part of. मध्य में; बीच में; परस्पर ।
far between : बहुत दूर ।
to go between : to act as mediator. मध्यस्थ बनना; पंच बन कर निर्णय करना ।
to stand between : to arbitrate. मध्यस्थ बनना; झगड़ा मिटाने के लिये पंच बनना ।
between decks . space between decks. जहाज के डैकों के बीच का मार्ग ।
between devil and deep sea : एक ओर कुआ एक ओर खाई; बचने की कोई आशा न रहते हुए; दुविधा में ।

betweenity *बिट्वीनिटी n.* state of being between. बीच में होने की स्थिति ।

between maid *बिट्वीन मेड n.* a junior maid. निम्न कोटि का नौकर; रसोइया आदि ।

betweenness *बिट्वोननेस n.* state of the being between. बीच में होने की स्थिति ।

between ourselves *बिट्वीन ऑवर सॅल्व्स* in confidence. आपस की बात; गुप्त बात ।

between time *बिट्वीन टाइम adv.* at intervals. बीच बीच में; रुक रुक कर ।

between you and me in confidence. आपस की बात; गुप्त बात ।

between whiles *बिट्वीन वाइल्स adv.* at intervals. बीच बीच में; रुक रुक कर ।

betwixt *बिट्विक्स्ट prep. & adv.* between. बीच में ।

betwixt and between–in middle बीच की स्थिति में ।

bevlah *ब्यूलाह n.* land of rest, Israel. विश्राम-स्थल; इज़राइल ।

bevel *बेवेल v. t.* to make slanting. तिरछा बनाना; कोण बनाना ।
n. slant; instrument for making angles. टेढ़ापन; कोण बनाने का औजार ।

bevel gear *बेवेल गीयर n.* cogged wheels moving in opposite direction. दांतेदार पहिये जो विरोधी दिशाओं में घूमते हैं ।

bevelled *बेवल्ड n.* past tense of 'bevel' *adj.* तिरछा बना हुआ; टेढ़ा कटा हुआ ।

beveller *बेवलर n.* one who bevels. कोण बनाने वाला ।

beveling *बेवलिङ्ग* (also *bevelment*) *n.* act of making slant or angular. टेढ़ा या कोणवत बनाने की क्रिया ।

bevel wheels *बेवल व्हीलस n.* bevel gear. दांतेदार पहिये जो विरोधी दिशाओं में घूमते हैं ।

bever *बेवर n.* a heavy woolen cloth. भारी ऊनी कपड़ा ।

beverage *बेवरेज n.* liquor; drink. मदिरा; आनन्ददायक पेय; हाला ।

bevue *बाबू n.* a mistake. गलती; अशुद्धि; त्रुटि ।

bevy *बेवी n.* a group of ladies; a flock of roes, larks, and quails. महिलाओं का समुदाय; हिरन; बटेर तथा लवा का झुण्ड ।

bewail *बिवेल v. t.* to mourn; to lament. विलाप करना; शोक मनाना ।

bewailable *बिवेलेबल adj.* mournable. शोक मनाने योग्य ।

bewailed *बिवेल्ड adj.* mourned. जिसका शोक मनाया गया हो ।

bewailing *बिवेलिङ्ग n.* act of mourning. शोक; विलाप ।

beware *बिवेअर v. i.* to take precaution. सावधान रहना; सतर्क रहना; बचना ।
v. t. to be on guard against. (किसी से) बचकर रहना ।

beweep *बिवीप v. t.* weep over. किसी पर रोना; किसी को आंसू बहा कर गीला कर देना ।

beweltered *बिवेल्टर्ड adj.* besmeared by blood. खून में लथपथ करना ।

bewet *बिवेट v. t.* to make wet. भिगो देना; तर कर देना; गीला करना ।

bewetted *बिवेटड* made wet. भिगोया हुआ ।

bewhore *बिहोर v. t.* to call or make prostitute. रण्डी की गाली देना; रण्डी बनाना ।

bewig *बिविग v. t.* to cover with wig. विग (एक विशेष प्रकार की टोपी) पहनना; नकली केश लगाना ।

bewigged *बिविग्ड adj.* with a wig on. विग धारी; नकली केश वाला ।

bewilder *बिविल्डर v. t.* to puzzle. घबरा देना; चकरा देना ।

bewildered *बिविल्डर्ड adj.* perplexed; confused. व्याकुल; व्यग्र; घबराया हुआ ।

bewildering *बिविल्डरिङ्ग adj.* perplexing. व्याकुल करने वाला; घबराने वाला ।

bewilderingly *बिविल्डरिङ्गली adv.* in a bewildered manner. घबराये हुए ढङ्ग से; व्याकुलता से, घबराहट से ।

bewilderment *बिविल्डरमेण्ट n.* state of being perplexed; confusion. घबराहट; व्याकुलता ।

bewilderness *बिविल्डरनेस* perplexity. व्याकुलता; घबराहट ।

bewitch *बिविच v. t.* allure; enchant; fascinate; please. जादू करना; मोहिनी

डालना; आकृष्ट करना, आनन्दित करना; वश में करना।

bewitching *बिविचिंग adj.* fascinating; charming; enchanting. आकर्षणकारी; लुभानेवाला; मोहक।

bewitchingly *बिविचिंगली adv.* in a fascinating way. मोहक रूप में।

bewitchment *बिविचमेण्ट n* allurement. वशीकरण।

bewray *बिरे v. t.* to reveal. बताना; बात खोलना।

bey *बे n.* a Turkish Governor. तुर्की का शासक।

beyond *बियॉण्ड n. prep.* at the farthest side; above; outside. दूर; पर; बाहर; ऊपर।

adv. at a distance; yonder. दूरी पर; उस पार।

back of beyond : सीमा से भी आगे; बहुत दूर।

to go beyond : to cross. पार करना; सीमा से बढ जाना।

beyond his means साधनों से अधिक।

beyond measure सीमा से बाहर; अत्यधिक।

beyond one समझ से बाहर।

beyond seas समुद्रपार।

bez *बेज*, **bez-antler** *बेज ॲण्टलर*, **beztine.** *बेजटाइन n.* deers horns or its second बारहसिंगे के शाखादार सींग, उनकी दूसरी शाखा

bezant *बेज़ंट बिज़ॉंट* a gold coin; circle equal to gold coin. सोने की मुहर; सोने की मुहर जैसा छोटा वृत्त।

bezel *बेज़ेल n* edge of chisel; upper; collect of ring. रुसानी की तिरछी धार. अगूठी का नग जड़ने का भाग; घड़ी का शीशा लगाने का स्थान।

bezique *बेज़ीक n.* a game of card. ताश का एक खेल विशेष; हुकम की रानी और ईंट के गुलाम का जोड़ा।

bezonian *बिज़ोनियन n.* a beggar. भिखारी।

bezzle *बेज़ल v. t.* to waste, to consume, खर्च करना; बरबाद करना।

v. i. to drink heavily, खूब मदिरा पीना।

bharal *भरल, भूरल* 'भरल' नामक जंगली भेड़ जो हिमालय की तराई में पाई जाती है।

bi *बाइ* Latin prefix used in the sense of "twice; dubly; twofold" etc. (1) as an Adjective it means having two; doubly; twice over i. e. divided into equal parts, coming twice in a month or year; connecting two. (2) as a Noun it means double (3) as a Noun and adjective it gives the sense of having double the amount. लैटिन भाषा का उपसर्ग; इसका उपयोग अंग्रेजी भाषा में इन अर्थों में होता है—"दो बार, दोहरा, दो गुना (दुगना)" आदि। (१) विशेषण के रूप में इस उपसर्ग का अर्थ होता है-दुगने प्रकार से; जो सम भागों में विभक्त हुआ हो; वर्ष या मास में दो बार होने वाला; दो को जोड़ने या मिलाने वाला (२) संज्ञा के रूप में इस उपसर्ग का प्रयोग दुगने-इस अर्थ में होता है। (३) संज्ञा और विशेषण के रूप में इसका प्रयोग दुगनी राशि या ढेर के अर्थ में होता है।

bi angular *बाइ ॲंग्युलर adj.* consisting of two angles. दो कोण का।

biannual *बाइ ॲंनुअल adj.* occurring once in two years or twice in a year. द्विवार्षिक दो वर्ष में एक बार होने वाला; या छमाही एक वर्ष में दो बार होने वाला।

bias *बायस n.* (1) in the game of bowling greater weight kept on one side of the bowl so that the bowl turns more to one side (2) a one-sided of mind; influences that prejudices the mind to a particular side; obliquity. (१) एक प्रकार का खेल जो लकड़ी की भारी गेंद के एक ओर अधिक भार रखकर खेला जाता है जिससे गेंद एक ओर को अधिक झुक जाती है। (२) चित्त की प्रवृत्ति जिसके कारण मन का झुकाव एक ओर को अधिक हो जाता है; कुछ प्रभावों के कारण एक ओर हुआ मन; वक्रगति।

adj. biased; partial; unfair. एक ओर को झुका हुआ; पक्षपाती।

adv. slantwise, टेढ़े प्रकार से।

v. t. to prejudice; to cause to turn to one side. प्रोत्साहन देना; ऐसे कारण उत्पन्न करना जिससे मन का झुकाव एक ओर हो।

boy-friend *बॉय फ्रेंड n.* a boy whom a girl loves or likes. किसी लड़की का मन पसंद लड़का; यार; प्रेमी; आशिक।

boy hood *बॉय हुड n.* state of being a boy; age of boy. लड़कपन; कौमार्य।

boyish *बॉयिश adj.* like a boy. लड़के के समान; लड़कपन की सी (बात)।

boyishly *बॉयिशली adv.* in boyish way. लड़कों के समान।

boyishness *बॉयिशनेस n.* boyish manners. लड़कों की सी आदतें।

Boys, Brigade *बॉयस ब्रिगेड n.* a boys league formed to foster good habits among boys. लड़कों में अनुशासन; आत्म सम्मान आदि के सद्गुण भरने के लिये बनाई गई लड़कों की एक संस्था; युवक संघ; नवयुवक दल।

Boy scout *बॉय स्काउट n.* member of scouts organisation who promotes alertness and sense of service and good character. स्काउट संस्था का सदस्य; यह संस्था सावधानी; सेवा तथा सदाचार की वृद्धि करने के लिये है।

boy's play *बॉइसप्ले n.* trifling. आसान; खेल जैसा काम।

brabble *ब्रॉबल v. i.* a quarrel; wrangle. हुज्जत; झगड़ा।

n. to quarrel. लड़ना; झगड़ना, हुज्जत करना;

brabblement *ब्रॉबलमेण्ट n.* act of brabbling. लड़ने झगड़ने की क्रिया।

braccate *ब्रैकेट adj.* with feathered legs. जिसकी टांगों में पर हों।

braccio *ब्राटचो n.* (*sing.*) **braccia** *ब्राटचा n.* (*plural*) Italian measure of length; about 2 feet. इटली का एक माप; लगभग एक हाथ या २ फुट।

brace *ब्रेस n.* (1) a couple. (2) tightening thing. (3) bandage. (4) armour for arm. (5) bracket (१) जोड़ा; युगल; (२) बन्धन; (३) बांधने की पट्टी; (४) हाथों का कवच; (५) कोष्टक '[ ]'।

v. t. to tighten, to support; to tone up; to embrace. कस कर बांधना; सम्हालना समर्थन करना; प्रोत्साहन करना; आलिंगन करना

bracelet *ब्रासलेट n.* an ornament for

wrist; a handcuff. कंगन; कड़ा; हथकड़ी।

bracer *ब्रेसर n.* a tonic; one which tightens. स्वास्थ्यवर्धक औषधि; बांधने वाला।

braces *ब्रेसेज़ n.* trousers suspenders; in printing a connecting mark; boring instrument. पतलून का पट्टा; जोड़; छपाई में मिलाने का ऐसा चिह्न (—); बरमा; छेद करने का उपकरण; शिकारी कुतिया या कुत्ता।

brachet *ब्रैचेट n.* a brach; an annoying child; children's apron. शिकारी कुतिया, तंग करने वाला बच्चा; बच्चे का ऐप्रन।

brachial *ब्रैकियल adj.* of the arm. बाहु-सम्बन्धी।

brachial artery *ब्रैकियल आरटरी n.* big artery of the arm. बाहु की बड़ी नस।

brachiopod *ब्रैकियोपॉड n.* a shelled animal having arms. हाथों वाला एक सीपी-जलजीव।

brachy *ब्रैकि* meaning short in composition. किसी शब्द के पहले लग कर 'छोटा' का अर्थ देने वाला उपसर्ग।

brachy-axis *ब्रैकि-ऐक्सिस n.* shorter axis. छोटी धुरी वाली रेखा।

brachy cephal *ब्रैकि सेफल n.* short headed person. छोटे सिर वाला व्यक्ति।

brachy cephalic *ब्रैकि सेफलिक adj.* (also *brachycephalous*) short headed; having broad head whose length is just more than breadth. छोटे सिर वाला; ऐसी खोपड़ी वाला जिसकी चौड़ाई लम्बाई से जरा ही कम हो।

brachycephaly *ब्रैकि सेफली n.* short headedness. छोटे सिर होने की अवस्था।

brachydactyl *ब्रैकिडैक्टिल n.* a person having short fingers and toes. छोटी उंगलियों वाला व्यक्ति।

brachydactylic *ब्रैकि डैक्टिलिक adj.* (also *brachydactylous*) short fingered; short toed. छोटी उंगलियों वाला।

brachydactyly *ब्रैकि डैक्टिली n.* shortness of toes and fingers. उंगलियों का छोटा होना; अंगलि-लाघव।

brachydiagonal *ब्रैकि डाइगनल n.* shorter lateral axis. छोटी वाली ध्रुव रेखा।

brachy dome *ब्रैकि डोम n.* dome parallel to shorter axis. छोटी धुरी रेखा के साथ का स्तूप।

brachygraphy *ब्रैकि ग्राफी n.* abbreviated writing. लघु चिह्नित लिखाई।

brachylogy *ब्रैकि लॉजी n.* condensed expression. संक्षिप्त अभिव्यक्ति; संक्षेप में कही गई बात।

brachypterous *ब्रैकिप्टरस adj.* having short wings. छोटे पंखों वाला।

bracing *ब्रेसिङ्ग adv.* giving strength. शक्तिदायक।

brack *ब्रैक n.* flaw in cloth. कपड़े में सिलवट

bracken *ब्रैकन n.* a fern; a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

bracket *ब्रैकेट n.* a shelf projecting from wall. दीवारगीर कोष्ठक।

v. t. to put with in brackets; to classify in equal position with. कोष्ठक लगाना; किसी के समान स्थिति बनाकर वर्गीकरण करना।

brackish *ब्रैकिश adj.* saltish, like salt. खारा; नमकीन; नमक जैसा; लवणीय।

brackishness *ब्रैकिशनेस n.* quality of being brackish. नमकीन होने की स्थिति; खारापन।

bract *ब्रैक्ट n.* a leaf having flower in its axil. ऐसा पत्ता जिसके बीच में से फूल निकलता है

bracteate *ब्रैक्टीएट n.* thin beaten plates of gold or silver. सोने चांदी के वर्क।

adj. of metal beaten thin. वर्क का या वर्क सम्बन्धी।

bracteolate *ब्रैक्टियोलेट adj.* (a flower) having a small leaf at the axis. (ऐसा फूल) जिसके ध्रुव पर छोटी पत्ती हो।

bracteole *ब्रैक्टियोल n.* (also *bractlet*) a small leaf on the axis of a flower. फूल के ध्रुव पर एक छोटी पत्ती।

brad *ब्रैड n.* small nail not having a head but a side projection on the top. ऐसी कील जिसका एक सिरा एक ओर मुड़ा हो तथा चपटा न हो।

bradawl *ब्रैडॉल n.* a tool for boring. छेद करने का औजार; बरमा।

Bradshaw *ब्रैडशॉ n.* a book containing Railway time-tables. रेलवे की समय-सारिणी पुस्तक।

brady *ब्रैडी pref.* in composition slow. 'धीमा' का अर्थ देने वाला उपसर्ग।

bradycardia *ब्रैडीकार्डिया n.* a disease in which heart becomes slower than usual. एक हृदय रोग जिसमें हृदय की धड़कन की गति धीमी हो जाती है।

bradypeptic *ब्रैडीपेप्टिक adj.* having a slow digestion. मन्द पाचन शक्ति वाला, जिसका भोजन धीरे धीरे हजम होता हो।

bradyseism *ब्रैडीसिज्म n.* up and down movement of earth's crust which very slow. पृथ्वी के धरातल का नीचे ऊपर हिलना जो बहुत धीमी गति से होता है।

brag *ब्रैग v. i.* to boast. शेखी मारना; अतिशयोक्ति करना।

v. t. to bluster. किसी की अत्यधिक प्रशंसा करना।

n. a boast, thing boasted; about poker game. शेखी; जिस वस्तु की शेखी मारी जाये वह वस्तु; पोकर का खेल।

bragadisme *ब्रैगेडिस्मे n.* boastfulness. शेखी बघारना; अहंकार; आत्मश्लाघा।

Braggadocio *ब्रैगॅडो(ट)शियो n.* boaster; boasting शेखीखोरा; शेखी; अहंकार।

braggart *ब्रैगर्ट n. & adj.* one who boasts; vain person. शेखीखोरा; अहंकारी; घमण्डी।

braggartism *ब्रैगर्टिज्म n.* boastfulness. शेखी; घमंड; अहंकारभाव।

bragging *ब्रैगिङ्ग n.* boasting. शेखी; शान।

braggingly *ब्रैगिङ्गली adv.* boastfully. शेखी के साथ; गर्वपूर्वक; अहंकार से।

Brahma *ब्रामा, ब्रह्मा n.* a fowl of Chinese breed taken to Europe originally from Brahmaputra. चीनी नसल का एक पक्षी जो ब्रह्मपुत्र से यूरोप ले जाया गया अतः ब्रह्मा नाम पाया।

Brahmi *ब्रामी, ब्राह्मी* ancient Indian script prior to Dev Nagri. देवनागरी लिपि से पूर्व भारत में प्रयुक्त ब्राह्मी लिपि।

Brahmin bull *ब्राह्मिन बुल n.* humped bull. भारतीय सांड।

braid *ब्रेड n.* a plant of hair; band; embroidery; interweaving; sudden movement; start; hair band. बालों की चोटी या जूड़ा; गोटा किनारी; गूंथना; बालों की लट; अकस्मात हिलना; आरम्भ; बालों का फीता।

v. t. to change colour or shape. रंग बदलना या रूप बदलना।

v. t. to interweave; to plait; to trim; to thread; to reproach; to give a jerk. गूंथना, बटना; लट बनना, चोटी करना; कन्नी लगाना; किनारी बुनना; डाटना डपटना; झटका देना; धागा पिरोना।

adj. broad. चौड़ा (स्काटलैण्ड में प्रयुक्त अर्थ)

braide *ब्रेड adj.* deceitful. कपट पूर्ण; छलमय।

braided *ब्रेडेड adj.* plaited; trimmed; entwined; faded. गुंथा हुआ; किनारी वाला; धीमा पड़ा हुआ।

braiding *ब्रेडिङ्ग n.* plaiting; manufacture of braids; embroidery. चोटी बनाना या गूंथना; चोटियां बनाने का काम; गोटा किनारी।

Braidism *ब्रेडिज्म n.* hypnotism; mesmerism. किसी व्यक्ति को वश में करने या मूर्छित करने की विद्या।

brail *ब्रेल n.* leather piece for tying the hawk's wings. बाज का पर बांधने की चमड़े की पट्टी।

Braille *ब्रेल n.* printing in relief for blind like this :: having 63 combinations of 6 points each. उभरे हुए अक्षरों की छपाई जो अन्धों के लिए होती है; इसमें छै-छै बिन्दुओं के ६३ संकेत होते हैं।

brain *ब्रेन n.* seat of understanding and intellect; nervous centre in skull; seat of intellect. मस्तिष्क; दिमाग, बुद्धि; भेजा; मति; बुद्धि-विवेक का स्थान, इन्द्रियज्ञान का केन्द्र

v. t. to dash out the brains of; to conceive of; to have new idea. दिमाग खराब कर देना, विचार करना; सोचना; नया विचार आना।

brain-coral *ब्रेनकोरल n.* a coral shaped. like brain. मस्तिष्क जैसे आकार का मूंगा अर्थात प्रवाल।

brained *ब्रेण्ड adj.* having brains; intelligent. बुद्धिमान; जिसका मस्तिष्क अच्छा हो।

brain-fog *ब्रेन फॅग n.* nervous exhaustion tiresomeness of mind. दिमागी थकावट; मस्तिष्क की थकान।

brain-fever *ब्रेनफीवर n.* congestion or inflammation of brain; delirious

condition. मस्तिष्क में सूजन या कोई और रोग; बड़बड़ाने की स्थिति।

brainish ब्रेनिश *adj.* hot headed, brain-sick; furious तेजदिमाग का; पागल चित्त-विकृत; क्रोधी।

brainless ब्रेनलेस *adj.* stupid, foolish. मूर्ख; जड़बुद्धि।

brain-pan ब्रेनपैन *n.* the skull where brain is located. मस्तिष्क का स्थान, खोपड़ी।

brain sause ब्रेनसॉस *n.* intelligence विवेक; बुद्धिमत्ता।

brain-sick ब्रेन सिक *adj.* lunatic, having slow understanding. चित्त विकृत, पागल; मन्दबुद्धि; जो बात को धीरे धीरे समझ पाये।

brain-sickly ब्रेनसिकली *adv.* in the manner of brainsick people. मन्दबुद्धि वालों के समान पागलों की तरह।

brain-sickness *n.* derangement, lunacy. पागलपन; बुद्धि की कमी; चित्त विकृति; मस्तिष्क की निर्बलता।

brain-storm ब्रेन स्टॉर्म *n.* serious disturbance of brain. दिमाग में अचानक उत्पन्न खराबी; मस्तिष्क-उपद्रव।

brains-trust ब्रेन्सट्रस्ट *n.* committee of experts. who answer questions extempore विशेषज्ञ-मंडली; विद्वत मंडली जो बिना तैयारी के प्रश्नों का उत्तर देती है।

brain-wave ब्रेन वेव *n.* sudden bright idea. अचानक आया हुआ कोई बुद्धिमानी पूर्ण नया विचार।

brany ब्रेनी *adj.* clever; intellectual. चतुर; बुद्धिमान; विवेकी।

braird ब्रेअर्ड *n.* first shoots of plant. पौधों के अंकुर।
v. t. to come above ground. भूमि से ऊपर प्रकट होना।

braise ब्रेज़ *v. t.* to stew in closed vessel. बन्द बर्तन में पकाना।
n. salt water fish porgy. खारे जल की मछली; समुद्री मीन; लवण-जल-मत्स्य।

braize ब्रेज़ *n.* sea bream. खारे जल की मछली; समुद्री मछली।

brake ब्रेक *n.* (1) bush. (2) a device for stopping a machine or motor etc. (3) the vehicle with brake (4) heavy harrow. (5) handle. (6) lever. (१) झाड़ी (२) मशीन; मोटर; साइकिल आदि की गति रोकने वाला यन्त्र। (३) ब्रेक वाली कोई गाड़ी। (४) हेंगी। (५) हैंण्डल। (६) लीवर; (समतोलन दण्ड)।
v. t. (1) to crush by thrashing. (2) to stop by applying brake (१) कूटना। (२) ब्रेक लगाकर रोकना।

brake-block ब्रेक-ब्लाक *n.* block which is used as brake in a wheel. पहिये को रोकने के लिये ब्रेक के रूप में लगाई गई रोक।

brakeless ब्रेकलेस *adj.* without brake. रोकने की व्यवस्था से रहित, जो रुक न सके।

brake-shoe ब्रेक-शू *n.* part of brake which rubs against wheel. ब्रेक का वह भाग जो पहिये से रगड़ खाता है।

brakesman ब्रेक्समैन *n.* one who controls brakes of Railway train. रेलगाड़ी में ब्रेक लगाकर पहिये आदि को रोकने वाला व्यक्ति।

brake-van ब्रेक-वैन *n.* carriage in which brake arrangements are operated. वह डिब्बा जिसमें से ब्रेक लगाने का प्रबन्ध किया जाता है।

brake-wheel ब्रेक-व्हील *n* wheel to which brake is applied. वह पहिया जिसके साथ ब्रेक लगा होता है।

Bramah-press ब्रामा-प्रस *n.* a pressing machine worked by water. जल शक्ति से चलने वाला दबाने का यन्त्र (जिससे रुई की गाँठें आदि दबाई जाती हैं)।

bramble ब्रैम्बल *n* wild bush having thorns. काँटों वाली जङ्गली झाड़ी, गोखरू।

brame ब्रेम *n* sharp passion; longing. तीव्र वासना इच्छा, आकांक्षा, तीव्र अभिलाषा।

bran ब्रैन *n.* husk of grain, coarser part of anything. चोकर, भूसी; किसी वस्तु का मोटा तथा व्यर्थ अंश।

bran-cud ब्रैन कड *n.* bedding for horses. घोड़ों के सोने का स्थान तथा सामान।

branch ब्रांच *n.* arm of tree; any subdivision; department etc.; subsidiary shop. शाखा, टहनी; डाली, भाग; अंग; सन्तान, ज्ञान की शाखा या विषय।
v. t. to sprout; to spread forth; to spread like branch. उगना; फैलाना; शाखावत फैलाना।
v. t. to divide into Branches. शाखाओं या भागों में विभाजित करना।
root and branch : thoroughly. पूरी तरह से

branched ब्रांच्ड *adj.* having branches. शाखाओं वाला।

brancher ब्रांचर *n.* a young bird when it leaves the nest and sits on branches. कोई पक्षी का बच्चा जब वह घोंसले से निकल कर शाखाओं पर बैठना आरम्भ करता है।

branchery ब्रांचरी *n.* branches collectively. शाखा-समूह।

branchia ब्रैंकिया *n.* a gill. छोटी नदी।

branching ब्रांचिङ्ग *n.* act of spreading branches. शाखादार होने की क्रिया।
adj spreading branches. शाखाएँ फैलाने वाला।

branchless ब्रांचलेस *adj.* without branches. शाखाहीन।

branchlet ब्रांचलेट *n.* small branch. छोटी शाखा; उपशाखा।

branch pilot ब्रांच पायलेट *n.* having a certificate of Trinity House. ट्रिनिटी हाउस से चालक का लायसेंस प्राप्त।

branch-work ब्रांच-वर्क *n.* ornamental work फूल तथा कढ़ाई का काम।

branchy ब्रांची *adj.* full of branches, having many branches. अनेक शाखाओं वाला; शाखादार।

brand ब्रैण्ड *n.* (1) mark made by hot iron (2) trade mark. (3) burning or burnt wood. (4) branding instrument. (5) sword. (6) mark of infamy. (१) तपे हुए लोहे से लगाया गया दाग जैसा पशुओं के होता है। (२) व्यापार चिह्न। (३) जली अधजली लकड़ी। (४) दागने का औजार। (५) कृपाण। (६) बदनामी का दाग।
v. t. to mark with hot iron. दागना; गर्म लोहे से चिह्न लगाना।
v. i. to give a mark of infamy. बदनामी का दाग लगाना, कलंक लगाना।

branded ब्रैण्डेड *adj.* having a brand. दागी; दाग लगा हुआ; कलङ्क लगा हुआ।

brander ब्रैण्डर *n.* gridiron; a fame of iron bars for broiling. मांस आदि भूनने की अंगीठी।
v. t. to cook on brander. उक्त अंगीठी पर भूनना।

brandered ब्रैण्डर्ड *adj.* cooked an gridiron. अंगीठी पर भूना गया।

brandering ब्रैण्डरिङ्ग *n.* act of cooking on gridiron. अंगीठी पर भूनने की क्रिया।

brandied ब्रैंडीड *adj.* heartened or strengthened with brandy. ब्राण्डी (शराब) से प्रबल बनाया हुआ।

branding-iron ब्रैण्डिङ्ग-आयरन *n.* (also *brand-iron*) gridiron; an iron for branding; tripod for cattle. अंगीठी के सीखचों का फरमा; दागने का लोहा; पतीली की तिपाई।

brandise ब्राण्डाइज़ *n.* trivet. तिपाई।

brandish ब्रैंडिश *v. t.* to wave about. घुमाना; चक्कर देना,।

brandling ब्रैण्डलिङ्ग *n.* a worm having red and yellow bands used as bait for fisher. एक लाल पीली धारियों का कीड़ा जो मछली पकड़ने वाले चुग्गे के काम आता है।

brand-new ब्रैण्डन्यू *adj.* quite new. बिलकुल नया (जैसे कि आगे से निकलकर आया हो)।

brand-reth ब्रैण्ड-रथ *n.* a wooden stand. लकड़ी का सहारा।

brandrith ब्रैण्डरथ *n.* wooden stand for casks. पीपे के नीचे रखने का टेक या सहारा।

brandy ब्रैण्डी *n.* a strong wine concentrate. एक विशेष प्रकार की मदिरा या आसव जो औषधि रूप में भी काम आती है।

brandy-ball ब्रैण्डी-बॉल *n.* a kind of sweet. एक प्रकार की मिठाई।

brandy-pawnee ब्रैण्डी-पॉनी *n.* brandy and pani (water). ब्रैण्डी और पानी; 'ब्रांडी-पानी' का अपभ्रंश।

brandy-snap ब्रैण्डी स्नैप *n.* a kind of bis: cuit containing brandy. smell. ब्रैण्डी की सी सुगन्ध वाली बिस्कुट।

branful ब्रैनफुल *adj* full of bran. चोकर से भरा हुआ।

bangle ब्रैङ्गल *v. t.* to quarrel. झगड़ा करना
n. a brawl. झगड़ा।

brangling *n.* disputting; quarreling. विवाद करना, झगड़ा।

brank ब्रैङ्क to toss the head; सिर हिलाना; हिलाना; झूलना।
a kind of grain used for feeding cattle, also used in America only for

breakfast. एक प्रकार की जई जो पशुओं को चराई जाती है; परन्तु अमरीका में उससे कलेवा भी बनता है।

branks ब्रैङ्क्स *n.* a bridle. लगाम।

brankursine ब्रैङ्कर्सिन *n.* bear's paw. रीछ का पंजा।

branky ब्रैङ्की *adj.* showy. दिखावे वाला।

bran-new ब्रैन-न्यू *adj.* a short spelling of brand-new; quite new. बिलकुल नया; सर्वथा नवीन।

branny ब्रैन्नी *adj.* like bran. चोकर के समान; भूसी जैसा।

bransle ब्रैन्सले *n.* an old French dance. प्राचीन फ्रांसीसी नृत्य।

brant goose ब्रैण्ट गूज *n.* a kind of goose. एक प्रकार की बत्तख।

brantle ब्रैण्टले *n.* an old French dance. एक प्राचीन फ्रांससी नृत्य।

bran tub ब्रैन टब *n.* tub of bran in which X'Mas presents are put and drawn. एक टब जिसमें चोकर में दबाकर बड़े दिन के उपहार रख देते है तथा बाद में एक-एक करके निकाले जाते हैं।

brasero ब्रासेरो *n.* a brazier; place for burning criminals. गरम अङ्गारों का बर्तन; अपराधियों को जलाने का स्थान।

brash ब्रैश *n.* loose and broken ice or rock; sudden rain; slight illness. टूटी हुई चट्टान या बर्फ; अकस्मात वर्षा; हलकी बीमारी।
adj. rash; cheeky. तेज; फूले गालों वाला।
v. t. to disturb. बाधा डालना।

brashy ब्रैशी *adj.* of or like brash. बर्फ या चट्टान के टुकड़ों का या जैसा।

brasier ब्रेसियर *n.* one who manufactures brass utencils; a tray for hot coals. पीतल के बर्तन बनाने वाला; ठठेरा; अंगारों का बर्तन।

brass ब्रास *n.* alloy of copper and zink; brass articles; money. पीतल; तांबे तथा जस्ते का मिश्रण, पीतल का सामान; पैसा।
adj. made of brass. पीतल का बना।
the brass . पीतल के यन्त्र तथा औजार आदि।

brassard ब्रैसार्ड *n.* (also *brassart*) band; armour etc; of arm. बाहु में पहनने का कवच; पट्टी आदि।

brass-band ब्रास-बैण्ड *n.* band of brass instruments; military band. पीतल के बाजों का बैण्ड; सैनिक बैण्ड।

brass-bounder ब्रास-बाउंडर *n.* an apprentice on ship getting stipend. जहाज पर काम सीखने वाला जिसे छात्र-वृत्ति मिलती हो।

brasserie ब्रासरी *n.* a beer bar. बीयर पीने का स्थान।

brass farthing ब्रास फार्दिङ्ग *n.* smallest particle. छोटे से छोटा अणु; बहुत थोड़ा।

brassfounder ब्रासफाउण्डर *n.* one who founds brass articles. पीतल की वस्तुएं बनाने वाला ठठेरा।

brass founding ब्रास फाउंडिङ्ग *n.* art of preparing brass articles. पीतल की वस्तुएं ढालने का काम।

brass-hat ब्रास-हैट *n.* a military officer (having brass band on his hat) सैनिक पदाधिकारी (जिसके टोप पर पीतल की पट्टी लगी होती है)।

brassiere ब्रैसियर *n.* bodice; women's breast's garment. चोली; अंगिया, स्त्रियों के स्तनों पर पहनने का यंत्र।

brassily ब्रासीली *adv.* in a impudent manner. धृष्टता पूर्वक।

brassiness ब्रासी नेस *n.* made of brass or brass like article; impudence. पीतल जैसी वस्तु; पीतल की बनी वस्तु; धृष्टता।

brass-tacks ब्रास टैक्स *n.* details of practical work or bussiness. व्यवहार या व्यापार की विस्तृत बातें।

brassy ब्रासी *adj.* made of brass; impudent. पीतल का बना हुआ; धृष्ट।

brast ब्रैस्ट *v.* regional spelling of burst.

brat ब्रैट *n.* bad child; over garment; apron. बहुत तङ्ग करने वाला; खराब बच्चा; छोकरा; ऊपर पहनने का वस्त्र; ऐप्रन।

bratchet ब्रैचिट *n.* bitch hound; hunting. dog; a bracli. शिकारी कुतिया, शिकारी कुत्ता; नटखट बच्चा जो बहुत तंग करता हो।

bratling ब्रैटलिङ्ग *n.* a small brat. छोटा सा बच्चा।

brattice ब्रैटिस *n.* wooden tower or covered gallery of castle; wooden partition; wooden ventilation in mines. बुर्ज; लकड़ी की दीवार; खानों में हवा के लिये लगाया हुआ लकड़ी का झरोखा।
v. t. to provide a brattice. झरोखा या छज्जा लगाना।

brattice cloth ब्रैटिस-क्लॉथ *n.* strong tarred cloth used as brattice in mines. खानों में, झरोखो लगाने वाला मोटा तारकोल लगा कपड़ा।

bratticing, brattish, brattishing ब्रैटिसिङ्ग *n.* fixing of brattices. झरोखा; छज्जा; आदि लगाने का काम।

brattle ब्रैटल *n.* quarrel; noise. लड़ाई झगड़ा; कोलाहल; हंगामा।
v. i. to make noise; to quarrel. शोर करना; झगड़ा करना।

brattling ब्रैटलिङ्ग *n.* noisiness; tumult. शोरशार करना, कोलाहल।
adj. one who makes noise or tumult कोलाहल करने वाला।

braunch ब्रॉञ्च *n.* ancient spelling of branch. शाखा; टहनी; भाग, अङ्ग।

brava ब्रैवा *interj.* well done; (lady) वाह, वाह; खूब-खूब; (स्त्रियों के प्रति)।

bravado ब्रैवाडो *n.* boast; show of courage; threat. शेखी; दुःसाहस, धमकी; रौब गांठना; डींग हांकना।

brave ब्रेव *adj.* courageous; bold and fearless; well dressed; showy; honest. वीर; निडर; साहसी; छैला; तड़क-भड़क वाला; ईमानदार।
v. t. to oppose; to challenge. ललकारना; चुनौती देना; साहस करना।

bravely ब्रेवली *adv.* in a brave manner. वीरतापूर्वक; साहस से।

bravery ब्रेवरी *n.* courage; showy dress. वीरता; साहस; तड़क-भड़क की वेषभूषा।

bravo ब्रेवो *n.* a bandit; daring villain. डाकू; साहसी; बदमाश।
interj. an expression of approval; well done! excellent! वाह वाह! धन्य हो! शाबाश; (पुरुष के प्रति प्रयुक्त शब्द)।

braw ब्रॉ *adj.* fine; well dressed बहुत अच्छा; अच्छी वेषभूषा वाला; छैला।

brawl ब्रॉल *v. t.* to quarrel; to make noise or create disturbance. झगड़ना; कोलाहल करना; उपद्रव मचाना।
n. (1) a French dance of ancient days. (2) a tumult; noise; disturbance. (१) प्राचीनकाल का फ्रांससी नाच। (२) झगड़ा फिसाद; कोलाहल; उपद्रव।

brawler ब्रॉलर *n.* one who brawls. उपद्रवी; झगड़ालू; शोर मचाने वाला।

brawling ब्रॉलिङ्ग *n.* & *adj.* quarrelsome; brawler. झगड़ालू; उपद्रवकारी।

brawly ब्रॉली *adj.* well dressed. छैला; फैशन वाला।

brawn ब्रॉन *n.* boar's flesh; muscle; strength; any prepared meat. सुअर का मांस; मांसपेशी; शारीरिक बल; सालन।

brawned ब्रॉण्ड *n.* prepared fresh meat; containing flesh. मांस से बनाया हुआ; मांस-मिश्रित।

brawniness ब्रॉनीनेस *n.* quality of being fleshy. अधिक मांसल होने की अवस्था।

brawny ब्रॉनी *adj.* strong; having good muscles. बलवान; मांसल; हृष्ट पुष्ट।

braws ब्रॉस *n.* fine dress सुन्दर वेषभूषा।

braxy ब्रॉक्सी *n.* a disease of sheep; sheep having that disease; its flesh. भेड़ो का एक रोग; उस रोग से पीड़ित भेड़े; उस का मांस।

braxy-mutton ब्रैक्सी-मटन *n.* flesh of braxy sheep. रोगग्रस्त भेड़ की मांस।

bray ब्रे *v. i.* to cry like an ass. गधे के समान रेंकना।
v. t. to pound. खरल में पीसना या कूटना।
n. cry of an ass. गधे का स्वर; रेंकना।

brayer ब्रेयर *n.* (1) pounding instrument. (2) instrument for spreading ink in printing. (3) one who cries like an ass. (१) खरल; इमामदस्ता, (२) छपाई में स्याही फैलाने का औजार, (३) गधे के समान रेंकनेवाला

braze ब्रेज *v. t.* to solder with brass or colour with brass. पीतल का पक्का टांका लगाना या पीतल का रंग करना।

brazen ब्रेजन *v. t.* to defy impudently. धृष्टता के साथ विरोध करना।
adj. brassy, impudent. पीतल का बना हुआ; धृष्ट; ढीठ।

brazen-age ब्रेजन-एज *n.* third stage in human fall. मनुष्य के पतन की तृतीय अवस्था।

brazen-face ब्रेजन फेस *n.* one noticeable for effrontery. ढीठ; सामने ही विरोध करने वाला।

brazen-faced ब्रेजन-फेसड *adj.* shameless. निर्लज्ज; बेशर्म।

brazenly ब्रेजनली *adv.* in a brazen way. ढीठता से; धृष्टता से; निर्लज्जता से।

brazenness, brazenry ब्रेजननेस, ब्रेजनरी *n.* shamelessness, effrontery. निर्लज्जता; बेशर्मी; ढीठता; धृष्टता।

brazier ब्रेजियर *n.* brasier, a tray for hot coals. पीतल के बर्तन बनाने वाला; ठठेरा; अंगारों का पात्र।

breach ब्रीच *n.* quarrel; opening; broken condition; a break; non-fulfilment of promise or contract; violation of law; quarrel; injury; gap. झगड़ा, खुला भाग; टूटी अवस्था; बीच में टूट जाना; वचन या संविदे को पूरा न करना; विधि का उल्लंघन; कलह; आघात; दरार; खाई; भंग होना।

v. t. to break through; to make a opening. बीच से मार्ग बनाना; सेंध लगाना।

breach of peace riot; disturbance. शांति भंग; विद्रोह; उपद्रव।

breach of promise non-fulfilment of promise particularly of marriage. प्रतिज्ञा भंग; वचन-भंग; विवाह वचन देकर तोड़ देना।

bread ब्रेड *n.* cooked or baked food or loaf; livelihood. रोटी, डबल रोटी; भोजन आजीविका; जीवनवृत्ति।

(*to*) *eat the bread of idleness* . to remain idle. हराम की खाना।

(*to*) *make one's bread*: to earn livelihood. आजीविका कमाना; रोटी कमाना।

(*to*) *take the bread out of one's mouth*: to deprive one of his means of livelihood. किसी के पेट पर लात मारना; किसी की रोटी छीनना; कारोबार से वंचित करना।

bread and butter sliced bread with butter; livelihood. मक्खन लगी हुई रोटी; चुपड़ी हुई; आजीविका; हलवा-मांडा।

bread and butter letter letter thanks for hospitality. आवभगत पर धन्यवाद-पत्र

bread and cheese simple food. सादा या सामान्य भोजन।

bread basket ब्रेड बास्कट *n.* basket for keeping food; stomach. भोजन रखने का पात्र; कटोरदान; पेट।

bread berry ब्रेडबेरी *n.* bread soaked in warm milk. गरम दूध में भिगोई हुई रोटी।

bread buttered on both sides fortunate circumstances अच्छी परिस्थिति; पांचों घी में।

bread chipper ब्रेड चिपर *n.* one who chips bread. रोटी बनाने वाला।

bread corn ब्रेड कॉर्न *n.* रोटी बनाने का अनाज या धान।

bread crumb ब्रेड क्रम्ब *n.* inner part of bread. रोटी का भीतर का भाग।

v. i. to cover with bread crumbs. रोटी के भीतरी भाग के टुकड़ों से ढकना।

bread fruit ब्रेडफ्रूट *n.* a fruit which can serve the purpose of bread. ऐसा एक फल जिससे रोटी का काम चल सकता है।

bread nut ब्रेड नट *n.* fruit of an American tree which is like bread fruit used a bread. अमरीका के एक पेड़ का फल जो रोटी के समान खाया जाता है।

bread-room ब्रेड-रूम *n.* room in ship for storing bread. जहाज में रोटियां रखने का कमरा।

bread-root ब्रेड-रूट *n.* plant whose root is edible. ऐसा एक पौधा जिसकी जड़ खाई जाती है।

bread-study ब्रेड-स्टडी *n.* subject which is studied for earning a living. ऐसा विषय जो रोटी कमाने के लिए पढ़ा जाये।

bread-stuff ब्रेड-स्टफ *n.* material of which bread is made; any bread itself. वह वस्तु जिसकी रोटी बनती हो; किसी भी प्रकार की रोटी।

breadth ब्रेड्थ *n.* width; broadness; mental liberality. चौड़ाई; विस्तार; अर्ज; मानसिक उदारता।

of full breadth : पूरे विस्तार का।

to a hair's breadth : exactly; definitely. ठीक ठीक।

breadth ways ब्रेड्थ वेज (also *breadthwise*) across the breadth; by side of breadth. चौड़ाई की ओर से; अर्ज की तरफ से।

bread-tree ब्रेड-ट्री *n.* tree whose fruits or seeds are good substnute for bread. ऐसा वृक्ष जिसका फल या बीज रोटी के स्थान पर खाया जाता है।

bread-winner ब्रेड-विनर *n.* person who earns livlihood for the family. रोटी कमाने वाला; परिवार का पालन करने वाला।

break ब्रेक *v. t.* to divide into parts; to tear; to pieces; to disperse; to make way; to interrupt. तोड़ना; टुकड़े टुकड़े करना; फाड़ना; तितर बितर करना; रास्ता बनाना, बीच में बाधा डालना।

v. t. to lose health; to separate; to be torn; to be bankrupt. स्वास्थ्य खराब कर लेना; पृथक होना; टूट जाना; दिवालिया हो जाना।

n. act of breaking; opening; interruption; beginning. टूटना; खुलना; बाधा; आरम्भ।

breakable ब्रेकेबल *adj.* which can break. जो टूट सके।

breakableness ब्रेकेबलनेस *n.* quality of being breakable. टूटने वाला होने की स्थिति

break a flag unfurl a flag. झण्डा फहराना।

breakage ब्रेकेज *n.* allowance for things broken; act or result of breaking; broken place or thing. टूटी वस्तुओं के कारण छूट; तोड़ने की क्रिया या परिणाम; टूटी वस्तु या स्थान।

break a habit to cure the habit. स्वभाव को सुधारना।

break a horse to train a horse. घोड़े को साधना।

break a house to enter a house by some improper way. चोर के अतिरिक्त किसी अन्य मार्ग से घर में घुसना (प्रायः चोरी के लिए)।

break a journey to stop en route. मार्ग में यात्रा भङ्ग करके रुकना।

break a jest to utter a joke. मजाक करना।

break a lance to have or bout. मुकाबला करना; लड़ना।

break a law to violate the law. विधि का उलंघन करना।

break the bounds to cross the limit. मर्यादा का उलंघन।

break an animal's body to cut the animal. पशु को काटना।

break a news to suddenly tell a news. समाचार सुनाना।

break the prison to escape. जेल से भाग जाना।

break a promise to violate promise. वचन भङ्ग करना।

break away ब्रेक अवे *n.* revolt, separation. विद्रोह, पृथक होना।

break away ब्रेक अवे *v. i.* to go away; to escape. to scatter. चला जाना; बचकर निकल जाना; बिखर जाना।

break a will to set aside a will. वसीयत को रद्द करना।

break-back ब्रेक बक *adj.* crushing. कमर तोड़ना।

break bone fever ब्रेक बोन फीवर *n.* कमर तोड़ने वाला बुखार।

break bread with ब्रेक ब्रेड विद *v. t.* to be entertained by. किसी के यहां दावत खाना।

break bulk ब्रेक बुल्क *v. t.* to take out from bulk. थोक में से माल निकालना।

break cover ब्रेक कवर *v. t.* to come out from hiding place. प्रकट होना; छिपने के स्थान से निकलना।

break down ब्रेक डाउन *v. t.* to destroy तोड़ देना; नष्ट करना।

v. i. to be destroyed; to fail. नष्ट हो जाना; गिरजाना।

break-down ब्रेकडाउन *n.* collapse; failure of health or power; sudden stoppage a noisy Negro dance. शक्ति की समाप्ति; स्वास्थ्य का बिगड़ जाना; टूट जाना; गिरजाना; बीच में अकस्मात रुकना; एक शोर वाला हबशी नृत्य।

break down gang ब्रेक डाउन गङ्ग *n.* gang of labourers who clear wreckage after accident. श्रमियों की वह टोली जो दुर्घटनाओं के बाद सफाई करती है।

breaker ब्रेकर *n.* big wave of sea which breaks the shore; one which or who breaks. समुद्र की बड़ी लहर जो समुद्र को तोड़ दे; तोड़ने वाला व्यक्ति या मशीन।

break-fast ब्रेक फास्ट *n.* morning meal. कलेवा; प्रातःकालीन जलपान।

break-fast set ब्रेकफास्ट सेट *n.* crockery etc. for breakfast. कलेवे के बर्तन।

break-forth ब्रेक फोर्थ *v. t.* & *v. i.* to burst out; to issue. अचानक निकल आना; निकालना।

break ground ब्रेक ग्राउण्ड *v. t.* to till; to besiege, to take initiative. नई भूमि पर हल चलाना; घेरा डालना; किसी काम में पहल करना।

break in (into) ब्रेक इन (इन टू) to enter abruptly अचानक प्रवेश करना; घुसजाना।

breaking ब्रेकिङ्ग *adj* & *n.* which breaks. तोड़ने वाला।

break in upon *v. t.* to enter forcibly. बलात् घुस जाना।

break into laughter to laugh suddenly. ठहाका मारना।

break into revolt to rise in revolt. विद्रोह करना।

break into sweat to perspire suddenly. पसीने पसीने हो जाना।

break-jaw ब्रेक जॉ *adj.* which cannot be easily uttered. ऐसा मोटा शब्द जो आसानी से बोला न जा सके।

break loose ब्रेक लूज *v. t.* to get out of all restrictions forcibly. सब बन्धनों से मुक्त हो जाना।

break-neck ब्रेक नेक *n.* steep place; steep fall. भारी पतन।
adj. risky; threatening to break the neck. जोखिम वाला; गरदन तोड़ने वाला।

break-neck speed ब्रेक नेक स्पीड *n.* high speed. तेजगति।

break no squares ब्रेक नो स्क्वेयर्स *v. t.* to make no difference; to harm nothing. कोई अन्तर न पड़ना; कुछ हानि न होना।

break of day ब्रेक आफ डे dawn. तड़का।

break of hope ब्रेक ऑफ होप beginning of hope. आशा का आरम्भ।

break of monsoon ब्रेक ऑफ मानसून beginning of rains. मानसूनी वर्षा का आरम्भ।

break of scene ब्रेक आफ सीन coming into view of a scene. दृश्य का उपस्थित होना।

break off ब्रेक ऑफ *v. t.* to end; to leave off; to abondon. समाप्त करना; सम्बन्ध तोड़ना; छोड़ना; परित्याग करना।

break one's mind ब्रेक वन्स माईंड to express one's views to some body. किसी को अपने विचार बताना।

break out ब्रेक आउट *v. i.* to announce. घोषणा करना।

break-promise ब्रेक प्रामिज *n.* one who generally breaks his promise. प्रायः वचन-भङ्ग करने वाला।

break sheer ब्रेक शीयर *v. i.* to be forced into a different way. दूसरे मार्ग पर जाने के लिये बाध्य होना।

break small ब्रेक स्मॉल *v. t.* to become lean दुबला होना।

break (the balls) ब्रेक (दी बाल्स) *v. i.* to begin the game by striking the ball. गेंद को फेंक कर खेल आरम्भ करना।

break the heart ब्रेक दी हार्ट *v. i.* to be disappointed. निराश होना।
v. t. to crush with grief. दुःख से दिल तोड़ देना।

break the ice ब्रेक दी आइस *v. t.* to overcome the obstacles in beginning. आरम्भ की कठिनाइयों को पार करना, शुरू की शर्म दूर होना।

break through ब्रेक थ्रू *v. t.* to cross through forcibly. बलात् पार करना।

break-through ब्रेक थ्रू forcible crossing a barrier etc. किसी प्रकार की बाधा (सीमा) को बल पूर्वक पार करना; तोड़ कर पार निकल जाना।

break up *v. i.* to go to pieces; to decay. टूक-टूक हो जाना; गल सड़ जाना।
v. t. to dissolve; to lay open; to destroy; tear. विघटित करना; खोखला; नष्ट करना; टुकड़े-टुकड़े करना।
n. dissolution; details; figures under separate heads. विघटन; विस्तृत विवरण, पृथक-पृथक शीर्षकों में आंकड़े।

break upon the wheel ब्रेक अपॉन दी व्हील *v. t.* stretching along a wheel to break bones. पहिये से बांधकर खींचकर हड्डियां तोड़ देना (ऐसा क्रूर दण्ड पश्चिमी देशों में होता था)

break-vow ब्रेक-वो *n.* one who habitually breaks his vow. प्रायः शपथ तोड़ने वाला।

break water ब्रेक वाटर *n.* barrier againgt waves. बांध; पुश्ता।

break wind ब्रेक विण्ड *v. t.* to void wind. हवा बन्द करना।

break with ब्रेक विद to quarrel and part with; to sever relations with. झगड़ा करके अलग होना; सम्बन्ध तोड़ लेना।

bream ब्रीम *n.* a fish generally and of a particular type too. मछली-सामान्य तथा विशेष प्रकार की।
v. t. to clean a ships bottom by burning shells etc. सीप आदि को जलाकर जहाज के पैंदे को साफ करना।

breare ब्रीर *n.* brier; a prickly shrub. कांटों वाली झाड़ी; गोखरू।

breast ब्रेस्ट *n.* past of human body above the belly; mammary glands in women (small in men) or animal; conscience; affection; voice; front portion of dress. छाती; वक्षस्थल; स्त्रियों की छातियां; चूची; पशुओं के थन, स्तन; प्रेम तथा वात्सल्य का स्थल; अन्तरात्मा; ध्वनि अतः करण; वस्त्र का अगला भाग।
v. t. to oppose manfully; to mount. साहस के साथ विरोध करना; चढ़ना।
make a clean breast : to make a confession. अपराध या दोष स्वीकार करना।
make a clean breast of : to expose secrets. भेद खोल देना।

breast bone ब्रेस्ट बोन *n.* the bone in middle of breast connected with ribs; sternum. छाती के बीच की हड्डी जिसका पसलियों से सम्बन्ध होता है।

breast deep ब्रेस्ट डीप *adj* deep upto the breast. छाती तक गहरा।

breasted ब्रेस्टेड *adj.* having a breast. छाती वाला; थनों वाला (पशु)।

breast girdle ब्रेस्ट गिर्डल *n.* pectoral girdle. छातियों या सीने पर की गेलिस।

breast high ब्रेस्ट हाई *adj.* as high as to reach the breast. छाती तक ऊँची।

breast-knot ब्रेस्ट-नॉट *n.* knots of ribbons worn on breast. छाती पर पहनने की फीतों की गांठें।

breast-pin ब्रेस्ट-पिन *n.* pin worn on breast for decoration. छाती पर सजावट के लिए पहनने की पिन।

breast-plate ब्रेस्ट-प्लेट *n.* armour or ornamented cloth for the breast. छाती का कवच; छाती पर पहनने का रत्न जटित कपड़ा।

breast-plough ब्रेस्ट-प्लौ *n.* a grass cutter machine against which breast is pressed. घास काटने की मशीन जिस पर छाती की शक्ति लगाई जाती है।

breast-rail ब्रेस्ट-रेल *n.* upper rail of earth work. मिट्टी के बने पुश्ते या दीवार पर लगी कड़ी

breast-stroke ब्रेस्ट-स्ट्रोक *n.* stroke of water on breast in swimming. तैरते समय छाती पर पानी का धक्का।

breast-summer ब्रेस्ट-समर *n.* beam supporting the front of a building. भवन के अगवाड़े को सहारा देने वाली कड़ी।

breast-wall ब्रेस्ट-वॉल *n.* a supporting wall. सहारे के लिए बनाई गई दीवार।

breast wheel ब्रेस्ट व्हील *n.* wheel which by water striking its middle. जल से घूमने वाला एक पहिया जिसके बीच के भाग में जल टकराता है।

breast work ब्रेस्ट वर्क *n.* earthwork, embankment made of earth. मिट्टी का बना पुश्ता; दीवार आदि।

breath ब्रेथ *n.* air inhaled or exhaled; life; breathing; sound of breathing; time of one breath; slight movement of air. सांस; श्वास; जीवन; सांस लेने की क्रिया या ध्वनि; एक सांस का समय; हवा का हल्का झोंका।
about one's breath : to speak loudly. जोर से बोलना।
below one's breath : to speak in whisper. धीरे धीरे बोलना; कानाफूंसी करना।
catch the breath : to stop breathing for some time. सांस रोकना; प्राणायाम करना
draw the breath : to live. जीवित रहना।
In the same breath : at the same time. एक साथ।
keep breath to cool porridge : to refrain from talking. बात चीत न करना।
out of breath : having difficulty in breathing (due to fatigue) (थकावट के कारण) सांस फूलना या श्वास लेने में कष्ट होना।
spend one's breath : to talk uselessly and be tired. व्यर्थ की बातें करके थक जाना।
take breath : to take rest; to pause. विश्राम करना; दम लेना; ठहरना।
waste breath : to talk uselessly. वृथा बोलना; बकवास करना।
with bated breath : with restrained

breath due to fear or respect or awe. भय या आदर के कारण सांस नीचे का नीचे और ऊपर का ऊपर रह जाना।

breathe *ब्रीद v. i.* to inhale or exhale; to rest; pause; to live. श्वांस लेना; विश्राम करना; ठहरना; जीवित रहना।

v. t. to infuse; utter softly by breath only; to tire by some exercise; to exercise. धीरे-धीरे बोलना; (सांस को) निकालना; व्यायाम करवा कर थका देना; व्यायाम करना।

breathe again *ब्रीद अगेन v. i.* to recover from fear or trouble or anxiety. चिन्ता; भय तथा दुःख से मुक्त हो जाना; फिर से सुख की श्वांस लेना।

breathed *ब्रीद्ड adj.* uttered in whisper. धीरे से बोला गया।

breather *ब्रीदर n.* one who lives or breathes; rest; excercise. श्वांस लेने वाला या जीवित व्यक्ति; व्यायाम; विश्राम।

breathe freely *ब्रीद फ्रीली v. i.* to be at ease; to have no anxiety or fear. आराम की स्थिति में होना; सुख की सांस लेना; भय या चिन्ता से मुक्त होना।

breathe one's last *ब्रीद वन्स लास्ट v. i.* to die. आखिरी सांस लेना; मर जाना।

breathe upon *ब्रीद अपॉन v. t.* to tarnish the name of; to defame. नाम को कलङ्क लगाना; बदनाम करना।

breathful *ब्रीद फुल adj.* full of breath or air; fragrant. सांस वाला; हवा से भरा हुआ; सुगन्ध वाला।

breathing *ब्रीदिङ्ग n.* respiration; act of breathing, rest; secret prayer. श्वांस लेने की क्रिया; श्वांस; विश्राम; गुप्त प्रार्थना।

adj. aline; life-like. जीवित; जीवन-सदृश।

breathing space *ब्रीदिङ्ग स्पेस n.* (also *breathing time*) small intervening rest; time to breathe. बीच में थोड़ा सा अवकाश; श्वांस लेने की फुरसत।

breathing while *ब्रीदिङ्ग व्हाइल n.* small time; as much time as would suffice for one breath. थोड़ा सा समय; क्षण; एक श्वांस का समय।

breathless *ब्रेथलेस adj.* out of breath; eager; as if holding breath; dead. हांपता हुआ; सांस फूला हुआ; आतुर; ऐसा चिन्तित कि सांस रुका रहे; निश्चेतन, मृत।

breathlessly *ब्रेथलेसली adv.* very eagerly. बहुत आतुरता के साथ।

breathlessness *ब्रेथलेसनेस n.* state of being breathless. हांपने या श्वांस फूलने की अवस्था; चिन्ता; आतुरता; मृत स्थिति; मृत्यु।

breccia *ब्रेच्या n.* rock consisting of angular portions. एक प्रकार की चट्टान जो नुकीले पत्थरों से बनी होती है।

brecham *ब्रेहम n.* a covering for horse; horse collar. घोड़े का ओढ़ना; घोड़े के गले की गद्दी।

bred *ब्रेड p. t.* of 'breed'. पाला; पोसा; जन्म दिया आदि अर्थों में भूतकाल।

ill bred : uncivil; impolite; of mean family. अशिष्ट, अकुलीन; दुराचारी।

well-bred : noble; polite; of good family. उच्च; सदाचारी; विनीत, कुलीन।

brede *ब्रेड n.* braid. चोटी; बालों की लटा; जूड़ा।

bree *ब्री* liquor in which vegetable or meat has been boiled. मांस या साग का रसा; शोरबा।

breech *ब्रीच n.* lower part of body, hind portion of gun. शरीर का निचला भाग; नितम्ब; चूतड़; तोप; बन्दूक का पिछला भाग।

v. t. to put into breeches; to whip on the breech. जांघिया पहनाना; चूतड़ों पर बेत लगाना।

breeched *ब्रीच्ड adj.* with breeches on. जांघिया पहने हुये।

breeches *ब्रीचिज़ n.* trousers; dress worn on hind portion of body; pantloon पाजामा; जांघिया; पतलून।

wear the breeches : said of a women who bosses over the husband. पति पर शासन करने वाली स्त्री के लिए प्रयुक्त अभिव्यक्ति

breeches buoy *ब्रीचिज़ बॉइ n.* a kind of buoy which man wears like a pair of breeches. समुद्र में डूबते को बचाने का एक यंत्र जिसे जांघिया के समान पहना जाता है।

Breeches Bible *ब्रीचिज़ बाइबिल n.* Bible of protestants written in 1560. १५६० में लिखी गई एक इंजील जिसे कुछ उदार ईसाई मानते है।

breeches part *ब्रीचिज़ पार्ट n.* part in a theatre where girls wear breeches or dress like men. नाटक का वह भाग जिसमें लड़की जांघिया या मर्दाने कपड़े पहनती है।

breeching *ब्रीचिङ्ग n.* portion, horse's harness passing round the breech. घोड़े की लगाम और साज का वह भाग जो चूतड़ों पर से गुजरता है।

breechless *ब्रीचलेस adj.* having no breeches or trousers. बिना जांघिये वाला या पतलून बिना।

breech-loader *ब्रीचलोडर n.* a gun in which ammunition is filled from hind part. ऐसी तोप जिसमें पीछे के भाग से बारूद भरी जाती है।

breech-loading *ब्रीच लोडिङ्ग adj.* having cavity behind for loading ammunition. जिसके पीछे की ओर बारूद भरने का मार्ग हो।

breed *ब्रीड n.* race; family; progeny; that which is bred. कुल वंश; मूल वंश; जो पैदा हुआ है वह।

v. i. to bear; to bring up or bring forth child; to cherish; to train; to promote the generation of. जन्म देना; पालन-पोषण करना; पैदा करना; सिखाना; वंश चलाने के लिये पशु पक्षियों के बच्चे पैदा करना।

v. i to be with children; to be produced; to be in training. बच्चे पैदा करना; पैदा होना; प्रशिक्षित होना; नस्ल बढ़ाना।

breed-bate *ब्रीड बेट n.* one who creates dispute or strife. विवाद या झगड़ा पैदा करने वाला व्यक्ति।

breeder *ब्रीडर n.* one who breeds. पालन-पोषण करने वाला; बच्चे पैदा करने वाला; पशु पक्षियों की नस्ल बढ़ाने वाला।

breeding *ब्रीडिङ्ग n.* act of generating; good manners and behaviour; training education. पालन-पोषण, शिष्टता; अच्छा व्यवहार; प्रशिक्षण; शिक्षा।

breeding in-and-in *ब्रीडिङ्ग इन-एण्ड-इन* breeding with near kin. निकट सम्बन्धियों से मैथुन करके वंश बढ़ाना।

breeding season *ब्रीडिङ्ग सीजन n.* season of production. उत्पत्ति की ऋतु या समय।

breeks *ब्रीक्स n.* breeches; trousers' जांघिया; पतलून।

breer *ब्रीयर n.* same as 'braird'. अन्न के नये अंकुर।

v. i. to appear above ground. प्रकट होना; भूमि में से निकल कर बाहर आना।

breese *ब्रीज n.* parts causing of horse & cattle घोड़ों तथा ढोर डंगरों के रोगाणु।

breeze *ब्रीज n.* (1) gentle wing; quarrel; rumour, disturbance. (2) breese; parts causing disease of cattle. (3) refuse of furnace used in brick making. मन्द समीर; धीरे-धीरे चलती हुई हवा; झगड़ा; उपद्रव; अफवाह; ढोरों के रोग उत्पन्न करने वाले कीटाणु; भट्टी की राख जो ईंट बनाने में प्रयुक्त होती है।

v. t. to blow like breeze; to go fast हवा के समान चलना या बहना।

land breeze . wing blowing from land side. थल की ओर से बहने वाली हवा।

sea breeze : wind blowing from sea side. समुद्र की ओर से बहने वाली वायु।

breezeless *ब्रीज लेस adj.* without breeze. पवन रहित; बिना हवा।

breeze up *ब्रीज अप v. i.* to freshen into breeze. हवा में घूम कर ताजा हो जाना; थकान मिटाना।

breezy *ब्रीजी adj;* fanned with breeze; bright; lively. हवादार; प्रसन्न, जीवन-शक्ति से पूर्ण।

bregma *ब्रेग्मा n.* a part of skull where the frontal bone joins the other two bones. खोपड़ी का वह भाग जहां आगे की हड्डी अन्य दो हड्डियों से मिलती है।

brehon *ब्रीहन n.* an Irish judge who evolved a system of jurisprudence in ancient days. आयरलैंड का एक न्यायाधीश जिसने प्राचीनकाल में एक न्याय-शास्त्र का प्रवर्तन किया था।

Brehon law(s) *ब्रीहन लॉ (ज़) n.* laws belonging the system of jurisprudence named after Brehon. ब्रीहन के न्याय-शास्त्र की विधि (यां) जो १७वीं शताब्दी तक प्रचलित रहीं

breloque *ब्रेलॉक n.* a kind of ornament which is attached to the watch chain. घड़ी की जंजीर के साथ शोभा के लिए लगा हुआ

आभूषण या कोई अन्य वस्तु ।

breme *ब्रीम adj.* fierce; keen; sharp. भयानक; आतुर; तीक्ष्ण ।

bren *ब्रेन v. i.* to burn; go to flames. जलना; सुलगना; प्रज्वलित होना ।
v. t. to ignite and burn. जलाना; सुलगाना

bren-gun *ब्रेन-गन n.* a light machine gun held on the shoulder while firing. एक छोटी मशीन-गन जो कन्धे पर रख कर चलाई जाती है ।

brent *ब्रेंट adj.* high; steep; smooth. ऊंचा; गहरा; चिकना; साफ ।

brent barnacle *ब्रेंट बरनेकल n.* (also *brent goose*) a small wild goose of black, white and slaty colours. काले; सफेद; तथा सलेटी रंगों वाली एक छोटी सी जंगली हंस या बत्तख ।

brer *ब्रर n.* brother (African usage.) भाई ।

brere *ब्रीर n.* shrub of thorns. कांटेदार झाड़ी

bresummer *ब्रेसमर n.* breast summer; bean supporting the front portion of a building. भवन के आगे के भाग को सहारा देने वाली कड़ी ।

bretashe *ब्रिटाश n.* (also *bretesse*) wooden tower or covered gallery of castle. किले में लकड़ी का बुर्ज या छत वाला छज्जा या गलियारा ।

brethren *ब्रेद्रेन n. pl.* of 'brother'; fellow member of a religious society. भाई शब्द का बहुवचन; एक ही धर्म का अनुयायी ।

Breton *ब्रेटन n.* native of Brittany, France, language of that place. फ्रांस स्थित ब्रिटेनी का निवासी या वहां की भाषा ।

brettice *ब्रेटिस n.* brattice; wooden tower or covered gallery in a fort. किले में लकड़ी का बुर्ज या छत वाला गलियारा ।

bretwalda *ब्रेटवालडा n.* a title given to certain more powerful kings in ancient England. प्राचीनकाल में इंगलिस्तान के कुछ अधिक शक्तिशाली राजाओं की पदवी ।

breve *ब्रीव n.* sign for short vowel sound letter of the pope. लघु स्वर की ध्वनि का चिह्न; पोप पादरी का पत्र ।

brevet *ब्रेविट, ब्रिवेट n.* a commission in military of honorary type entitling the holder to higher rank without any pay. सेना में एक अवैतनिक पद जिससे उपाधि बढ़ जाती है पर वेतन नहीं मिलता ।
v. t. to confer brevet. ऐसा पद प्रदान करना

breveted, brevetted *pt.* of 'brevet'.

breviary *ब्रीवियरी n.* a prayer book containing daily service. एक विशेष ईसाई सम्प्रदाय की स्तुतियों की पुस्तक; स्तोत्र-संग्रह ।

breviate *ब्रीवियेट n.* a short summary brief notes of a law case for lawyer. संक्षिप्त सार; वकील के लिए मुकदमे का संक्षिप्त विवरण ।

brevier *ब्रीवियर n.* a special size of type; of 8 point type. एक विशेष नाप का टाइप; आठ पॉइंट का टाइप ।

brevity *ब्रेविटी n.* shortness; conciseness (noun derived from brief.) संक्षिप्तता, छोटापन ।

brew *ब्रू v. t.* to manufacture beer or any wine; to produce; to gather troops; to mix to plot. (बीयर अन्य शराब) बनाना; उत्पन्न करना; सेना एकत्र करना; मिलाना; षडयन्त्र करना ।
v. i. to prepare wine; to gather. शराब बनाना; एकत्रित होना ।

brewage *ब्रूएज n.* something that is brewed; mixed liquor. बनाई गई वस्तु; मिली हुई शराब ।

brewer *ब्रूअर n.* one who brews. शराब बनाने वाला; हाला खींचने वाला; षडयन्त्रकारी ।

brewery *ब्रूअरी n.* (also *brew-house*) place where brewing is done. शराब बनाने का स्थान; हाला-निर्माण-शाला ।

brewing *ब्रूइङ्ग n.* process or act of manufacturing beer; quantity brewed at one time. मदिरा निर्माण की प्रणाली या क्रिया, एक घान में तैयार की गई मदिरा की मात्रा ।

brewis *ब्रूइस n.* broth; beef broth; bread soaked in broth. शोरबा विशेषत: बैल के मांस का शोरबा; शोरबे में भिगोई हुई रोटी ।

brewster *ब्रूस्टर n.* one who brews मदिरा बनाने वाला ।

brezonek *ब्रेजनेक n.* language of Britanny in France. फ्रांस स्थित ब्रिटेनी की भाषा ।

briar *ब्राइर, ब्राइअर n.* a bush of thorns. कण्टीली झाड़ी ।

briarean *ब्राइएरियन adj.* many handed. अनेक हाथों वाला ।

briareus *ब्राइएरियस n.* hundred handed giant. सौ हाथों वाला एक राक्षस ।

bribe *ब्राइब n.* illegal gratification. घूस; रिश्वत ।
v. t. to give bribe; to steal; to win over by corrupt means. घूस देना; चोरी करना; भ्रष्ट तरीके से अपने पक्ष में कर लेना ।
v. i. to practise; bribery. घूस के तरीके को अपनाना ।

briber *ब्राइबर n.* one who gives bribes. घूस देने वाला ।

bribery *ब्राइबरी n.* act of offering or accepting bribe. घूस लेने का कार्य; घूसखोरी; रिश्वतबाजी ।

bribery oath *ब्राइबरी ओथ n.* oath taken by elector that he has not received any bribe. निर्वाचक द्वारा ली जाने वाली शपथ कि उसे रिश्वत नहीं दी गई है ।

bribe-taker *ब्राइब टेकर n.* one who takes bribe. घूस लेने वाला; घूसखोर ।

bric-a-brac *ब्रिक-ब्रैक n.* old antiques and curiosities; treasure of odds and ends. प्राचीन वस्तुओं का संग्रह; ऊट-पटाङ्ग चीजों का संग्रह ।

brick *ब्रिक n.* baked clay moulds. brick shaped block; brick-sized loaf; good fellow. ईंट; ईंट के आकार की वस्तु; ईंट के बराबर डबल रोटी (९ इञ्च × ४॥ इञ्च × ३ इञ्चकी); अच्छा आदमी ।
v. t. to block or cover with bricks; to build with bricks. ईंटों से चुनना या ढकदेना; ईंट से कोई भवन बनाना ।
drop a brick : to make a serious mistake. भयानक भूल करना ।
like a ton of breiks : heavily; promptly. भारी प्रकार से; शीघ्रता से ।

brick-bat *ब्रिक बैट n.* piece of a brick; a missile. ईंट का टुकड़ा; ढेला ।

brick-clay *ब्रिक-क्ले n.* clay used for making bricks; clay containing sand and iron. ईंट बनाने की मिट्टी; रेत तथा लोह मिश्रित मिट्टी ।

brick-earth *ब्रिक-अर्थ n.* clay used in brick manufacture. ईंट बनाने की मिट्टी ।

bricken *ब्रिकन adj.* made of brick. ईंटों का बना हुआ ।

brick-field *ब्रिक-फील्ड n.* place where bricks are manufactured. ईंटों का भट्टा ।

brick-fielder *ब्रिक-फील्डर n.* hot dry wind coming from brick fields. गरम लू जो ईंटों की भट्टों की ओर से आती है ।

bricking *ब्रिकिङ्ग n.* brick work. ईंटों से बना भवन आदि ।

brick-kiln *ब्रिक-किल n.* place where bricks are baked. ईंटों का भट्टा ।

brick-layer *ब्रिकलेयर n.* one who lays the bricks in construction. ईंटें जमाने वाला राज या मिस्त्री ।

brick-laying *ब्रिक-लेयिङ्ग n.* construction with bricks. ईंटों से भवन निर्माण की क्रिया

brickle *ब्रिकल adj* breakable, weak, troublesome. टूटने फूटनेवाला; निर्बल; कष्टदायक ।

brick-maker *ब्रिक-मेकर n.* one who manufactures bricks or keeps a brick kiln. ईंटों के भट्टे वाला; ईंटें बनाने वाला ।

brick-nog *ब्रिक-नाग n.* bricks inserted between wooden partition to give support. लकड़ी की दीवार आदि के बीच में ईंटों की पटटी जो सहारे के लिये होती है ।

brick-nogging *ब्रिक-नॉगिङ्ग n.* inserting bricks in wooden partition. लकड़ी की दीवार में ईंटें लगाना ।

brick-red *ब्रिक-रेड adj.* red like brick. ईंट जैसा लाल ।

brick-shaped *ब्रिक-शेप्ड n.* of the size and shape of standard brick. ईंट के आकार का; ९इञ्च × ३इञ्च × ४½इञ्च के बराबर बड़ा ।

brick-tea *ब्रिक-टी n.* tea compressed into small bricks. चाय जो छोटी छोटी ईंटों के रूप में दबाकर बना दी गई है ।

brick-work *ब्रिक-वर्क n.* construction of bricks. ईंटों से बना भवन आदि ।

bricky *ब्रिकी adj.* containing bricks; like bricks. ईंटों का बना हुआ; ईंट के समान ।

brick-yard *ब्रिक-यार्ड n.* a field or yard where bricks are manufactured. ईंटें बनाने का स्थान ।

brickwall, bricole *ब्रिकौल ब्रिकल या ब्रिकोल* an ancient machine for throwing

stones; rebound of a ball; indirect stroke. पत्थर फेंकने का प्राचीन काल या यंत्र; गैंद का दीवार से टकरा कर फिर टप्पा खाना; अप्रत्यक्ष मार; परोक्ष आघात।

bridal *ब्राइडल adj.* relating to bride or marriage. विवाह-संम्बन्धी; वैवाहिक; नववधू का या सम्बन्धी।

n. wedding feast wedding. विवाह की दावत या उत्सव; विवाह; शादी; ब्याह।

bride *ब्राइड n.* recently married woman; a woman about to be married. नववधू; दुलहिन; बींदनी।

v. i. & *v. t.* to act as bride. नववधू का नाटक रूप धारण करना या कराना।

bride-ale *n.* feasting or ale drinking in a marriage. विवाह की दावत या मधुपान; हाला-गोष्ठी।

bride-bed *ब्राइड-बेड n.* marriage bed. सुहाग शैय्या; विवाह के बाद पति-पत्नी के प्रथम बार साथ साथ सोने का बिस्तर।

bride-cake *ब्राइड-केक n.* cake distributed at the time of marriage. विवाह के समय बांटी जाने वाली विशेष केक।

bride-chamber *ब्राइड-चैम्बर n.* room in which marriage takes place. वह कमरा जिसमें विवाह होता है; विवाह-कक्ष।

bride-groom *ब्राइड-ग्रूम n.* recently married man; man about to be married. वर दूल्हा; बींद।

bride-maid *ब्राइड-मेड n.* young unmarried female who attends the bride. विवाह के अवसर पर बींदणी के साथ रहने वाली सहचरी।

brideman *ब्राइडमैन n.* young unmarried man who attends the bridegroom. विवाह के समय वर (बींद) के रहने वाला सहचर।

bride's-cake *ब्राइड्स-केक n.* cake distributed at the time of wedding. विवाह के समय बांटी जाने वाली केक।

bride's-maid *ब्राइड्स-मेड n.* female who attends bride; bridemaid. दुलहन के साथ रहने वाली; नववधू-सहचरी।

bride's-man *ब्राइड्स-मैन n.* man who attends the bridegroom. वर-सहचर; दूल्हे के साथ रहने वाला।

bridewell *ब्राइडवैल n.* a jail; reformatory. कारागार; सुधारालय जहां अपराधियों को सुधारा जाता है।

bridge *ब्रिज n.* structure across the river or road or over any low place; a Russian card game; raised platform; bony part of nose. पुल; सेतु; ताश का एक रूसी खेल; ऊंचा चबूतरा या मंच; नाक की हड्डी।

v. t. to cover by a bridge; to connect the far ends. पुल बनाकर ढकना; दोनों ओर का सम्बन्ध कराना।

to bridge the gulf : to remove the differences and reconcile. मतभेद दूर करके समझौता करना या कराना।

bridge-drive *ब्रिज-ड्राइव n.* a competition of card play called bridge. ब्रिज नामक ताश के खेल की प्रतियोगिता।

bridge-head *ब्रिजहेड n.* fortifications on the enemy side of the bridge; advanced position captured in enemy lines or fortifications there. पुल की दूसरी ओर जहां शत्रु का जोर हो वहां मोर्चाबन्दी; शत्रु के क्षेत्र में अगली मोर्चाबन्दी; शत्रु से जीता गया अग्रिम स्थान।

bridge-house *ब्रिज-हाउस n.* house at the farther corner of a house. पुल के पार वाले सिरे पर का मकान।

bridgeless *ब्रिजलेस adj.* having no bridge. बिना पुल का; सेतुहीन।

bridge-of-boats *ब्रिज-ऑफ-बोट्स n.* a bridge constructed on boats floated on water. नदी पर नावें सटाकर उन पर बनाया गया पुल।

bridging *ब्रिजिङ्ग n.* act of establishing a bridge. पुल बनाने का कार्य।

bridle *ब्राइडल n.* an apparatus for controlling the house any restraint; expression of scorn or vanity by movement of head. लगाम; संयम; नियन्त्रण; अहंकार या घृणा की अभिव्यक्ति जो सिर हिलाकर की जाये।

cerebralist *सेरीब्रलिस्ट n.* believer in cerebralism. उपरोक्त सिद्धान्त को मानने वाला।

cerebrate *सीरीब्रेट v.* to demonstrate the action of the brain. मस्तिष्क के कार्य का प्रदर्शन।

cerebration *सेरीब्रेशन n.* working of brain; action of cerebrum; specially unconscious. मस्तिष्क का कार्य; विशेषतः अनजाने में होने वाला; गुप्त चेतना।

cerebric *सेरीब्रिक, सरीब्रिक adj.* cerebral; relating to brain. मस्तिष्क सम्बन्धी।

cerebriform *सीरे ब्रिफॉर्म adj.* having the form or shape of brain. मस्तिष्क जैसे रूप तथा आकार का।

cerebritis *सरीब्राइटिस n.* inflammation of the front part of brain. मस्तिष्क के अगले भाग की सूजन।

cerebro-spinal *सेरीब्रो-स्पाइनल adj.* relating to brain and spine. मस्तिष्क तथा रीढ़ दोनों से सम्बन्धित।

cerebro-spinal fever *सेरीब्रो-स्पाइनल फीवर n.* meningitis. दिमाग की नाड़ियों की सूजन के कारण बुखार।

cerebrum *सेरीब्रम n.* frontal large part of brain; the brain proper. मस्तिष्क का अगला बड़ा भाग; मस्तिष्क का प्रधान भाग।

cere-cloth *सीर-क्लॉथ n.* (also *crement*) a cloth covered with wax used as coffin any coffin etc in general. मोम में डुबोया हुआ कपड़ा जो कफन के रूप में प्रयुक्त होता है, साधारणतः कोई भी कफन का वस्त्र।

ceremonial *सेरीमोनियल adj.* formal; with ritual; pertaining to ceremony. औपचारिक; सांस्कारिक; रस्मी; दिखावे का; शिष्टाचार का।
n. formality; outward form. औपचारिकता; रस्म; दिखावा।

ceremonialism *सेरीमोनियलिज्म n.* adherence to ceremony. औपचारिकता से चिपटे रहने की प्रवृत्ति।

ceremonially *सेरीमोनियल्ली adv.* in a ceremonial manner. औपचारिक रूप में।

ceremonies *सेरिमनीज n. pl* of 'ceremony'; rites and formalities. रीति रिवाज; औपचारिकताएं; रस्में; संस्कार आदि।
master of ceremonies : one who controls the ceremonies on a public occasion. विशेष सार्वजनिक उपलक्ष पर रस्मों आदि का ध्यान रखने वाला व्यक्ति।

ceremonious *सेरीमोनियस adj.* according to form; punctilious full of ceremonies; precise. संस्कार या औपचारिकता के अनुसार सादर; सभ्य; रस्मों से भरा; ठीक-ठीक।

ceremoniously *सेरीमोनियस्ली adv.* with formality and ceremony. सादर; शिष्टाचार सहित, रस्मी तौर पर; औपचारिकतापूर्वक।

ceremoniousness *सेरीमोनियसनस n.* formality; adherance to forms. शिष्टाचार; आदर, सौजन्य; औपचारिकता; रस्मी बातें।

ceremony *सेरीमनी n* religious or solemn observance; formality; rite; outward form. धार्मिक संस्कार; शिष्टाचार; रस्म; औपचारिकता; दिखावा।
occasional ceremony : ordinary formality. सामान्य शिष्टाचार या औपचारिकता।
stand on ceremony : to be precise about forms. औपचारिकता पर जोर देना।
without ceremony : not caring for forms. औपचारिकता के बिना।

cereous *सीरियस adj.* waxy. मोम के समान।

Ceres *सीरीज n.* Greek goddess of growth and cereals; a small planet. यूनान की उपज देवी जो अन्न की अधिष्ठात्री है; एक छोटा ग्रह।

cereus *सेरियस n.* a kind of American plant. एक प्रकार का अमरीका पौधा।

cerge *सर्ज n.* a big wax-candle which is burnt near the altar वेदी पर गिरजे में जलाई जाने वाली बड़ी मोमबत्ती।

cerinthian *सरिनथियन adj.* pertaining to Cerenthus; an orthodox Christian heretics. प्राचीन काल के एक रूढ़िवादी कट्टर ईसाई पादरी सरीनथस सम्बन्धी।

ceriph *सेरिफ n.* serif; stroke; cross line. छोटी सी खड़ी रेखा जो अक्षर के अन्त में लगती है।

cerise *सरीज adj.* light and clear red. हल्का तथा साफ-साफ लाल रङ्ग का।

cerite *सीराइट n.* a mineral; hydrous silicate of cerium. सीरियम तत्व का एक मिश्रण

cerium *सीरियम n.* element number 58; a metal. एक धातु; तत्व संख्या ५८।

cerne *सर्न n.* Shakespearean form of 'concern'. सम्बन्ध; चिन्ता आदि। देखिए–*concern.*

cernuous *सर्नुअस adj.* nodding; bowing; stooping. सिर हिलाता हुआ; झुकता हुआ।

cerograph *सीरोग्राफ n.* writing on wax; engraving with the help of a plate spread over with wax. मोम पर खुदाई करना; किसी तख्ती पर मोम लगाकर उस पर लिखाई करना तथा उसमे दूसरी वस्तु पर उतारना

cerographic (al) *सीरोग्राफिक (ल)* pertaining to cerograph. मोम की खुदाई से सम्बद्ध

cerographist *सीरोग्राफिस्ट n.* one who is skilled in cerography. मोम की खुदाई की कला में दक्ष व्यक्ति।

cerography *सीरोग्राफी n.* art of engraving on wax. मोम पर खुदाई करने की कला।

ceromancy *सीरोमैन्सी n.* divination by means of wax which is first melted and than poured in water. पश्चिमी देशों में किया जाने वाला एक शोटका या शकुन-विचार जिसमें मोम को गरम करके जल में डालते हैं।

ceroon *सिरून n.* bale wrapped in a hide. खाल में बांधी हुई गांठ या गठरी।

ceroplastic *सीरोप्लैस्टिक adj.* pertaining to wax model making. मोम के ढांचे बनाने की कला सम्बन्धी।

ceroplastics *सीरोप्लैस्टिक्स n.* art of making models from wax. मोम से ढांचे तैयार करने की कला।

cerrial *सेरियल adj.* pertaining to the Turkey oak or made of it. तुर्की ओक नामक लकड़ी से सम्बद्ध या उसका बना हुआ।

cerris *सेरिस n.* a Levantine species of oak. एक प्रकार की ओक की लकड़ी।

certain *सर्टन adj.* settled; sure; indisputable; reliable; assured; any, inevitable; regular; some; one. निश्चित; नियत; स्थिर; कोई अवश्य; अनिवार्य; नियमित; विश्वसनीय, आश्वस्त।

a certain person : unknown person; a person (with contempt.) कोई व्यक्ति (अनादर के साथ प्रयुक्त शब्द)।

a lady of certain age : oldish woman. अधेड़ स्त्री (जिसकी आयु न बताने ही ठीक है)।

for certain : surely; assuredly. निश्चय से; अवश्य; निसन्देह।

in a certain condition : pregnant (colloquial use.) गर्भवती।

certainly *सर्टनली adv.* confidently; surely. अवश्य; निःसन्देह; निश्चित रूप से।

certainty *सर्टनटी n.* undoubted fact; surity. निश्चय; विश्वास।

dead certainty डेड सर्टनटी full surity पूरा निश्चय।

moral certainty मॉरल सर्टनटी a very likely thing though it can not be proved. कोई अदृश्य होती बात चाहे वह सिद्ध न हो सके।

certes *सर्टीज adj.* (also *certie*) certainly-निश्चय से।

my certie माइसर्टी *adj.* assuredly; I can say. मैं निश्चित हूँ मुझे विश्वास है।

certifiable *सर्टिफायबल adj.* which can be certified; lunatic. प्रमाणित करने योग्य; पागल।

certifiably *सर्टिफायबली adj.* in a certifiable manner or state. प्रमाणित करने योग्य स्थिति में या रूप से।

certificate *सर्टिफिकेट n.* testimony in writing; voucher; testimony of good character or qualification. प्रमाण-पत्र (संविधान); प्रशंसा-पत्र; प्रमाण; योग्यता या भंडारघर का प्रमाण-पत्र।

v. t. to give a certificate. प्रमाण-पत्र देना।

certificated *सर्टिफिकेटेड adj.* holding a certificate. प्रमाण-पत्र वाला।

certification *सर्टिफिकेशन n.* act of certifying. प्रमाणन (संविधान)।

certificatory *सर्टिफिकेटरी adj.* relating to a certificate. प्रमाण–पत्र सम्बन्धी।

n. a certificate. प्रमाण-पत्र।

certified *सर्टिफाइड adj.* which has been certified. प्रमाणित किया हुआ।

certifier *सर्टिफायर n.* one who certifies. प्रमाणक; प्रमाणित करने वाला।

certify *सर्टिफाई v. t.* to make known as certain; to assure; to bear testimony; to attest formally; to inform; to certify as insane. निश्चित रूप में बताना; प्रमाणित करना; प्रमाण देना; आश्वासन देना प्रमाणन करना; जानकारी देना; पागल घोषित करना।

certiorari *सेरशियोरारी n.* a writ to call the case from lower to the High Court. उत्प्रेषण–लेख; (संविधान), छोटे न्यायालय से उच्च न्यायालय में कोई मुकदमा मंगवाने का आदेश।

certitude *सर्टिट्यूड n.* certainty assurance. निश्चय; आश्वासन।

certum est quia impossibile est (*L.*) it is certain because it is impossible. यह असम्भव है अतः यह निश्चित है।

cerulean *सिरूलियन adj.* sky-blue; dark blue; colour of sea. आसमानी रंग का; गहरा नीला; समुद्र के रंग का

cerulein *सिरूलीन n.* a dye got from coal-tar producing fast green colour. तारकोल से बनने वाला एक गहरा नीला रंग।

ceruleous *सिरूलियस adj.* sky-blue. आसमानी।

cerumen *सिरूमन n.* wax secreted from ear. कान का मैल।

ceruminous *सिरूमिनस adj.* pertaining to ear-wax. कान के मैल का या सम्बन्धी।

ceruse *सीरूस, सिरूस n.* white lead. सफेदा।

cerus (s) ite *सीरूसाइट n.* lead carbonate. लेड कारबोनेट।

cervical *सर्विकल adj.* pertaining to neck. ग्रीवा सम्बन्धी; गरदन का।

cervine *सर्विन adj.* pertaining to deer; like or of deer; of the colour of fawn. मृग-सम्बन्धी; हरिण जैसा; मृग के बच्चे के समान रंग वाला।

cervix *सर्विक्स n.* neck. गरदन; ग्रीवा।

Cesarean *सीजरियन adj.* retating to Julius Caesar; a great Roman emperor. एक महान रोमन सम्राट जूलीयस सीजर सम्बन्धी।

n. believer in Caesar's policies; Imperialist. सीजर की नीति का अनुयायी; साम्राज्यवादी।

Cesarevitch *सीजारविच n.* (also *Cesarewitch*) eldest son of Czar; his heir-apparent. रूस के किसी प्राचीन निरंकुश सम्राट (ज़ार) का उत्तराधिकारी अर्थात् बड़ा पुत्र।

Cesarevna *सीजारविना n.* (*fem.*) daughter of Czar or his eldest son's wife. रूस के किसी प्राचीन सम्राट (ज़ार) की पुत्री या सबसे बड़े पुत्र की पत्नी।

cespitose *सीसपिटोस adj.* like turf; having tufts. गुच्छों जड़ों और तिनकों वाला।

cess *सेस n.* an additional tax; local tax on goods. उपकर (संविधान), चुङ्गी।

v. t. to impose cess on. उपकर लगाना। उपकरारोपण करना।

bad cess : बॅडसेस (*Ireland*) ill-luck. दुर्भाग्य।

cessation *सेसेशन n.* rest, pause; ceasing; end. बाधा; अवरोध; समाप्ति, अन्त; रुकावट; ठहराव।

cesse *सेस n. & v. t.* (*Spens.*) cease. समाप्त होना।

out of all cesse : आउट आफ ऑल सेस (shak.) *adv.* out of limit; excessively immoderately. अति करते हुए; मर्यादा से बाहर।

cessio bonorum *सेसियो बोनोराम n.* (*Scot*) insolvency petition in which all the assets are surrendered for getting protection from imprisonment. दिवाले की याचिका जिसके अनुसार ऋणी अपनी सभी सम्पत्ति समर्पित कर देता है जिससे कि उसे ऋण शोधन न करने पर बन्दी न बनाया जा सके।

cession *सेशॅन* giving up; yielding up. परित्याग; किसी सम्पत्ति या राज्य क्षेत्र का समर्पण।

cessionary *सेशनरी n.* an assignee; one to whom some cession has been made. वह व्यक्ति जिसे कोई सम्पति समर्पित की गई हो; ग्रहीता।

cess pool *सेस पूल n.* a pit sunk for collecting drain water. चहबच्चा; नाबदान; गंदे पानी का हौज।

c'est-a-dire (*Fr.*) that is to say. अर्थात्।

c'est egal (*Fr.*) it is all one to me. मेरे लिये तो ये सब बराबर है, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

cestode *सेस टोड n.* a kind of thin worm. एक प्रकार का पतला कीड़ा।

cestoid *सेसटॉइड n.* a thin worm like ribbon चपटा केंचुआ; फीते जैसा कीड़ा।

cestracion *सेसट्राशियन adj.* relating to cestod or cestoid. पतले चिपटे फीते जैसे

कीड़े का या सम्बन्धी।

cest selon (*Fr.*) that is according to circumstances. यह तो परिस्थितियों के अनुसार है।

cestui *सेस्ट्वी, सेटी n.* that one; a person. व्यक्ति; जो।

cestui que trust *सेटी की-ट्रस्ट* a person entitled to the benefit of a trust. न्यास का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी व्यक्ति।

cest (une) autre chose (*French*) that is quite another thing. यह तो बिलकुल अलग बात है।

cestus *सेस्टस n.* girdle; belt; bony support; ring round a tree. मेखला; पट्टा; कटिसूत्र; करधनी; कमरबंद; परिखा।

cesure *सीज्यूर n.* (*Spens.*) break; interruption. बाधा; अवरोध; विघ्न।

cetacea *सिटेशिया, सिटेश्या n. pl.* a class of toothed whales and big bottle nosed fishes. दांतों वाली ह्वेल तथा बड़ी नाक वाली महाकाय मछलियों का वर्ग।

cetera desunt (*Latin*) rest is awanting बाकी बच गया है।

ceteris poribus : (*L.*) other things being equal. अन्य बातें बराबर होते हुए।

cetology *सिटोलाजी n.* science of study of whales. ह्वेल मछलियों का अध्ययन करने का विज्ञान।

cevadilla *सेवाडिल्ला n.* seeds of a plant yielding oil. एक प्रकार के पौधे के बीज जिनसे तेल निकलता है।

Ceylonese *सीलोनीज़ adj.* of Ceylon. श्री लंका सम्बन्धी; सिंहल द्वीप का।

n. an inhabitant of Ceylon. श्री लंका वासी; सिंहल द्वीप वासी।

ceylonite *सीलोनाइट* magnesia-iron spinel एक लोहा-मैगनेशिया धातु।

cha *चा n.* tea (chinese and Russian word.) चाय, (हिन्द चीनी और रूसी शब्द)।

chabazite *कैबजाइट n.* an alloy of silicate; calcium and aluminium in pink-white crystals of transparent nature. कैलसियम; अलूमिनियम और सिलिकेट के एक धातु मिश्रण जिसकी कलमें गुलाबी सफेद सी पारदर्शी होती है।

Chablis *शाबली n.* famous white wine of France. फ्रांस की प्रसिद्ध सफेद मदिरा।

chace *चेस v. t. & n.* obsolete spelling of chase. पीछा करना; मारमगाना; पीछा; शिकार आदि।

chack *चाक n.* (*Scot.*) snack; hurried meal. हल्का भोजन; नाश्ता; कलेवा।

chacma *चैकमा n.* a big monkey found in South Africa. दक्षिणी अफ्रीका का एक बड़े आकार का बन्दर।

chaco *शॅको n.* (also *shoko*) a cylindrical shaped military cap. एक सैनिक टोपी जो लम्बी सी गिलास के से आकार की होती है।

chaconne *शकोन, शकोन् n.* an old kind of dance; the music accompanying that dance. एक प्रकार का प्राचीन नृत्य; उस नृत्य के साथ गाया जाने वाला संगीत।

chad *शॅड n.* (also *shad*) a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Chaetodon *कीटोडन n.* a class of fishes having small teeth found in hot climate. गर्म जलवायु में पाई जाने वाली एक मछली जिसके दांत बहुत कमजोर होते है।

chaetopod *कीटोपॉड n.* a worm which crawls with the help of bristles. एक प्रकार का कीट जो बालों के सहारे रेंगता है।

chafe *चेफ v. t.* to heat by friction to rub; to make angry; to irritate; annoy. रगड़ द्वारा गरम करना; रगड़ना; नाराज करना; चिढ़ाना; उत्तेजित करना।

v. i. to be angry; to rub. रगड़ा जाना; कुपित होना।

n. friction; irritation; heat caused by friction. रगड़; संघर्ष; क्रोध; रगड़ने से उत्पन्न गर्मी।

chafer *चेफर n.* (obsolete) a chafing-dish in which cooking is done on coal. हत्था लगा हुआ भिगोना।

chaff *चॅफ, चाफ n.* husk of grain; fodder worthless thing. भूसा; चोकर; चारा; व्यर्थ वस्तु।

v. t to joke or befool. मखौल उड़ाना; मूर्ख बनाना।

caught with chaff : easily deceived. आसानी से धोखे में आने वाला।

chaff-cutter *चॅफ-कटर n.* (also *chaff-engine*) a machine for cutting fodder or hay. भूसा काटने का यन्त्र, आरा-मशीन।

chaffer *चॅफर v. t.* to bargain; to haggle about price. सौदा करना; मोल तोल करना; भाव के बारे में झगड़ना।

(*Spens.*) Sell or exchange बेचना, विनिमय करना।

chafferer *चॅफरर n.* one who chaffers or haggles about prices. सौदा करने वाला, मोल तोल के बारे में झगड़ने वाला।

chaffery *चॅफरी n.* buying and selling; haggling क्रय-विक्रय; भाव के बारे में झगड़ा।

chaffinch *चॅफिञ्च n* a little bird which sings sweetly. मीठा गाना गाने वाला एक छोटा सा पक्षी।

chaffing *चॅफिङ्ग n.* bantering. हास्य करना; मखौल।

adj. jesting. हास्य करने वाला; मजाकिया।

chaffingly *चॅफिङ्गली adv.* in a bantering manner. मजाकिया ढंङ्ग से; हास्यास्पद रूप में।

chaffless *चॅफलेस adj.* without chaff. भूसा-रहित; जिसमे से चोकर निकाल दिया गया हो।

chaffron *चॅफ्रॉन n.* (also *chamfrain and chamfron*) a leather metal plate used as armour for the face of horse. चमड़े या इस्पात का बना कवच जो घोड़े के मुख पर बांधा जाता है।

chaffy *चॅफी adj.* containing chaff. भूसे वाला; चोकर वाला।

chafing-dish *चेफिङ्ग-डिश n.* a dish or vessel for cooking or heating on coals. कोयलों पर पकाने या गर्म करने के लिए प्रयुक्त एक भिगोना जिसके हत्था लगा होता है।

chafing-gear *चेफिङ्ग-गीयर n.* mats etc. used on ship poles to protect it from being chafed. जहाज के मस्तूलों आदि पर लगाया गया टाट आदि जिससे कि वे जल्दी घिसकर खराब न हों।

chaft *चॅफ्ट, चाफ्ट n.* (*Scot.*) the jaw. जबाड़ा

chagan *चागान n.* an obsolete spelling of khan. खान, खाँ (मुस्लिमों का आदरसूचक शब्द)।

chagrin *शग्रीन, शग्रिन, शॅग्रिन, n.* utter disappointment; vexation; annoyance. घोर निराशा; कलह; कष्ट, चिढ़; मानसिक वेदना।

v. t. to vex or quarrel or annoy. कलह करना; कष्ट देना; खिजाना, चिढ़ाना।

chagrined *शग्रिन्ड adj.* annoyed; disappointed. चिढ़ा हुआ; निराश।

chai *चाइ n* (*fem.*) a fellow; a person. कोई स्त्री; औरत।

chain *चेन n.* series of links; fetters; neck-lace; measure of 66 feet, things in series; mountain range; island's group. जंजीर; शृङ्खला, बेड़ी-हथकड़ी; धातु का हार; ६६ फुट का एक माप; किसी वस्तु की शृङ्खला या माला; पर्वतशृङ्खला; द्वीपों का समूह।

v. t. to connect in links; to tie in chains; to make slave or prisoner; to embrace. जोड़ना, जंजीर में जकड़ना; बन्दी या दास बनाना; बांधना; आलिङ्गनपाश में जकड़ना।

chain-armour *चेन-आरमर n.* armour having iron chains; chain mail. जंजीरों वाला कवच।

chain-bolt *चेन-बॉल्ट n.* a big bolt to fasten the chains to ships. जहाज में जंजीरें बांधने की बड़ी बुल्ट।

chain-bridge *चेन-ब्रिज n.* hanging bridge having no pillers in the middle. झूले के समान पुल जिसके बीच में सहारे के लिए खम्भे नहीं होते जैसे लक्ष्मण-झूला।

chain-cable *चेन-केबल n.* a cable consisting of chains. जंजीरों से बना हुआ लोहे का केबल।

chain-drive *चेन-ड्राइव n.* transmission of electricity by means of chain-gear. जंजीर के बने हुए गीयर के द्वारा बिजली गुजारना; एक विद्युत-वहन यन्त्र।

chain-driven *चेन-ड्रिवन n.* driven by chain. जंजीर द्वारा चालित।

chained *चेन्ड adj.* bound in chains; filted with a chain. जंजीरों में बंधा हुआ; जिसमें जंजीर लगी हो।

chain-gang *चेन-गैङ्ग n.* a gang of prisoners chained together. बन्दियों की टोली जो एक ही जंजीर से बंधी हो।

chain-harrow *चेन-हॅरो n.* a frame of chains for smoothing land. भूमि को समतल करने वाला एक जंजीर वाला यंत्र।

chainless *चेन-लेस adj.* without chains; free. जंजीर-रहित स्वतन्त्र।

chainlet *चेन-लेट n.* miniature chain.

छोटी सी जंजीर।

chain-letter चेन-लेटर *n.* a series of letters. पत्र-माला; पत्रों की शृंखला।

chain-lightening चेन-लाइटनिंग *n.* zigzag lightening; a strong whisky. शृंखला के रूप में लगी हुई टीप-पे क्ति; तीक्ष्ण सुरा।

chain-mail चेन-मेल *n.* an armour made of chains and links. जंजीरों का बना हुआ कवच।

chain-moulding चेन-मोल्डिङ्ग *n.* moulding in the form of a chain. जंजीरों के रूप में बना हुआ ढांचा या सांचा।

chain-pier चेन-पायर *n.* support of an arch made of chains. जंजीरों का बना हुआ ठेका जो महराब के सहारे के लिए लगा होता है।

chain-pump चेन-पम्प *n.* a pump consisting of chains and disks. जंजीरें लगा हुआ एक पम्प।

chain-reaction चेन-रियक्शन *n.* an act which has a reaction and there is further series of reactions. कोई कार्य जिसकी एक प्रतिक्रिया होकर उस प्रतिक्रिया की शृंखला सी बंध जाती है।

chain-rule चेन-रूल *n.* a rule in arithmetic by which equation etc. are solved. गणित का एक नियम जिससे प्रश्न हल किये जाते हैं।

chain-shot चेन-शॉट *n.* two bullets fastened together by chain. जंजीर से बांधी हुई दो गोलियां या आधी आधी दो गोलियां।

chain-smoker चेन-स्मोकर *n.* one who smokes in series without break i. e. who lights his cigarettes from the previous cigarettes लगातार धूम्रपान करने वाला जो एक सिगरेट फेंकने से पहले उससे दूसरी सिगरेट जला लेता है।

chain-stich चेन-स्टिच *n.* stiching in chains. जंजीर के समान सिलाई, बखिया।

chain-store चेन-स्टोर *n.* (U.S.) a multiple store where all things can be purchased. बहु भन्डार जहां से प्रत्येक वस्तु खरीदी जा सकती है।

chain-wheel चेन-व्हील *n.* a wheel having teeth over which a chain runs. दांतेदार पहिया जो एक जंजीर को घुमाता है।

chain-work चेन-वर्क *n.* network of threads linked with each other like chains. धागों आदि की जालीदार बुनाई जिसमें लड़ियां बनी हों।

v. t. to place in a seat of authority अधिकार के पद पर बैठना।

v. i. to give publicity. प्रकाश में लाना।

chair चेयर *n.* (1) a small seat on which one man can sit. (2) professorship; head of department in University. (3) office of one who is in authority. (4) presiding officer at a meeting or his seat. (5) witness box. (6) electrocution instrument. (१) कुर्सी; आसन। (२) प्राध्यापक का पद; विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्ष का पद। (३) प्राधिकार प्राप्त व्यक्ति का पद। (४) सभा में पीठासीन अधिकारी; सभापति या उसका आसन। (५) साक्ष्य कक्ष। (६) बिजली से मारने का यन्त्र।

easy chair : आराम कुर्सी जिसकी पीठ पीछे की ओर झुकी हुई होती है।

take chair : to sit down. अपने स्थान पर बैठना।

chair-bed चेयर-बेड *n.* a chair which can be converted into a bed. ऐसी कुर्सी जिसे फैलाकर के शैय्या के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है।

chair-days चेयर-डेज *n.* (*Shak.*) the last days of like; old age. जीवन के अन्तिम दिन; वृद्धावस्था; जीवन-संध्या।

chairman चेयरमैन *n.* one who presides over a meeting. सभापति (*संविधान*)।

chairmanship चेयरमैनशिप *n.* post and status of a chairman. सभापति का पद तथा प्रतिष्ठा।

chair-organ चेयर-ऑरगन *n.* an instrument for music. एक सङ्गीत साज।

chairwoman चेयरवूमैन *n.* (*rare*) women occupying the chair (ordinarily chairman is used for woman also) महिला सभापति; सभापति।

chaise चेज *n.* a carriage for pleasure trips generally open and light. सैर करने की गाड़ी; आनन्द के घूमने का वाहन जो प्रायः खुला होता है और हल्का भी।

chaiseless चेजलेस *adj.* without chaise. गाड़ी के बिना।

chaise-longue चेज-लॉङ्ग *n.* a comfortable couch with back and also having armrest. एक गद्दे वाली कुर्सी जिसके पीछे सहारा हो और बाहु रखने के लिए भी स्थान हो।

chal चॅल *n.* (*mas.*) a fellow; person. कोई भी व्यक्ति।

chalaza कैलाजा *n.* a kind of string in an egg. अन्डे में एक प्रकार की डोरीसी।

chalcedony कैलसेडनी *n.* a mineral containing silica; shining and smooth. सिलिका वाला एक सुन्दर खनिज जो चिकना तथा चमकदार होता है।

chalcidian alphabet कैलसीडियम ऑल्फॅबेट *n.* ancient alphabet from which Latin alphabet has been derived. प्राचीनकाल की एक लिपि जिससे लैटिन लिपि का निकास हुआ है।

chalcographer कैल्कोग्राफर *n.* (also *chalcographist*) one who is skilled in art of engraving letters or figures on brass or copper. तांबे या पीतल पर अक्षरों या चित्रों की खुदाई का काम जानने वाला।

chalcography कैल्कोग्राफी *n.* art of engraving on copper or brass. तांबे या पीतल पर खुदाई करने की कला।

chalcopyrite कैल्कोपाइराइट *n.* copper pyrites. तांबे की एक कच्ची धातु।

chalder चॉल्डर *n.* a dry measure of Scotland. स्काटलैण्ड का एक माप।

chaldron चॉल्ड्रन *n.* a measurement for coal equal to 36 bushels. कोयलेको मापने का एक पैमाना जिसमें ३६ बोरियों का कोयला आता है; एक खत्ती।

chalet शैला शाला *n.* a small wooden hut used by herdsmen in Switzerland; a urinal. स्विटजरलैण्ड में ग्वालों के काम लेने की एक लकड़ी की कुटियां; मूत्रालय; पेशाबघर।

chalice चॅलिस *n.* a bowl; cup; vessel. कटोरा; प्याला; पात्र।

chaliced चॅलिस्ड *adj.* like a cup or bowl. प्याले या कटोरे जैसा।

chalk चॉक *n.* calcium carbonate; a soft white substance used for writing खड़िया; सेलखड़ी; लिखने की चाक।

v. t. to rub; manure; write; draw or mark with chalk. चाक से घिसना; खाद देना; लिखना; चिन्ह बनाना; खींचना।

not to know chalk from cheese: not to know anything about the matter. मामले का कुछ भी ज्ञान न होना।

by a long chalk: by a considerable distance. काफी फासले से।

chalkiness चाकीनेस *n.* state of being like chalk. खड़िया जैसा होने की स्थिति।

chalking the door चॉकिङ्ग दी डोर *n.* in Scotland the tenants are warned to vacate the house by putting a chalk mark on door. स्काटलैण्ड में द्वार पर चाक से चिन्ह लगाना जो कि किरायेदार को मकान छोड़ने के लिये चेतावनीस्वरूप होता है।

chalk out चॉक आउट *v. t.* to sketch; to plan. रूपरेखा बनाना; खाका बनाना; योजना बनाना।

chalk pit चॉक पिट *n.* a pit in which chalk is dug. खड़िया मिट्टी की खान।

chalk-stone चॉक-स्टोन *n.* the stone containing chalk; white substance that collects in joints of a gout patient. खड़िया का पत्थर; गठिया के रोगी के जोड़ों में एकत्र हो जाने वाला सफेद सफेद पदार्थ।

chalky चॉकी *adj.* made of chalk or like chalk. खड़िया का बना हुआ या खड़िया के समान।

challenge चॅलिञ्ज *n.* call for contest, or fight; calling to account; demand; claim; accusation; objection. ललकार; चुनौती; मांग; दावा; आपत्ति, दोषारोप।

v. t. to call for competition or fight; to call to account; to deny a claim; to accuse; claim; object. ललकारना; चुनौती देना; मुकर जाना; दावा करना; भागना; आपत्ति करना; दोषारोप करना।

challengeable चॅलिञ्जेबल *adj.* that can be challenged. जिसे चुनौती दी जा सके।

challenger चॅलिञ्जर *n.* one who challenges; claiment; objector. चुनौती देने वाला; ललकारने वाला; दावा करने वाला; आपत्ति करने वाला।

challenging चॅलिञ्जिङ्ग *adj.* calling in question; claiming; objecting. चुनौती देने वाला; दावा या आपत्ति करने वाला।

challengingly चॅलिञ्जिङ्गली *adv.* in a challenging manner. ललकारते हुए; चुनौती देते हुए; आपत्ति करते हुए।

challis चॅलिस शॅलिस शली *n.* (also *shalli*) a kind of silken or worsed fabric

used for ladies dresses. एक प्रकार का रेशमी नया चमकीला कपड़ा जिससे महिलाओं के कपड़े बनते हैं।

chalonic कॅलॉनिक *adj.* relating to chalone or internal secretion. आन्तरिक धीर्य पात सम्बन्धी।

chalone कॅलोन *n.* internal secretion due to excitement. उत्तेजना के कारण आंतरिक धीर्य-पात।

chalumeau शॅल्यूम्यू *n.* a kind of flute or any like instrument. एक प्रकार की बंसी या मुरली जैसा कोई वाद्य।

chalybean कलीबियन कॅलीबीयन *adj.* (Milton) having good temper. अच्छे स्वभाव वाला जो शीघ्र उत्तेजित न हो।

chalybeate कॅलीबीयेट *n.* water from springs containing iron; any liquor containing iron. झरने आदि का जल जिसमें लौह-तत्व हो; लौह-तत्व वाला कोई द्रव पदार्थ।
adj. containing iron; ferrous. लौहयुक्त जिसमें लोहा हो।

chalybite केलीबाइट *n.* common iron one; ferrous carbonate. लौह-अयस्क; कच्चा लोहा जिसमें कोयले का अंश हो।

cham काम कॅम *n.* (obsolete) Khan an autocrat. खान खां; निरंकुश सरदार।

chamade शॅमाड शामाद *n.* call for surrender by blowing trumpets or drums. ढोल आदि बजा कर आत्म-समर्पण की मांग करना।

chamaeleon कॅमील्यन *n.* small lizard who changes colour; an inconsistant person. गिरगिट; अस्थिर प्रकृति का मनुष्य।

chamber चॅम्बर, चेम्बर *n.* a private room specially of a judge or lawyer; place where meetings are held; bed room; one of the house of legislature; closed space. निजी कमरा; विशेषतः वकील या न्यायाधीश का; सभा-कक्ष; शयन-कक्ष; विधान-मंडल का कोई एक सदन; बन्द स्थान।
v. t. to confine in a chamber. कमरे में बन्द करना।
v. i. to be wanton. मर्यादाहीन बनना; चंचल या विलासी बनना।

chamber-concert चेम्बर-कन्सर्ट *n.* concert of music fit for chamber. कमरे में गाने योग्य सङ्गीत की गोष्ठी।

chamber-council चेम्बर कौंसिल *n.* (*Shak.*) a secret council; private meeting or conference. गुप्त-परिषद्; बन्द कमरे में होने वाली गुप्त बैठक या सम्मेलन।

chamber-counsel (lor) चेम्बर-कॉन्सल (र) *n.* a counsel who does not go to courts but tender advice in his chamber only. वह वकील जो न्यायालय में जाकर वकालत नहीं करता और अपने कमरे पर ही कानूनी राय दे देता है।

chambered चेम्बर्ड *adj.* having chambers. कमरों वाला; कोठरीदार।

chamberer चेम्बरर *n.* a man who goes or holding meetings in chamber to intrigue; (Shak.) a gallant. कमरे में गुप्त मन्त्रणायें करने वाला; षड्यंत्रकारी; उच्च या कुलीन व्यक्ति महिलाओं का आदर करने वाला व्यक्ति।

chamber-fellow चेम्बर-फैलो *n.* one who sleeps or lives in the same chamber. एक ही कमरे में सोने वाला या साथ रहने वाला।

chamber-hangings चेम्बर-हॅङ्गिन्स *n.* (Shak.) tapestry hung in a chamber. कमरे में लटकाये हुए परदे आदि।

chambering चेम्बरिङ्ग *n.* lewd behaviour. अनैतिक आचार।

chamberlain चेम्बरलिन *n.* a high officer of king's court; an officer of corporation etc. for performing domestic or ceremonial duties. राज दरबार का बड़ा अधिकारी; निगम आदि का कोई अधिकारी जो घरेलू कार्य या औपचारिक बातों का ध्यान रखता है।
Lord Chamberlain लॉर्ड चेम्बरलिन *n.* an officer of royal house—hold in England. इङ्गलिस्तान में राजा के दरबार का ध्यान रखने वाला अधिकारी।
Lord Great Chamberlain n. an hereditary officer in charge of Westminster palace. वैस्टमिन्स्टर प्रासाद का अधिकारी जो वंशगत होता है।

chamberlainship चेम्बरलिन-शिप *n.* post or office of chamberlain. चेम्बरलिन का पद या अधिकार।

chamber-lye चेम्बर-लाई *n.* (Shak.) urine. पेशाब; मूत्र।

chamber-maid चेम्बर-मेड *n.* female servant in charge of bedrooms in an inn; inn-keeping woman. सराय में शयनागारों की देख-रेख करने वाली; भटियारन; सराय वाली।
(*U. S.*) a house maid. घर की नौकरानी (अमरीकी भाषा में)।

chamber-music चेम्बर-म्यूजिक *n.* music in the room of a house and not in public place. सार्वजनिक रूप से न होकर घर के कमरे में होने वाला सङ्गीत।

chamber of commerce चेम्बर आफ कामर्स *n.* व्यापारियों का सङ्घ; वाणिज्यमण्डल।

chamber-organ चेम्बर-ऑरगन *n.* an organ fit for chamber music. कमरे में ही बजाने लायक कोई बाजा।

chamber-pot चेम्बर पॉट *n.* vessel for passing urine. पेशाब-दान; मूत्र-पात्र।

chamber.practice चेम्बरप्रैक्टिस *n.* legal practice in chamber without going to Court. न्यायालय गये बिना कमरे में वकालत करना।

chambers चेम्बर्स *n.* a raw of rooms; houses of legislative. कमरों की पंक्ति; विधान-मंडल के दो सदन।

chambertin शानबरटॅन *n.* famous wine of grapes. अंगूरों की प्रसिद्ध मदिरा।

chambre a coucher (*Fr.*) a bed room सोने का कमरा शयनागार।

chameleon कॅमीलियन *n.* a kind of long lizard famous for changing its colour; a person of inconsistant habits. गिरगिट की तरह सदा रंग बदलने वाला; अस्थिर स्वभाव का व्यक्ति।

chameleonic कॅमीलियोनिक *adj.* in consistant; changing colour; like a chameleon. अस्थिर प्रकृति का; रंग बदलने वाला; गिरगिट जैसा।

chameleon-like कॅमीलियन लाइक *adj.* resembling chameleon; inconsistant. गिरगिट से मिलता जुलता; अस्थिर स्वभाव वाला।

chamelot कॅमलॉट, चॅमलॉट *n.* (also *camlet*) a rough woolen cloth formerly of camel's hair now of goats. मोटा गरम कपड़ा जो पहले ऊंट के बालों का बनता था पर अब बकरी आदि के बालों का बनता है।

chamfer चॅम्फर *v. t.* to slant in a symmetrical manner; to make furrows; to cut like bevel. क्रम से तिरछा करना; नालियां बनाना; तिरछा कोने के समान काटना।

chamfrain चॅमफ्रन *n.* (also *chamfron and chaffron*) a leather or steel armour used or the face of horse. घोड़े के मुंह पर लगाने का कवच जो चमड़े और लोहे का बना होता है।

chamisal चॅमीसल *n.* (also *chamise*) a forest having chamises. बेंत वाली झाड़ी का जंगल।

chamiso चामीसो a cane bush of special type found in California. बेंत वाली झाड़ी विशेष जो केलीफोरनिया में होती है।

chamlet चॅमलेट, कॅमलेट *n.* (also *chamlet chamelot*) a rough woolen cloth first made from camel's hair but now from goats. एक खुरदरा ऊनी कपड़ा जो पहले ऊंट के बालों का बनता था पर अब बकरी आदि के बालों का बनता है।

chamois शॉमवॉ *n.* s wild antelope found on mountains and whose leather is used for shoes; leather made from the lude of chamois. एक जंगली हिरन जो पहाड़ों पर पाया जाता है और जिसके चमड़े से साबर का जूता बनता है; साबर का चमड़ा।

champ चॅम्प *v. t.* to bite; chew; crush; काटना; चबाना; कुचल देना।
v. i. munch in noisy manner, chew with snapping noise in jaws. मुंह बोल कर चबाना; जबाड़ा, किटकिटा कर खाना।
n. field. खेत; मैदान।

champagne शॅम्पेन *n.* famous French wine; colour of champagne-white and reddish. फ्रांस की प्रसिद्ध मदिरा शैंपेन; शैंपेन का सफेदी लिए हुए हल्का लाल रंग।

champaign चॅम्पेन, शाम्पेन *n.* open level country खुला समतल मैदान।
adj. level; open. समतल; खुला हुआ; जो ऊंचा नीचा हो।

champak, champac चम्पक *n.* a flower tree found in India having great beauty and fragrance. भारतीय वृक्ष चम्पक जिसके फूल की सुगन्ध तथा सौंदर्य अनूठा होता है।

champart चॅम्पर्ट *n.* share of landlord in the produce of land भूमि की उपज में स्वामी को मिलने वाला भाग।

champerty चॅम्पर्टी *n.* an agreement for helping a party in legal expenses

and getting in exchange a share of the amount that may be decreed or won at the end. ऐसा करार जिसमें किसी के मुकदमे में सहायता की जाती है और अंत में मुकदमा जीत जाये तो उसमें से सहायता करने वाले को भाग मिल जाता है।

champignon *चैंपिन्यन; शॅंपिन्यन n.* mushroom which is eaten and other such fungus. खाई जाने वाली खुम्भ जो सांप की छतरी के समान होती है।

champion *चैंपियन n.* one who fights for a cause or for some body else; a hero; one who succeeds in a combat a player who beaten all others. किसी ध्येय के लिये या अन्य किसी अन्य के लिये लड़ने वाला वीर, नायक, प्रतियोगिता में जीतने वाला; सब को हरा देने वाला खिलाड़ी विजेता।
adj. acting as champion; first; best. विजेता के रूप में कार्यशील, प्रथम; सर्वोत्तम।
v.t. to support; defend; challenge (obsolete) समर्थन करना; चुनौती देना।

championness *चैंपियनेस n.* (also *championship*) rank of a champion; honourd position gained by champion; act of championing a cause. नायक या विजेता की स्थिति; विजेता का सम्मानित पद किसी ध्येय का समर्थन करने का कार्य।

champleve *शानलवे n.* enamel fitting in engraved metal, its art. धातु में खुदाई करके उसमें चीनी मिट्टी भरने की कला।
adj. relating to the art of cutting channels in metal and then enamalling it. धातु पर चीनी मिट्टी से लिखने की कला सम्बन्धी।

chance *n.* fortune, opportunity; probability possibility; event which is not expected; risk; something happening without design. भाग्य; अवसर; सम्भावना; घटना; जोखम, जो वस्तु जानबूझकर न की गई हो उसका हो जाना; संयोग।
v. i. to happen. होना।
v. t. to risk. जोखम उठाना।
adj. taking place by chance. संयोग से होने वाला।
adv. by chance. संयोग से।
by chance : *बाइ चान्स* accidently. घटनावश, संयोग से।
even chance : *ईविन चान्स* equally good or bad possibility. अच्छे और बुरे की समान संभावना।
how chance : *हाव चान्स* (*Shak*) how does it happen. कब ऐसा कैसे हो कि।
stand a good chance : to have a reasonable possibility of success. आशा रखना; सफला की सम्भावना होना।
take one's chance : to depend on fate; to take risk. भाग्य आजमाना; जोखम उठाना; भाग्य के आश्रय पर रहना।
the main chance : chief object; enrichment. मुख्य उद्देश्य; धनी बनना।
it chanced that : it happened like this. संयोग से ऐसा हुआ कि।
an eye to the main chance : hope and object to be enriched. धनी होने की आकांक्षा तथा ध्येय।
on the chance : on the possibility of. संभावना पर या से।

chance-comer *चान्स-कमर n.* one who comes by chance; unexpected guest. अकस्मात आने वाला; अप्रत्याशित अतिथि।

chanceful *चान्सफुल adj.* full of risks; dangerous. जोखमपूर्ण; खतरों से भरा हुआ।

chancel *चान्सल n.* the eastern portion of a church separated from rest of it. गिरजे का पूर्वी भाग जो अन्य भागों से पृथक किया होता है।

chanceless *चान्स लेस adj.* without any chance; unfortunate. जिसे अवसर न प्राप्त हो; भाग्यहीन।

chancellery *चान्सलरी n.* office or status of chancellor. कुलपति या प्रधान का पद या प्रतिष्ठा।

chancellor *चान्सलर n.* (1) head of a church. (2) head of a university. (3) secretary. (4) chief Minister or Prime Minister in some countries. (5) (Scot.) chief jury. (6) chief Judge. (7) one who keeps the register of knights. (१) प्रधान धर्माधिकारी; (२) विश्वविद्यालय का कुलपति। (३) सचिव। (४) कुछ देशों में मुख्य मन्त्री। (५) मुख्य जूरी या न्याय-सभ्य। (६) किसी न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश। (७) 'नर' की उपाधि पाने वालों की तालिका रखने वाला अधिकारी।
lord chancellor : *लार्ड चान्सलर n.* president of the House of Lords. लार्डसभा का अध्यक्ष।
Lord High Chancellor : keeper of great seal. राजमुद्रा का रक्षक; एक बड़ा न्यायाधीश।
Vice-chancellor : Deputy head of University. विश्वविद्यालय का उपकुलपति।

chancellor of a cathedral *चान्सलर आफ कैथीड्रल n.* head of a cathedral or the schools attached to it. गिरजे का प्रधान तथा गिरजे के विद्यालयों का कुलपति।

chancellor of a diocese *चान्सलर आफ डायोसिस n.* a judge who decides the religious law by advising the bishops धर्म सम्बन्धी विवाद निबटाने के लिये पादरियों को मंत्रणा देने वाला धार्मिक न्यायाधीश।

chancellor of the Exchequer *चान्सलर आफ दी एक्सचेकर n.* the Finance Minister of Britain who holds an influential position. ब्रिटेन का वित्त-मंत्री जो वहां की सरकार में बहुत प्रभावी होता है।

chancellorship *चान्सलरशिप* (also *chancellory*) office of chancellor; state of being the chief; secretaryship; chief ministership. कुलपति का पद; धर्माधिकारी का पद या प्रतिष्ठा; प्रधानत्व सचिव का पद; प्रधान या मुख्य मंत्री का पद।

chance medley *चान्समेडली n.* homicide not purely due to chance, mingled chance. वध या कोई अन्य कृत्य जो केवल घटनावश न हो; दोष तथा संयोग।

chancery *चॅंसरी n.* (1) high court of justice; a branch thereof. (2) (*slang*) the head of boxer under the arm of opponent. (3) (obsolete) chancellorship. (4) ambassador's post or office. (१) उच्चन्यायालय; उसकी एक शाखा। (२) मुक्के का सिर उसके विरोधी बाहु के नीचे आजाने की स्थिति।
(३) चान्सलर (प्रधान) का पद या कार्यालय। (४) राजदूत का पद या कार्यालय।
in chancery : in litigation; in awkward position. मुकदमे में; कठिन स्थिति।

chancery office *चान्सरी ऑफिस n.* office of general registrar and recorder in Scotland. स्काटलैण्ड में महा-पंजीयक तथा अभिलेखपाल का कार्यालय।

chancre *शॅंक्कर n.* a swelling with hardness that is caused in syphilis. आतशक या गरमी के रोग में उत्पन्न होने वाली सूजन जिसमें कठोरता होती है।

chancroid *शॅंक्करॉइड n.* ulcer in private organs and to veneral diseases but not due to syphilis गुप्तांगों में होने वाला नासूर जो छूत के यौन रोगों से पैदा होता है पर वह गरमी के कारण नहीं होता।

chancrous *शॅंक्करस adj.* (also *chancroid*) relating to ulcer of genital organs जननेन्द्रियों के नासूर सम्बन्धी।

chancy *चान्सी adj.* uncertain; risky; lucky (slang); bringing luck संदिग्ध; अनिश्चित; भाग्यशाली; अच्छे भाग्य का लाने वाला।

chandelier *शॅंडिलीर, शेंडेलियर n.* a kind of ornamented support for lamps which are placed on various branches of the support. दीप वृक्ष; प्रकाश की बत्तियों का झाड़ जिसकी भिन्न-भिन्न शाखाओं पर दीपक लगे होते हैं।

chandler *चॅंडलर n.* a dealer in soaps, candles; paints etc.; candle-maker. साबुन; मोमबत्तियां रोगन बारनिश आदि का दुकानदार; मोमबत्तियां बनाने वाला।

chandlering *चॅंडलरिङ्ग n.* business of chandler; selling or manufacturing candles etc. मोमबत्तियां आदि बनाने तथा बेचने का काम।

chandlerly *चॅंडलरली adj.* like a chandler. मोमबत्ती वाले के समान।

chandlery *चॅंडलरी n.* goods sold by a chandler; candles, soap, etc. मोमबत्तियां; साबुन; तेल आदि सामान।

change *चेंज n.* alteration; variation; smaller coins given in exchange for bigger coin; (*Shak.*) fickleness; exchange; an exchange; satisfaction, small coins. परिवर्तन; रूपभेद, रेजगी; अस्थिर स्वभाव; चंचलता; विनिमय; श्रेष्ठ वस्तुओं; सन्तोष या समाधान; छोटा सिक्का।
v. t. to abandon; to alter; vary; exchange; to give instead of big coin; get rid of. त्यागना; बदलना; परिवर्तन करना; छुटकारा पाना; बड़े सिक्के के बदले में रेजगी देना।

v. i. to shift to another place; to become new; to become changed. स्थान बदलना; नया हो जाना; बदल जाना।
put the change on : to deceive, to trick. धोखा देना; चाल चलना।
ring the changes : to end completely; to try every method; to pass bad coins, to trick. सब प्रकार से समाप्त करना; सब तरीकों पर अमल कर डालना; नकली सिक्का चलाना; चाल चलना।

changeability चेंजेबिलिटी *n.* power to undergo changes; fickleness. परिवर्तन होने की शक्ति; अस्थिरता; चपलता।

changeable चेंजेबल *adj.* one who changes or is liable to change, fickle; unstable. अस्थिर; चपल; परिवर्तनशील; जो बार-बार रङ्ग बदलता हो।

changeableness शेंजेबलनेस *n.* quality of being changeable; fickleness. अस्थिरता; परिवर्तनशीलता; चपलता; किसी बात पर दृढ़ न रहने की प्रवृत्ति।

changeably चेंजेबली *adv.* in a fickle manner. अस्थिर रूप में या तरीके से; चपलता के साथ।

change colour चेंज कलर *v. i.* to become pale; to blush. पीला पड़ जाना, लज्जित होना

changeful चेंजफुल *adj.* fickle; unstable; full of change. परिवर्तनशील, चपल; अस्थिर।

changefully चेंजफुली *adv.* in a fickle manner. अस्थिर तरीके से।

changefulness चेंजफुलनेस *n.* a state of being changeful; changeability. परिवर्तनशील होने की स्थिति या स्वभाव; अस्थिरता।

change hands चेंज हैण्ड्स *v. i.* to go to another; to be transferred or conveyed. स्वामी बदलना; बिक जाना; हस्तान्तरित होना।

change-house चेंज-हाउस *n.* (*Scot.*) inn; alehouse. सराय; मधुशाला; मदिरालय।

changeless चेंजलेस *aaj.* constant; which does not change. स्थिर जो परिवर्तित न होता हो; स्थायी।

changelessness चेंजलेसनेस *n.* state of being changeless; consistency. स्थिरता; परिवर्तन हीनता; स्थायित्व।

changeling चेंजलिङ्ग *n.* a child who has substituted for another child; one who is liable to change. कृत्रिम पुत्र जो परियों ने दिया हो; परिवर्तनीय वस्तु या व्यक्ति।

change of life चेंज ऑफ लाइफ *n.* age at which a woman's menstruation stops. वह आयु जब किसी स्त्री का मासिक-धर्म बन्द हो जाता है।

change one's condition चेंज वन्स कन्डीशन *v. i.* to get married. विवाह कर लेना।

change oneself चेंज वनसेल्फ *n.* (*Scot.*) to change ones appearance by having new clothes. नये वस्त्र धारण करके अपना रूप बदल लेना।

change one's mind चेंज वन्स माइन्ड *v. i.* to adopt a new attitude; to adopt new method; to change opinion. नया रुख अपनाना; नये प्रकार से काम करना; अपनी सम्मति बदल लेना।

change one's tune चेंज वन्स ट्यून *v. i.* change the manner of speaking; to become sorry suddenly. बोलने का ढङ्ग बदल लेना; अकस्मात दुखी हो जाना।

change over चेंज ओवर *n.* going to a new system or in a new condition. नयी व्यवस्था का लागू होना; नई स्थिति ग्रहण करना।

change places चेंज प्लेसेस *v. t.* to be different; to exchange position. भिन्न हो जाना; स्थिति या स्थान अदल बदल कर लेना।

changer चेंजर *n.* one who changes anything in form; one who changes money in banks. किसी वस्तु का रूप बदलने वाला; रेजगी देने वाला।

changing चेंजिंग *adj.* undergoing change. परिवर्तनशील; जिसमें परिवर्तन होता रहता है।

changing-piece चेंजिंग-पीस *n.* (Shak.) a fickle minded person. अस्थिर प्रकृति का मनुष्य।

chank चैङ्क *n.* (also *chank-shell*) shells of some sea animals which are used as imitation ivory for making the bangles of Hindu ladies; conch shell. एक प्रकार की मछलियों की हड्डियां जिनसे नकली हाथी दांत की चूड़ी बनती है; शङ्ख का अंग्रेजी अपभ्रंश।

channel चैनेल *n.* a salt wooden or iron piece on ship's side; bed of flowing water; passage for water or other liquids; sea strip between land block; course; direction; way; agency; gutter. जहाज के पार्श्व में लगा लोहे या लकड़ी का तख्ता, जल मार्ग; तरल पदार्थों के निकलने का मार्ग; समुद्र-बङ्क; दिशा मार्ग; द्वार; अभिकरण, नाली; जलडमरूमध्य।
v. t. to form a channel; to convey. मार्ग बनाना; सन्देश आदि देना।
the channel : channel between England and Europe called English Channel. इङ्गलिस्तान तथा यूरोप के बीच का समुद्र।
through proper channel : थ्रू प्रॉपर चैनल– सरकारी दफ्तरों में एक नियम कि प्रत्येक पत्र या बात सीधी अफसर को न भेजी जाकर कई छोटे अधिकारियों के पास से गुजर कर जाये।

channelled चैनलड *adj.* shaped like a channel or having channels. नाली के समान जिसमें नालियां बनी हों।

channel-stane चैनल-स्टेन *n.* (also *channel-stone*) (*Scot.*) a stone; generally heavy used in curling game in which smooth stones are slided on ice. स्काटलैण्ड के एक खेल 'कर्लिङ्ग' में प्रयुक्त भारी पत्थर जिसे बर्फ पर से फिसलाया जाता है।

chanson शान्सन *n.* (*Shaks.*) a song. गाना; गीत।

chanson de geste शान्सन दि झेस्ट (*Fr.*) *n.* an old epic poem of France. फ्रान्स का एक प्राचीन महाकाव्य।

chansonette शान्सॉनेट *n.* a small song. छोटा सा गीत।

chant चांट *v. t.* & *v. i.* to sing; to celebrate in song; to sell in a fraudulent manner. गाना; गाकर खुशी मनाना; छल कपट से बेचना।
n. a music, a song; singing of prose in church or its music. गाना; भजन; गीत, गिरजे में गद्य को गीत के समान गाने की क्रिया या उसका सङ्गीत।

chantage शॉन्ताझ चांटिज *n.* (*Fr.*) a blackmail. ठग; छल और रौब से रुपया ऐंठने वाला

chanter चांटर *n.* singer; musician (male) whether oral or instrumental. गायक; सङ्गीतज्ञ; गाने बजाने वाला।

chant horse चांट हॉर्स *v. t.* to sell by cheating. धोखे से बेचना।

chantrelle शानटरेल, शंनटरेल *n.* highest string in a musical instrument. साज सङ्गीत में या वीणा जैसे साजों में सबसे ऊपर का तार।

chanticleer शांटिक्लीअर *n.* a domestic cock. एक प्रकार का पालतू मुर्गा।

chantor चांटर *n.* one who sings or chants. गायक, गीत गाने वाला; भजनीक; गाने बजाने वाला।

chantress चांट्रेस *n.* a female singer. गायिका; गाने वाली।

chantry चाण्ट्री *n.* a place where chanting of masses takes place; usually in a portion of chapel. ऐसा स्थान जहां भजन-स्तोत्र गाये जाते हैं जो प्रायः गिरजे का एक भाग होता है।

chanty शांटी *n.* a song sung by sailors while hauling. बोझ ढोते समय नाविकों द्वारा गाया जाने वाला गाना।

chaos कॅओस *n.* a disorder; complete confusion; anarchy; shapeless mass. अव्यवस्था; गोलमाल; अराजकता; विप्लव; उपद्रव की स्थिति; गड़बड़ घोटाला; आकारहीन ढेर।

chaotic कॅओटिक *adj.* confused; in disorder; shapeless. अस्त-व्यस्त; गड़बड़ की स्थिति में; अव्यवस्थित।

chaotically कॅओटिकली *adv.* a chaotic manner. अस्तव्यस्त तरीके से; अव्यवस्थित ढङ्ग से।

chap चॅप *n.* (1) the jaw; (2) a fellow a boy; a man. (3) a crack: a knock at the door (4) a customer; (5) cheek (१) जबाड़ा; (२) छोकरा या व्यक्ति; (अनादर के साथ प्रयुक्त शब्द), (३) दरार या फटन; द्वार पर खटखटाने की ध्वनि, (४) ग्राहक, (५) गाल; फफोल
v. t. to crack; to knock at door. फाड़ना; दरार डालना; तड़काना; दरवाजा खटखटाना।
v. t. to crack; to strike as the clock does. फटना; घड़ी का बजना।
fat chaps : फैट चॅप्स *n.* a main with plump cheeks. गलफुल्ला, फूले गालों वाला व्यक्ति।

chaparajos चापारेजोस *n.* (*pl.*) (also *chaparejos* चापारेजोस) the legging of leather used by cowboys while riding.

घोड़े की सवारी करते समय ग्वालों द्वारा पहनी जाने वाली पिंडलियों पर की चमड़े की खोली।

chaparral *चापाराल n.* dense bushes or bush wood. गहरी झाड़ियां; झाड़ियों वाला जङ्गल।

chaparral cock *चापाराल कॉक n.* a cuckoo inhabiting the brush woods of California and Mexico. कैलीफोर्निया और मैक्सिको के झाड़ियों वाले गहरे वनों में पाया जानेवाला एक सुन्दर मोर जो भूमि पर ही रहता है

chapbook *चॅप बुक n.* a book of cheap taste sold by hawkers but generally popular. बाजारू किस्म की घासलेटी साहित्य की पुस्तक जो पटरियों पर बिकती है या फेरी वाले बेचते हैं।

chape *चेप n.* metal cap or plate at the point of scabbard; hook for the sheath or the belt. म्यान की टोपी; म्यान को पेटी के बांधने के लिये लगा हुआ हुक।

chapeau *शॅपो n.* hat. टोप।

chapeau-bras : *शॅपो ब्रा n.* (*Fr.*) a hat having three corners which was carried under arms in the past. तीन कोनों वाला टोप जिसे पुराने समय में बगल में दबाकर ले जाने का चलन था।

chapel *चॅपेल n.* (1) a small church where Christans go for worship generally that one which is attached to a house. (2) land of musicians. (3) printing press or office. (१) ईसाइयों का छोटा गिरजा घर विशेषतः वह जो किसी घर के साथ संलग्न हो (चैत्यालय)। (२) गायकमण्डली; भजन मण्डली। (३) छापाघर या मुद्रण कार्यालय

to keep one's chapels : to attend the church regularly as required and complete attendence. गिरजे में यथा-अपेक्षित जाकर उपस्थिति पूरी करना।

lady chapel : *लेडी चॅपल*: a chapel dedicated to virgin mary. ईसा की माता कुमारी मेरी की पूजा का गिरजा।

proprietory chapel : a chapel which is owned by a private owner & not by public. वह गिरजा जो किसी व्यक्ति की निजी सम्पत्ति है और सार्वजनिक नहीं है।

chapel-cart *चॅपल कार्ट n.* a cart having two wheels used by butchers for carrying meat to their customers' homes. दो पहियों की हलकी गाड़ी जिस पर कसाई मांस लाद कर ग्राहकों को पहुंचाते है।

chapel-master *चॅपेल-मास्टर n.* (*German.*) music director; conductor. गाने वालो को संकेत देने वाला; सङ्गीत सञ्चालक; चालक।

chapel of ease *चॅपल आफ ईज n.* a chapel for people living away from parish church. नगर के बड़े गिरजे से दूर रहने वाले लोगों के लिए बना हुआ गिरजा।

chapel royal *चॅपल रायल n.* a small chapel for prayers in a royal palace. राज-प्रासाद में प्रार्थना के बनाया हुआ एक छोटा सा गिरजा या प्रार्थना-भवन।

chapelry *चॅपलरी n.* the jurisdiction of a chapel. गिरजे का क्षेत्राधिकार, वह स्थान जहां उस गिरजे का क्षेत्र है।

chaperon *शॅपॅरॉन n.* (1) an elderly lady who looks after and accompanies an unmarried girl. (2) a hood or cap. (१) कुमारी कन्या की देखभाल करने वाली और साथ रहने वाली अधेड़ आयु की स्त्री। (२) एक प्रकार की टोपी।

v. t. to attend a girl as caperon. कुमारी कन्या की देखभाल करना।

chaperonage *शॅपॅरॉनेज n.* post of a chaperon duty and status of a chaperon. कुमारी कन्या की देखभाल करने का कार्य या पद।

chap-fallen *चॅप-फालन adj.* (also *chop fallen*) a person whose jaw has fallen, dejected; cast-down. जिसका निचला जबाड़ा टूट गया हो; निराश; हतोत्साह।

chapiter *चॅपीटर n.* head of a column or narrow row of troop arranged in parade or for battle. परेड या युद्ध के प्रयोजन के लिये स्तम्भ के समान जमाये गये सैनिकों की पतली पंक्ति का नायक या अग्रसर सैनिक।

chaplain *चॅपलेन n.* priest in charge of a chapel; a clergyman attached to a family or institution. गिरजे का पादरी या पुजारी; किसी परिवार या संस्था के साथ संलग्न पादरी।

chaplainship *चॅपलेनशिप n.* (also *chaplaincy* & *chaplainry*) post of a chaplain; jurisdiction of a chaplain. पादरी का पद; चैपल के पादरी का क्षेत्राधिकार।

chapless *चॅपलेस adj.* (1) without a crack or fissure. (2) without a lower jaw. (१) किसी दरार या तरेड़ रहित। (२) जिसके नीचे का जबाड़ा न हो।

chaplet *चॅपलेट n.* a gold ornament for head garland of flowers; prayer-bead. सिर का सोने का आभूषण; फूलों की माला या हार; जप करने की माला या सुमरनी।

chapleted *चॅपलेटेड adj.* having a chaplet wearing a flower wreath on head. holding a prayer bead. सिर पर सोने का आभूषण या माला पहने हुए; जाप की माला धारण किए हुए।

chapman *चॅपमॅन n.* one who sells wares by going from house to house; a purchaser (*obsolete*). फेरी वाला; घूम-घूम कर सामान बेचने वाला; सामान खरीदने वाला।

chapped *चॅप्ड adj.* cut short; cracked. फटा हुआ; दरार वाला।

chapped skin *चॅप्ड स्किन n.* skin with fissures due to cold. सरदी से फटी हुई खाल।

chapped soil *चॅप्ड सॉइल n.* soil cracked due to dry weather सूखेपन से दरारें पड़ी हुई भूमि।

chappie *चॅपी n.* a customer; a fellow. ग्राहक; कोई व्यक्ति।

chappy *चॅपी adj* having cracks; or fissures; wrinkled. दरारों वाला; फटन वाला; झुर्रियों वाला।

chapras (s) i *चपरासी n.* office messenger; attendant; orderly; peon. चपरासी; चपरास पहनने वाला नौकर; हिन्दी के चपरासी का अपभ्रंश।

chaps *चॅप्स n.* plural of chap; short from of chaparajos; legging worn by cow-boys. ग्वालों द्वारा पिंडली पर पहनने की चमड़े की खोली।

chapter *चॅप्टर n.* (1) main division of a book. (2) an association of priests. (3) Roman numeral on the dial of clock. (4) an organisation of society. (5) a subject or classification. (१) अध्याय (संविधान)। (२) पादरियों की संस्था या संघ। (३) घंटे या घड़ी पर बने हुए रोमन अंक। (४) समाज की संगठित शाखा। (५) विषय या वर्गीकरण या कोटि।

v. t. to classify into chapters; to take to task. अध्यायों में बांटना; डांट डपट करना; हिसाब मांगना।

close the chapter: to close the subject; to end the dispute. विषय को समाप्त करना; विवाद का अन्त करना।

to the end of the chapter: from beginning to the end. आदि से अन्त तक।

chapter and verse *चॅप्टर ॲण्ड वर्स n.* exact reference to the authority quoted. जो बात उद्धृत की गई हो उसका पूरा पूरा हवाला देना-अध्याय तथा पंक्ति बताना।

chapter of accidents *चॅप्टर आफ ॲक्सीडेण्टस n.* a series of accident; an unforseen and unexpected course of events. घटनाओं का क्रम जो अप्रत्याशित हो; अकस्मात होने वाली अनेक घटनाएं।

chaptrel *चॅप्ट्रल n.* capital of a pillar which is put as a support of an arch. मेहराब के नीचे सहारे के लिये लगे हुए खम्बे के ऊपर का भाग।

char *चार v. t.* (1) to burn and turn into charcoal; to scorch. (2) to do; to accomplish. (१) जला कर कोयला बनाना; झुलसाना। (२) कार्य करना; सफलता पूर्वक सम्पन्न करना।

v. i. (1) to scorch. (2) to do house cleaning or such other jobs. (१) झुलसाना; (२) घर की सफाई का या ऐसे ही अन्य छोटे कार्य करना।

n. (1) a small red fish found in mountain lakes or rivers. (2) household work; odd job. (१) एक छोटी लाल मछली जो पर्वतीय झीलों तथा नदियों में पायी जाती हैं। (२) घरेलू कामकाज; छोटा मोटा काम।

Chara *कारा n.* a class of plants found in fresh water. ताजा पानी में उगने वाले एक पौधे का वर्ग।

chara-banc *शॅर-बङ्क, शॅरबान* (*Fr.*) a car with benches; a tourist coach; open vehicle with rows of seats. बेंचों वाली गाड़ी; पर्यटकों या यात्रियों के लिये गाड़ी; ऐसी खुली गाड़ी जिसमें बैठने के स्थान पंक्ति में हों।

characinidae *कैरासिनिडी n.* a fish of some kind found in fresh water. ताजा जल में रहने वाली एक मछली-जाति।

character *कैरॅक्टर n.* (1) a distinctive mark or any mark. (2) handwriting;

bread and cheese ब्रेड एण्ड चीज n. पनीर वाली रोटी।
damson cheese डैमसन चीज n. (also *guava cheese*) pressed fruit. फल को दबाकर बनाई हुई मिठाई।

cheese-cake *चीज-केक n.* a pastry containing cheese or curd. पनीर या दही वाली पेस्ट्री नामक मिठाई।

cheese-cloth *चीज-क्लाथ n.* cloth used for pressing cheese; it is woven loosely. पनीर को दबाने के लिए काम आने वाला झिनझिना सा कपड़ा।

cheese-cutter *चीज-कटर n.* a blade with a curve and a square tip. पनीर काटने का मुड़ा हुआ तथा सिरे पर वर्गाकार (चाकू)।

cheese-fly *चीज-फ्लाइ n.* a kind of fly often found in cheese. पनीर में पाया जाने वाला एक कीड़ा।

cheese hopper *चीज हॉपर n.* larva of cheese fly always hopping. पनीर के कीड़े के अविकसित बच्चे जो उछलते बहुत हैं।

cheese it *चीज इट v. t.* (*slang*) stop it; end it ! बन्द करो; समाप्त करो ! बस।

cheese-mite *चीज-माइट n.* an arachnid which lives and feeds on cheese. पनीर की एक लट।

cheese-monger *चीज-मॉङ्गर* one who sells cheese पनीर बेचने वाला।

cheese-paring *चीज-पेयरिङ्ग n.* (*Shak.*) crust of cheese; thin man; meanness and sparingness in money. पनीर का छिलका या पपड़ी, पतला आदमी; कमीनापन; कंजूसी।
adj. mean; sparing. कंजूस; मक्खीचूस; कमीना।

cheese-plate *चीज-प्लेट n.* the big button attached to a coat; plate of cheese which is 6 inches in diameter. कोट का बड़ा बटन; पनीर की रकाबी जो ६ इंच व्यास की होती है।

cheese-press *चीज-प्रेस n.* a pressing machine for pressing curds to make cheese. दही को दबाकर पनीर बनाने का यन्त्र।

cheese-rennet *चीज-रेनेट n.* a plant which is used as rennet for making curd in the West. एक प्रकार का पौधा जिससे पश्चिमी देशों में दही जमाने का जामन बनता है।

cheese-scoop *चीज-स्कूप n.* an instrument with handle for taking out samples of cheese. पनीर की बानगी निकालने के लिए काम आने वाला एक चमचा या पली।

cheese-straw *चीज-स्ट्रॉ n.* a thin long bisciut having cheese on it. एक पतला लम्बा बिस्कुट जिस पर पनीर लगी होती है।

cheese-taster *चीजटेस्टर n.* cheese-scoop used for tasting cheese. चखने के लिये पनीर की बानगी निकालने के लिये प्रयुक्त उपकरण।

cheese-vat *चीज-वैट n.* a case of wood generally in which curd is pressed to make cheese. लकड़ी का डिब्बा जिसमें दही को दबा कर पनीर बनाई जाती है।

cheese-wring *चीज-रिंग n.* a press used for making cheese from curd. दबाव डालने का एक यंत्रजिसके द्वारा दही से पनीर बनाई जाती है।

cheesiness *चीजीनेस n.* quality or nature of cheese; taste like cheese. पनीर के गुण या किस्म; पनीर का सा स्वाद।

cheesy *चीजी adj.* like cheese; tasting as cheese does. पनीर जैसी; जिसमें पनीर का सा स्वाद हो।

chef *शफ n.* (*French word for chief*) a head particularly of kichen. मुखिया विशेषतः रसोइयों का प्रधान; बड़ा मिस्त्री।

chef dœuvre *शेफ डवर n.* (*plural chefs*) a master piece सर्वोत्तम रचना या कृति।

cheil (o) *किलो; किल n.* in composition lip. उपसर्ग रूप में होंठ का अर्थ देने वाला उपसर्ग।

cheir (o) *चायर; चायरो* meaning hand in composition. किसी शब्द से समास बनने पर हाथ का अर्थ देता है।

cheirognomy *काइरोगनॉमी n.* a supposed science of reading the lines on hand

to indicate future. हाथ देख कर भविष्य बताने का कल्पित विज्ञान; सामुद्रिक शास्त्र।

cheirograph *कायरो ग्राफ n.* a document written or signed in hand i. e. not typed or printed. हाथ से लिखा हुआ या हस्ताक्षरित दस्तावेज अर्थात जो छपा हुआ या टाइप किया हुआ न हो।

cheirographer *कायरो ग्राफर n.* an official formerly of a court in England. प्राचीन काल में इंगलिस्तान में न्यायालय का एक अधिकारी।

cheirographist *कायरो ग्राफिस्ट n.* an expert in detecting hand writing and signatures. हस्तलेख तथा हस्ताक्षर पहचानने वाला व्यक्ति।

cheirography *कायरो ग्राफी n.* handwriting, science of recognising hand writing; penmenship. हस्तलेख; लिखाई पहचानने का विज्ञान; लेखन; कला, हाथ की लिखावट।

cheirologist *कायरो लॉजिस्ट n.* one who studies the hand; one who can talk by signs of hand and fingers. हस्त-विद्या का विशेषज्ञ; जो हाथों तथा उंगलियों के संकेत से बात कर सके।

cheirology *कायरो लॉजी n.* study of hand; art or practice of conveying messages by signs made by hands and fingers. हस्त-संकेत विद्या; हाथों तथा अंगुलियों के संकेतों से बातचीत करने की कला या विद्या।

cheiromancer *कायरो मैन्सर n.* one skilled in palmistry. हस्त-सामुद्रिक को जानने वाला।

cheiromancy *कायरोमैन्सी n.* fortune telling by seeing the hand. हाथ देखकर भाग्य बताने की क्रिया; हस्त-सामुद्रिक।

cheiromantic *कायरोमैंटिक adj.* (also *cheiromantal*) relating to the telling of fortime by hand. हाथ देखकर भविष्य बताने की विद्या सम्बन्धी।

cheironomer *कायरोनोमर n.* one who makes gestures of hand to impress; gesticulator. प्रभाव उत्पन्न करने के लिए हाथ नचा नचा कर बातें करने वाला या इस प्रकार भाषण करने वाला व्यक्ति।

cheironomic *कायरोनॉमिक adj.* relating to gesticulation or vigorous movements of hand; of silent drama. हाथ को जोर से हिलाने से सम्बन्धित; मूक नाटक संबन्धित।

cheironomy *कॉयरोनामी n.* acting in dumb show; art of expressing a thing by movements of hand mostly. किसी मूक नाटक में अभिनय करने की कला; केवल हाथ के संकेतों से कोई बात अभिव्यक्त करने की कला।

Cheiroptera *कायरोप्टेरा n.* an order of bats having hands and wings combined. चमगीदड़ के वर्ग के जीव जिनके पंख और हाड मिले होते हैं।

cheiropterophilous *कायरोप्टेरोफिलस adj.* haunted by bats or similar beings. चमगीदड़ों या ऐसे जीव- जन्तुओं से भरा हुआ; जहां चमगीदड़ रहते हों।

cheiropterous *कायरोप्टेरस adj.* relating to the order of bats. चमगीदड़ जैसे जीव-जन्तुओं सम्बन्धी।

Cheirotherium *कायरोथीरियम n.* an extinct animal whose foot-print resemble hand. प्राचीन काल का एक जीव जिसके पैरों के चिन्ह हाथ के समान होते थे।

cheka *चेका n.* Russian secret police of the days of Revolution disbanded in 1922. रूस की गुप्त पुलिस जो १९१७ के क्रांति काल में संगठित की गई थी और १९२२ में विघटित करदी गई।

chela *कीला n.* claw of an anthropod; scorpion etc. वानर का पंजा; बिच्छू आदि जीवों के पंजे। *चेला n.* (*Hindi* word) disciple. हिन्दी के 'चेला' शब्द का अंग्रेजी रूप; शिष्य।

chelaship *चेलाशिप n.* order or status of chela चेले का पद या स्थिति।

cheliform *कीलीफॉर्म adj.* of the form of claw. पंजे के समान आकार वाला।

Chellean *शेलियन* belonging to an old culture whose traces are found near Paris. एक प्राचीन संस्कृति सम्बन्धी जो संस्कृति पैरिस के आसपास व्याप्त थी।

chelonia *किलोनिया n.* an order of reptiles with shells; like tortoises and turtles. मेंढकों तथा कछुओं जैसे जीव।

chelonian *किलोनियन adj.* pertaining to tortoises. कछुओं सम्बन्धी।

chemiatric *केमियाट्रिक adj.* relating to iatrochemistry i. e. application of chemistry to medical theory. चिकित्सा मे रसायन-विज्ञान के प्रयोग विषयक सिद्धान्त से सम्बद्ध।

chemic *केमिक adj.* chemical; alchemical (obsolete) relating to conversion of base metal into gold. रासायनिक; धातु परिवर्तन सम्बन्धी; अन्य धातुओं से सोना बनाने के कल्पित विज्ञान से सम्बद्ध।

chemin defer शॅमन दफर n. (*Fr.*) a variety of baccarat. फ्रांस में खेला जाने वाला ताश का खेल विशेष।

chemical *केमिकल adj.* relating to chemistry; specialist in chemistry; studying chemistry. रसायन-विज्ञान सम्बन्धी; रासायनिक; रसायन-वेत्ता; रसायन का पढ़ने वाला।

n. substance used in chemistry or produced by chemical method. रसायन के प्रयोगों में काम आने वाला पदार्थ; रासायनिक ढंग से तैयार किया गया पदार्थ।

chemical affinity *केमिकल अफिनिटी n.* attraction between atoms due to which they combine to form molecules and lead of creation of compounds. तत्वाणुओं में आकर्षण जिसके कारण वे एक दूसरे से जुड़ जाते हैं तथा मिश्रण पदार्थों के कारण बनते हैं।

chemically *केमीकल्ली adv.* in a chemical manner; according to chemical process. रासायनिक ढंग से; रासायनिक प्रक्रिया के रूप में या अनुसार।

chemico-electrical *कॅमिको-इलक्ट्रिकल adj.* pertaining to electricity producing or resulting from chemical action. रासायनिक क्रिया से उत्पन्न या ऐसी क्रिया उत्पन्न करने वाली बिजली सम्बन्धी।

chemise *शॅमीज n.* ladies shirt or an under. स्त्री की अंदर की कुर्ती; कमीज या जनानी कमीज जैसा वस्त्र।

chemisette *शेमिसेट, शेमिज़ेट n.* a kind of bodice worn by ladies; lace of the open front of lady's dress. महिलाओं के पहनने की एक प्रकार की अंगिया; महिलाओं के पहनने के वस्त्र का आगे का फीता।

chemism *केमिज्म n.* chemical action in which atoms combine with atoms to form new compounds. रासायनिक क्रिया ऐसी क्रिया जिसमें अणु दूसरे अणु से मिलकर नये मिश्रित पदार्थों का सृजन करे।

chemist *केमिस्ट n.* (1) seller of drugs and medicines. (2) a person versed in chemistry. (3) one whose business is to make chemical examinations. (१) दवा बेचने वाला। (२) रसायन विज्ञान को जानने वाला। (३) जो रासायनिक परीक्षणों को व्यापार रूप में करता है।

pharmaceutical chemist फारमसिटिकल केमिस्ट n. one who also keeps a pharmacy or manufactures medicines. औषधियों का निर्माण करने वाला रसायन शास्त्री

chemist and druggist *केमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट n.* one who sells medicines and drugs and also keeps a dispensary. औषधियां तथा औषधें बेचने वाला और नुस्खे तैयार करने वाला दुकानदार।

chemistry *केमिस्ट्री n.* a science which deals with matter; its properties and the combination of particles and their reaction to each other. पदार्थ के गुणों तथा एक पदार्थ के दूसरे पर प्रभाव का अध्ययन करने का (रसायन) विज्ञान।

applied chemistry अप्लाइड केमिस्ट्री n. (also *practical chemistry*) branch of chemistry dealing with preparation of chemicals. रासायनिक पदार्थों के निर्माण सम्बन्धी रसायन-शास्त्र; व्यवहारिक रसायन-विज्ञान।

metalic chemistry मेटॅलिक केमिस्ट्री n. branch of chemistry relating to metals and their compounds. धातु-तत्वों तथा धातु मिश्रणों सम्बन्धी रसायन विज्ञान।

organic chemistry ऑर्गॅनिक केमिस्ट्री n. chemistry relating to plants and animals. पौधों तथा जीवों सम्बन्धी रसायन-शास्त्र।

chemitype *केमिटाइप n.* (also *chemi typy*) a chemical process by which an impression from engraved plate is obtained in relief or that it may be printed on paper etc. खुदे हुए अक्षरों से किसी वस्तु पर उभरे हुए अक्षर उतारने की रासायनिक प्रणाली जिससे कि उनउभरे अक्षरों से कागज पर छपाई हो सके।

chemonasty *केमोनेस्टी n.* nasty movement under chemical stimulus. रासायनिक

आकर्षण तथा दबाव के कारण अणुओं का इधर उधर नाचना।

chemosmosis *केमोस्मोसिस n.* chemical action through intervening membrane बीच में कोई परदा या झिल्ली होते हुए रासायनिक क्रिया का होना।

chemosmotic *केमोस्मोटिक adj.* pertaining to chemosmosis परदे के बीच में से होने वाली रासायनिक क्रिया सम्बन्धी।

chemotactic *केमोटेक्टिक adj.* relating to movements in a particular direction under chemical stimulus. रासायनिक आकर्ष या दबाव के कारण विशेष दिशा में किसी तत्वाणु के जाने से सम्बद्ध।

chemotaxis *केमोटेक्सिस n.* movement of an organism or element under chemical stimulus in a partcular direction रासायनिक आकर्षण के कारण विशेष दिशा में अणुओं का प्रवाह।

chemotherapeutics *केमोथिरेपटिक्स n.* (also *chemotherapy*) curing of diseases with the help of chemicals and bacteria. रासायनिक तत्वों तथा जीवाणु तत्वों के द्वारा रोग के उपचार की चिकित्सा प्रणाली।

chemotropism *कमोट्रोपिज्म n.* increasing growth by chemical process रासायनिक क्रियाओं से उपज बढ़ाने की विद्या।

chemurgic (al) *केमरजिक (ल)* relating to applied chemistry of agricultural products and their use in industry. उद्योगों में कृषिजन्य उत्पादों के प्रयोग सम्बन्धी रसायन से सम्बद्ध।

chemurgy *केमरजी n.* applied chemistry concerned with agricultural products and their use in industry. कृषिजन्य उत्पादों और उद्योगों में उनके प्रयोग से सम्बद्ध व्यवहारिक रसायन- विज्ञान।

chenille *शनील n.* a kind of silk- like cord generally tufted; a type of cloth. एक प्रकार की चमकीली पतली रेशमीन डोरी; शनील नाम का वस्त्र।

cheque *चेक n.* (in U.S. *check*) a written order asking the banker to pay money to a certain person; a counter foil. हुंडी; चेक; रुक्का जिससे बैंक को आदेश दिया जाता है कि अमुक व्यक्ति को रुपया दिया जाये, किसी रसीद की नकल का अधपन्ना।

bearer cheque : *बेयरर-चेक n.* a cheque ordering the bank to pay money to anybody who presents the cheque. ऐसा चेक जिसमें यह आदेश हो कि जो भी बैंक में चेक पेश करे उसे ही रुपया दे दिया जाए।

blank cheque ब्लैंक चेक : n. a cheque which does not specify the amount to be drawn; (fig) unlimited authority. ऐसा चेक जिसमें रुपया नहीं लिखा होता और लेने वाला जितना रुपया चाहे उसमें भर कर ले जा सकता है; असीमित अधिकार या शक्ति।

crossed cheque : *क्रॉस्ड चेक n.* cheque which is to be credited to the bank account of the payee and not paid in cash. ऐसा चेक जिसका रुपया नकद न मिले अपितु किसी बैंक में हिसाब में जमा हो सके।

cheque-book *चेक-बुक n.* a book containing printed forms on which cheque is issued. चेकों की पुस्तिका जो बैंक अपने ग्राहकों को देता है।

chequer *चेकर n.* cross lined pattern having squares; chess board; exchequer, चारखाना; शतरंज की बिशात, खजाना; राजकोश।

v. t. to make with cross lines or to design squares on, to impart variety किसी वस्तु पर चार खाना बनाना; विविधता उत्पन्न करना।

chequered *चेकर्ड adj.* having chequers upon it; variegated or having different aspect. चारखाने वाला; विविधता पूर्ण रंग बिरंग।

chequers *चेकर्स n.* a game played on chequred boards; the squares of a chequer. शतरंज की किस्म का एक और खेल जो चारखानों के पटल पर खेला जाता है; चारखाने या वर्ग।

chequerwise *चेकर वाइज adv.* in the order of chequers; colourwise. चारखाने के अनुसार; रंग बिरंगे ढंग से।

chequer-work *चेकर-वर्क n.* work exhibiting squares of different colours; cross-lined work. विभिन्न रङ्गों के वर्गों वाला काम, चारखानों का काम।

chequy *चेकी adj.* pertaining to chequers; chaquered; variegated; having no uniformity. रङ्ग बिरङ्गे चारखानों वाला या उनसे सम्बद्ध; विविधता या विभिन्नता लिए हुए।

chercheft *करचेफ्ट adj.* (Milton) covered with a kerchief on the head. सिर पर रूमाल बांधे हुए; रूमाल से ढका हुआ।

cherimoya *चेरी मोंईया n.*(also *cherimoyer*) fruit resembling apple grown in Peru पेरू का एक प्रसिद्ध फल जो सेव के समान होता है

cherish *चरिश v. t.* to hold dear; to nurse; to foster to; treat with tenderness and affection; to cling to; to harbour in mind. प्रिय मानना; पोषण करना; प्यार से रखना; चिपटे रहना; दिमाग में रखना।

cherisher *चेरिशर* one who cherishes; encourager; supporter. पोषण करने वाला; प्रोत्साहन देने वाला; समर्थन करने वाला।

cherishing *चरिशिंग adj.* nourishing. पोषक; पालन करने वाला; समर्थक।

cherishingly *चेरशिंगली adv.* in an affectionate manner. प्यार भरे ढंग से।

cherishment *चेरिशमेंट n.* act of cherishing. पोषण करने का काम; प्रोत्साहन तथा समर्थन।

chernozem *चेरनोजम n.* (*Russian*) black soil which is very fertile. एक प्रकार की काली भूमि जो बहुत उपजाऊ होती है।

cheroot *शरूट n.* (Tamil) (1) cigar whose both ends are open. (2) root of saya a tree grown in Madras. (१) चुरट, तामिल के शुरुट शब्द का अपभ्रंश; (२) मद्रास के वृक्ष साया की जड़ जिससे लाल रंग बनता है।

cherry *चेरी n.* a plum tree and its fruit which grows in mountains and has pulpy drupe; other fruits in general. एक प्रकार का पर्वतीय वृक्ष तथा उसके छोटे छोटे फल जिसमें गूदा होता है तथा जिसका रंग प्रायः लाल होता है; कोई फल।

adj. red; blooming; like cherry. लाल रंग का; खिला हुआ, चेरी जैसा।

v. t. (*Spense*) to cheer. प्रसन्न करना; जय बोलना।

make two biter at a cherry : to stop enterprise. उद्यम छोड़ देना।

cherry-bob *चेरी बॉब n.* two cherries joined by the stalks used in a game of children. दो चेरियां जो जोड़ ली गई हों; बालकों के खेल में काम आने वाला दो चेरियों का गुच्छा।

cherry-bounce *चेरी बाउन्स n.* mixture of cherry brandy; sugar and ordinary brand. चेरी मिश्रित ब्रांडी तथा सामान्य ब्रांडी और चीनी का पेय।

cherry-brandy *चेरी ब्रॅण्डी n.* brandy in which cherries have been steeped. ऐसी ब्रांडी जिसमें चेरी भिगो दी गई हो।

cherry-coal *चेरी-कोल n.* a coal which is soft and shines like cherry. एक प्रकार का कोयला जो चेरी के समान चमकता है और नरम भी होता है।

cherry laural *चेरी लॉरल n.* a tree of cherry genus which is ever green. चेरी के समान एक वृक्ष जो सदा हरा रहता है।

cherry-lips *चेरी लिप्स n.* lips which have got a natural colour like cherry. ऐसे होठ जिनका रंग स्वभावतः चेरी के समान हो।

cherry-pepper *चेरी पेपर n.* a kind of tree where fruit is like cherry. चेरी फल के समान फल वा एक वृक्ष।

cherry-pie *चेरी पाइ n.* a pie made of cherries. चेरी फलों का बनाया गया समोसा या कचौरी।

cherry-pit *चेरी पिट n.* a child's play in which cherry stones are thrown in a hole. बच्चों का खेल गोली—टीच।

cherry-plum *चेरी प्लम n.* a kind of plum which tastes like cherry. चेरी के समान स्वाद वाला एक बेर या कर्कन्धू फल।

cherry-ripe *चेरी राइप n.* cry of the fruit hawkers. फेरी वाले फल-विक्रेता की आवाज।

cherry-stone *चेरी स्टोन n.* seed of cherry. चेरी फल की गुठली।

chersonese *करसनीज n.* a peninsula; a piece of land surrounded by water or two or three sides. प्रायद्वीप; ऐसा स्थल जो दो या तीन ओर से जल से घिरा हो।

chert *चर्ट n.* a pebble like quartz. कङ्कर के समान एक रत्न।

cherty *चर्टी adj.* like chert. कङ्कर जैसे रत्न के समान।

cherub *चेरब n.* a kind of angle with wings and human shape; a beautiful child in figurative sense. पङ्खों वाला

फरिश्ता या परी; परों वाला मनुष्य के आकार का देवदूत; सुन्दर बालक।

cherubic चेरूबिक *adj.* (also *cherubical*) pertaining to or resembling a cherub, angelic. परी या देवदूत के समान या उससे सम्बन्धित।

cherubically चेरूबिकली *adv.* in the manner of a cherub or angel. देवदूत के जैसे ढङ्ग से।

cherubim चेरूबिम *n.* (plural in Hebrew style) cherubs. देवदूत का बहुवचन।

cherubimic चेरूबिमिक *adj.* resembling or belonging or pertaining to cherubim. देवदूत के समान या उनकी श्रेणी का या उनसे सम्बद्ध।

cherubin चेरूबिन *n.* (*Shakespeare.*) cherubin. देवदूत; परी; फरिश्ता।

chervil चेरविल *n.* a hairy herb grown in pots common in England having aromatic qualities. इङ्गलिस्तान का एक पौधा जो गमलों में उगाया जाता है और सुगन्धमय होता है।

che sara sara (*Italian.*) what will happen will be. होगा सो तो होगा ही।

chesil चेसिल *n.* water worn pebbles, bran; round pebbles on sea shore. जल से घिसे हुए पत्थर; भूसी; चोकर; समुद्र के किनारे के गोल पत्थर।

chesnut चेस्नट *n.* obsolete spelling of chest nut. चेस्ट नट का प्राचीन रूप।

chess छ्स game on a chequered board of sixty four squares played by two persons with thirty-two 'chessmen'. शतरञ्ज; चतुरङ्ग का खेल जिसकी बिसात में चौंसठ खाने होते हैं और ३२ मोहरें होती हैं।

chess-board चेस बोर्ड *n.* chequered board having sixty four squares used for playing chess. शतरञ्ज खेलने की बिसात या पटल।

chessel चेसल *n.* a mould for pressing curd to make cheese. दही को दबा कर पनीर बनाने का सांचा।

chess-man चेसमैन *n.* (*pl. chess-men.*) the pieces thirty two in number used for playing chess. शतरञ्ज के मोहरे या गोटियां

chessylite चेसीलाइट *n.* a carbonate of copper. तांबे का कारबोनेट।

chest चेस्ट *n.* (1) large box. (2) thorax. (3) treasury. (4) iron safe for keeping valuables. (5) enough to fill a chest. (१) सन्दूक; पेटी। (२) छाती; वक्षस्थल। (३) खजाना। (४) लोहे की तिजूरी। (५) इतना माल जिससे सन्दूक भर जाये।

v. t. to enclose in a chest; to board सन्दूक में बन्द करना; जोड़-जोड़ कर जमा करना। *off one's chest* : off ones mind. दिमाग से दूर या बाहर।

chested चेस्टेड *adj.* having a chest; placed in a chest. छाती वाला; तिजूरी वाला; तिजूरी में रखा हुआ।

chester चेस्टर *n.* (also *chester field*) a kind of overcoat also called chester. एक प्रकार का ओवरकोट।

chester-field चेस्टर-फील्ड (1) chester. (2) a long sofa. ओवरकोट; बड़ा और लम्बा सोफासेट।

chestful चेस्टफुल *n.* amount which a chest can hold. सन्दूक में आने योग्य मात्रा।

chest-note चेस्ट-नोट *n.* a deep note in singing or even speaking. गहरा सुर; ऐसा सुर जिससे छाती हिल जाये।

chestnut चेस्टनट *n.* a tree with an edible fruit; its fruit. अखरोट के समान एक वृक्ष या उसका फल।

chest of drawers चेस्ट आफ ड्रॉर्स *n.* a chest having drawers. दराज़ों वाली पेटी या तिजूरी।

chest of viols चेस्ट आफ वायल्स *n.* a set of instruments of double bass type. वायलिन आदि जैसे वाद्य-साज़ों का सेट।

chest-protector चेस्ट प्रोटेक्टर. an undergarment of flannel for protection of chest. छाती के बचाव के लिये पहनने की एक बंडी जो प्रायः फुलालेन की बनी होती है।

chest-register चेस्ट रेजिस्टर *n.* (also *chest-tone*) lowest speaking register of voice; singing register. सबसे धीमी ध्वनि; हल्का सुर; महीन आवाज।

chest-trouble चेस्ट ट्रबल *n.* a chronic disease of lungs. फेफड़ों का रोग; विशेषतः जब वह पुराना पड़ जाये।

chest voice चेस्ट वाइस *n.* (also *chest register*) chest—tone; lowest register or speaking. सबसे धीमा सुर; महीन आवाज।

chetvert चेटवर्ट *n.* a Russian grain measure. रूस का अनाज का एक माप।

cheval-de-frise शेवल-द-फ्रीज *n.* (also *pl. chevaux de-frise*) a fortification against cavalry attack. घुड़सवार सेना के आक्रमण से रक्षा करने के लिए बनाई गई किलेबन्दी।

cheval-glass शेवाल-ग्लास *n.* a big mirror or glass fixed on a frame or stand and swinging. चौखटे या आधार पर लगा हुआ एक बड़ा कांच या दर्पण जो घूम सकता हो।

chevalier शेवलीयर *n.* a gallant; a cavalry man; a knight. वीर पुरुष; घुड़सवार; बड़ा उपाधिधारी।

chevalier d' industrie शेलियर द-इन्दस्ट्री *n.* one who gains his living by dishonest means; a thief. बेईमानी से आजीविका चलाने वाला; चोर, स्तेन।

chevelure शेवल्यूर *n.* periwig; nebulus part of a comet. एक प्रकार की टोपी; नक्षत्र का मध्य भाग जो ज्योतिर्मय होता है।

cheven चेवन *n.* (also *chevin*) the chub; a small fat river fish. चब नामक एक छोटी मछली जो नदियों में पाई जाती है।

cheverel शेवरेल *n.* (also *chevril*) soft leather made of kid-skin, flexible leather. बकरी से बच्चे की खाल से बना नरम लचकीला चमड़ा।

adj. like kid leather; flexible. बकरी के बच्चे की खाल जैसा; लचकीला।

chevesaile चेवसेल *n.* a decorative collar of a coat. कोट का सुन्दर सजावट वाला कालर

chevet शेवट *n.* apse; group of apses. गिरजे में एक प्रधान स्थल जहां पादरी खड़ा होता है।

cheviot चेवियट *n.* wool or cloth of sheep of cheviot hills, चेवियट पहाड़ियों की भेड़ों की ऊन या उसका कपड़ा।

adj. of the cheviot hills or sheep. चेवियट पहाड़ियों की भेड़ों का।

chevisance चेवीज़ान्स *n.* an achievement; a benefit; monetary transactions; a kind of flower; (*Spense*) performance. लाभ; सफलता; धन सम्बन्धी व्यवहार; सौदा; एक प्रकार का फूल; कोई कार्य।

chevrette शेवरेट *n.* (1) an old machine for raising the guns or mortars into their position. (2) thin goat skin used for making gloves etc. (१) तोप आदि को उठाकर ठीक दशा में रखने का एक प्राचीन यन्त्र। (२) दस्ताने आदि बनाने का पतला बकरी का चमड़ा।

chevron शेवरेन *n.* (1) figure on a shield representing two rafters. (2) zigzag. (3) distinguishing mark of 'V' on sleeves of non-commissioned officers. (१) दो खड़ी मकान की कड़िया जो ढाल पर बनी होती है। (२) टेढ़ी मेढ़ी आकृति। (३) सैनिक अफसर की बाहों पर 'V' ऐसी पट्टी।

chevroned शेवरण्ड *adj.* (also *chevrony*) bearing a chevron; resembling a chevron. 'V' की पट्टी वाला या उसके समान।

chevrotain शेवोटेन *n.* a kind of deer called mouse peer. एक प्रकार का विशेष जाति का मृग।

chevy चेवी *n.* (also *chivy*) shout noise; shout hunting cry; pursuit. कोलाहल; चिल्लाने की ध्वनि; शोरगुल; शिकार के समय का शोर; पीछा।

v. t. to harass; to pursue. पीछा करना; तङ्ग करना।

chew चू *v. i. & v. t.* to grind with teeth; to masticate; to cut; to meditate. दांतों से चबाना या काटना; मनन करना; जुगाली करना।

n. act of chewing; tobacco for chewing. चबाने की क्रिया; चूसने का तम्बाकू।

chewer चूअर *n.* one who chews; one who ponders or thinks deeply. चबाने वाला; विचारशील व्यक्ति; मनन करने वाला।

chewet चूइट *n.* [1] pie or pudding of various meats. (2) a kind of bird like owl. (१) कई प्रकार के मांस आदि के समोसे, हलवे जैसा पकवान। (२) एक प्रकार का पक्षी जो उल्लू के समान होता है।

chewing gum चूइङ्गम *n.* a kind of gum with sweetness and flavour used for chewing. एक चूसने की मिठाई जो चाक्लेट के समान होती है।

chew the cud चू दी कड *v. t.* to meditate; to ponder over something. किसी विषय पर गंभीर विचार करना।

chew the fat चू दी फैट *v. i.* (also *chew the rag*) (*slang*) to nurse old grievances. पुरानी शिकायतों को मन में रखना और कहते रहना।

chi *की, काई n.* twenty second letter of Greek alphabet sounding like 'X' (2) a woman (chai). (१) यूनानी वर्ण माला का बाईसवां वर्ण जिससे 'क' की ध्वनि आती है। (२) औरत; स्त्री (अपमान सूचक प्रयोग)।

chian earth *कियन अर्थ n.* a kind of earth used as cosmetic in ancient days; found at Chios. कियोस द्वीप की मिट्टी जो प्राचीन काल में शरीर पर पाउडर के रूप में लगाई जाती थी।

chianti *कैआन्टी n.* wine of Chianti Mountains generally of red or white colour. एक प्रकार की लाल या सफेद रंग की मदिरा।

chiaroscuro *क्यारोस्क्यूरो n.* light and shade in painting. चित्रकारी में धूप छाया का चित्रण

chiasm *कियाज्म n.* (also *chiasma*) central body of optic nerves where these cross each other between brain and eyes. श्रवण तन्तुओं के एक दूसरे के पास से पार करने का स्थल जो आंख और दिमाग के बीच में होती है।

chiasmus *कियाजमस n.* contrast by parallel similies in reverse order (*rhetoric*) पदों को उल्टे प्रकार से दुहरा कर तुलना करने का अलंकार जैसे खाने के लिये ही जीवन नहीं है; खाना जीवन के लिये है आदि।

chiastic *कियाजटिक adj.* pertaining to chiasmus as rhetoric. कियाज्मस अलंकार सम्बन्धी।

chiastolite *कियास्टोलाइट n.* a kind of andalusite; silicate of aluminium. ऐल्यूमिनियम की एक कच्ची धातु।

chiaus *चाउस n.* chouse; a trick; one easily cheated. चाल; चाल में आसानी से फंसने वाला।
v. t. to cheat; to play trick. चाल चलाना, धोखा देना।

chibol *चिबल n.* cibol; a kind of onion. एक प्रकार का प्याज।

chibouk *शिबुक n.* (also *chibouque*) Turkish tobacco pipe of long stem. तुर्की की लम्बी डंडी की तम्बाकू पीने वाली चिलम।

chic *चिक n.* skill; style; knowingness smartness. चातुर्य; ढंग शैली; ज्ञान; चुस्ती।
adj. smart; elegant. चुस्त; चतुर।

chica *चिका चीका n.* a reddish colour dye of south American leaves. दक्षिणी अमरीका में एक प्रकार के पत्तों से बनने वाला लाल रंग।

chicane *शिकेन v. t.* to defraud or cheat. छल कपट करना; ठगना।
n. (1) a trick. (2) a special card in game of bridge. (१) चालाकी; चाल, (२) ब्रिज के खेल में एक विशेष पत्ता।

chicaner *शिकेनर n.* one who uses chicanes. चाल से काम लेने वाला; धुर्त।

chicanery *शिकेनरी n.* trickery; cheating; delaying tactics छलकपट; ठगी; टालमटोल विलम्बकारी चालें।

chicaning *शिकेनिंग n.* quibbling; act of delaying; trickery देर करने की नीति, चाल खेलने की क्रिया।

chich *चिच n.* a chick- pea

chicha *चीचा n.* a kind of liquor prepared from maize in South America. दक्षिण अमरीका में मक्का से बनने वाली एक प्रकार की मदिरा।

chick *चिक n.* a young one of a bird; particularly of hen; used for child as an expression of love. किसी पक्षी का बच्चा विशेषत: मुर्गी का बच्चा; किसी बच्चे के लिये प्यार में प्रयुक्त शब्द।
to cout ones chicks before they are hatched : to have false hopes; to build castles in air. झूठी आशाएं करना; मन के लड्डू खाना।

chick-a-biddy *n.* a loving address to the children. बच्चे को प्यार में कहने का शब्द

chickadee *चिकडी n.* titmouse of America which acrobats on trees. अमरीका का एक छोटा सा पक्षी जो पेड़ पर कला बाजी करता है।

chickadiddle *चिक्का डिड्ल n.* term of endearment used for children. बच्चे को प्यार करते समय बोलने का शब्द।

chickaree *चिकरी n.* a squirrel of red colour found in America. लाल रंग की एक प्रकार की गिलहरी जो अमरीका में पाई जाती है।

chicken *चिकन n.* (*sing. & pl.*)(also *chickens* in plural) young one of fowl; a child; a girl of tender years. मुर्गी का बच्चा; बालक; शिशु; छोटी आयु की लड़की जो अभी जवान न हुई हो।
she is no chicken : वह कोई बच्ची नहीं है; वह तो अब जवान हो है।

chicken-breasted *चिकन-ब्रेस्टेड adj.* timid. डरपोक।

chicken-feed *n.* (U. S.) poultry food; small change. (in slang). मुर्गी आदि से बना भोजन; रेजगी।

chicken-hazard *चिकन हैजार्ड n.* a dangerous game with low stakes. जोखम का कोई खेल जिसमें लाभ कम हो।

chicken-hearted *चिकन-हार्टेड adj.* fearing; timid; coward; having no more courage than a chicken. डरपोक; कायर; जिसका मुर्गी के बच्चे जैसा ही दिल हो।

chicken-pox *चिकिन-पॉक्स n.* a contagious disease like small pox but less dangerous generally among children. शीतला माता के समान एक रोग जो कम भयानक होता है; छमरा; बच्चों की छोटी चेचक; लाकड़ा-काकड़ा।

chickling *चिकलिङ्ग n.* a small chick or chicken. छोटा सा मुर्गी का बच्चा; दुबला; पतला शिशु; बालक।

chick-weed *चिक-वीड n.* common weed with white flowers much liked by birds as a food. सफेद फूलों का पौधा जिसे पक्षी बहुत प्रेम से खाते हैं।

chicle *चिकल या चिकली n.* a chewing gum a type of gum prepared form a tree. चूसने की मिठाई; एक प्रकार का गोंद जो वृक्ष से बनता है।

chicoraceous *चिकोरेसियस n.* pertaining to chicory plant. चिकोरी नामक पौधे से सम्बन्धित।

chicory *चिकरी n.* a plant common in England whose roots are used as coffee substitutes. इङ्गलिस्तान का पौधा जिसकी जड़ें कौफी के समान काम आती हैं।

chide *चाइड v. i. & v. t. (pt. tense chid; pt. participle chid or chidden).* to reproach, to rebuke; to scold; to complain, to find fault; to show anger; to make noise about. डांट डपट करना; झिड़कना; उलाहना देना; शिकायत करना; दोष निकालना; क्रोध प्रकट करना; किसी बात पर शोर करना।

chider *चाइडर n.* one who scolds or chides; fault finder; one who complains; a quarrelsome person (*Shak.*). झिड़कने वाला व्यक्ति; शिकायत करने वाला; दोष निकालने वाला; झगड़ालू व्यक्ति।

chiding *चाइडिङ्ग adj.* scolding, reproach complaint; fault—finding. झिड़कने की क्रिया; छिद्रान्वेषण; दोष प्रकट करने का काम।

chidingly *चाइडिङ्गली adv.* in a reproving manner. झड़कते हुए।

chief *चीफ adj.* (1) first in importance. (2) prominent. (3) most important. (4) principal. (5) leading. (6) highest. in office; uppermost in rank. (7) important. (१) प्रथम। (२) ख्याति प्राप्ति। (३) सब से महत्वपूर्ण। (४) प्रमुख; मुख्य; प्रधान। (५) नेता; अग्रसर। (६) पद में सर्वोपरि। (७) महत्वपूर्ण।
n. (1) leader. (2) ruler. (3) headman. (4) military commander (5) principal, person of a class or tribe. (१) मुखिया; नेता, नायक। (२) शासक। (३) सरदार। (४) सैनिक समादेशक; सेनापति। (५) किसी जन-जाति या आदिम जाति का प्रधान व्यक्ति।
commander-in chief कमाण्डर-इन-चीफ *n.* highest commanding officer. प्रधान सेनापति।

chief baron *चीफ बैरन n.* a baron who presides over the court of exchequer. इङ्गलिस्तान में धन कोष के न्यायालय का अध्यक्ष।

chief commissioner *चीफ कमिश्नर n.* the head administrator of a centrally governed state in India. भारत में केन्द्र—प्रशासित राज्य (भाग 'ग' राज्य) का प्रधान; मुख्य-आयुक्त; मुख्यायुक्त (संविधान)।

chiefdom *चीफडम n.* rank or office of a chief; sovereignty; state of being the chief. मुखिया का पद या स्थिति; प्रभुता; प्रधानता; मुखियापन; प्राथमिकता।

chiefery *चीफरी n.* (also *chiefry*) (1) an Irish chieftainship; (2) lands belong-

ing to a chief. (3) dues which payable to a chief. (१) आयरलैण्ड में प्रधान की स्थिति (२) मुखिया की अपनी भूमि। (३) मुखिया को देय कर आदि।

Chief Election Commissioner चीफ इलेक्शन कमिश्नर *n.* the highest officer who is in-charge of elections tn India. मुख्य निर्वाचन आयुक्त (*संविधान*)।

chiefess चीफेस *n.* a female chief. वह स्त्री जो प्रधान-पद या मुखिया के पद पर हो।

chief judge चीफ जज *n.* presiding judge. मुख्य न्यायाधीश (*संविधान*)।

chief Justice चीफ जस्टिस *n.* the highest judge of a High Court or of Supreme Court. मुख्य न्यायाधिपति; (*संविधान*) किसी उच्च न्यायालय का या उच्चतम न्यायालय का।

chief Justiceship चीफ जस्टिसशिप *n.* rank or office of chief Justice. मुख्या न्यायाधिपति।

chiefless चीफलेस *adj.* without a chief; having no leader. जिसका कोई मुखिया न हो; नेता से रहित।

chiefling चीफलिङ्ग *n.* small chief of no consequence. कोई छोटा सा मुखिया जिसका अधिक महत्व न हो।

chiefly चीफली *adv.* promptly; principally; above all; mostly; in the first place; for the most part. प्रधान रूप से; मुख्यतः अधिकांश में; प्रथमतया; प्रधानतया; प्रमुखतः।

chief minister चीफ मिनिस्टर *n.* premier of a state in India. मुख्य मन्त्री (*संविधान*)।

chiefry चीफरी *n.* (also *chiefery*) (1) lands belonging to a chief. (2) dues payable to a chief. (१) मुखिया की अपनी भूमि। (२) मुखिया को देय कर आदि।

chiefship चीफशिप *n.* state of being chief; sovereignty; chiefdom. मुखिया का पद या स्थिति; प्रभुता; नेतागीरी।

chieftain चीफटेन *n.* (1) head of tribe. (2) captain. (3) chief. (4) leader. (5) commander. (१) किसी आदिम जाति का मुखिया या शासक। (२) कप्तान। (३) प्रधान। (४) नेता। (५) सेनाध्यक्ष।

chieftaincy चीफटेनसी *n.* (also *chieftainship*) rank; office or dignity of a chieftain. मुखिया; शासक या सेनानायक का पद; प्रतिष्ठा या स्थिति।

chieftainess चीफटेनेस *n.* the female chieftain. वह स्त्री जो किसी आदिम जाति की मुखिया हो।

chieftainry चीफटेनरी *n.* (also *chieftainship*) rank; dignity or office of a chieftain. मुखिया; प्रधान; शासक या सेनाध्यक्ष का पद; प्रतिष्ठा या स्थिति।

chiff-chaff चिफ-चाफ *n.* a small warbler family bird. एक प्रकार का सुरीला गान गाने वाला पक्षी।

chiffon शिफॉन *n.* a cloth having gauze used making dresses especially of females. बारीक जालदार कपड़ा जिसके वस्त्र बनते हैं—विशेषतः स्त्रियों के पहनने के लिए।

chiffonier शिफोनियर *n.* a side board for adorning; wooden stand with shelves. सजावट के लिये रखी हुई अलमारी; एक ओर लगा हुआ सुन्दर पटल।

chignon *चिगनॉन, शिन्योन n.* women's back hair; specially when folded up and raised rounded a pad of artificial hair. स्त्रियों का जूड़ा जो बालों को पीछे से उठा कर तथा नकली बालों के एक पुट्ठे पर गोलाकार बांधकर बनाया गया हो।

chigoe *चिगो n.* (also *chigre* and *chiggre. चिगर*) a common flee genus of small size which produces an ulcer in the foot; found in South America. एक प्रकार का कीट जो दक्षिण अमरीका में पाया जाता है और पैर की खाल में घुस कर नासूर पैदा कर देता है।

chikara *चिकारा n.* the goat like antelope of Bengal whose male has got four horns. एक बङ्गाली बारहसींगा जिसके पुल्लिग पशु के चार सींग होते हैं।

chik (h) or *चिकोर n.* (also *chukor and chukar*) 'चकोर' शब्द की अंग्रेजी अपभ्रंश।

chilblain *चिलब्लेन n.* inflammation of skin on hand or feet which cause itching; generally due to cold. हाथ पैर का एक चर्म रोग; बिवाई फटने की बीमारी जो सर्दियों में होती है।

v. t. to produce chiblain in. बिवाई फटने की बीमारी पैदा करनी।

child चाइल्ड *n.* (*pl. children*) (1) an infant. (2) son or daughter of any age. (3) one of immature knowledge or judgement or attainments (4) having very little experience. (१) बालक; शिशु; (२) किसी भी आयु का पुत्र; (३) जिसका ज्ञान या विवेक परिपक्व न हो वह व्यक्ति; (४) बहुत कम अनुभव वाला व्यक्ति।

fancy's child : a poet. कवि; कल्पनावादी

from a child : since the days of childhood. बचपन के दिनों से ही।

second childhood : old age when people begin to behave foolishly like a child. बुढ़ापा जबकि मनुष्य बालकों के समान व्यवहार करने लगे; सठिया जाने की आयु; जरा।

with child : pregnant. गर्भिणी; गर्भवती।

of a child : since the days of childhood. बचपन के समय से ही।

this child (*slang*) I; me. मैं (नम्रता वश अपने आपको बालक बताना)।

burnt child dreads fire : a person who has once suffered. becomes over cautious. दूध का जला छाछ को फूंक फूंक कर पीता है।

child-bearing चाइल्ड बीयरिङ्ग *n.* act of producing or bringing forth children. बच्चे पैदा करने की या जन्म देने की क्रिया; जनना।

adj. capable of being children. बच्चों को जन्म देने योग्य।

child-bed चाइल्ड-बेड *n.* state of a women undergoing labour pains. प्रसूति, जनने के समय स्त्री की स्थिति; जरूथापन।

child-birth चाइल्ड-बर्थ *n.* birth of a child; labour; act of bringing forth a child. शिशु-जन्म; जापा; बालक को जन्म देने की क्रिया प्रसव।

child-crowing चाइल्ड-क्रोइङ्ग *n.* a disease of nerves. नसों के फूलने का रोग :

childe चाइल्ड *n.* (obsolete) a child; a youngone of noble birth before he is made a knight. बालक; किसी उच्च कुल का बालक जब तक उसे उपाधि न मिले।

childed चाइल्डेड *adj.* (*Shak.*) having a child. संतान वाला; बालक वाला।

childermas *चिल्डरमस n.* (also *childermas day*) Anniversery of Church of England. इङ्गलैंड के गिरजाघर की वार्षिक जयन्ती।

childhood चाइल्डहुड *n.* the state of a child; the age or time when people are classed as children. शैशव (संविधान) बचपन की आयु।

childing चाइल्डिङ्ग *adj.* bearing children; fruitful; productive (*Shak.*) बच्चे जनने वाली; फलवती; उत्पादनशील।

childish चाइल्डिश *adj.* (1) pertaining to child. (2) what is proper for childhood. (3) like a child. (4) trifling. (5) ignorant. (6) weak. (7) silly. (१) बालक सम्बन्धी; (२) बच्चों को ही शोभा देने वाली (बात) (३) बच्चे के समान; (४) तुच्छ; (५) अज्ञानी; (६) दुर्बल; (७) मूर्ख।

childishly चाइल्डशली *adv.* in a childish manner. बचपन के समान; तुच्छतापूर्वक; मूर्खता से।

childishness चाइल्डिशनेस *n.* state or quality of being a child; habits like those of children. बालक होने की स्थिति; बच्चों का सा स्वभाव; बचपन की बातें।

childless चाइल्डलेस *adj.* having no child. निसंतान; नपूता; जिसके कोई बालक ही न हो।

child-life चाइल्ड-लाइफ *n.* life of a child. बालक का जीवन।

child-like चाइल्ड-लाइक *adj.* resembling a child; meek; submissive; dutiful; (used in good sense) innocent. बच्चे के समान; डरपोक; दब्बू; आज्ञाकारी; भोला-भाला।

childly चाइल्डली *adj.* natural to children; becoming a child. बच्चों के लिये स्वभाविक; बालक के योग्य।

childness चाइल्डनेस *n.* nature or character of a child (*Shak.*) बालक का स्वभाव बालक के गुण।

child of devil चाइल्ड आफ डविल *n.* follower or adherent of devil. शैतान का बच्चा; शैतान का अनुयायी।

child of God चाइल्ड आफ गॉड *n.* believer and follower of God. भगवान को मानने वाला; ईश्वर का भक्त।

child of nature चाइल्ड आफ नेचर *n.* one who loves nature. प्रकृति का प्रेमी या उपासक।

children *चिल्ड्रन n.* (*pl.* of child) sons

or daughters; ignorant people. सन्तति; पुत्र या पुत्रियां; अज्ञानी लोग।

children of Izaak Walton *n.* anglers; speciel kinds of fishes. कांटे से मछली पकड़ने वाले, विशेष प्रकार की मछलियां।

child's play *चाइल्ड्ज़ प्ले n.* a trivial matter; a work which can be easily accomplished. छोटा सा मामला; ऐसा कार्य जो आसानी से हो सके; बच्चों का खेल।

child-study *चाइल्ड-स्टडी n.* study of the physical and mental state of the child and the sciences related thereto. बच्चों का शारीरिक तथा मानसिक दशा का अध्ययन और तत्सम्बन्धी विधान।

child-welfare *चाइल्ड-वलफेयर n.* social work for the health and well being of the children. शिशु-कल्याण; बालकों के स्वास्थ्य तथा भलाई के सामाजिक कार्य।

child-wife *चाइल्ड-वाइफ n.* a young wife; a woman married at early age; generally childless. बाल-पत्नी, वह लड़की जिसका कम आयु में विवाह हुआ हो; प्रायः जिसके कोई बालक न हुआ हो।

Chile *चिली n. & adj.* (also *Chilli*) of or belonging to Chile. चाइल सम्बन्धी या चाइल का रहने वाला।

chile saltpetre *चिली साल्टपीटर n.* sodium nitrate. शोरा जिससे शोरे का तेजाब बनता है

chiliad *चिलियड n.* one thousand; a group of one thousand years. एक सहस्र, एक हजार; हजार का वर्ग; सहस्राब्दी; सौ वर्ष का काल।

chiliaedron *किलियईड्रन n.* (also *chiliahedron*) a figure having one thousand plane faces. एक हजार कोणों तथा तलों वाला पिण्ड।

chiliagon *चिलियगॉन n.* a plane figure having one thousand angles. एक हजार कोणों वाला रेखा-चित्र या तल-चित्र।

chiliarch *किलिआर्क n.* a military commander having one thousand men under his command. सैनिक अधिपति जिसके अधीन एक हजार सैनिक हों।

chiliarchy *किलिआर्की n.* (1) a body of one thousand persons. (2) position of a chiliarch. (१) व्यक्तियों का निकाय या वर्ग जिसमें एक हजार सदस्य हों। (२) हजार सैनिकों के अधिपति का पद।

chiliasm *किलिअज़्म n.* the theory that Christ will reign over the world for one thousand years; millennium. यह परिकल्पना कि ईसामसीह विश्व पर एक सहस्र वर्ष राज करेगा।

chiliast *किलियास्ट n.* one who believes in chiliasm; millenarian. इस परिकल्पना में विश्वास करने वाला व्यक्ति कि ईसा मसीह हजार वर्ष तक विश्व में राज करेगा।

chiliastic *किलिआस्टिक n.* relating to chiliasm or millennium; believing in millennium. ईसा द्वारा पृथ्वी पर हजार वर्ष राज करने की परिकल्पना से सम्बन्धित या उसका मानने वाला।

chill *चिल n.* (1) shivering with cold; cold fit. (2) absence of heat. (3) feeling of being damped. (4) discouraging influence. (5) depression of mind. (१) ठंड से कंपना; (२) शीत चढ़ना; (३) ठंडक; गरमी का आभाव; (४) हतोत्साह होने की भावना; (५) निरुत्साह करने वाला प्रभाव; मानसिक नैराश्य।

adj. cold; creating a shivering; experiencing or feeling cold; depressing. ठंडा; शीत लाने वाला; ठण्ड का अनुभव करने वाला; हतोत्साह करने वाला; औपचारिक; आडम्बर पूर्ण।

v. t. to make cold; to discourage; to make chilly or depressed. ठंडा करना; हतोत्साह करना; निराश करना।

to take the chill off: to warm slightly. ठिर उतारना; हल्का गरम करना।

chilled *चिल्ड adj.* (1) made cold. (2) preserved in a cold storage. (3) hardened by cooling. (१) ठंडा किया हुआ; (२) शीतल स्थान पर रख कर जिसका परिरक्षण किया गया है; (३) ठंडा करके कठोर बनाया हुआ।

chiller *चिलर n-* one who chills. ठंडा करने वाला।

chilli *चिल्ली n.* (also *chilly*) a kind of guinea pepper or capsicum. लाल या हरी मिर्च।

chillily *चिलिली adv.* in a chilly manner. ठंडे तरीके से; स्नेह हीनता से।

chilliness *चिलीनेस n.* state of being chilly. ठड की दशा; शीतदायक होने की स्थिति।

chilling *चिलिङ्ग n. & adj.* cooling; cold; discouraging; making to shiver; distant. ठंडा करने वाला; हतोत्साह करने वाला; कंपाने वाला; दुर स्थिति।

chillingly *चिलिङ्ग्ली adv.* coldly; in a chilling manner. ठंडे प्रकार से; शीत देते हुए।

chillness *चिलनेस n.* state or quality of being chill. ठंडा होने की स्थिति या गुण।

chilly *चिल्ली adj.* cold, sensitive to chill; feeling cold. ठंडा; जिसे ठंड बहुत लगे; ठिठुरता हुआ।

n. old spelling of chilli. लाल मिर्च।

chilognatha *किलोगनाथा n.* vegetarian cylindrical animal with many joints bearing two pairs of legs. लम्बे आकार के शाकाहारी जीव जिनके शरीर में जोड़ होते है और प्रायः चार पैर होते है।

chilopode *किलोपोडा n.* centipedes; two footed carnivorous flattened animals. दो पैरों वाले चपटे मांसाहारी पशु या जीव-जन्तु।

chiltern hundreds *चिल्टर्न हंड्रड्स n.* a hilly district in England whose stewardship is accepted by a member of house of commons who may like to resign as the post is an office of profit. इंगलिस्तान में एक पहाड़ी जिला जिसके अधिकारी का पद वह व्यक्ति स्वीकार करता है जिसे लोक-सभा से त्यागपत्र देना हो क्योंकि इस जिले का अधिकारी लाभ-पद-धारी होने से सदस्य नहीं रह सकता।

chimaera *किमीरा n.* (also *chimera*) a monster with serpent's tail; lion's head and goats body; a kind of fish; a mere fancy. पाश्चात्य कथानकों में वर्णित एक राक्षस जिसका सिर शेर के समान, शरीर बकरी के समान और पूंछ सांप के समान थी; एक प्रकार की मछली; कल्पना मात्र।

chime *चाइम n.* bells ringing in succession; agreement of relation or of sound; rhyme and harmony. घंटियों का लगातार बजना; ध्वनि; साम्य; लय; तरल; सुर; एकरूपता; तुक।

v. i. to sound in chime or harmononious rhyme; to agree; to have an accord. लय ताल सुर में बजना; सहमत होना; बात मान लेना।

v. t. to strike; to cause to sound in chime; to ring in rhyme. बजाना; लय ताल सुर में ध्वनि पैदा करना।

chime in *चाइम इन v. t.* to join in; to enter into agreement. संयुक्त हो जाना; करार सम्पन्न कर लेना।

chimer *चिमर n.* (also *chimere चिमीर*) a sleeveless robe running the knees worn by a clergyman. पादरियों के पहनने का बिना बाहों का एक लबादा जो घुटनों से नीचे तक होता है।

chimera *किमीरा n.* (also *ckimaera*) a monster having a body composed of many animals mentioned in western fables; wild imagination; a kind of fish. पाश्चात्य कथानकों में वर्णित एक राक्षस जिसके शेर का मुख तथा सांप की सी पूंछ होती है ऊटपटांग कल्पना एक प्रकार की मछली।

chimeric *किमेरिक adj.* (also *chimerical*) imaginary; wild; of the type of a chimera. काल्पनिक; ऊटपटांग; किमीरा नामक बहु-शरीरीय राक्षस के समान।

chimerically *किमेरिकल्ली adv.* in a chimeric manner; fancifully; wildly. किमीरा राक्षस के समान रूप में; कल्पनात्मक तरीके से।

chimney *चिमनी n.* (in *Slang chimley चिमली* or *chumley चमली* also) the long passage for escape of smoke in a factory; the glass cover of lantern or flame of any kind. कारखाने में से धुआं निकलने का रास्ता; लालटेन या बत्ती का कांच का गोला।

chimney-board *चिमनी बोर्ड n.* a board fitted on a fire place. आग लगाने की बंद अँगीठी के साथ लगा हुआ तख्ता या चादर।

chimney-can *चिमनी कैन n.* a kind of cover or earthen pipe on the top of a chimney. चिमनी के ऊपर के सिरे पर का ढकना या मिट्टी का बना रास्ता।

chimney-corner *चिमनी कॉर्नर n.* (also *chimney nook*) corner near the fireside where the old and infirm sit for warmth. आग के पास दीवार का एक कोना जहां प्रायः वृद्ध और बीमारों के बैठने का स्थान होता है।

chimney-piece *चिमनी पीस n.* a shelf constructed over a fireplace. आग के स्थान

के ऊपर बना ताक या आला।

chimney-pot *चिमनी पॉट n.* a top piece or earthern pipe at the head of a chimney; a long silky hat like chimney. चिमनी के सिरे पर लगी हुई टोपी या मिट्टी का एक नंबा; (२) चिमनी के समान लम्बा रेशमी टोप।

chimney-shaft *चिमनी शॅफ्ट n.* the portion of a chimney going above the factory building. कारखाने के भवन से ऊपर निकला हुआ चिमनी का भाग।

chimney-stack *चिमनी स्टॅक n.* group of chimneys rising together. चिमनी का झुरड जो साथ-साथ बनी हों।

chimney-stalk *चिमनी स्टॉक n.* a very tall chimney. बहुत लम्बी चिमनी।

chimney-swallow *चिमनी स्वालो n.* a kind of bird which sits on chimney generally. एक प्रकार का पक्षी जो प्रायः चिमनियों पर बैठा रहता है।

chimney-sweep *चिमनी स्वीप n.* (also *chimney-sweeper*) one who cleans chimneys. चिमनी को साफ करने वाला नौकर।

chimney-top *चिमनी टॉप n.* the uppermost portion of chimney. चिमनी का सब से ऊपर का सिरा।

chimpanzee *चिम्पंजी या चिम्पांजी n.* an ape of Africa which is the nearest kin of man and most developed. अफ्रीका का एक वानर जो मनुष्य के समान होता है और नर का भाई-बन्धु बताया जाता है।

chin *चिन n.* the part of face below the mouth. ठोड़ी।

china *चाइना n.* the earthenware first made in China. चीनी मिट्टी; जिसके प्याले आदि बनते है; यह वस्तु सबसे पहले चीन में ही बनती थी।
adj. of China. चीन का या चीनी; चीनी मिट्टी का बना हुआ।

china-aster *चाइना-आ स्टर n.* name of a beautiful flower. एक सुन्दर पुष्प का नाम।

china clay *चाइना क्ले n.* the while clay used for making chinaware; kooline. चीनी मिट्टी के बर्तन बनाने की सफेद चिकनी मिट्टी।

China-grass *चाइना-घास n.* ramie. चीनी घास

china-ink *चाइना-इङ्क n.* (also called *Indian ink*) ink made of lamp black and gum. काजल तथा गोंद आदि से बनने वाली काली स्याही।

China-man *चाइना-मॅन n.* a China; an inhabitant of China. चीन का निवासी; चीनी

chinampa *चिनम्पा n.* a floating garden. सीढ़ी के समान बना हुआ बाग।

china-orange *चाइना-आरेंज n.* sweet orange which was taken from China to Europe. एक प्रकार का मीठा शन्तरा जो चीन से यूरोप में गया था।

china-root *चाइना-रूट n.* a medicinal herb of the kind of sarsaparilla used for blood purifying. सारसा-परेला के समान खून साफ करने वाली एक जड़ी।

china-rose *चाइना-रोस n.* one of the beautiful varieties of roses taken from China to Europe. कई प्रकार के गुलाब के फूल जो चीन से यूरोप ले जाये गये।

china-shop *चाइना-शॉप n.* a shop in which crockery; glassware etc. are sold. चीनी मिट्टी के बर्तनों तथा कांच के बर्तनों आदि की दूकान।

china-stone *चाइना स्टोन n.* granite which has been partly decomposed. ग्रेनाट जो अंशतः विश्लिष्ट किया गया है।

China-town *चाइना-टाउन n.* a Chinese habitation; area populated by Chinese. चीनी-नगर; ऐसा स्थान या बस्ती जहां चीनी लोग रहते हों।

chinaware *चाइना वेयर n.* wares made of China. चीनी मिट्टी की वस्तुएं।

chinch *चिंच n.* the common bed-bug; other insects of the same type which are harmful to the crops. खटमल; उससे मिलते जुलते अन्य कीट जो अनाज को नष्ट करते हैं।

chincha *चिंचा n.* a small rodent of South America दक्षिण अमरीका का एक छोटा सा खरगोश।

chinchilla *चिंचिला n.* a rodent resembling chinche whose fur is very useful; its fur. दक्षिए अमरीकी खरगोश के समान जीव; उसकी सुन्दर नरम बालों की खाल।

chincough *चिकॉफ n.* whooping coup. कुत्ता खांसी।

chind *चिंड adj* (also *chinned*) having a chin. ठोड़ी वाला।

chine *चाइन n.* (1) spine; backbone· (2) ridge. (3) (Spense) back. (4) ravine. (१) रीढ़ की हड्डी। (२) किनारा; (३) कसर; (४) गहरा गड्ढा।
v. t. to break the back of. कमर तोड़ना।
adj. having a pattern printed and dyed in Chinese way. चीनी तरीके से रंगाई तथा छपाई किया हुआ।

Chinee *चीनी n.* (*sing.*) China; belonging to china (Slang usage) चीनी; चीन वासी।

Chinese *चाइनीज n.* (*singu.&pl.*) language of China; inhabitant of China. चीन देश का निवासी; चीनी; चीन की भाषा।

Chinese lantern *चाइनीज लॅण्टर्न n.* a latern made of paper which the Chinese are expert in making. कंडील; कागज की लालटेन जिसे चीनी लोग बनाकर बेचते हैं।

chinese paper. *चाइनीज पेपर n.* a kind of engraving material made from bamboo bark; rice paper. खुदाई वाली लिखाई या चित्रकारी के लिए बढ़िया कागज जो बांस की छाल से बनता है।

chinese white *चाइनीज ह्वाइट n.* zink oxide pigment. जिंक या जस्ते की किस्म का एक पदार्थ।

chink *चिङ्क* (1) a sound produced by the striking of coins or glasses. (2) a crevice. (3) peephole. (4) money. (१) सिक्कों की झनकार; शीशों के टकराने का शब्द; (२) दरार या छिद्र; (६) मुखौरा; (४) रुपया पैसा।
v. t. to fill up cracks. दरारें भरना।
v. i. to produce a sharp sound. मधुर आवाज करना।

chinkapin *n.* (also *chincapin* and *chinquapin*) a small chest nut of U. S. अमरीका का एक छोटा अखरोट जैसा फल।

chinky *चिङ्की adj.* full of chinks or cracks दरारों वाला।

chinned *चिण्ड adj.* (also *chind*) having a chin. जिसके ठोड़ी हो।

chinook *चिनूक n.* (1) a mixed language spoken by traders containing words of European and American languages (2) warm winds. (१) व्यापारियों द्वारा बोली जाने वाली मिश्रित बोली; यूरोपीय तथा अमरीकी भाषाओं की खिचड़ी होती है। (२) गर्म हवा; लू।

chinovnik *चिनोवनिक n.* (Russian) a high official; a bureaucrat. उच्चपदाधिकारी; रूस में नौकरशाही का प्रतीक।

chintz *चिंट्स n.* a glazed cloth of light colour with flowery print on it. हिन्दी के 'छींट' शब्द का अपभ्रंश; हल्के रङ्ग का कपड़ा जिस पर फूल बने हों।

chionodoxa *कायोनोडोक्सा n.* a beautiful flower of blue colour blooming on snows. बरफ पर खिलने वाला नीला फूल।

chin-wag *चिन-वॅग n.* (slang) talk. बातचीत।

chip *चिप n.* (1) a thin piece. (2) slice of fruit or vegetable. (3) a trick in wrestling. (4) the act of chipping or cutting. (5) thin piece of wood used for making boxes (6) a sovereign. (7) piece of dried cow dung. (8) a key or musical instrument. (१) टुकड़ा; खण्ड। (२) फल या सब्जी की फांक। (३) कुश्ती का दांव। (४) काटने की क्रिया। (५) लकड़ी का पतला तख्ता जिसकी पेटियां बनती हैं। (६) राजा; प्रभु। (७) उपला। (८) बाजे का एक अङ्ग
v. t. to break or cut into pieces; to crack; to tease; to remove thin pieces from surface. काटना; कतरना; टुकड़े टुकड़े करना; चिढ़ाना; छीलना; चीरना।
v. i. to get chipped; to give a small shot in the game of golf. काटना; छिलना; गोल्फ के खेल में छोटा शॉट लगाना।
dry as a chip : having no taste or flavour. स्वादहीन; फीका; सूखा।

chip-basket *चिप-बास्केट n.* basket made from the chipped cane or bamboo or wood. फल की टोकरी जो बांस से बेत को चीरकर बुनी जाती है।

chip-carving *चिप-कार्विङ्ग n.* carving on the wood by chipping the small pieces from it. लकड़ी पर से कटाई करके खुदाई करने की शिल्पकला।

chip-hat *चिप-हट n.* a hat made from the strips of the leaves of palm tree. खजूर के वृक्ष के पत्तों को चीरकर उनसे बनाया हुआ टोप।

chip-in *चिप-इन v. t.* to interrupt; to interpose (as in a game.) बाधा या विघ्न डालना; बीच में आ कूदना।

chipmuck *चिपमक n.* (also *chipmunk*) North American squirrel. उत्तरी अमरीका की एक गिलहरी।

chip of the old block *चिप आफ दी ओल्ड ब्लॉक n.* a son who is like his father. ऐसा पुत्र जो अपने पिता के ही समान हो; बूढ़े का प्रतिरूप।

chip on one's shoulder *चिप ऑन वन्स शोल्डर n.* a manner of impudence and challenge and defiance. सामना करने; धृष्टता करने और आज्ञा-उल्लङ्घन करने की अशिष्टता।

chippendale *चिपंडेल n.* (1) a style of light drawing room furniture. (2) a style of book plates. (१) कमरे की हल्की-सी सजावट की एक शैली। (२) पुस्तक पर लगाने की चिटकी एक शैली या पद्धति।

chipper *चिपर adj.* lively; cheerful (U. S. usage.) प्रसन्न; मस्त।

chippy *चिप्पी adj.* (1) full of chips. (2) not interesting. (3) not having good taste. (4) heavily drunk. (१) टुकड़ों वाला। (२) जो रुचिकर न हो। (३) बेस्वाद। (४) मदिरा के नशे में चूर-चूर।

chips *चिप्स n.* (1) a carpenter in a ship. (2) army carpenter. (3) fried pieces of any thing. (4) money or coin; rupee in India. (१) जहाज या जलपोत में काम करने वाला बढ़ई। (२) सेना में लकड़ी का काम करने वाला। (३) किसी फल या सब्जी के तले हुए टुकड़े। (४) धन, मुद्रा; भारत मे रुपये के लिये भी यह शब्द प्रयुक्त होता है।

potato chips · fried thin slices of potato; generally salted. आलू की कुरेड़ी या तले हुए टुकड़े।

chip-shot *चिप-शॉट n.* a short shot in the game of golf. गाल्फ के खेल में गेंद को हल्के से मारना।

chiragra *किरेंग्रा n.* gout in the hand. हाथ में गठिया के कारण दर्द।

chiragric *किरैंग्रिक adj.* (also *chiragrical*) pertaining to the gout of hand. हाथ के गठिया से सम्बन्धित।

chirho *किरो n.* a monogram of the abbreviated name of Christ in Greek यूनानी भाषा में ईसा मसीह का छोटा नाम।

chirimoya *चिरीमोया n.* (also *cherimoya & cherimoyer*) a fruit of Peru resembling apple. पेरू का एक प्रसिद्ध फल जो सेब के समान होता है।

chirk *चर्क v. i.* to chirp; to creak; to squeak. चहचहाना, किलकारी मारना; टें-टें करना।

chirl *चर्ल n.* a kind of musical warble. एक प्रकार की सङ्गीत ध्वनि।

v. t. (*Scot*) to sing in warble, to make a slow sound. 'चार्बल' नामक सुर गाना, धीमा राग अलापना।

chirm *चर्म n.* noise, tumult, many voices together. शोर, कोलाहल, एक बार ही कई ध्वनियों का मिश्रण।

v. t. to make noise; to talk or shout together. शोर मचाना; एक साथ बोल-चाल कर कोलाहल करना।

chiro *किरो, काइरो pref.* in composition; meaning hand. 'हाथ सम्बन्धी' का अर्थ देने वाला उपसर्ग।

chirognomy *काइरोगनॉमी n.* a supposed science of reading the lines on hand to foretell future. भविष्य बताने के लिये हस्त-रेखाओं को पढ़ने का कल्पित विज्ञान; हस्त-सामुद्रिक।

chirograph *काइरो ग्राफ n.* a document written or signed in hand (not printed or typed). हाथ से लिखा हुआ या हस्ताक्षरित दस्तावेज अर्थात् जो छपा हुआ या टाइप किया हुआ न हो।

chirographer *काइरोग्राफर n.* an officer in a court of England in old days. प्राचीन काल में इंगलिस्तान के न्यायालय का एक पदाधिकारी।

chirographist *काइरोग्राफिस्ट n.* an expert in detecting hand writing and signatures. हाथ की लिखावट तथा हस्ताक्षरों को पहचानने में दक्ष व्यक्ति।

chirograpy *काइरोग्राफी n.* handwriting; science of recognising handwriting; penmonship. हाथ की लिखावट; हस्तलेख पहचानने का विज्ञान; लेखन-कला।

chirologist *काइरोलॉजिस्ट n.* one who studies the hand; one who can talk by signs of hand and fingers. हस्त-विद्या का विशेषज्ञ, जो व्यक्ति हाथों तथा अंगुलियों के संकेत से बात करने की कला जनता हो।

chirology *काइरोलॉजी n.* study of hand; art or practice of conveying messages by signs made with hands and fingers. हस्त-संकेत-विद्या; हाथों तथा अंगुलियों के सकेत से बातचीत करने की कला या विद्या।

chiromancer *काइरोमैन्सर n.* one who pretends to tell future by seeing hand and reading its times. हाथ देख कर भविष्य बताने का दावा करने वाला व्यक्ति।

chiromancy *काइरोमन्सी n.* fortune telling by seeing the hand. हाथ देख कर भविष्य बताने का कल्पित विज्ञान; हस्त-सामुद्रिक।

chiromantic *काइरोमैंटिक adj.* (also *chiromantal*) pertaining to chiromancy. हस्त-सामुद्रिक विद्या सम्बन्धी; हाथ देख कर भविष्य बताने से सम्बद्ध।

chironomer *काइरो मर n.* a gesticulator; one who makes gestures of hand to impress. प्रभाव डालने के लिये हाथ नचा नचा कर बातें करने वाला व्यक्ति या ऐसा भाषण करने वाला वक्ता।

chironomic *काइरोनोमिक n.* pertaining to gesticulation or vigorous movement of hand; a silent drama. हाथ को जोर से हिलाने से सम्बद्ध; मूक नाटक सम्बन्धी, जो संकेतों पर निर्भर होता है।

chironomy *काइरॉनोमी n* acting in a dumb show; art of expressing a thing by movement of hand mostly. किसी मूक नाटक में अभिनय करने की कला; केवल हाथों के संकेतों मे कोई बात अभिव्यक्त करने की कला।

chiropodist *काइरोपॉडिस्ट n.* one who treats the corn etc. अनाज को साफ करने वाला।

chiropractic *काइरोप्रैक्टिक n.* a method of treatment by removing nerve interference by action of hand. नसों की खींच तान करके दर्द आदि को दूर करने की एक चिकित्सा प्रणाली।

chiropractor *काइरोप्रैक्टर n.* one who practises chiropratic method. नसों की खींच तान करके दर्द दूर करने वाला।

chiroptera *काइरो पटेरा n.* an order bats having hands and wings combined. चमगीदड़ के वर्ग के जीव जिनके हाथ और पङ्ख मिले होते हैं।

chiropterophilous *काइरोपटेरोफिलस adj.* haunted by bats or other similar beings. चमगीदड़ों या ऐसे प्रकार के जीव-जंतुओं से भरा हुआ; जहां चमगीदड़ रहते हों (यह स्थान)

chiropterous *काइरोपटेरस adj.* pertaining to the order of bats. चमगीदड़ जैसे जीव-जन्तुओं सम्बन्धी।

n. shrill sound made by birds and insects. पक्षियों तथा कीड़े मकोड़ों की ध्वनि; चहचहाना।

chirp *चर्प v. t.* to make a shirill sound as the birds do; to talk in a merry mood; to speak feebly. चहचहाना, पक्षी के समान चूं चूं करना; आनन्द के साथ बातें करना; धीमे स्वर से बोलना।

chirper *चर्पर n.* (1) a little bird who chirps; (2) a cup which cheers. (१) चहचहाने वाला छोटा सा पक्षी; (२) प्रसन्नता देने वाला प्याला।

chirpily *चर्पिली adv.* in a chirping manner speaking feebly. चहचहाते हुए; आनन्द से बातें करते हुए; धीरे स्वर में बोलते हुए।

chirping *चर्पिङ्ग adj.* speaking feebly; making chirping sound. चहचहाने वाला; आनन्द से बातें करने वाला; धीमे बोलने वाला।

chirping-cup *चर्पिङ्ग-कप n.* a cup which cheers. प्रसन्नता प्रदान करने वाला प्याला।

chirpy *चर्पी adj.* cheerful; lively; chatting; merry. आनन्दमय; प्रसन्न; वाचाल; खुश मिजाज।

chirr *चर्र v. t.* to make trilling sound. चरचर शब्द करना।

chirrup *चिरप v. t.* to chirp; to cheer up; to make a sound with the mouth for urging a horse. चहचहाना; प्रसन्न करना; घोड़े को हांकने के लिये मुंह से ध्वनि करना।

chirt *चर्ट v. t.* to squeeze. निचोड़ना।

n. act of squeezing. निचोड़ने की क्रिया।

chirurgeon *कायरर्जन n.* (*Greek*) surgeon. शल्य चिकित्सक; जर्राह; चीर फाड़ करने वाला डाक्टर।

chirurgeonly *कायरर्जनली adv.* (*Shak*) in a manner becoming a surgeon. शल्य चिकित्सक या जर्राह के योग्य तरीके से।

chirurgery *चिरर्जरी n.* (old form) surgery. शल्य-शास्त्र; चीर फाड़ द्वारा चिकित्सा करने की प्रणाली।

chirurgical *चिरर्जिकल n.* (obsolete) surgical; pertaining to surgery. शल्य-चिकित्सा सम्बन्धी; चीर फाड़ करने की चिकित्सा प्रणाली।

chisel *चिजल n.* a tool used by sculptor for cutting. रुखानी; टांकी; छेनी।
v. t. to cheat (slang); to cut or carve with chisel. छेनी से काटना या खुदाई करना।
cold chisel : chisel used to cut the iron. लोहा काटने की छेनी।

chiselled *चिजल्ड adj.* cut with a chisel; having sharp features. छेनी से कटा; हुआ; स्पष्ट रूपरेखा वाला।

chiselled features *चिजेल्ड फीचर्स n.* features which clear cut as if made with chisel. साफ सुथरी कटी हुई आकृति।

chiselling *चिजलिङ्ग n.* act of cutting with a chisel; engraving. छेनी से काटना या खुदाई करना।

chisel-tooth *चिजल-टूथ n.* the chisel like teeth of rodent. छेनी जैसे दांत जो गिलहरी, खरगोश आदि के होते हैं।

chisleu *किस्ल्यू n.* (*Hebrew*) ninth month of Jewish calendar falling in November or December. यहूदियों के वर्ष का नौवां महीना जो नवम्बर-दिसम्बर के लगभग आता है।

chit *चिट n.* (1) a young child. (2) young woman. (3) small piece of paper. (4) a girl. (5) a shoot. (१) शिशु; छोटा बालक। (२) युवती; तरुणी। (३) कागज की चिट; (चिट्ठी शब्द का अपभ्रंश)। (४) लड़की। (५) अंकुर।
v. i. to sprout. अंकुर फूटना।

chital *चीटाल n.* a deer found in India having spots. भारत का चीतल जो चितकबरा होता है।

chitchat *चिटचैट n.* idle talking; chatting. गपशप; बातचीत।

chitin *कायटिन n.* the hard substance in the animals. पशुओं के शरीर का कठोर अंश।

chitinous *कायटिनस n.* relating to chitin or hard substance. पशुओं के शरीर के कठोर अंश सम्बन्धी।

chiton *किटॉन n.* Greek tunic; having shells. यूनान का एक जीव जिसके शरीर में सीपी के समान पदार्थ होता है।

chittagong *चिटगॉग n.* a kind of fowl of India which is domesticated. एक प्रकार का पालतू कबूतर जो भारत में होता है।

chittagong-wood *चिटगांग वुड n.* a famous Indian wood used for making cabinets and furniture भारत की एक प्रसिद्ध लकड़ी जिसके संन्दूक तथा अन्य सामान बनता है।

chitter *चिटर v. t.* (*Scot.*) to shiver with cold सर्दी से कांपना; ठिठुरना।

chittering *चिटरिंग n.* act of shivering with cold. सर्दी से कांपने की दशा।

chitterling *चिटरलिङ्ग n.* (also *chidling & chitling*) smaller instestines of edible animals like pig. सूअर आदि खाद्य पशुओं के पेट का आन्तरिक भाग।

chitty *चिट्टी adj.* like a child; like a girl. बच्चे के समान; लड़की के समान।
n. a chit, a letter. चिट; चिट्ठी शब्द का अपभ्रंश शब्द।

chitwah *चिटवा n.* a Himalayan animal like a raccoon and a bear. also called danda. रीछ के समान हिमालय पर रहने वाला एक पशु।

chivalric *शिवलरिक adj.* becoming of a knight; pertaining to gallantry bravery & courtesy particularly to ladies. शूरवीर के योग्य; विनीत; शिष्टतापूर्ण।

chivalrous *शिवलरस adj.* having the qualities of a knight. शूरवीर के समान।

chivalrously *शिवलरसली adv.* in a chivalrous. manner. वीरता से; शिष्टता तथा निम्रता से।

chivalry *शिवलरी n.* (also *chivalrousness*) characteristics of a knight. शूरवीर के गुण; वीरता।

chive *चाइव n.* a herb like onions and other leaves used in soup; a bulb of small size. प्याज आदि जैसी जड़ी बूटी या पत्ते जो सबजी में पड़ते हैं; छोटा बल्ब।

chivy *चिवी n.* a hunting cry; pursuit; base of prisoners. शिकार के समय का शोर; पीछा; बन्दियों का शिविर।
v. t. to pursue; to harass; to chase. पीछा करना, तङ्ग करना।

chlamydate *क्लैमीडेट n.* having a mantle. (*zoology*) आवरण वाला।

chlamys *क्लैमीज (dl. :—chlamydes)* short sized cloak worn by men. पुरुषों का पहनने का ऊपरी वस्त्र।

chloasma *क्लोस्मा n.* a disease in which yellow brown patches appear on skin. एक ऐसा रोग जिसमें चर्म पर पीले पीले से धब्बे पड़जाते हैं।

chloral *क्लोरल n.* a liquid of oily nature having no colour; a white substance used for making unconcious. तेल जैसा एक तरल पदार्थ जिसका पानी जैसा रंग होता है; बेहोश करने की एक सफेद औषधि।

chloralism *क्लोरलिज्म n.* habit of using chloral; bad effects produced by using chloral. क्लोरल का सेवन करने का स्वभाव; क्लोरल के सेवन के दुष्परिणाम।

chlorate *क्लोरेट n.* a salt of chloric acid. क्लोरिक एसिड (नमक के तेजाब) का एक लवण।

chloric *क्लोरिक adj.* (also *chlorous*) of chlorine; made from chlorine. क्लोरीन का; क्लोरीन से बना हुआ।

chloric acid *क्लोरिक एसिड n.* a syrup like liquid Hcl O_3. एक गाढा द्रव पदार्थ।

chloride *क्लोराइड n.* compound containing chlorine. क्लोरीन का एक मिश्रित पदार्थ।

chloride of lime *n.* a compound containing chlorine and lime; used as bleaching powder. चूने तथा क्लोरीन का मिश्रण जो रंग उड़ाने की दवा के रूप में काम आता है।

chloridise *क्लोरिडाइज v. t.* (also *chloridate*) to make a chloride from any element; to coner with silver chloride as is done in photography. किसी तत्व का क्लोराइड बनाना; फोटो-निर्माण में सिल्वर क्लोराइड पोतना।

chlorimeter *क्लोरीमीटर n.* a devise for finding out the quantity of chlorine in bleaching powder. रंग उड़ाने के मसाले में क्लोरीन की मात्रा नापने का एक यंत्र।

chlorimetric *क्लोमेट्रिक adj.* pertaining to the measurement of the quantity of chlorine in bleaching powder. रंग उड़ाने के मसाले में क्लोरीन की मात्रा नापने के कार्य से सम्बद्ध।

chlorimetry *क्लोरीमेट्री n.* the science or practice of measuring the quantity chlorine in bleaching powder. रंग उड़ाने के मसाले क्लोरीन की मात्रा नापने का विज्ञान।

chlorinate *क्लोरीनेट v. t.* to treat with chlorine for extracting gold from the ore. सोने को उसकी अयस्क से निकालने के लिये क्लोरीन का प्रयोग करना।

chlorination *क्लोरीनेशन n.* extracting of gold from ore by use of chlorine. क्लोरीन के प्रयोग के द्वारा सोने को उसकें अयस्क निकालने की क्रिया।

chlorine *क्लोरीन, क्लोराइन n.* a gas of yellowish green colour which checks the throat used in gas warfare. एक गैस जिसमें सांस घुटता है और जिसका प्रयोग युद्ध में भी होता है।

chlorine water *क्लोरीन वाटर n.* a solution of chlorine in water used for animal purposes. क्लोरीन का जल में मिश्रण जो रासायनिक प्रयोजनों के लिये काम में आता है।

chlorinise *क्लोरीनाइज v. t.* to treat with chlorine; specially for extracting gold from ore. क्लोरीन की सहायता से सोने को अयस्क से निकालना।

chlorite *क्लोराइट n.* a salt prepared from chlorous acid. क्लोरस नामक तेजाब से तैयार किया गया एक रासायनिक लवण।

chlorite-schist *क्लोराइट-शिस्ट n.* a kind of rock composed of chlorite and other materials. क्लोराइट तथा अन्य पदार्थों की बनी हुई एक प्रकार की चट्टान।

chloritic *क्लोरिटिक adj.* containing mineral chlorite; like or pertaining to chlorite. क्लोराइट नामक खनिज पदार्थ जिसमें हो वह वस्तु; क्लोराइट सम्बन्धी या उसके समान।

chloritic marl *क्लोरिटिक मार्ल n.* a greenish substance resembling chlorite containing glauconite. क्लोराइट के समान एक हरा सा पदार्थ जिससे ग्लाकनाइट होता है।

chloritisation *क्लोरिटाइजेशन n.* alteration of ferro-magnesian minerals into chlorites. लोहे तथा मैंगनीज मिश्रित खनिज पदार्थों को बदल कर क्लोराइट बनाने की क्रिया।

chlorodyne *क्लोरोडाइन n.* a medicine containing chloroform used for inducing sleep or reducing pain. नींद लाने वाली तथा दर्द कम करने वाली एक औषधि जिसमें

क्लोरोफार्म होता है।

chloroform *क्लोरोफार्म n.* liquid medicine used for making insensible ($CHCl_3$) colourless and sweet. ऑपरेशन करते समय बेहोश करने की दवा जो द्रव रूप में होती है स्वाद में मीठी तथा रंगहीन होती है।
v. t. to administer chloroform. क्लोरोफार्म सुंघाना।

chloroformer *क्लोरोफार्मर n.* one who administers chloroform to a patient while operating. वह व्यक्ति जो ऑपरेशन के समय रोगी को क्लोरोफार्म सुंघाता है।

chlorometer *क्लोरोमीटर n.* an instrument for finding out the amount of chlorine in bleaching powder. रङ्ग उड़ाने के पाउडर में क्लोरीन की मात्रा का पता लगाने का एक यंत्र

chlorometric *क्लोरोमीट्रिक adj.* pertaining to measurement of chlorine. क्लोरीन की मात्रा के नापने से सम्बद्ध।

chlorometry *क्लोरोमीट्री n.* the art or science of measuring the amount of chlorine in bleaching powder. रङ्ग उड़ाने के मसाले में क्लोरीन की मात्रा नापने का विज्ञान तथा कला।

chloromycetin *क्लोरोमाइसिटीन n.* a drug used for curing typhoid and similar diseases. टाइफाइड (मियादी बुखार) को दूर करने की एक दवा।

chlorophyceae *क्लोरोफिसी n.* the seawood of Algae family generally of green colour. काई के समान एक समुद्री पौधा जो हरे रङ्ग का होता है।

chlorophyl *क्लोरोफिल n.* (also *chlorophyll*) green colouring matter in the leaves of vegetation. पौधों की पत्तियों से बनने वाला हरा रङ्ग; प्राकृतिक हरा रङ्ग।

chloroplast *क्लोरोप्लास्ट n.* a substance containing chlorophyl. प्राकृतिक हरे रङ्ग वाला एक पदार्थ।

chloroquin *क्लोरोक्विन n.* a drug for curing malaria taken by mouth. खाने की एक दवा जिससे जूड़ी-ज्वर (मलेरिया) का उपचार होता है।

chlorosis *क्लोरोसिस n.* (1) disease of women of young age in which blood becomes scarce. (2) blanching of green parts of planting due to scarcity of oxygen. (१) तरुणी स्त्रियों का एक रोग जिसमें खून की कमी हो जाती है। (२) ऑक्सीजन की कमी के कारण पौधों के हरे भागों का रङ्ग फीका पड़ जाना।

chlorotic *क्लोरोटिक n.* pertaining to chlorosis; suffering from chlorosis. खून की कमी के रोग से पीड़ित; ऑक्सीजन की कमी से जिन पौधों का रङ्ग फीका पड़ गया हो; इस रोग सम्बन्धी।

chlorous acid *क्लोरस एसिड n.* an acid containing chlorine as ingredient. एक प्रकार का तेजाब जिसमें क्लोरीन का अंश होता है।

chobdar *चोबदार n.* (*Indian*) an usher; a receptionist or person who conducts people to their seats. स्वागत करने वाला तथा उचित स्थान बैठाने वाला; चोबदार।

chock *चोक n.* a piece of wood; a block. लकड़ी का टुकड़ा; मार्ग रोकने की वस्तु।
v. i. to fasten; to block; to make fast with a chock. बांधना; मार्ग रोकना; ओट लगाना।
adv. tightly; closely. कसकर; फन्नी से दबाकर।

chock-a-block *चोक-अ-ब्लॉक adj.* blocked with a chock. लकड़ी की डाट लगा हुआ।

chock-full *चोक फुल adj.* (also *chokefull*) quite full. पूरा भराहुआ।

chock-tight *चोक टाइट adj.* quite tight. पूरी तरह से सख्त या भिंचा हुआ।

chocolate *चॉकलिट n.* a sweet eaten by children mostly containing sugar cocao and flour in paste form; or cake form; a tea-like drink prepared with this paste. बच्चों की खाने की एक मिठाई जिसमें चीनी, कोको और मैदा आदि मिले हुए होते हैं और जो हलुए के समान तथा टिकिया रूप में होती है; उस हलुए को उबलते हुए पानी में डालकर बनाया हुआ पेय।
adj. made of chocolate; tasting like chocolate; having chocolate colour red-brown darkish. चॉकलेट का बना हुआ उसके समान स्वाद वाला; चाकलेट जैसे रङ्ग वाला जो मटियाला सा होता है।

chode *चोड v. t. p. t.* of *chide.* धमकाया; डांट।

choice *चॉइस n.* (1) act of choosing. (2) power to choose. (3) anything which is chosen or liked. (4) preferable thing. (5) best thing. (6) an alterna tive. (7) any preference. (१) पसन्द करने की क्रिया; (२) पसन्द करने की शक्ति; (३) जो वस्तु पसन्द की जाये; (४) जो वस्तु अन्य से अच्छी हो (५) सर्वोत्तम पदार्थ; (६) विकल्प; वैकल्पिक वस्तु; (७) कोई भी पसन्द या अधिमान।
adj. selected or liked; best; appropriated; worthy of being chosen. पसंद की हुई; सर्वोत्तम, उचित, या उपयुक्त; पसन्द करने योग्य।
for choice : by preference. पसन्द से।
Hobson's choice : choice of a thing which is offered or nothing at all. 'जो वस्तु दे उसे लो या कुछ नहीं मिलेगा' का सौदा।
make choice of : to select anything. कोई वस्तु पसन्द करना या छांटना।
take one's choice : to select according to one's liking. अपनी इच्छानुसार कोई वस्तु पसन्द करना।

choice-drawn *चॉइस-ड्रॉन adj.* (*Shak.*) something selected very carefully. बहुत ध्यान से पसन्द किया हुआ।

choiceful *चॉइस-फुल adj.* (Spens.) not able to choose; fickle; wavering. जो पसन्द न कर सके अर्थात कभी कोई वस्तु पसन्द करे और कभी कोई; अस्थिर मन वाला।

choicely *चॉइसली adv.* very carefully. बहुत सोच समझ कर।

choiceness *चॉइसनेस n.* state of being a choice; goodness, excellence. पसन्द योग्य होने की स्थिति; बढ़ियापन-अच्छाई।

choir *कॉइर n.* (1) a band of singers in a church or elsewhere. (2) the portion of a church which is used by singers. (१) सङ्गीत-मण्डली विशेषतः गिरजे की। (२) गिरजे का वह भाग जहां सङ्गीत-मण्डली होती है।
v. i. (*Shak.*) to sing in chorus. सहगान के समान गाना।

choir-boy *कॉइर-बाय n.* a boy who sings in chorus. सहगान में भाग लेने वाला लड़का।

choir-man *कॉइर-मैन n.* a man who takes part in chorus. सहगान में भाग लेने वाला पुरुष।

choir-master *कॉइर-मास्टर n.* master or leader who directs the chorus. सहगान का नेता जो उसमें निर्देशन का कार्य करता है।

choir-organ *कॉइर-ऑरगन n.* a big organ used in a choir. सहगान में प्रयुक्त एक बड़ा बाजा।

choir-screen *कॉइर-स्क्रीन n.* a screen which separates the rest of the church from the choir. गिरजे के सङ्गीत वाले भाग से अन्य भागों को अलग करने वाला पर्दा।

choir-stalls *कॉइर-स्टाल्स n.* seats made of wood fixed in the church for singing choir. गिरजे में सहगान गाने के लिए निरिचत लकड़ी के आसन।

choke *चोक v. t.* to stop the breathing of; to hurt by suppressing; to obstruct; to block; to suffocate. गला घोटना; दबाकर हानि पहुँचाना; बाधा डालना; मार्ग रोकना।
v. i. to get choked. दम घुट जाना।
n. (1) stoppage of breath. (2) a device for stopping the passage of electricity or gas etc. (3) middle part of artichoke. (१) सांस बन्द होने की दशा। (२) बिजली या गॅस के मार्ग को रोकने का उपकरण। (३) चुकन्दर का मध्य भाग।

choke-back *चोक-बैक n.* to repress and suppress. दमन करना; दबाना।

choke-berry *चोक-बेरी n.* a fruit of America resembling apple. सेव के समान एक फल जो अमरीका में होता है।

choke-bore *चोक-बोर n.* bore gun which becomes narrow at the end. बन्दूक की नली जो सिरे पर सकुरी हो जाती हो।

choke-cherry *चोक-चेरी* a fruit of America resembling cherry. अमरीका का एक फल जो चैरी के समान मीठा होता।

choke-damp *चोक-डैम्प n.* a gas in mines which suffocates miners; carbon dioxide. खानों की एक गॅस जिससे खान वालों का दम घुट जाता है।

choke down *चोक डाउन v. t.* to swallow the meals. भोजन को निगल कर खाना; ठूंसना।

chokefull *चोकफुल adj.* (also *chock full*) quite full. पूरा भरा हुआ।

choke off *चोक ऑफ v. t.* to abandon the

efforts. प्रयत्न करना छोड़ देना।

choke-pear चोक-पीयर *n.* anything which forces one to be silent. चुप करने वाली वस्तु।

choker चोकर *n.* one who or which chokes; high collar. गला घोटने वाला; ऊंचा कालर।

choke up चोक अप *v. t.* to block up; to fill completely. मार्ग अवरुद्ध करना; पूरा भर देना।

choking चोकिङ्ग *n.* act of suffocating. गला घोटने का कार्य।

choking-coil चोकिङ्ग-कॉइल *n.* a coil which causes choking of electricity, that is, limits its supply. बिजली के पहुंचने के कम कर देने वाला मोटा तार।

choky चोकी *adj.* tending to choke or exert pressure. जिससे दम घुटे या दबाव पड़े

cholaemia कॉलीमिया *n.* collection of bile in the blood causing disease. रक्त में पैदा होने वाला एक रोग जिसके कारण खून में पित्त का प्रकोप हो जाता है।

cholaemic कॉलीमिक *adj.* pertaining to the disease called cholaemia. रक्त में पित्त के प्रकोप सम्बन्धी रोग।

cholagogic कोलगॉजिक *adj.* relating to kind of purgative for removing bile. पित्त को बाहर निकालने की दवा से सम्बद्ध।

cholagogue कोलगॉग *n.* a purgative for clearing bile. पित्त को साफ करने की एक औषधि।

cholecyst कोलीसिस्ट *n.* the gall-bladder. पित्त की थैली पित्ताशय।

cholecystitis कोलीसिसटाइटिस *n.* inflammation of the gall-bladder. पित्त की थैली में सूजन हो जाने का रोग।

cholecystostomy कोलीसिसटॉस्टामी *n.* (also *cholecystotomy*) an operation in which gall-bladder is cut and opened. पित्त की थैली का आपरेशन जिसमें शल्य-क्रिया द्वारा पित्ताशय को खोला जाता है।

choler कोलर *n.* anger. billiousness; the bile. क्रोध; कोप; पित्त; एक रोग जिसमें पित्त बढ़ जाता है।

choleric कॉलरिक *adj.* full of choler; passionate. पित्त से भरा हुआ; वासना-रत; कामुक।

cholera कॉलेरा *n.* a disease in which vomitting takes place accompanied by diarrhoea. हैजा; विसूचिका।

British cholera: an acute inflammation of some portions of stomach. पेट की आंतें आदि में सूजन से उत्पन्न रोग।

chicken cholera: an epidemic disease of birds. पक्षियों का एक रोग जो व्यापक रूप से फैलता है।

hog cholera: a kind of fever from which the swines suffer. एक प्रकार का बुखार जो प्राय: सुअरों में मिलता है।

cholera belt कॉलरा बेल्ट *n.* a kind of belt worn on waist as a preventive or cholera. हैजा रोकने के लिये कमर पर बांधने की एक पेटी।

choleraic कॉलराइक *adj.* pertaining to cholera. कॉलरा (हैजा) सम्बन्धी।

cholesteric कॉलेस्टरिक *adj.* pertaining to cholesterol. पित्त वाले मद्यसार से सम्बन्धित

cholesterol कॉलस्टराल *n.* (formery *cholesterin*) a kind of Alcohol found in bile etc. पित्त में पाई जाने वाली एक प्रकार की अलकोहल या मद्यसार।

choliamb कोलीअम्ब *n.* a kind of meter having six feet. छै गणों वाला एक विशेष प्रकार का छन्द।

choliambic कोलिअम्बिक *adj.* like or pertaining to the meter called choliamb. छै गणों वाले 'कोलिअम्ब' छन्द के समान या उससे सम्बद्ध।

cholic कोलिक *adj.* pertaining to bile; of the bile. पित्त सम्बन्धी; पित्ताशय का।

cholic acid कॉलिक एसिड *n.* a kind of acid found in bile. एक प्रकार का आम्ल रस जो पित्त में विद्यमान होता है।

choline कोलीन *n.* a kind of alcohol found in bile. एक प्रकार का मद्यसार जो पित्त में विद्यमान होता है।

choltry चोल्ट्री *n.* (also *choultry*) a shed used over pandal. मलियालम के शब्द 'चोल्ट्री' का अपभ्रंश जो पंडाल के ऊपर के शामयाने के लिये प्रयुक्त होता है।

choose चूज *v. t.* (*p. t. chose* and *p. p. chosen*) to select; to determine to decide; to think fit. चुनना; निर्धारित करना; विनिश्चय करना; पसंद करना; ठीक समझना।

v. i. to make a choice. अपनी पसंद की वस्तु छांटना।

cannot choose : there is no alternative. कोई विकल्प न होना।

not much to choose between: this phrase is uttered when two things are eqally good or bad. दोनों वस्तुएं एक सी है; इन में कोई अन्तर नहीं है।

pick and choose to make a selection carefully and slowly sोच समझ कर सावधानी से चुनना।

the chosen people people of Israel; that is the Jews. इजराइल के लोग अर्थात यहूदी।

beggars are no choosers those who request for a thing cannot select or exercise the choice जो मांगता है वह छांट नहीं सकता; उसे तो जो मिलेगा लेना होगा।

chooser चूजर *n.* one who makes a choice or selects anything. पसंद करने वाला; छांटने वाला।

choosers of the slain चूजर्स आफ दी स्लेन *n.* the valkyries; certain godesses. एक प्रकार की देवियां जो युद्ध स्थल में मारे गये वीरों को लेजाती हैं।

choosey चूजी *adj* (also *choosy*) difficult to please. जिसे प्रसन्न करना कठिन हो।

choosing चूजिंग *n.* act of selecting; a selection. चुनने का अर्थ; चुनाव पसंद।

chop चाप *n.* (1) a small piece of meat; a crack; a cleft (2) an exchange (3) jaw (4) person with fat cheeks. (१) मांस का टुकड़ा दरार; जर्रा (२) विनिमय (३) जबाड़ा; (४) मोटे गालों वाला व्यक्ति।

v. t. (1) to mince; to cut; to make into pieces (2) to buy and sell or barter; to exchange; to change. (१) काटना; टुकड़े टुकड़े करना; भुरता बनाना (२) बेचना, खरीदना; विनिमय करना; बदलना।

first chop best quality बढ़िया (हिन्दी के 'छाप' शब्द से बिगड़ कर बनाया हुआ शब्द)।

no chop not good घटिया (जिस पर छाप न लगी हो)।

chop and change चॉप ॲण्ड चेंज *v. t.* to change one's mind again and again. अपने विचार को बारबार बदलना।

chop at चॉप ॲट *v. t.* to try to give a blow. घूसा दिखाना या मारने का प्रयत्न करना।

chop back चॉप बैक *v. t.* to change ones direction. अपनी दशा बदल लेना।

adv. promptly तत्काल।

chop- fallen चॉप- फॉलन *adj* having the lower jaw fallen. जिसका नीचे का जबाड़ा टूटा हुआ हो।

chop-house चॉप-हाउस *n.* a restaurant where mutton chops are served. कबाब की टिकिया बेचने का स्थान।

chop in चॉप इन *v. t.* to interrupt somebody who is speaking. बीच में बात करना; बाधा डालना।

chopin चॉपिन *n.* measures of liquid used in France and Scotland. द्रव नापने के पैमाने जो स्काटलैण्ड तथा हालैण्ड में काम आते हैं

chopine चॉपीन, चॉपिन *n.* (also *chopin*) a kind of shoe with wooden sole. एक प्रकार का जूताजिसके तले में लकड़ी लगी होती है

chop-logic चॉप लॉजिक *n.* argument accompanied by too much talk. बहुत बात चीत करके तर्क करना; हुज्जत करना।

chopper चॉपर *n.* a short axe generally used by the butcher. छोटी छुरी जैसी प्राय: कसाई काम में लेते है।

chopping चॉपिङ्ग *n.* act of cutting or mincing. काटने की क्रिया; भरता बनाने का काम।

adj. used for cutting. काटने में प्रयुक्त होने वाला।

chopping-block चॉपिङ्ग ब्लाक *n.* a block of wood on which meat in chopped. लकड़ी का लट्ठा जिस पर रखकर मांस काटा जाता है।

chopping-knife चॉपिङ्ग-नाइफ *n.* a knife used for chopping meat. मांस काटने और कबाब बनाने की छुरी।

choppy चॉपी *adj.* full of cracks and clefts. दरारों और छेदों से भरा हुआ।

chop-sticks चॉप स्टिक्स *n.* two sticks with which the Chinese and Japanese take rice etc. दो तीलियां जिनसे चीनी तथा जापानी आदि खाते हैं।

chop-suey चॉप सूई *n.* a chop prepared in China. चीन का एक पकवान।

chop up चॉप अप *v. t.* to cut into small pieces. छोटे-छोटे टुकड़े काटना।

choragic कोरॅजिक *adj.* (also *choregic*) pertaining to the leader of the chorus. सहगान के नेता से सम्बन्धित।

coragus कोरॅगस *n.* leader of a choir. सहगान के नेता।

choral कोरल *adj.* fit for singing in chorus. सहगान के समान गाने योग्य।

chorally कोरल्ली *adv.* in the manner of a choir. सहगान के रूप में।

chord कॉर्ड *n.* string of a musical instrument; line joining an arc; harmony and union of sounds. वाद्य-साज का तार; वृत्त खण्ड को जोड़ने वाली रेखा त्रिज्या; तांत; सुरों का तारतम्य।

common chord : a kind of harmony in sound. एक प्रकार का सुर।

chordel कॉर्डल *adj.* pertaining to or resembling a chord. वृत्त की त्रिज्या संबंधी या उसके समान।

chordata कॉर्डेटा *n.* particular species of animals. विशेष प्रकार के जन्तुओं का वर्ग।

chore चोर *n.* (also *chor*) household work like cooking. घर का काम काज जैसे भोजन बनाना; बर्तन मांजना आदि।

chorea कोरीआ *n.* a kind of dance; a disease of nerves which makes a man to dance. एक प्रकार का नृत्य; एक प्रकार का नाड़ियों का रोग जो मनुष्य को नचा देता है।

choree कोरी *n.* (also *choreous*) a foot with one long and one short syllable following it. एक लम्बी तथा एक छोटी ध्वनियों का गण 'ऽ।'

choreographer कोरियोग्राफर *n.* a ballet dances. मञ्च नृत्य करने वाला।

choreographic कोरियोग्राफिक *adj.* pertaining to ballets. मञ्च नृत्यों सम्बन्धी।

choreography कोरियोग्राफी *n.* art of ballet dances. मञ्च नृत्यों की कला।

chorepiscopal कोरिपिस्कोपल *adj* pertaining to a local bishop. स्थानीय पादरी सम्बन्धी।

choriamb कोरिॲम्ब *n.* a foot of four syllables first and last being long and middleone's being short. चार ध्वनियों का एक गण जिसमें पहली और चौथी ध्वनि दीर्घ तथा बीच की लघु होती है।

choriambic कोरिॲम्बिक *adj.* pertaining to the foot called choriamb. 'कोरिॲम्ब' नामक गण सम्बन्धी।

choric कोरिक *adj.* pertaining to a choir. सहगान सम्बन्धी।

chorioid कोरिआइड *adj.* (also *choroid*) pertaining to chorion. गर्भ के बाहर की झिल्ली से सम्बन्धित।

chorion कोरियन *n.* (*pl.*) *choria*) outer membrane covering the fetus. गर्भ के बाहर की झिल्ली।

choripetalae कोरीपिटेली *n.* having separate petals. जिसकी पंखुड़ियां अलग अलग हों।

chorisis कोरिसिस *n.* multiplication of parts by branching. शाखाएं फैलने से भागों का बढ़ जाना।

chorist कोरिस्ट *n.* (also *chorister*) a member of band party. बाजे वाली मण्डली का सदस्य।

chorizont कोरी ज़ॉण्ट *n.* (also *chorizontist*) one who disputes the identity of authorship of old epics. ऐसे व्यक्ति जो प्राचीन महाकाव्यों के लेखकों के विषय में विवाद करे।

choroid कॉरॉइड *n.* the membrane inside eye-ball. आंख की पुतली के अन्दर की झिल्ली

chorographic कोरोग्राफिक *adj.* (also *chorographical*) pertaining to Geography भूगोल विद्या सम्बन्धी; भौगोलिक।

chorography कोरेग्राफी *n.* (1) science of Geography; (2) Topography. (१) भूगोल विद्या; (२) धरातल सम्बन्धी विद्या।

chorological कोरोलॉजिकल *adj.* pertaining to chorology. भौगोलिक वितरण तथा विभाजन सम्बन्धी।

chorologist कोरोलॉजिस्ट *n.* one who is skilled in the science of chorology. भौगोलिक वितरण तथा विभाजन की विद्या का विशेषज्ञ।

chorology कॉरोलॉजी *n.* science of geographical distribution भूगोल की दृष्टि के वितरण तथा विभाजन की विद्या या विज्ञान।

chortle चार्टल *v. t.* to make noise like a loud chuckle. ठहठहा कर मारने जैसा शब्द करना।

chorus कोरस *n.* a band of singers who sing together; the line in a song repeated by all the singers. गाने बजाने वालों की मण्डली; गीत की टेक वाली पंक्ति जिसे सब मिलकर दोहराते हैं।

chorus girl. कोरस गर्ल *n.* a girl who sings or dances on the stage while a chorus is going on. सहगान के समय मंच पर गाने तथा नाचने वाली औरत।

chose चोज *v. t. pt.* of 'choose' पसन्द किया; छांटा।

chosen चोजन *adj.* something which has been selected. पसन्द किया हुआ।

chough चफ *n.* a crow with red leg; a jack daw. लाल टांगों वाला कौआ; डोम कौवा

choultry चोल्ट्री *n.* (also *choltry*) a shed used for assemblies. शामयाना; कनात; पंडाल की छत।

chouse चाउस (old English) (1) one who cheats. (2) one easily deceived. (3) a trick. (१) धोखा देने वाला। (२) धोखे में आ जाने वाला। (३) धोखा।

v. t. to cheat. धोखा देना।

chout चौट *n.* the fourth part taken by Marathas as land-revenue. चौथ जो मराठे भूमि के लगान के रूप में लेते थे।

chow-chow चौ-चौ *n.* (also *chaw*) (1) food. (2) a Chinese dish. (3) Chinese dog. (4) Chinese. (*slang*) (१) भोजन। (२) चीन का एक पकवान। (३) चीन का एक कुत्ता। (४) चीनी।

adj. mixed. मिला-जुला।

chowder चौडर *n.* a sweet dish containing biscuits and fish. बिस्कुट तथा मछली को मिला कर बनाया हुआ एक अंग्रेजी पकवान।

chowry चौरी *n.* the Indian 'chaunri' made of horse tail bristles used for driving away flies. 'चौंरी' (हिन्दी शब्द); घोड़े की पूंछ का गुच्छा जो मक्खियां उड़ाने के काम आता है।

choy-root चौय-रूट *n.* a plant grown in Madras whose root yields a red dye. मद्रास का एक पौधा 'साया' जिसकी जड़ से लाल रङ्ग बनता है।

chrematist क्रीमटिस्ट *n.* one who is skilled in political economy, finance and money making. ऐसा व्यक्ति जो राजनैतिक अर्थशास्त्र, वित्त तथा धन कार्य में निपुण हो।

chrematistic क्रीमटिस्टिक *adj.* pertaining to political economy etc. राजनैतिक अर्थशास्त्र से सम्बन्धित।

chrematistics क्रीमटिस्टिक्स *n.* science of political economy; wealth and finance. राजनैतिक अर्थशास्त्र; धन तथा वित्त से सम्बन्धित विज्ञान।

chrestomathic क्रेस्टोमॅथिक *adj.* (also *chrestomathical*) pertaining to chrestomathy. विदेशी भाषा में छांटे हुए उद्धरणों सम्बन्धी।

chrestomathy क्रेस्टॉमथी *n.* a selection from foreign languages literature. विदेशी भाषाओं के साहित्य से चुने हुए उद्धरण।

chrism क्रिज्म *n.* holy oil; anointment used at baptisma. पवित्र तेल; मलहम आदि जो बपतिस्मा के समय छिड़का जाता है।

chrismal क्रिस्मल *adj.* pertaining to the holy oil. पवित्र तेल सम्बन्धी।

n. a bottle or case in which chrism is kept. बोतल या डिब्बा जिसमें पवित्र तेल रखा जाता है।

chrismatory क्रिस्मेटरी *n.* a vessel for spinkling the holy oil. पवित्र तेल छिड़कने का गुलाब-पाश।

chrisom क्रिजम *n.* (also *chrisom cloth*) a white cloth in which newly baptised child is wrapped. एक सफेद कपड़ा जिसमें बपतिस्मा देने के बाद बच्चे को लपेटा जाता है।

chrisom child क्रिजम चाइल्ड *n.* (*Shak*) an innocent child; a very small infant still wearing chrisom cloth. भोला भाला बच्चा; बहुत छोटा शिशु जो अभी बपतिस्मा का कपड़ा ही पहनता है।

christ-cross-row क्रिस-क्रॉस-रो *n.* an alphabet. वर्णमाला का अक्षर।

christen क्रिसन *v. t.* to baptise; to make christian; to give a name. बपतिस्मा देना; ईसाई बनाना; नामकरण करना।

Christendom क्रिस्टनडम *n.* the christian world; countries where christians live. ईसाई समाज या जगत; क्रिस्तानी देश।

christening *क्रिस्टनिङ्ग n.* act of baptising or making christian or giving name. बपतिस्मा देने की क्रिया, ईसाई बनाना; नामकरण संस्कार।

christ-hood *क्राइस्ट-हुड n.* state of being the Christ or Masiha. मसीह होने की स्थिति या भाव।

Christian *क्रिस्टयन n.* one who follows Christianity. ईसाई; क्रिस्तान।

Christian era *क्रिस्ट्यन अ्रा n.* the era started after Christ which is now 1956. ईसा मसीह का सन् जो अब १९५६ है।

christianise *क्रिस्ट्यनाइज v. t.* to make Christian. ईसाई बनाना।

Christianism *क्रिस्ट्यनिज्म n.* Christian communalism; sentiment of being a Christian. ईसाई साम्प्रदायिकता; ईसाई होने का तास्सुब।

Christianity *क्रिस्ट्यनिटी n.* the religion which believes in the teachings of Christ; the son of virgin. कुंवारी के पुत्र ईसा मसीह के उपदेशों को मानने का धर्म।

Christianlike *क्रिस्ट्यनलाइक adj.* like a Christian in behaviour and manners. ईसाई या क्रिस्तान के समान व्यवहार करने वाला

Christianly *क्रिस्ट्यनली adj.* in a Christian way. ईसाइयों के तरीके से।

Christian name *क्रिस्ट्यन नेम n.* name given at the time of baptisma; first name. बपतिस्मा के समय रखा गया नाम; प्रथम नाम।

Christianness *क्रिस्ट्यननेस n.* the state of being a Christian. ईसाई होने की स्थिति या दशा; ईसाईपन।

Christian science *क्रिस्ट्यन साइन्स n.* also called science of healing through religion. रोग नाश के लिये धार्मिक विधि आदि की भ्रमपूर्ण विद्या; ईसाई विज्ञान।

Christian scientist *क्रिस्ट्यन साइंटिस्ट n.* one who believes in Christian science. ईसाई विज्ञान में विश्वास करने वाला व्यक्ति।

Christian socialism *क्रिस्ट्यन सोशलिज्म n.* an awkward combination of christianity and socialism. ईसाई मत तथा समाजवाद का अद्भुत मिश्रण।

Christless *क्राइस्टलेस adj.* not believing in Christ. ईसाई मत को न मानने वाला।

Christlike *क्राइस्टलाइक n.* resembling Christ. क्राइस्ट के समान।

Christliness *क्राइस्टलीनेस n.* state of being alike the Christ. ईसा मसीह से समानता।

Christly *क्राइस्टली adj.* good like Christ. ईसा मसीह जैसा अच्छा।

Christadelphian *क्रिस्टडेलफियन n.* believer in a religious sect which sanctions conditional immorality. उस ईसाई सम्प्रदाय या वर्ग को मानने वाला जिसमें शर्तों के साथ अनैतिक व्यवहार की भी अनुमति है।

Christmas *क्रिसमस n.* the anniversary of Christ's birth on the 25th December. ईसा मसीह की वर्ष गांठ जो २५ दिसम्बर को पड़ती है; बड़ा दिन।
adj. pertaining to Christmas. बड़े दिन सम्बन्धी।

Christmas box *क्रिसमस बॉक्स n.* a box given to friends or Christmas containing gifts. ईसाइयों द्वारा बड़े दिन पर मित्रों को देने का डिब्बा जिसमें उपहार होते हैं।

Christmas card *क्रिसमस कार्ड n.* card sent to friends on Christmas containing greeting. बड़े दिन पर ईसाइयों द्वारा अपने मित्रों को भेजा जाने वाला बधाई का कार्ड।

christmas daisy *क्रिसमस डेजी n.* the aster flower which blooms in winter. सर्दियों में खिलने वाला अ्रेस्टर नामक फूल।

christmas eve *क्रिसमिस ईव n.* the evening before the Christmas day. बड़े दिन से पहले की शाम।

christmas rose *क्रिसमस रोज n.* a kind of rose blooming in winter. गुलाब जैसा एक फूल जो सर्दियों में खिलता है।

Christmassy *क्रिसमसी adj.* (also *christmasy*) flavour and taste enioy at Christmas. बड़े दिन के पकवान; रास रङ्ग आदि।

christmas-tide *क्रिसमस टाइड n.* the season of Christmas; winter. बड़े दिन की ऋतु; शीतकाल।

christmas-time *क्रिसमस टाइम n.* time of Christmas or near about. बड़े दिन के आस पास का समय।

christmas-tree *क्रिसमस ट्री n.* an artificial tree erected on christmas and loaded with gifts. बड़े दिन पर बनाया जाने वाला एक नकली वृक्ष जिस पर उपहार लदे होते हैं।

Christolatry *क्रिस्टोलट्री n.* worship of Christ. ईसामसीह की पूजा।

Christological *क्रिस्टोलॉजीकल adj* pertaining to Christology. ईसा मसीह के व्यक्तित्व और स्वभाव के अध्ययन संबंधी।

Christologist *क्रिस्टोलॉजिस्ट n.* one who is skilled in Christology. ईसा मसीह के व्यक्तित्व तथा स्वभाव का अध्ययन करने वाला।

Christology *क्रिस्टोलजी n.* the subject dealing with the nature and person of Christ. ईसा मसीह के व्यक्तित्व और स्वभाव के अध्ययन का विषय।

christophany *क्रिस्टोफनी n.* a supposed appearance of Christ to men. ईसा मसीह के दर्शन देने की कल्पना।

Christy-minstrel *क्रिस्टी मिन्स्ट्रल n.* a land of American singers singing in imitation of Negroes. हब्शियों की नकल करने, नाचने गाने वाली एक अमरीकी मंडली।

chroma *क्रोमा n.* colour; dye; hue. रंग, वर्ण।

chromate *क्रोमेट n.* a salt of chromic acid. क्रामिक तेजाब का एक लवण।

chromatic *क्रोमैटिक adj.* full of bright colour. चमकीले रंग वाला।

chromatics *क्रोमैटिक्स n.* the science dealing with colours. रंगों सम्बन्धी विद्या।

chromatic scale *क्रोमैटिक स्केल n.* a kind of scales. एक प्रकार का नाप।

chromatin *क्रोमैटिन n.* a substance found in a cell. जीव-कोष्टक में पाया जाने वाला एक पदार्थ।

chromatogram *क्रोमैटोग्राम n.* a machine for separating substances. वस्तुओं को अलग करने का यंत्र।

chromatographic *क्रोमैटोग्राफिक adj* pertaining to chromatography. वस्तुओं के पृथक्करण सम्बन्धी।

chromatography *क्रोमैटोग्राफी n.* the method of separating substances. पदार्थों को पृथक करने की एक प्रणाली।

chromatophore *क्रोमैटोफोर n.* colouring material in vegetation. वनस्पतियों में रङ्ग देने वाला पदार्थ।

chromatopsia *क्रोमैटॉप्सिया n.* defect in sight due to which man sees wrong colours. दृष्टि का दोष जिससे मनुष्य को गलत रङ्ग दिखाई देते हैं।

chromatosphere *क्रोमैटॉस्फीयर n.* (also *chromosphere*) a layer of gas round the sun. सूर्य के चारो ओर गैस का आवरण।

chromatype *क्रोमैटाइप n.* colour photography; a photo in colour. रङ्गीन फोटो; रङ्गों मे फोटो खींचने की कला।

chrome *क्रोम n.* a yellow pigment; a metal called chromium; element number 24. पीला रङ्ग; पीले रङ्ग की एक धातु; तत्व संख्या २४।

chrome-alum *क्रोम-अ्रॅलम n.* potassium chromium sulphate. पुटाश; क्रोमियम तथा गन्धक का एक मिश्रण।

chrome-leather *क्रोम-लॅदर n.* a kind of chrome coloured leather. बढ़िया प्रकार का एक चमड़ा।

chrome plating *क्रोम प्लेटिङ्ग n.* electroplating with chromium. बिजली द्वारा क्रोमियम का पानी चढ़ाना।

chrome-spinel *क्रोम-स्पिनल n.* a kind of metal called picolite. पिकोलाइट नामक धातु।

chrome-steel *क्रोम-स्टील n.* an alloy of iron containing chromium. क्रोमियम मिश्रित इस्पात।

chrome-tanning *क्रोम-टॅनिङ्ग n.* tanning with chrome colours. क्रोम के रङ्गों से चमड़ा तैयार करना।

chrome-yellow *क्रोम-येलो adj.* a beautiful colour containing lead and chromium. सीसे तथा क्रोमियम मिश्रित एक सुन्दर रङ्ग।

chromic *क्रोमिक adj.* pertaining to chromium or containing it. क्रोमियम वाला या सम्बन्धी।

chromic acid *क्रोमिक एसिड n.* acid of chromium of orange-red colour used in dyeing. क्रोमियम का तेजाब जो नारङ्गी रङ्ग का होता है।

chromite *क्रोमाइट n.* a mineral containing oxidised chromium and iron. क्रोमियम तथा लोहे की भस्मों वाला खनिज।

chromium *क्रोमियम n.* a metallic element

number 24 giving beautiful colour in combination. एक धातुविक तत्व संख्या २४ जो मिश्रण द्वारा सुन्दर रंग देता है।

chromogram *क्रोमोग्राम n.* combination of photographs of different colour. विभिन्न रंगों के चित्रों का समन्वय।

chromograph *क्रोमोग्राफ n.* reproduce in colours. रंगीन चित्र छापने की क्रिया।
v. t. to reproduce in colours. रंगीन चित्र छापना।

chromolithograph *क्रोमोलिथोग्राफ n.* a coloured picture printed by lithographic method. लीथो यानी पत्थर से या जस्ते की प्लेट से छापा गया रंगीन चित्र।

chromolithography *क्रोमोलीथोग्राफी n.* process of colour printing by lithographic method. लीथो से रंगीन छपाई करने की प्रणाली या क्रिया।

chromoplast *क्रोमोप्लास्ट n.* colouring matter in a cell of living organism. जीवित तत्वों में रंग वाला पदार्थ।

chromoscope *क्रोमोस्कोप n.* an apparatus for combining images of different colours. भिन्न भिन्न रंगों के छाया चित्रों को मिलाने का यंत्र।

chromosphere *क्रोमोस्फीयर n.* a layer of gases round the sun. सूर्य के चारों ओर गैसों का आवरण।

chromotype *क्रोमोटाइप n.* (also *chromatype*) photography in colours with the help of chromium salts. क्रोमियम की सहायता से रंग वाली चित्रकारी।

chromo-typography *क्रोमोटाइपोग्राफी n.* printing in colours with the help of chromium. क्रोमियम की सहायता से रंग-बिरंगी छपाई।

chromoxylograph *क्रोमोक्सीलोग्राफ n.* a picture printed from wooden blocks in different colours. लकड़ी के ठप्पों से भिन्न भिन्न रंगों में छपी हुई तस्वीर।

chromoxylographing *क्रोमोक्सीलोग्राफ़िङ्ग n.* printing in different colours from wooden blocks. लकड़ी के ठप्पों से रंगीन छपाई करने की क्रिया।

chron *क्रॉन; क्रन* prefix (also *chrono*) means time in composition. उपसर्ग के रूप में 'समय' का अर्थ देता है।

chronic *क्रॉनिक adj* (also *chronical*) old; lingering (spoken of diseases) constitutional पुराना (रोग); स्वाभाविक; दीर्घ स्थायी (रोग)।
n. a student who fails repeatedly; an invalid. बारबार फेल होने वाला विद्यार्थी; अपंग व्यक्ति।

chronically *क्रॉनीकल्ली adv.* in a lingering manner; in old way. पुराने रूप में; दीर्घ-स्थाई रूप में।

chronicle *क्रॉनिकल n.* an account a narration of events; history वर्णन; वृतान्त अभिलेख; इतिहास।
v. t. to record. अभिलिखित करना।

chronicler *क्रॉनिकलर n.* writer of a chronicle. वृतान्त लेखक; इतिहास की घटनाएं लिखने वाला।

chronogram *क्रोनोग्राम n.* before Indian numerals old numerals written in letters in Europe. भारत से यूरोप को अंक जाने से पूर्व, वहां के प्राचीन काल के अंक जो अक्षरों को जोड़ कर बनाये जाते थे।

chronograph *क्रोनोग्राफ n.* a very fine instrument for precise recording of time. समय को बिल्कुल ठीक नापने का एक सूक्ष्म यंत्र।

chronographer *क्रॉनोग्राफर n.* one who records events; chronicler. घटना-लेखक; अभिलेख रखने वाला।

chronography *क्रोनोग्राफी n.* science of computing time. समय गणना का विज्ञान।

chronologer *क्रॉनॉलॉजर n.* one who is skilled in the science or method of computing dates. काल-निर्णय की विद्या या प्रणाली को जानने वाला।

chronologic *क्रॉनॉलॉजिक adj.* (also *chronological*) pertaining to the order of time. समय के क्रम से सम्बन्धित।

chronological age *क्रॉनॉलॉजिकल एज n.* age according to the years as opposed to mental age. वर्षों के अनुसार आयु (मानसिक आयु के विपरीत)।

chronologically *क्रॉनॉलॉजीकल्ली adv.* in a chronological manner. काल क्रम के अनुसार।

chronologist *क्रॉनॉलॉजिस्ट n.* one who is well versed in chronology. घटनाओं के काल क्रम को लिखने में विशेषज्ञ।

chronology *क्रॉनॉलॉजी n.* the science and method of computing time and dates. समय तथा तारीखों का निर्धारण करने की विद्या तथा प्रणाली।

chronometer *क्रॉनॉमीटर n.* a watch; clock or time piece for recording exact time used in laboratory. ठीक-ठीक समय का अभिलेख करने वाली घड़ी या घण्टा जो प्रयोगशालाओं में काम आता है।

chronometric *क्रोनोमैट्रिक n.* pertaining to scientific method of measuring time by chronometer. क्रोनोमीटर से समय जानने की विद्या सम्बन्धी।

chronometry *क्रॉनोमीटरी n.* the scientific method of measuring time with the help of chronometer. क्रोनोमीटर से समय जानने की वैज्ञानिक प्रणाली।

chronoscope *क्रॉनोस्कोप n.* an instrument for measuring the velocity of time समय की गति को नापने का एक यंत्र।

chrys *क्रिस pref.* (also *chryso*) means gold in composition. उपसर्ग रूप में लगने से स्वर्ण का अर्थ देता है।

chrysalid *क्रिसॅलिड n.* (also *chrysalis*) the stage of insects after larva. कीड़ों की पङ्ख निकलने से पहले की स्थिति।

crysanthemum *क्रिसनथेमम n.* a kind of flower. गुलदाउदी का फूल।

chrysarobin *क्रिसरोबिन n.* a purgative in powder form. एक प्रकार का जुलाब लाने वाला चूर्ण।

chryselephantine *क्रिसेलिफेण्टाइन n.* a substance of gold and ivory. सोने तथा हाथी दांत का बना हुआ पदार्थ।

chrysoberlyle *क्रिसोबेराइल n.* a metal of many colours. एक रङ्ग बिरङ्गी धातु।

chrysocolla *क्रिसोकोला n.* a minral compound of green colour containing copper and silica. एक खनिज मिश्रण जिसमें तांबा होता है और जिसका हरा रङ्ग होता है।

chrysocracy *क्रिसोक्रेसी n.* the rule of money and wealth. धन सम्पत्ति का शासन साम्राज्य।

chrysolite *क्रिसोलाइट n.* a kind of gem; yellow or green in colour. एक प्रकार का रत्न जो हरा या पीला होता है।

chrysology *क्रिसोलॉजी n.* science about production of wealth. सम्पत्ति के उत्पादन का विज्ञान।

chrysophan *क्रिसोफॅन n.* (obsolete) chrysarobin powder used as purgative. एक दस्त लाने का चूर्ण।

chrysophanic *क्रिसोफॅनिक adj.* prepared from chrysophan. दस्त के चूर्ण 'क्रिसोफॅन' से बनने वाला।

chrysophanic acid *क्रिसोफॅनिक एसिड n.* an acid of chrysophan used in skin diseases. क्रिसोफॅन का एक तेजाब जो चर्म-रोगों में प्रयुक्त होता है।

chrysophilite *क्रिसोफिलाइट n.* one who is very fond of gold. ऐसा व्यक्ति जो स्वर्ण का बहुत शौकीन हो।

chrysoprase *क्रिसोफ्रेज n.* a beautiful metal containing silica सिलिका वाली एक धातु

chrysotile *क्रिसोटाइल n.* a kind of snake which shines like gold. एक प्रकार का सांप जो सोने जैसा चमकता है।

chthonian *कथोनियन adj.* (also *chthonic*) pertaining to the earth or ground. पृथ्वी या भूमि से सम्बन्ध।

chub *चब n.* a kind of river fish with coarse flesh and skin. मोटे मांस तथा चमड़े वाली एक मछली जो नदी के जल में रहती है
adj. plump; fatty (in composition only.) फूला हुआ; मोटा समास के रूप में)।

chubb *चब n.* a patent type of lock manufactured in London. एक प्रकार का विलायती ताला।

chubbed *चब्ड adj.* (also *chubby*) having a round face; of short stature; thick; plump. गोल चेहरे वाला; छोटे कद वाला; मोटा; नाटा (व्यक्ति)।

chubbiness *चबीनेस n.* state of being plump and of short stature. मोटापा; नाटापन।

chubb-lock *चब-लॉक n.* a special type of English lock. एक प्रकार का विलायती ताला।

chub-faced *चब-फेसेड adj.* having a round face; with swollen cheeks. गोल चेहरे वाला जिसके गाल फूले हुए हों।

chuck चक *n.* (1) sound made by a fowl. (2) word used in love and affection. (3) jerk under the chin. (4) a device in lathe. (5) dismissal. (6) throw. (7) toss. (8) pebble. (9) food. (*slang*) (१) मुर्गे की आवाज। (२) प्यार तथा वात्सल्य का शब्द। (३) दाढ़ी के नीचे झटका। (४) खराद की कल में एक पुरजा। (५) पदच्युत करने की क्रिया। (६) फेंकना। (७) पासा। (८) कंकर। खाद्य भोजन।

v. t. to dismiss; abandon; toss; tap under the chin. पदच्युत करना; परित्याग करना; ठोढ़ी हिलाना।

v. i. to make sound like a hen. मुर्गी के समान शब्द करना।

chuck away चक अवे *v. t.* to waste. नष्ट करना।

chucker-out चकर-आउट *n.* a burly attendant at a theatre who turns out undesirables. नाटक में कोलाहल शान्त करने वाला पहरेदार जो गड़बड़ करने वालों को बाहर निकालता है।

chuck-farthing चक-फार्दिङ्ग *n.* a game in which a farthing is put into a hole. एक खेल जिसमें एक फार्दिङ्ग को छेद में डाला जाता है।

chuckfull चकफुल *adj* quite full; chockfull. पूरा भरा हुआ; लबालब।

chuckie चकी *n.* (also *chuckie-stone* or *chukie*; *stane*) a small stone; pebble. छोटा सा पत्थर; कंकर; रोड़ा।

chuck it चक इट *v. t.* (slang) stop; give over. बंद करो; छोड़ दो।

chuckle चकल *v. t.* to laugh in a suppressed manner; to show signs of cheer. दबी हुई हंसी हंसना; प्रसन्नता के चिन्ह प्रकट करना।

chuckle-head चकल-हॅड *n.* a foolish fellow मूर्ख व्यक्ति।

chuckling चक्लिंग *adj* something which pleases; giving amusement. विनोद-शील प्रसन्नता देने वाला; मनोरंजन करने वाला।

chuck out चक आउट *v. t.* to turn out. निकाल देना।

chuck up चक अप *v. t.* to abandon. परित्याग करना।

chuck up the sponge to finish the dispute संघर्ष को समाप्त करना।

chuck-wagon चक-वॅगन *n.* wagon containing foodstuffs or grains or cooking apparatus पकाने के बर्तनों या खाद्यान्न तथा खाद्य पदार्थों का भरा रेलडिब्बा।

chufa चूफा *n.* a kind of sea weed or vegetable. एक प्रकार की समुद्र में उत्पन्न होने वाली हरियाली या सब्जी।

chuff चफ *n.* a fool; a clown मूर्ख; मसखरा

chuffiness चफीनेस *n.* foolishness; boorishness. मूर्खता; अक्खड़ स्वभाव।

chuffy चफी *adj* having checcks swollen; coarse. गलफुल्ला; जिसके गाल फूले हुए हों; अशिष्ट।

chum चम *n.* a chamber fellow; an old friend. लङ्गोटिया यार; साथ रहने वाला।

v. t to accompany; to become a chum. साथ जाना; लङ्गोटिया यार बन जाना।

v. i. to mess together; to share a room. साथ भोजन करना; एक ही कमरे में रहना।

chummage चमेज *n.* state of being a chum; living together; fee demanded from a new chum. एक कमरे में साथ रहने की अवस्था; नये साथ से मांगा जाने वाला शुल्क।

chummy चमी *adj.* fond of mixing in society. मिलनसार।

n. a chum; motor car for two or three persons. लङ्गोटिया यार; दो तीन के योग्य मोटर।

chump चम्प *n.* (1) heavy piece of wood (2) thick end. (3) foolish fellow. (4) the head. (१) लकड़ी का कुन्दा। (२) मोटर सिरा। (३) मूर्ख मनुष्य। (४) सिर।

off his chump : out of his brains. जिस का दिमाग खराब हो गया हो।

chum up with चम अप विद *v.t.* to become very intimate with. किसी के साथ बहुत गहरी दोस्ती पालना।

chunk चङ्क *n.* a thick slice of bread; thick piece of wood. रोटी का मोटा टोस्ट; लकड़ी का मोटा तख्ता।

church चर्च *n.* (1) Christian place for worship by public. (2) any sect of Christianity. (3) the clergy as a class. (१) गिरजा; ईसाइयों का मन्दिर या उपासना—स्थान। (२) ईसाइयों का कोई सम्प्रदाय या समाज (३) पादरियों का वर्ग या श्रेणी।

adj. of the church; ecclesiastical. गिरजे सम्बन्धी; धार्मिक।

v. t. to offer prayers at the birth of a child. बालक के जन्म पर गिरजे में जाकर ईश्वर को धन्यवाद देना।

church-ale चर्च-एल *n.* festival in church in which ale is generally drunk. गिरजे का उत्सव जिसमें प्रायः 'एल' नामक मदिरा पी जाती है।

church-army चर्च आरमी *n.* an organisation under church of England. इङ्गलिस्तान के गिरजे के अधीन एक संस्था।

church-bench चर्च बेंच *n.* (*Shak.*) a seat in church where the parson sits. गिरजे में एक स्थान जहां पादरी आदि बैठते हैं।

church-court चर्च कोर्ट *n.* a kind of court or assembly in the church which decides the religious disputes. गिरजे का दरबार या पंचायत जिसमें धर्म संबंधी विवाद तै किये जाते हैं।

church-goer चर्च गोअर *n.* one who is regular in going to church. ऐसा व्यक्ति जो नियमित रूप से गिरजे जाता है।

church going चर्च गोइंग *n.* act or habit of attending church. गिरजे में प्रायः जाने की क्रिया या आदत।

churchianity चर्चियनिटी *n.* outer forms of church in belief in them rather than in Christ. ईसा मसीह के बजाय गिरजे तथा उसके बाहरी आडंबरों में आस्था

churching चर्चिंग *n.* act of performing a service in church. गिरजे में पूजा पाठ करने की क्रिया।

churchism चर्चिज्म *n.* adherance to some church and its principles. किसी धर्म-समाज के सिद्धान्तों में विश्वास।

churchless चर्चलेस *adj.* not adhering to any church; having no approval of church (old). किसी धर्म-समाज से असम्बद्ध; गिरजे का जिसे अनुमोदन प्राप्त न हो।

churchly चर्चली *adj.* concerning the church; ecclesiastical. गिरजे से संबंधित: धर्म-संबंधी।

churchman चर्चमॅन *n.* priest; man belonging to or living in church. पादरी: गिरजे का आदमी।

church-militant चर्च-मिलिटॅंट *n.* the church in a militant form for its principles. अपने मत की रक्षा के लिए उग्र रूप में गिरजा।

church-mouse चर्च-माउस *n.* (1) mouse living in church. (2) a very poor man. (१) गिरजे में रहने वाला चूहा। (२) दरिद्र व्यक्ति; अकिंचन।

church-officer चर्च-ऑफीसर *n.* a servant of the church managing its officers. गिरजे का नौकर जो व्यवस्था-कार्य करता है।

church-parade चर्च परेड *n.* a kind of parade while going to or coming from church. परेड करते हुए चर्च आने जाने की क्रिया; इकट्ठे गिरजे जाना।

church-rate चर्च रेट *n.* a kind of assessment for collecting money for church गिरजे के लिए चन्दा जो लोगों से वसूल किया जाता है।

church-service चर्च सर्विस *n.* the formal religious act performed in church; the book containing these forms. गिरजे में की जाने वाली औपचारिक पूजा; उस पूजा की विधि सम्बन्धी पुस्तक।

church-text चर्चटेक्स्ट *n.* a kind of print long and thick. एक प्रकार की लम्बी तथा मोटी छपाई।

church-triumphant चर्च ट्राइम्फॅंट *n.* those clergymen who are declared as beyond this world. वे पादरी आदि जो संसार से पार या सिद्ध हो गये।

churchward चर्च वार्ड *adv.* towards the church. गिरजे की ओर।

church-warden चर्च वार्डन *n.* (1) a representative on behalf of a church; (2) long clay pipe. (१) गिरजे की ओर से प्रतिनिधि (२) लम्बी मिट्टी की नली।

churchway चर्च वे *n.* the road going towards the church. गिरजे की सड़क।

churchwoman चर्चवूमन *n.* a female member of church. गिरजे या धर्म-समाज की महिला सदस्य।

churchy चर्ची *adv.* very fond of church; relating to church. गिरजे का शौकीन; कट्टर धर्म पंथी; गिरजे से सम्बद्ध।

churchyard चर्चयार्ड *n.* the graveyard attached to a church. गिरजे का कब्रस्थान

churinga चुरिंगा an amulet made of stone. पत्थर का बना हुआ ताबीज या टोटका।

churl चर्ल *n.* a rustic; villager; having no manners. गंवार; देहाती; बदतमीज।

churlish चर्लिश *adj.* like a rustic; ill bread; uncivil. गंवार के समान; अशिष्ट।

churlishly चर्लिशली *adv.* in a churlish manner. गंवार पन से; अशिष्टतापूर्वकता।

churlishness चर्लिशनेस *n.* the state or quality of being churlish. गंवार पन अशिष्टता।

churn चर्न *v. t.* to agitate for taking out butter. बिलोना; मथना; मक्खन निकालना।
n. a device for churning whether a machine or a tool. मथने या बिलोने की कल या यंत्र, मथानी।

churn-drill चर्न-ड्रिल *n.* a drill which is moved with hand. एक प्रकार का बर्मा जो हाथ से चलाया जाता है।

churning चर्निङ्ग *n.* act of agitating to get butter. मथने की क्रिया जिससे मक्खन निकल आये।

churnmilk चर्नमिल्क *n.* milk from which butter has been taken out. सपरेटे का दूध; मक्खन निकला हुआ दूध।

churn-owl चर्न-आउल *n.* a kind of bird which sings in jarring voice in night. एक पक्षी जो रात को कर्कश स्वर से गाता है।

churn-staff चर्न-स्टाफ़ a staff or wooden rod used in churning. मथने की डंडी; मथानी।

churr चर्र *n.* a kind of sound; generally in low tone; made by birds and insects. चर्र, चर्र की ध्वनि जो कुछ पक्षी तथा कीड़े करते हैं।
v. i. to make such a sound. चर्रचर्र करना।

churr-worm चर्र-वार्म *n.* a kind of fen-cricket which churrs. चर्र चर्र की ध्वनि करने वाला एक प्रकार का पक्षी।

chuse चूस *v. t.* formerly a spelling of choose. पसन्द करना।

chut चट *interj.* an expression meaning "hurry up". "चट पट करो" का अर्थ देने वाली अभिव्यक्ति।

chute शूट *n.* (also *shoot*) fall of water with speed and rush; sloping passage. वेग से जल के गिरने की क्रिया; झरना; फिसलने का रास्ता।

chutney चटनी *n.* a kind of sauce prepared from apples in England called after Indian name whose immitation it is. इंगलिस्तान में सेब से बनाई जाने वाली चटनी जो भारतीय चटनी की नकल पर तैयार की जाती है।

chyle काइल *n.* a milk like fluid which is separated in the small intestines from the food eaten. खाये हुए भोजन में से आंतों में जाकर निकलने वाला सफेद रंग का रस।

chyluria किलूरिया *n.* presence of chyle in the urine. पेशाब में भोजन का श्वेत रस आ जाने का रोग।

chyme काइम *n.* the acid pulp into which the food is converted in the stomach. एक प्रकार का अम्ल रूप गूदा जो पेट में जाकर भोजन का बनता है।

chymification काइमीफिकेशन conversion of food into acid pulp in the stomach. पेट में जाकर भोजन का अम्ल रूप के गूदे में बदल जाना।

chymify काइमीफाई *v. t.* to form into chyme. भोजन का पेट में जाकर अम्ल रूप धारण करना।

chymical किमिकल *adj.* obsolete use for 'chemical' in the sense alchemical. रासायनिक; धातुओं में परिवर्तन सम्बन्धी।

chymistry किमिस्ट्री *n.* obsolet spelling of chemistry. रसायन-विज्ञान।

chynd चाइंड *adj.* (*Spens*) cut into pieces. टुकड़े टुकड़े किया हुआ।

chypre शीपर *n.* a kind of scent first made in Cyprus. एक प्रकार की सुगन्ध जो पहले पहल साइप्रस में बनी थी।

cibation सिबेशन *n.* feeding; a process employed in the search of philosopher's stone; taking food. भोजन करने या कराने की क्रिया; पारस मणि की असफल खोज की एक पद्धति।

cibol सिबल *n.* (also *chibol*) a kind of ill-smelling substance resembling onion. प्याज के समान एक पदार्थ जिसमें दुर्गन्ध होती है।

ciborium सिबोरियम *n.* (*pl. ciboria*) a kind of vessel used in church service; a drinking cup. (*L.*) गिरजे में पूजा के समय काम में आने वाला एक बर्तन; प्याला।

cicada सिकाडा *n.* (also *cicala*) a kind of insect whose chirping sound is loud and jarring. एक प्रकार का कीड़ा जो जोर-जोर से 'ची-ची' का कर्कश स्वर करता है।

cicatrice सिकट्रिस *n.* (also *cicatrix*) a scar left after a wound is healed; a scar on bark of tree. घाव के भर जाने पर रह जाने वाला चिह्न; पेड़ की छाल पर खरौंच

cicatricula सिकट्रिकूला *n.* a point in the yolk of an egg. अण्डे की जरदी में एक चिह्न विशेष।

cicatrisation सिकट्राइजेशन *n.* process of healing of a wound. घाव के भरने की क्रिया

cicatrise सिकट्राइज *v. t.* to heal; to scar. घाव को भर देना; खुरन्ड पैदा करना।
v. t. to heal. घाव का भर जाना।

cicatrix सिकट्रिक्स *n.* (also *cicatrice*) a scar left after healing of wound; scar or mark on bark of tree. घाव के भर जाने पर बच जाने वाला चिह्न; पेड़ की छाल का निशान।

cicely सिसली *n.* a family name of several plants. एक प्रकार के पौधों का वर्ग-नाम।

cicero सिसरो *n.* a kind of type used in printing; which is distinct from pica. एक प्रकार की छपाई जो पाइका से भिन्न होती है।

cicerone सिसरोन *n.* (*pl. cicerom*) a guide who shows the strange things or places to outsiders. पथ-प्रदर्शक जो बाहर से आने वालों को अद्भुत वस्तुएं तथा अद्भुत स्थान दिखाता है।
v. i. to act as a cicerone or guide. किसी को अद्भुत वस्तुएं दिखाने का काम करना।

Ciceronian सिसरोनियन *adj.* pertaining to the style of the famous Roman orator Cicero. रोम के प्रसिद्ध वक्ता सिसरो की शैली से सम्बन्धित।

Ciceronianism सिसरोनियनिज्म *n.* the style of Cicero; and the character of his Latin style. सिसरो की शैली और उसकी लैटिन शैली की विशेषता।

Ciceronic सिसरोनिक *adj.* of Cicero; the great Roman orator. महान रोमन वक्ता सिसरो का या उससे सम्बन्ध।

cichlid सिक्लिड *n.* a fish of the angle-fish and amazon families. कांटे वाली एक प्रकार की बड़ी मछली।

cichloid सिक्लाइड *adj.* pertaining to cichlid fish. सिक्लिड मछली सम्बन्धी।

cichoraceous सिकरेशस *adj.* pertaining to cichorium. काफी से मिलते जुलते पौधे सिकोरियम सम्बन्धी।

cichorium सिकोरियम *n.* particular type of plants used to adulterate coffee. एक प्रकार का पौधा जिसकी जड़ को पीस कर कॉफी में मिलाते हैं।

cicindela सिसिनडीला *n.* a kind of beetles which feed on insects. कीड़े मकोड़े खाने वाले एक प्रकार के गोबरैले।

cicindelidae सिसिनडीलीडी *n.* more dangerous beetles called tiger-beetles. मांस-भक्षी गोबरैले कीड़े जो बहुत भयानक होते हैं

cicisbeism चीचीजबीइज्म *n.* the system in Italy of married woman keeping a gallant servant for their company. इटली का एक रिवाज जिसके अनुसार विवाहित स्त्रियां अपने साथ सदा एक नौकर रखती हैं।

cicisbeo चीचीजबेओ *n.* (*pl. cicisbei*) (*Italian*) a married woman's servant. विवाहित महिला के साथ साथ रहने वाला नौकर जो उसकी देख भाल करता है।

ciclaton सिक्लाटन *n.* (also *ciclatoun*) a cloth having embroidery of gold stiff or similar rich material. कमखाब; सोने के तारों से कढ़ा हुआ वस्त्र; जरी।

cicuta सिकूटा *n.* a family name of poisonous plants growing under water. पानी में उगने वाले एक प्रकार के पौधे जो विषाक्त होते हैं।

cid सिड *n.* a chief; hero; captain. मुखिया; प्रधान; नेता या कप्तान।

cidaris सिडरिस *n.* a kind of plant found in Persia. फारस या ईरान में पाया जाने वाला एक पौधा।

cide साइड *v. t.* decide; adjudge. (*Shak.*) (शेक्सपीयर की भाषा में) निर्णय करना; विनिश्चय करना।

cider साइडर *n.* liquor prepared by fermenting the juice of apples. सेब के रस में खमीर से बनाई जाने वाली मदिरा।

cider-and *साइडर-एण्ड n.* a kind of drink prepared from combination of various spirits including cider. साइडर तथा अन्य कई प्रकार की मदिराओं को मिलाकर तैयार किया गया एक स्वादिष्ट पेय ।

cider-cup *साइडर-कप n.* a drink containing cider and some sweet substances. साइडर तथा कुछ अन्य मीठी वस्तुओं से बनने वाला मधुर पेय ।

ciderkin *साइडर किन n.* a kind of inferior cider prepared form bad quality apples. बुरी किस्म के सेब से बनने वाली एक प्रकार की घटिया मदिरा ।

cidery *साइडरी adj.* containing cider or resembling cider in taste. जिसमें साइडर मिला हो; स्वाद में साइडर के समान ।

ciel *सील v. t.* to lay the ceiling of a room etc. कमरे पर छत बनवाना ।

cierge *सीर्ज n.* a large wax candle burnt before the alter. गिरजे में वेदी पर जलने वाली एक बड़ी मोमबत्ती ।

cigar *सिगार n.* roll of tobacco leaf containing tobacco used for smoking like cheroot. चुरुट के समान तम्बाकू का एक बड़ा सिगरेट; सिगार ।

cigarette *सिगरेट n.* tobacco rolled in fine paper in small sizes for smoking. कागज में तम्बाकू भर कर बनाई हुई बीड़ी; सिगरेट ।

cigarette-card *सिगरेट कार्ड n.* a card having a picture given with a packet of cigarettes the customer. एक चित्रित कार्ड जो सिगरेट का पैकेट खरीदने वाले को मुफ्त दिया जाता है ।

cigarette-holder *सिगरेट होल्डर n.* a small tube in which cigarette is fixed while smoking. एक छोटी सी नली जिसमें लगा कर सिगरेट पी जाती है ।

cigarette-lighter *सिगरेट लाइटर n.* a small device for lighting cigarettes. सिगरेट जलाने का एक छोटा सा यंत्र ।

cigarette-paper *सिगरेट पेपर n.* the paper used in the manufacture of cigarettes. सिगरेट बनाने में काम आने वाला एक पतला कागज ।

cigar-tree *सिगर-ट्री n.* a kind of tree with buds like cigars. एक पेड़ जिस की कलियां सिगरेट के समान होती हैं ।

cilia *सिलिया n.* the eye-lashes. आंख की बरौनी ।

ciliary *सिलियॅरी adj.* pertaining to eye-lids. बिरौनी सम्बन्धी ।

cilice *सिलिस, साइलिस n.* a garment made of hair cloth; hair cloth itself. बालों का कपड़ा; या उस कपड़े से सिला हुआ पहनने का वस्त्र ।

cilicious *सिलिसियस adj.* pertaining to cilice or hair cloth. बालों के बने हुए कपड़े सम्बन्धी ।

cilium *सिलियम n.* a lash resembling hair surrounding a cell. जीवाणु के चारों ओर का बालों जैसा आवरण ।

cimar *सिमार n.* an undergarment generally worn by women which is not tight like bodice. स्त्रियों के पहनने का एक बनियान जो अंगिया से ढीला होता है ।

cimelia *साइमीलिया n.* (*plural.*) treasures. खजाने; निधियां ।

cimex *साइमेक्स n.* a kind of bug which is found in bed. एक प्रकार का खटमल ।

cimier *सीम्या n.* (*French.*) the edge of an iron hat. लोहे के टोप का किनारा ।

Cimmerian *सिमीरियन adj.* extremely dark; relating to a tribe mentioned in old books which lived in darkness. बिल्कुल अन्धकारपूर्ण; प्राचीन पुस्तकों में उल्लिखित एक आदिम जाति सम्बन्धी जो सदा अंधेरे में रहती थी ।

cimolite *सिमोलाइट n.* a kind of clay or earth used for making toys. एक प्रकार की बढ़िया मिट्टी जिसके खिलौने बनते हैं ।

cinch *सिन्च n.* (U. S.) girth of saddle; a certainty. जीन की रस्सी; निश्चय बात ।
v. i. to fasten the girth on the saddle. जीन की रस्सी बांधना ।

cinchona *सिङ्कोना n.* a kind of tree from whose bark anti-malaria drugs like quinine are extracted. एक प्रकार का वृक्ष जिसकी छाल से जूड़ी ज्वर की औषधियां–कुनैन आदि बनती हैं ।

cinchonaceous *सिंकनेशस adj.* (also *cinchonic*) pertaining to cinchona. सिन्कोना से सम्बन्धित ।

cinchonine *सिङ्कोनाइन n.* an alkali obtained from cinchona bark. सिन्कोना से बनने वाला एक क्षार ।

cinchoninic *सिङ्कोनाइनिक adj.* relating to the alkali obtained from cinchona. सिन्कोना से बनने वाले क्षार से सम्बन्ध ।

cinchonisation *सिङ्कोनाइजेशन n.* the effect produced due to the use of cinchona. सिन्कोना के कारण उत्पन्न प्रभाव ।

cinchonise *सिङ्कोनाइज v. t.* to give cinchona and produce its effect. सिन्कोना देकर उसका प्रभाव उत्पन्न करना ।

cinchonism *सिङ्कोनिज्म n.* the state of being under the effect of cinchona. सिन्कोने के प्रभाव के अधीन होने की स्थिति ।

cincinnate *सिसिनेट adj.* like a curl. मुड़ी हुई; छल्ले के समान ।

cincinnus *सिसिनस n.* a curl; state of being not straight. छल्ला सीधा न होने की स्थिति ।

cinct *सिक्ट adj.* surrounded- घिरी हुई ।

cincture *सिक्ट्यर n.* girdle; border; belt round the back; कमर की पेटी; किनारा; घेरा ।
v. t. to encircle; to put a belt round. घेरना; लपेटना; पेटी बांधना ।

cinctured *सिक्ट्यर्ड adj.* having a cincture घेरे वाला; किनारे वाला ।

cinder *सिन्डर n.* ash; remaining portion of coal after burning; a chemical mixed with tea and soda to make it strong. राख; अंगारा; चाय तथा सोडे में मिलाने का एक मसाला जिससे वह तेज बन जाता है ।

cinder-cone *सिन्डर कोन n.* a hill having volcanoic effect. एक प्रकार की पहाड़ी जिसमें ज्वालामुखी का सा प्रभाव होता है ।

cinderella *सिन्ड्रेला n.* a neglected maid out of so many maids; one who cleans utensils. कई नौकरानियों में से वह नौकरानी जो उपेक्षित हो; बर्तन मांजने वाली ।

cinderella-dance *सिन्ड्रेला डॉस n.* a kind of dance lasting up to midnight. एक प्रकार का नाच जो आधी रात तक चलता है ।

cinder-path *सिंडर-पाथ n.* a path with cinders lying on it. ऐसा मार्ग जिसमें राख और अधजले कोयले बिछे हों ।

cinders *सिंडर्स n. pl.* ashes. भस्म ।

cindery *सिंडरी adj.* composed of cinders; pertaining to cinders; like or resembling cinders. राख या भस्म का बना हुआ; भस्म संबंधी; भस्म जैसा ।

cine *साइन. सिनी prefix.* in composition it means cinema. उपसर्ग रूप में चलचित्र का अर्थ देने वाला शब्द ।

cine-biology *सिनी-बायोलॉजी n.* study of biology with the help of cinematographic films. सिनेमा की चलती तस्वीरें बना कर जीव-विज्ञान का अध्ययन ।

cinema *सिनेमा n.* a play of moving pictures; a moving film. चलचित्र (संविधान) चलती फिरती तस्वीरें ।

cinema-organ *सिनेमा-ऑर्गन n.* a kind of organ used in cinemas and theatres. चलचित्रों तथा नाटकों में काम आने वाला एक बड़ा बाजा ।

cinematic *सिनेमॅटिक adj.* pertaining to cinema. चलचित्र सम्बन्धी ।

cinematograph *सिनेमॅटोग्राफ n.* apparatus for projecting film; film itself. चलचित्र (संविधान) चलचित्र दिखाने की कल ।

cinematograph camera *सिनेमॅटोग्राफ कॅमेरा n.* चलचित्र निर्माण करने का कमरा ।

cinematographer *सिनेमॅटोग्राफर n.* one who prepares or shows films. सिनेमा के चित्र तैयार करने वाला या दिखाने वाला ।

cinematographic *सिनेमटोग्राफिक adj.* pertaining to cinemagraph. चलचित्र से सम्बन्धित ।

cinematographist *सिनेमॅटोग्राफिस्ट n.* one who carries on the business of cinematographs. चलचित्र सम्बन्धी व्यापार करने वाला ।

cinematography *सिनेमटोग्राफी n.* art and science of preparing cinematograph films. चल चित्र तैयार करनें की कला तथा विज्ञान ।

cinaol *सिनिऑल n.* (also *cineole*) a liquid used for killing germs and has a smell like camphor. कीटाणुओं को नष्ट करनें के काम आने वाला एक द्रव पदार्थ जो कपूर के समान सुगन्ध देता है ।

cineraria *सिनीरेरिया n.* a kind of plant grown in south Africa having ash coloured leaves. दक्षिण अफ्रीका में उगने वाला एक पौधा जिसके पत्ते मटियाले होते हैं।

cinerary *सिनेरेरी adj.* pertaining to ashes cindery; containing ashes of dead. भस्म सम्बन्धी; राख का; मृतक व्यक्ति की भस्म रखने का (पात्र)।

cineration *सिनरेशन n.* the state of being cinerary. राख वाला होने की स्थिति।

cinerator *सिनरेटर n.* one who keeps the ashes of the dead. मृतक व्यक्तियों की राख रखने वाला।

cinerea *सिनीरिया n.* a grey matter found in the nerves of animals.पशुओं आदि की धमनियों में मिलने वाला एक मटियाला पदार्थ।

cinereal *सिनीरियल n.* having the colour of ash; containing ashes. राख के रंग वाला; जिसमें राख हो।

cinereous *सिनीरियस adj* of the colour of ash i. e. greyish. राख के समान भूरे रंग का

cineritious *सिनीरिटस adj.* pertaining to cinerea. नसों में पाये जाने वाले मटियाले पदार्थ सम्बन्धी।

Cingalese *सिंगेलीज adj.* belonging to Ceylon. श्री लङ्का वाला।
n. inhabitant of Ceylon. श्री लङ्का निवासी

cingulum *सिंग्यूलम n.* a kind of girdle. एक प्रकार की पेटी या कमरबन्द।

cinnabar *सिनॅबार n.* vermilion. सिन्दूर; सिंगरफ।
n. of the colour of cinnabar. सिंदूर जैसा रंग वाला।

cinnabaric *सिनॅबॅरिक adj.* like vermilion. सिन्दूर के समान।

cinnabarine *सिनॅबॅरीन n.* a compound of cinnabar. सिंदूर का बना हुआ एक पदार्थ।

cinnabar-moth *सिनॅबॅर-मॉथ n.* a kind of moth having cinnabaric colour. एक प्रकार का कीड़ा जिसका रंग सिंदूर के समान होता है।

cinnamon *सिनमन n.* aromatic bark of a tree used as spice; the tree itself. दालचीनी; दारूसिता; दालचीनी का पेड़।

cinnamon-bear *सिनमन बेयर n.* a black bear of America. अमरीका का एक काला भालू।

cinnamonic *सिनमॉनिक adj.* (also *(cinnamic)* containing cinnamon; made of cinnamon. दालचीनी से बनने वाला।

cinnamon-stone *सिनमॅन-स्टोन n.* a kind of stone of cinnamon colour used in construction. मटियाला पत्थर जो मकान बनाने में काम आता है।

cinque *सिङ्क n.* number five in cards; number five in dice. ताश में पञ्जी; पासों में पञ्जा।

cinque-cento *सिङ्क-सेन्टो n.* the sixteenth century. सोलहवीं शताब्दी।

cinque-foil *सिङ्क-फॉइल n.* a plant. having five leaves. पांच पत्तों वाला पौधा।

cinque ports *सिङ्क पोर्ट्स n.* five important ports of England. इङ्गलिस्तान की पांच प्रसिद्ध बन्दरगाहें।

cinque-pace *सिङ्क पेस n.* (also *cinque a pace*) a dance having five beats. एक प्रकार का नाच जो पांच ताल पर नाचा जाता है।

cinque spotted *सिङ्क स्पॉटेड adj.* (*Shak.*) having five spots. पांच चिह्नों वाला, जिसके पांच धब्बे हों।

cion *सियन* (U. S. spelling; in England it is spelt as *scion*) an offshoot; a descendant. किसी परिवार की शाखा; किसी व्यक्ति के परिवार की शाखा का कोई व्यक्ति।

cipher *साइफर n.* (1) zero. (2) person who is nil in importance or brains. (3) a code of secret writing in numbers. (१) शून्य; बिन्दु। (२) ऐसा व्यक्ति जो बुद्धि से शून्य हो; ऐसा व्यक्ति जिसकी महत्ता कुछ न हो। (३) संख्याओं के द्वारा लिखने की एक गुप्त प्रणाली।
v. t. to calculate; to write in cipher; to decipher. हिसाब लगाना, गुप्त भाषा में लिखना या उसे पढ़ना।
v. i. to do arithmetical sums. हिसाब के सवाल निकालना।

ciphering *साइफरिङ्ग n.* act of writing in cipher language. गुप्त भाषा में लिखना।

cipher-key *साइफर-की n.* a book or key containing the secret language. गुप्त भाषा लिखने या पढ़ने में सहायक पुस्तक।

cipollino *चीपोलीनो n.* (also *cipolin*) a kind of greyish marble. एक प्रकार का भूरे से रंग का चिकना मजबूत पत्थर।

cippus *सिपस n.* (*pl. cippi*) a pillar specially one constructed as a monument. एक खंभा विशेषत: जो कि स्मारक रूप में बना हो।

circa *सरका prep.* about; something like, लगभग।
adv. round about. चारों ओर।

circaean *सरसीयन adj.* (also *circean*) degrading; pertaining to a goddess who made men into swines by magic. पतित करने वाला; एक देवी सम्बन्धी जो आदमियों को जादू से सुअर बना दिया करती थी।

circassian *सिरकैसियन* n. a kind of light fabric resembling the one manufactured in Kashmir. कश्मीरे के समान एक प्रकार का हल्का कपड़ा।

circensian *सरसेंशियन adj. & n.* place for holding games and contests. खेलों का मैदान; अखाड़ा जहां कुश्ती होती है।

circinate *सिरसिनेट adj.* having shake like a ring. पहिये जैसे आकार वाला।

circle *सर्कल n.* (1) a figure on plane surface bounded by on line and having centre; (2) a round body; (3) complete series; (4) orbit of round things; (5) group or association; (6) a wheel as on flag. (१) समतल पर बनी हुई आकृति जिसमें एक ही रेखा हो तथा एक केन्द्र हो, वृत; (२) गोल वस्तु; (३) पूरा चक्र या वस्तु-माला (४) गोल वस्तुओं का घेरा, (५) मंडल या संस्था; (६) गोले का चक्र।
v. i. to stand in a circle; to move in a circle. चक्र या वृत्त में खड़ा होना; घेरे में घूमना।
v. t. (1) to move round. (2) to circumscribe. (3) to encircle or enclose in a circle. (१) चारों ओर चक्कर काटना। (२) घेर लेना। (३) घेरे में बन्द करना; चारों ओर घेरा बनाना।
dress circle : a special place in cinema सिनेमा में एक विशेष बैठने का स्थान।
reasoning in a circle : assuming in an argument something as true which is to be proved. जो बात सिद्ध करनी है उसे ही प्रमाण मान कर तर्क करना जो कुतर्क बनजाता है।
study circle स्टडी सर्कल n. a circle for propaganda. प्रचारक-मण्डल।

circled *सर्कल्ड adj.* circular; enclosed in a circle. गोलाकार; घेरे में बन्द किया हुआ।

circler *सर्क्लर n.* one who makes a circle घेरा बनाने वाला।

circle-rider *सर्कल-राइडर n.* one who rides in a circle to round up cattle. ढोरों को घेरने के लिये घेरे में घूमने वाला व्यक्ति।

circle-riding *सर्कल राइडिङ्ग n.* act of riding in circle to round up cattle. घेरे में घूम कर ढोरों को घेरने की क्रिया।

circlet *सर्क्लेट n.* a small circle. छोटा वृत्त; छोटा मण्डल।

circs *सर्कस n.* meaning circumstances. (*slang.*) परिस्थितियां।

circuit *सर्किट n.* (1) a line enclosing a circle. (2) journey. (3) path of electric current. (4) branch. (5) tour. (१) वृत्त घेरा। (२) यात्रा। (३) बिजली का मार्ग (४) शाखा। (५) दौरा।
v. t. to go around. घूमना; चक्कर लगाना; दौरे पर जाना।
adj. coming for short time; branch. थोड़े समय के लिए आना वाला; शाखा।
short circuit : connection of electric wires in the way. मार्ग में बिजली के तारों का मिल जाना।

circuit-bench *सर्किट बेंच n.* High Court judges going out from head quarters. मुख्यालय से दूर जाकर काम करने वाले न्यायाधीश।

circuit breaker *सर्किट ब्रेकर n.* a switch for interrupting electric current. बिजली की धारा बन्द करने की कल।

circuit-court *सर्किट कोर्ट n.* branch of a High Court. उच्च न्यायालय की शाखा।

circuiteer *सर्किटियर n.* a judge goes on a circuit. शाखा में दौरे पर जाने वाला न्यायाधीश।

circuitous *सर्क्यूइटस adj.* (1) roundabout. (2) having a circular path. (3) indirect. (१) गोल माल तरीके वाला; (२) परिक्रमा के मार्ग वाला; (३) अप्रत्यक्ष।

circuitously *सर्क्यूइटली adv.* in a roundabout manner; indirectly. गोलमाल तरीके से; अप्रत्यक्ष रूप में।

circuitousness सर्क्यूटसनेस *n.* state of being circuitous. गोलमाल की स्थिति; अप्रत्यक्ष रीति।

circuit-rider सर्किट-राइडर *n.* a preacher who goes to preach on tour. ऐसा उपदेशक जो उपदेश करने के लिये दौरा करे।

circuity सर्क्यूइटी *n.* motion in a circle; an indirect course. घेरे या गोलाई में घूमना; अप्रत्यक्ष तरीका।

circulable सर्कुलेबल *adj* which can be circulated. जिसको घुमाया या प्रचारित किया जा सके।

circular सर्कुलर *adj.* (1) having the shape of a circle. (2) round. (3) sent to several persons. (१) वृत्ताकार वाला; (२) गोल; (३) बहुत से लोगों को भेजा गया; परिचालित।

n. a written communication sent to many persons or bodies. परिपत्र (जो पत्र बहुत से लोगों को भेजा जाये।

circularise सर्कुलराइज *v. t.* to issue in the form of circular, to popularise by circulating. परिपत्र के रूप में घुमाना; परिचालित करके लोकप्रिय बनाना।

circularity सर्कुलरिटी *n.* a roundity; state of being circular. गोलाई; गोल होने की अवस्था।

circular letter सर्कुलर लेटर *n.* a letter issued in the form of circular. ऐसा पत्र जो कई व्यक्तियों को एक साथ भेजा जाये।

circularly सर्कुलर्ली *adv.* in a circular manner. चक्कर; चक्कर के तरीके से।

circular note सर्कुलर नोट *n.* a letter of bank credit for the use of a traveller; a kind of bearer bill. यात्री को बैंक द्वारा दी गई एक हुन्डी जिसके आधार पर वह मार्ग में रुपया ले सकता है।

circulate सर्कुलेट *v. t.* to send in the form of circular or with a circular; to spread; to give currency to. परिपत्र के रूप में या परिपत्र के साथ परिचालित करना; घुमाना; प्रचार करना; फैलाना।

v. i. to move round: to go round in circle. घूमना; परिक्रमा करना; चक्कर लगाना।

circulating सर्कुलेटिंग *adj.* moving in a circle. चक्कर खाता हुआ।

circulating library सर्कुलेटिंग लायब्रेरी *n.* a library which circulates books to its subscribers. ऐसा पुस्तकालय जो अपने ग्राहकों को पुस्तकें परिचालित करता है।

circulation सर्कुलेशन *n.* state or act of circulating. किसी वस्तु को परिचालित करने की दशा या क्रिया।

circulative सर्कुलेटिव *adj.* producing circulation- चक्कर देने वाली।

circulator सर्कुलेटर *n.* one who spreads news. खबर फैलाने वाला।

circulatory सर्कुलेटरी *adj.* pertaining to circulation. परिचालन संबंधी।

circum सर्कम *prefix.* when in composition it gives the sense of 'round' or 'about' एक उपसर्ग जिससे 'चारों ओर' का अर्थ निकलता है।

circumambages सरकॅमबेजीज *n.* a speech in which nothing is said direct but in a round about manner. ऐसा भाषण जिसमें कोई बात स्पष्ट रूप से न कहकर गोलमाल तरीके से कही जाय।

circumambagious सरकॅमबेजस *adj.* speaking in a round about manner. गोलमाल तरीके से बोलने वाला।

circumambience सरकॅमबियंस *n.* (also *circumambiency*). घेरने की स्थिति; परिक्रमा देने की क्रिया।

circumambient सरकमबियंट *adj.* surrounding or going about. घेरने वाला; चारों ओर से घेरे हुए।

circumambulate सरकॅम्बुलेट *v. i. & v. t.* to walk around. परिदक्षिणा या परिक्रमा करना।

circumambulation सरकॅम्बुलेशन *n.* act of walking around. परिक्रमा; परिदक्षिणा।

circumambulatory सरकॅम्बुलेटरी *adj.* circular. चक्करदार; चक्कर खाने वाला।

circumbendibus सरकमबडिबस *n.* round about method. गोलमाल का तरीका।

circumcentre सर्कम सेंटर *n.* centre of a circle which circumscribes anything. किसी के चारों ओर खींचे गये वृत का केन्द्र बिन्दु।

circumcise सर्कम साइज *n.* to cut skin of the front portion of male organ or penis. (as is done muslims). पुरुष के लिंग के परदे का अगला भाग काट देना; सुन्नत करना। ऐसा मुसलमान तथा यहूदी करते हैं।

circumciser सर्कमसाइजर *n.* one who circumcises or is circumcised. सुन्नत करने वाला; लिंग कटा; यहूदी या मुसलमान।

circumcision सर्कमसिजन *n.* act of cutting the skin over the front portion of penis. लिंग के परदे के अगले भाग को काटने की क्रिया; सुन्नत।

circumdenudation सर्कमडेन्यूडेशन *n.* erosion of surroundings. चारों तरफ से मिट्टी कट जाना।

circumduce सर्कमड्यूस *v. i.* (*Scot*) to declar eat an end· समाप्ति की घोषणा कर देना।

circumduct सर्कमडक्ट *v. t.* to lead round or about. चारों ओर घुमाना।

circumduction सर्कमडक्शन *n.* state or act of leading round or about चारों ओर घुमाने की क्रिया या स्थिति।

circumductory सर्कमडक्टरी *adj.* pertaining to circumduction. चारों ओर घुमाने से सम्बद्ध।

circumference सर्कमफरेंस *n.* the lime which encloses a circle in it; the lenght of the line. वृत का घेरा या घेरे की रेखा; उक्त रेखा का माप, परिधि।

circumferential सर्कमफरेंशल *adj.* pertaining to circumference. वृत्त की परिधि से सम्बद्ध।

circumferentor सर्कमफरेंटर *n.* an instrument for measuring cirumference and angles. घेरा तथा कोण आदि नापने का एक उपकरण।

circumflect सर्कमफ्लेक्ट *v t.* to bend around. चारों ओर झुकना।

circumflex सर्कमफ्लेक्स *n.* state of bending round, the mark (^) सब ओर झुकाव; (^) का चिह्न।

circumflexion सर्कमफ्लेक्शन *n.* going up or down of voice in a syllable. किसी ध्वनि वर्ग में ध्वनि का नीचे ऊपर चढ़ना उतरना।

circumfluence सर्कमफ्लुअ्रेन्स *n.* the act of flowing on all sides. चारों ओर बहाव।

circumfluent सर्कमफ्लूएण्ट *adf.* flowing on all sides. सब ओर बहने वाला।

circumfluous सर्कमफ्लुअस *adj.* surrounded. by water. जल से घिरा हुआ।

circumforanean सर्कमफोरेनियन *adj.* (also *circumforaneous* सर्कमफोरेनियस) wandering from place to place or market to market vagrant. स्थान स्थान पर घूमने वाला; बाजार से बाजार में घूमने वाला; घुमक्कड़; बंजारा।

circumfuse सर्कमफ्यूज *v.t.* to pour around; wetten. चारों ओर कोई द्रव बखेरना; गीला करना।

circumfused सर्कमफ्यूज्ड *adj.* something around which a liquid has been poured जिसके चारों ओर कोई द्रव पदार्थ डाला गया हो।

circumfusile सर्कमफ्यूजाइल *adj.* molten. पिघलाया हुआ।

circumfusion सर्कमफ्यूजन *n.* act of pouring around; melting. चारों ओर द्रव डालने की क्रिया; पिघलाने की क्रिया।

circumgyrate सर्कमजिरेट *v. t.* to whirl around. चारों ओर भंवर के समान घूमना।

circumgyration सर्कमजिरेशन *n.* act of whirling around. चारों ओर भंवर के समान घूमने की क्रिया।

circumgyratory सर्कमजिरेटरी *adj.* round which whirling has been done. जिसके चारों ओर घूमा जाये।

circumjacency सर्कमजेंसन्सी *n.* state or act of lying round bordering on every side. चारो ओर सीमाओं पर स्थित होने या पड़े रहने की क्रिया या स्थिति।

circumjacent सर्कमजेंसेण्ट *n.* which is lying round; bordering on every side. चारों ओर स्थित; प्रत्येक सीमा पर लगा हुआ।

circumlittoral सर्कमलिटोरल *adj.* adjacent to the shore-line. समुद्र तटीय सीमा पर लगा हुआ।

circumlocute सर्कमलोक्यूट *v. i.* to use round about language. सीधी बात न कह कर घुमा फिरा कर बात कहना।

circumlocution सर्कमलोक्युशन *n.* round about expression by using many words instead of one. एक के स्थान पर कई शब्द कह कर कोई बात अभिव्यक्त करना; व्यञ्जना तथा लक्षणा।

circumlocutionist सर्कमलोक्युशनिस्ट *n.* one who indulges in circumlocution. घुमा फिरा कर बात कहने वाला व्यक्ति; व्यञ्जना भाषी;

लक्षणा का प्रयोग करने वाला।

circumlocution office *सर्कमलोक्युशन ऑफिस n.* a Government Department dilatory in attending to business. ऐसा सरकारी विभाग जो हर कार्य में विलम्ब करे।

circumlocutory *सर्कमलोक्युटरी adj.* involving circumlocution. लक्षणा या व्यञ्जना वाली अभिव्यक्ति फेरफार वाली।

circummure *सर्कम्यूर v. t.* (*Shak.*) to build a wall round. चारों ओर दीवार बना देना।

circumnavigable *सर्कमनॅवीगेबल adj.* round which ships can sail. जिसके चारों ओर जहाज चल सकें।

circumnavigability *सर्कमनॅवीगेबिलिटी n.* the state of being circumnavigable. ऐसी स्थिति कि चारों ओर जहाज घूम सकें।

circumnavigate *सर्कमनॅवीगेट v. t.* to sail round the globe or anything else. विश्व के चारों ओर जलयात्रा करना; किसी स्थान के चारों ओर नाव या जहाज से घूमना।

circumnavigation *सर्कमनॅवीगेशन n.* act of going around in ship. जहाज से चक्कर लगाने की क्रिया।

circumnavigator *सर्कमनॅवीगेटर n.* one who sails around a land or around the world. किसी भूमि के या विश्व के चारों ओर जलयात्रा करने वाला।

circumnutate *सर्कमन्युटेट v. t.* to rotate in nodding manner. सिर हिलाने के समान घूमना।

circumnutation *सर्कमन्युटेशन n.* act of rotating in a nodding manner. सिर हिलाने के समान घूमने की क्रिया।

circumnutatory *सर्कमन्युटेटरी adj.* one who rotates in a nodding manner. सिर हिलाने के समान घूमने वाला।

circumoral *सर्कमॉरल adj.* placed round the mouth. मुख के चारों ओर रखा हुआ।

circumpolar *सर्कमपोलर adj.* situated near the pole. ध्रुव के पास स्थित।

circumpolar stars *सर्कमपोलर स्टार्स n.* stars so near the poles that they never set there. तारे जो ध्रुव के इतने निकट हैं कि वहां सारे साल दिखाई देते है।

circumpose *सर्कमपोज v. t.* to place around. चारों ओर रखना।

circumposition *सर्कमपोजीशन n.* act of placing around. चारों ओर रखने की स्थिति या क्रिया।

circumrotation *सर्कमरोटेशन n.* act of rotating around. चक्कर खाने की क्रिया।

cirumscissible *सर्कमसिसिबल adj.* which can be opened in a round about manner. जो गोलमाल तरीके से खोला जा सके

circumscribable *सर्कमस्काइबेबल adj.* which can be circumscribed. जो घेरा जा सके; जो प्रतिबन्धित या संकुचित किया जा सके।

circumscribe *सर्कमस्काइब v. t.* to enclose in a line drawn around; to curtail; restrict; confine. चारों ओर रेखा बना कर उसमें बन्द करना; कम करना; प्रतिबन्धित करना; संकुचित करना; सीमित करना।

circumscriber *सर्कमस्काइबर n.* one who circumscribes. प्रतिबन्धित करने वाला; घेरने वाला; सीमित करने वाला।

circumscription *सर्कमस्क्रिप्शन n.* marking of the limits; definition. सीमा निश्चित करना; परिभाषा।

circumscriptive *सर्कमस्क्रिप्टिव adj.* limiting. सीमित करने वाला; परिधि बनाने वाला।

circumsolar *सर्कमसोलर adj.* revoling round the sun. सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाला।

circumspect *सर्कमस्पेक्ट adj.* wary; cautious; looking around. सावधान; चारों ओर देखने वाला।

circumspection *सर्कमस्पक्शन n.* caution before hand; thoughtfulness. सावधानी, दूरदर्शिता; विचार शीलता।

circumspective *सर्कमस्पेक्टिव adj.* prudent; looking around on all sides. चारों ओर देखने वाला; दूरदर्शी।

circumspectly *सर्कमस्पक्टिवली adv.* cautiously; in a thoughtful maner. सावधानी पूर्वक; विचार शील तरीके से।

circumspectness *सर्कमस्पक्टनेस n.* state or act of being cautious. सावधान होने की दशा या क्रिया।

circumstance *सर्कमस्टान्स n.* (*sing.*) event; occurrence; situation; incident. परिस्थिति; घटना; दशा; अवस्था।
v. t. to place in particular circumstances. विशेष परिस्थितियों में फंसा देना।

circumstances *सर्कमस्टान्सस n.* (*pl.*) state of things; conditions as a series. परिस्थितियां (संविधान) घटना-क्रम।
in good circumstances: in these prosperous state. अच्छी परिस्थितियों में।
in the circumstances: in these conditions. इस हालत में; इन परिस्थितियों में।
not a circumstance to: (U. S.) nothing to. कुछ नहीं; महत्वहीन है।

circumstantial *सर्कमस्टॅन्शयल adj.* relating to circumstances; detailed; minute, incidental; not essential; not direct. परिस्थितियों सम्बन्धी; विस्तृत; ब्यौरेवार; घटनात्मक: अप्रत्यक्ष।

circumstantial evidence *सर्कमस्टॅन्श्यल एवीडेन्स n.* indirect evidence. अप्रत्यक्ष प्रमाण।

circumstantiality *सर्कमस्टॉन्श्यलिटी n.* minuteness details; state of being circumstantial. ब्योरेवार होने की स्थिति; विस्तृतता; बारीकी।

circumstantially *सर्कमस्टॅन्श्यली adv.* in a detailed manner; in a circumstantial. manner. परिस्थितियों के अनुसार; ब्यौरे से;

circumstantials *सर्कमस्टॅन्श्यल्स n.* details. विस्तृत बातें; ब्यौरा।

circumstantiate *सर्कमस्टॅन्शियेट v. t.* to prove by circumstances to describe exactly. परिस्थितियों से सिद्ध करना; ठीक ठीक वर्णन करना।

circumvallate *सर्कमवॅलेट v. t.* to surround with a wall. दीवार से घेर देना।

circumvallation *सर्कमवॅलेशन n.* act of surrounding with a wall. दीवार से घेरने की क्रिया।

circumvent *सर्कमवेन्ट v. t.* to entrap; to cheat. जाल में फंसाना; धोखा देना।

circumvention *सर्कमवेन्शन n.* deception. छल कपट; ठगी।

circumventive *सर्कमवेंटिव adj.* deceiving. धोखा देने वाला।

circumvolution *सर्कमवॉल्यूशन n.* act of rolling round; a coil. चारों ओर चक्कर काटना; घुमाव; चक्कर।

circumvolve *सर्कमवॉल्व v. t.* to roll round लुढ़कना।
v. i. to revolve. चारों ओर घूमना।

circus *सर्कस n.* (1) a circular space. (2) play ground. (3) place for exhibiting. (4) open space at street junction. (१) गोल स्थान या चौक। (२) खेल का मैदान। (३) पशुओं के खेल दिखाने का स्थान। (४) सड़क के चौराहे पर खुला स्थान; चौक।

circusy *सर्कसी adj.* (also *circussy*) pertaining to a circus. सर्कस सम्बन्धी।

cirque *n.* (*Fr.*) a circus; a ring. सर्कस: गोल चक्कर।

cirrhosis *सिरोसिस n.* a disease of the lever. जिगर का रोग।

cirrus *सर्रस n.* (*pl. cirri*) cloud resembling in form the distended lock of hair. बिखरे हुए बालों की आकृति का बादल।

cisalpine *सिसलपाइन adj.* on this side of Alps. एल्प्स के इस ओर।

cis-atlantic *सिस-एटलांटिक adj.* on this side of Atlantic. अतलांतिक महा-सागर के इस ओर।

ciseleur *सीज़लर n.* one who does the work of engraving. शिल्पकार; खुदाई का काम करने वाला।

ciselure *सीज़लूर n.* art of engraving. खुदाई का काम।

cis-montane *सिस-मॉण्टेन adj.* on this side of mountain. पर्वत के इस ओर।

cispontine *सिस-पॉण्टाइन adj.* on this side of bridge. पुल के इस ओर।

cissy *सिसी n. & adj.* a man having habits of a woman. जनाना आदमी; औरतों की सी आदतों वाला पुरुष।

cist *सिस्ट n.* a chest made of stones; an old grave of prehistoric period resembling a chest or a tomb. पत्थर का बना सन्दूक; बहुत पुराने समय की कोई कबर या समाधि।

cisted *सिस्टेड adj.* containing stone of chests. पत्थर के सन्दूक वाला।

cistercian *सिस्टर सियन adj. & .n* one belonging to an order of the monks having certain principles. विशेष सिद्धान्तों वाले कुछ पादरियों की एक श्रेणी विशेष का सदस्य।

cistern *सिस्टर्न n.* a reservoir for storing water; a water-tank. जलाशय; जल की टङ्की जलागार; जल-कुण्ड: पानी का हौज।

cistic *सिस्टिक adj.* like a cist. पत्थर के सन्दूक के समान।

cit *सिट n.* (*fem. citess.*) (Slang) a city man (called so in contempt); a rogue. नगरवासी (धूर्त के अर्थ में घृणा-सूचक प्रयोग)। (also *cits*) (*American slang*) civilian clothes. असैनिक वस्त्र।

citable *साइटेबल n.* which is fit be cited. दृष्टान्त देने योग्य।

citadel *सिटडॅल n.* a small fort near a city. नगर का दुर्ग या गढ़।

cital *सिटल n.* summons to appear. पेश होने के समान।

citation *साइटेशन n.* quotation; reference. दृष्टान्त; निर्देश।

citatory *सिटेटरी adj.* addicted to citation. जिसे उद्धरण करने का शौक हो।

cite *साइट v. t.* to quote; to mention as example; to summon उद्धरण देना; उदाहरण के रूप में उल्लेख करना, आह्वानकरना; बुलाना।

cithara *सिथरा n.* an ancient musical instrument of Greece. यूनान का एक प्राचीन वाद्य साज।

citharist *सिथरिस्ट n.* a player on the cithara. सिथरा बजाने वाला।

citharistic *सिथरिस्टिक adj* portaining to sithara. सिथरा संबंधी।

cither *साइथर n.* (also *cithern*; *cittern*) an instrument of different kind from sithara. सिथरा से भिन्न एक अन्य प्रकार का वाद्य साज।

citigrade *सिटिग्रेड adj* having quick steps. तेज चाल वाला।

citizen *सिटिजन n.* belonging to a state; a townman; (U. S.) a civilian (female *citizeness*) नागरिक (*संविधान*);पौर; जानपद; पुरवासी।

citizenise *सिटिजनाइज v. t.* to make a citizen. नगरिक बनाना।

citizenry *सिटिजनरी n.* the general body of citizens. नागरिकों का समाज या समुदाय।

citizenship *सिटिजनशिप n.* state of being a citizen; rights of citizen. नागरिकता (*संविधान*; नागरिक के अधिकार।

citole *सिटोल n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का वाद्य- साज।

citrange *सिट्रेंज n.* a hybrid between citron and orange. शंतरे तथा माल्टे के मेल से बना फल।

citrate *सिट्रेट n.* a salt of citric acid. साइट्रिक तेजाब का एक लवण।

citreous *सिट्रिअस adj.* dark and greenish yellow. गहरा हरा रंग।

citric *साइट्रिक adj.* pertaining to citron or lemon. नीबू की खटाई सम्बन्धी।

citric acid *साइट्रिक एसिड n.* an acid of citron. नीबू का तेजाब।

citrine *साइट्रीन n.* dark green colour. गहरा हरा रंग।

citron *साइट्रॉन n.* a large lemon like fruit. नीबू के समान बड़े आकार का फल; चकोतरा।

citronella *सिट्रोनेला n.* a kind of grass grown in Ceylon. श्री लंका में पैदा होने वाली एक प्रकार की घास।

citronella oil *सिट्रोनेला ऑइल n.* oil of the citronella grass used in perfumery. सिट्रोनेला घास का तेल जो इत्र बनाने के काम आता है।

citron-tree, citron-wood *n.* a kind of tree and its wood used in making furniture. एक प्रकार का वृक्ष और उसकी लकड़ी जिसके मेज कुर्सी बनते हैं।

citrus *साइट्रस n.* the citron tree. साइट्रोन नामक वृक्ष।

citrus fruits *साइट्रस फ्रूट्स n.* fruits of acidic taste like lemon, orange etc. खट्टे रस वाले फल जैसे नीबू खट्टा, शंतरा आदि।

citrus-wood *साइट्रस वुड n.* the wood of citron used in furniture. साइट्रोन वृक्ष की लकड़ी जिसका सामान बनता है।

city *सिटी n.* (*pl. cities*) a large town. नगर (*संविधान*) शहर।

Eternal city *एटर्नल सिटी* Rome. रोम नामक नगर।

Holy city : a city held holy like Jerusalem or Prayag. तीर्थ (जैसे ईसाइयों का यीरुशलेम या हिन्दुओं का प्रयाग)।

heavenly city : *हेवनली सिटी n.* an ideal city of Christ. ईसा मसीह का आदर्श भव्य नगर।

city article *सिटी आर्टिकल n.* an article on commerce etc. in newspaper. पत्रों में वाणिज्य सम्बन्धी लेख आदि।

city company *सिटी कम्पनी n.* a company incorporated in city. नगर में निगमित समवाय।

city editor *सिटी ऍडीटर n.* the editor dealing with commercial news. वाणिज्य आदि से सम्बन्धित समाचार।

city fathers *सिटी फादर्स n.* the Municipal Commissioners. नगर की नगर पालिका के सदस्य; नगर पिता।

city man *सिटी मैन n.* a man working in city and doing business act; a civilised person. नगर का व्यापारी; लाला; सेठ; बनिया; सभ्य व्यक्ति।

city manager *सिटी मैनेजर n.* one who manages the offices of a city like Municipal President. नगर का प्रबन्ध करने वाला व्यक्ति जैसे नगरपालिका का प्रधान।

city mission *सिटी मिशन n.* a body to help the poor people in city. नगर में निर्धनों की सहायता करने वाली संस्था।

city of God *सिटी ऑफ गॉड n.* heaven. स्वर्ग; ईशपुरी।

city of refuge *सिटी ऑफ रिफ्यूज n.* a city which is a sanctuary for criminals. एक नगर जो अपराधियों का शरण स्थल माना जाता हो।

city state *सिटी स्टेट n.* a sovereign state having one city only & some villages. ऐसा स्वतन्त्र राज्य जिसमें एक ही नगर और कुछ देहात हों।

cive *साइव n.* (also spelt *chive.*) a kind of herb like onion एक प्रकार की जड़ी जिस में से प्याज की सी बदबू आती है।

civet *सिवेट n.* a kind of perfume. एक प्रकार का इत्र।

civic *सिविक adj.* of city; municipal; civil; proper or befitting the citizens. नगर का; नगर पालिका सम्बन्धी; असैनिक; व्यवहार सम्बन्धी; नगरीय; नागरिकों के योग्य।

civic centre *सिविक सेंटर n.* the centre of a city where main municipal buildings are situated. नगर का केन्द्र भाग जहां नगरपालिका भवन आदि हों।

civic guard *सिविक गार्ड n.* the guards for maintaining peace in city. नगर-रक्षक दल जो नगर में शान्ति रखते हैं।

civics *सिविक्स n.* science of municipal administration; subject of citizenship. नागरिकता-शास्त्र; नगरपालिका-प्रशासन कला।

civic sense *सिविक सेन्स n.* the sense of living as a good citizen. अच्छे नागरिक की भांति रहने की भावना।

civil *सिविल adj.* (1) not military. (2) not criminal (court). (3) relating to people. (4) polite. (5) political. (6) becoming a citizen. (१) असैनिक (*संविधान*)। (२) व्यवहार (*संविधान*)। (३) लोगों से सम्बन्धित। (४) शिष्ट; सभ्य। (५) राजनैतिक। (६) नागरिक के योग्य।

civil case *n.* a case about property etc. between individuals. नागरिकों के बीच व्यवहारवाद; दीवानी दावा।

civil code *सिविल कोड n.* code relating to the personal relations of citizens. व्यवहार संहिता (*संविधान*)।

civil court *सिविल कोर्ट n.* court dealing with civil cases. व्यवहार न्यायालय (*संविधान*)

civil day *सिविल डे n.* the date used for business purposes. व्यापार में प्रयुक्त तारीख

civil death *सिविल डेथ n.* loss of civil rights; becoming; a *sanyasi* with legal consequences. नागरिक अधिकारों से वंचित होना; संन्यासी बनने का वैध परिणाम।

civil engineer *सिविल एंजिनियर n.* engineer dealing with construction work. भवन; पुल आदि निर्माण करने वाला इञ्जीनियर।

civilian *सिविलियन n.* a civil officer. असैनिक पदाधिकारी।

civilisable *सिविलाइजेबल adj.* who can be civilised. जिसका सुधार हो सके।

civilisation *सिविलाइजेशन n.* state of being civilised; culture. सभ्यता; शिष्टता; संस्कृति।

civilise *सिविलाइज v. t.* to enlighten and refine; to teach city manners; to bring out of barbarism. सभ्य बनाना; सुधारना; नगर का शिष्टाचार सिखाना।

civilised *सिविलाइज्ड adj.* refined; enlightened; cultured; accomodating. शिष्ट; सभ्य; विनीत।

civiliser *सिविलाइजर n.* one who teaches civilisation. सभ्यता सिखाने वाला।

civilist *सिविलिस्ट adj.* expert in civil law. व्यवहार विधि में विशेषज्ञ।

civility *सिविलिटी n* politeness; good manners. शिष्टता; सज्जनता; आदर सत्कार, भलमनसाहत ।

civil law *सिविल लॉ n.* law relating to citizens as opposed to martial law. असैनिक विधि; नागरिकों से आपसी संबंधों की विधि; व्यवहार विधि ।

civil lawyer *सिविल लॉयर n.* dealing with civil suits. व्यवहार-वादों का वकील ।

civil list *सिविल लिस्ट n.* a list of big officers of state. पदाधिकारियों की सूची ।

civilly *सिविलली adv.* in a civil manner. व्यवहारिक रूप में; सभ्य रूप में ।

civil power *सिविल पावर n.* power other than military. असैनिक शक्ति (*संविधान*) ।

civil procedure *सिविलप्रॉसीजरn.* the procedure in civil case. व्यवहारवादों की प्रक्रिया

civil procedure code *सिविल प्रॉसीजर कोड n.* (*C. P. C.*) व्यवहार प्रक्रिया संहिता (*संविधान*)

civil service *सिविल सर्विस n.* the cadre of non-military officers. असैनिक सेवा (*संविधान*) के अधिकारियों की पदावली ।

civil suit *सिविल सूट n.* a case in court under civil law. व्यवहार वाद; दीवानी दावा ।

civil-suited *सिविल- सूटेड adj* (Milton) well dressed. तड़कभड़क की वेष-भूषा वाला ।

civil war *सिविल वार n.* war between the citizens of the same state. एक ही राज्य के नागरिकों के बीच गृह युद्ध ।

civism *सिविज्म n.* good citizenship. अच्छी नागरिकता ।

civvy *सिव्वी n.* (slang) civilian. (*pl.*) *civvies* meaning civilian clothes.) नगर वासी; नागरिक वस्त्र ।

cizers *सिजर्स n.* Shakespearean spelling of scissors. कैंची ।

clabber *क्लैबर n.* (1) mud. (2) milk curdled by souring. (१) कीचड़ । (२) दूध फाड़ कर जमाया हुआ ।
v. t. to curdle as milk. खट्टा करके या फाड़ कर जमाया हुआ जैसे दूध ।

clachan *क्लेखन n.* (*Scot.*) a small village; a village inn or hut. एक छोटा गांव; गांव की सराय या झोपड़ी ।

clack *क्लेक v. i.* (1) to clap; rattle; chatter. (2) to cackle as a hen. (3) to utter heedlessly. (१) ताली बजाना; खटाक का शब्द होना; चहचहाना । (२) मुर्गी की तरह बोलना । (३) व्यर्थ ही बोलना ।
n. (1) a sharp short clapping sound. (2) continued or confused talk. (3) the tongue, a gossip. (१) कर्कश शब्द या आवाज; खटका । (२) बिना आशय की बेकार बात । (३) जबान; गप्प ।

clack-box *क्लेक-बॉक्स n.* the box containing the clack-valve of an engine. एंजिन का वह डिब्बा जिसमें वाल्व बन्द होता है ।

clack-dish *क्लेक-डिश n.* a wooden dish with a cover with which a clacking sound was made. एक प्रकार की लकड़ी की गोल तश्तरी जिसके साथ एक और लकड़ी लगी होती है और पहले जिनको आपस में बजाकर गाना गाया जाता था ।

clack-goose *क्लेक-गूज n.* the barnacle. goose. एक प्रकार की मुर्गी की तरह आवाज करने वाली बत्तख ।

clack-valve *क्लेक-वाल्व n.* a valve consisting of a hinged flap which falls back with a clacking noise. एक प्रकार का वाल्व जिसका एक सिरा कब्जे की तरह लगा होता है और खुलने या बन्द होने पर आवाज देता है ।

clad *क्लेड* (*p. t. & p. p.*) *pt.* of 'clothe' वस्त्र पहने हुए ।

cladode *क्लेडोड् n.* a branch taking the functions of a leaf. पौधों की ऐसी शाखएं जो पत्तियों का काम देती हैं ।

claes *क्लाज* (*pl. Scot.*) for clothes. वस्त्र ।

clag *क्लेग v. i.* to stick. सट जाना ।
v. t. to bedaub. अधिक रङ्ग लगाना ।
n. a clot. तरल पदार्थ का जमा हुआ ठेला ।

claggy *क्लेगी adj.* tenacious. चटपटा ।

claim *क्लेम v. t.* (1) to demand as a matter of right. (2) to maintain as a fact or truth. (3) to contend; assert. (4) to require or deserve. (5) to take up and occupy as public land. (१) दावे के साथ मांगना । (२) सच्चाई पर अड़े रहना । (३) दृढ़तापूर्वक कहना । (४) तलब करना; योग्यता होना । (५) तलब की हुई चीज; सार्वजनिक जमीन पर अधिकार करना; स्वत्व का दावा ।
n. (1) to demand something as due. (2) an assertion; as of a fact. (3) the things claimed as a piece of land appropriated by a minor or other. (4) a tract of Government land petitioned for and claimed by a settler. (१) अधिकारपूर्वक मांगने का कार्य । (२) दृढ़तापूर्वक कहना जैसे सच बात को सच ही मानना । (३) स्वत्व का दावा जैसे नाबालिग अपने हक का दावा जमीन के लिए करता है । (४) किसी सरकारी जमीन पर अधिकार करने के लिए दावा करना ।
day claim to : to assert a right to. स्वत्व का दावा करना ।

claimable *क्लेमेबल adj.* that can be claimed. जिसे अधिकारपूर्वक मांगा जा सके ।

claimant *क्लेमेन्ट n.* (also *claimer*) one who makes a claim. तलब करने वाला; स्वत्व का दावा करने वाला ।

claim-jumper *क्लेम-जम्पर n.* one who takes possession of another's mining claim. वह व्यक्ति जो दूसरे के खान के ठेके पर अधिकार जमाए जिस पर किसी दूसरे ने इस बात का दावा किया हो कि उस पर उसका हक है ।

clairaudience *क्लेयर ऑडियन्स n.* the power of bearing things not present to the senses. ऐसी घ्राण शक्ति जो इन्द्रियों में भी नहीं होती ।

clairaudient *क्लेयरऑडियन्ट adj.* pertaining to clairaudience. उपरोक्त घ्राण शक्ति से सम्बन्धित ।

clair de lune *क्लेयर डे लून n.* (*Fr.*) literally moon light, a greyish blue glaze applied to certain; varieties of Chinese procelain. चन्द्रा की चांदनी; एक प्रकार की नीली चमक जो विभिन्न चीनी के बर्तनों में होती है ।

clair-obscure *क्लेयर-ऑब्सक्योर n.* (also *clare-obscure*) (1) the black and white drawing. (2) the distribution of lights and shade in a picture. (१) श्वेत और काले रङ्ग का हाथ से बनाया चित्र । (२) चित्र में सफेद और काले का अनुपात अनुसार ठीक तरह चित्रण करना ।

clairschach *क्लेयर-शॅक n.* an ancient Irish harp with 29 to 58 strings. एक प्रकार का आयरलैण्ड का २९ से ५८ तारों वाला गिटार (वाद्य यन्त्र) ।

clairvoyance *क्लेयर वॉयन्स n.* (1) the ability to see things not visible to the normal human eye. (2) mind reading. (१) ऐसी वस्तुएं देखने की क्षमता जो आमतौर पर मनुष्य की आंखें नहीं देख सकतीं । (२) दूसरे के देख कर ही उसके भाव जान लेना ।

claise *क्लेज n.*(*Scot.*) clothes. पहनने के वस्त्र

claith *क्लेथ n.* (*Scot.*) cloth. बिना सिले वस्त्र; कपड़ा ।

claithing *क्लेदिंग n.* (*Scot.*) clothing. कपड़े; वस्त्र ।

clam *क्लॉम n.* (1) a clamp as of bricks. (2) a gripping of instruments. (3) an uncommunicative person. (4) an edible shellfish of various kinds in America (5) a noise made by ringing two or more bells together. (6) dampness. (१) चिनाई करना या जोड़ना जैसे ईंटों की चुने से चिनाई की जाती है । (२) यन्त्रों को हाथ से पकड़ने का दस्ता; (३) सदा चुप रहने वाला व्यक्ति; जिससे कोई बात मालूम करनी कठिन हो; (४) सीपी; सतुही और सितुआ जो अमरीका में पाई जाती हैं और खाने के काम आती हैं । (५) दो या अधिक घण्टियां या घण्टे बजाने की आवाज सीड़ापन; सिमसिमाहट ।
v. t. (1) to clog. (2) to smear. (१) जम कर बन्द करना । (२) पोतना ।
long or soft clam : edible soft shellfish found in America. एक प्रकार का खाने वाला सीप जो अमरीका में पाया जाता है ।
giant clam : a huge shellfish whose shell may be over 3 feet. एक प्रकार का अमरीका में पाया जाने वाला बड़ा सीप जिसकी लम्बाई तीन फिट से भी अधिक होती है ।

clamant *क्लेमेण्ट adj.* (1) insistent calling for help or remedy. (2) clamourous resounding. सहायता के लिये चीत्कार प्रार्थी । शोर; कोलाहल; चिल्ला चिल्ला कर मांगना ।

clamatorial *क्लॅमेटोरियल adv.* relating to order of raucous-voiced birds. एक प्रकार के पक्षियों से सम्बन्धित जो बहुत चीत्कार करते हैं जैसे चील इत्यादि ।

clam-back *क्लॅम-बेक n.* (1) a picnic at the seashore of New England where roasted clams are the principal dish (2) a radio broad cast that breaks down due to mistakes. (3) an informal gathring of musicians to impro-

vise music for their own enjoyment. (१) एक न्यू इंगलेंड में समुद्र तट पर सैर सपाटे का स्थान जहां बैठ कर मुख्यतः सीप का भोजन ही खाया जाता है; त्रुटियों और गलतियों के कारण रेडियो प्रोग्राम का ठीक ठीक प्रसार न होना। (३) संगीतज्ञों की एक ऐसी सभा जिसमें वह अपना मन बहलाने के लिए एकत्र होकर गाने का आनन्द लेते हैं।

clambe क्लैंब *v. p. t.* of climb. ऊपर चढ़ने हुए; ऊपर चढ़ा हुआ।

clamber क्लैम्बर *v. t.* to climb with difficulty; grasping with hands or feet. मुश्किल से चढ़ना; हाथ या पांव की सहायता से चढ़ना;।

n. the act of clambering. कठिनता से चढ़ने का कार्य।

clamjamfery क्लैमजेम्फरी *n.* (Scot.) (also) *clamjamphrie*) rubbish बेमतलब की बात; बेहूदगी।

clamminess क्लैमीनेस *n.* the quality of being clammy. चटपटापन; लसलसापन।

clammy क्लैमी *adj.* (1) damp or cold. (2) soft and sticky. ठंडातर और सिमसिमा नर्म और चटचटा जो सटजाए अथवा चिपक जाए।

clamorous क्लैमरस *adj.* noisy; bosterous. कोलाहल करते हुए; शोरगुल मचाते हुए।

clamorously क्लैमरसली *adv.* in a clamorous manner. शोरगुल की स्थिति में।

clamorousness क्लैमरसनेस *n.* the quality of being clamorous. हल्ला गुल्ला; कोलाहल।

clamour क्लैमर *n.* (1) any loud repeated outcry; noisy confusion of loud voices. (2) a continuous vehement objecting or demanding; public outcry. (१) भीषण चीत्कार; कोलाहल; रटन। (२) किसी बात को मनमनाने के लिये हल्ला गुल्ला कोलाहल; जनता की पुकार; चिल्ला कर मांग करना।

v. t. (Shak.) to silence; to stop the noise of; to cry loud in demand; to make a loud outcry. चुप करना; आवाज बन्द करना (शेक्सपीयर ने इस शब्द का यह अर्थ लगाया था)।

v. i. to cry loud in demand; to make a loud outcry. शोरगुल मचाकर या चिल्लाकर मांग करना।

to clamour down : to silence. चुप करना।

clamp क्लैम्प *n.* brick-kiln with impervious walls. (2) a pile or heap as of an ore. (3) a heavy tread. (4) a device for compressing or binding together two or more parts. एक प्रकार का ईंटों का भट्ठा जिसकी दिवालें ऐसे पदार्थ की बनी होती है जो जल्दी गरम नहीं होती; (२) किसी वस्तु का ढेर जैसे कच्चे धातुओं का ढेर। (३) पैर पर बोझ डालकर चलने का कार्य। (४) दो या इससे अधिक वस्तुओं को बांधने या जोड़ने के लिए कील कांटा; याहू; कोनिया।

v. i. to walk heavily. पैरों पर जोर देकर चलना।

v. t. to join or bind with; as with a clamp. दो या अधिक चीजों को जोड़ना; जैसे कील इत्यादि लगाकर एक तख्तेपर दूसरा तख्ता जोड़ देता है।

clamper क्लैम्पर *n.* an attachment to prevent slipping on the ice. एक प्रकार का लोहे का टुकड़ा जिसे बर्फ पर फिसलने से बचने के लिये पैर में बांधा जाता है।

v. t. to blotch up. पैबन्द लगाना।

clampers क्लैम्परस *n.* (*pl.*) pliers. पेच कस।

clam-shell क्लैम शेल *n.* the shell of a clam. एक प्रकार की सीपी।

clan क्लैन *n.* (1) a united group of families or relatives having a common ancestor; one hereditory chieftain. (2) an exogamous subdivision of a tribe which do not intermarry. (3) a clique or sect of persons; a club; a fraternity. वंश या ऐसे खानदान जिनके कुजुर्ग लोग एक ही पिता की संतान हों; आदिम जाति का मुखिया। (२) आदिम जाति का वह भाग जो आपस में विवाह नहीं करते; सगोत्र। (३) दल; मंडली; सभा।

clandestine क्लैनडेस्टाइन *adj.* concealed or hidden; private; sly. गुप्त; छिपा हुआ; धूर्त।

clang क्लैङ्ग *n.* (1) a ringing sound as of a metal struck. (2) in music; a tone with its overtones. (3) the ringing call of cranes or geese. (१) घनघनाना; छनछनाना; किसी धातु के ऊपर चोट करने पर जो शब्द निकलता है। (२) संगीत में वह आवाज जो अति झनझनाहट लिये हो। (३) सारस या बत्तख की आवाज।

v. i. to send forth a loud metalic sound. झनझनाहट की आवाज करना।

v. t. to cause a sharp ringing voice. घनघनाहट की आवाज उत्पन्न करना।

clangrous क्लैङ्ग्रस *adj.* (also *clanging*) pertaining to clang. झनझनाहट की आवाज की आवाज से सम्बन्धित।

clangorously क्लैङ्गरसली *adv.* in a clangorous manner. झनझनाहट की आवाज करते हुए।

clangour क्लैङ्गर *n.* a noisy ringing; repeated clanging. तेज घनघनाहट; बारबार घनघनाहट की आवाज।

clank क्लैंक *n.* a short harsh metalic sound. झनझनाहट का शब्द।

v. t. & *v. i.* to cause such sound. झनझनाहट या टनटन करना या टनटनाना।

clannish क्लैनिश *adj.* like a clan; disposed to cling together; round by family tradition. वंश के समान; साथ साथ रहने वाले; वंश की परम्परा से बंधे हुए।

clannishly क्लैनिशली *adv.* in a clannish manner. वंश के समान अवस्था में।

clanship क्लैन शिप *n.* union under a chief. आदिम जाति के मुखिये के आधीन संघ।

clansman क्लैन्समेन *n.* a member of a clan. आदिम जाति का सदस्य।

clap क्लैप *n.* (1) a sharp sudden noise as of two hard flat objects coming together. (2) the act of striking together as with hands. (3) a sudden, but slight blow with the flat of the hands; a step; a thunder. (१) एकाएक दो चपटी चीजों के आपस में टकराने से उत्पन्न आवाज। (२) दो चीजों को आपस में टकराने का कार्य जैसे ताली बजाना। (३) हाथ से थपथपाना या शाबासी देना; गरज।

v. t. to strike together so as to make noise; to drive together suddenly; to put (*Scot.*); to put suddenly as in prison. आपस में टकराकर आवाज उत्पन्न करना; अचानक मिलाना; (स्काटलेंड में) शाबासी देना; अचानक कहीं भेज देना या डाल देना जैसे जेल में।

v. i. to strike the hands together; to slam with noise; to applaud; to come or go suddenly. हाथ से ताली बजाना; आवाज के साथ बंद करना; शाबासी देना; अचानक आना या जाना।

the clap. Gonorrhea सूजाक; आतशक।

to clap eyes on. to see. देखना।

to clap a bargain. to make a bargain hastily. जल्दी में सौदा लेना।

to clap hands. to make an agreement. रजामंद होना; समझौता करना।

to clap hold of. seize roughly. भद्देपन से पकड़ना।

to clap up. to finish suddenly. अचानक समाप्त करना।

clap-board क्लैप-बोर्ड *n.* a lapping weather board with one edge thicker than the other. एक प्रकार की मजबूत लकड़ी का तख्ता जो एक तरफ से मोटा होता है और छत पर डालने के काम आता है।

clap-bread क्लैप-ब्रेड *n.* a kind of oatmeal cake. एक प्रकार की जई का बना केक (टिकिया)।

clap-dish क्लैप-डिश *n.* a wooden dish carried by beggers with a metal cover with which they make clacking sound for drawing attention. एक प्रकार की लकड़ी की बनी तश्तरी जिस पर धातु का टुकड़ा लगा होता है जिसे बजाकर भिखारी भीख मांगते है।

clap-net क्लैप-नेट *n.* a net made to clap together by pulling a string. एक प्रकार का जाल जो एक रस्सी खींचने पर एकदम बन्द हो जाता है।

clapper क्लैपर *n* (1) one who claps (2) an instrument for making noise as a rattle (3) a glib tongue (4) a kind of noisy wind mill to scare birds (5) a rough bridge made of planks and supports (6) a raised foot path. (१) ताली बजाने वाला। (२) खटखट शब्द करने वाला एक बाद्य यन्त्र। (३) घण्टी की लर। (४) एक प्रकार का हवा से चलने वाला पंखा जो बहुत चर चर की अवाज करता है जिससे पक्षी डर कर खेत को खराब करने नहीं आते। (५) एक भद्दा पुल जो लकड़ी के तख्तों का बना होता है और नीचे बल्लियां गड़ी होती है। (६) एक जमीन से ऊंचा बनाँ हुआ चलने का रास्ता। खरगोश का बिल।

clapper-claw क्लैपर-क्लो *v. t.* (*Shak*) to scratch; to scold. नोंचना; गालीदेना।

clapping क्लैपिङ्ग *n.* (1) noise of strick-

ing. (2) applause. (१) किसी वस्तु को दूसरी वस्तु से मारने की आवाज़। (२) ताली बजा कर किसी को शाबाशी देना।

clap-sill *क्लॉप-सिल n.* the bottom part of the frame on which the lock-gates shut. ताला लगने वाले लोहे के दरवाजे का नीचे का भाग जिस पर वह बन्द होते हैं।

clap-trap *क्लॉप-ट्रैप n.* a trick to win favour or catch applause. चापलूसी; प्रसन्न करने के लिए शब्दों का प्रयोग।

clap-trappery *क्लॉप-ट्रैपरी n.* the art of claptrappering. दूसरे को प्रसन्न करने का तरीका।

clap-trappish *क्लॉप-ट्रैपिश adj.* pertaining to clap-trap. दूसरे को बनावटी बातें करके खुश करने से सम्बन्धित।

claque *क्लेक् n.* a group of hired applauders. एक ऐसी संस्था जिसका काम पैसे लेकर तारीफ करना हो; विशेषतः नाटकों के लिए।

claqueur *क्लेकर n.* a member of claque. उपरोक्त संस्था का सदस्य।

clarabella *क्लेरबिला n* a musical instrument of a sweet fluty tone. एक प्रकार का बांसुरी की तरह मीठी आवाज़ देने वाला वाद्य यन्त्र।

clarence *क्लेरन्स (Fr.)* a closed four-wheeled carriage with inside seats for four. एक प्रकार की चार पहियों वाली बन्द गाड़ी जिसमें चार आदमियों के बैठने की जगह होती है।

clarendon type. *क्लेरन्डन टाइप n.* a type with heavy face. एक प्रकार का छपाई में काम आने वाला टाइप जिसके अक्षर मोटे होते हैं।

clare-obscure *क्लेयर-ऑब्स्क्योर n.* light and deep colour. हल्का और गहरा रंग।

claret *क्लेरट् n.* the name given to red wines of Bordeaux district. एक प्रकार का लाल रंग की मदिरा जो बोरेडेक्स जिले में बनती।

claret-cup *क्लेरट्-कप n.* a summer beverage composed of iced claret a little brandy and a slice or two of lemon or other flavouring ingredients. एक प्रकार का गर्मियों में पीने का पेय पदार्थ जिसमें लाल मदिरा; थोड़ी ब्रान्डी और नीबू डाल कर दिया जाता है।

claret-jug *क्लेरट्-जग n* a fancy glass or silver container for holding claret. एक प्रकार की सुन्दर बनी हुई लाल मदिरा पीने की सुराही।

clarichord *क्लोरी कॉर्ड n.* an old stringed instrument. एक पुराना एक तार का यन्त्र जिससे और यन्त्र (गिटार इत्यादि) स्वर मिलाए जाते हैं।

clarification *क्लेयरीफिकेशन n.* the act of clarifyng, particularly clearing of liquids from all feculent matters. साफ या स्वच्छ करने कार्य; विशेषतः तरल पदार्थ में से न घुलने वाले पदार्थों से साफ करने का कार्य; मैल साफ करने का तरीका।

clarifier *क्लेयरीफायर n.* the who purifies or clarifies. शुद्ध करने वाला; स्वच्छ करने वाला।

clarinet *क्लेरानेट n.* (also *clarionet*) a wind instrument of music made of wood having finger holes and keys and a fixed mouth piece containing a reed. एक प्रकार का बांसुरी की तरह का वाद्य यन्त्र; के छिद्र होते है और मुंह से बजाने की जगह रीड लगी होती है।

the bass clarinet: एक प्रकार का छोटा क्लेरीनट।

clarinettist *क्लेरीनेटिस्ट n.* one who plays on clarinet. क्लेरोनट बजाने वाला।

clarion *क्लेरियन n.* kind of trumpet whose note is shrill; the sound of trumpet. एक प्रकार का नरसिंगे के प्रकार का यन्त्र।

clarity *क्लेयरिटी n.* clearness. स्वच्छता; शुद्धता; सफाई।

clarkia *क्लकिया n.* North American genus of evening primrose family. एक प्रकार का उत्तरी अमरीका में पाए जाने वाला गुलाब के फूल की श्रेणी।

clarty *क्लार्टी adj.* (*Scot*) sticky and dirty. चपचपा और गन्दा।

clary *क्लेरी n.* plant with pale blue flowers. एक प्रकार का पौधा जिसके हल्के नीले फूल होते है।

clash *क्लेश n.* a confused resounding metalic noise; opposition; contradiction; (Scot.) chatter; a country talk. धातुओं की आपस मे टकराने की लगातार आवाज; गड़बड़ी; खिलाफत; विरोध; प्रतिवाद; मुठभेड़, (स्काटलेण्ड मे) गपशप; गंवारू बात चीत।

v. t. to strike noisily against; to slam to bang. टकराने का शब्द करना; आवाज करके किसी चीज को बन्द करना; खटखटाना।

v. t. to dash noisily together; to act in a contrary direction; to disagree. शब्द करके आपस में टकरा जाना; विरोधी रूप से कार्य करना; रजामन्द न होना जैसे विचारों का।

clashing *क्लेशिंग n.* disagreement; opposition; a striking against. विरोध; भगड़ा; मुठभेड़।

adj. opposition. विरोधी।

clasp *क्लास्प n.* (1) a something to use to fasten two things together; a bolt for a window or a hook for the ends of a belt. (2) a firm grasp or embrace. (3) a small bar used for the military decoration affixed to a ribbon. (१) कसने के लिये कोई वस्तु जैसे पेटी का बकलस और खिड़की को बन्द करने का खटका। (२) आलिङ्गन; कस कर लपेटना। (३) रिबन के ऊपर लगाने का एक छोटा सा बिल्ला जो कि सेना में पदक के रूप में दिया जाता है।

v. t. & v. i. to fasten with; to enclose and hold tigthly with the arms; to take firm hold with the hand; to embrace. कोई वस्तु (कील इत्यादि) लगाकर कसना; हाथ से लेकर कस कर दबाना जैसे हाथ मिलाते समय किसी वस्तु को कस कर पकड़ना; जैसे छुरे को; आलिङ्गन करना।

clasper *क्लास्पर n.* one that or who clasps: the tendril of a plant, a clasping organ. हाथ मिलाने वाला या और किसी वस्तु को हाथ से कस कर पकड़ने वाला; लता-तन्तु; मछलियों जैसे जीवों मे मादा को पकड़ने का एक अंग।

clasping *क्लास्पिंग adj.* pertaining to clasp. कसने वाली वस्तुओं से सम्बन्धित।

clasp-knife *क्लास्प-नाइफ n.* a knife the blade of which folds into the handle. एक ऐसा चाकू जो दस्ते में बन्द किया जा सके।

class *क्लास n.* (1) a number of body or persons with common characteristics as the educated class. (2) social rank cast. (3) a group of student under one teacher pursuing a study together. (4) classification made of some scientific principles. (5) a group of animals or plants having common characteristics. (6) a grading according to quality; value or rank as first class mail. (7) elegance; superiority. (१) ऐसे लोगों का वर्ग जिनमें एक सार गुण हों जैसे पढ़े लिखे लोगों का वर्ग; (२) वर्ग श्रेणी जाति; (३) ऐसे छात्र जो एक जगह बैठकर एक ही शिक्षक; द्वारा शिक्षा पाएं; छात्र समूह; कक्षा; (४) वैज्ञानिक विभाग। (५) पौधों या जीवों का वर्गीकरण जिसमें एक प्रकार की आकृति अथवा दूसरी बातें होने के कारण एक वर्ग में मान लिया जाता है। (६) नियमपूर्वक गुण या वर्ग के अनुसार वर्गीकरण करना; जैसे पहले दर्जे की गाड़ी; दूसरे दर्जे का डिब्बा। (७) ऊंचे दर्जे का।

v. t. to arrange and group according to common characteristics or properties; to classify; assign to a class. गुण और समानता को ध्यान में रखते हुए वर्गीकरण करना; श्रेणी में बांटना; श्रेणी बद्ध करना; नियमपूर्वक विभाजन करना।

the classes: the more educated; wealthier or higher social classes. अधिक पढ़े लिखे या ऊंचे वर्ग के लोग।

to take a class: to take honours in an examination as opposed to mere pass. किसी परीक्षा में उत्तम या श्रेष्ट श्रेणी में पास होना।

of the same class: of the same order एक वर्गी; उसी श्रेणी का।

classable *क्लासेबल adj.* (also *classible*): capable of being classed. जिसको श्रेणी बद्ध किया जा सके।

class-book *क्लास-बुक n.* a book used in class teaching. श्रेणी मे पढ़ाई जाने वाली पुस्तक।

class-conscious *क्लास-कॉंशस adj.* acutely conscious of member-ship of a social class. जिसे अपने वर्ग का पूरी तरह ज्ञान हो।

class-consciousness *क्लास-कॉंशसनेस n.* awareness among a social group of its own nature and unity. किसी वर्ग का अपनी स्थिति; दशा; अथवा एकता का पूरा पूरा ज्ञान।

class-day *क्लास-डे n.* a day, set apart during college or school commencement for ceremonies and games. पाठशालाओं या कालिजों में पढ़ाई शुरु होने से पहले एक जलसा जिसमें खेल तमाशे इत्यादि होते हैं:

classes aiseas *क्लासेज एसीज n. (Fr.)* :

well-off classes. ऊंचे वर्ग के लोग; अमीर लोग।

class-fellow *क्लास-फैलो n.* a student of same class. उसी कक्षा का विद्यार्थी।

classic *क्लासिक् n.* an author of the first rank; a writer whose style is pure and refined; a literary production of the first class. उच्च कोटि का लेखक; ऐसा लेखक जिसकी लिखने की शैली विशुद्ध और श्रेष्ठ हो; उच्च कोटि का साहित्यिक लेख।

classical *क्लासिकल् adj.* pertaining to writers of the first rank. उच्च कोटि के लेखकों से या उनके लेखों से सम्बन्धित।

classicalism *क्लास्किलिज्म n.* a classic idiom or style; (in *arch.*) close adherence to the rules of Roman or Greek art. श्रेष्ठ मुहावरे लिखने की शैली; (भवन निर्माण कला में) यूनान अथवा रोम के भवन निर्माण कला का पालन करना।

classicalist *क्लास्किलिस्ट n.* an admirer of classic idioms or styles. श्रेष्ठ लेखकों तथा उनके लेखों का प्रशंसक।

classicality *क्लास्किलिटी n.* (also *classicalness*) the quality of being classical. उच्चकोटि के लेखक होने का गुण।

classically *क्लासिकली adv.* in a classical manner. उच्च कोटि के साहित्य के रूप में।

classics *क्लासिक्स् n.* specifically the literature of ancient Greece or Rome. उच्चकोटि के साहित्य तथा विशेषतः यूनान या रोम के साहित्य का अध्ययन।

classicism *क्लासीसिज्म n* a classic idiom or style. उच्चकोटि की शैली या साहित्य।

classicist *क्लासीसिस्ट n.* one versed in classics. उच्चकोटि के साहित्य के अध्ययन करने में प्रवीण।

classicize *क्लासीसाइज v. t.* to make classic; affect the classic style. उच्चकोटि का बनाना; उच्चकोटि के साहित्यकारों की शैली के अनुसार लिखना।

classifiable *क्लासीफाईएबल adj.* capable of being classified. जिसको श्रेणीबद्ध किया जा सके।

classific *क्लासिफिक् adj.* denoting classes. विभिन्न श्रेणियों अथवा वर्गों से सम्बन्धित।

classification *क्लासिफिकेशन् n.* the act or system of arranging in classes. एक प्रकार की वस्तुओं को नियमपूर्वक श्रेणीबद्ध करना अथवा करने का तरीका।

classificatory *क्लासिफिकेटरी adj.* belonging to classification. क्रम या श्रेणीबद्ध करने से सम्बन्धित।

classifier *क्लासीफायर n.* one who classifies. क्रम या श्रेणीबद्ध करने वाला।

classify *क्लासीफाई v. t.* arange in classes; assign to a class. श्रेणीबद्ध करना; वर्गीकरण करना।

classis *क्लासिस n.* a group. समूह; वर्ग।

class-leader *क्लास-लीडर n.* the leader of a class in a Methodist church. मेथोडिस्ट (कट्टर पन्थी) ईसाइयों में एक वर्ग का नेता।

class-legislation *क्लास-लिजिसलेशन n.* legislation in the interest of class. किसी विशेष वर्ग के लिए बनाया गया विधान।

classman *क्लासमैन n.* one who has gained or honour of a certain class. at Oxford Examination. जिसने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की परीक्षा उत्तम श्रेणी में पास की हो।

class-mate *क्लास-मेट n.* one of the same class at school or college. सहपाठी; एक ही स्कूल और कक्षा में पढ़ने वाला विद्यार्थी।

class-room *क्लास-रूम n.* a room in which a class is held. वह कमरा जिसमें किसी कक्षा के विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है।

class-struggle *क्लास-स्ट्रगल n.* the conflict between classes in society particularly the economic struggle between the employers and the employees. विभिन्न वर्गों में उन्नति के लिए खींचातानी; विशेषतः कर्मचारियों (मजदूरों) और मिल मालिकों में वेतन बढ़ाने के लिए झगड़ा।

classy *क्लासी adj.* elegant; grand. विशाल; सुन्दर।

clastic *क्लैस्टिक adj.* composed of fragments. टुकड़ों से बना हुआ; टुकड़े जोड़कर बनाया गया।

clat *क्लैट n.* a scratch; a blow. खरौंच; घूसा।

clatch *क्लैच n.* a slap; anything clumsy; a botched piece of work. तमाचा; भद्दी वस्तु; भद्दे प्रकार से बनाई गई कोई वस्तु।

clathrate *क्लेथरेट adj.* divided like lattice work. जालीदार काम (जैसे लोहे या लकड़ी की खिड़की पर काम होता है) की तरह विभाजित किया हुआ।

clatter *क्लैटर v. t.* to strike so as to make a rattling noise. खटखट करना; झन झनाना; गड़बड़ करना।

v. t. to make repeated sharp sounds. to rattle; to utter in a chattering manner. शब्द करने के लिये बारबार खटखटाना बड़बड़ाना।

n. (1) a long dull confused noise like that made by hard objects knocking together as a clatter of a horse's hoofs on a hard road. (2) noise and confused sound of a number of persons. (१) ठोस पदार्थों को आपस में टकराने से जो शब्द उत्पन्न होता है जैसे पक्की सड़क पर घोड़े के टापों की आवाज होती है; (२) बहुत से मनुष्यों की हँसने और बोलने की आवाज।

clatterer *क्लैटरर n.* one who clatters; a babbler. खटखटाने वाला; झनझनाने का शब्द करने वाला।

clatteringly *क्लैटरिङ्गली adv.* with clattering. खटखटाने के रूप में।

Claude Lorrain glass. *क्लॉडे लौरन ग्लास n.* a convex coloured mirror employed for viewing landscape. एक प्रकार का बीच में से दोनों तरफ गोलाई में उभरा हुआ रंगीन शीशा जिसमें दृश्य देखे जाते हैं।

Claudian *क्लॉडियन adj.* pertaining to the Roman Emperor of the dynasty of Cladius. रोम सम्राट क्लाडियस या उसे सम्बन्धित।

claudicant *क्लॉडिकेंट adj.* limping; lame. लंगड़ा; लंगड़ा कर चलने वाला।

claudication *क्लॉडिकेशन n.* (*L.*) a limp. लंगड़ाना; मचककर चलने वाला (मनुष्य)।

claught *क्लॉट v t. & v. i.* (Scot.) (also *clauch*) to snatch; to cluch. झीनना; झपट लेना, दबोचना।

n. a hold; a cluch; a snatch. पकड़ना; फन्दा, झपटने का कार्य।

clause *क्लॉज n.* (1) part of a sentence with subject and predicate. (2) a separate statement in a legal or state document. (3) a distinct part of a composition as a paragraph of an article. (१) एक वाक्य का वह भाग जिसमें कर्त्ता और क्रिया भी हो और मतलब पूरा निकलता हो; (२) कानून या राजकार्य में एक प्रथक् अभिलेख या दस्तावेज। (३) किसी लेख या साहित्यिक कृति में प्रथक भाग जैसे किसी लेख का प्रथक् पैरा।

principal clause: the clause which contains the main predication of a sentence. वह क्लाज जिसमें किसी वाक्य का मुख्य कर्त्ता और कर्म हो।

relative clause : a subordinate clause introduced by a relative pronoun. वाक्य का वह छोटा भाग जो सर्वनाम से शुरू हो।

subordinate clause : a subordinate clause which has the effect of a noun and adjective or adverb in the structure of a sentence. वाक्य का वह छोटा भाग जिसका मतलब संज्ञा; विशेषण और क्रिया विशेषण के समान निकले।

claustral *क्लॉसट्रल adj.* secluded; pertaining to cloister. सुनसान; सुनसान स्थानों से सम्बन्धित।

claustration *क्लॉस्ट्रेशन n.* the act of shutting in a cloister. सुनसान अकेले कमरे या स्थान में बन्द करने का कार्य।

claustrophobia *क्लॉस्ट्रोफोबिया n.* morbid fear of confined spaces. सुनसान एकान्त स्थानों में रहने से डर लगना।

claustrophobic *क्लॉस्ट्रोफोबिक् adj.* pertaining to claustrophobia. सुनसान स्थानों में डर लगने से सम्बन्धित।

claustrum *क्लॉस्ट्रम n.* (*pl. claustra*) a thin layer of gray matter in the brain hemispheres. एक प्रकार के मटियाले रंग की मस्तिष्क के ऊपर की ग्रन्थियों पर परत।

clausular *क्लॉज़ुलर adj.* consisting of or having clauses. जिसमें वाक्यों के छोटे भाग हों।

clausule *क्लॉज़्यूल n.* a little clause. एक वाक्य का बहुत छोटा भाग।

claut *क्लॉउट n.* (also *clat*) a claw; a scratch; a blow; a lump. खरोचन, पञ्जा; घूंसा, ढेला।

clavate *क्लेवेट adj.* cup-shaped, having a form of a club; growing gradually

thicker towards the top. कटोरी समान; मुट्ठी के समान आकार का; इस प्रकार का उगना कि ऊपर की तरफ़ डण्ठल मोटा होता जाए।

clavation *क्लेवेशन n.* articulation in a socket. किसी खोल मे जुड़ा हुआ जैसे बांह कन्धे की हड्डी के खोल में जुड़ा होता है।

clave *क्लेव v. t. p. t.* of clave. अलग किया हुआ; फाड़ा हुआ।

clavecin *क्लेवसिन n.* a harpsichord. एक प्रकार का वाद्य यन्त्र जिसमें तार चमड़े के टुकड़ों द्वारा बांध दिये जाते है।

claver *क्लेवर n.* (*Scot.*) gossip; idle talk. गप; व्यर्थ मूर्खतापूर्ण बात।

v. i. to talk idly; to gossip. गप हांकना; मूर्खतापूर्ण बात कहना।

clavicembalo *क्लेवीशेम्बेलो n.* a harpsichord. एक प्रकार का वाद्य यन्त्र जिसमें तार होते हैं।

clavichord *क्लेवी कॉर्ड n* an old keyboard stringed instrument in which the tangent which struck the string and produced the sound also determined the vibrating length. एक प्रकार का गिटार की तरह का वाद्य यन्त्र जिससे स्वर इत्यादि मिलाए जाते हैं।

clavicle *क्लेविकल n.* the collar bone. हंसुली; हंसिया।

clavicorn *क्लेवीकॉर्न adj.* having clavate antannae. जिसके गदानुमा आगे के बाल हों जैसे चींटी इत्यादि के होते है और जिनके बल पर उनको सूझ मालूम पड़ती है।

clavicornia *क्लेवीकोर्निया n.* a group of beetles. एक प्रकार के तेज डङ्क वाले कीड़ों की श्रेणी।

clavicula *क्लेवीक्यूला n.* collar bone. हंसुली; हंसिया।

clavicular *क्लेवीक्यूलर adj.* pertaining to collar bone. हंसुली से सम्बन्धित।

clavier *क्लेवीयर n.* a stringed keyboard musical instrument एक प्रकार का तारवाला सितार की तरह वाद्य यन्त्र।

claviform *क्लेवीफॉर्म adj.* having the form of a club. गदानुमा; जिसके ऊपर का भाग मोटा और नीचा भाग पतला हो।

claviger *क्लेवीजर n.* one who holds a key; a custodian. ताली रखने वाला; रक्षक; रखवाला।

clavigerous *क्लेवीजरस adj.* keeping keys. चाबी अथवा ताली रखने वाला (मनुष्य)।

claw *क्लॉ n.* (1) a small, usually curved sharp nail on the toe of a beast; a bird or reptile; a limb terminating in claw or pincers as in the case of certain insects. (2) anything like a claw; the narrow basal part of a petal. (3) a stroke or scratch as with claws. (१) उङ्गली के ऊपर उगे हुए टेढ़े तेज नाखून जो जङ्गली जानवरों और पक्षियों के होते हैं; कुछ कीड़े मकोड़ों के भी आगे निकले हुए ऐसे अङ्ग होते हैं जिनसे वह पकड़ सकते हैं। (२) पंजे के समान कोई वस्तु; पङ्खड़ियों का नुकीला भाग। (३) पंजों से लगी खरौंच; चंगुल; नख।

v. i. to scratch; to scrape; to tear; to seize; to flatter; fawn on. पंजों से नोचना या खरोचना; फाड़ना टुकड़े टुकड़े करना; दबोचना या पकड़ना; झूठी तारीफ करना; बनावटी गुस्सा करना।

claw me and I'll claw thee favour me and I shall do you good in return यदि तुम मेरे साथ भला करोगे तो मैं भी तुम्हारे साथ भला करूंगा।

claw-back *क्लॉ-बैक n.* a flatterer. झूठी बड़ाई करने वाला; खुशामदी।

clawed *क्लॉड adj.* having claws. पंजे वाला; नख वाला।

claw-hammer *क्लॉ हैमर n.* a hammer having one part of the head divided into claws for drawing out nails. एक प्रकार का हथौड़ा जिसका एक भाग चिरा होता है जिससे कील निकाली जा सकती है।

claw-hammer-coat *क्लॉ-हैमर कोट n.* a facetious name for a dress coat एक प्रकार का पहनने का कोट उसके आकार के कारण।

claw-hatchet *क्लॉहैचट n.* a hatchet having the head cleat at one end. एक प्रकार की कुल्हाड़ी जिसके एक भाग के दो फल होते है, जम्बूरा।

clawless *क्लॉलेस adj.* without claws. बिना पंजे वाला।

clay *क्ले n.* (1) common earth of various colours brittle when dry and plastic when wet; it is aluminium silicate mixed with powdered iron; felspar; quartz; sand and various other minerals. (2) earth in general; the human body. (१) आम मिट्टी यह कई रंग की होती है और मुख्यत. अलमोनियम सिलकेट, बारीक फल्जपार, क्वार्टज; लोहा और कई प्रकार के खनिज पदार्थों के और रेत का मिश्रण होती है; (मिट्टी; कीचड़; भौतिक देह।

v. t. to mix or cover with clay. मिट्टी की मिलावट करना या मिट्टी से पोतना।

wet one's clay to drink. शराब पीना।

clay bank *क्ले बैंक adj.* brownish yellow. भूरा पीला रंग।

clay-brained *क्ले-ब्रेन्ड adj.* (Shak.) stupid मूर्ख।

clay-cold *क्ले-कोल्ड adj.* cold as clay; lifeless. मिट्टी के समान ठण्डा; मृतक; निर्जीव।

clay-eater *क्ले-ईटर n.* one addicted to chewing fatty clay. मिट्टी के डले खाने का आदी मनुष्य।

clayed *क्लेड adj.* like clay. मट्टी समान।

clayey *क्लेई adj.* made of clay. मट्टी की बनी हुई (वस्तु)।

clay-ground *क्ले-ग्राउण्ड n.* ground consisting mainly of clay. ऐसा मैदान जिसमें विशेषत. मट्टी ही हो पत्थर इत्यादि नहीं।

clay-iron-stone *क्ले-आयरन-स्टोन n.* clay-like chalybite. मिट्टी के समान एक प्रकार का कच्चा लोहा।

clayish *क्लेइश n.* of the nature of the clay. मट्टी के समान।

clay-marl *क्ले-मार्ल n.* a whitist chalky clay एक प्रकार की सफेद चिकनी मिट्टी।

clay-mill *क्ले-मिल n.* a mill for preparing clay. मिट्टी मिलाने के लिए एक बड़ा पत्थर।

claymore *क्लेमोर n.* a two edged long and wide sword. एक प्रकार की लम्बी चौड़ी दुधारा तलवार।

clay-pigeon *क्ले-पिजन n.* a clay disc thrown from a trap and shot at as a substitute for a live pigeon. एक मिट्टी की बनी हुई रकाबी जैसा डला जिसे निशाना पक्का करने के लिये एक यन्त्र से फेंका जाता है और जीवित कबूतर के शिकार की जगह काम में लाया जाता है।

clay-pipe *क्ले-पाइप n.* a pipe made of clay. मट्टी का बना हुआ नलवा हुक्का।

clay-pit *क्ले-पिट n.* a pit from which the clay is taken out. वह गढ़ा जिसमें से मिट्टी निकाली जाती है।

clay-slate *क्ले-स्लेट n.* a kind of rock consisting mostly of clay and used in roofing. एक प्रकार की चट्टान जिसमें मट्टी अधिक होती है और विशेषत: छत पर पोतने के काम आती है।

clean *क्लीन adj.* (1) free from dirt; soil or impurity. (2) free from bungling as he is a clean shot. (3) well proportioned; symmetrical. (4) ceremonial pure. (5) completely rid or cleared of something. (6) perfect; having no imperfection. (7) clear; as a clear title to land. (8) in base ball, without error. (१) स्वच्छ; जिसमें धूल; गन्द और मिलावट न हो। (२) जिसमें कोई दोष न हो जैसे वह दोष रहित है। (३) जिसके हाथ पैर और दूसरे अङ्ग ठीक प्रकार के क्रमानुसार हों। (४) जो धार्मिक रीतियों के अनुकूल हो। (५) कतई साफ; किसी वस्तु को सदा के लिए छोड़ देना। (६) बिना किसी दोष के; जिसमें कोई कमी न हो; (७) बिना किसी बेईमानी के; जैसे बिना झगड़े के जमीन के कागजात। (८) बेस-बाल के खेल में 'बिना किसी गलती के'।

v. t. to free from dirt; soil or impurities. गर्द; धूल इत्यादि हटाना; साफ करना; गन्दगी दूर करना।

the clean thing : honourable action. शोभा का कार्य।

to clean out : to overcome; to empty; to leave without money. खाली करना; बिना पैसे ही चल देना।

to clean up : the stamping out of an evil; the act of thorough cleaning. किसी बुराई को जड़ से ही काट देना अथवा बुरा काम छोड़ देना; आत्मा को या शरीर को सदा साफ रखना।

to come clean : to confess; to divulge everything. कबूलना; हर बात उगल देना।

to show a clean pair of shoes : to escape by running. भाग कर बच निकलना।

to have clean hands . to be free from guilts. अपराधों से दूर होना; दोषों से दूर रहना।

to make a clean breast of : admit one's guilt. अपने अपराध को स्वीकार करलेना

cleaner *क्लीनर n.* one who cleans. सफाई करने वाला।

cleaning *क्लीनिङ्ग n.* the act of making clean. सफाई करने का कार्य।

clean-limbed *क्लीन-लिम्बड् adj* trim; with shapely limbs. सुन्दर; हाथ पैर ठीक लम्बाई चौड़ाई वाला।

cleanliness *क्लीनलीनेस n.* purity; habitual cleanness. स्वच्छता; शुद्धता, सदा शुद्ध रहने वाला।

cleanly *क्लीनली adj.* pure; neat; clean habits. विशुद्ध; स्वच्छ, सफाई की आदत।

cleanness *क्लीननेस n.* purity; neatness. विशुद्धता; स्वच्छता।

cleansable *क्लीन्जेबल adj.* that can be made pure. जिसे विशुद्ध किया जा सके।

cleanse *क्लीन्ज v. t.* to make pure or clean. विशुद्ध अथवा स्वच्छ करना।

cleanser *क्लीन्जर n.* one who cleanses. विशुद्ध करने वाला।

cleansing *क्लीनजिङ्ग n.* purification. विशुद्धता।

clean slate *क्लीन स्लेट n.* a fresh start. दुबारा आरम्भ करना।

clean-timbered *क्लीन-टिम्बर्ड adj.* (*Shak.*) well proportioned. जिसके हाथ पैर इत्यादि ठीक आकार के हों।

clear *क्लीयर adj.* (1) free from anything which dims or darkens; light; unclouded; distinct; intelligible. (2) able to see or discriminate. (3) free from obstruction or hinderance. (4) free from responsibility or encumberances. (5) free from adulteration or defect. (6) without deduction; net; (7) undisturbed; serene; (8) evident; plain. (9) free from uncertainty. (10) withoutt rees or under bush, as land (11) without knots or imperfection as lumber. (१) धुन्ध या अन्धेरी से मुक्त, बादलों से मुक्त; साफ; स्वच्छ; समझ में आने योग्य (२) जिसको भली प्रकार देखा जा सके; भले बुरे की परख रखने योग्य। (३) रुकावट; प्रतिरोध, या अड़चन रहित। (४) उत्तरदायित्व और बाल बच्चों से मुक्त। (५) मिलावट या दोषों से रहित। (६) बिना कटौती के। (७) शान्त; स्वच्छ; निर्मल (८) सरल; सीधा; प्रत्यक्ष; स्पष्ट। (९) दुविधा रहित। (१०) झाड़फूस और पेड़ों रहित जैसे मैदान (११) बिना गांठ इत्यादि के जैसे कोई बेकार वस्तु।

v. t. & v. i. (1) to make or become free of fog; cloud or entanglement; brighten clarify. (2) to free from encumberances accusation; acquit. (3) to obtain or give a clearance for (a ship); to take out clearance papers. (4) to settle accounts. (5) to pass without touching. (6) to free from doubt or ambiguity. (7) to liberate from obligation by payment. (8) to remove in making something clear. (9) to pass through the clearing house. (10) to pass away; as mist or fog. (१) स्वच्छ करना या स्वच्छ होना जैसे धुन्ध बादल इत्यादि से। (२) उत्तरदायित्व; आरोप या दोष से छुटकारा पाना। (३) जहाज के लिये चुंगी का प्रमाण पत्र लेना या देना; (४) हिसाब किताब चुकाना या पूरा कर्जा उतारना; (५) बिना टकराए या किसी वस्तु को छूए गुजर जाना। (६) गूढ़ता; कठिनता अथवा शक से मुक्त करना। (७) पैसे देकर किसी के भार या अहसान से मुक्त होना। (८) किसी वस्तु को साफ अथवा स्वच्छ करने के लिये किसी वस्तु को हटाना या कठिनता को दूर करना। (९) चुंगी से बे रोक टोक गुजर जाना। (१०) धुन्ध या बादलों का हट जाना।

adv. completely; wholly, quite; clearly. पूर्ण रूप से; पूर्णता से; स्वच्छता से।

n. (1) unbroken or unobstructed distance or space. (2) inside measurements from boundary to boundary. (१) ऐसा फासला या स्थान जो साफ हो बीच में टूटा या कोई अड़चन न हो। (२) एक हद से दूसरी हद की अन्दर की पैमाइश।

to clear in or inward: to discharges cargo. माल या असबाब उतारना (जैसे जहाज पर से।

to clear out: to leave port; to empty; to make room. बन्दरगाह छोड़ना या समुद्र तट से जल पोत का चलना; स्थान खाली करना; दूसरे के लिये जगह देने के लिये स्वयं हट जाना;

to clear up: to become fine: to grow fair (said of the weather). साफ हो जाना (मौसम का)।

in the clear: in plain language; said of the military messages. सरल भाषा (कोड भाषा में नहीं) सैनिक सन्देशों के विषय में कहा जाता है।

to clear the way: to make the way open. रास्ता खुला छोड़ना।

to clear off: to get rid of. छुटकारा पाना।

to clear the air: simplify the situation and relieve the tension. कठिनाइयों को दूर करके स्थिति को सरल बनाना जिससे खिंचाव कम हो जाये।

to clear from debt: to free from debt. कर्जा (ऋण) उतारना।

the road clear: there is no one on the road. सड़क पर कोई नहीं है।

to clear land: to cut down trees or underbush. पेड़ और झाड़ी इत्यादि काट डालना।

to clear one's throat: to clear the throat by coughing. खंकारना; खांस कर गला साफ करना।

clearable *क्लीयरेबल* which can be cleared. साफ करने योग्य।

clearage *क्लीयरेज n.* a piece of land cleared. वह मैदान जिसके पेड़ इत्यादि काट दिए गये हों।

clearance *क्लीयरेन्स n.* the act of clearing; a certificate for a vessel to sail; the passage of cheques; bank drafts through the clearing house. बाधाओं को दूर करने कार्य; स्वच्छ करने का कार्य; जहाजों को हुक्म; चैक या बैंक की हुण्डियों का बैंक पास करने का कार्य।

clearance-sale *क्लीयरेंस-सेल n.* sale of goods with reduction in prices with a view to clear old stock. पुराने माल को निकालने के लिए दर कम करके माल को बेचना।

clearcole *क्लीयरकोल n.* (also *clerecole, claircolle*); a priming coat consisting of glue with whiting. पोतने से पहले पहली पड़त जिसे सफेदी में गोंद मिला कर किया जाता है।

clear-cut *क्लीयर-कट adj* sharply outlined; concise; plainly put. साफ सुथरा बना हुआ; बिलकुल ठीक; स्पष्टता से सामने रखा हुआ।

clearer *क्लीयरर n.* one who clears. साफ करने वाला।

clear-eyed *क्लीयर-आइड adj.* having bright clear eyes. उज्ज्वल और निर्मल चमकदार आंखों वाला।

clear-grit *क्लीयर-ग्रिट n.* courage; fine character; unbreakable spirit. धैर्य्य; अच्छे चरित्र वाला; हिम्मत न हारने वाला।

clear-headed *क्लीयर-हेडड् adj* sensible; clear in understanding. समझदार; किसी बात को आसानी से समझने वाला।

clearing *क्लीयरिङ्ग n.* (1) a making or becoming clear (2) a tract of clear land. (3) the settlements between bank arising from interchange of cheques; drafts etc. (१) साफ या स्पष्ट बना हुआ या बनाने का कार्य (२) ऐसा मैदान जिसमें पेड़ इत्यादि न हों; साफ मैदान (३) बैंकों में चैक और हुण्डी इत्यादि का आपस में हिसाब किताब और चुकता लेन देन।

clearing-house *क्लीयरिङ्ग-हाउस* a house where bankers exchange drafts and cheques and adjust balances. ऐसा दफ्तर जहां बैंक वाले हुण्डियों और चैकों का आपस में भुगतान करते हैं।

clearing-nut *क्लीयरिङ्ग-नट n.* the seeds of a plant used in East Indies for clearing muddy water. एक प्रकार का ईस्ट इन्डीज में पाया जाने वाला पौधा जिसके बीज गदले पानी को साफ करने के काम आते हैं

clearings *क्लीयरिन्ग्स् n.* (*pl*) the total of cheques and drafts presented daily at a clearing house. ऐसे चैकों और हुण्डियों का कुल योग जो बैंकों में सिकरने के लिए भेजे जाते हैं।

clearly *क्लीयरली adv.* in a clear manner स्पष्ट रूप से; साफ साफ।

clearness *क्लीयरनस n.* the state or quality of being clear. स्वच्छता; उज्ज्वलता; निर्मलता।

clear-obscure *क्लीयर-ऑब्स्क्योर n.* management of light and shade in a picture. किसी चित्र में धूप छांह का ठीक ठीक चित्रण करने का तरीका।

clear-sighted *क्लीयर-साइटेड् adj.* of keen vision; having accurate preception and good judgement. तेज दृष्टिवाला; हर बात को ठीक ठीक समझने वाला और ठीक निर्णय देने वाला।

clear-sightedness *क्लीयर-साइटेड्नेस n.*

clearness of sight. आंखों की दृष्टि का बिलकुल साफ होना।

clear-skin *क्लीयर-स्किन n.* an unbranded animal. ऐसा पशु जिस पर लोहे से दाग न लगाया हो।

clear-starch *क्लीयर-स्टार्च v. t.* to stiffen with pure starch. स्वच्छ और विशुद्ध कलफ देकर कपड़े को कड़ा करना।

clear-starcher *क्लीयर-स्टार्चर n.* a laundress धोबन।

clear-starching *क्लीयर-स्टार्चिंग n.* the act of stiffening linen with clear starch. विशुद्ध और स्वच्छ कलफ देकर सूती कपड़े को कड़ा करने का कार्य।

clear-story *क्लीयर स्टोरी n.*an upper story with its own row of window. एक ऊपर की मंजिल जिसमें खिड़कियां एक के बाद दूसरी (लाइन में) हों जैसे कि गिर्जाघरों में होता है।

clear-text *क्लीयर-टेक्स्ट n.* plain text. सरल ग्रन्थ।

clear-through *क्लीयर-थ्रू adv.* entirely; as honest clear through. पूर्ण रूप से; जैसे वह पूर्ण रूप से ईमानदार है।

clear-weed *क्लीयर-वीड n.* richweed. एक प्रकार का गन्ने जैसा पौधा।

clear-wing *क्लीयर-विंग n.* a transparent-winged moth. एक प्रकार का मच्छर जिसके पर पारदर्शक होते हैं।

cleat *क्लीट n.* (1) a strip of wood or iron fastened across a surface or nailed accross a wall to strengthen support (2) a piece attached to parts of the ship for fastening ropes (3) a piece of metal or leather fastened to the underside of a shoe to prevent slipping. (१) लकड़ी का डट्टा या फन्नी मजबूती से बांधने के काम आती है (२) जहाज के अन्दर लगी हुई फन्नी जो रस्सी बांधने के काम आती है (३) लोहे या चमड़े का टुकड़ा जो जूतों के तले में लगाया जाता है जिससे जूते फिसलें नहीं।

v. t. to furnish or strengthen with a cleat. डट्टा या फन्नी से मजबूत करने के लिये बांधना।

cleavable *क्लीवेबल् adj* capable of being divided. विभाजित या भगाने योग्य।

cleavableness *क्लीवेबलनेस n.* the quality of being divide. विभाजित होने की सामर्थ।

cleavage *क्लीवेज् n.* the act of splitting; a tendency in certain socks to divide or split in certain direction. अलगाव; विभाजन; कुछ चट्टानों में किसी विशेष स्थान से टूटने का गुण।

cleave *क्लीव v. t.* (*p. t. clove or cleft p.p. cloven* or *cleft.*) to divide; to split; to separate violently; to go. विभाजन करना; विभक्त करना; फाड़ना; चीरदेना; झटके से अलग कर देना, पूरी तरह से करना; घुसेड़ना।

v. i. through; to pierce; to penetrate. to part asunder; to crack. अलग हो जाना; फट जाना।

cleave *क्लीव v. i.* (*p. t.* cleaved or clave) to adhere; to stick; to unite. लगा रहना; संलग्न होना; एकत्र होना;।

cleaver *क्लीवर n.*one or that which cleaves. फटने या फाड़ने वाला।

cleavers *क्लीवर्स n.* (also *clivers*) grass-leaves which cleave to fur or clothes by its hooks. एक प्रकार की घास जिसके पत्ते कपड़ों से या रूंएदार कपड़ों से छोटे छोटे कांटे होने के कारण चिपक जाते है।

cleaving *क्लीविंग n.* the act of adhering चिपकाने या संलग्न होने का कार्य।

cleche *क्लेचा* (*क्लेशा*) *adj.* (*Heb.*) hollowed throughout showing only a narrow border एक थोथा किया हुआ या गूदा निकाला हुआ।

cleck *क्लेक v. t.* (*Scot.*) to hatch. अण्डे को से कर बच्चे निकालना।

clecking *क्लेकिंग n.* a brood अण्डे फोड़ना।

cledoism *क्लेडोइज्म n.* avoidance of the use of words considered omnious or unlucky. ऐसे शब्दों को प्रयोग में न लाना जिनको अशुभ-समझा जाय।

cleed *क्लीड v. t.* (*Scot.*) to shelter to clothe; dress; garment. आश्रय देना; कपड़े देना; सहारा देना; पोशाक; कपड़े।

cleek *क्लीक n.* a large hook; a narrow iron headed golf club. एक बड़ा कांटा; गोल्फ खेलने की डण्डी जिसके आगे एक छोटा सा लोहे का फन लगा होता है।

v. t. to seize; to hook. पकड़ना; जकड़ना।

v. i. to go arm in arm; to link; to marry. हाथ में हाथ डालकर चलना; जोड़ना; सम्बन्ध करना; विवाह करना।

cleep *क्लीप v. t.* (also *clepe*) to name; to call. नाम लेकर आवाज देना; पुकारना।

clef *क्लेफ n.* in musical notation; a character placed upon the staff to determine the pitch. संगीत विद्या में एक निशान या चिन्ह जिसका अर्थ गूंज दिखाने का होता है।

cleft *क्लेफ्ट adj* (1) divided partially; or completely. (2) (in Botany); divided about halfway down, said of leaves. (१) कटा हुआ; विभाजित। (२) वनस्पति विद्या में; ऐसी पत्तियां जो आगे से फटी हुई हों।

n. (1) an opening made by cleaving. as in rocks. (2) a crack in the human skin. (3) the space between two parts of a horse's hoof. (१) फटने पर दरार या घट्टा पड़ जाना जैसे चट्टानों में। (२) खाल का फटना। (३) घोड़ों के खुर के अन्दर की खोखल जगह।

cleft plate *क्लेफ्ट प्लेट n.* a congenital fissure of the roof of mouth. तालुए के ऊपर की खाल।

cleg *क्लेग n.* gadfly; horsefly. डांस; मच्छर।

cleistogamous *क्लीस्टोगेमस adj.* in Botany pertaining to flowers which do not open and in which self-pollination occurs. वानस्पतिक विद्या में, ऐसे फूलों से सम्बन्धित जो खिलते नहीं और उनके नर और मादा अणु उसी में मिल जाते हैं।

cleistogamy *क्लीस्टोगेमी n.* production of flowers which do not open and in which self-pollination occurs. ऐसे पौधों का उगना जो खिलते नहीं और अन्दर ही अन्दर उनके नर और मादा अणु आपस में मिल जाते हैं।

cleithral *क्लीथ्रल adj.* completely roofed or covered. पूर्ण रूप से ढका हुआ अथवा जिस पर छत हो।

clem *क्लेम v. t. & v. i.* to starve. भूखो मरना या मारना।

clematis *क्लिमेटिस n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

clemence *क्लिमेन्स n.* the quality of being clement. नम्रता; कोमलता; क्षमा शीलता।

clemency *क्लिमेन्सी n.* mildness, readiness to forgive. नम्रता; क्षमाशीलता; दयालुता।

clement *क्लिमेन्ट adj.* mild; kind; gentle; merciful. विनम्र; दयालु; कोमल स्वभाव का; क्षमा शील।

clemently *क्लिमेन्टली adj.* in a clement manner. क्षमा शीलता के भाव से।

clench *क्लेन्च v. t.* to close tightly; to clinch; to grasp. कस कर पकड़ना; कसकर बांध देना तर्क सुझा देना।

Cleopatra *क्लियोपेट्रा n.* the last queen of Egypt; fomous for her charm and beauty (69-30-B.C.). ईसा से ६९-३० वर्ष पूर्व मिश्र की एक महारानी जो अपनी सुन्दरता और चतुरता के लिए प्रसिद्ध थी।

clepe *क्लीप v. t.* (also *cleep*) to name; to call. नाम लेना पुकारना।

clepsydra *क्लिपसीड्रा n.* an instrument for measuring time by the trickling of water; water clock. एक प्रकार का यन्त्र जिससे समय मालूम किया जाता था जैसे कटोरे में छेक करके उसे बड़े बर्तन में रख दिया जाता था और उसके डूबने पर एक घन्टा माना जाता था पानी की घड़ी।

clerestory *क्लेयरस्टोरी n.* an upper story with its own rows of windows; एक ऐसी ऊपरी मन्जिल जिसमें खिड़कियों की कतार हो।

clergiable *क्लर्जीएबल adj.* (also *clergyable*) entitled to the benefit of clergy. जिसे पादरी के समान सम्मान पाने का हक हो।

clergy *क्लर्जी n.* the holders of an allotted office of Christian or other religion; education. पादरी; किसी धर्म या ईसाई धर्म में एक बहुत बड़ा पद; शिक्षा।

benefit of clergy. originally an exemption of clergyman in certain cases from criminal cases. पहले पादरियों को विशेष जुर्म करने पर उनके ऊपर अदालत में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता था और छूट दे दी जाती थी।

black clergy: in Russia all the regular clergy. रूस के साधारण पादरी।

clergyman's sore throat. chronic pharygitis. गले के अंदर की सूजन का पुराना रोग।

clergyman *क्लर्जीमैन n.* one of the clergy. पादरी।

clergywoman *क्लर्जीवूमैन n.* (*fem.*) a woman belonging to the clergyman's family. पादरी के कुटुम्ब की एक स्त्री।

cleric *क्लेरिक n.* a clergyman. पादरी।

clerical *क्लेरिकल adj.* belonging to the clergy or a clerk. पादरी या क्लर्क (लिपिक) सम्बन्धी।

clericalism *क्लेरिकलिज्म n.* under the influence of a clergy. पादरियों को मानना; उनका आदर करने का भाव।

clericate *क्लेरिकेट n.* clerical garb. पादरियों का चोगा।

clericity *क्लरीसिटी n.* the state of being a clergy. पादरी होने की अवस्था।

clerihew *क्लरीह्यू n.* a jingle in two short couplets describing the life of some notable persons. एक प्रकार की दो छन्दों की कविता जिसमें प्रसिद्ध व्यक्तियों की बड़ाइयों के बारे में कहा गया हो।

clerisy *क्लरीजी n.* scholars; the class of learned men. विद्वान मनुष्य; ज्ञानी मनुष्यों की श्रेणी।

clerk *क्लर्क n.* (1) one who works in an office as writing letters; keeping accounts etc. as a bank clerk. (2) a salesman in a store. (3) a hotel employee who assigns rooms to the guests. (4) in the Anglican church; who leads in the responses. (१) लिपिक; वह व्यक्ति जो दफ्तरों मे चिट्ठी लिखते हैं या हिसाब किताब करते है जैसे बैङ्क का क्लर्क या लिपिक। (२) किसी दूकान पर माल बेचने वाला। (३) किसी होटल का वह कर्मचारी जो महमानो के लिए कमरों की व्यवस्था करता है। (४) अंग्रेजी गिर्जाघरों में अथवा ऐंगलीकन गिर्जाघरों में वह पादरी जो प्रार्थना बुलवाता है।

v. i. to act as a clerk. लिपिक का कार्य करने वाला।

Bibble clerk : a scholar who reads the lessons in some chapels. किसी गिर्जाघर मे धर्म का उपदेश करने वाला।

clerk of the weather . an imaginary. clerk supposed to direct the weather. एक ऐसा फर्जी मुन्शी जिसे कहा जाता है कि वह मौसम मे तबदीली लाने का परमात्मा की तरफ से जुम्मेदार होता है, इन्द्र का दूत।

clerk of works : one who superintendents the erection of building. ऐसा कर्मचारी जो मकान बनाने मे उसकी देखभाल करता है।

Lord Clerk Register : an officer of the General Register House with duties in regard to election of Scottish representatives peers. एक ऐसा पदाधिकारी जिसके पास मतदाताओं की सूची होती है और स्काटलैंड की तरफ से हाउस ऑफ लार्डस में चुनने का हक केवल उन्हीं लोगों को होता है जिनका नाम उस सूची मे हो।

St. Nicholas's clerks : thieves. चोर।

clerkdom *क्लर्कडम n.* the profession of working as a clerk. लिपिकों का पेशा।

clerkess *क्लर्कअस n.* a female clerk. एक स्त्री लिपिक।

clerkish *क्लर्किश adj.* like a clerk. लिपिक के समान।

clerkless *क्लर्कलेस adj.* ignorant. अज्ञानी; मूर्ख; अपढ़।

clerk-like *क्लर्क-लाइक adj.* like a clerk. लिपिक की तरह।

clerkling *क्लर्कलिङ्ग n.* a young clerk एक युवा लिपिक; नया लिपिक।

cleromancy *क्लेरोमेन्सी n.* the discovery of the unkown or future by lot. पर्ची डाल कर भविष्य के बारे में मालूम करना।

cleruch *क्लेरूक n.* an allotment holder in foreign territory retaining his Anthenian citizenship. एक ऐसा अन्थेनिया निवासी जिसको विदेश में जमीन या जायदाद मिलने पर भी अथेनिया का नागरिक बने रहने का अधिकार हो।

cleruchy *क्लेरूकी n.* (also *clerucha*) an allotment holder. जिसे जागीर इत्यादि दी गई हो।

cleuch *क्लूक n.* (also *cleugh*) a Scottish form of clough; a valley. घाटी; जहां घना जङ्गल हो।

cleve *क्लीव n.* hillside; cliff. पहाड़ी; चट्टान।

cleveite *क्लेवीट n.* a pitchblende in octahedral crystals containing helium. एक प्रकार का गोंद जैसा पदार्थ जिससे रेडियम बनाया जाता है और जिसमें हीलियम भी होता है।

clever *क्लेवर adj.* dexterious; able; skilful; ingenious; good nature. चतुर; कुशल; प्रवीण; दक्ष; बुद्धिमान; अच्छे स्वभाव का

cleverality *क्लेवरेलिटी n.* ability; skilfulness. चतुरता; प्रवीणता; दक्षता।

cleverish *क्लेवरिश adj.* somewhat clever. थोड़ा बहुत चतुर या कुशल।

cleverly *क्लेवरली adv.* in a clever manner. चतुरता से।

cleverness *क्लेवरनेस n.* the quality of being clever. दक्षता; चतुरता, प्रवीणता।

clew *क्लू n.* (also *clue*) a ball of thread; that guide through a labyrinth; any thing that points towards the solution of a mystery; the corner of a sail. तागे का गोला; गोले का तागा; रहस्य सुलझाने की तालिका; बादबान का एक कोना।

v. t. to coil up in a ball; to tie up to the yards. लपेट कर गोला बनाना; गोले में लपेटना; ताना बनाना।

clew-garnet *क्लू-गारनेट n.* a tackle for clewing the sails for furling. एक प्रकार का गिट्टा जिस पर बादबान खोलने की उसकी रस्सियां लपेटी जाती हैं।

clew-lines *क्लू-लाइन्स n.* ropes or the sails by which they are chewed up for furling. बादबानों की रस्सियां जिनसे बादबानों को लहराया जाता है।

cliche *क्लेशा n.* the impression made by a die on any soft metal; a stereotyped phrase. किसी नरम धातु पर किसी मोहर की छाप; दकियानूसी महावरा।

click *क्लिक् n.* (1) a short; sharp metalic sound as that of the latch of a door. (2) a stop;, a latch of a door. (3) a clucking sound produced by sudden retraction of tongue from the upper teeth plate. (१) खटका; खटखट की आवाज जैसे कि दरवाजे को चटकनी लगाने से होती है। (३) तलवे पर जबान लगाकर जो टक का शब्द निकलता है; ऐसी भाषा अफ्रीका में बोली जाती है; (२) चटकनी; खटका।

v. t. to make a light sharp sound. खटखट की आवाज करना।

click-beetle *क्लिक-बीटल् n.* a snapping beetle. एक प्रकार का गोबरौला।

click-clack *क्लिक-क्लेक n.* a persisting clicking noise. लगातार खटखट की आवाज जैसे घड़ी की।

clicker *क्लिकर n.* the compositor who distributes the copy among a companionship of printers and makes up pages; one who cuts leather for the uppersand sole as of boots. छापेखाने में वह ठेकेदार जो कम्पोज करने के लिये कापियां अपने साथी काम करने वाले को देता है और छपाई के लिए सफा तैयार करने के लिए फर्मा कसता है।

clicking *क्लिकिङ्ग* the act of clicking. खटखट करने का कार्य।

clicket *क्लिकेट n.* a latch. छिटकनी।

v. t. to make clicking sound. खटखटाने का शब्द करना।

client *क्लाइन्ट n.* (1) one in whose interest a lawyer acts. (2) one who engages the services of a lawyer; a customer; a patron (3) a dependent or follower of an ancient Roman patrician (१) मुवक्किल; कार्यार्थी; न्यायार्थी। वकील या अभिवक्ता को अपना मुकदमा सौंपने वाला या वकील करने वाला; ग्राहक; संरक्षक। रोम के ईसाई धर्म का अनुयाई।

clientage *क्लाइसटेज n.* the whole number of one's clients; the relation of the client to the patron. मुवक्किल समुदाय; मुवक्किल और वकील के बीच सम्बन्ध।

cliental *क्लाइन्टल adj.* pertaining to a client. मुवक्किल से सम्बन्धित।

clientele *क्लाइन्टील n.* the whole connection of a lawyer; shopkeeper etc. दुकानदार या वकील के अपने ग्राहकों या मुवक्किलों के साथ सम्बन्ध।

client ship *क्लाइन्ट-शिप n.* the condition of being a client. मुवक्किल बनने की अवस्था।

cliff *क्लिफ् n.* the steep and rugged face of a rocky mass; a headland; a precipice. पहाड़ का खड़ा किनारा; खड़ी चट्टान विशेषतः समुद्रतट की चट्टान।

cliff-dweller *क्लिफ्-ड्वेलर n.* one of the original tribes of North America who built their dwellings in natural excavated cliffs. उत्तरी अमरीका के आदि वासी जो पहले चट्टान की खोह (कंदरा) में रहा करते थे।

cliff-swallow *क्लिफ-स्वेलो n.* a North America swallow which builds mud nests

against the cliffs. एक प्रकार का उत्तरी अमरीका में पाया जाने वाला पक्षी जो चट्टान के सहारे गारे का घोंसला बनाता है।

cliffy *क्लिफी adj.* craggy or resembling cliffs. खड़ी चोटी वाला।

climacteric *क्लाइमेक्टिक n.* a critical year or period of marked change as in human life. मानव जीवन की वह अवस्था जिसमें महान शारीरिक परिवर्तन होते हैं।
adj. (1) pertaining to a climax; climacteric. (2) pertaining to a critical period or year marked by a crisis. (१) पराकाष्ठा सम्बन्धी। (२) मानव जीवन के अन्दर महान परिवर्तन आने की अवस्था से सम्बन्धित।
grand climacteric : one's sixty third year. जीवन का तिरसठवां साल।

climacterical *क्लाइमेक्ट्रीकल adj.* critical. परिवर्तनशील; जोखम का।

climactic (al) *क्लाइमेक्टीक (ल) adj.* pertaining to climax. पराकाष्ठा से सम्बन्धित।

climactically *क्लाइमेक्टीकली adv.* in a critical manner. परिवर्तनशील अवस्था में।

climatal *क्लाइमेटल adj.* united by a climate. जलवायु से सम्बन्धित।

climate *क्लाइमेट n.* the temperature or atmospheric condition of a place or locality. (2) a region characterized by a certain average temperature; rainfall dryness etc. (१) किसी स्थान का तापमान या जलवायु; आबहवा। ऐसा स्थान जो अपनी जलवायु, वर्षा और तापमान के कारण जाना जाये; जैसे गर्मी में शिमला।

climatic *क्लाइमेटिक adj.* pertaining to climate. जलवायु सम्बन्धी।

climatise *क्लाइमेटाइज v. t.* to accustom at a new climate. नई जलवायु की आदत डालना।
v. t. to become accustomed to a new climate. नई जगह की जलवायु का अभ्यस्त होना।

climatographical *क्लाइमेटोग्राफीकल adj.* belonging to the study of various climates. विभिन्न स्थानों की जलवायु की विद्या के अध्ययन से सम्बन्धित।

climatography *क्लाइमेटोग्राफी n.* a description of climate. जलवायु का पूर्ण विवरण।

climatological *क्लाइमेटोलोजिकल adj.* pertaining to the science of climates. जलवायु सम्बन्धी विज्ञान से सम्बधित।

climatologist *क्लाइमेटोलोजिस्ट n.* one who investigates the causes on which the climate of place depends. वह व्यक्ति जो जलवायु के परिवर्तन होने के कारणों के बारे में अध्ययन करे।

climatology *क्लाइमेटोलोजी n.* the science of climates or the investigation the causes on which the climate of a place depends जल वायु विज्ञान जिसमें विभिन्न स्थानों के जलवायु में परिवर्तन होने के कारणों को दिया गया है।

climax *क्लाइमेक्स n.* the last and most important of a number of ideas; events; expressions; etc; the point of greatest interest; a culmination; the acme. क्रम वृद्धि; अर्थालंकार; सारालंकार; ऐसे विचार या भाव जो अधिक दिलचस्प हों; सम्पूर्णता पूर्ण अन्त; उत्तरोत्तरोत्कर्ष; पराकाष्ठा; शीर्ष विन्दु; चरम सीमा।
v. t. to culminate; to rise slowly to climax. धीरे धीरे पराकाष्ठा पर पहुंचना; सम्पूर्ण होना।

climb *क्लाइम्ब v. t. & v. i.* to ascend or descend by cluching with hands or feet; to ascend with difficulty; to mount; of plants to ascend by clinging to other objects. हाथ या पैर से कुछ पकड़ कर चढ़ना; मुश्किल या कठिनता से चढ़ना; ऊपर चढ़ना; ऊपर उठना; वानस्पतिक शास्त्र में बेल, लता, प्रतती इत्यादि जो दूसरे पेड़ों इत्यादि के सहारे ऊपर बढ़ती हैं।
climb-down: to abandon excessive demand; attitute or position (fig.) अत्यधिक मांग या बुरे भाव को त्यागना।

climbable *क्लाम्बेबल adj.* which can be climbed. जिस पर चढ़ा जा सकता हो।

climb-down *क्लाइम्ब-डाउन n.* to get down as from a trees. उतरना; जैसे पेड़ पर से उतरना।

climber *क्लाइम्बर n.* a name given to plants which requires the help of other plants or objects to climb up. ऐसी लताएं जो बिना किसी दूसरे सहारे के ऊपर नहीं उग सकती।

climbing *क्लाम्बिङ्ग adj.* possessing power to climb; assisting to climb. चढ़ने का पराक्रम रखने वाला; चढ़ने में मदद करने वाला।

clime *क्लाइम n.* a country; region or tract. कोई प्रदेश, देश या भूमि।

clinamen *क्लिनामेन n.* inclination. स्वभाव; प्रवृति; अभिरुचि; झुकाव।

co-instantaneous कोइन्सटेण्टेनियस *adj.* exactly at the same time. ठीक एक ही समय एक साथ होने वाला।

co-instantaneously कोइन्सटेण्टेनियसली *adv.* एक ही समय घटित होने के रूप में।

co-instantaneousness कोइन्सटेण्टेनियसनेस *n.* the quality of happening exactly at the same time. घटनाओं का ठीक एक ही समय होने की स्थिति।

co-insurance कोइनश्युरेन्स *n.* दूसरे के साथ मिल कर करवाया हुआ बीमा विशेषत: ऐसा बीमा जिसमे जितने की सम्पत्ति हो उसमे कम रकम का बीमा कराना जिससे यह अभिप्राय निकाला जाता है कि बीमा कराने वाला जितना अन्तर बीमा कराई हुई रकम और सम्पत्ति की असली मालियत मे अन्तर हो उसका स्वय जिम्मेदार है।

co-insure कोइनश्युर *v. t.* to insure with others, to insure with specific terms of coinsurance. दूसरे के साथ मिलकर बीमा करना, किसी विशेष शर्त के अनुसार बीमा करना।

co-interest कोइण्टरेस्ट *n.* a joint interest. समान अधिकार।

coir कॉइर *n.* coconut-husk fibre. नारियल की जटा या सन जिसकी रस्सी बनाई जाती है।

coistril कोइस्ट्रील *n.* (also *coistrel*) a broom, a knave; a low fellow. झाड़ू, धूर्त मनुष्य, नीच व्यक्ति।

coition कोइशन *n* a coming together, especially sexual intercourse. आपस में मिलना, रति, मैथुन।

cojoin कोजॉइन *v. t.* to join together or in one; to unite; to associate or connect. आपस में मिलाना; जोड़ना; सम्बन्धित करना।
v. t. to unite; to join. मिलना, जुड़ना।

coke कोक *n.* (1) a fuel obtained by distilling the volatile constituents of coal, petroleum etc. by heating in ovens, it is principally carbon. (2) cocain, used adjectively in compounds as coke-fiend. (3) coco-cola. (१) बुझा हुआ पत्थर का कोयला, एक प्रकार का ईंधन जो खनिज कोयले की भट्टियों मे जलाकर उसके जलकर नष्ट होने वाले पदार्थ (गैसे) निकल जाए और सिर्फ कारबन रह जाए। (२) कोकीन; जब किसी दूसरे मिश्रणों के साथ प्रयोग किया जाये जैसे कोकीन खाने वाला पिशाच।
v. t. (also spelled *coak*) to change into coke. कोयले में बदलना; कोयला बनाना।

coke-breeze कोक-ब्रीज *n.* पत्थर के कोयले की राख जिसे भट्टियो में से निकाला जाता है और नींव मे सिमेन्ट के साथ लगाई जाती है; और सिमेन्ट बनाने के काम भी आती है।

coke oven gas कोक ओवन गैस *n.* पत्थर के कोयले जलाने से जो गैस निकलती है।

cokernut कोकरनट *n.* कोकोनट (नारियल) का अशुद्ध रूप।

cokes कोक्स *n.* सादा या मूर्ख व्यक्ति; कम बुद्धि वाला व्यक्ति।

col कोल (1) a depression between two mountains; a gap in a ridge serving as a pass from one valley to another (2) a neck like area of low pressure between two anticyclones. (१) दो पहाड़ों के बीच की गुफा, कन्दरा, एक पहाड़ को पार करने के लिए बीच में छूटा हुआ रास्ता। (२) वायु के विपरीत दिशाओं की ओर के झोंको के बीच वह भाग जो गरदन की तरह होता है और उसमें हवा का बहुत कम दबाव होता है।
prefix. used before the words giving the meaning—with, together. साथ के अर्थ वाला एक प्रत्यय।

cola कोला *n.* a small tree found in West Indies the seeds of which coffein used as a tonic वेस्ट इन्डीज में पाया जाने वाला एक वृक्ष जिसके बीजो मे से एक प्रकार की काफी अथवा कहवा निकाला जाता है और वह काफी की तरह बलवर्धक होता है।

colander कोलेन्डर *n.* (also spelled *collunde*) a perforated vessel for straining liquids; a hemispherical sieve. किसी तरल पदार्थ को छानने के लिए एक छेकदार बर्तन, छलनी; अर्धगोलाकार छलनी।

colation कोलेशन *n.* straining; sieving. छानना; छलनी से छानने का कार्य।

colature कोलेट्यूर *n.* the act of straining. बूंद बूंद करके निकालना; छानने का कार्य।

colatitude कोलेटीट्यूड *n.* the complement of latitude, distance in degrees from the nearest pole. सम कोण को पूरा करने का कार्य; सबसे पास के ध्रुव से जितनी मात्रा का कोण बनता हो वह फासला।

colcannon कोलकनन *n* a stew composed of potatoes and cabbage etc. mostly used in Ireland. एक प्रकार की भूजी जिसे आलू गोभी इत्यादि मिलाकर बनाया जाता है और विशेषत: आयरलैण्ड में चाव से खाया जाता है।

colchicine कोलचीसीन *n.* a powerful plant growth accelerator obtained from roots of autumn crocus. पौधो को शीघ्र उगने मे मदद देने वाली एक प्रकार की खाद जिसे एक प्रकार के लाल और उदे रंग के पौधे से बनाया जाता है।

colchicum कोलचिकम *n.* (१) एक प्रकार के कुमुदनी के प्रकार के पौधों की श्रेणी। (२) एक लाल रंग के फूल वाले पौधे के बीज जिनसे खाद के लिए कोल्चीसीन बनाई जाती है

colcother कोलकॉथर *n.* a dark red ferric oxide formed by heating ferrous sulphate used as a polishing powder and as a pigment. गहरे लाल रंग की

कसौस जिसे लोहे और गन्धक के मिश्रण को गर्म करके बनाया जाता है और जो चमकाने के काम आता है इसका रंग भी बनता है।

cold *कोल्ड adj.* (1) of a relatively low temperature. (2) too rapid a loss of heat from the body; chilly. (3) lifeless; passionless. (१) आम ताप मान से कम ताप मान; ठन्डा। (२) शरीर की गर्मी का कम होना महसूस होना; ठन्ड। (३) निर्जवि; निरुत्साह।
catch cold : खांसी; जुखाम होना।

cold-blood *कोल्ड-ब्लड* बिना किसी उत्तेजना के; क्रूरता।

cold-blooded *कोल्ड-ब्लडड* निर्दयी; बिना किसी उत्तेजना के; क्रूर।

cold-bloodedly *कोल्ड-ब्लडडली adv.* क्रूरता से।

cold-bloodedness *कोल्ड-ब्लडड्नेस n.* क्रूरता।

cold-chisel *कोल्ड-चीसल n.* एक प्रकार की फौलाद की तपाई हुई छैनी जिससे और धातुएं काटी जाती है।

cold-cream *कोल्ड क्रीम n.* शरीर की खाल (त्वचा) को स्वच्छ और मुलायम रखने के लिये एक प्रकार की मरहम।

cold-drawn *कोल्ड-ड्रॉन adj.* ठण्डा होने पर भी खींचा हुआ जैसे लोहे का ठण्डा या खिचाहुआ तार

cold-feet *कोल्ड-फीट n.* भीरुत्वता; निरुत्साह होना।

cold-frame *कोल्ड-फ्रेम n.* एक लकड़ी का बना हुआ चौखटा जिसके ऊपर की ओर शीशा लगा होता है और पौधों को ठण्ड से बचाने के लिए इसे पौधों के ऊपर ढक दिया जाता है।

cold-front *कोल्ड-फ्रण्ट n.* आगे बढ़ती हुई ठण्डी हवा का अगला भाग।

cold-hammer *कोल्ड-हॅमर v. t.* ठण्डा होने पर भी हथौड़े से कूटना (जैसे किसी धातु को)।

cold-hearted *कोल्ड-हार्टेड adj.* उदासीन; बिना हार्दिक इच्छा के।

coldish *कोल्डिश adj.* थोड़ा बहुत ठण्डा।

coldly *कोल्डली adv.* उदासीनता के भाव में; लापरवाही से; बिना उत्तेजित हुए भाव में।

coldness *कोल्डनेस n.* उदासीनता; ठण्डा होने का गुण।

cold-pack *कोल्ड्पॅक n.* ठण्डे पानी में भिगोया हुआ सिर पर रखने का कपड़ा जिसे बुखार इत्यादि को कम करने के लिए माथे पर लगाया जाता है।

cold-pig *कोल्ड-पिग v. t.* सोते हुए व्यक्ति को ठण्डे पानी की छींटे देकर जगाना।

cold-roll *कोल्ड-रोल v. t.* बिना गरम किये दबाना जैसे किसी धातु की चद्दर को।

cold-short *कोल्ड-शॉर्ट adj.* ठण्डा होने पर जल्दी टूटने वाला; ऐसा धातु के सम्बन्ध में कहा जाता है जो गर्म होकर लाल न हो गई हो।

cold-shoulder *कोल्ड-शोल्डर v. t.* टालमटोल करना।

cold-sore *कोल्ड-सोर n.* मुंह और नथनों के पास सूजन हो जाना और साथ में बुखार और जुखाम हो जाने की बीमारी।

cold-snap *कोल्ड-स्नेप n.* अकस्मात् ठण्ड होजाना

cold-steel *कोल्ड-स्टील n.* काटने या भोंकने वाले चाकू इत्यादि।

cold storage *कोल्ड-स्टोरेज n.* सड़ने गलने से बचाने के लिए वस्तुओं को यन्त्र द्वारा ठण्डे किये गये कमरों में रखना; अनिश्चित काल के लिए असमञ्जस में पड़े रहना।

cold-war *कोल्ड-वार n.* देशों के बीच अपने को अधिक शक्तिशाली बनाने और अधिक प्रभावशाली बनाने की होड़ जिसके लिए वास्तविक लड़ाई को छोड़ सब साधन अपनाये जाते हैं।

cold-water *कोल्ड-वाटर n.* मामूली ठण्डा पानी जिसे गर्म न किया गया हो।

cold-wave *कोल्ड-वेव n.* सामान्य ठण्ड से अधिक ठण्ड पड़ना।

cole *कोल n.* a plant of the same genus as cabbage. गोभी के एक प्रकार के पौधों की श्रेणी।

cole-garth *कोल-गर्थ n.* a garden of cabbages. गोभी का बाग।

coleoptera *कोलिऑप्टेरा n.* the beetles, an order of insects having hard or horny fore wings. गोबरोला; ऐसे कीड़ों की श्रेणी जिनके सींग की तरह आगे के डङ्क मुड़े हुए हों।

coleopteral *कोलियॉप्टरल adj.* pertaining to beetles. गोबरोला सम्बन्धी।

coleopterist *कोलियॉप्टरिस्ट n.* a student of beetles. गोबरौले के बारे में अध्ययन करने वाला विद्यार्थी।

coleopterous *कोलियॉप्टरस adj.* belonging to beetles. गोबरोला सम्बन्धी।

coleor(r)hiza *कोलियोहजा n.* the protective layer on the roots of some plants, through which the radicals burst in germination. पौधों की जड़ों के ऊपर एक आवरण जिसको फोड़कर उगते समय जड़ों के बाल बाहर निकल आते हैं।

cole-seed *कोल-सीड n.* a seed of rape. एक मूली के समान फल का बीज।

cole-slaw *कोल-स्लॉ n.* a salad of cabbage. गोभी पत्ते।

colessee *कोलेस्सी n.* a cotenant. पड़ौसी किरायेदार।

colesser *कोलेस्सर n.* one of the makers of a lease. किरायानामा लिखने वाला।

cole-wort *कोल-वोर्ट n.* cabbage without heart. फूल गोभी।

colibri *कोलीब्री n.* a humming bird. एक प्रकार का गुनगुनाने वाला पक्षी।

colic *कॉलिक n.* severe griping pain in belly. उदरशूल; पेट की पीड़ा; वायुगोला।
adj. affecting the bowels. पेट के दर्द से सम्बन्धित।

colicky *कॉलिकी adj.* pertaining to colic. उदरशूल से सम्बन्धित।

coliform *कॉलिफॉर्म adj.* like a sieve. छलनी (चलनी) के समान।

colin *कोलिन n.* a small game bird of partridge family. तीतर; बटेर के प्रकार का एक पक्षी।

coliseum *कोलीसियम् n.* (also *colosseum*) a large place of entertainment. आमोद प्रमोद का स्थान।

colitis *कॉलिटिस n.* (also *colonitis*) inflammation of the intestine. आंतों में सूजन आ जाने का रोग।

coll *कॉल v. t.* to embrace. आलिङ्गन करना; स्नेहपूर्वक छाती से लगाना।

colling *कॉलिङ्ग n.* embracing. आलिङ्गन करने का कार्य।

collaborate *कोलॅबरेट v. i.* to cooperate or labour with another especially in scientific and literary persuits; to cooperate treacherously with enemy. साथ साथ काम करना विशेषत: वैज्ञानिक और साहित्यिक कार्यों में; शत्रु से मिलकर काम करना।

collaboration *कोलॅबरेशन n.* साथ साथ काम करना; सहकार्यता।

collaborationist *कोलॅबरेशनिस्ट n.* शत्रु से मिलकर काम करने वाला; देशद्रोही।

collaborator *कोलॅबरेटर n.* (also *collaborateur*) an assistant; an associate in labour; especially in scientific and literary persuits. सहकारी; साथ साथ कार्य करने वाला विशेषत: साहित्यिक और वैज्ञानिक अनुसन्धान में।

collagen *कोलॅजन n.* a protein forming the chief constituents of the protective tissues of the body as cartilage, skin, bone etc. शरीर के अन्दर के अङ्गों की रक्षा करने वाली पेशियों में अधिक मात्रा में पाई जाने वाली प्रोटीन जो त्वचा और नर्म हड्डियों में भी पाई जाती है।

collapse *कोलैप्स n.* (1) a sinking or falling together. (2) extreme prostration. (3) ruin; utter failure. (१) एक साथ डूबना या गिरना। (२) पूर्ण शिथिलता, सन्निपात। (३) बरबादी; असफलता।
v. i. to fall in together or in; as of two sides of a ship; to break down; to come to nothing. साथसाथ गिरना जैसे जलपोत के दो तरफों का; क्षय होना; सन्निपात होना; नष्ट होना; कुछ भी न कर पाना।

collapsable *कोलैप्सेबल adj.* (also *collapsible*) capable of collapsing. जिसे एक साथ तोड़ा मोड़ा जा सकता हो जैसे मोड़कर छोटी की हुई मेज।

collar *कॉलर n.* (1) an artical worn about the neck; a band of metal or leather for the neck of an animal. (2) junction of root and stem of a plant. (3) any of the ring shaped or cylinder shaped devices used to control the action of machine parts. (१) गले में पहने जाने की कोई कपड़े या और किसी वस्तु की माला; कण्ठा; पशुओं के गले में डालने का पट्टा। (२) पौधों की जड़ और तने का वह स्थान जहां वह मिलते हैं। (३) गोल या लम्बे आकार के यन्त्र जो किसी मशीन पर काबू रखने के लिए बनाए जाते हैं।
v. t. to grasp by or provide with a collar; to capture. गरदन पकड़ना; गिरेबान पकड़ना; पट्टा या हार पहनाना; पकड़ना।

collar-beam *कॉलर-बीम छत डालने* की लकड़ी की कड़ी जिसे दीवारें चुनकर दो दीवारों पर रख दिया जाता है।

collar-bone *कॉलर-बोन n.* हंसिया; कन्धे के दोनों तरफ की हड्डियां; कण्ठास्थि।

collard *कॉलर्ड n.* फूलगोभी।

collared *कॉलेर्ड n.* पट्टा पहने हुए; पट्टेदार; कैदी।

collarette *कॉलरेट् n.* एक छोटा पट्टा; छोटा गले में बांधने का फीता।

collar-stud *कॉलर-स्टड n.* पट्टे को बांधने के लिए बटन।

collar-work *कॉलर-वर्क n.* hardwork. अति परिश्रम।

collatable *कॉलेटेबल adj.* capable of being critically examined. जिसकी समालोचना की जा सके।

collate *कॉलेट v. t.* to bring together and compare; to examine critically; noting points of agreement and disagreement; to bestow on; to gather and place in order. एक साथ रखकर तुलना करना; समालोचना करना; समानता और भिन्नता के दृष्टिकोणों को कलमबद्ध करना; दान करना; इकट्ठा करना और करीने से लगाना।

collateral *कॉलेटरल adj.* अगल बगल; समानान्तर; समानोदक; पास-पास; अप्रत्यक्ष रूप से कार्य करने वाला।

collaterally *कॉलेटरली adv.* अप्रत्यक्ष रूप में; पास पास।

collateral-security *कॉलेटरल-स्क्योरिटी n.* निजी जमानत के अतिरिक्त; पैसे और जायदाद की जमानत।

collation *कोलेशन n.* तुलना; एकत्र करके लेखों या पुस्तकों को उनकी त्रुटियों को निकालने के लिए समालोचना; उपवास के बाद का हल्का भोजन; पादरियों के गिर्जे में रहने के लिए भेजने की रस्म; कानून में सम्पत्ति को किसी उत्तराधिकारी को दूसरे उत्तराधिकारियों में बांटने के लिए देना।

collative *कोलेटिव adj.* collating; bestowable. जिसे किसी को दिया जाय; तुलनात्मक।

collater *कोलेटर n.* one who collates or compares. तुलना करने वाला।

colleague *कोलीग n.* (1) a fellow member of an official body. (2) an associate. (१) किसी सरकारी दफ्तर का सहकारी। (२) सहकारी; साथ काम करने वाला।
v. i. to enter into an alliance. किसी षड्यन्त्र में भाग लेना।

colleagued *कोलीग्ड v. (p.p.)* of colleague. षड्यन्त्र किया हुआ।

colleagueship *कोलीगशिप n.* the state of being a colleague. साथ काम करने की अवस्था।

colleaguing *कोलीयिङ्ग v. (p. p.)* of colleague. षड्यन्त्र करते हुए।

collect *कलेक्ट (कॉलेक्ट) v. t. & v. i.* (1) to bring or gather together. (2) to obtain the payment as (money). (3) to infer. (4) to assemble; to accumulate. (5) to compose oneself. (१) बटोरना; संग्रह करना। (२) सञ्चित करना (रुपया)। (३) परिणाम निकालना। (४) संग्रह करना; एक जगह जमा होना; बटुरना। (५) होश ठिकाने करना।
to collect oneself: to compose oneself सचेत होना।

collectable *कलेक्टेबल adj.* (also *collectible*) capable of being collected. जिसे संग्रह किया जा सके।

collectanea *कलेक्टेनिया n.* (ब० वचन) विभिन्न लेखकों की पुस्तकों में से उनके प्रवचनों का संग्रह; संकलन।

collected *कलेक्टेड p. t. & adj.* gathered together; cool; prepared. शान्त; एक साथ जमा हुआ; दृढ़; जिसके होश हवास ठीक हों।

collectedly *कलेक्टेडली adv.* in one view; together; in a cool or firm manner. एक ही रूप में; साथ; शान्त और दृढ़ रूप में; संग्रह रूप में।

collectedness *कलेक्टेडनेस n.* दृढ़ता; मतिस्थैर्य।

collecting *कलेक्टिङ्ग adj. & n.* संग्रह किया हुआ।

collecting-box *कलेक्टिङ्ग-बाक्स n.* चन्दा जमा करने की सन्दूकची।

collection *कलेक्शन n.* (१) समूह; संग्रह; समुदाय। (२) सभा; ढेर; समुदाय। (३) वसूल की हुई रकम। (४) रकम वसूल करने का कार्य अथवा वसूल की गई रकम। (५) होश ठिकाने करना; दृढ़ता; मतिस्थैर्य।

collective *कलेक्टिव adj.* (१) समुदाय अथवा समूह से सम्बन्धित; एकत्र करने की शक्ति रखने वाला। (२) बहुवचन के अर्थ वाली संज्ञाओं से सम्बन्धित जैसे सेना।

collective-bargaining *कलेक्टिव-बारगेनिङ्ग n.* मिल मालिकों और मजदूरों की संगठित संस्था का वह तरीका जिससे काम करने की शर्तें तय की जाती हैं।

collective-farm *कलेक्टिव-फार्म n.* एक ऐसा खेती का कारोबार जिसका काम सहकारी मजदूरों द्वारा चलाया जाय और मशीन और भूमि पर भी उस सम्प्रदाय का हक हो।

collective-fruit *कलेक्टिव-फ्रूट n.* एक प्रकार का फल जो कई प्रकार के पौधों के फूल के एकसार एक जगह उगने के कारण उनके बीजों में मिश्रण होने के कारण उत्पन्न होते हैं जैसे अनन्नास।

collectively *कलेक्टिवली adv.* समूह के रूप में।

collective security *कलेक्टिव-सिक्युरिटी n.* विश्व शान्ति की रक्षा के लिए कई देशों का, आक्रमण करने वाले देश अथवा वह देश जिससे आक्रमण का भय हो, मिलकर उसके विरुद्ध कदम उठाना।

collectivise *कलेक्टिवाइज़ v. t.* पैसे इकट्ठा करने वाली संस्था को कर इत्यादि देना।

collectivism *कलेक्टिविज्म n.* एक समाजवादी सिद्धान्त जिसके अनुसार भूमि और कारखाने इत्यादि पर सारी जनता का अधिकार होना चाहिए

collectivist *कलेक्टिविस्ट n. & adj.* जो रुपया या सूद इकट्ठा करता है।

collector *कलेक्टर n.* an officer appointed to collect taxes etc. within a certain district as a magistrate one who collects taxes etc. जिलाधीश; जिसे कर इत्यादि इकट्ठा करने और जिले के फैसले करने का अधिकार होता है; इकट्ठा करने वाला।

collectorate *कलेक्टरेट n.* the district of a collector; office of a collector. कचहरी; कलक्टर का दफ्तर; वह भाग जिस पर कलक्टर का क्षेत्राधिकार हो।

collectorship *कलेक्टरशिप n.* the office or jurisdiction of a collector. कलक्टर का दफ्तर; कलक्टर का क्षेत्राधिकार।

colleen *कोलीन n.* a girl. कन्या।

college *कॉलिज n.* (1) an incorporated school for instructions in the liberal arts or professional studies; a school of higher learning; one of the educational institutions of a university. (2) a building or collection buildings owned and used by a college. (3) a body of associates or colleagues. (4) a course of lecture or studies. (5) a prison. (6) any assemblage or gathering as a college of bees. (१) कालिज; विद्यालय, जहां अच्छी व्यावसायिक और कला की शिक्षा दी जाती हो; ऐसा विद्यालय जहां उच्च शिक्षा दी जाती हो; विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विद्यालय। (२) ऐसे भवन जिसे विद्यालय की तरह काम में लाया जाता है और विद्यालय की ही यह सम्पत्ति होती है। (३) साथ साथ साहित्य और कला की उन्नति करने वाले लोगों का समूह। (४) अध्ययन करने के लिए उपयुक्त पाठ्यक्रम। (५) जेलखाना। (६) समूह जैसे मिक्खों या शहद की मक्खियों का समूह।

College of Arms *कॉलिज ऑफ आर्म्स n.* शस्त्र विद्या सिखाने का एक विद्यालय जिसकी नींव सन् १४८३ में डाली गई थी और इसके सभापति अर्ल मार्शल; इङ्गलैण्ड के बादशाह का मुख्य शस्त्र अधिकारी और नोरे थे।

college of cardinels *कॉलिज ऑफ कार्डिनल्ज n.* पादरियों की वह सभा जो मुख्य पोप को चुनते हैं।

College of Justice *कालेज ऑफ जस्टिस n.* स्काटलैंड में न्यायाधीशों; वकीलों और लेखकों की संस्था।

colleger *कॉलेजर n.* कालिज का विद्यार्थी।

collegial *कॉलेजियल adj.* कालिज से सम्बन्धित

collegian *कॉलेजियन n.* कालिज का छात्र या छात्रावास में रहने वाला ऋण के भार से दबा हुआ

collegianer *कॉलेजियनर n.* छात्र; कालिज का सदस्य।

collegiate *कॉलिजियेट adj.* कालिज के समान; कालिज से सम्बन्धित; कालिज से मिला हुआ।

collegiate-church *कॉलिजियेट-चर्च n.* एक ऐसा गिरजा जिसके बड़ा पादरी नहीं होता; स्काटलैण्ड अमरीका में ऐसे गिरजे जिनमें सिर्फ दो या एक पादरी होते हैं बड़ा पादरी नहीं होता।

collembola *कोलम्बोला n.* an order of entire by wingless insects having spring tails and whose abdomen has six segments. ऐसे बिना पङ्ख के कीड़ों की श्रेणी जिनके पेट के छः भाग होते हैं और ऊपर नीचे उठने वाली दुम होती।

collenchyma *कोलङ्कीमा n.* thick cornered cells of strengthening tissues. ताकत पहुंचाने वाली मांसपेशियों के मोटे दिवार वाले अणु।

collenchymatous *कोलङ्काइमेटस n.* pertain-

ing to collenchyma मोटी दिवार वाले मांस पेशियों के अणुओं से सम्बन्धित।

collet *कॉलिट n.* (1) a ring or rim in which a gem is set. (2) a ring or collar. (१) अँगूठी या हंसली; अँगूठी का वह भाग जिस पर नग जड़ा जाता है।

collide *कलाइड v. i.* to meet and strike violently; to clash. आपस में जोर से टक्कर होना; टकराना या टकर खाना।

collie *कॉली n.* (also *colly*) a breed of large handsome sheep-dog, originating in Scotland. एक प्रकार का बड़ा सुन्दर शिकारी कुत्ते की नसल जो पहले स्काटलैण्ड में ही पाई जाती है।

collied *कॉलीड adj.* blackened as with soot. धूंए से काला किया हुआ।

collier *कॉलीयर n.* a coal miner; a ship carrying coal; a dealer in coal. कोयले की खान में काम करने वाला; ऐसा जलपोत जो कोयला एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाता है कोयले का व्यापारी।

colleiry *कॉलीयरी n.* the coal trade; the coal-mining. कोयले का व्यापार; खान में से कोयला निकालना।

collieshangie *कॉलीशेङ्गी n.* a wrangle; an uproar; a disturbance. शोर गुल; हल्ला गुल्ला; गड़बड़।

colligate *कॉलीगेट v. t.* to fasten or bind together. सबद्ध करना; एक में बांधना।

colligation *कॉलीगेशन n.* दर्शन शास्त्र में बहुत से बिखरे हुए विचारों को सम्बद्ध करके एक रूप में करना; एक में बांधने का कार्य; संसर्ग; संगम।

colligative *कॉलीगेटिव adj.* depending or concentration. एकाग्र चित्त होने पर आधारित।

collimate *कॉलीमेट v. t.* to bring in to line or adjust parallel to the sight as of telescope; to make parallel as gun-sight with the axis of the gun's barrel दृष्टि की सीध में लाना जैसे देखने के लिए दुरबीन को; नजर के बराबर लगाना जैसे निशाना लगाते समय बन्दूक की नली को नजर के सामने समानान्तर रखना।

collimation *कॉलीमेशन n.* adjustment of sight line of telescope. दुरबीन का देखने के लिए ऊपर नीचे करके दृष्टि के ठीक सामने रखने का कार्य।

collimator *कॉलीमेटर n.* a small telescope used to detect errors and obtain parallel rays of light or a convex lens and a slit. एक प्रकार की छोटी दुरबीन; बीच में से मोटा शीशा या छिद्र जिससे प्रकाश की रश्मियों को गुजार कर ठीक सीध में प्रतिबिम्बित किया जा सके।

collinear *कॉलीनीयर adj.* in the same straight line. एक ही सीधी रेखा का।

collingual *कॉलिङ्ग्युअल adj* speaker of the same language. एक ही भाषा बोलने वाले।

collins *कॉलिन्स n.* a letter of thanks sent for hospitality. धन्यवाद का वह पत्र जो आवभगत करने पर भेजा जाता।

colliquable *कॉलीक्वेबल adj* liable to become liquefied. जो तरल पदार्थ में बदला जा सके।

colliquant *कॉलीक्वेण्ट adj.* having the power to dissolve or melting. जो पिघल सके या घुल सके।

colliquate *कॉलीक्वेट v. t.* to melt; to dissolve; to change from solid to liquid. पिघलना; घुलना; ठोस पदार्थ से तरल पदार्थ में बदलना।

colliquation *कॉलीक्वेशन n.* the act of melting or fusing together. पिघलने अथवा मिलाने का कार्य।

colliquative *कॉलीक्वेटिव adj.* dissolving; melting, excessive so as to cause exhaustion. घुलने वाला; पिघलने वाला; इतनी अधिक मात्र में कि थकान चढ़ जाय।

colliquescence *कॉलीक्वेसेन्स n.* readiness to liquefy. तरल पदार्थ में बदलने की समर्थता

collision *कॉलीजन n.* the act of violent contact; clashing; antagonism. जोर दार टक्कर; संघर्ष; धक्का; मुठभेड़; विरोध।

collocate *कॉलोकेट v. t.* to put in certain order; to arrange together; to set. सुसज्जित करना; सजाना; करीने से रखना; क्रम में रखना।

collocation *कॉलोकेशन n.* the act of arranging along with something else; disposition; arrangement. वस्तुओं को उचित स्थान पर दूसरी वस्तुओं के साथ सजाने का कार्य; सजावट; प्रबन्ध।

collocution *कॉलोक्यूशन n.* a conference. सभा।

collocutor *कॉलोक्यूटर n.* one of the speakers in a dialogue. किसी वार्तालाप में भाग लेने वाला।

collocutory *कॉलोक्यूटरी adj.* pertaining to or having the form of a colloquy. बात चीत अथवा वार्तालाप से सम्बन्धित।

collodion *कॉलोडियन n.* रुई और ईथर (एक प्रकार का जल्दी उड़ने वाला तरल पदार्थ) का मिश्रण जिसे फोटोग्राफी में प्लेटों पर लगाया जाता है और जख्मों (घरणों) पर भी लगाया जाता है।

collogue *कॉलोग v. i.* to plot together; to show belief in its absence. मिलकर जालसाजी करना; स्वयं विश्वास न करते हुए दूसरे को विश्वास दिलाना।

v. t. to flatter; to persuade. खुशामद करना; चापलूसी करना; बहकाना।

colloid *कॉलाइड n.* (१) गोंद के समान अस्फटिक पदार्थ जैसे अन्डे की सफेदी जो दूसरे पदार्थों में घुल तो जाता है पर झिल्ली में से नहीं छन सकता और अलग करने पर और मिश्रणों की तरह आसानी से अलग नहीं होता। (२) पदार्थ विद्या और रसायन विद्या में पदार्थ की वह अवस्था जिसमें एक पदार्थ को बारीक पीस कर किसी दूसरे पदार्थ के साथ इस प्रकार मिलाया जाए कि उसके ऊपर के तल के गुण भिन्न हो जाते हैं जैसे चर्बी और प्रोटीन इत्यादि के।

colloidal-system *कॉलाइडल-सिस्टम n.* any hetrogenous aggregate substances showing the properties of a colloid as emulsions. ऐसे एक सार गुण न रखने वाले पदार्थ जिनमें न घुलने के गुण हों; जैसे तेल इत्यादि के।

collop *कॉलप n.* a slice of meat for stewing; a small portion of anything. मांस का टुकड़ा जिसे भूना जाय; किसी वस्तु का एक छोटा टुकड़ा।

minced collops काट कर और उस पर चोट मार कर बारीक किया हुआ मांस।

Collop-Monday *कॉलप-मन्डे n.* ईसु के बन में उपवास का ईस्टर से एक दिन पहले बृहस्पति का दिन जहां मांस और अन्डे खाए जाते हैं।

colloque *कॉलोक v. i.* to hole a conversation. वार्तालाप करना।

colloquial *कॉलोक्विअल adj.* वार्तालाप की भाषा से सम्बन्धित; आम बोल चाल की भाषा का।

colloquialism *कॉलोक्वियलिज्म n.* बोल चाल की विशेष भाषा का शब्द या मुहावरा।

colloquialist *कॉलोक्वियलिस्ट n.* बोल चाल की आम भाषा के शब्द और मुहावरे बोलने में प्रवीण व्यक्ति।

colloquially *कॉलोक्वियली adv.* वार्तालाप के रूप में आम बोल चाल की भाषा के रूप में।

colloquise *कॉलोक्वाइज v. i.* वार्ता में भाग लेना; बातचीत करना।

colloquist *कॉलोक्विस्ट n.* वार्तालाप में भाग लेने वाला।

collotype *कॉलोटाइप n.* एक पतली सरेश से बनी हुई प्लेट जिस पर एक प्रकार का मसाला चढ़ा होता है और इस पर रश्मियों द्वारा खुदाई की जाती है फिर उससे छपाई की जाती है फोटो चित्र छापने की एक विधि।

colluctation *कॉलक्टेशन n.* opposition; a strife. विरोध; झगड़ा; मारपीट।

collude *कॉल्यूड v. t.* to play into the hands of each other; to conspire in a fraud; to connive; to act in concert आपस में एक दूसरे के इशारे पर नाचना; जालसाजी करना; धोखा देने का कार्य करना; दलबन्दी करना।

colluder *कॉल्यूडर n* one who conspires in a fraud. जो छलने के विचार से साजिस करता है।

collusion *कॉल्यूजन n* secret agreements for a fraudulent purpose. ठगने के लिये बनाई हुई साजिश; दलबन्दी।

collusive *कॉल्यूसिव adj* दो या अधिक व्यक्तियों में प्रवञ्चना के विचार से सम्मिलित, धोखे से भरा हुआ।

collusively *कॉल्यूसिवली adv.* ठगने के रूप में; प्रवञ्चना से।

colluvies *कॉलुवीज n.* accumulated filth; a rabble. गन्दगी का ढेर; गन्दगी, कूड़े करकट का ढेर।

colly *कॉली v. t.* गन्दा करना; काला करना।

collyrium *कॉलीरियम n.* eye-wash; eye-salve. काजल; सुरमा; नेत्राञ्जन।

collywobbles *कॉलीवोबल्ज n* abdominal pain. पेट की पीड़ा।

Colmar *कॉलमार n* कोलमार का बना हुआ एक फेशनेबिल पङ्खा जो प्राचीनकाल में बहुत प्रचलित था।

colobus *कोलोबस n.* एक प्रकार का अफ्रीका में पाए जाने वाले बन्दरों की श्रेणी जिनके अंगूठे प्रायः नहीं होते।

colocasia *कोलोकेज़िया n.* एक प्रकार के कोई के पौधों की श्रेणी।

colocynth *कोलोसिन्थ n.* एक प्रकार की बेल; लौकी या घीया का फल जो अधिकता से एशिया में पाया जाता है और दस्तावर होता है।

Cologne-earth *कोलोने-अर्थ n.* a kind of earth of dark-brown colour; used in water colour painting. हिरमिच; एक प्रकार की लाल रंग की मट्टी जो पानी के रङ्गों से चित्र बनाने के काम आती है।

Cologne-water *कोलोने-वाटर n.* (also *eav de Cologne*) a perfumed spirit or scent first made in Cologne in 1709. एक प्रकार का इत्र; जो पहले पहल सन् १७०९ में फ्रांस में कोलोने स्थान पर बनाया गया।

colon *कोलन् n.* (1) a punctuation mark (:) indicating a pause greater than a semicolon; but less than a period; used as a sign of opposition or equality, to connect one clause with another that explains it; used in citation and in mathematical proportions. (2) in ancient prosody a section of a rythmical period. (3) the large intestine. (4) the monitory unit of Costa Rica and El Salvador. (१) वाक्य के एक पूर्ण अंश का द्योतक चिह्न; (:) विसर्ग; अर्धविराम से अधिक और पूर्णविराम से कम; किसी वाक्य के एक भाग का वर्णन करने में लगाया जाने वाला चिह्न और इसे उदाहरण इत्यादि में और गणित में औसत दिखाने में काम में लाया जाता है जैसे दो और चार की औसत (२ : ४)। (२) प्राचीन काव्य में छन्द का एक भाग। (३) बड़ी आंतें। (४) अमरीका में कोस्टा राइका और एल साल्वाडौर का एक सिक्का।

colonel *कर्नल n.* (1) the officer who commands a regiment of soldiers. (2) in U. S. A. a Governor's A. D. C. (3) any person given this title by courtesy. (१) सैन्यदल का वह पदाधिकारी जो सेना को आदेश देता है; सेना का कर्नल; सेना का बड़ा अफसर। (२) अमरीका में गवर्नर (राज्यपाल) का विशेष सहकारी (एडी डी काङ्ग) जो उसे गुप्त सूचनाएं देता है। (३) वह व्यक्ति जिसे निष्शुल्क कर्नल की उपाधि दी जाती है।

colonelling *कर्नलिङ्ग n.* playing the colonel. कर्नल की नकल करने वाला।

colonelship *कर्नलशिप n.* the rank; office or commission of a colonel. कर्नल का पद अथवा आयोग।

colonial *कलोनियल adj.* (1) belonging to a colony; pertaining to a colony. (2) characteristics of colonial times; antique. (१) उपनिवेश या नई बस्ती का या उपनिवेश से सम्बन्धित। (२) दकियानूसी; पुराने विचार का।

n. a citizen or inhabitant of a colony. उपनिवेश या नई बस्ती का निवासी।

colonial-animals *कोलोनियल ॲनिमल्स n.* कई मनुष्यों द्वारा व्यभिचार करने के पश्चात स्त्री की योनि में स्थित वीर्य।

colonial experience man *कोलोनियल ॲक्सपीरियन्स मॅन n.* अफ्रीका में आने वाला वह विदेशी जो ऊन के कारखानों में काम सीख रहा हो।

colonialism *कोलोनियलिज्म n.* विशेषतः उपनिवेशों में आम बोले जाने वाले शब्द; मुहावरे और उक्तियां।

colonial system *कोलोनियल सिस्टम n.* विशेषतः पश्चिमी देशों का यह सिद्धान्त कि उपनिवेशों को जिन पर वह शासन करें उनका शोषण करना और उससे अपने देश को लाभ पहुंचाना।

colonial-yellow *कोलोनियल-यलो n.* रङ्ग रोगन बनाने के व्यवसाय में पीले रङ्ग का नाम।

colonisation *कोलोनाइज़ेशन n.* the act of colonising. नई बस्ती बसाने का कार्य; उपनिवेश बनाने का कार्य।

colonise *कोलोनाइज v. t.* to establish a colony in; to migrate and settle in in a colony. नई बस्ती बसाना; कहीं जाकर बसना या उपनिवेश बनाना।

v. i. to remove and settle in a distant colony. किसी दूर की बस्ती या देश में जाकर बस जाना।

coloniser *कोलोनाइज़र n.* one who helps to make a colony; one who settles in a colony. वह व्यक्ति जो नई बस्ती या उपनिवेश बनाने में सहायता करे; जो उपनिवेश में आकर बस जाए।

colonist *कोलोनिस्ट n.* an inhabitant or settler in a colony; a member of colonising expedition. वह व्यक्ति जो उपनिवेश में आकर बस जाय; किसी ऐसे गिरोह का सदस्य जो किसी देश पर अपना अधिकार जमाए।

colonitis *कोलोनाइटिस n.* the large intestine. बड़ी आंतें।

colonnade *कोलोनेड n.* any series or range of columns placed at certain intervals from each other; any similar row of trees. स्तम्भों की अथवा पेड़ों की पंक्ति; स्तम्भ रेखा; वृक्ष रेखा।

colonnaded *कोलोनेडड् adj.* having colonnades. स्तम्भ रेखाओं से परिपूर्ण।

collonette *कोलोनेट n.* a small column. एक छोटा स्तम्भ।

colony *कोलोनी n.* (१) उपनिवेश; ऐसा देश जहां विदेशी देशों द्वारा शासन होता है और वह उसका शोषण करके अपने देश को लाभ पहुँचाते हैं; नई बस्ती। (२) नई बस्ती का उपनिवेश बनाने वाले या उनकी सन्तान जो अपना देश छोड़कर वहां बस जाती है। एक ही जाति या वर्ग के लोगों का एक ही स्थान पर रहना। एक ही प्रकार के जानवरों का या पौधों का समूह जो एक ही स्थान पर पाया जाता है।

colophon *कोलोफोन n.* a printer's name, place of publication and date formerly put at the conclusion of a book. पुस्तक के अन्त में छापने वाले का नाम पता और तिथि।

colophonian *कोलोफोनियन adj.* relating to conclusion of a book. पुस्तक के अन्त में छपे हुए छापने वाले के नाम या पते से सम्बन्धित

colophony *कोलोफोनी n.* the residue of crude turpentine distilled. तारपीन के बिना साफ किए हुए तेल को साफ करने के बाद बचा हुआ तेल।

coloquintida *कलोक्विन्टिडा n.* a kind of cucumber. एक प्रकार की बेल।

color *कलर n.* American spelling of colour. रंग।

colrado beetle *कलरेडो.बीटल n.* आलुओं में लगने वाला कीड़ा।

coloration *कलरेशन n.* particular marking or arrangement of colour; colouring. विशेष प्रकार से रंगने का तरीका; रंग करने का कार्य।

coloratura *कलराट्यूरा n.* (also *colorature*) the effect of giving colour to vocal music by means of grace notes or other florid decorations. संगीत की लय में लोच उत्पन्न करके उसको अधिक सुन्दर बनाने का कार्य।

adj. suitable for coloratura. लोचदार और सुरीले संगीत के योग्य।

coloratura soprano *कलराट्यूरा सोप्रानो n.* a clear high voice of flexible range; a singer with such a voice. लोचदार और सुरीली आवाज या ऐसी आवाज वाला गायक।

colorific *कलरीफिक adj.* pertaining to the production or imparting of colours. रंग बनाने अथवा रंगने से सम्बन्धित।

colorimeter *कलरीमीटर n.* an instrument for estimating percentage of colouring matter in a given solution. एक प्रकार का यन्त्र जिससे किसी मिश्रण में रंग देने वाले पदार्थ की मात्रा को नापा जाता है।

colorimetery *कलरीमीट्री n.* the testing of a colouring or dyeing compound by comparison with colour solutions. रंगने के काम आने वाले मिश्रणों (घोलों) की रंग के घोल से तुलनात्मक परीक्षा करना।

collossal *कोलोसल adj.* huge enormous; tremendous. विशाल; बड़ा; दीर्घकाय।

collosseum *कोलोसियम n.* (also *coliseum*) the larger Flavian in Rome built by Vespasian and Titus in A. D 75-80. रोम में टीटान द्वारा बनाया हुआ अपने काल का सबसे बड़ा रंगमंच जो ईसा से ७५-८० वर्ष पूर्व बनाया गया था।

collossus *कोलोसस n.* a gigantic statue; any strikingly huge or great person. विशाल मूर्ति; कोई आवश्यकता से बड़ा या विशाल व्यक्ति।

collossus-wise *कोलोसस-वाइज adv.* astride. टांग फैलाकर।

colostration *कोलोस्ट्रेशन n.* a disease of infants due to first milk secreted in the breast after child birth. शिशुओं को हो जाने वाला एक प्रकार का रोग जो मां के जापे के बाद पहला निकला हुआ दूध (फेनस) पीने से उत्पन्न होता है।

colostric *कोलोस्ट्रिक adj.* pertaining to colostrum फेनस अथवा फेयुस सम्बन्धी।

colostrous *कोलोस्ट्रस adj.* like colostrum

फेनस के समान ।

colostrum *कोलोस्ट्रम n.* the first milk secreted in the breast after child birth. बच्चा होने के बाद स्तनों से पहले पहल निकला हुआ दूध; फेनस; फेयुस ।

colotomy *कोलोटोमी n.* incision of the colon. बड़ी आंतों की चीड़फाड़ ।

colour *कलर n.* (१) सूर्य की किरणों के किसी तिकोण ठोस शीशे इत्यादि के अन्दर से गुजारने पर जो उसके रंग बिरंगे भाग होते हैं उनका आंखों द्वारा ज्ञात; सफेद और काला रंग । (२) वह पदार्थ जिससे रंगा जा सके; कला और रंग साजी के काम में आने वाले रंग वाले पदार्थ । (३) मुखाकृति; वर्ण; बदला हुआ वेश; बहाना; आडम्बर । (४) झण्डा; किसी देश का झण्डा; किसी सैन्यदल या जल पोत का झण्डा । (५) (ब० वचन) मानव शरीर की त्वचा का रंग; अमरीका में रंग जाति या विचार का भेद न मानते हुए सबको समान अधिकार का अधिकार । (६) कला में; रंग भरना या रंग करना । (७) संगीत में लोच दार सुरीली आवाज या गले से संगीत की बारीकियों को सुनाने का कार्य्य । (८) रंगीन फीते या पोशाक जो किसी विशेष संस्था या दल के सदस्य होने का द्योतक हो । (९) कानून में स्वयं विदित अधिकार । (१०) जान डाल देने का कार्य्य जैसे साहित्यिक कृति में । (११) चेहरे की सुर्खी ।

v. t. & v. i. (१) रंगना; दाग लगाना; रंग पढ़ाना; रंग बदलना; शर्मा जाना; लज्जित होना; (२) गलत बयान करना; बढ़ाचढ़ा कर कहना ।

काला, श्वेत और भूरे रंग ।

chromatic colours : लाल; हरा; नीला और गुलाबी रंग जो इन्द्र धनुष में होते हैं ।

accidental colour : ऐसे रंग जो आंखों की स्थिति पर निर्भर होते है जैसे कि किसी रंगीन वस्तु को देखने के बाद और फिर उसे हटा लेने के बाद भी उसका आंखो पर असर रहता है ।

complementary colour : ऐसे रंग जो मिलने पर सफेद दिखाई देते है; इन्द्रधनुष के ऐसे दो रंग जो मिलने पर तीसरा रंग बनाते हैं ।

persons of colour : हबशी ।

colour a pipe . बहुत हुक्का पीना ।

come off with flying colours: विजयी होकर आना ।

come out in one's true colours : वास्तविकता दिखलाना ।

fear no colours : किसी भी शत्रु से न डरना ।

to give colour . विश्वास योग्य बनाना ।

high colour : चेहरे की लाली ।

join the colours . सेना में भर्ती होना ।

lose colour . सुन्दरता खो बैठना ।

nail one's colours to the mast : किसी दल या किसी पद्धति को मनोनीत करना ।

off colour . हल्के रंग का; जिसने अपना श्रेष्ठ समय बिता दिया हो; अस्वस्थ ।

change colour : लजाना; पीला पड़ जाना ।

fast colour पक्का रंग ।

under colour of : बहाने से ।

colourable *कलरेबल adj.* plausible; giving an appearance of right or justice; intended to deceive; having such an appearance as would not lead to suspicion of anything underhand. विश्वास योग्य; न्याय का ढोंग रचाने वाला; धोखा देने के लिये प्रस्तुत; ऐसी शकल बनाना कि दूसरे को ढोंग का पता ही न चले ।

colourableness *कलरेबलनेस n.* ढोंग; आडम्बर

colourably *कलरेबली adv.* आडम्बर के रूप में ।

colour-bar *कलर-बार n.* वर्ण-बाधा; वर्ण-विभेद के कारण अथवा गोरा या काला रंग होने के कारण किसी अधिकार को न पाने की अक्षमता ।

colour-blind *कलर-ब्लाइण्ड adj.* रंगों को ठीक प्रकार पहचानने की योग्यता रखने वाला ।

colour-blindedness *कलर-ब्लाइण्डेडनेस n.* नेत्रों के विकार के कारण रंगों को ठीक प्रकार न पहचानने का रोग ।

colour-box *कलर-बॉक्स n.* कलाकारों द्वारा रंग या ब्रुश रखने का एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने का डिब्बा ।

coloured *कलर्ड adj.* रंगा हुआ; गहरे रंग का; धब्बे पड़ा हुआ ।

coloured-people *कलर्ड-पीपल n.* काले लोग श्वेत जातियां ।

colour- film *कलर-फिल्म n.* रंगीन सिनेमा में दिखाया जाने वाला फिल्म ।

colour-filter *कलर-फिल्टर n.* एक पारदर्शक फिल्म या प्लेट जिसके द्वारा जिस रंग की आवश्यकता हो ।

colourful *कलरफुल adj.* उसी रंग का फोटो लिया जा सके ।

colour-hearing *कलर-हियरिङ्ग n.* रंगों और सुनी हुई आवाजों का मिलाप ।

colour-index *कलर-इण्डेक्स n.* तारों को केवल आंखो से देखने का और फोटोग्राफी लेने पर उनकी दूरी का अन्तर ।

colouring *कलरिङ्ग n.* रंगने की कला; ढङ्ग ।

colourist *कलरिस्ट n.* रंगसाज ।

colourless *कलरलेस adj.* बिना रंग का; श्वेत ।

colour-line *कलर-लाइन n.* श्वेत और अश्वेत वर्ण की जातियों में जाति भेद ।

colourman *कलरमैन n.* रंगरेज ।

colour-music *कलर-म्यूजिक n.* रंगों को रङ्गमञ्च पर इस प्रकार दिखाना कि उनका असर सङ्गीत की तरह हो ।

colour-organ *कलर-ऑर्गन n.* उपरोक्त तरीके से रंगों को रङ्गमञ्च पर दिखाने का यन्त्र ।

colour-party *कलर-पार्टी n.* झण्डे को लेकर चलने वाले सैनिकों की एक टुकड़ी जो उसकी रक्षा भी करते हैं ।

colour-prejudice *कलर-प्रेजुडिस n.* काले के प्रति शत्रुता का भाव ।

colour-printing *कलर-प्रिंटिङ्ग n.* रंगीन चित्रों को छापने का तरीका ।

colour-scheme *कलर-स्कीम n.* किसी चित्र को बनाते समय उसमें रङ्ग भरने का तरीका ।

colour-screen *कलर-स्क्रीन n.* एक ही रङ्ग का फोटोग्राफ के लिए लगाया गया पारदर्शक फिल्म ।

colour-sergeant *कलर-सार्जेन्ट n.* सेना का अनायुक्त अधिकारी जो नायक से ऊंची पदवी पर होता है और झण्डे के नीचे खड़ा हो सकता है जब वह लड़ाई के मैदान में हो या अपने मुख्य केन्द्र के कार्यालय के समीप हो ।

colour-wheel *कलर-व्हील n* एक प्रकार का गोल पहिया जिसमें इस प्रकार से रङ्ग लगाए जाते हैं कि उसके चलाने पर वह सफेद दिखाई देता है और उससे इन्द्र धनुष के रङ्ग किसी भी रंग में तबदील किये जा सकते हैं ।

coloury *कलरी adj.* गहरे रङ्ग का ।

colportage *कोलपोर्टेज n.* the profession of a hawker. फेरी लगाकर माल बेचने वाला ।

colporteur *कोलपोर्टर n.* फेरी लगाकर जन्त्री या पुस्तकें बेचने वाला विशेषत: कस्बों में ।

colt *कोल्ट n.* (1) a young horse; especially a young male horse. (2) an inexperienced player. (3) an awkward person. (4) a kind of American pistol. (१) बछेड़ा विशेषत: छोटा घोड़ा । (२) अनुभवहीन नया खिलाड़ी । (३) मूर्ख व्यक्ति । (४) एक प्रकार का अमरीकी पिस्तौल ।

colter *कोल्टर n.* (also *coulter*; *fem. filly*) a blade or disc on the beam of a plough. हल का फार ।

coltish *कोल्टिश adj.* बछेड़े के समान; बेफिक्र; मूर्ख ।

coltishness *कोल्टिशनेस n.* बिना चिन्ता के होना; अनुभवहीन; पूर्णता ।

coltsfoot *कोल्टसफुट n.* एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियों से पहले औषधि बनाई जाती थी ।

colt's-tooth *कोल्ट्स-टुथ n.* घोड़े के पहले पहल निकले हुए दांत; सम्भोग इत्यादि की इच्छा रखने वाला ।

coluber *कोल्यूबर n.* बिना विष वाले सर्पों की एक श्रेणी ।

colubriad *कोल्यूब्रिएड n.* सर्पों के बारे में वीरगाथा कविता ।

colubridae *कोल्यूब्राइडी n.* सर्पो की सबसे बड़ी श्रेणी जिसमें जहरीले सांप भी होते हैं जैसे काला नाग ।

colubriform *कोल्यूब्रीफॉर्म adj.* सर्प के समान ।

colubrine *कोल्यूब्राइन adj.* सर्प से मिलता जुलता

Colugo *कोल्यूगो n.* the flying lemur. एक प्रकार का ऊदबिलाव जैसा उड़ने वाला पिशाच ।

Columban *कोलम्बन adj.* सन्त कोलम्बा से सम्बन्धित ।

columbate *कोलम्बेट n.* a precious metal element used as an alloy. एक प्रकार की कीमती धातु जो और दूसरी धातुओं के साथ मिलाकर काम में लाई जाती है ।

columbarium *कोलम्बरियम n.* दीवार में आगे निकली हुई पत्थर या ईंट की टुकड़ी जिस पर शहतीर डाला जाता है; पक्षियों का अण्डे देने का दड़बा; कबूतरों के अण्डे देने अथवा उनके रहने के लिये बनाया गया काठ का घर; एक प्रकार का प्राचीन मकबरा जिसमें मृत पुरुषों की अस्थियां रखी जाती थी ।

columbary *कोलम्बरी n.* कबूतरों के रहने का काठ का अथवा किसी दूसरी वस्तु का घर जिसमें वह अण्डे देते है ।

Columbian *कोलम्बियन adj.* अमरीका से सम्बन्धित; क्रिस्टोफर कोलम्बस; जिसने पहले पहल अमरीका का पता लगाया; उससे सम्बन्धित ।

n. a style and type of 16 point. छपाई में १६ पाइण्ट का टाइप ।

columbic *कोलम्बिक adj.* एक प्रकार फौलाद जैसे भूरे रङ्ग की धातु से सम्बन्धित जिसे दूसरे धातुओं के साथ मिला कर काम में लाया जाता है ।

Columbine कोलम्बाइन *n.* रोम के एक मूल नाटक की एक अभिनेत्री जो हारलेक्वीन की प्रेमिका थी।
adj. कबूतर के समान; कबूतरी रङ्ग का।

columbite कोलम्बाइट *n.* a black mineral having various proportions of tentalum iron; columbium and manganese. एक प्रकार की काले रङ्ग की धातु जिसमें टेन्टालम; लोहा कोलम्बियम और मेगनेशियम होता है।

columbium कोलम्बियम *n.* a steel-grey coloured element used an alloy. काला और कुछ भूरे रङ्ग की एक धातु जिसे दूसरी धातुओं के साथ मिलाकर काम मे लाया जाता है।

columel कोलूमल *n.* a small column. एक छोटा स्तम्भ।

columella कोलूमला *n.* (*pl.*) (ब० वचन) एक छोटा डण्डा, या स्तम्भ के समान वस्तु; ऐसे पौधों का नाम जिनके डण्ठल स्तम्भ के समान दिखाई देते हैं।

column कालम *n.* (१) स्तम्भ। (२) कोई ऐसी वस्तु जिसका आकार स्तम्भ के आकार से मिलता हो। (३) छपाई में एक पृष्ठ का वह भाग जिसमें पंक्तियां ऊपर से नीचे एक ही सीध में होती है उनको रेखा खींचकर अथवा बीच में खाली जगह छोड़कर दूसरे कालम से अलग किया जाता है। (४) सेना में; सेना की वह टुकड़ी जिसके सैनिक आगे एक एक की पंक्ति में और पीछे कई पंक्तियों में आगे बढ़ता है।

columnal कॉलम्नल *adj.* स्तम्भ के आकार का; स्तम्भयुक्त।

columnar कॉलमनर *adj.* स्तम्भ के समान।

columnarity कॉलमनॅरिटी *n.* स्तम्भाकार होने की स्थिति।

columnated कॉलमनॅटड् *adj.* स्तम्भों से सजाया हुआ।

columned कॉलम्ड *adj.* स्तम्भों पर आधारित, स्तम्भों वाला।

columniated कॉलमनियेटड *adj.* स्तम्भो वाला।

columniation कॉलमनियेशन *n* किसी मकान के नक्शे में स्तम्भों का प्रयोग।

columnist कॉलमिस्ट (कॉलनिस्ट) *n.* a journalist who writes a special column in a daily newspaper. किसी दैनिक समाचार पत्र में प्रतिदिन कोई विशेष लेख देने वाला पत्रकार।

colure कोलयॉर *n* पृथ्वी के चारों ओर के दो ऐसे वृत्तों मे एक वृत जो एक दूसरे को ध्रुव पर समकोण से काटते है और सूर्य्य के पृथ्वी से सबसे अधिक दूर होने पर ऋतुओं में परिवर्तन करता है

colza कोलजा *n.* एक प्रकार का गोभी से मिलते जुलते पौधे का बीज जिससे तेल निकाला जाता है

com कॉम *prefix.* used before a word giving the meaning of with; together altogether; as in compound, allied to sanskrit (*prefix 'sam'*). एक ऐसा प्रत्यय जिसको शब्दों के आगे जोड़ने से उनका अर्थ साथ तथा साथ में हो जाता है और यह संस्कृत के 'सं' के बराबर होता है और उसी प्रकार इसके लगाने से अर्थ निकलते है जैसे सम्बन्ध।

coma कॉमा *n.* (१) गहरे सांस आने और बेहोश होने की अवस्था; मूर्छा, घोर निद्रा; अप्राकृतिक निद्रा; शिथिलता। (२) धूम्रकेतु के चारों ओर का संग्रह। (३) रेशम के समान छोटे बाल जैसे कुछ बीजों के ऊपर होते हैं। (४) दुरबीन द्वारा किसी दूर की वस्तु को देखने पर जिसके शीशे ठीक न हो जो उस वस्तु के चारों ओर धुंधला सा हाशिया दिखाई देता है।

coma-Berenices कॉमा-बेरेनाइसेज *n.* a northern constellation. उत्तर में दिखाई देने वाला तारों का समूह।

comal कॉमल *adj.* pertaining to seeds having hairs. ऐसे बीजों से सम्बन्धित जिन पर बाल हो।

comarb कॉमार्ब *n.* a head of an Irish tribe. आयरलैण्ड की एक आदम जाति का मुखिया।

comart कॉमार्ट *n.* (*Shak.*) an agreement. समझौता, सुलहनामा।

comate-कोमेट *adj.* hairy. बालों वाला।

comate को-मेट *n.* (*Shak.*) a companion. साथी।

comatose कोमेटोज *adj.* drowsy; lethargic. आलसी; निद्रित।

comose कोमोज *adj.* pertaining to coma निद्रित, बेहोश।

comous कॉमस *adj.* pertaining to coma अचेत अवस्था से सम्बन्धित।

comb कॉम्ब *n.* (१) केशों को सवारने तथा स्वच्छ रखने के लिए कंघा। (२) मुर्गे की कलगी। (३) पहाड़ी या लहर की चोटी। (४) छत्ता; मधुकोष। (५) एक प्रकार का माप जो चार बोरियों के बराबर होता है। (६) छत का किनारा।
v. i. & v. t (1) to dress with a comb (2) to roll over as the top of a wave (3) to search through. (4) to curl over and break into foams as waves. (१) कंघी करना कंघे से बाल सवारना। (२) लहरों के ऊपर के किनारे की तरह गोल (घुंघराले) बाल बनाना, गोलाई में मोड़ना। (३) तालाश करना ढूंढना (४) लहरों के समान छाल मारना और फन उत्पन्न करना।
crop comb स्त्रियों की अर्धवृत्ताकार कंघी।
to comb out: अलग करना।

combat कम्बॅट *v. i.* to fight, to struggle: to contend लड़ना, युद्ध करना, झगड़ा करना सामना करना।
v. t. to oppose by force; to fight with; to resist. पीटना; लड़ना; प्रति द्वन्द्वी होना; सामना करना।
n a battle or fight; contest duel. लड़ाई युद्ध भिड़न्त; द्वन्द्व युद्ध।
close combat hand to hand fighting. आमने सामने की गुत्थम गुत्था, भिड़न्त।
single combat a fight between two persons, a duel दो व्यक्तियों में युद्ध, द्वन्द्व युद्ध।

combat able कॅम्बॅटेबल *adj* युयुत्सु; जिससे युद्ध किया जा सके।

combat ant कॉम्बटेन्ट *n.* योद्धा; लड़ने वाला; किसी युद्ध में भाग लेने वाला।
adj. सामना करने वाला, युद्ध करने के लिए उत्सुक।

combat ive कॉम्बॅटिव *adj.* युद्ध करने के लिए उत्सुक।

combativeness कॉम्बॅटिवनेस *n.* लड़ाई करने की अवस्था।

combed कॉम्ब्ड *adj* कलगी वाला।

comber कॉम्बर *n* बाल सवारने वाला, वह व्यक्ति जिसका पेशा ऊन को कंघे से साफ करना हो।

combinate कॉम्बिनेट *adj* एक साथ सम्मलित; सगाई या मंगनी शुदा।

combination कॉम्बिनेशन *n* (१) जुटाव, समिति (२) संयोग; संसर्ग; समूह। (३) कन्धे से घुटने तक का एक नीचे पहनने का बनियान। (४) कई अक्षरों को या संख्याओं का एक विशेष प्रकार का मिश्रण जिससे वह विशेष शब्द या संख्या बनाने पर ताला खुल जाता है। (५) मोटर साइकल के साथ लगी हुई बैठने की गाड़ी।

combination-room कॉम्बिनेशन-रूम *n* a room for the fellows at Cambridge. केम्ब्रिज विश्वविद्यालय में उसके सदस्यों का बैठने का कमरा।

combinations कॉम्बिनेशन्स *n.* (*pl*) under wear and vests made in one piece. (ब० वचन) जांगिया और अंगिया एक ही वस्तु में एक साथ सी हुई।

combinative कॉम्बिनेटिव *adj.* मिलाने वाला; मिलने का गुण रखने वाला।

combinatorial कॉम्बिनेटोरियल *adj.* जिसे मिलाया जा सके।

combine कॉम्बाइन *v. t.* एक साथ मिलना; सम्मलित करना।
v. i. एक साथ मिलाना; एक हो जाना; एक मत होना; जुट जाना; एक साथ मिल कर गुट्ट बन जाना।

combined कॉम्बाइन्ड *adj. & p. t.* एक साथ मिले हुए; सम्मलित।

combiner कॉम्बाइनर *n.* मिलाने वाला।

combing कॉम्बिङ्ग *n.* बाल संवारने या कंघी करने का कार्य, बाल सवारने में जिसे बालों से हटाया जाता है।

combining कॉम्बाइनिङ्ग *adj.* uniting, joining. मिलाने वाला; सम्मलित।

combless कॉम्बलेस *adj.* बिना बाल वाला।

combretum कोम्ब्रेटम् *n.* a genus with beautiful and fragrant leaves. सुगन्धित और सुन्दर पत्ते वाले पौधों की श्रेणी।

comburgess कोम्बरजित *n.* a fellow elected as a member of parliament through a borough. वह व्यक्ति जो किसी कस्बे से संसद का सदस्य चुना गया हो।

combust कॉम्बस्ट *adj.* (1) in Astrology. obscured by the proximity to the sun as a planet (2) burned by the sun (3) that which is burnt (१) ज्योतिष विद्या में- ऐसा तारा जो सूर्य के अति निकट होने के कारण अति क्षीण चमक होने [illegible] दिखाई नहीं देता। (२) सूर्यतप्त। [illegible]

combustibility [illegible] *n* the quality or state of being combustible. जलने के गुण होने की अवस्था, दग्धता।

combustible कॉम्बस्टिबल *adj* inflammable, capable of taking fire and burning, fiery; hot tempered. शीघ्र आग पकड़ने

वाला; दाह्य; गरम मिजाज वाला; डरावना।
n. any substance that will readily burn as coal. कोई ऐसा पदार्थ जो जल्दी आग पकड़ लेता हो जैसे कोयला।

combustibleness *कॉम्बस्टिबलनेस n.* the quality of being combustible. दग्धता; जल्दी आग पकड़ लेने की अवस्था।

combustion *कॉम्बश्यन n.* (१) जलने की अवस्था जलने का कार्य। (२) किसी रसायनिक तत्व का किसी दूसरे पदार्थ में मिलाना विशेषत ओक्सीजन से मिलाना जिसके मिलने पर गर्मी तथा लौ भी उत्पन्न होती हैं; जैसे भोजन का शरीर के अन्दर मिलकर रक्त बनना। (३) कोलाहल; गड़बड़।

combustious *कॉम्बस्टियस् adj.* inflammable; combustible. शीघ्र आग पकड़ने वाला; दाह्य।

combustive *कॉम्बस्टिव adj.* capable of taking fire. आग में जलने योग्य।

combwise *कॉम्बवाइज adj.* in a comby way. मधुकोष के आकार के रूप में।

comby *कॉम्बी adj.* resembling a comb; having a formation like a honey comb. कन्घे के समान; मधुकोष के आकार के समान।

come *कम v. t. & v. i.* (1) to move to or toward the place, time, or condition at or which the speaker is or thinks of himself as being; to move hither; to move near; approach. (१) किसी जगह; किसी समय आना अथवा बोलने वाला अपने आपको जिस स्थिति में समझे; पास आना, निकट आना; पहुंचना।
come along : make haste. जल्दी करो।
to come about : होना, घटना होना।
to come across . मिलना. भेंट करना।
to come and go : स्वच्छन्दतापूर्ण व्यवहार करना; आने जाने के रास्ते से आना या जाना।
to come at : पहुचना।
to come back . पुन. लोकप्रिय होना; वापिस आना; बदला लेना।
to come by : पास से गुजर जाना; पाना; प्राप्त करना जैसे रुपया पैसा।
to come down : नीचे उतरना; बदनाम होना; क्षीण होना।
to come down upon : सख्त होना, कड़ा होना; सजा देना।
to come in : कटहे को जन्म देना; किसी विशेष कार्य के लिए किसी दल या गुट में सम्मिलित होना; हार मानना; विचलित होना या दबना, प्रविष्ट होना।
to come off : घटना होना; संघटित होना; निस्तार पाना; बाहर निकालना।
to come of : वंशोद्भव होना; वंशोत्पन्न होना।
to come of age : बालिग होना।
to come in for : पाना।
to come into force · लागू होना; प्रभावशील होना।
to come high : मंहगा होना।
to come low : सस्ते में मिलना।
to come home : अपने घर आना, किसी के आशय को पूर्ण रूप से समझना।
to come into operation : लागू होना।
to come out : सचसच बताना; अपने विचार सच्चाई से प्रकट करना; किसी परीक्षा में उत्तीर्ण होना; किसी का समाज में पहले पहल प्रविष्ट करना
to come out with : बताना प्रकट करना; कहना।
to come o' will : स्वयमेव संघटित होना; दासी पुत्र; दोगला लड़का।
to come in one's way : बाधा डालना; विघ्न डालना।
to come home to : अधिक प्रभाव डालना।
to come into sight : दृष्टिगोचर होना।
to come over : मस्तिष्क में आना; समझ में आना।
to come round : चक्कर काट कर आना; स्वत: हो जाना; लाभप्रद होना।
to come short : असफल होना।
to come short of : असफल होना; नाकामयाब होना।
to come to : चैतन्य प्राप्त करना; होश में आना
to come to a point : किसी विशेष नतीजे पर पहुंचना; नोकीला होना।
to come on : आगे बढ़ना।
to come through : प्राप्त करना; जीतना; अनुभव करना।
to come up with : चालाकी से हराना; ठगना
to come to grief : सत्यानाश को प्राप्त होना
to come to oneself · होश में आना; चैतन्य प्राप्त करना।
to come to pass · संघटित होना।
to come to stay स्थाई रूप में होना।
to come to true : सच निकलना।
to come to an end · समाप्त होना।
to come to blows : झगड़ा करना; लड़ जाना
to come to light : प्रत्यक्ष होना।
to come up चढ़ना; प्राप्त होना।
to come to under : अधिकार में आना।
to come upon : हमला करना; जवाबदेह मानना।
to come up with : आगे बढ़ जाना; मिलना।
come what may : चाहे कुछ भी हो।
all comers जो चाहे सो।
to come amiss : to be unsuitable. अप्रयुक्त होना।
light come; light go : easily won is easily lost. सहज में जीता सहज में ही चला जाता है।

come-at-able *कम-ऍट-एबल adj.* readily acquired as an object. आसानी से।

come-back *कम-बैक n.* (1) a retaliation. (2) recovery of health or supremacy after illness. (3) a smart retort. (4) grounds for complaint. (१) कोई बदला। (२) बीमारी के बाद दुबारा स्वास्थ्य पाना। (३) चतुरता से मुंह तोड़ जवाब देना। (४) शिकायत के कारण।

co-meddle *कोमॅडल v. t.* to mix; to temper. मिलना; अनुपात के अनुसार मिश्रित करना

comedian *कोमेडियन n.* (1) comic actor; one who plays in comedies. (2) a jester. (3) one who writes comedies. (१) एक ऐसा अभिनेता जो प्रहसन का अभिनय करता है। (२) हंसोड़ व्यक्ति; विदूषक। (२) प्रहसन नाटक का लेखक।

comedienne *कोमेडिअन n.* (*fem.*) a female comedian. एक प्रहसन नाटक की लेखिका या अभिनेत्री।

comedietta *कोमेडिटा n.* a short comic piece. एक प्रहसन नाटक का भाग।

comedo *कोमिडो n.* त्वचा को चिकनाहट पहुँचाने वाली ग्रन्थियों का ऊपर का उभराय जो काला पड़ जाता है; मस्सा।

come-down *कम-डाउन n.* (1) to descend to a lower position or condition. (2) a fall of pride. (१) अवनति; नीची स्थिति में होना। (२) घमण्ड का चकनाचूर होना।

comedy *कॉमेडी n.* (1) a drama dealing with happy ending; an entertaining drama. (१) एक नाटक प्राय: सुखान्त हो, मिलनान्त सुखद नाटक।

comeliness *कमलीनेस n.* gracefulness. सुन्दरता।

comely *कमली adj.* pleasing; graceful; handsome. आकर्षक; सुन्दर; मनोहर; सुरूप।

comer *कमर n.* (1) one who arrives. (2) a person or animal capable of growth or development; one showing great promise. (१) आने वाला। (२) वह व्यक्ति या जानवर जिसका विकास हो सके; होनहार व्यक्ति।

comestible *adj.* edible; pertaining to food. खाने योग्य; भोजन से सम्बन्धित।
n. an eatable (usually used in plural). खाने योग्य पदार्थ (प्राय यह शब्द बहुवचन में काम में लाया जाता है)

comet *कॉमट n.* एक प्रकार का तारा जो विशेषत: पृथ्वी के काफी समीप होता है जिससे वह केवल आखों से ही देखा जा सकता है; उसके नीचे एक पूंछ लगी होती है जिसका रुख सूर्य के विपरीत होता है; पुच्छल तारा; धूम्रकेतु।

cometary *कॉमिटरी adj.* पुच्छल तारे से सम्बन्धित।

cometic *कोमॅटिक adj.* पुच्छल तारे के समान।

comet-finder *कोमट-फाइण्डर n.* एक प्रकार की दुरबीन जिसमे कम ताकत के शीशे लगे होते हैं और जो तारो को देखने के काम आती है।

contrivable *कन्ट्राइवेबल adj.* that may be contrived. जो आविष्कृत हो सके; जो बनाया जा सके।

contrivance *कन्ट्राइवॅन्स n.* invention; design; device; anything contrived. आविष्कार; बनावट; उपाय; रचना; कोई वस्तु जो बनाई गई हो।

contrive *कन्ट्राइव v. t.* to invent; to design; to plan; to conceive. आविष्कार करना; रचना करना; योजना बनाना; सोचना। (Spens) to plot; (Shak.) to spend. षड़यन्त्र करना; व्यय करना (प्राचीनकालिक अर्थों में)

contrivement *कन्ट्राइवमेंट n.* आविष्कार; बनावट; रचना।

contriver *कन्ट्राइवर n.* one who contrives; a manager; a planner. आविष्कारक; बनावट बनाने वाला; व्यवस्थापक; योजना निर्माता

control *कन्ट्रोल v. t.* to govern; to restrain; to check. शासन करना; रोकना; नियन्त्रण करना।
adj. pertaining to control. नियन्त्रण सम्बन्धी।
n. (1) restraint. (2) command. (3) an authority. (4) regulation (5) a check. (6) an advice or place for checking. (7) a stabiliser. (8) an experiment for finding the standard of other experiment. (9) a wheel for controlling the aircraft's speed. (१) रोकथाम। (२) आदेश। (३) प्राधिकार। (४) विनियमन। (५) देखभाल। (६) नियन्त्रण करने का यन्त्र या स्थान (७) स्थायी बनाने वाला। (८) दूसरे प्रयोगों का अन्तर जानने के लिए किया गया प्रयोग। (९) विमान की गति पर नियन्त्रण रखने का पहिया। नियन्त्रण (संविधान)

controllable *कन्ट्रोलेबल adj.* जिस पर नियन्त्रण किया जा सके।

controller *कन्ट्रोलर n.* (also called *comptroller*) (1) an instrument for controlling speed. (2) a big officer for controlling an office. (3) one who audits the accounts. (१) गति पर नियन्त्रण करने का यन्त्र। (२) किसी कार्यालय का बड़ा अधिकारी। (३) लेखा परीक्षा करने वाला अधिकारी जिसे नियन्त्रक कहते हैं।

controllership *कन्ट्रोलरशिप n.* नियन्त्रक का पद

controlment *कन्ट्रोलमेंट n.* नियन्त्रण; नियन्त्रित होने की स्थिति।

controverse *कन्ट्रोवर्स n.* dispute (*Spenser*) now *controversy.* विवाद; झगड़ा।

controversial *कन्ट्रोवर्शल adj.* causing

dispute; full of or relating to controversy. विवादास्पद; विवाद ग्रस्त।

controversialist *कण्ट्रोवर्शलिस्ट n.* विवाद करने वाला; विवादी; झगड़ालू।

controversially *कण्ट्रोवर्सलि adv.* विवादास्पद ढङ्ग से।

controversy *कन्ट्रोवर्सी n.* dispute; different opinions on a subject expressed in press; debate; contention. विवाद; पत्र-पत्रिकाओं में विभिन्न मतों का प्रकाशन; वाद; विवाद; झगड़ा।

controvert *कॉन्ट्रवर्ट v. t.* to oppose; to dispute; to advance arguments against. विरोध करना; विवाद करना; विरुद्ध तर्क उपस्थित करना।

controvertible *कन्ट्रोवर्टिबल adj.* जिसका विरोध किया जा सके; विवाद-योग्य।

controvertibly *कन्ट्रोवर्टिबिलिटी n.* विवाद-योग्य होने की स्थिति।

controvertist *कन्ट्रोवर्टिस्ट n.* विवाद में उलझने वाला व्यक्ति।

contumacious *कॉन्ट्यूमेशस adj.* वैधानिक शासन या प्राधिकार का तिरस्कार तथा विरोध करने वाला; हठधर्मी।

contumaciously *कॉन्ट्यूमेशसली adv.* वैधानिक शासन का विरोध तथा उपेक्षा करते हुए; हठधर्मी के साथ।

contumaciousness *कॉन्ट्यूमेशनेस n.* शासन का विरोध करने की नीति; राजद्रोह।

contumacity *कॉन्ट्यूमॅसिटी n.* (also *contumacy*) disobedience of law; obstinacy in habit; and resistence. विधि का विरोध; स्वभाव में हठधर्मी; विरोध तथा जिद्दीपन की प्रवृत्ति।

contumelious *कॉन्ट्यूमीलस adj.* haughty and insolent in nature. स्वभाव से अहंकारी तथा धृष्ट।

contumeliously *कॉन्ट्यूमीलसली adv.* अहंकारपूर्ण तथा धृष्टतापूर्ण ढंग से।

contumeliousness *कॉन्ट्यूमीलसनेस n.* (also *contumély*) धृष्टता; अहंकार।

contund *कॉन्टण्ड v. t.* to beat and make into small power. कूटकर महीन चूर्ण बनाना।

contuse *कान्ट्यूज v. t.* to beat; to crush. पीटना; मारना; चूरा करना।

contusion *कान्ट्यूजन* act of bruishing; state of being briushed. मारने पीटने की क्रिया; पिटने की दशा।

contusive *कॉन्ट्यूसिव adj.* मारने या कुटने की प्रवृत्ति वाला।

conundrum *कनुन्ड्रम* पहेली; विस्मयकारी समस्या

conurbation *कॉनरबेशन n.* नगरों का भीड़ भड़क्का।

convalesce *कॉन्वॅलेल v. t.* to recover from weakness and to regain health. कमजोरी को दूर करके स्वास्थ्य को पुनः प्राप्त करना।

convalescence *कॉन्वॅलेसन्स n.* (also *convalescency*) recovery of health and strength slowly after illness. शनैः शनैः स्वास्थ्य तथा शक्ति को पुनः प्राप्त करने की क्रिया।

convalescent *कान्वॅलेसेण्ट n. & adj.* one who is slowly recovering health other long illness. वह व्यक्ति जो लम्बी बीमारी के पश्चात पुनः स्वास्थ्य लाभकर रहा हो।

convallaria *कॉन्वॅलेरिया n.* घाटी जैसी आच्छादित जगहों में उगने वाला एक प्रकार का सुन्दर फूल।

convection *कन्वेक्शन n.* transmission; flow of currents through liquids etc. प्रसारण करंट का द्रव पदार्थों आदि में से संचरण; तापसंचरण।

convectional *कन्वेक्शनल adj.* (also *convective*) गर्मी के संचरण से सम्बद्ध।

convector *कन्वेक्टर n.* गर्मी के संचरण की सहायता से गर्म करने का एक यन्त्र।

convenable *कन्वीनेबल adj.* बुलाने योग्य; उपयुक्त।

convenance *कॉन्वनेन्स n.* suitable and proper. उपयुक्त तथा उचित।

convenances *कॉन्वनान्सेस n.* (*French*) social conventions. सामाजिक रूढियां।

convene *कन्वीन v. t.* to call together. बुलाना; (*संविधान*); बैठक करना।

v. i. to assemble; to come together. समवेत होना; बैठक होना।

convener *कन्वीनर n.* an important office-bearer who convenes a meeting or presides over it. एक महत्वपूर्ण पदाधिकारी जो बैठक बुलाता है या उसमें सभापतित्व करता है

convenience *कन्वीनियन्स n.* (also *conveniency*) an advantage; suitable position; a small residential house. सुविधा पूर्वक (*संविधान*); उचित, उपयुक्त; खुले स्थान वाला।

conveniently *कन्वीनियण्टली adv.* in a convenient manner. सुविधा पूर्वक रूप में; उपयुक्त या उचित तरीके से।

convent *कन्वेन्ट n.* associotion of religious devotees. their residence etc; nunnery. उनका स्थान; भवन आदि।

v. t. to convene; to cite; to summon. बुलाना; उद्धरण देना (प्राचीन प्रयोग)।

v. t. to be suitable (Shak.) उपयुक्त होना; (शेक्सपीयर द्वारा प्रयुक्त)।

conventicle *कन्वेन्टिकल n.* an illegal secret and irregular meeting *esp.* of religious nature. अवैध; गुप्त तथा अनियमित बैठक विशेषतः धार्मिक सम्प्रदाय की बैठकें (जिन पर पहले इंगलिस्तान में प्रतिबन्ध लगा हुआ था)।

v. t. to hold such a meeting. अवैध तथा गुप्त बैठक करना।

conventicler *कन्वेन्टिक्लर n.* one who holds such a meeting or participates in a secret meeting. गुप्त अवैध बैठकें करने वाला या उन में भाग लेने वाला।

convention *कन्वेन्शन* (1) an agreement (2) a usage or custom (3) fashion (4) a meeting or conference (5) act of convening (6) a temporary treaty (7) a kind of game in cards (8) constituent assembly (9) in U. S. India and a meeting of delegates of political party. (१) अभिसमय (*संविधान*) (२) रूढ़ि या प्रथा (३) चलन (४) सम्मेलन या बैठक (५) बैठक बुलाने का कार्य (३ अस्थायी संधि (७) एक प्रकार का ताश का खेल (८) संविधान सभा (६) (भारत तथा अमरीका में) राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों का अधिवेशन।

conventional *कंवेन्शनल adj* (1) adopted by a conference. (2) customary. (3) depending an agreement (4) arbitrary (5) not spontaneous. (१) सम्मेलन द्वारा स्वीकृत (२) रूढिगत (६) अभिसमय द्वारा निर्धारित (४) मनमाना (२) स्वेच्छा से न होने वाला।

conventionalise *कंवेन्शनेलाइज v. t.* अभिसमय के अनुरूप बनाना; रूढि के अनुसार नियत करना चाहे वह स्वाभाविक न हो।

conventionalism *कंवेन्शनॅलिज्म n.* वह वस्तु जो स्पष्टतः अभिसमय द्वारा तय की गई हो।

conventionalist *कंवेन्शलिस्ट n.* वह व्यक्ति जो रूढियों के अभिसमय पर दृढ रहे।

conventionality *कन्वेन्शनॅलिटी n.* रूढि के अनुसार स्थापित बातें; रूढिगत होने की स्थिति।

conventionally *कन्वेन्शनल्ली adv.* रूढिगत रूप में; अभिसमय के ढंग से।

conventionary *कन्वेन्शनरी adj* acting under a contract. ठेके या संविदा के अधीन कार्य करने वाला।

conventioner *कन्वेन्शनर n.* (also *conventionist*) one who follows a convention अभिसमय या रूढि पर चलने वाला।

conventual *कांन्वेन्चुअल adj* belonging to a convent. मठ में रहने वाला।

n. a monk or nun. पादरी या पादरिन।

converge *कन्वर्ज v. t.* to meet at one point to acquire; to come near together. एक बिन्दु पर आकर मिलना; एक दूसरे की ओर झुकना या आना; अर्जन करना।

convergence *कन्वर्जेन्स n.*(also *convergency*) act of converging; tendency to meet one point. एक बिन्दु की ओर झुकने की क्रिया या प्रवृत्ति।

convergent *कन्वर्जेण्ट adj.* tentling to meet at one point. एक बिन्दु या केन्द्र पर झुकने वाला।

converging *कन्वर्जिङ्ग adj.* meeting at one point. एक केन्द्र पर आकर मिल जाने वाला।

conversable *कन्वर्सेबल adj.* बातचीत करने का शौकीन; मिलनसार।

conversableness *कन्वर्सेबलनेस n.*मिलनसारपना; समाजप्रियता।

conversably *कन्वर्सेबली adv.* मिलनसार ढङ्ग से।

conversance *कन्वर्सेन्स n.* (also *converancy*) familiarity; acquaintance. परिचय; जानपहचान।

conversant *कन्वर्सेण्ट adj.* well acquainted familiar; concerned; living (obsolete) सर्वथा परिचित; निपुण; कुशल; रहने वाला (प्राचीन अर्थ में)।

conversation *कन्वर्सेशन n.* intercourse; talk; behaviour; familiar discourse. समागम; बातचीत; व्यवहार; जानपहचान वालों से गपशप।

conversational *कन्वर्सेशनल adj.* pertaining to conversation. बातचीत सम्बन्धी।

conversationalist *कन्वर्सेशनलिस्ट n.* (also *conversationist*). बातचीत में बहुत चतुर व्यक्ति; अत्यधिक वाचाल।

conversationism *कन्वर्सेशनलिज्म n.* बातचीत की कला।

conversative *कन्वर्सेटिव adj.* always ready to talk; not shy. जो बातचीत करने के लिये सदा उद्यत रहे; जो शर्मीला न हो।

conversazione *कॉन्वर्सेट्सियोनें n. (pl conversaziones or conversazione)* a meeting held for having a discourse on learned subjects. (Italian word) विद्वतापूर्ण विषयों पर वाद-विवाद करने के लिये बुलाया गया सम्मेलन।

converse *v. i.* to have intercourse; to talk with asenseof familiarity. बातचीत करना; जान पहचान के रूप में गपशप मारना।
adj. reverse in order; opposite. क्रम में विपरीत, विपर्यय; उल्टा।
n. (1) conversation; familiar talk. (2) something which is the opposite of another thing in logic; something in which order of given and to be proved is changed. (१) बातचीत; गपशप; (२) विरोधी वस्तु या विरोधी बात; ऐसी युक्ति जिसमें आधार और प्रमाण का स्थानान्तरण हो जाये।

conversely *कन्वर्सली adv.* विपरीत क्रम से, ऐसे ढङ्ग से कि विपरीत बात हमारा आधार बन जाए।

conversion *कन्वर्शन n.* change from one condition to another, change of opinion; change of party or religion. एक स्थिति से दूसरी में लाने की अवस्था; मत-परिवर्तन, दल-परिवर्तन या विचार परिवर्तन किया हो।

convert *कन्वर्ट v. t.* to change from one opinion; religion; party or condition to another one; to undergo conversion; to bring into a holy life. एक विचार; धर्म, दल या स्थिति से दूसरी में बदलना, धर्म परिवर्तन करना; शुद्ध करना।
n. one who has undergone conversion. जिसने धर्म-परिवर्तन, दल-परिवर्तन या विचार परिवर्तन किया हो।

convertend *कन्वर्टेण्ड n.* ऐसी प्रस्थापना या परिकल्पना जिसे उल्टना है।

converter *कन्वर्टर n.* (also *convertor*). लोगों के धर्म या विचारों में परिवर्तन करने वाला व्यक्ति; बिजली के करण्ट में परिवर्तन करने वाला यंत्र।

convertibility *कन्वर्टिबिलिटी n.* state of being convertible; condition in which curiency can be interchanged with gold. परिवर्तनीय होने की स्थिति; ऐसी अवस्था जिसमें मुद्रा का स्वर्ण से विनिमय हो सके।

convertible *कन्वर्टिबल adj.* परिवर्तनीय; ऐसी मुद्रा जिसका स्वर्ण से विनिमय हो सके।
n. कोई वस्तु जिसमें परिवर्तन हो सके; ऐसी मोटर गाड़ी जिसकी छत हटाई हो सके।

convertibly *कन्वर्टिबली adv.* परिवर्तनीय ढङ्ग से

convertite *कन्वर्टाइट n.* ऐसा व्यक्ति जिसके विचार या धर्म में परिवर्तन हुआ है, ऐसी स्त्री जो पहले पतिता थी और बाद में सुधर गई है।

convex *कान्वेक्स adj* rising in the central portion and thining at edges. सिरों पर दबा हुआ तथा बीच में उभरा हुआ।
n. a convex figure. बीच में से उभरी हुई तथा सिरो पर दबी हुई आकृति।

convexed *कन्वेक्स्ड adj.* जिसे बीच में से फुला दिया गया हो।

convexedly *कन्वक्सेडली adv.* बीच में से फुलाने के ढङ्ग से; उन्नतोदर रूप में।

convexity *कन्वेक्सिटी n.* बाहर की ओर उभार; बीच में से फूली हुई आकृति; उभरा हुआ भाग।

convexness *कन्वेक्सनेस n.* उभरी हुई होने की स्थिति।

convexo-concave *कन्वक्सो-कन्केव adj* जो एक ओर से बाहर की ओर उभरा हुआ हो और दूसरी ओर अन्दर की ओर धंसा हो।

convexo-convex *कन्वेक्सो-कन्वेक्स adj.* जो दोनो ओर से बाहर की ओर उभरा हुआ हो।

convey *कन्वे v. t* to carry; to give; to steal, to transfer, to impart or communicate. ले जाना, दे देना; चुरा लेना; हस्तांतरित करना, बताना; सिखाना।

conveyable *कन्वेयेब्ल adj.* which is capable of being conveyed. जो हस्तांतरित किया जा सके; जो ले जाया जा सके।

conveyal *कन्वेयल n* (also *conveyance*) सम्पत्ति का हस्तान्तरण; ताँगा आदि सवारी ले जाने की क्रिया, सम्पत्ति के हस्तांतरण का दस्तावेज; चालबाजी।

conveyancer *कन्वेयन्सर n.* सम्पत्ति के हस्तांतरण के दस्तावेज तैयार करने वाला व्यक्ति जो कि फीस लेकर ऐसा करता है।

conveyancing *कन्वेयन्सिङ्ग n.* हस्तांतरण के दस्तावेज तैयार करने का कार्य।

conveyer *कन्वेयर n.* (also *conveyor*) ले जाने वाला व्यक्ति, हस्तांतरित करने वाला व्यक्ति; वस्तुओं के परिवहन की गाड़ी या यन्त्र।

convicinity *कॉन्विसिनिटी n.* neighbourhood. पड़ौस।

convict *कन्विक्ट v. t* to prove guilty; to adjudge as guilty and to sentence. दोषी सिद्ध करना; अपराधी घोषित करके दंड देना।
n. one who is found guilty and sentenced. सिद्ध दोष व्यक्ति; दंडित व्यक्ति।

convicted *कन्विक्टेड adj.* who has been proved to be guilty. सिद्ध दोष, जिसका अपराध साबित हो गया है।

conviction *कन्विक्शन n.* act of convincing; a belief; proving guilty; award of sentence. विश्वास उत्पन्न करने की क्रिया; विश्वास, दोष की सिद्धि; दंडित करना।
to carry conviction: सचाई के कारण जांच जाना।

convictism *कन्विक्टिज्म n.* लोगों के काले पानी भेजने की प्रथा।

convictive *कन्विक्टिव adj.* विश्वास दिलाने योग्य; दोष सिद्ध करने की प्रवृत्ति वाला।

convince *कन्विन्स v. t.* to carry conviction by giving evidence; to satisfy about any fact; to overcome or defeat (Shak.) to convict. साक्ष्य द्वारा विश्वास दिलाना; निश्चय कराना; समाधान करना; दोष सिद्ध करना; (शेक्सपीयर) जीत लेना पराजित करना।

convincement *कन्विन्समेन्ट n.* act of convincing; firm belief; conviction. विश्वास की उत्पत्ति दृढ़ विश्वास; दोष की सिद्धि।

convincible *कन्विन्सिबल adj* who can be convinced; who can change his views. जिसमें विश्वास उत्पन्न कराया जा सके; जो अपने विचार बदल सके।

convincing *कन्विन्सिङ्ग adj.* समाधानकारी; प्रभावी; विश्वास उत्पन्न करने वाला।

convincingly *कन्विन्सिङ्ग्ली adv.* ऐसे प्रकार से कि विश्वास उत्पन्न हो सके।

convive *कन्वाइव v. t.* (Shakespeare) to feast together. साथ साथ दावत उड़ाना।
n. a fellow feaster on the table. साथ भोजन करने वाला।

convivial *कन्विवियल adj.* सहभोज सम्बन्धी; दावतें उड़ाने वाला; साथ साथ खाने और पीने सम्बन्धी।

convivialist *कन्विवियलिस्ट n.* ऐसा व्यक्ति जो साथियों के संग खाता पीता है; मित्रों का शौकीन।

conviviality *कन्विवियालिटी n.* सहयोग; आमोद प्रमोद।

convivially *कन्विवियल्ली adv.* आमोद प्रमोद तथा सहभोज करते हुए।

convocate *कन्वोकेट v. t.* to call together; to assemble. बुलाना; एकत्र करना; सभा करना।

convocation *कन्वोकेशन n.* act of calling, a students gathering at Universities to award degrees; a religious assembly. बुलाने की क्रिया; दीक्षान्त समारोह जिसमें स्नातकों को उपाधियां दी जाती है धर्म सभा।

convocation address *कन्वोकेशन ऑड्रेस n.* address delivered by some prominent person at University convocation. दीक्षान्त भाषण।

convocational *कन्वोकेशनल adj.* pertaining to convocation. दीक्षान्त समारोह सम्बन्धी।

convocationalist *कन्वोकेशनलिस्ट n.* a member of the convocation. धर्म सभा का सदस्य।

convoke *कन्वोक v. t.* to assemble; to call together; to hold a meeting. बुलाना; आहूत करना; बैठक या सम्मेलन करना।

convolute *कॉन्वलूट adj.* (also *convoluted*) rolled together; coiled. लपेटा हुआ; ऐंठा हुआ; चक्कर दिया हुआ।

convolution *कन्वालूशन n.* a fold; a coiling; a twisting. तह; लपेट; ऐंठन; बल।

convolve *कन्वॉल्व v. t.* to roll together with a part on another. लपेटना; तह करना।

convoy *कॉन्वाइ v. t.* to accompany as a protect or guard. रक्षक से समान साथ जाना
n. act of accompanying; protection; military ships accompanying merchant ship; trains of military stores; a guard of lady; person or things protected. साथ चलने की क्रिया; रक्षण; वाणिज्य पोतों के साथ चलने वाले सैनिक पोत; सैनिक सामान की गाड़िया; स्त्री के साथ रक्षक; जिस वस्तु की रक्षा की जाये।

convulse *कन्वल्स v. t.* to shake violently

to contract; to draw to gether to twist. जोर से हिलाना; सिकोड़ना; ऐंठना; खींचना।

convulsible *कन्वल्सिबल adj.* जिसमें खिंचाव या ऐंठन उत्पन्न हो सके।

convulsion *कन्वल्शन n.* the act of convulsing; a violent disturbance; involuntry contraction of muscles; laughter. खिंचाव; शरीर की ऐंठन; जोर का उपद्रव; हंसते हंसते लोट पोट हो जाना।

convulsional *कन्वल्शनल adj.* खिंचाव या ऐंठन सम्बन्धी।

convulsionary *कन्वल्शनरी adj.* खिंचाव या ऐंठन के समान।
n. जिसे दौरा पड़ता हो।

convulsionist *कन्वल्शनिस्ट n.* धार्मिक पूजा के साथ दौरा उठाने वाला व्यक्ति।

convulsive *कन्वल्सिव adj.* ऐंठन उत्पन्न करने वाला।

convulsively *कन्वल्सिवली adv.* दौरा पड़ने के या ऐंठन उत्पन्न करने के रूप में।

convulsiveness *कन्वल्सिवनेस* ऐंठन उत्पन्न करने की क्रिया; दौरा पड़ने की अवस्था।

cony *कोनी, कुनी n.* (also *coney*) a rabbit; skin of rabbit; sometimes a term of endearment for a woman. खरगोश; शशक; खरहा; खरगोश की खाल, स्त्री के लिए प्यार का शब्द।

cony-burrow *कॉनी-बरो n.* खरगोशों के पालने का स्थान या बाड़ा।

cony-catch *कॉनी-कॅच v. t.* धोखा देना।

cony-catcher *कॉनी-कॅचर n.* चोर; ठग; रतेन।

cony-wool *कॉनी-वूल n.* खरगोश की खाल।

coo *कू v. i.* to make a low sweet sound like pigeon or dove; to talk fondly. कबूतर या मेंडुकी के समान धीमी धीमी ध्वनि करना; स्नेहपूर्ण वार्तालाप करना।
n. sound of a pigeon or dove or like sound. कबूतर या मेंडुकी जैसी आवाज।
interj. an expression of wonder. विस्मय व्यक्त करने का शब्द।

cooee *कूई n. & interj.* (also *cooey*) a signal call of Australian aboriginals. अस्ट्रेलिया के आदि वासियों की एक संकेत ध्वनि
v. i. to utter the call. वैसी संकेत ध्वनि करना।

coof *कूफ n.* a clown; an awkard person. ठिठोलिया; मजाकिया व्यक्ति; बेढङ्गा व्यक्ति।

cooing *कूइङ्ग adj. & n.* मेंडुकी के समान शब्द करने वाला।

cooingly *कूइङ्गली adv.* मेंडुकी के समान शब्द करते हुए

cook *कुक v. t.* (1) prepare (food for eating.) (2) to manipulate. (3) prepare false account. (4) to ruin (slang.) (१) (भोजन) पकाना। (२) गोलमाल करना। (३) झूठा हिसाब बनाना। (४) नष्ट कर देना (*बोलचाल में*)
v. i. to practiseof cooking or to do cooking. भोजन पकाने का अभ्यास करना।
n. one who prepares food; a process of beating. भोजन पकाने वाला रसोइया; पकाने की एक विधि।
too many cooks spoil the meal : कई मुल्लाओं में मुर्गी हराम।

cooker *कुकर n.* a kind of stone used for cooking; a vessel in which food is cooked; anything suitable for cooking. भोजन पकाने की अंगीठी; भोजन पकाने के बर्तन; पकाने योग्य वस्तु।

cookery *कुकरी n.* art of cooking; practice of cooking. पाक कला; पाक विद्या।

cookery-book *कुकरी-बुक n.* ऐसी पुस्तक जिसमें भिन्न भिन्न पकवानों के बनाने की विधियां होती हैं।

cook-general *कुक-जनरल n.* ऐसी स्त्री जो मिसरानी का भी काम करे और दूसरा नौकर का भी।

cook-house *कुक-हाउस n.* घर के अलावा बाहर भोजन पकाने का स्थान।

cookie *कुकी n.* a sweet cake. मीठे केक; नानपाव या बिस्कुट।

cookie-shine *कुकी शाइन n.* केक; बिस्कुट वाली चाय पारटी।

cook-house maid *कुक-हाउस मेड n.* ऐसी स्त्री जो नौकरानी और मिसरानी दोनों का काम करे।

cooking *कुकिङ्ग n.* art of preparing food. पाक-कार्य; भोजन पकाने का काम।
adj. pertaining to preparation of food. भोजन पकाने का।

cooking-range *कुकिङ्ग रेञ्ज n.* एक विशेष अंगीठी जिसमें एक ही समय पर कई वस्तुएं पक जाती हैं।

cook-maid *कुक मेड n.* a maid who cooks food or helps the cook खाना पकाने वाली मिसरानी या पकाने में सहायता करने वाली दासी

cook one's goose *कुक वन्स गूज (slang.)* योजना को ठप कर देना, किया कराया गुड़ गोबर कर देना।

cook-room *कुक-रूम n.* रसोई; पाकशाला।

cook-shop *कुक-शाप n.* उपहारगृह; भोजनालय।

cooky *कुकी n.* (अमरीका में) बिस्कुट या मीठा केक।

cool *कूल n.* anything cold; coolness. ठण्ठी वस्तु; ठण्डक।
v. t. to make cold; to pacify; to remove. ठण्डा करना; शान्त करना।
v. i. to become cold. ठण्डा होना।
adj. cold. not excited; not showing any affection; indifferent; not very passionate; calm. ठण्डा; जो उत्तेजित न हो; जिसमें प्रेम का अभाव हो; उपेक्षापूर्ण; वासना रहित; शान्त।

coolant *कूलॅण्ट n.* something which cause coolness. ठण्डक उत्पन्न करने वाली वस्तु।

cooler *कूलर n.* a machine used for cooling the room, a vessel used for cooling. कमरे ठण्डे करने का यन्त्र; वस्तुएं ठण्डी करने का बर्तन।

cool-headed *कूल-हडेड adj.* having temparament not easily excited. ठण्डे स्वभाव वाला; जो उत्तेजित न हो।

cool-house *कूल-हाउस n.* वनस्पतियां रखने का भंडार जहां तापमान कम रखा जाताहै।

coolie *कुली n.* a labour hired for any purpose; a person who carries weight. भारवाहक मजदूर; भाड़े का श्रमिक।

cooling *कूलिंग adj* जिससे ठंडक उत्पन्न हो।

cooling card *कूलिंग कार्ड n.* कोई वस्तु जिससे निराशा उत्पन्न हो तथा सब आशाओं पर तुषारपात हो जाये।

coolingly *कूलिंगली adv.* ठंडा करते हुए।

coolish *कूलिश n.* कुछ कुछ ठंडा; ठंडा सा।

coolly *कूल्ली adv.* ठंडे तरीके से; उत्तेजना हीन ढंग से।

coolness *कूलनेस n.* कुछ कुछ ठंडक; उत्तेजना का अभाव; स्नेह का अभाव; उपेक्षा।

cool one's heals *कूल वन्स हील्स* प्रतीक्षा करना या कराना।

cool-tankered *कूल-टॅन्कर्ड adj* एक ठंडा पेय जिसमें मदिरा; जल; बर्फ; निम्बू का रस तथा मसाले होते हैं।

coolth *कूल्थ n.* ठंडक।

cooly *कूलि, कुली adv.* उदासीन रूप में।
n. a coolie भारवाहक मजदूर।

coom *कूम n.* dust of coal; soot; any kind of dust. कोयले की राख; काजल; किसी प्रकार की धूल।

coomb *कूम n.* (also *combe*) a small valley with woods. छोटी घाटी जिसमें जंगल उगा हो।

coomy *कूमी adj* धूल वाला; धुंधे वाला; राख वाला।

coon *कून n.* an American dog; a worthless fellow. अमरीका का एक प्रकार का कुत्ता; निकृष्ट व्यक्ति।
a gone coon one whose care is hopeless. ऐसा व्यक्ति जिसका मामला निराशाजनक है।

coon-can *कून-कॅन n.* ताश का एक खेल।

coon-song *कून-सॉन्ग n.* एक प्रकार का ग्रामीण संगीत।

coontie *कून्टी n.* (also *coonty*) एक प्रकार का वृक्ष जिससे अरारोट निकलता है।

coop *कूप n.* मुर्गे मुर्गियों के रखने की टोकरी; मछलियों की टोकरी; कारागार; जेल; पिंजड़ा।
v. t. cover with a coop; to keep in a coop. मुर्गे आदि को दड़बे में रखना; पिंजड़े में बन्द करना।

co-op *को ऑप n.* abbreviated form of co-operative society or store. सहकारी संस्था या सहकारी भण्डार।

cooper *कूपर n.* one who makes or repairs the tubs or casks. पीपे टब आदि बनाने वाला या उनकी मरम्मत करने वाला।
v. t. to repair; to patchup. मरम्मत करना।

cooperage *कूपरेज n.* workshop of a cooper; amount paid for cooper's work; cooper's art. पीपे बनाने वालों का कारखाना; पीपे बनाने की कला; मरम्मत के लिये दी गई राशि।

co-operant *को-ऑपरेन्ट adj.* who co-operates. सहयोग देने वाला; मिलकर काम करने वाला।

co-operate *को-ऑपरेट v. i.* to work to-

gether. साथ साथ काम करना; सहयोग देना।

co-operating *को ऑपरेटिङ्ग adj.* giving co-operation. सहयोग देने वाला।

co-operation *कोऑपरेशन* working together for a common purpose; work of co-operative societies. एक ही लक्ष्य के लिये सहयोग के साथ काम करना; सहकारी संस्थाओं का कार्य।

co-operative *को-ऑपरेटिव adj.* pertaining to co-operation; working together. सहयोग सम्बन्धी, सहकारी; साथ काम करने वाला।

co-operative society *कोऑपरेटिव-सोसायटी n.* a society for pertaining or selling goods for benefit of its members. सहकारी संस्था (*संविधान*) साझे की पूंजी से व्यापार करने वाली संस्था।

cooperative store *कोऑपरेटिव स्टोर n.* a store run under co-operative society. सहकारी संस्था का साझी भण्डारा।

co-operator *को-ऑपरेटर n.* one who co-operates; a member of co-operating society. सहयोग करने वाला; मिलकर काम करने वाला; सहकारी संस्था का सदस्य।

coopering *कूपरिङ्ग n.* पीपे आदि बनाने का कार्य।

coopery *कूपरी n.* the business of a cooper पीपे बनाने का व्यापार।

co-opt *को-ऑप्ट v. t.* to elect to membership by existing members. विद्यमान सदस्यों द्वारा चुनना; अपने में लेना।

co-optation *को-ऑप्टेशन n.* (also *co-op-tion*) of co-opting members विद्यमान सदस्यों द्वारा नये सदस्यों का चुनने तथा अपने में मिलाने का कार्य।

co-optative *को-ऑप्टेटिव adj.* pertaining to co-option. सदस्यों द्वारा नये सदस्यों को चुनने से सम्बद्ध।

co-ordinance *को-ऑर्डीनेन्स n.* एक ही पद या क्रम का होने की स्थिति; समन्वय।

co-ordinate *को-ऑर्डीनेट v. t.* to regulate and make uniform. एकसूत्रता लाना; समन्वय स्थापित करना।

adj. equal in rank; of the same order समान पद का; जिसका क्रम एक हो।

co-ordinately *कोऑर्डीनेटली adv.* in a co-ordinate manner. समन्वय के ढंग से; एक सूत्रता के रूप में।

co-ordinateness *को-ऑर्डिनेटनेस n.* (also *co-ordination*) act of co-ordinating; uniformity; oneness and similarity. एकीकरण; एकसूत्रता (*संविधान*); समन्वय; (*संविधान*)।

co-ordinative *को-ऑर्डिनेटिव adj.* pertaining to co-ordination. समन्वय सम्बन्धी।

coosen *कूसन n.* an old form of cousin. चचेरा या फुफेरा भाई।

coost *कूस्ट p. t.* of 'cast' (in Scotland)

coot *कूट n.* a common name for those birds which swim in water and also dive. ऐसे पक्षियों का सामान्य नाम जो जल पर तैरते हैं तथा डुबकी भी लगाते हैं।

cop *कॉप v. t.* to capture; to catch. पकड़ना गिरफ्तार करना।

n. a ball of thread; a spindle; top of anything; a policeman; a capture. किसी वस्तु का शिखर; पुलिस वाला; बरामद माल।

copaiba *कोपैबा n.* (also *copaiva*) a herbal ointment. एक वनस्पतिक मरहम।

copal *कोपल n.* a kind of resin which is used in the preparation of dyes and varnishes. एक प्रकार की चिपकने वाली वस्तु जो रंग रोगन बनाने में प्रयुक्त होती है।

co-parcener *कोपार्सनर* ऐसा व्यक्ति जो दूसरे व्यक्तियों के साथ साथ किसी सम्पत्ति में सहभागी हो।

co-parcenery *कोपार्सनरी n.* सम्पत्ति के सह-स्वामित्व की पद्धति।

copartner *कोपार्टनर n.* साझीदार; जो किसी व्यापार में सहभागी हो।

copartnership *कोपार्टनर शिप n.* (also *co-partnery*) share in some business as partner; such business. किसी व्यापार में सह-भागिता; साझे का व्यापार।

copatriot *कोपैट्रियट n.* a fellow country man (also *compatriot.*) स्वदेशवासी।

cope *कोप n.* the dress of priests consisting of a big cloak and a hood. पादरी लोगों के पहनने का लम्बा चोगा तथा टोपी

v. t. to tie the mouth of, to furnish with a cope; to barter; to exchange. मुह बांध देना; चोगा पहनाना, विनिमय करना; बदलना।

v. i. to contend with, to manage; to encounter; to have to do; to meet; to match. स्पर्धा करना; संभालना,सामना करना; काम करना पड़ना; मिलना।

copeck *कोपेक n.* (also *kopeck*) a small coin of Russia. रूस का एक छोटा सिक्का।

copepod *कोपोड n.* छोटे छोटे जल जीव जिन के पैर चप्पुओं जैसे होते हैं जिनसे वे तैरते हैं।

coper *कोपर n.* one who sells and purchases horses; ship supplying liquor to fisherman. घोड़ों को खरीदने और बेचने वाला व्यक्ति; मछुओं को मदिरा देने वाला जहाज।

v. i. to supply liquor in this manner. मछुओं को मदिरा देना।

copernican *कोपर्निकन adj* कोपरनिकस के ज्योतिष-शास्त्र संबंधी।

copes-mate *कोप्स-मेट n.* साथी; सङ्गी; मित्र।

copestone *कोपस्टोन n.* दीवार के ऊपर का पत्थर।

copier *कापियर n.* one whose business is to prepare copies. प्रतिलिपियां तैयार करने का पेशा करने वाला।

coping *कोपिंग n.* the top course of a wall मुंडेर; दीवार का ऊपरी भाग।

coping-saw *कोपिन-सॉ n.* एक प्रकार की छोटी आरी जिससे गोलाई की जाती है।

coping-stone *कोपिंग स्टोन n.* घर का सबसे ऊपरी भाग; दीवार का शिखर का पत्थर।

co-pilot *को पाइलेट n.* a person who drives an aircraft in company. विमान का चालक जो किसी के साथ विमान चलाता हो।

copious *कोपियस adj* प्रचुर; बहुत; व्यापक तथा विस्तृत; जो संक्षिप्त न हो।

copiously *कोपियसली adv.* प्रचुरता के साथ; बहुतायत से; अभाव की हीनता से।

copiousness *कोपियसनेस n.* plenty; abundance. विपुलता; प्रचुरता; बहुतायत।

co-polymer *को-पॉलिमर n.* a substance reacting with another substance and forming a chemical compound. कोई पदार्थ जो अन्य पदार्थ के साथ मिलकर रासायनिक सम्मिश्रण बनाये।

co-polymerisation *को-पालीमराइजेशन n.* दो पदार्थों के बीच ऐसी रासायनिक क्रिया कि जिससे एक सम्मिश्रण बने जो सर्वथा भिन्न हो।

co-polymerise *को-पॉलिमराइज v. t.* to react to form a compound. मिलकर एक रासायनिक सम्मिश्रण बनाना।

co-portion *को-पोर्शन n.* a share (used by *Spenser.*) अंश; भाग; हिस्सा।

copper *कॉपर n.* metallic element used for making coins and utensils; a coin a boiler made of copper; a policeman (in slang.) तांबा; ताम्र; नामक तत्व धातु; मुद्रा, डेग; (बोलचाल की असाहित्यिक भाषा में) पुलिस का सिपाही।

adj. made of copper; of copper colour. तांबे का बना हुआ; तांबे के रङ्ग वाला।

v. t. to cover with copper. तांबे का मुलम्मा चढ़ाना।

hot coppers : condition of tongue and throat after heavy drinking. अत्यधिक मदिरा-पान के पश्चात जीभ तथा गले की दशा।

copper-age *कॉपर-एज n.* a period in ancient days when copper was used by man. एक ऐतिहासिक युग जब केवल तांबे का ही प्रयोग होता था।

copperas *कॉपरस n.* नीलाथोथा या तूतिया।

copper-beech *कॉपर-बीच n.* एक प्रकार का वृक्ष जिसके पत्ते तांबे के रङ्ग के होते है।

copper-bottomed *कॉपर-बाटम्ड adj.* जिसका पेंदा तांबे का हो, विशेष या अन्य रूप में सुव्यवस्थित।

copper-captain *कॉपर-कप्तेन n.* कागजी कप्तान; नकली अफसर।

copper-faced *कॉपर-फेसेड adj.* (ऐसा टाइप आदि) जिसके ऊपर तांबा चढ़ा हो।

copper-fastened *कॉपर-फास्नड adj.* तांबे के पेचों से कसा हुआ।

copper-glance *कॉपर-ग्लान्स n.* एक खनिज जिसमें तांबा तथा गन्धक हो।

copper-head *कापर हेड adj.* एक प्रकार का सांप

coppering *कॉपरिङ्ग n.* act of covering with copper; such a cover. तांबे की चादर चढ़ाने की क्रिया; तांबे की चादर।

copperish *कॉपरिश adj.* जो तांबे का बना हुआ न हो पर उसके समान दिखाई देता हो।

copper-nickel *कॉपर-निकल n.* निकल का एक खनिज योग जो तांबे के रंग का होता है।

copper-nose *कॉपर-नोज n.* लाल नाक।

copper-plate *कॉपर-प्लेट n.* a plate of copper with polish and engraving; faultless handwriting. तांबे की चादर जिस पर

पालिश की हुई हो तथा खुदाई का काम हो; दोष-रहित हस्तलेख।

copper-pyrites *कॉपर-पाइरिटीज़ n.* एक रासायनिक धातुयोग जिसमें तांबा, लोहा तथा गंधक होते हैं।

copper-skin *कॉपर-स्किन n.* अमरीका के आदिवासी जो लाल रंग के होते हैं।

copper-smith *कॉपर-स्मिथ n.* तांबे के बर्तन बनाने वाला; ठठेरा।

copper work *कॉपर वर्क n.* तांबा बनाने का कारखाना।

copper worm *कॉपर वार्म n.* एक प्रकार का लाल कीड़ा जो जहाजों की लकड़ी में बिल बनाता है।

coppery *कापरी adj.* तांबे का मिला हुआ; तांबे के रंग का।

coppice *कॉपिस n.* small trees grown as thicket and cut periodically. छोटे छोटे झाड़ी के समान वृक्ष जो बाड़ के स्थान पर उगाये जाते हैं तथा समय समय पर काटे जाते हैं।
v. t. to coner with coppice. उक्त झाड़ी से ढांपना।

coppin *कॉपिन n.* top or head of anything; a thread ball. किसी वस्तु का शिखर; धागे की गिट्टक या गोला।

copple *कॉपल n.* the crest on the head of the birds like cockoo. मुर्गे के सिर पर की कलगी।

copple-stone *कॉपल-स्टोन n.* (also *cobble stone*). गोल पत्थर जो आंगन बनाने में काम आते हैं।

copra *कोप्रा n.* dried kernel of a coconut खोपरा शब्द का अपभ्रंश) नारियल की गिरी या गोला।

copresence *कोप्रेज़ेन्स n.* presence of more than one persons at the same time. एक से अधिक व्यक्तियों की एक ही समय पर उपस्थिति।

copresent *कोप्रेज़ेन्ट adj.* present along with somebody else. किसी अन्य व्यक्ति के साथ उपस्थित।

copro- *कॉप्रो pref.* in composition it means dung. उपसर्ग के रूप में गोबर का अर्थ देने वाला शब्द।

coprolite *कॉप्रोलाइट n.* a fossil dung of phosphatic nature. एक प्रकार की पहाड़ी जो गोबर के समान पदार्थों से बनती है।

coprolitic *कॉप्रोलिटिक adj.* गोबर के समान पदार्थों की बनी हुई पहाड़ी से सम्बन्धित।

coprology *कोप्रोलॉजी n.* obsene things in literature and art. कला तथा साहित्य की अश्लीलता; साहित्य की गन्दगी।

coprophagan *कॉप्रोफगन n.* a beetle living in dung. गोबर रहने वाला एक प्रकार का कीड़ा।

coprophagist *कॉप्रोफगिस्ट n.* a dung eater. गोबर खाने वाला।

coprophagous *कॉप्रोफॅगस adj.* गोबर खाने का शौकीन।

coprophilia *कोप्रोफिलिया n.* गोबर आदि गन्दी वस्तुओं के सम्पर्क से आनन्द की प्राप्ति की कलुषित भावना।

coprophlous *कॉप्रोफिलस n.* गोबर में आनन्द को प्राप्त करने वाला; गोबर में रहने और पलने वाला।

coprosterol *कॉप्रोस्टरोल n.* a compound in intestines. आंतों में उत्पन्न होने वाला एक प्रकार का रस।

copse *कॉप्स n.* coppice, a wood sprouting from stumps and periodically cut. (also called *copswood*). एक प्रकार की झाड़ी जो डण्ठलों से बढ़ती है और समय समय पर काटी जाती है।
v. t. to cover with coppice. कॉपिस नामक झाड़ी से ढकना।

copsy *कॉप्सी adj.* covered with copse; growing like copse; of or pertaining to copse. कॉपिस नामक झाड़ी से ढका हुआ उसके समान उगने वाला या उससे सम्बद्ध।

Copt *कॉप्ट n.* वे ईसाई लोग जो प्राचीन यूनानी लोगों की सन्तान है।

Coptic *कॉप्टिक n.* कॉप्ट लोगों की भाषा जो प्राचीन यूनानी से मिलती है।

copula *कॉप्युला n.* a part which connects; in logic a word of predication; a bond or tie. जोड़ने वाला भाग; न्याय शास्त्र में क्रियापद का शब्द; बन्धन।

copular *कॉप्युलर adj.* बन्धन सम्बन्धी; क्रियापद सम्बन्धी।

copulate *कॉप्युलेट v. t.* to have sexual intercourse; to unite in sex union. मैथुन करना; सम्भोग करना; लैंगिक रूप में जुड़ना।

copulation *कॉप्युलेशन n.* sexual intercourse. इन्द्रिय सम्भोग; मैथुन।

copulative *कॉप्यूलेटिव adj.* that which connects. जोड़ने वाला।

copulatory *कॉप्युलेटरी adj.* pertaining to copulation. मैथुन सम्बन्धी।

copy *कॉपी n.* reproduction of a writing an imitation; transcript; a copy book; प्रतिलिपि (*संविधान*); नकल; लिखने की पुस्तिका।
v. t. to reproduce from original; to imitate. नकल करना; प्रतिलिपि तैयार करना।

copy-book *कॉपी-बुक n.* a book used by students for taking copies of notes. विद्यार्थियों द्वारा प्रयुक्त पुस्तिका जिसमें वे नकल करते है।

copy-cat *कॉपी-कैट v. t.* नकल करना।
n. नकलची।

copy hold *कॉपी होल्ड n.* पट्टा लिखाई हुई जमीन

copy holder *कॉपी होल्डर n.* one who holds land on temporary tenure. कच्चे पट्टे पर भूमि लेने वाला व्यक्ति।
n. one who reads the manuscript for comparision with proof. वह व्यक्ति जो प्रूफ के साथ मिलाने के लिए हस्तलिपि पढ़ी जाती है।

copying *कॉपीइङ्ग n.* act of making copy. नकल करने की क्रिया।

copying-ink *कॉपीइङ्ग-इङ्क n.* नकलें छापने के काम में आने वाली स्याही।

copying pencil *कॉपिङ्ग पेंसिल n.* (also *copying-ink pencil*). स्याही के समान काम करने वाली पेन्सिल।

copying-press *कॉपिङ्ग प्रेस n.* press or machine for preparing copies of a document. ऐसी कल जिससे किसी दस्तावेज की प्रतिलिपियां तैयार हो सकती हैं।

copyism *कॉपीइज्म n.* दासतापूर्ण नकल।

copyist *कॉपिस्ट n.* one who prepares copies. नकल करने वाला; प्रतिलिपि तैयार करने वाला।

copy-right *कॉपी-राइट n.* exclusive right to print a book belonging to author or publisher. प्रतिलिप्यधिकार (*संविधान*); किसी पुस्तक के छापने का अनन्य अधिकार जो लेखक या प्रकाशक को होता है।
adj. which is protected by copyright. प्रतिलिप्यधिकार से संरक्षित।
v. t. to secure copyright; of any book. किसी पुस्तक का प्रतिलिप्यधिकार प्राप्त करना।

copy writer *कापी राइटर n.* one who writes copies or advertisements for press. जो प्रेस के लिये लिपि या विज्ञापन लिखता हो।

coquelicot *कॉक्लीको n.* poppy colour which is brilliant red. चमकदार लाल रंग।

coquet *कोकेट v. t.* to flirt; trifle. चोचले करना; अंदाज दिखाना; नजाकत करना।
adj. & n. a woman who flirts; a lady who plays with men's affections and decieves them. नजाकत करने वाली; चोचले वाली औरत; पुरुषों के दिल चुरा कर उन्हें धोखा देने वाली तितली।

coquetry *कॉकेट्री n.* art of a coquette; trifle moods of love; showy prettiness. नजाकत; झूठा प्रेम; त्रिया चरित्र; नाज नखरे; चोचले।

coquette *कॉकेट n.* coquet as noun; a women who flirts. नजाकत करने वाली औरत; तितली; हावभाव दिखाने वाली स्त्री।

coquettish *कॉकेटिश adj.* fond of and practising coquetry. नाज नखरों वाली तितली के समान; हावभाव वाली।

coquettishly *कॉकेटिशली adv.* नजाकत के साथ हावभाव दिखाते हुए।

coquettishness *कॉकेटिशनेस n.* quality of being coquettish. नजाकत; नाज; नखरे चोचले; बनावट; हावभाव।

coquilla *काकिल्या n.* a kind of nut used for making buttons. एक प्रकार की गुठली जो बटन बनाने के काम आती है।

coquimbite *कोकिमबाइट n.* a sulphate of iron of yellow colour. लोहे तथा गंधक का पीला मिश्रण।

coquito *काक्विटो n.* a kind of palm grown in Chile. चाइल में उत्पन्न होने वाला एक प्रकार का खजूर।

cor *कॉर n.* kind of Hebrew measure like homer which is a equivalent to 10 bushles or 3 gallons. यहूदियों के नापने का एक माप जो ३ गैलन या १० बुसल्स के बराबर होता है।

coracle *कॉरेक्ल n.* a small oval row boat used in Wales; made of wicker work & covered with skin or oil cloth. एक अण्डाकार बांस की बनी हुई डोंगी जिसपर खाल या मोमजामा चढ़ा होता है और बहुधा वेल्स

में काम आती है।

coracoid *कॉराकॉइड adj.* having a shape of crow's beak. कौवे की चोंच की शक्ल का, *n.* a bone connecting the shoulder point and sternum of birds. चौपायों के कन्धों और छाती को जोड़ने वाली हड्डी।

coradicate *कॉरेडिकेट* of the same root. एक ही जड़ की बनी हुई (वस्तु)।

corage *कॉरेज n.* courage. हिम्मत।

coraggio *कॉरेजो interj.* have courage. हिम्मत करो।

coral *कॉरल n.* a hard calcareous substance of various colours; growing on the bottom of sea; composed of the skeltons of zoophytes; a child's toy made of coral. मूंगा; मूंगे से बना हुआ बच्चों का एक खिलौना।

coral island *कोरल आईलैंड* coral reefs surrounded by sea having lake in the middle. मूंगे की ऐसी चट्टानें जिसके चारों तरफ समुद्र होता है और बीच में झील सी बनी होती है

corallacoosis *कॉरेला कूसिस* मूंगे के समान या मूंगे से सम्बधित।

coralliferous *कोरली फैरस adj.* जिसमें मूंगा हो

coralliform *कॉरली फार्म adj.* मूंगे के समान।

coralligenous *कॉरली जीनस adj.* मूंगा उत्पादित करने वाला।

coralline *कॉरालाइन adj.* मूंगे से बनी हुई या मूंगे समान गुलाबी या थोड़ा बैंगनी रंग के समुद्री पौधे जो इङ्गलैण्ड समुद्री तटों पर आम तौर पर पाये जाते हैं।

corallite *कॉरा लाइट n.* मूंगे के समान कड़ा पदार्थ।

coralloid *कॉरा लॉइड adj.* मूंगे के समान।

coral rag *कॉरल रॅग* अधिकतर कड़े मूंगे से बना हुआ चूने का पहाड़।

coral reef *कॉरल रीफ n.* मूंगे से बनी हुई चट्टानें

coral sea *कॉरल सी n.* the pacific ocean between Australia on the west and New Hebrides on the east. पश्चिम में आस्ट्रेलिया और पूर्व में न्यू हेबराइड के बीच का अन्ध महासागर का हिस्सा जिसमें मूंगे पाये जाते है।

coral snake *कॅरल स्नेक n.* a small venomous snake or cobra's family. गेहुवन जाति का विषैला सांप।

coral tree *कॉरल ट्री n.* a small tropical tree producing long spikes of beautiful red flowers assembling coral. गर्म देश में पाया जाने वाला एक पेड़ जिसके लम्बे लम्बे कांटेनुमा मूंगे के समान लाल रङ्ग के फूल होते हैं।

coral wood *कॉरल वुड n.* a hard cabinet wood; found in South America; first of yellow and then of red colour. दक्षिणी अमरीका में मिलने वाली कुछ पीले और लाल रंग की इमारती लकड़ी।

coral wort *कॉरल वर्ट n.* a cruciferous English woods. एक प्रकार का कांटेदार पौधा।

coram domino rege *कोरम डोमनो रेगे (L.)* अपने स्वामी के सामने या अपने राजा के सामने।

coram nobis *कोरम नोबिस (L.)* हमारे सामने या हमारी उपस्थिति में।

coram populo *कोरम पोपुलो (L.)* जनता के सामने।

coranach *कॉरनक n.* मृत्यु के समय गाया जाने वाला शोकसूचक गीत।

cor anglais *कोर ऑंग्लिस n.* the English horn. एक प्रकार का अंग्रेजी ऑपू या तुरही।

coranto *कॉरेन्टो n.* a lively & rapid dance, its music. एक प्रकार का जाग्रतिपूर्ण और तीव्र गति वाला नाच और उसका सङ्गीत।

corban *कारबन n.* anything devoted to God on fulfilling a vow. कोई वस्तु जो प्रतिज्ञा पूरी होने पर भगवान की भेंट की जाय।

corbe *कॉर्ब n.* a piece serving as a cushing for a capital. स्तंभ पर लगा हुआ पत्थर का वह टुकड़ा जिस पर का भार आधारित होता है।

corbeau *कॉर्बी n.* a dark green colour. काई के समान हरा रंग।

corbeil *कॉरबेल n.*a carved representation of the basket;a basket filled with earth to serve as a protection; आग बुझाने के लिए मिट्टी और पत्थरों से भरीहुई बाल्टी; नक्काशी के काम का गमला।

corbielle *कॉरबेली n.* sculptured basket of fruit & flowers. फल फूलों से भरा हुआ, नक्काशी के काम का गमला।

corbel *कारबल* protection from the face of a wall serving as a cushion. दीवार का निकला हुआ बाहरी हिस्सा जो बोझ संभालने का काम देता है जिसे घोडिया या टोड़ा कहते हैं।

corbelling *कॉरबेलिंग n.* दीवार बनाने का वह तरीका जिसमें ऊपर की ईंट नीचे की ईंट से आगे को निकली हुई होती है।

corbel-steps *कॉरबल स्टेप्स n.* दीवाल का ऐसा ऊपरी भाग जिससे ईंट सीढीनुमा लगी होती है जिनपर केवल पक्षी इत्यादि ही चढ़ सकते हैं।

carbel-table *कारबल टेबल n.* घोड़िया या टोड़ों की वह पंक्ति जो भार संभालने का काम देती है।

corbicula *कॉरबिकुला n.* भिड़ों का छत्ता जिसमें भिड़ों के डङ्क भी लगे होते हैं।

corbiculate *कॉरबिकुलेट adj.* भिड़ों के छत्तों से सम्बन्धित।

corbie *कॉरबाइ n.* crow. एक प्रकार का लम्बी चोंच वाला कौवा।

corbie crow *कॉरबाइ को n.* एक प्रकार का लम्बी चोंच वाला कौवा।

corbie- messenger *कॉरबाइ मॅसेंनजर n.* one who does not return or returns too late. यात्री जो या तो जाकर कभी नहीं लौटता या बहुत देर से लौटता है।

corbie-steps *कॉरबाइ स्टेप्स n.* नीचे से लेकर चोटी तक छत की दीवार की ऐसी सीढ़ी होती हैं जिसे कौवे या बिल्लियां ही प्रयोग कर सकती हैं।

corcass *कॉरकस n.*a land which can readily be flooded by a river. जमीन का वह हिस्सा जो आसानी से बाढ़ग्रस्त हो सकता है जिसे खादर भी कहते हैं।

corchorus *कॉरकोरस n.* jute genus. पटसन की श्रेणी का पौधा।

cord-*कॉर्ड n.*(1)a string of several strands; (2) something resembling a cord; as the spinal cord. (3) corduroy (often in *pl.*). (4) any feeling that restrains. (5) the rope used by hangman. (१) धागों से बनी हुई एक रस्सी; (२) रस्सी के समान रीढ़ की हड्डी; (३) ऐसा कपड़ा जिसे रस्सी के समान धारी होती है। (४) भावना जो किसी काम को करने से रोकती है। (५) फांसी का फन्दा या एक रस्सी जो जल्लाद या बधिक फांसी देने के लिए प्रयोग करता है।

v. t. (1) to secure or bind with cord. (2) to pile firewood by the cord. (१) रस्सी से बांधना। (२) रस्सी से लकड़ियों का गट्ठर बांधना।

cordage *कॉर्डेज n.* (1) ropes and cords collectively; especially ropes in the rigging of ship. (2) the amount in cords as of wood on a given area of land. रस्सियां; डोरियां; समुद्रपोत की रस्सियां। (२) जमीन के टुकड़े को मापने का एक माप जो प्रायः लकड़ी मापने के काम आता है।

cordate *कॉर्डेट adj.* heart shaped leaf. हृदय के आकार का एक पत्ता।

corded *कॉर्डेड adj.* (१) रस्सी से बंधा हुआ। (२) रस्सी के समान धारियां बला हुआ कपड़ा। (३) कुत्ते आदि के रस्सी के समान बटे हुए घुंघराले बाल। (४) रस्सी का बना हुआ।

cordelier *कॉर्डिलियर n.* (१) प्राचीनकाल का रस्सी बनाने का चरखा। (२) एक फ्रांस का धर्म प्रचारक जो अनुशासनशील होता है; यह नाम रस्सी की पेटी बांधने के कारण पड़ा। (३) फ्रांस की धार्मिक क्रान्ति के समय का एक मठ जहां धर्म प्रचारक सन्यास का जीवन व्यतीत करते थे।

cord grass *कॉर्ड घास n.* एक प्रकार की घास जिससे मूंज की रस्सी बनाई जाती है।

cordial *कॉर्डियल adj.* हार्दिक; सात्विक; प्रेमपूर्ण; उत्तेजक; मैत्रिक; विनम्र।

n. कोई दवाई; भोज्य पदार्थ या पेय पदार्थ जिसके सेवन से आराम और सुख मिलता है।

cordialise *कॉर्डिआलाइज v. i.* आदृभाव के लिए विनम्र होना।

cordiality *कॉर्डिआलिटी n.* हृदय के आकार की कोई वस्तु।

cordially *कॉर्डिअली adv.* विनम्र रूप से।

cordialness *कॉर्डिअलनेस n.* विनम्रता।

cordierite *कॉर्डीराइट n.* एक प्रकार का खनिज जिसमे अलमोनियम; लोहा; मैंगनीज और पानी मिला होता है और प्रायः ऊपर की चट्टानों में ही निकलता है।

cordiform *कॉर्डिफार्म adv.* shaped like heart. हृदय के आकार का।

cordillera *कॉर्डिलिरा n.* ridges of the mountain in a parallel series. समानान्तर पर्वत श्रेणी।

cordiner *कॉर्डिनर n.* shoe-maker who makes shoes with goat skin leather. बकरे की खाल से जूता बनाने वाला मोची।

cording *कॉर्डिङ्ग n.* the act of binding. रस्सी से बांधने का कार्य।

cordite *कॉर्डाइट n.* an explosive made in the form of cords with giving

smoke रस्सी और तेजाब से बना हुआ विस्फोटक पदार्थ जिसके विस्फोटन से धुंआ नहीं होता।

cordoba *कॉर्डोबा n.* Nicargua's monetary unit. निकारगुआ में प्रचलित एक मुद्रा।

cordon *कॉर्डन n.* (१) सम्मानार्थ पुरस्कृत फीता या पेटी। (२) फौजी सैनिकों के शिविरों की पंक्ति; (३) रास्ता रोकने के लिए पंक्तिबद्ध मनुष्य। (४) घेरा डालने के लिए सिपाहियों की पंक्ति। (५) एक तने वाला फल वाला पेड़; (६) रोगं ग्रस्त जिले को दूसरे रोग रहित जिले से बचाने के लिए अथवा रोग फैलाने से बचाने के लिए खींची हुई रेखा या चिन्ह।

v. t. to form a cordon round; to encircle; to make a cordon. किसी व्यक्ति को पकड़ने के लिये सिपाहियों का घेरा डालना।

cordon blue *कॉरडन ब्लियू n.* blue ribbon; a cook of the highest excellence. नीले रङ्ग का रेशमी फीता; सबसे श्रेष्ठ रसोइया।

cordon sanitaire *कॉरडन सैनिटरे n.* संक्रामक रोग को बढ़ने से रोकने के लिये तथा सीमित रखने के लिए रक्षा पुरुषों की स्थान स्थान पर नियुक्त पंक्ति।

cordovan *कॉर्डोवन n.* बकरे की खाल का चमड़ा

corduroy *कॉर्डराय n.* एक प्रकार का ऊनी कपड़ा जिस पर रस्सी के समान धारियां पड़ी होती हैं। *pl.* कार्टराइट के बने हुए पाजामे या पतलूनें।

corduroy road *कॉर्डराय रोड adj.* लकड़ी के फर्रों को आपस में जोड़कर विशेषत: कीचड़ के स्थान पर बनाई गई कच्ची सड़क।

cordwainer *कॉर्डवेनर n.* बकरे की खाल के चमड़े से जूता बनाने वाला मोची।

cordwood *कॉर्डवुड n.* wood fastened with cord. रस्सी से बंधा हुआ लकड़ी का गट्ठर।

cordy *कॉर्डी adj.* रस्सी से सम्बन्धित।

cordyline *कॉर्डीलाइन n.* अति ऊष्ण और ऊष्ण प्रदेशों में पाया जाने वाला कुमुदनी के सदृश एक पौधा।

core *कोर n.* (1) inner or central part. (2) company, gang. (3) the heart. (१) आन्तरिक हिस्सा। (२) गिरोह। (३) दिल; गूदा।

v. t. to take out the core of; from the core of the heart. गूदा निकालना, हृदय से।

cored *कोर्ड adj.* बीज निकला हुआ; सारपूर्ण; गूदे का बना हुआ; गूदे वाला।

coregent *कोरीजेन्ट n.* a joint regent. संयुक्त राज्य प्रतिनिधि।

coregonine *कोरीजोनाइन adj.* मछली के समान।

coregonus *कोरीजोनस n.* एक प्रकार की चांदी के समान सफेद मछली की श्रेणी जिसका मास गुलाबी रङ्ग का तथा स्वादिष्ट होता है।

corelation *कोरिलेशन n.* two things so reciprocally related that one signifies the other or one is complimentary to the other. दो वस्तुओं में ऐसा पारस्परिक सम्बन्ध कि एक के प्रदर्शन से दूसरी स्वय प्रदर्शित हो जाती है या एक दूसरे का पूरक होती है।

corelative *कोरिलेटिव n & adj.* similar relations, reciprocally related; analogous. परस्पर सम्बन्धी।

coreless *कोरलेस adj.* खोखला; बीज निकला हुआ; अन्दर के हिस्से से सम्बन्धित।

coreligionist *कोरिलिजनिस्ट adj.* of the same religion. एक धर्म के अनुयायी; सहधर्मी

corespondent *कोरैसपौडन्ट n.* a man or a woman charged with adultry by a court of law and jointly proceeded against the other spouse who is the respondent. वह पुरुष या स्त्री जिस पर व्यभिचार करने का मुकदमा चलाया गया हो तथा वह स्त्री या पुरुष जो इस मुकदमे में मुद्दई हो; सहोत्तर वादी।

corf *कॉर्फ n.* (1) formerly used coal miners' basket but now used as a tub or trolley. (2) a basket kept to keep the fishes alive. (१) प्राचीन काल की कोयला ढोने की टोकरी जिसे आजकल टप या हस्त गाड़ी के रूप में प्रयोग करते हैं। (२) मछलियों को जीवित रखने के लिये पानी की टङ्की।

corf-house *कॉर्फ-हाउस n.* एक स्थान जहां रोग ग्रस्त मछलियों का इलाज होता है।

corgi *कारगाई n.* वेल्श का एक छोटा कुत्ता।

coriaccous *कोरियासीअस adj.* चमड़े सम्बन्धी।

coriander *कोरिन्डर n.* धनिये का पौधा।

coriander-seed *कोरिन्डर-सीड n.* धनिये के बीज।

corinth *कौरिन्थ n.* house of prostitutes; the small fruit of curant; name of a city. वेश्यालय; एक प्रकार का छोटा फल दाख; एक शहर का नाम।

corinthian *कौरिन्थियन n.* a man of fashion an amateur sportsman; dissolute; vicious man. छैला; शौकिया खिलाड़ी; चरित्रहीन व्यक्ति।

adj. यूनान में स्थित कौरिन्थ के निवासी; यूनान की शिल्पकला का एक सुन्दर नमूना जिसमें स्तम्भों पर घन्टीनुमा कानस पर बेलबूटे बने होते हैं।

corinthian.brass *कौरिन्थियन-ब्रास adj.* (also *corinthian bronze*) alloy made in Corinth which was valuable in former days. कारिन्थ में बनाया जाने वाला प्राचीन काल का कीमती मिश्रण।

corinthianise *कौरिन्थियानाइज v. i.* to be dissolute; licentious. दुराचारी होना; व्यसनी होना; कामुक होना।

corious *कोरिअस adj.* त्वचा की नीचे की झिल्ली से सम्बन्धित।

corium *कोरिअम n.* leather used in protective covering; innermost layer of skin. कवच का चमड़ा; त्वचा के सबसे नीचे की झिल्ली।

corival *कोराइवल n.* a rival; a competitor. प्रतिद्वन्द्वी; प्रतिस्पर्धी।

corivalry *कोराइवलरी n.* (also *corivalship*) with and rival. प्रतिस्पर्धी; प्रतिद्वन्द्वता।

cork *कार्क n.* cork trees outer bark; cork made stopper; any stopper; a piece of cork; the oak found in South Europe and North Africa from which corks are made; a float of cork. काग; काग की बनी हुई डाट; कोई डाट; काग का एक टुकड़ा; एक प्रकार का बलूत का पेड़ जो दक्षिणी यूरोप और उत्तरी अफ्रीका में मिलता है; और जिसकी काग बनती है; काग की बनी हुई डोंगी।

adj. made of cork. काग की बनी हुई।

v. t. to stop with cork; to stop up. काग लगा कर रोकना।

corkage *कार्केज n.* corking and uncorking of the bottles. बोतलों में डाट लगाना या निकालना। एक प्रकार का बट्टा जो होटल वाले दूसरी जगह से शराब लाने के बदले में ग्राहकों से वसूल करते है।

cork-borer *कार्क-बोर n.* विज्ञान के प्रयोग करने के यन्त्रों में नली फसाने के लिए काग में छेद करने का बरमा या सुआ।

cork-cambium *कार्क-कैम्बिअम n.* पेड़ की छाल का वह भाग जिससे काग बनती है।

cork-carpet *कॉर्क-कारपट n.* काग; रबड़ और अलसी के तेल से बना हुआ जमीन पर बिछाने का फर्श।

cork-cutter *कॉर्क-कटर n.* बोतलों के लिये डाट बनाने का एक यन्त्र।

corked *कॉर्कड adj.* काग के समान रोकने वाला; जली हुई काग से काला रंगा हुआ।

corker *कॉर्कर n.* समाप्त करने वाला व्यक्ति; सम्पूर्ण तर्क जिनकी व्याख्या करने की आवश्यकता नहीं होती; वस्तु या व्यक्ति जो सानी नही रखते।

cork-heel *कार्क-हील n.* काग की ऐड़ी वाला जूता

cork-heeled *कॉर्क-हील्ड adj.* काग ऐड़ी से सम्बन्धित; काग की ऐडी वाला; चंचल खिलाड़ी; लम्पट; मर्यादाहीन; विलासी।

corkiness *कार्कीनस n.* उत्कृष्टता; असामान्यता।

corking *कॉर्किङ्ग adj.* उत्कृष्ट; असामान्य।

cork-jacket *कॉर्क-जैकट n.* काग से बनी हुई या काग से भरी हुई तैरने के काम आने वाली जाकिट या बन्डी।

cork-leg *कॉर्क-लेग n.* काग की बनी हुई बनावटी टांग।

cork-oak *कॉर्क-ओक n.* स्पेन तथा पुर्तगाल मे पाया जाने वाला बलूत की श्रेणी का एक पेड़ जिससे वाणिज्य के लिये काग बनाई जाती है।

cork-screw *कॉर्क-स्क्रू n.* डाट निकालने की चाबी या सुआ।

adj काग निकालने की चाबीनुमा।

v. t. काग के समान मुश्किल से निकालना; ताकत से चालाकी से भेद लेना।

v. i. काग निकालने की चाबी के समान टेढ़ी मेढ़ी चाल चलना।

cork-sole *कॉर्क-सोल n.* काग का बनाहुआ जूते का पताबा।

cork-tree *कॉर्क-ट्री n.* कोई ऐसा पेड़ जिसकी छाल काग के समान होती है या जिसकी लकड़ी काग के समान हलकी होती है; एक प्रकार का बलूत का पेड़ जिससे काग बनती है।

cork wing *कॉर्क विंग n.* एक प्रकार की अधिक मांस वाली मछली की श्रेणी।

cork wood *कॉर्क वुड n.* काग के समान हलकी लकड़ी।

corky *कॉर्की adj* काग सम्बन्धी; उत्कृष्ट।

corking pin *कॉर्किंग पिन n.* एक बड़े आकार का पिन।

corkir *कॉर्किर n.* लाल या बैंगनी रंग रंगने के लिये एक प्रकार की बनस्पति।

corm *कॉर्म n.* बल्ब की शक्ल का सुन्दर पतला पेड़ का तना।

cormo *कॉर्मो n.* stem; trunk. पेड़ का तना।

cormophyte *कॉर्मोफाइट n.* एक प्रकार का पौधा जिसके पत्ते, तने और जड़ें अलग अलग होते हैं।

cormophytic *कॉर्मोफिटिक adj* उपरोक्त पौधे से सम्बन्धित।

cormorant *कॉर्मोरैन्ट n.* तीन फुट लम्बा और तेज उड़ने वाला एक समुद्री पक्षी; एक पेटू मनुष्य; एक लोभी पुरुष।

cormus *कॉर्मस n.* पौधे के अलग अलग बने हुए भाग जैसे जड़; तना और पत्ते।

corn *कॉर्न n.* a grain seed; small hard seed of kernel; seeds of cereal plants taken collectively especially wheat in England; oats in Scotland and Ireland and maize in North America seeds that grow in corn. अनाज का दाना; बीज; अन्न के दाने जिन्हें विशेषत: विलायत में गेहूँ; स्काटलैंड और आयरलैंड में जई और उत्तरी अमरीका में मकई कहते हैं अन्न के साथ उग आने वाला बीज।

adj. thorny tumour or feet; pertaining to corn; made of corn; growing among corn; feeling upon corn granular. पैरों परका गोखरू; अन्न सम्बन्धी; अन्न से बनाहुआ; अन्न के साथ पैदा होने वाला; दाने दार।

v. t. to make granular; to sprinkle or preserve with salt; to intoxicate;to give corn to like horse. दानेदार बनाना; नमक लगा कर सुरक्षित रखना; मदहोश करना; घोड़ों को दाना देने के समान दाना देना।

v. i. to form into grains. दानेदार बनना; अन्न रूप बनना।

cornage *कॉर्नेज n.* a service or rent; pertaining to feuds and fixed according to the number of hornedcattle. सींगों वाले पशुओं की गिनती पर आधारित सामन्तिक दास वृत्ति या किराया।

cornaceae *कॉर्नीसी n.* herb; with four white bracts surrounding its umbel and dogwood; and available on Alps. पहाड़ी जड़ी बूटी जिसके पत्तों पर सफेद धारियां पड़ी होती है और जो उसके फलों के गुच्छों को ढके रहते हैं।

corn-baby *कॉर्न बेबी n.* फसल की अन्तिम कटाई के समय पुलियों से लगाया हुआ ढेर।

corn-ball *n.* भुट्टे के स्वादिष्ट दाने।

corn-bin *कॉर्न-बिन n.* अनाज रखने की खत्ती।

corn-borer *कॉर्न-बोर्र n.* यूरोप में पैदा होने वाले कीट-डिंब जो अमरीका में मकई के लिये हानिकारक या नाशकारक होते हैं।

cornbreake *कॉर्न ब्रेक n.* मकई की खेती या मकई की फसल।

corn-brandy *कॉर्न-ब्रांडी n.* अन्न से बनी हुई शराब; ह्विस्की।

corn-brash *कॉर्न-ब्रास n.* चूना मिली हुई खाद जो मक्का की खेती के लिये अच्छी होती है।

corn-bread *कॉर्न-ब्रेड n.* मकई की रोटी।

corn-chandler *कॉर्न चांडलर n.* खुदरा या परचून अनाज का दुकानदार या व्यापारी।

corn-chandlery *कॉर्न चांडलरी* दुकानदार द्वारा बेचा गया अनाज।

corn-cod *कॉर्न कॉड n.* भुट्टे की फली या बाल।

corn-cob pipe *कॉर्न कॉब पाइप n.* मकई की नली का बना हुआ हुक्का या पाइप जो खेत में उगने वाले एक सुन्दर पौधे का बना होता है।

corn-cockle *कॉर्न कॉकल n.* मकई के खेत में उगने वाला एक सुन्दर पौधा।

corn-crake *कॉर्न क्रेक n.* एक प्रकार का पक्षी जो खेतों में रहता है और जिसकी विशेष प्रकार की आवाज होती है।

corn-craker *कॉर्न क्रेकर n.* एक प्रकार के पक्षी की श्रेणी जो बहुधा खेतों में पाया जाता है और अपनी आवाज के लिये प्रसिद्ध है।

corn cure *कॉर्न क्योर n.* पैर में होने वाले गोखरू का एक प्रकार का इलाज।

corn cutter *कॉर्न कटर* किसान जो मकई की खेती काटता है।

corn dealer *कॉर्न डीलर n.* मकई का व्यापारी जो मकई को खरीदता बेचता है।

corn dodger *कॉर्नडॉजर n.* मकई की रोटी या मकई की रोटी का टुकड़ा। मकई का गुंधा हुआ आटा।

cornea *कॉर्निया n.* the interior transparent membrane which forms the front covering of the eye ball. आंख की पुतली।

corneal *कॉर्नियल adj.* आंखों की पुतली से सम्बन्धित।

corned *कॉर्न्ड adj.* granulated or salted नमकीन या दानेदार।

corned beef *कॉर्न्ड बीफ़ n.* beef preserved by salting. नमक लगाकर सुरक्षित रखा हुआ गोमांस।

cornel *कॉरनल n.* a kind of small plant mostly found in Europe yielding fruit like cherry. एक प्रकार का छोटा पौधा जिसके फल चेरी समान गहरे लाल रंग के होते हैं।

cornelian *कॉर्नेलिअन n.* a kind of translucent mineral composed of silica generally of red colour. एक लाल रंग का पारदर्शक खनिज जिसमें रेत भी होता है।

cornel tree *कॉर्नेलट्री n.* a kind of plant which gives cornel fruit. एक प्रकार का पौधा जिसमें चेरी के समान लाल फल लगते है।

cornemuse *कॉर्नम्यूज n.* a french wind instrument. एक प्रकार का मुंह से बजाने का फ्रांसीसी बाजा।

corneous *कॉर्नियस adj.*consisting of horns सींगों वाला; सींग से बना हुआ।

corner *कॉर्नर n.* (1) the place or point where two lines or planes meets; (2) an angle formed by projection or recess. (3) a secret or confined place. (4) a difficult position; a chance given for a free kick to the opposite party when the ball is hit up outside his own goal line by the player. (5) buying up the stock; of the market to keep the price stationary by speculation. (१) कोना; जहां दो लाइनें मिलती हैं। (२) निकले भागों से बना हुआ कोण। (३) गुप्त स्थान। (४) संकट स्थिति; अपने गोल की सीमा से बाहर गैद फेंक देने पर प्रतिपक्षी को स्वच्छन्द रूप से गेंद फेंकने का दिया हुआ अवसर। (५) बाजार भाव का सन्तुलन रखने के लिये खरीदा हुआ माल।

v. t. to supply with corners; to put in a corner; to put in a fix; to form a corner against; to get a control of by forming a corner; to drive in a corner or to set in a corner; done in a corner; to turn the corner; within the four corners. कोना निकालना; कोने में रखना; संकट में डालना; मोर्चा बन्दी करना; कोना बनाकर काबू पाना; कोने में लगाना; गुप्त रीति से किया हुआ; पासा पलटना; समाये रखना; सीमित करना।

cornered *कॉर्नरड adj.* कोने वाला; कोने से सम्बन्धित; संकट में पड़ा हुआ।

corner-man *कॉनरमैन n.* तम्बूरे और हड्डियों के बाजे बजाने वाले हब्शियों की कतार में छोर पर खड़ा हुआ व्यक्ति जो उनके संगीत में साथ देता है

corner-stone *कॉर्नर स्टोन n.* दो दिवारों को जोड़ने वाला पत्थर; महत्वपूर्ण कोई वस्तु।

corner-teeth *कॉर्नर टीथ n.* घोड़े के पार्श्व भाग के काटने वाले चौड़े दांत।

cornerwise *कॉर्नर वाइज adj. & adv.* सामने के कोण के रूप में।

cornet *कॉर्नेट n.* (also *conopean*) an oldtype wood wind instrument a treble brass valve instrument; akin to trumpet; a piece of paper conically rolled up for groceries; conical wafer filled with ice cream; a white head dress worn by sisters of charity; a fifth commissioned officer in cavalry before 1871. and now-a-days sublieutenant. प्राचीनकाल की तुरही; अंग्रेजी बिगुल; कागज की मुड़ी हुई कोण जो मसाले इत्यादि भरने के काम आती है; आइस्क्रीम भरी हुई कोण; एक प्रकार की सिर पर पहनने की सफेद पोशाक जो ईसाई मत की सन्यासनें पहनती हैं; सन् १८७१ से पहले फौज का पञ्चम श्रेणी का अनायुक्त पदाधिकारी जिसे आजकल उपनायक कहते हैं।

cornet-a-piston *कॉर्नट-ए-पिसटन n.* बिगुल बजाने वाला बिगुलची।

cornetcy *कार्नेटसी n.* बिगुलची का पद या स्थान।

corn exchange *कॉर्न एक्सचेंज n.* शहर के व्यापारियों के मिलने की हाट या मण्डी जहां अनाज का व्यापार होता है।

corn-factor *कॉर्न फैक्टर n.* अन्न की दलाली करने वाला दलाल।

corn-fed *कॉर्न फैड adj.* भर पेट खाया हुआ; अन्न पर पला हुआ।

corn-field *कॉर्न फील्ड n.* मकई का खेत अनाज का खेत।

corn-flag *कॉर्न फ्लैग n.* एक प्रकार का पौधा जिसके तलवार की शक्ल के पत्ते होते हैं।

corn-flour *n. कॉर्न फ्लोर n.* मकई का आटा या मैदा।

corn-flower *कॉर्न फ्लावर n.* अन्न के खेत में अन्न के साथ उग आने वाले अनेक प्रकार के पौधे।

corn-fly *कॉर्न फ्लाई n.* एक प्रकार की मक्खी जिसके लार्वे गेहूं के पौधे में छेद करके वातरोग उत्पन्न कर देते हैं; घुन।

corn-husk *कॉर्न हस्क n.* अन्न के ऊपर का छिलका या भूसी।

corn-husker *कॉर्न हस्कर n.* छिलका उतारने की

मशीन या ओखली या छिलका उतारने वाला व्यक्ति।

corn-husking *कॉर्न हस्किङ्ग n.* छिलका उतारने का कार्य।

cornice *कॉर्निस n.* projected moulding along the top of a building or window ornamental plaster moulding below the coiling; crest of snow. सीका; कगर; कंगनी; कानस; कारनिस; खलियान; दीवार पर प्लास्टर का सुन्दर काम; आभूषित सांचे में ढली हुई कार्नेस; कानसनुमा बर्फ की परत; तस्वीर लटकाने की घण्टी।

corniced *कॉर्निस्ड adj.* कारनिस अथवा कार्नस सम्बन्धित।

cornice-hook *कॉर्निस हुक n.* तस्वीर टांकने के लिये आंकड़ा।

cornice-pole *कार्निस पोल n.* पर्दे और तस्वीर टांकने के लिये स्तम्भ।

cornice-rail *कॉर्निसरेल n.* दीवार में लगी हुई लोहे की या लकड़ी की तस्वीर टांकने की एक पट्टी।

cornice-ring *कॉर्निसरिंग n.* बन्दूक की नली के मुंह के ऊपर की घुण्डी के नीचे की एक और घुण्डी जिसमें संगीन लगती है।

cornicle *कॉर्निकल n.* एक छोटा सींग; के समान टेढ़ा मेढ़ा काम।

corniculate *कॉर्निकुलेट adj.* horned; horn shaped; pertaining. to horn; सींगों वाला; सींग के आकार का टेढ़ा मेढ़ा। सींग से सम्बन्धित।

corniculum *कॉर्निकुलम n.* a small horn. एक छोटा सींग।

corniferous *कॉर्निफेरस adj.* containing a stone much like flint but more brittle. चकमक पत्थर की तरह का कड़ा पर शीघ्र टूटने वाले पत्थर का बना हुआ।

corniferous lime stone *कॉर्निफेरसलाइमस्टोन n.* lime stone like corniferous stone. चकमक पत्थर की तरह कड़े चूने का पत्थर।

cornific *कॉर्निफिक adj.* begetting horns. सींग वाला।

cornification *कॉर्निफिकेशन n.* anything bearing horns. सींग रखने वाली कोई वस्तु या जानवर जैसे गाय बैल इत्यादि।

corniform *कॉर्निफार्म adj.* सींग सम्बन्धित या सींगाकार।

cornigerous *कॉर्निजिरस adj.* सींगों वाला।

corning house *कॉर्निङ्ग हाउस n.* place of granulating corn अन्न के दानों को बालों से अलग करने का स्थान।

corn in egypt *कॉर्न इन ईजिप्ट adj.* to be in abundance. बहुतायत में होना।

cornist *कॉर्निस्ट n.* a man who plays on horn. धौंतू या बिगुल बजाने वाला व्यक्ति।

cornland *कॉर्नलैण्ड n.* ground suitables for corn cultivation. मकई की खेती के उपयुक्त खेत।

corn-law *कॉर्न लॉ n.* अन्न व्यापार सम्बन्धी कानून; विशेषतः अंग्रेजी कानून जिसे १८४६ में विखण्डित किया गया था।

cornloft *कॉर्न लौफ्ट n.* अनाज का भण्डार या खत्ती।

corn maiden *कॉर्न मेडन n.* फसल की अन्तिम कटाई पर पूलियों का ढङ्ग से बनाया हुआ ढेर।

corn marigold *कॉर्न मैरिगोल्ड n.* एक प्रकार के खेत में फसल के साथ उगने वाले पीले फूल।

corn-merchant *कॉर्न मैर्चेन्ट n.* अनाज का व्योपारी।

corn-meter *कॉर्न-मीटर* अनाज तोलने का सरकारी माप या बाट।

corn-mill *कॉर्न-मिल* आटा पीसने की चक्की।

corn-miller *कॉर्न मिलर n.* आटा पीसने की चक्की पर काम करने वाला मजदूर।

corn-parsley *कॉर्न पार्स्ले n.* एक प्रकार का पश्चिमी देशों के अन्न के खेतों में पैदा होने वाला फूल।

corno-di-bassetto *कॉर्नो-डी-बासेटो n. (L.)* एक प्रकार की शहनाई।

corn-moth *कॉर्न माथ n.* एक प्रकार का पङ्खदार अनाज में लगने वाला कीड़ा जो अन्न के पौधों को धीरे धीरे नष्ट कर देता है।

corno *कॉर्नो n.* एक प्रकार का फ्रांसीसी बिगुल।

cornopean *कॉर्नोपीन n.* एक प्रकार की प्राचीन बांस की बांसरी।

corn-pipe *कॉर्न-पाइप n.* जई या अन्य अन्न के पौधों के डण्ठलों से बना हुआ एक प्रकार का वाद्य यन्त्र; जैसे बांसुरी।

corn-pit *कॉर्न-पिट n.* मण्डी का वह हिस्सा जहां मकई का व्यापार होता है।

corn-plaster *कॉर्न-प्लास्टर n.* अन्न को सुरक्षित रखने के लिए एक प्रकार का गाढ़ा मिश्रण।

corn-pone *कार्न-पोन n.* मकई की रोटी या मकई की रोटी का टुकड़ा।

corn-popper *कॉर्न-पॉपर n.* एक प्रकार की कड़ाई या भरभरी जाली जो अनाज का कड़ा छिलका उतारने के काम आती है।

corn-rent *कार्न-रेन्ट n.* अन्न के रूप में दिया गया किराया।

corn-rig *कार्न-रिग n.* खेत में हल चलाकर बनाई गई लीक जिसमें जई बोई जाती है।

corn-salad *कॉर्न-सलाद n.* एक प्रकार का पौधा जिसके पत्ते कच्चे खाए जाते हैं।

corn-shuck *कॉर्न-शक n.* भुट्टे के ऊपर के छिलके या पत्ते।

corn-shucking *कॉर्न-शकिङ्ग* भूसी या छिलका उतारने का काम।

corn-snow *कॉर्न-स्नो n.* दानेदार बर्फ।

cron-spirit *कॉर्न-स्पिरिट n.* अन्न देवता; अन्न उपार्जन में सहायक प्रेतात्मा।

corn-stalk *कार्न-स्टॉक n.* अन्न के पौधे का डण्ठल। लम्बतडङ्ग; पतला दुबला मनुष्य; विशेषतः न्यू साऊथ वेल्स और आस्ट्रेलिया में उत्पन्न हुए मनुष्य का उपनाम।

corn-starch *कॉर्न-स्टॉर्च n.* मकई का कलफ या दानेदार आटा जो पुलाव बनाने के काम आता है।

corn-stone *कॉर्न-स्टोन n.* एक प्रकार की चूने और रेत मिली हुई खाद जो मकई की अधिक उपार्जन के काम आती है।

corn thrifs *कॉर्न थ्रिफ्स n.* a minute insect with bristle tails or wingless insects with abdominal appendages that sucks the sap of grain. एक बिना पर वाला रेंगने वाला कीड़ा जिसकी पूछ पर कड़े बाल होते हैं और जो अन्न के साव को खा जाता है।

cornu *कॉर्न् n.* a horn or a part of body like horn. एक प्रकार का सींग या सींग के समान कोई शरीर का भाग।

cornua *कॉर्न्आ (p l.)* horns. सींगें।

cornual *कॉर्न्अल adj.* सींगों का; सींगों से सम्बन्धित या सींगों वाला।

cornucopia *कॉर्न्यूकोपिआ n.* बहुतायत का प्रतीक; एक सींग; मेवराशि; अत्याधिक सामग्री वाला भण्डार।

cornucopian *कॉर्न्यूकोपिअन adj* plenty. बहुतायत।

cornus *कॉर्नस n.* a genus small tree with four leaves having white lines. एक प्रकार के छोटे पौधे की श्रेणी जिसके चार पत्ते होते हैं और जिन पर सफेद धारियां पड़ी होती हैं।

cornute *कॉर्न्यूट v. t.* to make cuckold. व्यभिचार करना।

cornuted *कॉर्न्यूटेड adj.* सींगों वाला; व्यभिचारी; सींगों के आकार का; सींगों की तरह निकला हुआ उभार।

cornuto *कॉर्न्यूटो n.* husband of a deserted wife. परित्यागित स्त्री का पति।

cornvan *कार्नवान n.* a machine used for windowing corn. अनाज ओसाने की कल या मशीन; खलान; भारा।

corn whisky *कॉर्नव्हिस्की n.* मकई से बनाई गई शराब विशेषतः अमरीका में बनाई जाने वाली मकई की शराब।

corn weevil *कॉर्न वीवल n.* खत्ती में लगने वाला घुन जो अन्न को नष्ट कर देता है।

corn worm *कॉर्न वॉर्म n.* घुन।

corny *कॉर्नी adj.* अन्न सम्बन्धी; अन्न से बना हुआ; पुराने फैशन का; सुस्त; मूर्ख; अत्यधिक प्रयोग से अस्वादिष्ट; बना हुआ।

corocore *कॉरोकोरे n.* मलया देश की एक प्रकार की नाव।

corody *कॉरोडी n.* approbation; pension. पेन्शन; वेतन; भत्ता।

corolla *कॉरोला n.* inner circle or whorl of petals forming inner envelope of the flower. फूलों की पंखुड़ियों से घिरा हुआ अन्दर का हिस्सा।

corollaceous *कॉरोला सीअस adj.* related to corolla. फूलों की पंखुड़ियों के अन्दर के हिस्से से सम्बन्धित या बना हुआ।

corollary *कॉरॉलॅरी n.* conclusion; an easy deduction; natural consequence; a proposition added to one already illustrated as self evident inference from it. परिणाम; सहज अनुमान; यथार्थ परिणाम; प्रमाणित या सिद्ध की हुई प्रस्तावना को साक्षी करने के लिए स्वयं अनुमानित समस्या।

corolliflorae *कॉरलिफ्लोरे n. (pl.)* in some species the gamopetale or sympetalae. एक पंखुड़ी या अनेक पंखुड़ी वाले फूलों की श्रेणी।

corolliflora *कॉरोलिफ्लोरल adj.* (also *corolli florous*). पुष्पों की पंखुड़ियों के अन्दर के हिस्से से सम्बन्धित।

corolliform *कॉरोलिफार्म adj.* कॉरोलों की श्रेणी का।

corolline *कॉरोलाइन adj.* some what corolla. फूलों के अन्दर के भाग के समान।

corona *कॉरोना n.* (also *pl. coronas, corone*) a brand of Havana cigar; halo of white light observed around disk of moon in total eclipse of sun; round chandelier hung from roof of church; the large flat projecting member of a cornice crowning that part which surmounts the columns and rests upon capitals; the trumpet of a daffodil having ligules of perianth leaves; a coloured ring round the sun or moon or stars; in haze due to diffraction having the red outermost to distinguish from halo; various parts of the body like crown. एक प्रकार का हवाना का सिगार। सूर्य ग्रहण के समय चद्रमा के चारों ओर का कुण्डल। गिरजाघर मे छत से लटका हुआ गोल झाड़ या फानूस; कानन्स के ऊपर स्तम्भ पर लगा हुआ वह लम्बातरा तथा चपटा पत्थर जिस पर छत्त बनाई जाती है; नर्गिस की तरह के पुष्पों के डण्ठल जिनमे कांटेदार पत्ते लगे होते है; सूर्य चन्द्रमा और अन्य नक्षत्रों के चारों ओर का एक कुण्डल; मुकुट के समान शारीरिक अङ्ग।

coronach *कॉरॉनक n.* a funeral hyme or song, मृत्यु के समय गाया जाने वाला शोक सूचक गीत।

coronal *कॉरोनल n.* garland or a small round crown; the front bone of the forehead. पुष्पों का हार या छोटा गोल ताज या मुकुट; ललाट की हड्डी।

coronary *कॉरोनरी adj.* pertaining to a crown; a corona or relating to the top of the head; similar to a crown. किरीट; ताज या मुकुट सम्बन्धी; सिर के अग्रभाग का; ताज या ताज की तरह का।

coronary arteries *कॉरोनरी आरटरीज n.* those arteries that supply the blood to the muscles of the heart wall. नाड़ियां जो हृदय की मांस पेशियों को रक्त पहुँचाती हैं।

coronary circulation *कॉरोनरी सरकुलेशन n.* same arteries as coronary arteries in which the blood circulates. नाड़ियां जिनमें रक्त बहता है और हृदय को रक्त पहुँचाता है

coronate *कॉरोनेट v. t.* to crown. राज्यतिलक करना; किरीट; मुकुट या ताज पहनाना।

coronated *कॉरोनेटड adj.* crowned; said of shells having a row of projections round the apex. मुकुट पहनाया हुआ; राज्यतिलक किया हुआ; प्रायः शङ्ख के लिए प्रयोग होता है क्योंकि उसमे गोल छल्ले से बने होते है।

coronation *कॉरोनेशन n.* the ceremony of crowning. राज्याभिषेक; राज्यतिलक।

coroner *कोरोनर n.* originally a person appointed as guardian of the crown but now an officer who investigates into accidental and suspicious deaths प्राचीनकाल में एक ऐसे व्यक्ति को कहते थे जो राज्य निषेदक होता था परन्तु आजकल उस पदाधिकारी को कहते है जो सन्देहजनक मृत्यु के कारण का अनुसन्धान करता है।

coronet *कोरोनट n.* सिर पर पहनने का आभूषण; राजदरबारियों के पहनने का छोटा मुकुट जो राज्य के ताज से कहीं निम्न कोटि का होता है।

coroneted *कॉरोनेटड adj.* छोटे मुकुट या ताज सम्बन्धी; छोटा ताज पहने हुए।

coronium *कॉरोनिअम n.* सूर्य के चारों तरफ कुण्डल मे कल्पित तत्व का नाम जो सूर्य के लोहे और निकल के अणुओं के बहुत तादात में कम होने पर बन जाता है।

coronoid *कोरोनॉइड adj.* curved like crows beak. कौवे की चोंच की तरह आगे से मुड़ा हुआ।

corogo *कोरोजो n.* एक छोटे तने वाला दक्षिणी अमरीका में पाया जाने वाला ताड़ का पेड़ जिसके बीजों से सफेद घी निकलता है।

corporal *कॉरपोरल n.* (1) a noncommissioned officer below sergeant; gang leader of the miners; a petty officer under the master at arms in the navy; a kind of cloth used to cover the elements of Eucharist in Catholic Churches; (१) सार्जण्ट से नीचे का अनायुक्त पदाधिकारी; खान में काम करने वाले गिरोह का नेता, जल सेना का साधारण पदाधिकारी; कैथोलिक गिरजा घरों में आयवल को ढकने के लिये एक कपड़ा।

adj. (2) having a body; pertaining to body (also *corporas*) worldly and not spiritually. (२) शरीर धारण किये हुये; शारीरिक; अनैसर्गिक।

corporal armourer *कॉरपोरल आर्मरर n.* a maker of corporal armour. शारीरिक कवच बनाने वाला।

corporal instructor *कॉरपोरल इन्सट्रक्टर n.* a physical instructor. व्यायाम; शिक्षक।

corporal punishment *कॉरपोरल पनिशमेण्ट n.* bodily punishment. शारीरिक दण्ड।

corporal ship *कॉरपोरलशिप n.* the head of anything. मुखिया; बड़ा, नेता.

corporality *कॉरपोरेलिटी adv.* सांसारिकता।

corporaly *कॉरपोरली adv.* सांसारिक रूप में।

corporate *कॉरपोरेट adj.* समाज और समिति सम्बन्धी; व्यक्तिगत रूप से कार्य करने के लिये वैधानिक रूप से सुसंगठित किये हुये।

corporately *कॉरपोरेटली adv.* in the corporate manner. सामाजिक रूप में।

corporateness *कॉरपोरेटनेस n.* (also *corporation*) एक समिति; वैधानिक रूप से एकत्रित लोगों की एक संस्था जो व्यक्तिगत रूप से कार्य व्यवहार कर सकता है; नगर परिषद। गोल माल पेट या तोंद।

corporative *कारपोरेटिव adj.* समिति से संबन्धित; समिति का।

corporator *कॉरपोरेटर n.* समिति या संस्था का सदस्य।

corporeal *कॉरपोरिअल adj.* bodily; material. शारिरिक; शरीर सम्बन्धी, भौतिक।

corporealise *कॉरपोरिअलाइज v. t.* to materialise; to render or represent as material. शारिरिक रूप मे प्रकट करना।

v. i. to be materialised. शारिरिक बनना या भौतिक होना।

corporealism *कॉरपोरिअलिज्म n.* materialism or the doctrine of materialist. भौतिक वादिता; जडता।

corporealist *कॉरपोरिअलिस्ट n.* (also *correality*) materialist. जडवादी; अनात्मवादी; भौतिकवादी।

coporeally *कॉरपोरिअली adv.* जड रूप में; भौतिक रूप में।

corporeity *कॉरपोराइटी n.* quality of having or being a material body; bodily substance. भौतिकवाद; जडवाद; पदार्थ रूपता

corporification *कॉरपोरिफिकेशन n.* शारिरिक बनाने का कार्य।

corporify *कॉरपोरिफाई v. t.* शरीर युक्त करना; शारिरिक बनाना।

sole corporation : एक समिति जिसे एक मनुष्य चलाता है परन्तु उसके उत्तराधिकारी भी उसके साथ साथ उसके सदस्य होते है।

aggregate corporation : बहुत से मनुष्यों की एकत्रित समिति।

corposant *कॉरपो जैण्ट n.* सैण्ट अल्मों की अग्नि या एक प्रकार की रोशनी जो जहाज के मस्तूल पर ज्वारभाटे के समय दिखाई देती है और खतरे का चिह्न होती है।

corps *कोर n.* a division; a branch; a department of army; a consolidated body; a student's society in german university; a set of people for special service of medical or ordinance or intelligence. फौज का एक दस्ता या टुकड़ी; सेना का एक विभाग; एक सङ्गठित संस्था; जर्मन विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की एक सभा; विशेष सेवा जैसे चिकित्सा सम्बन्धी; युद्ध सामग्री सम्बन्धी; और ज्ञान सम्बन्धी के लिए मनुष्य संस्था।

corps 'd' armee : सेना की टुकड़ी।

corps de ballet : जांच के समय का गिरोह।

corps diplomatique : अदालत या राजधानी में विदेशी राजदूत या राजनीतिज्ञ।

corpse *कोर n.* a dead body. एक मृतक शरीर

corpse candle *कोर कैण्डल n.* a lightlit over a grave as an omen of death. कब्र पर जला हुआ मृत्यु का अपशुकन प्रकट करने वाला दिया।

corpse gate *कोर गेट n.* a गिरजाघर के श्मशान में छत ढका हुआ दरवाजा जहां पादरी के आने तक मुर्दे को रखा जाता है।

corpulence *कोरपूलस n.* excessive fatness of body. मोटापन।

corpulency *कोरपूलैन्सी n.* fleshiness of body. स्थूल शरीर।

corpulent *कोरपूलैण्ट adj.* bulky fat. स्थूल काया; मोटा; मासंल।

corpulently *कोरपूलैण्टली adj.* स्थूल रूप में।

corpus *कारपस n.* a body, collections of literature or writing; any special structure in animal body. शरीर; साहित्य या लेखों का सञ्चयन; जानवरों के शरीर का एक प्रकार का ढांचा।

corpuscle *कारपसल n.* (*p. l. corpora*)(also *corpuscule*) atom; a minute body forming part of the organism especially those that forms the major part of the blood in the back bone. अणु; शरीर के सूक्ष्म अंश विशेषतः वे अंश जो

रीढ़ की हड्डी में रक्त उत्पादन में अधिक भाग लेते हैं।

corpuscular *कॉरपस कुलर adj* जीवाणु सम्बन्धी; जीवाणु का बना हुआ।

corpuscularion *कॉरपस कुलेरिअन n.* अणु या जीवाणु दर्शनशास्त्र का ज्ञाता।

corpusdelicti *कॉरपसडेलिकटी n.* अपराध के तत्व; अपराध से सम्बन्धित कार्य।

corpuscular theory of light *कॉरपसकुलरथ्योरी आफ लाइट* न्यूटन द्वारा आविष्कारित सिद्धान्त जिसके अनुसार प्रकाश धातुओं के परिमाणुओं के प्रवाह से उत्पादित होता है।

corpusvile *कॉरपसवाइल n.* a useless thing which can be used only for experiment. एक अनुपयोगी वस्तु जिसे केवल विज्ञान के प्रयोगों में प्रयोग किया जा सकता है।

corral *कोरल n.* a pen where cattles are kept; an enclosure where wild animals are captured; ring of wagons for defence. जानवर रखने का बाड़ा; जङ्गली पशुओं को पकड़ने का बाड़ा; सुरक्षा के लिये गाड़ियों का घेरा।

v t. to pen; to form into a corral. जानवर पकड़ना; गाड़ियों का घेरा डालना।

correct *कॉरेक्ट v. t.* to make or set right-to remove faults; to mark mistakes from or in; to amend; to punish; to admonish, to counter balance; to reduce to a standard; to bring to a normal state from abnormal state. किसी वस्तु या मनुष्य को ठीक करना; गलती दूर करना; किसी में से या किसी में निकालना; सुधारना; दण्डदेना; झिड़कना; प्रतिसंतुलन करना; स्तर पर लाना; प्राकृतिक स्थिति में लाना।

adj right; of standard; without any fault सत्य सही या ठीक स्तर का; दोष रहित; शुद्ध; यथार्थ।

correctable *कॉरेक्टेबल adj* सुधार सम्बन्धी; संशोधन सम्बन्धी।

correction *कॉरेक्शन n.* (also *correctness*) act of correction; punishment; amendment; reduction; compensation, amendation. संशोधन कार्य; दण्ड सुधार; कमी; क्षति पूर्ति; सुधारार्थ शुद्ध करने के लिए कोई तरल पदार्थ।

correction fluid *कॉरेक्शन फ्लूइड n.* any liquid for correction; bodily punishment. शारीरिक दण्ड।

correction slip *कॉरेक्शन स्लिप n.* a slip for amendment or correction. सुधार के लिए शुद्धि पर्ची।

correction and addition slip *कॉरेक्शन एण्ड अडीशन स्लिप n.* a slip; either to amend or add. सुधारने के लिए या बढ़ाने के लिए एक पर्ची।

correctional *कॉरेक्शनल adj.* सुधार या क्षतिपूर्ति सम्बन्धी।

correctioner *कॉरेक्शनर n.* सुधारक; सजा देने वाला; संशोधन पेश करने वाला।

correctitude *कॉरेक्टीच्यूड n.* विशेषत: चरित्र की शुद्धता।

corrective *कॉरेक्टिव adj.* one who corrects or has the powers of correcting. शोधक या संशोधित शक्ति रखने वाला या संशोधन करने वाला।

corrector *कॉरेक्टर n.* that which correct; one who corrects; a director or governor; a proof reader; a censor; a critic; one who gives punishment. संशोधक; सुधारक; निर्देशक; गवर्नर; छपाई की अशुद्धियों को निकालने वाला संशोधक; निरीक्षक; समालोचक; दण्डक।

correctory *कॉरेक्टरी adj.* संशोधक; सुधार के समय में संशोधन पर निर्भर।

corregidor *कोरीडोर n.* Spanish town's chief magistrate. स्पेन का एक कस्बा; स्पेन में नगर का मुख्य मजिस्ट्रेट।

correlate *कोरिलेट v. i.* to be mutually related. पारस्परिक सम्बन्ध रखना।

v. t. to bring into mutual relation; to bring into correspondence. पारस्परिक सम्बन्ध में लाना; पत्र व्यवहार में लाना।

n. two things so mutually related that one implies the other or one complimentary to the other. दो वस्तुओं का ऐसा पारस्परिक सम्बन्ध जिसमें एक का वर्णन करने से दूसरी का स्वयं वर्णन हो जाता है या एक दूसरे की पूरक होती है

adj. mutually related पारस्परिक सम्बन्धित

correlation *कोरिलेशन n.* reciprocal or mutual relation. अन्योन्य सम्बन्ध; पारस्परिक सम्बन्ध।

correlative *कोरिलेटिव n.* a person or a thing having reciprocal or mutual relation with an other person or thing; analogous; things which are regularly used together कोई वस्तु या मनुष्य जिसका दूसरे मनुष्य या वस्तु से अन्योन्य सम्बन्ध होता है; एक सादृश्य; ऐसी वस्तुएँ जो साथ साथ प्रयोग होती हैं।

correlatively *कोरिलेटिवली adv.* अन्योन्य या पारस्परिक सम्बन्ध के रूप में।

correlativeness *कोरिलेटिवनेस n.* (also *corelativity*) पारस्परिकता।

correligionist *कोरिलिजनिस्ट n.* सहधर्मी एक मत के मतानुयायी।

correption *कॉरेपशन n.* rebuke; censure; a chiding. डांट; निन्दा; तिरस्कार; झिड़की।

correspond *कॉरसपोंड v. i.* to be in harmony with or to; to be similar or analogous; to concur in position or amount; to communicate by letters; to reply; to suit. अनुरूप होना; सदृश होना; स्थान या राशि में समानता रखना, पत्र व्यवहार करना; उत्तर देना; उपयुक्त होना।

correspondence *कॉरसपोंडन्स n.* (also *correspondency*) harmony; analogous agreement; communication; letters; suitableness; answer; reply. अनुरूपता; सादृश्य; इकरारनामा; पत्र व्यवहार; पत्र या चिट्ठियां उपयुक्तता उत्तर; जवाब।

correspondence resting with *कॉरसपोंडन्स रेस्टिङ्ग विद n.* letters upto the date. अब तक का पत्र व्यवहार।

correspondent *कॉरसपोंडन्ट adj.* suitable; answering; corresponding; agreeing. उपयुक्त; उत्तरदायी; तुल्य; अनुरूप।

n. a person who is employed to correspond, a person or a firm corresponding to one at another place or country; having business relations; persons employed by news agencies to contribute articles or special reports. पत्रकार; एक दूसरे नगर में स्थित फर्म या मनुष्य के व्यवसाय के सामान्य व्यवसाय करने वाला या फर्म; संवाददाता।

correspondently *कॉरसपोंडन्टली adv.* पत्रकार के रूप में, संवाददाता के रूप में।

corresponding *कॉरसपोंडिङ्ग adj.* समवर्ती तुल्य; उपयुक्त; अनुरूप।

corresponding time *कॉरसपोंडिङ्ग टाइम n.* इन्हीं दिनों के समान पिछले साल के दिन।

correspondingly *कॉरसपोंडिङ्गली adv.* उपयुक्त रूप से; तुल्य रूप से; अनुरूप से।

corresperisive *कॉरसपरीसिव adj.* suiting; corresponding; answering. अनुमान; तुल्य, उपयुक्त।

correspondence course *कॉरसपोंडेन्सकोर्स n.* a course conducted through correspondence. पत्र व्यवहार द्वारा पाठ्यक्रम।

correspondence school *कॉरसपोंडेंस स्कूल n.* a school that imparts education or instructions by post. एक विद्यालय जो डाक द्वारा शिक्षा या उपदेश देता है।

corresponding member *कॉरसपोंडिङ्ग मेम्बर n* a member of a society who does not take part in person in adminstration but acts through post due to the distance in between एक सभा या समिति का एक सदस्य जो दूरी के कारण सभा के कार्य संचालन में भाग नहीं ले सकता परन्तु डाक द्वारा कार्य करता है।

doctrine of correspondence स्वीडन बर्ग का एक सिद्धान्त जिसके अनुसार एक प्रकृति के तमाम पदार्थों में आध्यात्मिक अन्तर होता है और उसको समझने में धर्मग्रन्थ ही मदद दे सकता है।

corridor *कॉरिडोर n.* the strip to reach the port; the main passage of a large building on which many rooms open. बन्दरगाह तक पहुंचाने का रास्ता; दहलीज; ड्योढ़ी; बरामदा या दालान।

corridor carriage *कॉरिडोर कैरेज n.* a carriage in which compartments are so interlinked that one can pass along from one compartment to another. एक प्रकार की गाड़ी जिसके डिब्बे आपस में इस प्रकार से मिले होते हैं कि मनुष्य डिब्बे के साथ साथ एक डिब्बे से दूसरे डिब्बे में जा सकता है।

corridor train *कॉरिडोर ट्रेन n.* कॉरिडोर कैरेज की तरह की रेलगाड़ी।

corrie *कॉरी n.* semi circular hollow on mountain recess पर्वत के ढलान पर अर्द्ध गोलाकार स्थान।

corrigendum *कॉरीजेन्डम n* a thing especially in printing, to be corrected,

विशेषत: छपाई में संशोधन करने के लिये शुद्ध पत्र।

corrigent *कॉरीजैण्ट n. & adj.* that which corrects. संशोधन करने वाला।

corrigible *कॉरिजिब्ल adj.* that which can be corrected, open for correction or capable for correction. सुधार करने योग्य; संशोधनीय।

corrigibility *कॉरिजिब्लिटी n.* correction; amendment. संशोधन; सुधार।

corrival *कोराइवल n.* a rival; a competitor; an equivalent. एक शत्रु; एक प्रतिद्वन्दी समान; तुल्य; बराबर।
adj. zealous; jealous; imitative; actuated by spirit of rivalry; desirous of renown, contending. परोत्कर्ष द्वेषी; बड़ाई का इच्छुक; विरोधी। जोशीला; ईर्ष्यालु।
v. t. to be rival; to strive for superiority; to carry on rivalry. शत्रु होना; बड़ाई के लिए लड़ना; काम करना; दुश्मनी रखना।

corrivalry *कोराइवलरी n.* the quality of being corrival; contention; jealousy. बड़ाई के लिए चेष्टा; ईर्ष्या; डाह।

corrivalship *कोराइवलशिप n.* प्रतिद्वन्दता; शत्रुता।

corroborable *कॉरोबारेब्ल adj.* जिसकी पुष्टि हो सकती हो; पुष्टि योग्य।

corroborant *कॉरोबोरेन्ट adj.* पुष्टिकारक या शक्तिवर्द्धक (विशेषत: औषधि के लिये प्रयुक्त होता है); समर्थक या अनुमोदनशील (विशेषत: किसी युक्ति के लिए प्रयुक्त होना)।

corroborate *कॉरोबोरेट v. i.* to strengthen; to establish; to make certain; to confirm a person; to confirm a statement; to confirm by evidence. शक्ति देना; साबित करना पुष्टि करना; किसी मनुष्य की नौकरी पक्की करना; कथन की पुष्टि करना; गवाही द्वारा पुष्टि करना।
adj. confirmed person or statement. पक्की नौकरी वाला; पुष्टि किया हुआ।

corroboration *कॉरोबोरेशन n.* confirmation by evidence; act of corroborating. समर्थन; प्रमाण।

corroborative *कोरोबोरेटिव adj.* one who corroborates; one who confirms; that which can be corroborated; tending to confirm. समर्थक; अनुमोदक; अनुमोदनशील; प्रमाणित करने वाला या पुष्टि करने वाला

corroborator *कॉरोबोरेटर n.* समर्थन या अनुमोदन करने वाला मनुष्य; समर्थक।

corroboratory *कॉरोबोरेटरी adj.* प्रमाणित करने वाला।

corroborec *कॉरोबोरी n.* आस्ट्रेलिया के आदिवासियों का नाच और उसके साथ का गाना; किसी त्यौहार पर एकत्रित मेला।
v. i. उत्सव मनाना।

corrode *कोरोड v. t.* to take away gradually; to wear away gradually; to make rusty. क्रम से लेना; क्रम से नष्ट होना; समाप्त होना; जङ्ग लगाना।
v. t. to be eaten away. क्रम से क्षय होना।

corrodent *कोरोडेन्ट adj.* (*pl corrodentia*) जङ्ग लगा हुआ; क्रमिक रूप से नष्ट करने की शक्ति रखने वाला।
n. anything which corrodes. क्रमिक रूप से नष्ट होने वाली कोई वस्तु जैसे औषधि।

corrosible *कॉरोसिब्ल adj.* (also *corrodible.*) जो नष्ट या क्षय हो सके।

corrosibility *कॉरोसिबिलिटी n.* anything that can be rusted or corroded. क्षय होने वाली या जङ्ग लगने वाली कोई वस्तु।

corrosion *कॉरोजिअन n.* act of corroding. क्षय।

corrosive *कॉरोसिव adj.* क्रम से नाश करने या क्षय करने की शक्ति रखने वाला; नाशवान।

corrosively *कॉरोजिवली adv.* क्षय रूप में; नाश रूप से।

corrosiveness *कॉरोजिवनेस n.* quality of corroding. क्षय करने की क्षमता।

corrugate *कॉरुगेट v. t.* to winkle; to draw into folds; to mark or bend into ridges. झुर्रियां पड़ना; सिकुड़ना; धारियां डालना; धारीनुमा बनना।

corrugated *कॉरुगेटड adj.* ridged or wrinkled. झुर्रिदार; नालीदार।

corrugation. *कॉरुगेशन n.* the act of corrugation. सिकुड़न।

corrugator *कॉरुगेटर adj.* जो सिकुड़ जाता है जैसे त्वचा, ऐसी मांस पेशी जो त्यौरी चढ़ाते समय सिकुड़ जाती है।

corrugated iron *कॉरुगेटड आयरन n.* टीन की नालीदार चादर जिस पर मजबूती के लिये ही नालियां डाली जाती हैं।

corrugated paper *कॉरुगेटड पेपर n.* any wrinkled paper for wrapping. किसी वस्तु को लपेटने के लिये सिकुड़ा हुआ कागज।

corrupt *कॉरप्ट adj.* vilified; bribed; defiled; debased; rotted; degenerated; decomposed; mercenary; depraved; impure भ्रष्ट; घूस दिया हुआ; अपवित्र नीच; सड़ा हुआ; भ्रष्ट हुआ; गला हुआ; धन से खरीदा जाने वाला दुराचारी; कलुषित; अशुद्ध।
v. t to make putrid; to vilify; to defile; to bribe; to debase; to decompose. सड़ाना; भ्रष्ट करना; अपवित्र करना; घूस देना; नीचा करना; गलाना; कलुषित करना।
v. i. to deprave; to rot; to degenerate; to lose purity. सड़ना; भ्रष्ट होना; अपवित्र होना।

corrupter *कॉरप्टर n.* one who corrupts. मनुष्य या वस्तु जो दूषित करती है।

corruptible *कॉरप्टिब्ल adj.* जो दूषित किया जा सकता है; दूषित होने योग्य; घूस देने योग्य।

corruptibility *कॉरप्टिब्लिटि n.* he who can be corrupted. ऐसा मनुष्य जिसको भ्रष्ट किया जा सकता है या ऐसी वस्तु जो नष्ट की जा सकती है। नाशत्व; पतित।

corruptibleness *कॉरप्टिब्लनेस n.* भ्रष्टता।

corruptibly *कॉरप्टिब्ली adv.* भ्रष्ट रूप से; नश्वर रूप से।

corruption *कॉरप्शन n.* सड़न; घूसखोरी; भ्रष्टता; व्यभिचारी; अपवित्रता; गलन; दुर्गन्ध।

corruptionist *कॉरप्शनिस्ट n.* व्यभिचार; अपवित्रता; या घूसखोरी फैलाने वाला मनुष्य।

corruption of blood *कॉरप्शन आफ ब्लड n.* राज द्रोह के अपराध में अपराधित मनुष्य के स्वत्वाधिकार के लोप होने से अपमानित मनुष्य की अयोग्यता जिसके अनुसार वह पैतृक संपत्ति को ग्रहण करने और जमीन का पट्टा लिखाने के योग्य नहीं रहता।

corruptive *कॉरप्टिव adj* पतित; नीच; भ्रष्ट; मलिन।

corruptly *कॉरप्टली adv.* पतित रूपसे; भ्रष्टरूप से, मलिन रूप में।

corruptness *कॉरप्टनेस n.* नीचता; भ्रष्टता; मलिनता;।

corrupt practice *कॉरप्ट प्रैक्टस n.* भ्रष्ट कर्म।

corsac *कॉरसक n.* a fox found in tatar. तातारी लोमडी।

corsage *कॉरसेज n;* a kind of dress used by woman to cover busts and is known as bodice. चोली; अंगिया; कंचुकी।

corsair *कॉरसेअर n.* a private ship conferred to seize and plunder an enemy's ship; any crew or commander of that ship; a sea robber. एक व्यक्तिगत या गुप्त जहाज जो दुश्मन के जहाज छीनने और लूट मार करने के लिये प्रयुक्त किया जाता है; ऐसे जहाज का कमांडर या चालक; समुद्री डाकू।

corselet *कॉरसलैट n.* a garment made of steel or leather used as body covering for protection. शरीर की सुरक्षा के लिये लोहे या चमड़े का कवच।

corset *कॉरसेट n.* a stiff and close fitted cloak used for inner bodice by woman; corsage; stays. चोली; अंगिया; कंचुकी।

corsive *कॉरसिव n. & adj.* खाने वाला; तीव्र नाशक।

corslet *कॉरसलैट n.* कवच या वक्ष-त्राण जो शरीर की सुरक्षा के लिए काम में आता है।

corsleted *कॉरसलैटड adj.* कवच या वक्ष-त्राण सम्बन्धी; ढका हुआ।

corsned *कार्सनेड n.* an old type of trial of finding out the guilt by a device by observing whether a piece of cheese or bread stuck the throat while swallowing. प्राचीन काल की चोरी साबित करने की परीक्षा जिसके अनुसार रोटी का या पनीर का टुकड़ा सटकने के लिए दिया जाता है और जिसके गलेमें वह अटक जाय उसको ही चोर साबित किया जाता है।

cortege *कॉरटेज n.* a train of servants; a procession; also a funeral procession. सेवकों की पंक्ति; एक एक जलूस; मुर्दे को ले जाने वाला जलूस।

cortes *कॉर्टस n.* स्पेन तथा पुर्तगाल की संसद।

cortex *कॉरटेक्स n.* पेड़ या पौधे की छाल; मस्तिष्क का बाहरी भाग; आवरण; मूत्र पिण्ड या गुर्दा जहां मूत्र एकत्रित होता है।

cortical *कॉरटिकल adj.* छाल सम्बन्धी; गुर्दा सम्बन्धी; ढका हुआ; बाहरी; बाहर का; छाल देने वाला पेड़ या पौधा।

corticated *कॉरटिकेटड adj.* equipped with cortex. छाल लगा हुआ।

cortile *कोर्टाइल* an open enclosed court yard in a building. आंगन; चौक; सहन।

cortisone *कोर्टीशन n.* a steroid isolated from the adrenal cortex or prepared from ox bile to cure rheumatoid arthritis and is also known as compound E. एकप्रकार की औषधि जिसे कम्पाउन्ड ई भी बोलते हैं और जो बैल आदि के जिगर से द्रवित तरल पदार्थ से बनाई जाती है।

corundum *n.* a crystallized mineral alumina; second in hardness and is of the same species as sapphire; emery and ruby of black brown grey or blue colour. एक प्रकार अलमुनिया मिश्रित खनिज जो नीलम, कुरुन पत्थर, काले कत्थई, भूरे नीले या लाल रंग की मणि की श्रेणी का या उससे द्वतीय दर्जे का कठोर या ठोस होता है।

coruscant *कॉरुसकैन्ट adj.* sparkling; glittering. जगमगाता हुआ; चमकता हुआ।

coruscate *कॉरुसकेट v. i.* to sparkle; to flash. जगमगाना; ज्योति करना; चमकाना।

coruscation *कॉरुसकेशन n.* a shining; a lustring; a sudden gleam of light. एक चमकदार या एक प्रभावान वस्तु, क्षणिक प्रकाश।

corvee *कॉरवी n.* an obligation to labour without being paid for the feudal lord or sovereign. जमींदारों या राज्य के लिए बेगार में किया गया काम; बेगारी।

corves *कॉरवस n.* मछलियों को जीवित रखने के लिए टकी; एक प्रकार की गाड़ी जो पहले कोयले की खानों में कोयला ढोने के काम आती थी और आजकल समान ढोने के काम आती है।

corvet *कॉरवेट n.* a swift leap of a horse in which he raises the fore legs first and then the hind legs with a spring but before the fore legs touch the ground. घोड़े की एक छोटी सी छलांग जिसमे अगले पैर एक सीध में उठते है और इससे पहले एक अगले पैर जमीन पर पड़ें पिछली टांगें भी साथ ही उठ जाती हैं।

corvette *कॉरवेट n.* in old days a flush-decked war ship with a single row of guns but nowadays an specially designed escort vessel for protecting convoys from submarine attacks. एक प्रकार का समुद्र पोत जो समुद्री हमलों से बचने के लिए विशेष प्रकार से बनाया जाता है।

corvidae *कॉरवाडे n.* a crow genus. एक प्रकार की कौवे की श्रेणी।

corvine *कॉरवाइन adj.* कौवे सम्बन्धी।

corvus *कॉरवस n.* एक प्रकार की श्रेणी; दीवार गिराने के लिए प्रयुक्त किया गया आंकड़ेनुमा हथौड़ा; रोम देश में प्राचीनकाल में दुशमन के जहाजों को जीतने के लिए एक प्रकार का हथियार जो प्रायः समुद्री लड़ाइयो मे ही प्रयोग किया जाता था।

corybant *कॉरबण्ट n.* a priest cybele of Phrygia whose observances were accompanied with extravagant music and dances. फ्रीजिया का सीबिली देवी का उपासक एक पादरी जो अधिक नाच; गायन से धार्मिक अनुष्ठान करता था।

corybantic *कॉरीबण्टिक adj.* उत्तेजित।

corybantism *कॉरीबण्टिज्म n.* wild excitement. उन्मत्त करने वाली उत्तेजना।

corydalis *कॉराईडलिश n.* पोस्त की तरह के एक पौधे की जड़ से बनाया गया मूलतत्व।

corydaline *कॉरीडलाइन n.* पोस्त की तरह की पोधे की एक श्रेणी।

corydon *कॉरीडन n.* unrefined pastoral poetry. ग्रामीण; देहाती; गंवारू गीत।

corylus *कॉरीलस n.* एक प्रकार के जैतून या बलूत वृक्ष की श्रेणी।

corymb *कॉरिम्ब n.* फूल का एक गुच्छा जो ऊपर से कुछ चपटा होता है।

corymbose *कॉरिम्बोस adj.* pertaining to corymb. उपरोक्त फूल के गुच्छे से सम्बन्धित।

corymbus *कॉरिम्बस n.* a knot of hairs on the top of girls's head. लड़कियों के सिर पर बालों का जूड़ा।

corypha *कॉरीफा n.* a Ceylon fan-palm genus. लङ्का में पाया जाने वाला पंखेनुमा पत्तों वाले ताड़ की श्रेणी।

cory phaeus *कॉरी फेअस n.* कोरस या समूह गान का नायक या अगुआ।

coryphee *कॉरी फी n.* a female leading dancer in a ballet. रङ्गमञ्च के नाच की नायिका।

coryza *कोराजा n.* cold; catarrh. सर्दी जुकाम।

cos *कॉस n.* लम्बे पत्ते वाले पौधे की एक श्रेणी।

coscinomancy *कासीनीमैन्सी n.* चलनी और कैंची से भविष्य या जमीन में गड़ी हुई वस्तुओं का ज्ञात करने का एक प्राचीन तरीका।

cose *कोज v. t.* to make oneself comfortable. हितकर या सुखकर बनना।

cosecant *कोजीकैण्ट n.* (also *cos*) a formula of finding out the area of a right-angled triangle. किसी समकोण त्रिभुज के क्षेत्रफल को मालूम करने का नियम या फार्मूला।

cosech *कोसैच n.* त्रिकोण के आधार मालूम करने का नियम।

coseismal *कोसिजमल adj.* (also *coseismic*) observing the earth quake shock simultaneously. भूकम्प से एक साथ हिलने वाले।

co-sentient *को सैनसेण्ट adj.* having the power of perception by the senses together. एक साथ इन्द्रियों द्वारा ज्ञान प्राप्त करने वाला।

cosh *कॉश adj.* comfortable; snug; cosy; सुखकर; हितकर; आरामदेह।
n. a short heavy stick used as a weapon for protection. बचाव के लिए प्रयुक्त एक सोटा या छोटी लठिया।
v. t. to strike with cosh. सोटे से या लाठियों से मारना।

co-sharer *को शेअर n.* one who shares jointly. सहभागी।

cosher *कॉशर v. t.* to fondle; to spoil by fondling; to pamper. दुलारना; लाड प्यार; मे बर्बाद करना; अच्छा भोजन खिलाना।
v. t. to talk in a friendly manner; to depend on dependants. दोस्तों की तरह बेतकल्लुफी से बातें करना; आश्रितों पर निर्भर रहना।

cosheter *कॉशर n.* he who depends or dependants. वह पुरुष जो आश्रितों पर निर्भर रहता है।

coshery *कॉशरी n.* (also *coshering*) the ancient right of an Irish chief for boarding and lodging to himself and his followers on his tenants. आयरलैण्ड की एक आदिम जाति के मुखिये का प्रजा से अपने तथा अपने सेवकों के निवास स्थान के लिए प्राचीन अधिकार।

cosier *कोजिअर n.* a cobbler. मोची।

cosi fan-tutte *कोजाइ फैनत्यूटे adj.* (*L.*) so do they all; they are all equal like that. वे सब इस प्रकार करते हैं। उसके समान सब बराबर हैं।

co-signatory *कोसिग्नेटरी adj.* one signing jointly with others. दूसरों के साथ हस्ताक्षर करने वाला।

cosignificative *कोसिग्निफिकेटिव adj* of the same significance. समान गुणता या महत्व वाला।

cosine *कोजाइन n.* (also *coss*) कोटिज्य।

coslettize *कोसलटाइज v. t.* to prevent rust by a special process. एक विशेष प्रक्रिया से जङ्ग लगने को रोकना।

cosmetic *कॉसमेटिक adj* progressing the beauty of the complexion. मुख कान्ति या वर्ण की श्रीवृद्धि करने वाला।
n. any preparation for beautifying the skin; hairs or complexion. मुख व कान्ति, वर्ण या बालों की सुन्दरता बढ़ाने के लिये कोई उबटन या अङ्गराग।
adj. cosmetical अङ्गराग या उबटन सम्बन्धी।

cosmetically *कॉसमेटिकली adv.* कान्ति या वर्ण की श्रीवृद्धि के रूप मे।

cosmeticise *कॉसमेटिसाइज v. t.* to improve the beauty of complexion; skin or hairs. वर्ण; त्वचा; या बालों की श्रीवृद्धि करना।

cosmeticism *कॉसमेटिसिज्म n.* improvement of beauty of complexion. वर्ण की श्रीवृद्धि।

cosmic *कॉसमिक adj* सांसारिक या ब्रह्माण्ड सम्बन्धी नियमित।

cosmical *कॉसमिकल adj* cosmic; taking place at sunrise. सांसारिक; लौकिक; नियमित सूर्य उदय के समय होने वाली।

cosmically *कॉसमिकली adv.* in a cosmic manner. सम्यक रूप से; नियमित रूप से; सांसारिक रूप में।

cosmical-constant *कासमिकल कान्सटण्ट n.* डाक्टर मिल्लीकन द्वारा सन् १९२५ में निर्धारित कासमिक रश्मियों की अपरिवर्तन शील संख्या अनुमानतः कहा जाता है कि पृथ्वी की उत्पत्ति इन्हीं रश्मियो पर आधारित है।

cosmic rays *कासमिकरेज n.* आकाश मण्डल की तीक्ष्ण रश्मियां जो पृथ्वी के रोम रोम मे घुसेड़ कर जाती हैं और केवल वायु मण्डल के अणुओं को बिजली युक्त करने से और दूसरे विद्युत यन्त्रों द्वारा जानी जाती हैं। यह रश्मियां आकाश मण्डल में लगातार अणुओं और परिमाणुओं के फटने और

नये बनाने के कारण उत्पन्न होती हैं ।

cosmism *कॉज़मिज़्म n.* the conception of the world or universe as a self acting whole विश्वधारणा ।

cosmist *कॉज़मिस्ट n.* one who disbelieves in traditional theology. प्रपंची मनुष्य ।

cosmocrat *कॉज़्मोक्रॅट n.* the ruler of the world. विश्वनरेश; सूर्यदेवता ।

cosmocratic *कॉज़्मोक्रॅटिक adj* विश्वनरेश या सूर्यदेवता सम्बन्धी ।

cosmogonical *कॉज़्मोजॉनिकल adj.* विश्व सृष्टि के सिद्धान्त से सम्बन्धित ।

cosmogonist *कॉज़्मॉजनिस्ट n.* one who contemplates the theory of cosmogony. वह मनुष्य जो सृष्टि की उत्पत्ति की विवेचना करता है ।

cosmogony *कॉज़्मोजॉनि n.* the principle of creation of universe; the theory of the origin of universe a myth about the origin of stars and a faint misty appearance in the heavens produced by a group of too distant to be seen seeingly. विश्व सृष्टि का सिद्धान्त; ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति का सिद्धान्त, तारों और आकाश गंगा की उत्पत्ति के बारे मे दन्त कथा ।

cosmographer *कॉज़्मोग्राफ़र n.* संसार का वृतान्त या ब्रह्माण्ड रचना का सिद्धान्त जानने वाला ।

cosmographic *कॉज़्मोग्रॅफ़िक adj.* विश्व रचना सम्बन्धी ।

cosmography *कॅज़्मोग्राफ़ी n.* an account of the world; science about the constitution of the universe. विश्व वृतान्त; ब्रह्मांड निर्माण का विज्ञान ।

cosmolatry *कॅज़्मॉलॅट्री n.* (1) adoration or worship of the world. विश्व पूजा सूर्यदेव की पूजा ।

cosmological *कॉज़्मोलॉजिकल adj.* विश्व-विज्ञान सम्बन्धी ।

cosmologist *कॉज़्मोलाजिस्ट n.* विश्व विज्ञान ज्ञाता ।

cosmology *कॉज़्मोलॉजी n.* science of the universe taken as a whole treatise on the constitution and parts of the system of creation. विश्वविज्ञान; विश्व निर्माण और व्युत्पत्ति सम्बन्धी विज्ञान ।

cosmoplastic *कॅज़्मॅप्लास्टिक adj.* forming or moulding the universe. विश्व की सृष्टि करने वाला ।

cosmopolicy *कॉज़्मोपॉलिसी n.* an international policy; a world policy. अन्तर-राष्ट्रीय राजनैतिक; विश्व राजनीति ।

cosmopolis *कॉज़्मॉपॅलिस n.* a cosmopolitan city or an international city. जातीयता के पक्षपात से विमुख लोगों का एक नगर; राष्ट्रीय नगर ।

cosmopolitan *कॉज़्मोपॉलिटन n.* a citizen of the world; an international person free from local or national prejudice. विश्वनगर वासी; देश या जातीयता के पक्षपात से विमुख अन्तर्राष्ट्रीयता में विश्वास रखने वाला व्यक्ति ।

adj. विश्वसम्बन्धी; अपक्षपाती; समदर्शी ।

cosmopolitanism *कॉज़्मोपालिटनिज़्म n.* citizenship of the world. विश्वनागरिक अधिकार; विश्व नागरिकता ।

cosmopolite *कॉज़्मोपोलाइट adj.* राष्ट्रीयता के पक्षपात से विमुख ।

n. a citizen of the world. विश्ववासी; विश्वगृही ।

cosmopolitic *कॅज़्मोपॉलिटिक adj.* (also *cosmopolitical*) विश्वगृही सम्बन्धी ।

cosmopolitics *कॉज़्मोपॅलिटिक्स n.* politics of the world or international politics. विश्व या अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति शास्त्र ।

cosmopolitism *कॉज़्मोपोलिटिज़्म n.* citizenship of the world. विश्व नागरिकता ।

cosmorama *कॉज़्मोरॅमा n.* तस्वीर दिखाने का यन्त्र जिसमें विश्व के विभिन्न भागों के सुन्दर दृश्य दिखाये जाते हैं ।

cosmoramic *कॉज़्मोरॅमिक adj.* तस्वीर दिखाने के यन्त्र से सम्बन्धित ।

cosmos *कॉज़्मॉस n.* क्रमबद्ध संसार; नियमित रूप वाला; एक प्रकार का बड़े फूलों वाला पौधा ।

cosmosphere *कॉज़्मॉसफ़िअर n.* तारों की व्याख्या के साथ पृथ्वी की स्थिति बताने का एक यन्त्र ।

cosmotheism *कॉज़्मोथिज़्म n.* संसार ही ब्रह्म है या संसार ब्रह्ममय है मानने का एक सिद्धान्त; सर्वेश्वरवाद; अद्वैतवाद ।

cosmothetical *कॉज़्मोथॅटिकल adj.* कल्पित बाहरी विश्व; अलौकिक ।

co-sphered *कोस्फ़ीर्ड adj.* of the same sphere or being in the same sphere. एक ही स्थिति में या एक ही स्थिति का ।

coss *कॉस n.* a kind of measure used for measuring 1¾ mile distance. एक माप; जिसे कोस कहते है और लगभग पौने दो मील का होता है ।

cossack *कॉसॅक n.* दक्षिणी पूर्व रूस का एक सैनिक ।

cossack boots *कॉसॅक बूट्स n.* एक प्रकार के रूस में प्रचलित जूते ।

cossack post *कॉसॅक पोस्ट n.* a small group of mounted guards or outer post duty. शहर से बाहर पहरे के लिये घुड़सवार पहरेदारों की एक टुकड़ी ।

cosset *कॉसॅट n.* a tamed lamb; pet. एक पाला हुआ मेमना; पालतू ।

v. t. to pet; to coddle; cosher. पालना; दुलारना; पुचकारना ।

cosseted *कॉसॅटड (pt.)* tamed; fondled; coddled. पाला हुआ ।

cost *कॉस्ट v. i.* (1) to be valuable. (2) to include expenditure. (3) to involve some loss. (4) to suffer. (5) to ascertain price. (१) कीमती होना । (२) व्यय होना । (३) हानि होना । (४) हानि या दुख सहना (५) दाम लगाना ।

v. t. (1) to estimate the cost of production. (2) to bring a price. (१) मूल्य का अनुमान लगाना । (२) कीमत लगाना ।

n. & pl. (1) expenses for a law suit. (2) price of certain thing. (3) expenses incurred in getting a thing. (१) मुकदम का खर्चा जो प्राय: जीतने वाले को मिलता है । (२) कीमत; दाम; मूल्य । (३) व्यय

to cost dear : to get after a heavy penalty. बड़े कष्ट से प्राप्त करना; मंहगी पड़ना

at cost : बिना लाभ के; लागत पर ।

at all cost : कीमत की परवाह न करते हुए ।

at the cost of : खाने पर ।

to count the cost of : काम करने से पहले सङ्कटों या जोखिम को देखना ।

to a person's cost : किसी व्यक्ति की हानि पर ।

cost-accountant *कॉस्ट अकाउन्टेन्ट n.* any clerk who keeps accounts in a business firm. व्यापारिक फर्म का एक मुन्शी जो खर्चे की तमाम रकमों का हिसाब रखता है ।

cost-books *कॉस्ट बुक्स n.* books maintained to show expenses and profit of the mine. खान के खर्चे और लाभ का हिसाब रखने की बही या रजिस्टर ।

cost-free *कॉस्ट फ्री adj. & adv.* free of charge or free of cost. बिना लागत के; बिना मूल्य के ।

costliness *कॉस्टलीनैस n.*state being costly; valuableness. महंगाई; बहुमूल्यता ।

costly *कॉस्टली adj.* महंगी; कीमती; अधिक कीमत वाली; बहुमूल्य ।

cost what may : कीमत या परिणाम की परवाह न करते हुए ।

cost of propulsion : माल को आगे भेजने का व्यय ।

cost price : असली कीमत; लागत ।

cost of Living Index Number : किसी वर्ष की कीमतों को आधार मान कर किसी अन्य वर्ष की कीमतों का अनुपात जीवन स्तर की गिरावट या बढ़ोतरी मालूम करने के लिये बनाया गया निर्वाह व्यय देशनाङ्क ।

prime cost : उत्पादन की लागत जिसमें लाभ और उत्पादन सम्बन्धी अन्य व्यय शामिल नहीं होते ।

cost *कॉस्ट v. t. & v. i.* (also *coste*) to come near to. पास पहुँचना: निकट आना; समीप आना ।

n. coast; region; direction; side. समुद्र का किनारा; देश की सीमा; दिशा; किनारा ।

costa *कॉस्टा n.* (1) one of the bones from the backbone that encircles the lungs and heart. (2) anything like ribs. (3) an edge of the insect wing. (4) a chitinous rib supporting and strengthening an insects wings. (१) पसली की हड्डी; पञ्जरे की हड्डी । (२) पंजों की तरह काम देने वाली कोई वस्तु । (३) उड़ने वाले कीड़े के पर का किनारा । (४) एक प्रकार की हड्डी जो कीड़ों के पङ्खों को उड़ने में मदद देती है ।

costal *कॉस्टल adj.* पसली की हड्डी से सम्बन्धित

costated *कॉस्टेटड adj.* ribbed; having the shape of ribs. पसली वाला या पसली के आकार का ।

costard *कॉस्टर्ड n.* a kind of apple of big size; the head of human beings. एक प्रकार का बड़े आकार का सेब; मनुष्य का सिर

costard-monger *कॉस्टर्ड मोंगर n.* (also *co-*

stermonger; coster) a chandler of apples and other fruits; an abuse; a hawker who sells and other wares on barrow. फल बेचने वाला जो सेब इत्यादि बेचता है; एक प्रकार की गाली; ठेले पर फल और अन्य माल बेचने वाला।

costean *कॉस्टीन v. i.* to dig down in the expectation of getting some hidden things. गड़ी हुई वस्तुओं या खजाने के पाने की आशा में जमीन खोदना।

costeaning *कॉस्टनिङ्ग n.* the costean work. खुदाई का काम।

costean-pit *कॉस्टीन पिट n.* a pit dug in constipation of getting some hidden treasure. खजाने इत्यादि की आशा में खोदा गया एक गड्ढा।

costive *कॉस्टिव adj.* constipated; having confined bowels. कोष्ठबद्ध; कब्ज; मल अवरुद्ध करने वाला।

costively *कॅस्टिवली adv.* in a costive manner. पसली के रूप में।

costiveness *कॉस्टिवनेस n.*constipation. कब्ज कोष्ठबद्धता।

cost realised *कॉस्टरिअलाइज्ड n.* the cost recieved or charged. वसूल की हुई लागत।

costrel *कॅस्ट्रल n.* an ear shapped bottle hung at the waist. एक प्रकार की कान नुमा शीशी जो कमर के साथ कमर गरम रखने के लिए लगाई जाती है।

costume *कॉस्ट्यूम n.* (1) a style of dressing; (2) dress; clothes; (3) fancy dress; (4) complete one set of outer garments of women. (5) fashion of dress. (१) वस्त्र वेश; (२) वेशभूषा; (३) किसी काल का सुन्दर पहनावा; (४) पहनने के वस्त्रों का जोड़ा; (५) कपड़े पहनने का फैशन।
v. t. to dress; to wear costume dress. वस्त्र पहनना; किसी काल विशेष के वस्त्रपहनावा।

costumed *कास्ट्यूम्ड adj.* वस्त्र पहने हुए।

costume piece *कास्ट्यूमपीस n.* एक नाटक जिससे अभिनेता ऐतिहासिक वस्त्र पहनते हैं।

costumer *कॉस्टुमर n.* (also *costumier*) costume dress dealer or costume dress maker. वस्त्र बनाने वाला या वस्त्रों का व्यापारी।

costume show *कॉस्ट्यूम शो n.* एक प्रदर्शन जिसमें तरह तरह के पहनावों का प्रदर्शन किया जाता है।

costus *कॅस्टस n.* अदरख की श्रेणी का पौधा।

cosy *कॉजी adj.* comfortable; sheltered. सुखकर; आरामदेह; छायादार; ढकाहुआ।
n. a teapot covering for keeping the tea hot; also boild egg covering. चाय की केतली पर ढका हुआ चाय को गरम. रखने के लिये एक आवरण; इसी तरह का उबले हुये अण्डों को ढकने के लिये एक आवरण।

cosily *कॉजिली adv.* आनन्द पूर्वक।

cosiness *कॉजिनस n.* the quality of being comfortable. आनन्द; आराम।

cot *कॉट* a small dwelling cottage for shelter; children's bed or crib; a bed in the hospital; a swinging bed made of canvas; a bed. a small boat. बचाव के लिए एक झोंपड़ी; बच्चों का खटोला या पालना; अस्पताल का एक बिस्तर लकड़ी का बना हुआ झूला या पालना; चारपाई एक प्रकार की छोटी नाव।

cotangent *कोट नजैन्ट n.* tangent of complement of a given angle. किसी दिये हुए कोण की स्पर्श रेखा।

cote *कोट n.* small cattage; a sheltered for animals. झोंपड़ी जानवरों को रखने के लिये बाड़ा।
v. t. to passby; to out run. आगे बढ़ जाना।

cote-hardie *कॉट हारडाई n.* a tight-filled; sleeved garment of mediaeval time. मध्यकालीन कुर्ती।

cote-line *कॉटलाइन n.* धारीदार मलमल।

cotemporancous *कोटेम्पोरेनिअस n.* a happening at the same time. समकालीन।

co-tenant *को टॅनन्ट n.* साथी किराये दार; एक मकान मालिक के साथ २ रहने वाले किराएदार; साझीदार काश्तकार भू सम्पत्ति का समान अधिकार।

coterie *कोटिराई n.* association or gathering of social or literary persons; selected circle of society, सामाजिक या साहित्यक संघ; समाज के चुने हुए लोगों का संघ।

coterminous *कोटर मिनस adj.* adjacent. पास वाला।

cotfolk *कॉट-फॉक n.* झोंपड़ी में रहने वाले किसान; मजदूर।

cot-house *कॉट-हाउस n.* किसानों व मजदूरों की झोंपड़ियां।

cothurnus *कॉथर्नस n* प्राचीन काल में दुखान्त नाटकों में भाग लेने वाले अभिनेताओं के पहनने का ऊंची एड़ी का जूता।

coticular *कॉटिकुलर adj* शान धरने वाले पत्थर से सम्बन्धित।

cotidal *कोटाइडल adj.* having high tide at the same time. एक ही समय में ज्वार भाटा आने वाला।

cotillion *कॉटिलअन n.* (also *cotillon*) a kind of country dance. एक प्रकार का ग्रामीण नाच।

cotinga *कॉटिगां n.* गौरैया के आकार का चमकदार पंखों वाला एक परिन्दा जो प्रायः ऊष्ण देशों में पाया जाता है।

cotise *कॉटाइज n.* (also *cottise*) one of the bend's diminutive. मोड़ का एक हिस्सा।
v. t. to guard with cotises मोड़ पर मोर्चा बन्दी करना।

cot-land *कॉट लैन्ड n.* झोंपड़ी की सीमा में या झोंपड़ी के नाम जमीन का एक टुकड़ा।

cotoneaster *कॉटोनीस्टर n.* एक प्रकार के फल वाले पेड़ की श्रेणी जिससे शर्बत बनाया जाता है या एक प्रकार के लाल फूलों के पेड़ की श्रेणी।

cot-quean *कॉटक्वीन* (also *cotqueen*) a man who busies himself in domestic affairs as a woman; a rude and clamorous woman. एक ऐसा व्यक्ति जो घर के काम काज में अधिक व्यस्त रहता है; घर घुसना पुरुष; अशिष्ट; असभ्य; कर्कश तथा झगड़ालू स्त्री।

cotswold *कॉटसवल्ड n.* a race; family; progeny of sheep. भेड़ों का वंश।

cotswoldlion *कॉटसवल्डलायन n.* a sheep. भेड़।

cottage *कॉटेज.n.*(1)a small dwelling house (2)single storey house; (3)a countryside residence; (4) a small hut; (5) a small residential house for living in summer. (१) एक छोटासा रहने का मकान या झोपड़ा; (२) एक मञ्जिल का मकान; (३) गांव की एक झोपड़ी; (४) एक छोटी सी कुटिया; कुटीर; (५) गर्मियों में रहने का एक छोटा सा मकान।

cottaged *कॉटेज्ड adj* झोपड़ियों से सम्बन्धित या झोंपड़ियों द्वारा घिरा हुआ।

cottager *कॉटेजर n.* झोंपड़ी में रहने वाला; एक मजदूर या ग्रामीण।

cottage-hospital *कॉटेज हॉस्पिटल n.* झोंपड़ी में एक छोटा सा चिकित्सालय।

cottage-loaf *कॉटेज-लोफ n.* एक बड़े टुकड़े पर रखा हुआ एक छोटा सा रोटी का टुकड़ा।

cottage piano *कॉटेज पियानो* सीधा खड़ा हुआ एक छोटा पियानो।

cottar *कॉटर n.* (also *cotter*) a peasant having a cottage for which he pays in kind by way of labour. झोपड़े में रहने वाला एक मजदूर जो किराये के बदले में मेहनत; मजदूरी करता है।

cottier *कॉटाइर n.* a peasant occupying a cottage. झोंपड़े वाला मजदूर; किसान।

cotier *कॉटर n.* a pin or wedge for fastening मजबूती से बांधने के लिये एक पिन या पच्चर।

cotter-pin *कोटरपिन n.* पच्चर को ठीक रखने के लिये एक कील।

cotton *कॉटन n.* (1) a soft substance like wool used for cloth or thread; (2) the plant of cotton; (3) cloth made of cotton; (4) thread (१) कपास या रूई जिससे कपड़ा बनता है; (२) कपास का पौधा (३) सूती कपड़ा; (४) सूत।
adj spun from cotton yarn; made of cotton सूत का बना हुआ; रूई का बना हुआ।
v. t. to provide with cotton. रूई भरना।
v. i. to concur; to be attached with. एक राय होना या अनुकूल होना; किसी के साथ लग कर काम करना।

cottonade *कॉटनेड n.* निम्न कोटि का ऊनी कपड़ा।

cotton-ball *कॉटनबॉल n.* कपास की कलियां।

cotton-cake *कॉटनकेक n.* बिनौले जो ढोरों को खाने के रूप में दिये जाते हैं।

cotton-gin *कॉटनजिन n.* रुई से बीज निकालने की कल।

cotton-grass *कॉटनग्रास n.* सफेद बालों वाले पौधे की एक श्रेणी।

cotton-mill *कॉटनमिल n.* सूत कातने और बुनने का कारखाना।

cotton-mouth *कॉटन माउथ n.* अन्दर से सफेद मुंह वाला पानी का जहरीला सांप।

cottonocracy *कॉटनोक्रेसी n.* रुई या कपास के धनी व्यापारी।

cotton-plant *कॉटन प्लाएट n.* कपास का पौधा।

cotton-press *कॉटन प्रेस n.* रुई की गांठ बनाने का एक यन्त्र।
cotton-seed *कॅटन सीड n.* बिनौले; जिससे तेल निकाला जाता है।
cotton-spinner *कॉटन स्पिनर n.* सूत कातने वाला व्यक्ति।
cotton-tail *कॅटन टेल n.* अमरीका के खरगोश।
cotton-thistle *कॉटन थिसल n.* सफेद रोयों से ढकी हुई एक झाड़ी।
cotton-waste *कॉटन वेस्ट n.* सूत की मशीनों से बची हुई बेकार चीज जो प्रायः मशीनें साफ करने के काम आती है।
cotton-weed *कॅटन वीड n.* कपास के खेत में उग आने वाली घासपात।
cotton-wood *कॉटन वुड n.* अमरीका में पाया जाने वाले एक वृक्ष की श्रेणी।
cotton-wool *कॉटन वुल n.* कच्ची कपास।
cotton-worm *कॉटन वॉर्म n.* चिल्लू जो कपास की फसल के लिए हानिकारक होता है।
cottony *कॉटनी adj.* रुई का बना हुआ; रुई के समान।
cottus *कॉटस n.* a species of fishes. एक प्रकार की मछलियों की श्रेणी।
cot-town *काट टाउन n.* cottage-houses taken together. झोंपड़ियों का झुण्ड।
cotyle *कॉटाइल n. (pl. cotylae or cotyles)* a drinking cup of Greek in ancient days; a hollow or empty space like cup. प्राचीन समय का एक यूनानी प्याला; प्याले के समान छेद या बिल।
cotyliform *कॉटिलिफॉर्म adj.* (also *cotyloid*) cup shapped. प्याले के आकार का।
coucal *कूकल n.* कोयल की एक श्रेणी जो प्रायः भारतवर्ष; आस्ट्रेलिया तथा अफ्रीका में पाई जाती है और जिनके पिछले पंजे लम्बे होते हैं।
couch *काउच v. t.* (1) to lay down. (2) to lower. (3) to spread. (4) to level. (5) to express. (6) to remove the cataract of the eye. (१) लिटाना; (२) नीचा करना; (३) फैलाना; (४) बराबर करना; (५) व्यक्त करना (६) आंखों का मोतियाबिन्द निकालना।
v. i. to lie down to sleep or to hide; to bend in reverence. आराम करने के लिए या छिपने के लिए लेटना; सत्कार के लिए झुकना।
n. a bed for sleep or rest; a kind of sofa; a den of wild beast. खटिया; चारपाई; आराम कुर्सी; जङ्गली जानवर की गुफा; मांद।
adj. couchant. लेटा हुआ।
couching *काउचिङ्ग n.* the act of bending. झुकने का कार्य।
couch grass *काउच घास n.* (also *couch*) घास की एक श्रेणी।
conchee *काउची n.* a reception before going to bed in the evening. सायं सत्कार
cougar *कूगर n.* अमरीका की एक कत्थई रंग की बिल्ली।
cough *कफ v. i.* to shoot out air with a sudden opening of the glottis and a typical sound. खांसना; खखारना।
v. t. to throw out by coughing. खांस कर निकालना।
n. the act of coughing. खांसी।
cough-drop *कफ ड्राफ n.*(also *cough lozenge mixture*) खांसी को रोकने के लिए एक मिठाई की गोली।
cougher *कॅफर n.* खांसी के रोग से ग्रसित व्यक्ति
cough down *कफ डाउन v. t.* जोर जोर से खांस कर वक्ता को चुप कर देना।
cough up *कफ अॅप v. t.* खांस कर बोलना।
could *कुड p. t.* of 'can'. सका।
coulee *कूली n.* a deep mountain cleft on which lava flows. खूब गहरी घाटी जिस पर से लावा बहता है।
couleur de rose *कल्योर डी रोज n.* rose colour. गुलाबी रंग।
couloir *कूलवार n.* steep ravine. ढालू नाली या गड्ढा।
coulomb *कूलम n.* an clectical unit to measure electric consumption; quantity of electricity given by one ampere current in one second. विद्युत शक्ति नापने का एक माप; एक एमपियर धारा द्वारा एक सैकिंड में दिया गया विद्युत परिमाण।
coulter *कूलटर n.* (also *colter*) the iron blade in front of a share of plough. हल का लोहे का फार।
council *काउनसिल n.* an assembly called for deliberation; advice or administration; men constituting a council; the body of men issuing directions for regulating the affairs of town etc; ecclesiastical assembly to regulate discipline; a governing body of a university; a committee to arrange the business of society. शासन परामर्श तथा तर्क वितर्क करने के लिए परिषद् समिति तथा मन्त्रणासभा; सभासद; नागरिक कार्य सञ्चालन सभा; परिषद; अनुशासन संस्थापन सभा; विश्व विद्यालय शासिका परिषद, समाज की कार्य कारिणी सभा।
council-board *काउनसिल-बोर्ड n.* एक गोल मेज जिसके चारो तरफ सभासद बैठते है।
council-chamber *काउनसिल-चेम्बर n.* the chamber in which council meets. परिषद् गृह।
council-house *काउनसिल-हाउस n.*the room where the council sits for deliberation. परिषद् का बैठक स्थान जहां तर्क वितर्क होता है।
councilor *काउनसिलर n.* a member of a council. सभासद्।
councilman *काउनसिलमैन n.* नगरपालिका का सदस्य।
councilmanic *काउनसिलमैनिक adj.* नगरपालिका के सदस्य सम्बन्धी।
council of war *काउनसिल आफ वार n.* a meeting of officers with the commander to consult over war matters. युद्ध सम्बन्धी कार्यों के लिये पदाधिकारियों की प्रधान सेनाध्यक्ष के साथ वार्ता।
council school *काउनसिल स्कूल n.* नगर परिषद् या प्रदेश परिषद् द्वारा संचालित विद्यालय।
council of state *काउनसिल आफ स्टेट n.* upper house of Indian Parliament. राज्य परिषद्।
in council: विचाराधीन।
executive council: कार्य सम्पादनीय सभा; कार्यकारिणी सभा।
legislative council: व्यवस्थापक सभा।
privy council: विलायत की प्रबन्धकारिणी सभा।
councel *काउन्सल n.* consultation; advice; a secret matter; plan; purpose; a barrister or advocate; deliberation. परामर्श; उपदेश; गुप्त चीज योजना; अभिप्राय बैरिस्टर या वकील; अभिवक्ता; मन्त्राणा।
v. t. to advise; to deliberate. परामर्श देना; मन्त्रणा देना।
counsel keeper *काउनसल कीपर n.* सलाहाकार रखने वाला।
counsel keeping *काउनसल कीपिङ्ग adj.* परामर्श करने योग्य।
counsellor *काउनसलर n.* one who deliberate or gives his advice. उपदेशक; मन्त्रणा देने वाला।
counsellorship *काउनसलरशिप n.* उपदेशक का स्थान।
to keep counsel: गुप्त रखना।
counsel to the king: सरकारी सलाहकार।
to take counsel: सलाह लेना।
count *काउन्ट n.* the number counted; a charge in a criminal; a title on the Continent; equivalent to the English Earl; act of numbering; reckoninig; a number that indicates yarn's size. संख्या; फौजदारी मुकदमे में एक अभियोग यूरोप के अमीरों की एक ऊंची पदवी; गिनने का कार्य; एक संख्या जो सूत के मोटापन या पतलापन बताती है; गिनती; गणना।
v. i. to number; to count the numerals; to run up; to reckon up; to consider; to respect. गिनना; कीमती होना; गणना करना; गिनती गिनना।
to count for: *to count up*: अनुकूल होना; जोड़ना।
to count upon: स्थिरता से आशा करना।
countable *काउन्टेबल adj.* गणना योग्य; उत्तरदायी; मार्मिक।
countnance *काउण्टनेंस n.* the face; expressions on face; appearance; behaviour towards a person; approval; favour; compliance. मुखाकृति; मुखमण्डल; चेहरा; बर्ताव; सलूक; अनुमोदन; पक्षपात; स्वीकृति।
v. t. to approve; demonstrate; to favour. स्वीकृति देना; दिखावा करना; पक्षपात करना।
countnancer *काउण्टेनेंसर n.* अनुमोदक, पक्षपात करने वाला।
to change countenance: मुखाकृति बदलना; लज्जित करना।
in countenance: लज्जित करना; विह्वल करना।
out of countenance व्यग्र होना; घबड़ाना।
to keep countenance. गम्भीर होना।
to fall countenance: उदासीन होना।
counter *काउण्टर adv.* in the opposite way; against. विपरीत दिशा में, विरोध में।

adj. contrary; opposing; opposite. प्रतिवाद; विरुद्ध; उल्टा।
n. the front part of a horse's breast, curved part of stern of a ship; from a lower moulding to the water-line; a fight; back portion of the shoe; a table on which coins are counted; the name of a prison; one who counts; machine that indicates number. मुठभेड़ जूते का पिछला भाग; सिक्का गिनने की जेल; एक जेल का नाम; गिनने वाला; संख्या बताने वाली कल या मशीन।
v. t. to oppose; to contradict to fight; to reply a stroke. विरोध करना; प्रतिवाद करना; मुठभेड़ करना; प्रतिघात करना।

counter-act *काउन्टर-एक्ट n. v. t.* to defeat; to neutralise; to act in a opposite direction; हराना; निष्फल करना; विपरीत दिशा में कार्य करना।

counter-action *काँउन्टर-एक्शन n.* विघ्न; आड़; रोक, प्रतिक्रिया; प्रतिकार।

counter-active *काउन्टर एक्टिव adj.* विघ्न डालने वाला प्रतिक्रिया करने वाला।

counter-agent *काउन्टर-ऐजेन्ट n.* any person or thing that counteracts. विरोध करने वाला व्यक्ति।

counter-approach *काँउन्टर अपरोच n.* any work due to neutralise the approaches of besieger. घेरा डालने वालों की चेष्टाओं को निष्फल करने के लिये किया गया कोई काम।

counter attack *काँउन्टर अटैक n.* attack for an attack हमले के बदले में हमला।

counter attraction *काँउन्टर अट्रैक्शन n.* opposite attraction. विपरीत; आकर्षण।

counter attractive *काउन्टर अट्रैक्टिव adj.* विपरीत आकर्षण सम्बन्धी।

counter-balance *काँउन्टर-बैलन्स v. t.* to balance by keeping equal weight on the opposite side; to oppose with equal weight; power; influence. दूसरी तरफ बोझ रखकर बराबर करना; पूरी शक्ति से विरोध करना; तुल्य भार करना; धड़ा करना।
n. an equal weight on opposite side; an equal power. पासङ्ग; बराबर की शक्ति।

counter-battery *कॅन्टन्टर-बैटरी n.* a battery put to oppose another battery. शत्रु के तोपखाने का सामना करने के लिए एक तोपखाना।

counter-blast *काँउन्टर-ब्लास्ट n.* any pronouncement or denunciation in opposition. विरोध में तिरस्कारपूर्ण घोषणा।

counter-blow *काँउन्टर-ब्लो n.* blow for blow. घूंसे के बदले घूंसा।

counter-bond *काँउन्टरबौन्ड n.* a bond to neutralise another bond. एक दस्तावेज को निष्फल करने के लिये एक दूसरा दस्तावेज

counter-brace *काँउन्टर-ब्रेस v. t.* to fasten in opposite manner. विपरीत दिशा में बांधना।

counter-buff *काँउन्टर-बफ्फ n.* reaction; return blow; a check; defeat. बदला; प्रतिघात; रोक; हार; पराजय।
v. t. to check; to beat back. रोकना; मार; भगाना।

counter cast *काउन्टर कास्ट n.* a trick; counterplot. चालाकी; विपरीत कथावस्तु।

counter caster *काउन्टर कास्टर n.* a reckoner. गणना करने वाला।

counter change *काउंटर चेन्ज v. t.* to exchange. विनिमय करना।
n. exchange. विनिमय।

counter changed *काउंटर चेंज्ड* विनिमय किया हुआ।

counter charge *काउंटर चार्ज n.* a chrage set forth for an opposite charge. आक्रमण के बदले आक्रमण।

counter charm *काउंटर चार्म v. t. & n.* to neutralise the effects created by another charm. आकर्षण कम करने के लिए आकर्षित कार्य।

counter check *काउंटर चैक v.t.* to rebuke; to check by some device. गाली देना; प्रतिबन्ध लगाना।
n. a check for a check; a rebuke. प्रतिबन्ध पर प्रतिबन्ध; गाली।

counter claim *काउंटर क्लेम n.* a claim put forth as a partial settlement or full settlement for another claim; defendant's claim in a case. एक मांग को पूर्णतया या आंशिक रूप से मिटाने के लिए रखी गई दूसरी मांग; प्रतिवादी की मांग।

counter current *काउन्टर करन्ट n.* a current that flows in an opposite direction. विपरीत दिशा में बहने वाली धारा।

counterdrain *काउन्टर ड्रेन n.* a side drainage to carry off oozed water. रिसे हुए पानी को बहाने के लिये एक साथ साथ बहाने वाली नाली।

counter draw *काउंटर ड्रौ v. t.* to trace on a transparent paper by putting it on another drawn up picture. किसी बनाई हुई तस्वीर पर पारदर्शिक कागज रख कर तस्वीर बनाना।

counter espionage *काउंटर एसपिओनेज n.* use of secret agents against the secret agents of enemy to find out the war plans of enemy armies. वैदेशिक राज्य के जंगी जहाज सेना आदि के विषय में खबर रखने के लिये गुप्तचरों को नियुक्त करने का कार्य।

counter evidence *काउंटर अविडेंस n.* an evidence against the evidence of another party. प्रतिपक्षी की गवाही के विरुद्ध गवाही।

counterfeit *काउंटरफीट n.* forged; not original. बनावटी; कृत्रिम।
v. t. to forge; to imitate. धोखा देना; नकल करना।

counterfeiter *काउंटरफीटर n.* a forger; an imitator. धोखा देने वाला; नकल करने वाला।

counterfoil *काँउंटर फौयल n.* the corresponding part of any cheque; receipt or a ticket to be retained by the drawer as a token of original for record. प्रतिरूप; नकल; रसीद आदि का आधा फाड़ा हुआ भाग।

counter force *काउंटर फोर्स n.* force for an opposite force. शक्ति के विरुद्ध शक्ति।

counter guard *काउंटर गार्ड n.* a guard in parallel line to guard the bastion. किले की बुर्ज के रक्षार्थ पहरेदार की समानान्तर पंक्ति।

counter-influence *काउन्टर-इन्फ्लूएन्स n.* विपरीत दिशा में प्रभाव।

counter-irritant *काउन्टर-इरिटैन्ट n.* सन्ताप को दूर करने के लिये चिड़चिड़ाहट।

counter-light *काउन्टर-लाइट n.* प्रकाश के प्रभाव को दूर करने के लिये दूसरा प्रकाश।

counter-march *काउन्टर-मार्च v. i.* विपरीत दिशा में बदना।

counter-mark *काउन्टर-मार्क n.* माल के सुरक्षित रखने के लिये गांठ पर बनाया गया विशेष चिन्ह।

countermine *काउन्टरमाइन n.* लड़ाई के मैदान में बदला लेने के लिये कोई साधन।
v. t. विरोध में खाइया खोदना।

counter-motion *काउन्टर-मोशन n.* opposite motion विपरीत गतिशक्ति।

counter-move *काउन्टर-मूव n.* (also *countermovement.* विपरीत गति।

counter-mure *काउन्टर-म्यूर n.* सामने की दीवार आक्रमणकारी द्वारा दीवार के साथ बनाई गई बचाव के लिये एक और दीवार।
v. t. to oppose with a countermure. विरोध करना; दीवार के भीतर बन्द हो कर लड़ना।

counter offensive *काउन्टर ऑफेन्सिव n.* counter attack by the defenders. रक्षा करने वालों द्वारा आक्रमण।

counter-opening *काउन्टर ओपनिङ्ग n.* an opening on the opposite side. उल्टी दिशा में एक छिद्र।

counter-pace *काउन्टर-पेस n.* विरोधी साधन; विपरीत दिशा में बढ़ाये हुये कदम।

counter pane *काउन्टर-पेन n.* bed cover. बिछावन।

counterpart *काउन्टरपार्ट n.* complimentary part; a duplicate. प्रतिरूप; सहायक अङ्ग।

counter-plea *काउन्टर-प्ली n.* युक्ति के विरोध में एक और युक्ति।।

counter-plead *काउन्टरप्लीड v. t.* विषय के प्रतिकूल बहस करना।

counter-plot *काउन्टरप्लौट n.* विपरीत षड्यन्त्र।

counterrevolution *काउन्टर रेवोल्यूशन* किसी क्रान्ति को रोकने के लिये की गई क्रान्ति।

countersalient *काउन्टर सेलिअन्ट adj.* विपरीत दिशाओं वाला।

counterseal *काउन्टर सील v. t.* दूसरी मोहरों के साथ मोहर लगाना।

counter-security *काउन्टर सीक्यूरिटी n.* जामिन के लिये दी गई जमानत।

counter-sense *काउन्टर सन्स n.* ठीक अर्थ के बजाय दूसरा लगाया गया अर्थ।

counter sign *काउन्टर साइन n.* हस्ताक्षरों को प्रमाणित करने के लिए किये गए हस्ताक्षर।

counter stand *काउन्टर स्टैन्ड n.* विरोध।

counter-vail *काउन्टरवेल v. t.* to compensate; to be of equal. बदला लेना।

counter-work *काउन्टर वर्क* work done in opposition. शत्रु के विरुद्ध कार्य।

countess *काउन्टेस n.* the wife of a count. काउण्ट की उपाधि वाले व्यक्ति की स्त्री।

counting house काउंटिङ्ग हाउस *n.* a business office. दफ्तर; कार्यालय।
countless काउण्ट लैस *adj.* innumerable. अनगिनत।
country कन्ट्री *n.* a region; a ruler; district; a state; a nation. प्रदेश; देहात; गांव; राष्ट्र।
country box कन्ट्री बॉक्स a small country house. कच्चा मकान।
country dance कन्ट्री डांस *n.* वह नाच जिसमें जोड़े भाग लेते हैं।
country folk कन्ट्री फॉक *n.* देहाती लोग।
country-house कन्ट्री हाउस *n.* गांव का कच्चा मकान।
country-man कन्ट्रीमैन *n.* ग्रामीण; देहाती।
country-side कन्ट्रीसाइड *n.* देहात; जिला।
country-wide कन्ट्रीवाइड *adj.* through out the country. तमाम प्रदेश में।
country woman कण्ट्री वूमैन *n.* ग्रामीण स्त्री।
country wood कण्ट्री वुड *n.* देशी लकड़ी।
to go to the country : चुनाव द्वारा समाज से प्रार्थना।
county काउण्टी *n.* territorial division of Great Britain and Ireland for administrative and political purposes. शासन सम्बन्धी तथा राजकीय कार्यों के लिए इङ्गलैण्ड तथा आयरलैण्ड देश विभाग।
county council काउण्टी काउन्सिल *n.* सूबे की कार्यकारिणी सभा।
county councillor काउण्टी काउन्सिलर *n.* सूबे की कार्यकारिणी सभा का सभासद्।
countycourt काउण्टी कोर्ट *n.* किसी प्रदेश का सबसे उच्च न्यायालय।
county cricket काउण्टी क्रिकेट *n.* विभाग संबंधी क्रिकेट प्रतियोगिता।
county school काउण्टी स्कूल *n.* सूबे की कार्यकारिणी सभा अध्यक्षता में खोला हुआ एक विद्यालय।
county town काउण्टी टाउन *n.* ऐसा नगर; जो सूबे का व्यापारिक केन्द्र होता है।
coup कूप *v. t.* to interchange; to upset; to tip. विनिमय करना; उलटना; घूस देना।
n. an upset; a blow or stroke. परिवर्तन; घूंसा या आघात।
coup-'de'-tat कूप डी टैट *n.* illegal change done in a government. शासन में गैरकानूनी बदल।
coup-de-grace कूप डी ग्रेस *n.* the last blow. अन्तिम आघात।
coup-de-main कूप डी मेन *n.* strong and powerful stroke. शक्तिपूर्ण आघात।
coup-de-theatre कूप डी थियेटर *n.* a sudden action like acting in a drama. नाटक के सदृश्य शीघ्र कार्य।
coupe कूपे *n.* a four wheeled carriage having an accomodation for two persons inside and the driver; one side seated railway compartment. एक चार पहिये वाली छोटी गाड़ी जिसमें केवल दो आदमी और चालक के लिये स्थान होता है। रेलगाड़ी का एक डिब्बा जिसमें एक ओर ही बैठने का स्थान होता है।
couper कूपर *n.* one who exchanges. व्यापारी।
couple कपल *n.* a pair of a man and wife; two; that which unites; two of the same quality joined together. दम्पत्ति; दो; संयोजक; एक समान वस्तुओं का जोड़ा।
v. t. to unite. एक साथ जोड़ना।
v. i. to join sexually. सम्भोग करना।
couplement कपलमेण्ट *n.* मिलन; जोड़ा।
coupler कपलर *n.* संयोग करने वाला; मिलन करने वाला।
couplet कपलैट *n.* जोड़ा; दोहा; कविता की दो पंक्तियां।
coupling कपलिङ्ग *n.* जोड़ने वाली कोई कल।
coupling-pin कपलिङ्ग-पिन *n.* रेल की गाड़ियों को जोड़ने की ढिबरी।
coupon कूपन *n.* a billet; a detachable ticket or a voucher as a token for payment or for services or for the good solds. कूपन; चिट; पुर्जा; रसीद; चिट्ठ; चैक का आधा फाड़ा हुआ भाग।
courage करेज *n.* bravery; spirit; desire; quality that enables a man to confront danger without fear; boldness. साहस; पराक्रम; वीरता; बहादुरी; धृष्टता।
courage-ful करेजफुल *adj.*(also *courageous*) हिम्मती; साहसी।
courageously करेजिअसली *adv.* पराक्रम से; साहस से।
courageousness करेजिअसनस *n.* पराक्रम; साहस
Dutch courage . शराब का मिथ्या साहस।
pluck up courage : साहस बटोरना।
the courage of one's convictions : अपने मत के अनुसार करने का साहस।
courant कूरण्ट *n.* an old dance. एक प्राचीन काल का नाच।
courb कूर्ब *v. i.* to stoop to request humbly. प्रार्थना करने के लिए झुकना।
adj. bent. झुका हुआ।
courier कूरिअर *n.* a messenger; one appointed to attend travelling arrangements. दूत; हरकारा; यात्रा सम्बन्धी प्रबन्ध करने वाला सेवक।
course कोर्स *n.* (1) a way in which anything moves. (2) a field where golf is played or race is run. (3) a water channel. (4) a voyage. (5) a race. (6) gradual progress. (7) prescribed procedure. (8) a series of lectures. (9) conduct. (१) मार्ग; रास्ता। (२) खेल का मैदान (३) जल मार्ग। (४) यात्रा। (५) दौड़। (६) क्रम विकास। (७) कार्य विधि; कार्यक्रम। (८) पाठ्य क्रम। (९) सञ्चालन।
v. t. to run; to chase; to hunt. दौड़ाना; पीछा करना; शिकार करना।
v. i. to run. दौड़ना।
n. in course; of course; in due course; course of action; course of study; matter of course. प्रसङ्ग में; क्रम से; अवश्य; नियमित समय पर; क्रिया विधि; पाठ्यक्रम; स्वाभाविक घटना।
courser कोर्सर *n.* दौड़ने वाला; शिकारी; पीछा करने वाला।
coursing कोर्सिङ्ग *n.* शिकारी कुत्तों के साथ किया गया शिकार।
court कोर्ट *n.* enclosed space surrounded by houses; residential palace of sovereign; a meeting of courtiers; place of justice; the judges and officials presiding there an assembly causes. मकानों से घिरा हुआ स्थान; आंगन; राजगृह; सभासदों की सभा; न्यायालय; न्यायाधीश और तमाम अफसर जो वहां बैठते हैं; कारणों का फैसला करने के लिये सभा।
v. t. to pay heed to; to woo; to seek, to solicit; to entice. विचार करना; विवाह के लिये प्रस्ताव रखना; खोजना; आराधना करना; ललचाना।
court-card कोर्ट कार्ड *n.* ताश के पत्तों में राजा; रानी और गुलाम।
court-craft कोर्ट-क्राफ्ट *n.* दरबारियों का कौशल; धूर्तता।
court-day कोर्ट-डे *n.* judicial court-sitting day. अदालत की बैठक का दिन।
court dress कोर्ट ड्रैस *n.* न्यायालय द्वारा स्वीकृत एक पोशाक जो विशेष त्यौहारों पर तथा दूसरे अवसरों पर पहनी जाती है।
court-dresser कोर्ट-ड्रैसर *n.* one who flaterer. चाटुकार; खुशामदी; चापलूस।
court-guide कोर्ट-गाइड *n.* directory of noble man of a town. किसी शहर के राजदरबारियों की एक सूची।
court-house कोर्ट-हाउस *n.* न्यायालय का एक स्थान; अदालत का कमरा।
courtier कोरटियर *n.* a flatter; a sovereign; a courtman; a nobleman. चापलूस; शासक, अदालती मनुष्य; राजदरबारी।
courtierism कोरटियरिज्म *n.* राजदरबारी का बर्ताव।
courtier like कोर्टियर लाइक *adv.* राजदरबारी की तरह।
courting कोर्टिङ्ग *n.* अदालत में उपस्थिति; विवाह के लिये प्रार्थना करना।
courtlet कोर्टलैट *n.* a small court dealing with petty cases. निम्न कोटि का न्यायालय
courtly कोर्टली *adj.* न्यायालय सम्बन्धी; विनम्र; न्याययुक्त चापलूसी।
court-martial कोर्टमार्शल *n.* a military court of military officers. फौज सम्बन्धी अपराधों का निरीक्षण करने के लिये फौजी पदाधिकारियों की एक अदालत।
court of wards कोर्ट ऑफ वार्ड्स *n.* प्रपन्नाधिकरण।
court-roll कोर्ट-रौल *n.* the record of a court of law. न्यायालय का अभिलेख।
court-sessions कोर्ट-सेशन *n.* सभाधिकरण
court-ship कोर्ट-शिप *n.* न्यायालय सम्बन्धी व्यवहार; शिष्टाचार; विवाह के लिए प्रेम करना।
court, small cause कोर्ट स्मौल कौज *n.* लघुवादाधिकरण।
courtyard कोर्टयार्ड *n.* enclosed ground before a house. घर के सामने का आंगन; सहन।
cousin कजिन *n.* the child of an uncle. चचेरा भाई या बहिन; मामा; मामी; फूफा आदि

के लड़के तथा लड़कियां।

cousin ship *कजिन शिप n.* (also *cousin hood.*) रिश्तेदारी; सम्बन्धी।

couter *कूटर n.* a ruler. शासक।

couthie *कूथाई adj.* friendly; politely. दोस्ती; विनम्र; विनीत।

cove *कोव n.* a small opening in the sea; a bay; a rocky sheltered recess; curved concave arch; a customer; a fellow. समुद्र की छोटी सी खाई; खाड़ी; छायादार दर्रा; मेहराव; छायादार गुफा; ग्राहक; साथी

coved *कोव्ड adj.* मेहराबदार।

covelet *कवलेट n.* एक छोटी सी खाड़ी या एक छोटा सा महराब।

covellite *कवलाइट n.* a mineral of blue colour discovered by Covelli. कवली द्वारा आविष्कार किया हुआ नीले रङ्ग का खनिज

covenant *कवनैन्ट n.* a mutual agreement; a bargain; writing containing the agreement; contract. पारस्परिक सम्मति; सौदा; सम्मतिपत्र; संविदा।
v. t. to agree; to. सहमत होना; बचने देना; *v. i.* to enter into agreement. एकरारनामा करना; शर्तनामा करना।

covenant-breaker *कवनेन्ट ब्रेकर n.* इकरारनामा तोड़ने वाला; शब्द वापस लेने वाला।

covenanted *कवनैन्टड adj.* प्रतिज्ञा बद्ध।

covenantee *कवनैन्टी n.* वह व्यक्ति जिसको वचन दिया गया है।

covenator *कवनैन्टर n.* वह व्यक्ति जिसने प्रतिज्ञा की हो।

cover *कवर v. t.* (1) to hide; (5) to clothe (3) to spread over; (4) to screen upon; (5) to take the right aim; (6) save; (7) to suiffce for; (8) to provide for or to provide against; (9) to lay in a accross direction; (10) to report (१) छुपाना; (२) वस्त्र पहनाना; (३) फैलाना; (४) पर्दा लगाना; (५) ठीक निशाना लगाना; (६) बचाना; रक्षा करना; (७) पूरा होना; (८) किसी के लिये या किसी के विपरीत प्रदान करना; (९) तिरछा लिटाना; (१०) समाचार देना।
v. t. to set a table for meal; to put on one's hat; to conceal, खाने के लिये मेज लगाना; टोप लगाना; छिपाना।
n. that which covers; a lid; an envelope; a disguise; binding of a book; shelter; a concealing place; a table napkin. आवरण; आंखों का ढकना; लिफाफा; नकाब; किताब की जिल्द; आराम गृह; छुपने का का स्थान; मेज की चादर।

coverage *कवरेज n.* risks covered in an insurance policy; assets to cover liabilities. बीमे की पालसी द्वारा सुरक्षित जोखिम; कर्जदारों को निपटाने के लिये एक रकम।

covered *कवर्ड adj.* (also *covert*) ढका हुआ; छिपा हुआ।

covering *कवरिङ्ग n.* ओढ़ना; ढकना; चादर।

covert-coat *कवर्ट कोट n.* एक छोटा तथा हलका ओवरकोट।

coverture *कवरचर n.* that period of married life when the wife lives under the shelter of her husband. दाम्पत्य जीवन का वह भाग जिसमें स्त्री पति के साये में रहती है।

coverlet *कवरलट n.* (also *coverlid*) a bed sheet. बिछावन; चादर; ढकना।

covet *कवट v. t.* to desire ardently व्याकुलता से उत्सुक होना; लालच करना।

covetable *कवटेबल adj* उत्सुकता योग्य; लालच योग्य।

coveted *कवेटड adj* अति उत्सुक।

covetously *कवेटसली adv.* उत्सुक रूप से।

covetousness *कवेटसनेस n.* उत्सुकता; लालसा।

covey *कोवे n.* a brood of partridges तीतरों का झुन्ड।

covin *कोविन n.* a conspiracy. षड्यन्त्र।

cow *काउ n.* female of bull. गाय या गौ।
v. t. to subdue; to keep under; to dishearten the spirit दबा देना; दबाकर खाना; हतोत्साह करना।

cow-bell *काउ-बैल n.* गाय के गले में बांधने की घन्टी।

cow-boy *काउबौय n.* चरवाहा; घोसी।

cow-calf *काउकाफ n.* गाय का बछड़ा।

cow- dung *काउ-डङ्ग n.* गाय का गोबर।

cow-feeder *काउ-फीडर n.* गोशाला का प्रबन्ध कर्ता।

cow-herd *काउ-हर्ड n.* ग्वाला।

cow-hide *काउहाइड n.* गोचर्म।

cow-house *काउ-हाउस n.* गौशाला।

cowish *काउइस adj* गाय के समान।

cow-leech *काउलीच n.* गायों की चिकित्सा करने वाला डाक्टर।

cow-puncher *काउ-पंचर n.* गोपाल; ग्वाला।

cow-shed *काउशैड n.* गौशाला।

coward *कावर्ड n.* man without any vigour or courage. डरपोक या कायर व्यक्ति।

cowardice *कावर्डाइस n.* timidity. कायरता; भीरुता।

cowardliness *कावर्डलिनेस n.* भीरुता।

cowardly *कावर्डली adv.* कातर या भीरुता से।

cower *काउएर v. i.* to sink down due to fear; to couch from fear. भय से सिकुड़ना; डर से दहलना; डर के मारे दुबकना।

cowl *काउल n.* a cap or hood; a monk; a monk's hooded garment; chimney's cover; tub. टोप या सिर ढकने का कोई वस्त्र; सन्यासी; वैरागी; सन्यासी; टोपा; चिमनी का ढक्कन; टब या कठावत।
v. t. to make a monk of; to cover. सन्यासी बनाना; ढकना।

cowled *काउलड adj* ढकने दार।

cow-pox *काउपौक्स n.* गौ के थनों पर निकलने वाली शीतला।

cox-comb *कौक्सकाम्ब n.* a fool; a fop; head. भांड; मसखरा; बांका; छैला; सिर।

coxcombical *काक्स काम्बिकल adj.* चमकदार वस्त्र पहनने वाला; वस्त्र में आडम्बर करने वाला।

cox-combically *काक्सकाम्बिकली adv.* घमण्ड रूप से।

cox-combry *काक्स कम्बी n.* दर्प; गर्व; घमण्ड;

coxswain *कक्सवेन n.* a crew of a boat. मल्लाह।

coy *कोय adj.*bashful; shy; retiring. शर्मीला लजीला; संकोची।

coyishness *कॉयिसनैस n.* (also *coyness*) लज्जा; संकोच।

coyly *कॉयली adv.* शर्म से लज्जा से।

coge *कोज v. i.* to take in a friendly manner. चकमक करना; दोस्तों की तरह बेतकल्लुफी से बातें करना; गप लड़ाना।

cozen *कोजन v. t.* to flatter; to cheat. चापलूसी करना; धोखा देना।

cozenage *कोजनेज n.* धोखा; खुशामद; चापलूसी चाटुकारी;

cozener *कोजनर* धोखा देने वाला।

cozier *कोजियर n.* (also *cosier*) a cobbler मोची।

crab *क्रैब n.* (1) a crustaceans having a short tail and ten feet. (2) cancer or zodiac constellation. (3) a portable roller. (4) a wild apple of bitter taste. (5) a person of sour temper. (6) the lowest throw at the old dicing game; two aces. (7) Krabben (as Greek wood) claw; scratch. (१) केकड़ा (कर्कट)। (२) कर्क राशि। (३) दबाव डालने का एक यन्त्र। (४) एक जङ्गली सेब जिसका स्वाद कड़ुआ होता है। (५) (चड़मिजाज)। (६) जुए में लगाया गया कम से कम दाव। (७) यूनानी शब्द क्रैबन जिसका अर्थ पञ्जा या घरोटना होता है।
v. i. (1) to catch fish to feed crabs. (2) to fly side ways. (3) to drift sideways. (१) केकड़े को खिलाने के लिए मछली पकड़ना। (२) इधर उधर उड़ना। (३) इधर उधर भागना (खिसकना)।
v. t. (1) to claw (as hawks do.) (2) to condemn. (3) to decry. (4) to frustrate. (5) to wreck. (6) to ruin. (7) to obstruct. (१) पञ्जा मारना (जैसे बाज पक्षी झपटता है। (२) निन्दा करना; बुराई करना नालायक साबित करना; दोषारोपण करना। (३) आक्षेप लगाना। (४) निरुत्साहित करना। (५) खण्ड खण्ड करना; तोड़ना फोड़ना। (६) बरबाद करना। (७) बाधा डालना; अड़चन उत्पन्न करना।
n. (1) fault-finding (2) dejection. (१) नुक्ताचीनी; दोष खोजना। खिन्नता।
catch a crab क्रैच ए क्रैब in the art of rowing; to sink oars deeply wrongly; hence to face back. नाविक आदि का गलत ढङ्ग से चप्पू चलाना अर्थात पछाड़ खाना; मुंह की खाना आदि।

crab-apple *क्रैब ऐपल n.* a person of sour temper. बदमिजाज आदमी।

crabbed *क्रैब्ड adj.* (1) ill-natured i. e. perverse or cross-grained (2) undecipherable i.e. a manuscript written in a very bad handwriting; ill-formed (3) rugged i. e. intricate style (about authors and writers.) (4) churlish. (5) irritable. (6) harsh. (7) rough. (8) crooked. (9) knotted. (10) sour. (१) दुःशील; विपरीत विचारों का; हठी। (२) ऐसी पाण्डुलिपि जिसका पढ़ना दुष्कर (दुःसाध्य) हो। (३) कठिन शैली का (जैसे लेखक आदि)। (४) अशिष्ट। (५) शीघ्र कुपित होने

धक्का। (६) सख्त; कठोर; कठिन; मुश्किल। (७) अशिष्ट। (८) छलंछदी। (९) कपट या धूर्तता करने वाला। (१०) बदमिजाज।

crabbedly क्रैबेडली *adv.* अशिष्ट या धूर्त रूपसे

crabbedness क्रैबेडनेस *n.* निष्ठुरता; धूर्तता या धोखेबाजी का कार्य।

crab-eater क्रैब-ईटर *n.* (१) (सारजैन्ट नाम की मछली)। (२) एक प्रकार की व्हेल मछली।

crab-faced क्रैब-फेस्ड *adj.* निष्ठुर; धोखेबाज।

crab-like क्रैब-लाइक निष्ठुर मनुष्य जैसा।

crab-louse क्रब-लाउज *n.* जूं; बालों में पाया जाने वाला एक प्रकार का स्वेदज कीड़ा।

crab's-eyes क्रैब्स-आइज *n.* (*pl.*) माला के दाने

crab-sidle क्रब-साइडल *v. i.* इधर उधर भागना खिसकना।

crab-stick क्रैब-स्टिक *n.* बुरे स्वभाव का मनुष्य।

crab-stones क्रैब-स्टोनस *n.* (*pl.*) एक प्रकार की क्रैब मछली का पेट।

crab-tree क्रब-ट्री *n.* चिड़ चिड़े स्वभाव का मनुष्य।

crab-yaws क्रैब यॉज *n.* (*pl.*) एक प्रकार का रोग जिसमें हाथ पांव पर छाले हो जाते है।

crack-क्रैक *v. t. & v. i.* (1) to make a sharp and sudden sound. (2) to cause to make a sharp and sudden sound (3) to split. (4) to break suddenly. (5) to break partially. (6) to break into chinks. (7) to crack into molecules (as in the case of petroleum.) तीव्र और अकस्मात् ध्वनि करना। (२) तीव्र और अकस्मात ध्वनि होना। (३) दरार पड़ना या डालना। (४) अकस्मात तोड़ना। (५) एक भाग तोड़ना। (६) चूर चूर करना। (७) पेट्रोल आदि को साफ करना।
n. (1) a chink. (2) a flow. (3) a blow. (4) a splitting sound. (5) a moment. (6) a biting speech. (7) house breaking (१) चूरा। (२) वायु का तेज झोंका। (३) धक्का। (४) कड़ाके की ध्वनि। (५) एक क्षण। तीखी कड़वी बात। (७) सैंध (जैसे चोर आदि लगाते हैं)।

crack a bottle क्रैक ए बॉटल (1) drink as from a bottle. (2) open a bottle. (१) बोतल से पीना; (२) बोतल की खुलाई।

crack a crib क्रैक ए क्रिब *n.* to break a house. (a slang of thieves) (चोरों की भाषा में) सैध लगाना।

crack-a-jack क्रैक ए जैक सर्वोत्तम वस्तु; शिष्ट मनुष्य।

crack a joke क्रैक एजोक *v.* मजाक करना; हंसी उड़ाना। दिल्लगी करना।

crack-brain क्रैक-ब्रेन अस्वस्थ मस्तिष्क का मनुष्य।

crack-brained क्रैक ब्रेंड *adj.* उन्मत्त; पागल।

crack-credit क्रैक क्रेडिट *n.* अपनी साख खत्म करना।

cracked क्रैक्ड *adj.* खराब दिमाग वाला; उन्मत पागल।

cracker क्रैकर *n.* (१) तोड़ने वाला। (२) झूठ बोलने वाला। (३) गप्प हांकने वाला; जो शेखी बघारता फिरता हो; (४) एक प्रकार की बतख; एक प्रकार की अमरीकन बिस्कुट(आतिशबाजी)।

cracker-box क्रकर-बॉक्स *n.* बिस्कुट का डिब्बा।

cracker-jack क्रैकरजैक *n.* शानदार आदमी।

crackers क्रकर्स *adj.* अस्थिर चित्त; उन्मत्त।

crack-jaw क्रैक जॉ *adj.* शब्द या वाक्य जिसका उच्चारण बहुत कठिन हो।

crackle क्रैकल *v. i.* पतङ्के छूटना या धमाके होना; कड़ाके का शब्द करना।
n. पतंगे; कड़ाका; धमाका।

cracklin क्रैकलिन *n.* एक प्रकार का जेबर जो चीनी मिट्टी का होता है और जिसे भट्टे में एक विशेष विधि से तैयार किया जाता है।

crackling क्रैकलिङ्ग *n.* एक प्रकार का सूअर का मास।

crackly क्रैकली *adv.* brittle. सहज ही टूटने वाला।

cracknel क्रकनल *n.* (1) a light crisp biscuit. (2) a kind of pork fried crisp. (१) कुरमुरा बिस्कुट। (२) एक प्रकार का करारा तला हुआ मास।

crack-rope क्रैकरोप *n.* फांसी के योग्य; सूली के योग्य।

crack-shot क्रैक-शॉट *n.* तीरंदाज; अचूक निशाने बाज।

cracks-man क्रैक्स-मैन *n.* सैंध लगाने वाला; चोर; डाकू; उचक्का; ठग।

crack-tryst क्रैक ट्रिस्ट *n.* जो अपना वचन पूरा न करे; वादा तोड़ने वाला।

crack-up क्रैक अप *n.* (१) चूर चूर होना। (२) प्रशंसा करना।

crackyक्रकी *n.*(1) which is likely to crack (2) which may be full of cracks. (3) crazy (a colloquial usage). जिसके टूटने की संभावना हो। (२) तड़का या चटखा हुआ। (३) (स्थानीय प्रयोग) उन्मत्त।

cracovian क्रकोवियन *adj* एक प्रकार का बूट जिसकी चोंच लम्बी हो।

cracovienne क्रोकोविन *n.* (१) एक प्रकार का पोलेण्ड देश का नृत्य। (२) इस प्रकार के नृत्य का सङ्गीत।

cracowe क्रकॉव *n.* रिचार्ड द्वितीय के काल मे प्रचलित एक प्रकार की लम्बी चोंच का बूट।

cracy क्रेसी a suffix (noun) added to Greek word to mean (a) rule of; (b) class influenced by; (c) ruling body of; original Greek word *kratia* or *kratos*=power; we have such words. as; (1) democracy (2) plutocracy (3) autocracy etc. संज्ञा प्रत्यय जो ग्रीक शब्दों के साथ जोड़ दिया जाता है जिससे उसके अर्थों में निम्न प्रकार होजाता है (क)राज्य; शासनकाल (ख) जिस वर्ग पर प्रभाव हो; (ग) शासन करने वाला वर्ग; मूल यूनानी (ग्रीक) शब्द क्रेटिया या क्रोटास =शक्ति; इस प्रत्यय को जोड़ने से इस प्रकार के शब्द बनते हैं—(१) लोकतन्त्र (२) धनाढ्य तन्त्र (अमीरों का राज); (३) स्वराधिराज्य।

cradle क्रैडल *n.* (1) a cot for infants. (2) a crib in which infants are rocked (3) a bed for infants. (4) infancy (figurative usage). (5) pace of origin. (6) a kind of box used in gold washing. (7) a kind of knife used by an engraver. (8) a kind of frame used for keeping bed clothes (१) खटोला, (२) एक प्रकार का झूला या हिंडोला जिसमें छोटे बच्चों को सुलाकर इधर उधर झुलाते हैं या पिंगूरा। (३) गहवारा; पालना; हिंडोला; झूला आदि। (४) बाल्यकाल (अलङ्कारिक रीति से); जन्म स्थान (६) सोना साफ करने का यन्त्र। (७) खुदाई (बर्तनों पर) करने का औजार; (८) कपड़े आदि रखने का फर्मा।
from the cradle फ्रॉम दी क्रडल : from the infancy. (2) place in which thing is nurtured and brought up from its earliest. (१) बाल्यावस्था में; बाल्यकाल से। (२) वह स्थान जहां पर किसी का आदि काल से या प्रारम्भ से ही लालन पालन होता है।
a child in cradle: ए चाईल्ड इन क्रॅडल छमासरा बच्चा; दुधमुंआ; दूध पीता बच्चा।

cradle-scythe क्रॅडल साइद *n.* एक प्रकार का फसल काटने का हंसिया।

cradle-walk क्रडल-वॉक *n.* वृक्षों से आच्छादित मार्ग।

cradling क्रॅडलिग *n.* (1) nurshing a baby (2) a frame work made of wood or iron. (१) बच्चे का लालन पालन; पालन पोसन (२) लकड़ी या लोहे का ढांचा।

craft क्रैफ्ट *n.* (1) cunning (5) art (3) artifice (4) skill (5) trade (6) occupation (7) a kind of ship (8) a boat or vessel. (१) धूर्तता; दगाबाजी (२) कला कौशल (६) हाथ की सफाई (४) कौशल (५) व्यापार (३) व्यवसाय (७) एक प्रकार का जल पोत (८) एक प्रकार की नाव।
v.i. (Shak) in the sense of using one's craft. शेक्सपीयर का प्रयोग) कला कौशल प्रदर्शित करना।

craft-brother क्रैफ्ट-ब्रदर *n.* एक ही प्रकार का कार्य करने वाले।

craft-guild क्रैफ्ट-गिल्ड *n.* एक ही प्रकार का व्यवसाय करने वाले।

craftily क्रैफ्टीली *adv.* दगाबाजी से; कपट से; धूर्तता से।

craftiness क्रैफ्टीनेस *n.* दगाबाजी; धूर्तता।

craftless क्रैफ्टलेस *adj* कपटीपन अथवा दगाबाजी से मुक्त जो किसी भी कला में प्रवीण न हो।

craftsman क्रैफ्ट्समैन *n* one who is engaged in some trade. जो किसी व्यवसाय में लगा हो।

craftsmanship *n.* (also *craftmanship* क्रैफ्ट्समैनशिप *n.* finished art of a craftsman दस्तकारी; शिल्प; हाथ की कारीगरी।

craftsmaster क्रैफ्ट्समास्टर *n.* one skilled in some art. जो किसी कला में प्रवीण हो; दस्तकार; शिल्पी; कारीगर।

crafty क्रैफ्टी *adj* cunning; artful; deceitful; wily. कपट; धोखा; दुराव; छिपाव; छल; दम्भ।

crag क्रैग *n.* (1) a steep or rugged point or rock (2) a term of geology deposits of shelly mixed with sand found near Essex; Suffolk and Norfolk (3) throat

(4) neck. (१) पहाड़ या पहाड़ी की उबड़ खाबड़ चोटी का ढलवां भाग । (२) खनिजशास्त्र का शब्द—भूमि के गर्भ में पाया जाने वाला खनिज जो रेत के साथ मिला होता है और वह इसैक्स सफैक्स और नौरफॉक में पाया जाता है (३) कंठ; गला (४) गरदन ।

crag-and-tail क्रैग एण्ड-टेल *n.* एक प्रकार की पहाड़ी अड्डल। जो एक ओर से खड़ी और दूसरी ओर से ढलाव दार होती है ।

cragfast क्रैगफास्ट *adj* पहाड़ की चोटी पर से जो हिल डुल न सके ।

cragged क्रैग्ड *adj* ऊबड़ खाबड़; ऊंचा नीचा ।

cragged ness क्रैग्डनेस *n.* ऊँचा नीचापन; जो हमवार न हो ।

cragginess क्रैगीनेस *n.* जो समतल न हो ।

cragsman क्रैग्समैन *n.* जो चट्टानों पर चढ़ने में कुशल हो ।

craggy क्रैगी *adj* असमतल; ऊबड़ खाबड़ ।

craig क्रेग *n.* another form of the word crag (cliff) used by Scot. क्रैग (चट्टान) शब्द का दूसरा रूप जिसका प्रयोग स्काट ने किया है ।

craigfluke क्रेगफ्लूक *n.* (1) a kind of fish. (2) witch. (१) एक प्रकार की मछली । (२) डाइन; जादूगरनी ।

crake क्रेक *v. t.* (1) (Spenser's usage) to boast. (१) स्पैंसर का प्रयोग-शेखी बघारना ।
v. i. (2) to speak a crake. जङ्गली कौवे की तरह काँव काँव करना ।
n. (3) a wild crow i. e. a raven, a croak; the voice of a corncrake; a corncrake. कौवा; वयस; मेढक; मेढक या कौवे की आवाज; एक प्रकार का मकोड़ा; मकोड़े की आवाज ।

cram क्रैम *v. t.* (*pr. p. cramming*; *pa. t.* and *pa. p. crammed*); (1) to feed with a view to fatten anybody. (2) to stuff. (3) to learn by heart. (4) to overfill or fill to superfluity. (5) to recite false and imaginative tales in a manner that others may believe. (१) मुटापे के विचार से खिलाना । (२) ठूसना; कसकर भरना (३) कण्ठस्थ करना; जबानी याद करना; घोटना । (४) खूब पेट भर कर खाना । (५) मनगढ़त कहानी पर विश्वास करना ।
v. i. (6) to eat greedily. (६) पेटू की तरह खाना ।

crambo क्रैम्बो *n.* शेरबाजी; दोहे का शेर के अन्तिम शब्द को ले कर पूरा दोहा सुनाना; इस प्रकार का खेल ।

crambo-clink क्रैम्बोक्लिंक *n.* rhyming. तुकबन्दी ।

crambo-jingle क्रैम्बोजिङ्गल *n.* rhyming. तुक से तुक भिड़ाना; तुक्कड़ द्वारा रची गई इस प्रकार की कविता ।

crame क्रेम *n.* a place for selling goods and articles. पटरी आदि पर फट्टा लगा कर जहां समान और दूसरा माल बेचा जाता है ।

cram-full क्रैम-फुल *adj.* (also *crammable* क्रैमेबल । also *crammed* क्रैम्ड) (1) whatever has been learnt by heart. (2) that which may be crammed. (3) over stuffed. (१) जिसको कण्ठस्थ किया जाय । (२) कण्ठस्थ करने योग्य । (३) आवश्कता से अधिक ठूंस ठूंस कर भरा हुआ ।

crammer क्रैमर *n.* (1) a lie. (2) one who learns by heart. (१) झूठ । (२) रटने वाला । घोटा लगाने वाला ।

cramoisy क्रैमाजी *adj.* (also *cramesy* क्रैमेजी) *n.* crimson. एक प्रकार का रंग (जैसा सूर्यास्त के समय बादलों में दीख पड़ता है) ।

cramp क्रैम्प *n.* contraction of muscles; restrain; cramp iron. स्नायुओं का सिकुड़ना; संयम; लोहे की छड़ ।
adj. of illegible handwriting which may be hard to decipher; narrow. ऐसा लेख जिसको पढ़ने में बड़ी कठनाई हो; सकड़ा
v. t. to bind with a crampiron; to hamper or confine. दीवार में लोहे की छड़े लगाना जिससे वे सीधी हो सकें; बाधा डालना या बन्द करना ।
bather's cramp: बेदर्स क्रैम्प एक प्रकार का फालिज का रोग जो तैराकों को सताता है ।
writer's cramp: राइटर्स क्रैम्प लेखकों का एक प्रकार का रोग ।

cramp-bark क्रैम्प-बार्क *n.* एक प्रकार का गुलाब का फूल; इसकी छाल जो ओषधि रूप में काम आती है ।

cramp-bone क्रैम्प-बोन *n.* a kind of pot for the sheep. भेड़ों की न्यार आदि खाने की खोर ।

crampet क्रैम्पेट *n.* (also *crampit* क्रैम्पिट) a cramp-iron. लोहे की छड़े जो दीवार मजबूत करने के काम आती हैं ।

cramp-fish क्रैम्प-फिश *n.* (1) a torpedo. (2) an electric ray. (१) तारपीड़ो; जल के भीतर चलने वाला पोत । (२) विद्युत किरण (रश्मि) ।

cramp-iron क्रैम्प-आयरन *n.* लोहे की छड़; लोहे की मुड़ी हुई छड़े जो दीवार के अन्दर मजबूती के लिए भरी जाती है ।

crampon क्रैम्पॉन *n.* एक प्रकार की छड़ी जो पहाड़ों पर बरफ पर और बिजली के खम्बे आदि पर चढ़ने के काम आती है ।

crampy क्रैम्पी *adj.* producing cramp. स्नायु रोग उत्पन्न करने वाली; जिसको स्नायु रोग का असर हो ।

cran क्रैन *n.* a kind of measure for measuring herrings equal to 37½ gallons; this measure is prevalent in Scotland. स्काटलैण्ड देश का एक माप 37½ गैलन भार का जो एक विशेष प्रकार की मछली तोलने के काम आता है ।
coup the cran कूपदीक्रन to upset (Scot's usage) (स्काट का प्रयोग) अस्तव्यस्त करना ।

cranage क्रेनेज *n.* (1) use of crane. (2) the dues paid for the use of this. (१) क्रेन का प्रयोग । (२) क्रेन का इस्तेमाल करने का भाड़ा ।

cranberry क्रैनबेरी *n.* (१) एक प्रकार का फल; इस फल की झाड़ी । (२) एक प्रकार की गुलाब की झाड़ी ।

cranch क्रञ्च *n.* (also *craunch* क्रौञ्च) same as crunch. बरबाद करना ।

crane क्रेन *n.* (1) a kind of bird having long legs; neck and bill. (2) a kind of syphon. (3) a kind of machine for lifting heavy weight. (१) एक प्रकार का पक्षी जिसकी टांगे गरदन और चोंच लम्बी होती है सारस । (२) तेल आदि निकालने का फूल । (३) क्रेन नामक मशीन जो भारी भारी बोझ उठाती है ।
v. t. to pick up with a crane. यन्त्र द्वारा भारी बोझ उठाना ।
v. i. to stretch out the neck. गरदन को बाहर निकालना ।

crane-fly क्रेन-फ्लाई *n.* एक प्रकार की (तिपूला) नामक मक्खी ।

crane-necked क्रेन-नेक्ड *adj.* लम्बी गरदन वाला ।

cranes-bill क्रेन्स-बिल *n.* एक प्रकार का जङ्गली फल ।
water crane वाटर क्रेन रेल के इञ्जन को पानी देने की नली ।

crania क्रेनिया (*n. pl.*) of the word cranium. खोपड़ी; कपाल जिसके अन्दर भेजा होता है ।

craniata क्रेनिएटा *n. pl.* प्राणकर्य विद्या का शब्द; खोपड़ी के हिसाब से पशुओं का विभाजन ।
cranial index क्रेनियल इन्डक्स *n.* the breadth of the skull in section of the length of the whole frame. ढांचे के अनुपात में खोपड़ी की चौड़ाई ।

craniognomy क्रेनियगनॉमी *n.* खोपड़ी की हड्डियों की परीक्षा सम्बन्धी विद्या ।

craniological क्रेनियोलॉजिकल *adj.* खोपड़ी विद्या सम्बन्धी ।

craniologist क्रेनियोलॉजिस्ट *n.* खोपड़ी विद्या में निपुण ।

craniology क्रेनियोलॉजी *n.* (१) एक विद्या जिसके अनुसार मस्तिष्क की गहराइयों को खोपड़ी के वैज्ञानिक अध्ययन द्वारा पता चलेगा । (२) खोपड़ियों का वैज्ञानिक अध्ययन ।

craniometer क्रेनियोमीटर *n.* खोपड़ी मापने का यन्त्र ।

craniometry क्रेनियोमीट्री *n.* खोपड़ी मापक शास्त्र

cranioscopist क्रेनियोस्कॉपिस्ट *n.* खोपड़ी विज्ञान का विशेषज्ञ ।

cranioscopy क्रेनियोस्कॉपी *n.* मस्तिष्क के भीतरी भाग और खोपड़ी का वैज्ञानिक अध्ययन करने वाली विद्या ।

craniotomy क्रेनियोटॉमी *n.* गर्भ शिशु या दूसरे किसी पशु आदि का गर्भ में सिर तोड़ना ।

cranium क्रेनियम *n.* खोपड़ी; कपाल ।

crank क्रङ्क *adj.* (1) brisk. (2) merry. (3) a bend. (4) a whim. (5) a fanciful speech. (6) like by to be upset. (7) a projected arm on the shaft for signal purposes. (8) a faddist. (9) loose. (10) crooked. (11) crabbed. (१) खुश; (२) प्रसन्नचित्त; (३) मोड़; (४) वहम; (५) वक्रोक्ति; (६) जो अस्तव्यस्त हो सके; (७) संकेत करने का हाथनुमा चिह्न; (८) जो किसी नियम में अन्धविश्वास रखता हो । (९) हीन चरित्र का; (१०) शैतान; (११) दुष्ट ।
v. t. to bend and shape like a crank. मोड़ तोड़ कर संकेत के लिए हाथ जैसा बनाना;

इस आकार का बनाना।

crankily क्रैंकिली *adv.* मुड़े हुए रूप में या दुष्टता रूप से।

crankiness क्रैंकीनेस *n.* दुष्टताई; असाधुता; अभद्रता; धूर्तपन।

crankle क्रैंकल *n* मुड़ाई या हेर-फेर (जैसा किसी लोहे की छड़ आदि में होता है); ऐंठना।

crankness क्रैंकनेस *n.* दुष्टताई; अशिष्टता; अभद्रता।

crank-sided क्रैंकसाइडेड *adj.* नाव आदि जो पलटा खा जाने योग्य हो।

cranky क्रैंकी *adj.* शक्की; खब्ती; सनकी; धुन में रहने वाला।

crannog क्रैनॉग *n.* lake dwelling; a fortified palace made in Scotland in side lake. तालबास; एक प्रकार का ताल में बनाया हुआ कोट जो प्रायः स्काटलैण्ड देश में पाया जाता है।

crannied क्रैनीड *adj.* having crannies. जहां दरार हो।

cranny क्रैनी *n.* a secret place; a chink; a crevice; a rent. दरार; छिद्र; रंध्र; मांद।

cranreuch क्रानरुह *n.* (Scot's usage) white frost. (स्काट का प्रयोग) श्वेत पाला।

crants क्रैन्ट्स् *n.* जर्मनी के क्रैंज शब्द से पुष्प माला; माला जिसको मृत कन्या के शव के साथ साथ ले जाकर उसकी समाधी पर टांग देते है।

crap क्रैप *n.* used for the word *crop.* छूंसना।
v. t. is stuff. भरना।

crape क्रेप *n.* a kind of silk fabric; used at the time of mourning. क्रेप नाम का सिल्की कपड़ा; जिसका उपयोग मातम आदि में होता है।

crappit-head क्रैपिट-हैड *n.* (also *heid.*) कॉड मछली के सिर में काली मिर्च; प्याज आदि भर कर बनाया गया एक प्रकार का व्यञ्जन।

crapulence क्रैपुलेन्स *n.* intemperance; sickness of mind and spirit due to excessive drinking. मदहोशी; अधिक शराब पीने के कारण मन व चित्त की अस्वस्थता।

crapulent क्रैपुलेन्ट *adj.* (also *crapulous*) a drink that intemperantes. मदहोश करने वाली मदिरा; खुमार से पीड़ित।

crapulosity क्रैपुलासिटी *n.* intoxication caused due to excessive drinking. अधिक मदिरापान के कारण मदहोशी।

crapy क्रैपी *adj.* having the qualities of a silkfabric known as crape. क्रेप के कपड़े जैसे गुण वाला।

crare क्रेर *n.* (also *crayer*) a vessel used for trading purposes. व्यापार के काम आने वाला जहाज।

crash क्रैश *n.* (1) a noise caused by falling. (2) a fall or destruction. (3) a sound caused by the meeting of two bodies. (4) ending of a commercial undertaking. (१) गिरने का शब्द जैसे बिजली आदि की कड़क से होता है। (२) गिरना या बरबादी। (३) दो चीजों के टकराने की आवाज। (४) व्यापारी कार्य का अन्त होना।
v. i. to land with damages (as an aircraft); to fall with a loud noise; to be agrieved. क्षतिपूर्ण पृथ्वी पर उतरना (जैसे विमान आदि) धड़ाके की आवाज करते गिरना; दुखित होना।
v. t. to dash to pieces. टुकड़े टुकड़े करना।

crash-dive क्रैश-डाइव *n.* तारपीडो का अकस्मात् जल मग्न होना।

crash-proof क्रैश-प्रूफ *adj* जो न टूटे या जिसको क्षति न पहुँचे।

crasis क्रेसिस *n.* (*pl. croses*) (1) mixture of different elements in the body. (2) forming into a dipthong. (१) शरीर रचना में नाना तत्वों जैसे पञ्च भूतों का मिश्रण। (२) संयुक्त स्वर।

crass क्रास *adj.* thick; gross; stupid; empty; dense. गाढ़ा, घना; मिलाजुला; मूर्ख मूर्खराज, बेवकूफ; मूढ़; अज्ञ; अभेद।

crassamentum क्रासमेन्टम *n.* thick part of blood. खून का गाढ़ा भाग।

crassitude क्रासीट्यूड *n.* stupidity; grossness; density. मूर्खता; नासमझी; बेवकूफी; उजड्डपन; घनापन।

crassly क्रासली *adv.* मूर्खता से; नासमझी से; गंवारपन से।

crassness क्रासनेस *n.* बेवकूफी; अनाड़ीपन।

crassulaceae क्रासूलेसी *n. pl.* एक प्रकार का पौधा।

crataegus क्राटीगस *n.* एक प्रकार की झाड़ी।

cratch क्राच *n.* (*n. pl. cratches*) (1) a manger or crib for the cattles which contains fodders etc. (2) swelling of a horse's hoof. (१) ढोर को चारा डालने की खोर (नाँद)। (२) घोड़े के खुर की सूजन।

crate क्रेट *n.* a kind of basket for packing crockery etc. a packing case. चीनी के बर्तन आदि बन्द करने की एक प्रकार की टोकरी; पैक करने की टोकरी।
v. t. to pack in a basket. टोकरी में बांधना

crater क्रेटर *n.* (1) mouth of a volcano. (2) a large bowl for mixing cock-tail wine. (3) a cavity or hole made due to some explosion..(4) a cavity. (१) ज्वालामुखी पर्वत का मुख; (२) कांच का एक बड़ा बर्तन जिसमें मदिरा मिलाई जाती है; (३) विस्फोट के कारण पैदा हुई कोई दरार आदि। (४) दरार।

craterellus क्रेटरलस *n.* एक प्रकार की फफूंद या फूई।

crateriform क्रेट्रीफॉर्म *adj.* (also *craterous*) of the shape of cup. कटोरे के आकार का।

cravat क्रैवट *n.* a kind of neck-cloth introduced in 1636 at Croatians; worn by men. मरदाने प्रयोग का एक गले में पहिनने का एक वस्त्र जो सन् १६३६ में प्रचलन में आया।
v. t. to dress in a cravat. गले में वस्त्र बांधना।

crave क्रेव *v. t.* to beg earnestly; to long for *Crafian* used in Old English. याचना करना चाहना।

craven क्रेवन *n.* a coward and a spiritless fellow. कातर और कायर आदमी।
to cry craven टू क्राई क्रेवन to surrender. हत्यार डालना; जूआ डालना।

craver क्रेवर *n.* a beggar भिखारी; भिक्षा मागने वाला; याचना करने वाला।

craving क्रेविंग *n.* a longing चाह; तीव्र इच्छा; लालसा, उत्कण्ठा।

craw क्रौ *n.* the stomach of animals in general. पशुओं का पेट या उदर।

crawl क्राउल *v. i.* (1) to move slowly on the ground (2) to creep. (3) to move on hands and feet touching the ground (4) to creep stealthily (5) to warp (6) to behave foolishly (१) भूमि पर धीरे धीरे खिसकना (२) रेंगना (३) धीरे धीरे और जमीन से रगड़ा खाते हुए चलना (४) दबे पांव रेंग कर चलना (५) खींचना (३) मूर्खता पूर्ण आचरण करना।
n. (1) a stroke of hand in swimming. an easy pace (3) an act of creeping (१) तैरने में हाथ का मारना (२) मस्तचाल (३) रेंगने का कार्य।

crawler क्राउलर *n.* (1) a caterpillar tractor (2) an object person (3) one who crawls (4) a creeping thing (5) a baby's overall. (१) छोटा ट्रैक्टर (२) मूर्ख आदमी (३) रेंगने वाला (४) रेंगने वाली चीज (५) बैल गाड़ी।

crawling क्राउलिंग *adj* a creeping motion. घिसटन; सरकन; खिसकन।

crawly क्राउली *adj* creepy; having a feeling that one is crawling over one. सरकन; ऐसा अनुभव जैसे कोई खिसक रहा हो।

crax क्रैक्स *n.* एक प्रकार का पक्षी।

crayfish क्रेफिश *n.* (also *crawfish* क्रोफिश) एक प्रकार की मछली।

crayon क्रेयन *n.* (1) a pencil made of clay (2) a drawing done with crayon colours (3) variously coloured drawing (१) खड़िया मिट्टी की बनी हुई पैंसिल (२) इन रंगीन पैसिलों का बना चित्र (३) बहु रंगी चित्र।
v. t. to draw with crayons रंगीन खड़िया की पैंसिल से चित्र बनाना।

craze क्रेज *v. t.* (Milton's usage) to shatter; to cover with fine cracks (as in the case of crockery); to crack; to derange; to weaken. (मिल्टनकवि का प्रयोग) ध्वंस करना; चीनी के बर्तनों पर आये बालों को ठीक ठीक जोड़ना; फोड़ना; उन्मत्त करना; कमजोर बनाना।
v. t. to beeome mad. पागल होना।
n. mania; insanity; fancy; flaw; madness; fad. उन्माद; पागलपन; निश्चिप्तता; मतवाला; उन्मत्त; धुन।

crazed क्रेज्ड *adj* insane. पागलपन; झक; खब्त।

crazily क्रेजीली *adv.* उन्माद रूप से; पागलपन से।

craziness क्रेजीनेस *n.* पागलपन; उन्माद स्थिति।

crazing-mill क्रेजिंग-मिल *n.* शक्ति चालित कारखाना जिसमें टिन नामक खनिज पीसा जाता है।

crazy *केजी adj.* insane; cracked; unsound (of mind); frail; demented; mad. जिसकी विवेक शक्ति नष्ट हो गई हो, बावला; जिसका दिमाग खराब हो गया हो; जीर्ण-शीर्ण; (अशक्त); विक्षिप्त; पागल; उन्मत्त ।

creagh *क्रेह n.* (also *creach*) booty; a raid; a foray. लूटमार, हमला; आक्रमण ।

creak *क्रीक v. i.* to make a sharp grating sound (as is heard when door opens fixed on a hinge.) तेज चरचराहट की ध्वनि करना (जैसे कब्जे लगे हुए दर्वाजे आदि को खोलते बन्द करते समय होती है) ।

n. sharp grating sound. तेज चरचराहट की ध्वनि ।

creakily *क्रीकिली adv.* चरचराहट के स्वर में ।

creaky *क्रीकी adj.* having a sharp grating sound. जिसकी तीव्र चरचराहट जैसी ध्वनि हो ।

cream *क्रीम n.* (1) a kind of fattish (creamy) and oily substance found in milk; which yields butter when churned; the substance that floats on the surface of the milk. (2) the best part of anything. (3) any substance resembling cream as cold cream; vanishing cream etc. used as cosmetic. (१) एक प्रकार का स्नेहपूर्ण और तैल युक्त पदार्थ जो दुग्ध से निकाला जाता है और जो नवनीत बनाने के काम आता है, दुग्ध (दूध) के ऊपर जिस वस्तु की पतली तह जम जाती है; (२) सार; किसी वस्तु का श्रेष्ठतम भाग। (३) क्रीम के रूप जैसा–कोल्ड क्रीम; वैनिशिङ्ग क्रीम इत्यादि जो प्रसाधन सामग्री में प्रयोग में आता है ।

v. t. to produce cream; to treat with cream; to take out the cream from. क्रीम बनाना, क्रीम आदि से आतिथ्य करना; क्रीम निकालना ।

v. i. togather like cream. क्रीम की भांति इकट्ठा करना (जैसा बिलोने के बाद हाथ से करते हैं) ।

incombustiblenss *n.* (also incombustibility) अदाह्यता ।
incombustibly *adv.* अदाह्यता से ।
income *इन्कम n.* profit; revenue; that which comes in. आय, आमदनी; धनागम;

लाभ; राजस्व ।
income, national राष्ट्रीय आय ।
incomer *n.* प्रवेश करने वाला; उत्तराधिकारी; नया निवासी; बारिस ।
income-tax आय-कर ।
income-tax officer आय-कर अधिकारी ।
incoming *adj.* आने वाली; मिलने वाली; *n.* आय; धनागम; आगम; राजस्व ।
incomings *n. pl.* आय; आमदनी; आगम; मालगुजारी ।
incommensurable *-कॉमेन्स्यूरेबल adj.* having no common measure; not comparable with respect to magnitude; unworth of serving as a unit of measurement. अनियमित परिमाण का; असमान; असंमेय; आकार आदि में जिससे तुलना न की जा सके; जिससे कोई तुलना न की जा सके ।
incommensurability *n.* असमानता, असंमेयता
incommensurably *adv.* असमान परिमाण से
incommensurate *adj.* अतुल्य; असमान ।
incommensurately *adv.* अतुल्यता से, असमानता से ।
incommensurateness *n.* असमानता; अतुल्यता
incommiscible *-कॉमिसिबिल adj.* जो आपस में मिलाई (मिश्रित) न जा सके, अमिश्रित ।
incommode *-कॉमोड v.t.* to cause trouble to, to molest; to annoy. कष्ट देना; परेशान करना; घबड़ा देना; पीड़ा देना; क्लेश देना,
incommodious *adj.* असुविधाजनक; पीड़ाकर; दुखदायी; अविस्तीर्ण ।
incommodiously *adv.* अयोग्यता से, अविस्तीर्णता से ।
incommodiousness *n.* अयोग्यता; अविस्तीर्णता
incommunicable *-कॉम्यूनिकेबल adj.* that cannot be communicated to others. अप्रकाश्य; अकथनीय, वर्णन न करने योग्य ।
incommunicableness, incommunicability *ns.* अकथनीयता ।
incommunicably *adv.* अकथनीयता से, वर्णन न करते हुए ।
incommunicative *adj.* uncommunicative भाषणविमुख ।
incommunicatively *adv.* अकथनीयता से ।
incommunicativeness *n.* अकथनीयता ।
incommutable *इनकॉम्यूटेबल adj.* that cannot be exchanged. अपरिवर्तनीय; न बदलने योग्य ।
incommutableness, incommutability *ns.* अपरिवर्तनीयता ।
incommutably *adv.* न बदले हुए; अपरिवर्तनीयता से ।
incomparable *इनकॉम्पैरेबल adj* matchless. अतुलनीय; अनुपम; अपूर्व; अनोखा ।
incomparableness, incomparability *ns.* अपूर्वता, अतुलनीयता अनोखापन ।
incomparably *adv.* अनोखेपन से; अपूर्णता से
incompared *adj.* अनुपम; अनोखा ।
incompatible *इनकॉम्पैटिबल adj.* inconsistent, contradictory; opposite in character; incongruous. असंगत; बेमेल; विरुद्ध अक्षमणीय; स्वभावतः प्रतिकूल; विभिन्न ;असंयोज्य अननुरूप । *n.* असंगत वस्तु; (*in pl.*) विभिन्न वस्तुएं ।
incompatibleness, incompatability *ns* विभिन्नता; असंगतता ।
incompatible *adv.* बेमेल; तरीके से, विभिन्नता से ।
incompetence, incompetency *ns.* अयोग्यता; असामर्थ्य; अक्षमता ।
incompetent *इनकॉम्पेटेन्ट adj.* not competent; not legally qualified; अयोग्य; असमर्थ, अक्षम; अनधिकारी । an incompetent person. अयोग्य व्यक्ति ।
incompetently *adv.* अयोग्यता से ।
incomplete *इनकॉम्पलीट adj.* unfinished; imperfect.अपूर्ण; अधूरा; असमाप्त; खण्डित ।
incomplete combustion अपूर्ण दहन ।
incomplete flower (bot.) असंपूर्ण पुष्प ।
incompletely *adv.* अपूर्णता से ।
incompleteness *n.* (also incompletion) अपूर्णता; असमाप्ति ।
incompliance *इनकॉम्पलॉएन्स n.* refusal to comply. उल्लंघन; अस्वीकृति ।
incompliant *adj.* उल्लंघनीय ।
incomposed *कॉम्पोज्ड adj.* discomposed. क्षुब्ध; व्याकुल ।
incomposite *-कॉम्पोजाइट adj.* simple; ill-constructed. सरल; असंयुक्त ।
incomposite numbers असंयुक्त संख्या; अभाज्यसंख्या ।
incompossible *इनकॉम्पोसिबल adj.* एक काल में न होने वाली ।
incomprehensible *-हेन्सिबल adj.* incapable of being understood; boundless. अचिन्त्य, अगम्य, दुर्बोध; अबोध्य, न समझने के योग्य असीम; अपार ।
incomprehensibleness (also incomprehensibility) *ns.* अगम्यता, असीमता ।
incomprehensibly *adv.* अगम्यता से; दुर्बोधता से; अचिंत्य रूप से ।
incomprehension *n.* अगम्यता; समझने की अगम्यता; अचिन्त्यता ।
incomprehensive *adj.* सीमित; परिमित; अप्रशस्त, अपूर्ण ।
incomprehensiveness *n.* परिमितता, अपूर्णता,
incompressible *इनकॉम्प्रेसिबल adj.* that can not be compressed. न दबाने योग्य, जो सिकोड़ने योग्य न हो ।
incompressibleness (incompressibility) *ns.* न दबने की शक्ति ।
incomputable *कॉम्प्यूटेबल adj.* that cannot be computed. अगण्य, असंख्य, अनिर्णय; गणना न करने योग्य; बे हिसाब ।
inconceivable *-कान्सीवेबल adj.* incomprehensible; that cannot be conceived by the mind, very remarkable, physically impossible. अचिंत्य; अकल्पनीय, अत्युत्कृष्ट; असम्भव; *n.* अकल्पनीय वस्तु ।
inconceivableness (also inconceivability *ns.* अशोच्यता ।अचिन्त्यता ।
inconceivably *adv.* अशोच्यता से; अचिन्त्यता
inconcinnous *कन्सिन्नस adj.* असंगत; असम्ब[illegible] ।
inconcinnity *n.*want of proportion. अनुपपत्ति; असंगतता; अयुक्तता ।
inconclusion *-क्लूजन n.* अप्रमाणता ।
inconclusive *-क्लूसिव adj.* indecisive, indeterminate. अप्रमाण; अनिर्णायक; अपूर्ण; स्थापनाहीन, अनिश्चायक, अनिर्णयात्मक ।
inconclusively *adv.* प्रमाण बिना; अनिश्चयात्मकता से ।
inconclusiveness *n.* अप्रमाणता; स्थापनाहीनता
inconcocted *adj.* अच्छी तरह से न पचा हुआ
incondensable *कन्डेन्सेबल adj.* that can not be condensed. ठोस न करने योग्य ।
incondite *-कॉन्डाइट adj.* irregular; badly constructed; unfinished. भद्दा; विषम; असमाप्त, बुरी तरह से रचा हुआ ।
inconformity *कान्फर्मिटि* dissimilarity. असमानता ।
incongruence *इनकॉग्रूएन्स n.* incongruity. अयोग्यता; विरोध ।
incongruent *adj.* अयोग्य, अपूर्ण ।
incongruity *n.* अनुपपत्ति; अयोग्यता ।
incongruous *adj.* असंगत; असम्बद्ध; अयोग्य अयुक्त; अनुपपन्न; बेमेल ।
incongruously *adv.* विरोध भाव से; अयोग्यता से ।
inconscient *-कान्सिएन्ट adj.* unconscious. अचेत; न जानने वाला; लुप्तसंज्ञ; मूर्छित; बेहोश ।
inconsciently *adv.* अचेतन रूप में ।
inconscious *adj.* अचेत; लुप्तसंज्ञ, मूर्छित ।
inconscionable *adj.* मूर्छित होने योग्य ।
inconsecutive *-कॉन्सिक्यूटिव adj.* अक्रमागत; अनिरन्तर ।
inconsecutiveness *n.* अक्रमागतता ।
inconsequent *-कॉन्सिक्वेन्ट adj.* illogical; irrelevant; disconnected, unrelated; unimportant. अतर्कभाविक; अयुक्तिसिद्ध; असंगत; अप्रस्तुत; अतर्कसंगत; अप्रसंगिक; असम्बद्ध; अनावश्यक ।
inconsequence *-क्वेन्स n.* अन्वाभाविकता; असंगतता ।
inconsequential *adj.* अयुक्त; अतर्कसंगत ।
inconsequentially *adv.* (also inconsequently) सिद्धान्त विरोध से; अस्वाभाविकता से
inconsiderable *-कान्सिडरेबल adj.* not worth noticing; unimportant; of no great size. नगण्य; तुच्छ; मामूली ।
inconsiderableness *n.* नगण्यता; तुच्छावस्था
inconsiderably *adv.* तुच्छ रूप में व से ।
inconsiderate *-रेट adj.* thoughtless; inattentive; not considerate. अविवेकी; प्रमत्त; असावधान; अविचारशील; बिचार शून्य; जल्दबाज ।
inconsiderately *adv.* प्रमाद से; बिना बिचारे; असावधानी से ।
inconsiderateness, inconsideration *ns.* असावधानी; प्रमाद; विचार शून्यता ।
inconsistence *-सटेन्स n.* (also inconsistency) असंगति; विरोध; अस्थिरता; परस्पर-विरोध ।
inconsistency to the extent of यहां तक परस्पर विरोध ।

inconsistent *-टेन्ट adj.* unsuitable; contrary; opposed; self contradictory; changeable. असंगत; परस्पर विरोधी; असम्बद्ध; अस्थिर; प्रतिकूल; विरुद्ध; परिवर्तनीय।
inconsistently *adv.* परस्पर विरोध से; असंगति
inconsolable *-कन्सोलेबल adj.* not to be consoled or comforted. असन्तोषनीय; शोकाकुल।
inconsolableness *n.* शोकाकुलावस्था, असन्तोषनीय स्थिति।
inconsolably *adv.* असन्तोष से; शोकाकुलता से
inconsonance *-नैन्स n.* बेसुरापन।
inconsonant *-नेन्ट adj.* not consonant. बेताल; बेसुरा; बेमेल।
inconsonantly *adv.* बेसुरेपन से।
inconspicuous *इन्कॉन्सपिक्युअस adj.* not conspicuous. अप्रत्यक्ष; ध्यान में न आने योग्य अनुन्नत; अप्रसिद्ध; क्षुद्र।
inconspicuously *adv.* अप्रत्यक्षता से।
inconspicuousness *n.* अप्रत्यक्षता; अनुन्नतता
inconstancy *-इनकॉन्सटेन्सी n.* fickleness. चंचलता, अस्थिरता, परिवर्तनीयता।
inconstant *adj.* fickle; subject to change. चपल; चंचल; अस्थिर, परिवर्त्तनीय, अनियत।
inconstantly *adv.* अस्थिरता से; चपलता से।
inconsumable *-इनकान्ज्यूमेबल adj.* that cannot be consumed. भस्म न होने योग्य; क्षीण न होने योग्य।
inconsumably *adv.* भस्म व क्षीण न होने की अवस्था में।
inconsummate *-कान्ज्यूमेट adj.*incomplete; unfinished. अपूर्ण, असमाप्त।
incontaminate *-कान्टामिनेट adj.* पवित्र; अदूषित।
incontestability *n.* निर्विवादता; अजेयता; अखण्डनीयता।
incontestable *-कान्टेस्टेबल adj.* undeniable; too plain to be called in question; indisputable; incontrovertible. अविवादनीय, निर्विवाद; अजेय, अपरिहार्य; अखण्डनीय, अप्रत्याख्येय।
incontestably *adv.* निर्विवाद रूप से।
incontiguous *-कॉन्टिगुअस adj.* not contiguous. असमीपवर्त्ती; अनिकटवर्त्ती।
incontiguously *adv.* असमीपवर्त्तता से।
incontiguousness *n.* असमीपवर्त्तता।
incontinence *-इन्टिनेन्स n.* (also incontinency) असंयम; व्यभिचार, कामुकता; दुश्चरित्रता।
incontinent *-कॉन्टिनेन्ट adj.* unchaste. असंयत; अपवित्र; अजितेन्द्रिय; कामुक; दुश्चरित्र; असंयमी; विपरीत।
incontinently *adv.* असंयम से।
incontinently, incontinent *adj.* straight way. सीधे तरीके से; सीधे; ठीक सामने से।
incontrollable *-ट्रोलेबल adj.* uncontrollable. दुर्दमनीय; अनियन्त्रित।
incontrollable *adv.* अनियन्त्रणता से।
incontravention *-वेन्शन n.* अप्रतिकूलता।
in contravention of this clear instruction इस स्पष्ट आदेश के विपरीत व प्रतिकूल।
incontrovertibility *-वर्टिबिलिटि n.* अखण्डनीयता; अपरिवर्तनीयता।
incontrovertible *-वर्टिबल adj.* that cannot be converted. निर्विवाद; अखण्डनीय; अकाट्य; अपरिवर्तनीय; अपरिवर्त्य।
incontrovertibly *adv.* निर्विवाद रूप से।
inconvenience *-वीनियेन्स v. t.* to trouble; to incommode. कष्ट देना; असुविधा देना।
inconvenience, inconveniency *n.*असुविधा; कष्ट कर वस्तु।
inconvenient *adj.* अनुपयुक्त; अग्राह्य; असुविधाजनक; कष्टकारक।
inconveniently *adv.* असुविधा से।
inconversable *-वर्सेबल adj.* बातचीत करने के अयोग्य।
inconversant *-वर्सेन्ट adj.* अकुशलता;अप्रवीण; अनिपुण।
inconvertibility *-वर्टिबिलिटि n.* न बदल जाने की स्थिति; अविनिमेयता।
inconvertible *-वर्टिबलadj.* that cannot be changed. अविनिमेय; न बदलने योग्य; अपरिवर्त्य।
inconvertible currency अविनिमेय मुद्रा।
inconvertibly *adv.* अविनिमेयता से।
inconvincible *-वन्सिबल adj.* that cannot be convinced. निर्णय के अयोग्य।
incony, inconie *इन्कोनीadj.* fine, delicate, pretty. सुन्दर, नाजुक, प्रिय।
incoordinate *-कोर्डिनेट adj.* not coordinate. सयोग या मेल के अभाव के योग्य।
incoordination *n.* संयोग या मेल का अभाव।
incoronate *-कॉरोनेट adj.* (also incoronated) crowned. राज्याभिषेक प्राप्त किया हुआ।
incoronation राज्याभिषेक।
incorporate *-कार्पोरेट v. t.* to form into a corporation; to form into a body; to make united. एक संस्था में सम्बद्ध करना; एकाकार करना, संयुक्त करना; सम्मिलित करना; मिलाना; v. t. to unite into one mass; to become one. एक में जम जाना; एकाकार हो जाना; *adj.* united into one body. संयुक्त; एक में मिला हुआ; समाविष्ट।
incorporated *adj.* संस्थापित; संसक्त; संश्लिष्ट
incorporated company सश्लिष्ट समवाय।
incorporating *adj.* (philo.) संघाती; समासप्रधान।
incorporation *adj.* निगमन; संस्थापन; संयोग, संसर्ग; मण्डली।
incorporative *adj.* संस्थापित।
incorporator *n.* संयोजक; संयोग करने वाला; निगमन का सदस्य।
incorporeal *adj.* spiritual. अशरीरी; आत्मा सम्बन्धी, अभौतिक, आध्यात्मिक; निराकरण; अदेह; निरवयव।
incorporealism *n.* अशरीरता; आध्यात्मिकता।
incorporeally *adv.* बिना शरीर के।
incorporeity *n.* अशरीरता; आध्यात्मिकता।
incorpse *इनकार्प्स v.t.* to incorporate. संयुक्त करना; सम्मिलित करना।
incorrect *-कॉरेक्ट adj.* not correct; faulty; improper. inaccurate. अशुद्ध; अयोग्य; अशुद्ध; दोषयुक्त।
incorrectly *adv.* अशुद्धता से।
incorrectness *n.* अशुद्धता।
incorrigibility *-कॉरिजिबिलिटी n.* असाध्यता।
incorrigible *adj.* सुधार के अयोग्य; जिसका सुधार न हो सके; अशोध्य; असाध्य।
incorrigibleness *n.* असाध्यता।
incorrigibly *adv.* असाध्यता से।
incorrosible *-कॉरोसिबल adj.* (also incorrodible) क्षय न होने वाला।
incorrupt *-कॉरप्ट adj.* sound; pure; honest: that cannot be tempted by bribery. पूर्ण, पवित्र, शुद्ध; ईमानदार; जो रिश्वत से विचलित न किया जा सके।
incorruptible *adj.* अशोधनीय; जिसे अपवित्र न किया जा सके; अक्षय; जो न बिगड़ सके; ईमानदार।
incorruptibleness, incorruptibility *n.* शुद्धता; पवित्रता; निर्मलता।
incorruptibly *adv.* पवित्रता से; शुद्धता से।
incorruption, incorruptioness *n.* शुद्धता; पवित्रता।
incorruptive *adj.* शुद्ध; पवित्र।
incorruptly *adv.* शुद्धता से; पवित्रता से।
in course of time समयानुसार; समय पाकर।
incrassate *इनक्रासेट v. t. & v.i.* to thicken. मोटा करना या होना।
incrassate,-d *adj.* मोटा किया हुआ।
incrassation *n.* मोटा; स्थूल।
incrassative *adj.* मोटा किया हुआ।
increasable *इनक्रीज्येबलadj.* वृद्धि करने योग्य
increase *-क्रीज v. t.* to develop; to grow in size; to advance. पुष्ट होना; बढ़ना; उन्नति करना; अधिक होना; वर्धन। *v. t.* to make to grow; to make greater; to extend; to aggravate. बढ़ाना; बड़ा करना; विस्तार करना; फैलाना; वृद्धि करना। *n.* growth; profit; produce. वृद्धि; लाभ; उत्पत्ति;उन्नति; विस्तार; बढ़ाव।
increasefull *adj.* वृद्धिपूर्ण।
increaser *n.* वृद्धि करने वाला।
increasing *n. & adj.* बढ़ाने वाला।
increasingly *adv.* बढ़ती से; वृद्धि से।
increate *इनक्रियेट adj.* uncreated. अनिर्मित
incredible *-क्रेडिबल adj.* beyond belief; unlikely;that cannot be believed. अविश्वसनीय; असम्भव; अविश्वस्त; अप्रमाणभूत।
incredibleness, incredibility *ns.* अविश्वास
incredibly *adv.* अविश्वास से।
incredulity *इनक्रेडूलिटि n.* unbelievableness. अविश्वास; अश्रद्धा।
incredulous *इनक्रेड्यूलस adj.* unbelievable अविश्वास योग्य; शंका युक्त; शक्की; अविश्वासी।
incredulously *adv.* अविश्वास से; शंका से।
incredulousness *n.* अविश्वास; अश्रद्धा।
incremate *इनक्रेमेट v. t.* to burn; to cremate. जलाना; दाह संस्कार करना।
incremation *n.* जलाने की क्रिया; दाह-संस्कार।
increment *इनक्रेमेन्ट n.* an increase; profit. वृद्धि; लाभ। (math.) the finite increase of a variable quantity. उपचय। (rhet.) संख्या अलंकार। (gram.) वृद्धि।
incremental *adj.* वृद्धिप्रद।

increment of value मूल्य-वृद्धि ।
increminate -क्रिमिनेट *v. t.* to charge with a crime or fault; to involve in a charge; to accuse. अभियुक्त करना, दोषी ठहराना; अपराध संस्थापन; अपराधापादन ।
increscent इन-क्रेसेन्ट *adj.* growing. संवर्द्धनशील ।
incriminatory *adj.* दोषी ठहराये जाने योग्य ।
incrust -क्रस्ट *v. t.* to cover with a hard crust; to form a crust. परत चढ़ाना; तह करना; तह चढ़ाना; पर्पटी भवन; पर्पटी आदन ।
incrustation *n.* परत चढ़ाने की क्रिया; पर्पटी ।
inculate -क्यूलेट *v. t.* to sit on eggs to hatch them. अण्डे सेना; *v. i.* to brood. अण्डे सेना ।
incubation *n.* hatching; (med) the period between infection and appearance of symptoms. अण्डे सेने का कार्य; डिम्बीषण; संक्रामक; अवधि; निदान-र्-अवधि ।
incubation-period डिम्बीषण-अवधि; संक्रामक अवधि ।
incubative *adj.* (also in cubatory) अण्डा सेने का ।
incubator *n.* अण्डा सेने का यन्त्र ।
incubus -क्यूबस *n.* (*pl.* incubuses; incubia) a nightmare, devil. भयानक स्वप्न; दुःस्वप्न; भूत ।
inculcate -कलकेट *v. t.* to urge; to enforce उपदेश देना, समझना ।
inculcation -कलकेशन *n.* उपदेश; शिक्षा ।
inculcator उपदेशक; उपदेश या शिक्षा देने वाला व्यक्ति ।
inculcatory (also inculcative *adjs.* शिक्षा या उपदेश सम्बन्धी ।
inculpable इनकल्पेबल *adj.* blameless. निर्दोष; दोषरहित ।
inculpably *adv.* निर्दोषता से ।
inculpate -कलपेट *v. t.* to charge; to blame दोष लगाना; निन्दा करना, अभियोग लगाना; निन्दित करना ।
inculpation *n.* निन्दा; दोष; अभियोग ।
inculpatory *adj.* निन्दासूचक ।
incult इनकल्ट *adj.* (rare) uncultivated. बिना जोता हुआ ।
incumbent -कम्बेण्ट *adj;* lying or resting; leaning over. आश्रित; अवलम्बी; निर्भर । *n.* the holder of a benefice. वृत्ति भोगी; पदधारण करने वाला ।
incumbency -कम्बेन्सी *n.* the holding of an office or tenure. किसी पद का धारण करना; आश्रय; अवलम्ब; निर्भरता ।
incumbently *adv.* आश्रय से; अवलम्बन से ।
incumbent of an office पदधारी ।
incunabula -कुना-बुला *n. pl.* १५०० ईस्वी से पूर्व लिखित पुस्तकें; उद्गम स्थान ।
incunabular *adj.* उद्गम स्थान सम्बन्धी; १५०० ईस्वी से पूर्व लिखित पुस्तक सम्बन्धी ।
incunabulist *n.* १५०० ईस्वी पूर्व की लिखित पुस्तकों का अध्ययन तथा संग्रह करने वाला व्यक्ति
incunabulum *n. sing.* (also incunable.) १५०० ईस्वी पूर्व लिखित पुस्तक ।
incur इनकर *v. t.* (*pr. p.* incurring; *pa. t.* & *pa. p.* incurred.) to become liable to; suffer; to bring on. ऋणी होना; जिम्मेदारी में आ पड़ना; कष्ट उठाना; उत्पादन करना; संघटित करना ।
incurable -क्यूरेबल *adj.* that cannot be cured and corrected. असाध्य; जिसका सुधार न हो सके; *n.* one beyond cure. असाध्य व्यक्ति (रोगी) ।
incurableness, incurability *n.* असाध्यता ।
incurably *adv.* निरूपाय से ।
incurious -क्यूरिअस *adj.* not curious; inattentive; free of care; heedless; careless. अनुत्सुक; उत्सुकताहीन; लापरवाह; अकुतूहली
incuriously *adv.* लापरवाही से; बिना कौतूहल के
incuriousness, incuriosity *n.* कुतूहलता का अभाव, लापरवाही; अनुत्सुकता ।
incurrent -करण्ट *adj.* running; carrying an inflowing current. बहता हुआ; प्रवाहित
incursion -कर्शन *n.* inimical inroad. आक्रमण; चढ़ाई ।
incursive *adj.* उपद्रवी; विप्लव करने वाला; आक्रमणकारी ।
incurvate -कर्वेट *v. t.* & *v. i.* to bend inward. भीतर की ओर मोड़ना ।
incurvate *adj.* (also incurv.) मोड़ा हुआ
incurvation *n.* टेढ़ापन; भीतरी मुड़ाव ।
incurvature *n.* मुड़ा हुआ भाग ।
incurve -कर्व *v. t.* & *v. i.* to curve; to curve in. भीतर की ओर झुकाना; भीतर मोड़ना; टेढ़ा करना, *n.* भीतर की ओर मुड़ा हुआ भाग ।
incurved *adj.* मुड़ा हुआ; भीतर की ओर मुड़ा हुआ ।
incurvity *n.* भीतर को मुड़ने का कार्य ।
incus -कस *n.* मध्यकान की एक अस्थि ।(*pl.* incudes)
incuse -क्यूज़ *v.t.* to stamp.ठप्पा लगाना *adj.* stamped in. ठप्पा किया हुआ *in.* a stamp. ठप्पा ।
Ind इण्ड *n.* (poet.) India. (कविता में प्रयुक्त) भारत ।
indaba -डाबा *n.* राष्ट्र परिषद् की सभा ।
indagate -डैगेट *v.t.* to search out.खोजना; तालाश करना ।
indagation *n.* तलाश; खोज ।
indagative *adj.* खोज करने योग्य ।
indagator *n.* खोजने वाला ।
indagatory *adj.* खोज करने योग्य ।
indebted -डेटेड *adj.* owing money; under obligation. ऋणी; अनुग्राहीत; कृतज्ञ; ऋणबद्ध
indebtedness *n.* (also indebtment) ऋण; ऋणित्व, अधमर्णता; ऋणग्रस्तता ।
indecency -डीसेन्सी *n.* the state of being indecent; indecent expression. अशिष्टता; अश्लीलता; अविनीतता ।
indecent -डीसेन्ट *adj.* improper, unbecoming; immodest; obscene. अविनीत; अशिष्ट; अश्लील; अनुचित; अनुपयुक्त; अभद्र ।
indecently -डीसेन्टली अशिष्टता से, अश्लीलता से ।
indeciduate डीसीड्युएट *adj.* not desiduate. अपतनशील; न झड़ने वाला ।
indeciduous -डीसिड्युअस *adj.* not desiduate. अपतनशील ।
indecipherable -डीसिफ़ैरबल *adj.* that cannot be deciphered. अस्पष्ट अक्षरों का ।
indecision -डिसिज़्न *n.* want of decision or resolution; hesitation. अस्थिरता; अनिश्चयता ; आनाकानी ; सन्देह ; अनिर्णय ; अनिश्चय ।
indecisive -डिसाईसिव *adj.* unsettled; inconclusive. अनिश्चित, अस्थिर; सन्दिग्ध ।
indecisively *adv.* सन्देह से; अस्थिरता से ।
indecisiveness *n.* अस्थिरता ; अनिश्चयता; असन्दिग्धता ।
indeclinable *डिक्लाइनैबल adj.* (gram.) not varied; having no inflections;that canot be declined. अपरवर्तनीय; व्याकरण में अव्यय ।
indeclinably *adj.* अपरिवर्तनीयता ।
indecomposable इनडिकम्पोज़ैबल *adj.* that cannot be decomposed. अभिभाज्य; जिस के भाग न हो सकें ।
indecorous -डेकोरस *adj.* improper; violating good manners; inelegant. अनुचित; अयोग्य; असभ्य; अयुक्त; अशिष्ट; अभद्र ।
indecorously *adv.* असभ्यता से; अशिष्टा से
indecorousness, indecorum *ns.* असभ्य व्यवहार; अशिष्टता; अभद्रता ।
indeed इन्डीड *adv.* in fact; in truth; really.वस्तुत; यथार्थ में;सचमुच;वास्तव में । *interj.* expressing irony or contempt. तिरस्कार सूचक अव्यय; अरे ।
indefatigable इनडेफैटिगेबल *adj.* that cannot be fatigued; untiring. अशिथिल; अश्रान्त अथक; अनथक ।
indefatigableness, indefatigability *ns.* परिश्रम; अत्युत्साह; अशिथिलता ।
indefatigably *adv.* बड़े उत्साह से; परिश्रम से
in default of अभाव में; अनुपस्थिति में ।
indefeasibility इन्डिफिज़िबिलिटी *n.* अत्याज्यता न हटाये जाने की अवस्था ।
indefeasible -डिफीज़िबल *adj.* that cannot be done away with. अखण्डनीय; अपरिहार्य अत्याज्य; जो हटाया न जा सके ।
indefeasibly *adv.* बिना त्यागे हुए; अत्याज्यता से ।
indefectible इनडिफ़ेक्टिबल *adj.* incapable of defect; faultless. निर्दोष; शुद्ध ।
indefensible -डिफेन्सिबल *adj.* that cannot be maintained or justified. अरक्षणीय; न बचाने योग्य ।
indefensibly *adv.* बिना रक्षा के ।
indefinable -डिफाइनेबल *adj.* that cannot be defined. अवर्णनीय; अज्ञेय ।
indefinably *adv.* अज्ञेयता से; बिना वर्णन के ।
indefinite इनडिफाइनाइट *adj.* undefined; unlimited; not fixed;not precise. अनिश्चित; असीम; अपार; अनिर्दिष्ट; अनियत; अनन्त ।
indefinite article (*gram*). a or an. अनिश्चित विषय; संज्ञा से पूर्व प्रयुक्त a व an ।
indefinite integral (math.) अनिश्चित; अकुल अनिश्चित पूर्ण संख्या ।

indefinitely *adv.* बिना सीमा के; अनिश्चित रूपेण; अनियत रूपेण ।
indefiniteness *n.* अनिश्चितता; अनियतता; असीमता ।
indehiscence *इनडेहिसेन्स n.* (bot.) अस्फोटित
indehiscent *-ट adj.* (bot.) अस्फोटी ।
indeliberate *इनडेलिब्रेट adj.* तुरन्त ।
indelible-*डेलिबल adj.*that cannot be blotted out. अमिट; अक्षय ।
indelibleness (also indelibility) *ns.* अमिटता; अक्षयता ।
indelibly *adv.* अमिटता से; अक्षयता से ।
indelicate *-डेलिकेट adj.* unrefined; not delicate. अश्लील; असभ्य, अशिष्ट ।
indelicacy *-डेलिकेसी n.* असभ्यता; अशिष्टता; अश्लीलता ।
indelicately *adv.* असभ्यता से ।
indemnification-*डेम्नफिकेशन n.* the act of indemnifying. हानिपूर्ति; क्षतिपूर्ति; क्षति पूरण हानि से रक्षा; हर्जाना ।
indemnify *-डेम्नफाइ v.t* to protect or secure a man against some loss; to compensate. क्षति पूर्ति करना; हानि-रक्षा करना; निस्तार करना; बदला चुकाना; (*pa.p.* indemnifying; *pa. t & pa. p.* indemnified).
indemnity *-डैम्निटि n.* a legal exemption from penalties. हानि की पूर्ति; जमानत; हर्जाना; क्षतिपूर ।
indemnity, act of क्षतिपूर-विधि; क्षति पूर्ति विधि ।
indemnity-bill क्षतिपूर विधेयक ।
indemnity-bond क्षतिपूर्ति-बंधनामा; हानि-रक्षा पत्र; क्षतिपूरक-प्रतिज्ञापत्र ।
indemonstrability *n.* सिद्ध न किये जाने की अवस्था ।
indemonstrable *-डेम्नस्ट्रेबल adj.* that cannot be demonstrated or proved. जो सिद्ध न किया जा सके ।
indene *-डेन v.t.* कोलतार से प्राप्त हाइड्रो-कार्बन ।
indent *डेन्ट n.*to cut in teeth-like points; to notch; to indenture; to apprentice; to bind by mutual contracts; to requisition; to divide along a zigzag line; to make out a written order with counterfoil for; to impress; to dent or dint. दांतेदार बनाना; परस्पर शर्तनामा करके एक दूसरे को सम्बद्ध करना; प्रतिज्ञा पत्र लिखाना; एकरारनामा करना; सिखानेके लिए नया व्यक्ति भरती करना; पेंचदार रेखा के साथ विभाजित करना; नया परिच्छेद प्रारम्भ करना; मोहर लगाना; छाप लगाना; गड्ढा बनाना; वस्तु मंगाना; *v. i.* to move in a zigzag course; to bargain; to make a compact. पेंचदार तरीके से घूमना सौदा करना; ठूंस ठूंस कर भरना । *n.* a notch an indentation; an order sent abroad; a mark of a blow. दांता, गड्ढा; किनारे या हाशिये पर काटना; वस्तु-सूची; व्यादेश; चोट या घूंसा इत्यादि का चिन्ह ।
indentation *n.* गड्ढा; दांता; पोला ।
indented *adj.* दांता किया हुआ; पोला बनाया हुआ; पेंचदार; टेढ़ामेढ़ा ।
indention *n.*गड्ढा; दांता; किसी पंक्ति के प्रारम्भ करने से पूर्व छोड़ा गया रिक्त स्थान व हाशिया ।
indenture *n.* प्रतिज्ञा पत्र; करार नामा; अनुबन्ध; *v. t.* प्रतिज्ञा पत्र लिखना । अनुबद्ध करना ।
indentured *adj.* अनुबद्ध ।
indentured emigration प्रतिज्ञाबद्ध; प्रवास; अनुबद्ध प्रवास ।
independence *इन्डिपेन्डेंस* the state of being independent; a competency. स्वतन्त्रता; अपरवशता; स्वाधीनता ।
independence day promulgation of independence of a country. किसी राष्ट्र की स्वाधीनता का दिन; स्वाधीनता दिवस; भारत का स्वाधीनता-दिवस १५ अगस्त को हर वर्ष मनाया जाता है ।
independence, declaration of (भारत की) स्वाधीनता की घोषणा ।
independency *n.* स्वाधीनता; स्वतन्त्रता; स्वतन्त्र आय; मुक्ति; अनिर्भरता; सर्वगुण सम्पन्न राज्य ।
independent *इन्डिपेन्डेंट adj.* not depending on others; not sub-ordinate; free; self-reliant; not subject to bias. स्वतन्त्र; स्वाधीन; अनाश्रित; आत्मविश्वासी; दूसरों पर निर्भर न करने वाला, स्वतन्त्र व्यक्तियों से सम्बन्धित; *n.* स्वतन्त्र व्यक्ति; आजाद पुरुष; किसी भी राजनैतिक दल से जिसका सम्बन्ध न हो ।
Independent Labour Party (ब्रिटेन का) स्वतन्त्र मजदूर दल ।
independently*adv.* स्वतन्त्रता से; स्वाधीनतासे
independent party स्वतन्त्र दल ।
independent quantity *n.* (math.) स्वतन्त्र राशि ।
independent unit स्वतन्त्र एकक (इकाई) ।
independent unit characters स्वतन्त्र एकक गुण ।
independent voter स्वतन्त्र मतदाता ।
indescribable *इनडिस्क्राइबैबल adj.* that can not be described. अवर्णनीय; अकथनीय ।
indescribably *adv.* अकथनीयता से; अवर्णनीयता से ।
indescribableness(also indescribability) *ns.* अकथनीयता; अवर्णनीयता ।
indesirable *-डिजारेबल adj.* undesirable. अनिष्ट; नापसन्द ।
indestructible *-डेस्ट्रक्टिबल adj.* that cannot be destroyed. अक्षय; अविनाशी; नाश न होने वाला ।
indestructibleness, indestructibility *ns.* अविनाशता; अक्षयता; अनाश्यता ।
indestructibly *adv.* अविनाशता से; अक्षयता से ।
indetectable *-डेटेक्टैबल adj.* that cannot be detected. (also indectible) अनुसन्धान के योग्य ।
indeterminable *-डेटर्मिनेबल adj.* that cannot be determind. अनियत; जो निश्चित न किया जा सके; निश्चित न होने योग्य; अनन्तता
indeterminableness *n.* अनियतता ।
indeterminably *adv.* अनियतता से ।
indeterminate *-डेटर्मिनेट adj.* not precise; not certain; vague; doubtful. अनिश्चित सन्दिग्ध; अनिर्धृ; अनन्त; जिसकी सीमा निश्चित न हो; जो साफ न हो; द्विधापूर्ण; सन्देहपूर्ण ।
indeterminately *adv.* सन्दिग्धता से ।
indeterminateness, indetermination *ns.* सन्दिग्धता; सन्देह ।
indetermined *adj.* unsettled. असमाप्त; अस्थिर; चंचल; व्यग्र ।
indeterminism *n.* अनियतिवाद ।
indeterminist *n.* अनियतिवादी ।
indew *-डिव v. t.* endue. वस्त्र पहिनाना; देना
index *-डेक्स n.*(*pl.* indexes) a pointer;an alphabetical list; a guiding principle (math.) a symbol denoting a power; (print.) a figure of a pointing hand, used for drawing attention. चिन्ह; सूचीपत्र; प्रदर्शक सिद्धान्त; प्रदर्शक वस्तु; अनुक्रमणिका देशना; ध्यानाकर्षित करने के लिये प्रयुक्त हस्त-चिन्ह; सूची; अनुक्रमणी; घातांक । *v. t.* to provide with an index. सूचीपत्र लगाना; सूचीबद्ध करना ।
index-correction सूचीपत्र-शुद्धि ।
indexer *n.* सूची बनाने वाला व्यक्ति ।
index-error सूचीपत्र-अशुद्धि ।
indexes (also indices) *n. pl.* घातांक ।
indexical *adj.* सूचीपत्र सम्बन्धी ।
index-learning *n.* सूचीपत्र से प्राप्त ज्ञान ।
indexless *adj.* सूचीपत्र रहित ।
index-number देशनांक ।
indexterity - *डेक्सटेरिटि n.* want of dexterity. अहस्तकौशल, अनिपुणता; दक्षता ।
India *इण्डिया n.* Bharat, a country we live in. भारत; भारतवर्ष ।
India colony *n.* भारत-उपनिवेश ।
India, constitution of भारत का संविधान ।
Indian *इण्डियन adj.* pertaining to India. भारत सम्बन्धी; भारतीय; भारतवर्षीय; *n.* a citizen of India. भारतवासी; भारत का नागरिक;
Indian Act भारतीय विधान; भारतीय कानून ।
Indian administration भारतीय शासन प्रबन्ध
Indian Administrative Service भारतीय शासन-राजसेवा ।
Indian chamber of princes भारतीय नरेन्द्र-मण्डल ।
Indian civil service भारतीय नागरिक राजसेवा
Indian club *n.* गदा ।
Indian corn *n.* मक्का; भुट्टा ।
Indian fire *n.* आतिशबाजी ।
Indian hemp *n.* गांजा ।
Indian ink *n.* काजल से बनी देशी स्याही ।
Indianisation *n.* भारतीयकरण ।
Indianise *v. t.* भारतीय बनाना; *v. i.* भारतीय बनना ।
Indianist *n.* भारतीय भाषाओं का विद्वान ।
Indian Medical Service भारतीय चिकित्सा-राजसेवा ।
Indian National Congress भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।
IndianPenalCode भारतीय दण्ड-विधान संहिता
IndianPolice Service भारतीय पुलिस राजसेवा
Indian shawl भारतीय शाल; कश्मीरी शाल ।
Indian Succession Act. भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम ।
Indiaman भारतीय व्यापारिक जहाज ।
Indian summer ग्रीष्म-ऋतु ।
India Office भारत मन्त्री कार्यालय ।

India Rubber *n.* भारतीय रबड़ ।
indicant *इन्डिकेन्ट adj.* indicating. सूचित करने वाला; *n.* that which indicates. सूचित करने वाली वस्तु ।
indicate *इण्डिकेट v. t.* to point out; to show; to suggest; to state briefly. सूचित करना; प्रकाशित करना; बतलाना; दिखलाना; दरसाना; प्रगट करना; (med.) to suggest as suitable treatment. उचित चिकित्सा दर्शाना ।
indicated horse power सूचित अश्व-बल (शक्ति) ।
indication *इण्डिकेशन n.* लक्षण; चिन्ह; प्रदर्शन; देशन ।
indicative *adj.* दर्शक-बोधक; *n.* स्वार्थ सूचक; क्रिया पद ।
indicative mood *n.* स्वार्थ सूचक क्रिया पद ।
indicatively *adv.* निदर्शक रूप से ।
indicator *n.* सूचित करने वाला; निदर्शक वस्तु; देशक ।
indicator-diagram सूचित-चित्र; निर्देशक-चित्र
indicatory *adj.* सूचित करने वाला ।
indict *इण्डिक्ट v. t.* to accuse; to charge with a crime. अपराध या दोष लगाना; आरोप करना ।
indictable *adj.* दोष या अपराध लगाने योग्य ।
indictee *n.* जिस पर दोष या अपराध लगाया जावे; अपराधी, दोषी ।
indictment *n.* अभियोग; कलंक, नालिश अभियोग पत्र ।
indictment, bill of आरोप विधेयक ।
indiction *इन्डिक्शन n.* घोषणा ।
indifference *-फ्रेन्स* (also indifferency) *n.* impartiality. लापरवाही अपक्षपात; निष्पक्षता; negtect अनाशक्ति; उदासीनता; उपेक्षा ।
indifferent *-फ्रेन्ट adj.* तटस्थ; अपक्षपाती; उदासीन; निपेक्ष; बेसरोकार तटस्थ व्यक्ति ।
indifferentism *n.* धार्मिक विषय में समभाव; उदासीनतावाद; व्यक्ति-स्वातन्त्र्यवाद; औदासीन्यवाद; तटस्थतावाद ।
indifferentist *n.* तटस्थतावादी; व्यक्ति-स्वतन्त्र्यवादी ।
indifferently *adv.* बिना पक्षपात के ।
indigence *-जेन्स* **indigency** *-जेन्सी n.* extreme poverty. अति दरिद्रता; दैन्य; दरिद्रावस्था ।
indigene *-जेन adj. & n.* native; aboriginal. आदिमवासी ।
indigenous *-जेनस adj.* native born. स्वदेशीय; स्वदेशोत्पन्न ।
indigenously *adv.* स्वदेशी होते हुए ।
indigent *-जेन्ट adj.* poor; without means. गरीब, दरिद्र; जीविकाविहीन ।
indigest *इन्डाइजेस्ट adj.* not digested. पचने के अयोग्य ।
indigested *adj.* अनपचा; अचिन्तित; पहले से न सोचा हुआ ।
indigestibility *n.* अजीर्णता ।
indigestible *adj.* that can not be digested. अपचनीय; न पचने योग्य ।
Indigestion *n.* अजीर्ण; मन्दाग्नि; अपच ।
indigestibly *adv.* न पचते हुए ।
indigestive *adj.* अजीर्णता करने वाला ।
indign *इण्डिग्न adj.* unworthy; disgraceful. अयोग्य; निगुंण; अधम ।
indignance *इन्डिग्नेन्स n.* indignation. क्रोध; रोष ।
indignant *-न्ट adj.* angry. क्रोधित; कुपित; रोषयुक्त ।
indignantly *adv.* क्रोध से ।
indignation *n.* क्रोध; रोष ।
indignify *v. t.* to disgrace; to treat insultingly. तिरस्कृत व्यवहार करना ।
indignity *n.* अनादर; तिरस्कार; अवज्ञा; निरादर ।
indigo *इन्डिगो n.* a blue dye obtainted from plants; that plant; the plant itself. नील का पौधा; इसका रंग; नील; निनील पादप ।
indirect *-डिरेक्ट adj.* not direct or straight; not straight forward. अप्रत्यक्ष; परोक्ष असरल; कुटिल; वक्र; टेढ़ा मेढ़ा; पेंचदार; अनृजु; व्यवहित ।
indirectly *adv.* कुटिल रीति से; टेढ़ी रीति से; अप्रत्यक्ष रूप से ।
indirectness *n.* कुटिलता; अप्रत्यक्षता ।
indirection *n.*an indirect course. अप्रत्यक्ष उपाय ।
indirect confession अप्रत्यक्ष अपराध स्वीकृति
indirect contempt अप्रत्यक्ष मानहानि ।
indirect election परोक्ष निर्वाचन; अप्रत्यक्ष निर्वाचन ।
indirect evidence अप्रत्यक्ष साक्ष्य ।
indirect object अप्रत्यक्ष उद्देश्य ।
indirect privilege अप्रत्यक्ष; विशेषाधिकार ।
indirect speech अप्रत्यक्ष कथन ।
indirect tax अप्रत्यक्ष कर ।
indiscernible *इन्डिसर्निबल adj.* that cannot be seen. अप्रत्यक्ष; अदृष्टि गोचर ।
indiscernibly *adv.* अप्रत्यक्ष रूप से ।
indiscerptible *-सर्पटिबल* not discerptible पृथक न करने योग्य ।
indisciplinable *लिनेबल adj.*not capable of discipline. अव्यवस्था योग्य; अनुशासन अयोग्य ।
indiscipline *इन्डिसिप्लिन n.* want of discipline. अविनय; अनुशासन का अभाव; अभ्यास तथा अव्यवस्था का अभाव ।
indiscoverable *इन्डिस्कवरेबल adj.*that cannot be discovered. अनुसन्धान-अयोग्य ।
indiscreet *-स्क्रीट adj.* imprudent; injudicious. अविवेकी, अदूरदर्शी ।
indiscreetly *adv.* बिना विवेक के; अदूरदर्शिता से ।
indiscreetness *n.* अदूरदर्शिता ।
indiscrete *-स्क्रेट adj.* not divided into parts or separated. अविभक्त; अविभाजित
indiscretely *adv.* अविभक्तता से ।
indiscreteness *n.* अविभक्तता ।
indiscretion *n.* अविवेक; अविचार ।
indiscriminate *-स्क्रिमिनेट n.* confused; undistinguishable. विशृंखल; मिला जुला; अव्यवस्थित; [illegible] किया हुआ ।
indiscrim[illegible] विवेक से ।
indiscriminating *adj.* (also indiscriminative) अविवेकी ।
indiscrimination *n.* अविवेक; अविचार ।
indispensable *-स्पेन्सैबल adj.* that cannot be dispensed with; absolute necessary. अपरिहार्य; अनिवार्य परित्याग न करने योग्य; अति आवश्यक ।
indispensableness, indispensibility *n.* अति आवश्यकता ।
indispensably *adv.* अवश्य ।
indispose *-स्पोज v. t.* to render unfit; to disincline. विमुख करना; असमर्थ करना; प्रतिकूल करना; अयोग्य करना; अनिच्छुक करना ।
indisposed *adj.* अनिच्छुक; विरुद्ध, किंचित; अस्वस्थ; विमुख; प्रतिकूल ।
indisposedness *n.* अस्वस्थता; विमुखता; प्रतिकूलता; असमर्थता ।
indisposition *n.* अस्वस्थता; अरुचि; अप्रवृत्ति; अनिच्छा ।
indisputable *-प्यूटैबल adj.* certain; unquestionable; beyond dispute. निश्चय; निर्विवाद; निश्चित; जिस का प्रतिवाद न हो सके
indisputableness, indisputability *n.* निर्विवादता ।
indisputably *adv.* बिना विवाद के ।
indissociable *-सोसियेबल adj.* that cannot be dissociated. पृथक करने के अयोग्य ।
indissoluble *-सोल्यूबल adj.*that cannot be violated. अभेद्य; स्थिर ।
indissolubly *adv.* स्थिरता से ।
indissolvable *इन्डिजॉल्वैब्ल adj.*that cannot be dissolved. जो घुल न सके ।
indissuadable *-सूयेडेब्ल् adj.* not to be dissuaded. जिसका निवारण न हो सके ।
indistinct *-स्टिन्क्ट adj.* confused; not clearly defined; obscure. अस्पष्ट; मिला जुला; धुंधला; संकीर्ण ।
indistinctive *adj.* अस्पष्ट ।
indistinctively *adv.* अस्पष्ट रूप से ।
indistinctiveness *n.* अस्पष्टता ।
indistinctly *adv.* अस्पष्टता से ।
indistinctness *n.* अस्पष्टता ।
indistinction *n.* अस्पष्टता ।
indistinguishable *-स्टिंगिंसैब्ल adj.* that can not be distinguished. अपृथक् विचारणीय ।
indistinguishably *adv.* पृथक् विचार न करते हुए ।
indistributable *-स्ट्रिब्यूटैब्ल adj.* that cannot be distributed. जो बांटा न जा सके; बांटने के अयोग्य ।
indite *इन्डाइट् v. t.* to compose or write. रचना करना; लिखना । *v. t.* to compose. रचना करना ।
inditement *n.* रचना ।
inditer *n.* रचना करने वाला ।
indium *-यम् n.* (chem.) a metallic element. नैलातु ।
indivertible *इन्डाइवर्टीब्ल adj.* that cannot be diverted. विमुख न होने योग्य ।
individable *-वाइडैब्ल् adj.* that cannot be divided. अविभाज्य ।
individual *-विड्यूल adj. & n.* single; parti-

cular, of a distinct nature that cannot be divided without the loss of its identity; personal व्यक्ति; व्यक्तिगत; अकेला; व्यक्ति विशेष; अविभाज्य; वैयक्तिक, अकेला।

individual differences व्यक्तिगत मतभेद।

individual freedom व्यक्तिगत स्वतन्त्रता; व्यक्तिगत स्वातन्त्र्य।

individualisation *n.* व्यक्तित्व।

individualise *v. t.* व्यक्तित्व करना।

individualism *n.* व्यक्तिवाद, आत्माभिमान; व्यक्तित्व।

individualist *n.* व्यक्तिवादी।

individualistic *adj.* व्यक्तिवादीय; वैयक्तिक।

individualistic assumption व्यक्तिवादीय मान्यता।

individuality *n.* व्यक्तित्व।

individual judgement व्यैक्तिक निर्णय।

individual liberty व्यैक्तिक स्वतन्त्रता।

individually *adv.* एक एक करके; अलग अलग; व्यक्तिगत रूप से।

individuate *v. t.* व्यक्तित्व करना।

individuation *n.* व्यक्तित्व; सार; व्यक्तिकरण।

individuum *n.* व्यक्ति।

indivisible *-विज़िबल adj.* not divisble. अविभाज्य; अभाज्य; अखण्डय।

indivisibleness, indivisibility *ns.* अविभाज्यता; अभेद्यता; अभाज्यता; अखण्डयता।

indivisibly *adv.* अविभाज्य रूप से।

Indo *इन्डो pref.* in sense of India भारतीय अर्थ में उपसर्ग।

Indo-Chinese *adj.* of or pertaining to Indo-China. भारत-चीन सम्बन्धी अथवा का।

indocile *-साइल* (also indocible.) *adj.* not docile. अशिक्ष्य; जो शिक्षा प्राप्त न कर सके।

indocility *n.* दुर्गमता; स्वच्छन्दता।

indoctrinate *-ट्रीनेट v. t.* to instruct in a doctrine; to imbue with any opinion. सिद्धान्त की शिक्षा देना, विचार प्रतिपादन करना।

indoctrination. *n.* सिद्धन्ता की शिक्षा।

indoctrinator *n.* सिद्धान्त की शिक्षा देने वाला;

Indo-European *-यूरोपियन adj.* भारत-यूरोप सम्बन्धी।

Indo-Germanic *-जर्मनिक adj.* भारत जर्मन सम्बन्धी।

indolence *-लेन्स n.* (also indolency) laziness. आलस्य; अनुद्योग।

indolent *-लेन्ट adj.* lazy; careless; slothful. आलसी; निरुद्योगी; उत्साहहीन।

indolently *adv.* निरुद्योग से; मन्दता से; आलस्य से।

indomitable *-मिटेबल adj.* not yielding. हठी; दुर्जय।

indomitably *adv.* ढिठाई से।

Indonesian *-नेशियन adj.* of or pertaining to Indonesia. इन्डोनेशिया का अथवा सम्बन्धी *n.* a citizen of Indonesia. इण्डोनेशिया का निवासी।

indoor *इण्डोर adj.* situated or carried on within a house. घर के भीतर होने वाला

indoors *adv.* घर के भीतर में।

indorse *v. t.* to endorse. लेख के पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना; दृढ़ करना।

Indra *इन्द्रा n.* the Hindu god of sky and rain. (संस्कृत) आकाश तथा वर्षा का हिन्दू देवता; इन्द्र; इन्द्र देवता।

indraft *-ड्राफ्ट* (also indraught) *n.* चित्रकला की क्रिया; जल की धारा का भीतरी ओर का प्रवाह।

indrawn *-ड्रौन adj.* खींचा हुआ।

indrench *इनड्रेन्च v. t.* to sub-merge in water. पानी में डुबाना।

indubious *-डूबियस adj.* certain. निश्चित; असन्दिग्ध।

indubitable *इन्ड्यूटैबल adj.* that cannot be doubted; certain. असन्दिग्ध; निःसंशय; निश्चित; निःसन्देह।

indubitableness. *n.* असन्दिग्ध, अनिश्चितता।

indubitably *adv.* निश्चय; निःसन्देह।

induce *-यूस v. i.* to previal on; to persuade; to actuate; to produce; to infer. उद्यत करना; उभाड़ना; फुसलाना; बहकाना; उत्पन्न करना; अनुमान करना, व्याप्तिसाधना। *v. i.* to draw inferences. अनुमान करना; आगमन करना।

inducement *n.* आकर्षण; खिचाव; उत्तेजना देने वाली वस्तु; प्रलोभन; प्रोत्साहन; लालच।

inducement, threat or promise साम-दाम-दण्ड; प्रलोभन; तर्जन या प्रतिज्ञा।

inducer *n.* प्रोत्साहन देने वाला।

inducible *adj.* प्रोत्साहन के योग्य।

induced *adj.* प्रेषित; प्रेरित।

induced current प्रवर्तित प्रवाह; उप-प्रवाह।

induced field उपक्षेत्र; प्रेषित क्षेत्र।

induced magnetism प्रवर्तिक चुम्बकत्व।

induct *इन्डक्ट v. t.* to introduce; to install; to put in possession to initiate. नियुक्त करना; परिचय दिलाना; लाना; पदस्थित करना; अधिकार में करना।

inductance *n.* आरम्भ; उपपादन; पदस्थिति; दृष्टान्त; विशेष से साधारण नियम का अनुमान; अन्य पदार्थ के स्पर्श किये बिना बिजली की धारा प्रवाह होने का साधन; प्ररोचन; विशेषादनुमान; विशेषात् सामान्यस्य अनुमानम्; उपगम; आरोह; आगमन।

induction *n.* उपपादकत्व।

inductional *adj.* उपपादन सम्बन्धी।

induction coil आवेश कुण्डली; उपपादन वेष्टनी प्ररोचन कुण्डल।

induction electro magnetic विद्युत् चुम्बकीय प्रेषण; विद्युत् चुम्बक प्रवर्तन।

induction instruments विद्युन्मापक यन्त्र।

induction machine प्रवर्तन यन्त्र।

induction, mathematical गणतीय आगमन

induction motor विद्युत् चालक।

induction regulator विद्युद् नियन्त्रक।

induction, self आत्मप्रवर्तन।

induction stroke आरम्भिक प्रहार।

induction valve प्रवर्तन-द्वार।

induction by the simple enumeration : साधारण गणना द्वारा उपपादन।

inductive *इन्डक्टिव adj.* व्यक्तिमूलक; अनुमान रीति का; उद्गमन; कारणात्मक।

inductively *adv.* अनुमान द्वारा।

inductive method व्याप्तिमूलक रीति।

inductive method in political science राजनीति विज्ञान में व्याप्तिमूलक पद्धति।

indctiveness *n.* अनुमान।

inductive political science व्याप्तिमूलक राजनीति विज्ञान।

inductive politics व्याप्तिमूलक राजनीति।

inductor *n.* अनुमान करने वाला व्यक्ति; प्रवर्तक।

inductor; earth भू प्रवर्तक।

inductor generator प्रवर्तक; बियुत कुण्डली।

inductile *इन् डक्टाइल adj.* not ductile. जो कोमल न हो; अमृदु।

inductility *n.* अमृदुता।

indue *इनड्यू v. t.* to endue. वस्त्र पहिनाना; देना।

indulge *इनडल्ज v. i.* to yield to the wishes of; to allow as a favour; not to restrain; to gratify. अनुग्रह करना; किसी की इच्छानुसार काम करना; प्रश्रय देना; मान लेना; प्रदान करना; न रोकना; प्रसन्न करना; सन्तुष्ट करना। *v. i.* to allow oneself freely. रत होना।

indulgence *n.* (also indulgency) अनुग्रह; क्षमा; कृपा; सन्तुष्ट; अमिताचार; प्यार; दुलार; आसक्ति; प्रमाद; सौम्यका।

indulgence, declaration of सौम्यता की घोषणा।

indulgent *adj.* दयायुक्त; अनुकूल; नम्र; अनुग्रह शील; दयालु।

indulgently *adv.* अनुग्रह से; नम्रतापूर्वक, अनुग्रहपूर्वक।

indulger *n.* अनुग्रह करने वाला।

indumentum *इनड्यमेन्टम n.* बालों का दक्कन

induplicate *-डुप्लिकेट adj.* संलग्न-संवलित

induplication *n.* संलग्नता, संवलितता।

indurate *इनड्यूरेट v. t. & v. i.* to make or become hard. कड़ा करना या होना।

induration *n.* घनीकरण; ठोसपन।

indurative *adj.* घना; ठोस।

indusium *इनड्यूसियम* (bot.) protecting sporangia. बीघोष; बीजाणुधानी।

industrial *इनडस्ट्रियल adj.* relating to industry. औद्योगिक शिल्प सम्बन्धी; व्यवसाय सम्बन्धी।

industrial area औद्योगिक क्षेत्र।

industrial bank औद्योगिक बैंक।

industrial chemist औद्योगिक रासायन।

industrial colonies औद्योगिक उपनिवेश।

industrial combination औद्योगिक संयोग।

industrial committee औद्योगिक समिति।

industrial conference औद्योगिक सम्मेलन।

industrial court औद्योगिक न्यायालय।

industrial crisis औद्योगिक संकट।

industrial democracy औद्योगिक जनतन्त्र।

industrial depression औद्योगिक मन्दी (गिरावट)।

industrial dispute औद्योगिक विवाद।

industrial engineer औद्योगिक इञ्जीनियर।

industrial government औद्योगिक शासन (सरकार)।

industrialisation *n.* उद्योगी करण; उद्योग-विकासन।
industrialism *n.* उद्योगवाद; उद्योग तन्त्र।
industrialist *n.* उद्योगवादी; उद्योगपती।
industrialise *v. t.* उद्योगीकरण करना।
industrially *adv.* औद्योगिक रूप में।
industrial matter औद्योगिक विषय।
industrial organisation औद्योगिक संगठन।
industrial revolution औद्योगिक क्रान्ति।
industrial syndicate औद्योगिक संघ (सिन्डीकेट)।
industrial unrest औद्योगिक अशान्ति।
industrial welfare-work औद्योगिक हितकारी कार्य; औद्योगिक सुधार कार्य।
industriously *adv.* परिश्रम से; उद्योग से।
industry *इन्डस्ट्री n.* economic activity. उद्योग; परिश्रम; कार्यप्रवृत्ति; व्यवसाय; उद्योग-धन्धा; अध्यवसाय; वाणिज्य शिल्प।
industry, armament आयु-उद्योग।
industry, aviation विमान उद्योग।
industry, chemical रसायन-उद्योग।
industry, construction निर्माण-उद्योग।
industry department उद्योग-विभाग।
industry, electrical बिजली उद्योग; विद्युत-उद्योग।
industry, general सामान्य उद्योग।
industry, munitions गोल-बारूद-उद्योग।
industry, oil तैल उद्योग; पैट्रोल उद्योग।
industry, paper कागज निर्माण उद्योग।
industry, ship-building पोत-निर्माण-उद्योग
industry, textile वस्त्र-निर्माण-उद्योग।
indwell *इन्डिवेल v. i. & v. t. (pa. p.* indwelling; *pa. t. & pa. p.* indwelt) to dwell or abide in. रहना; निवास करना; भीतर रखना; सर्वदा उपस्थित रहना।
indweller *n.* निवासी; रहने वाला।
indwelling *adj.* भीतर रहने वाला; *n.* भीतर रहने वाला व्यक्ति।
inearth *इन-अर्थ v.t.* to inter. गाड़ना; दफनाना।
inebriant *-एब्रियण्ट adj.&n.* intoxicating. नशेवाला।
inebriate *-ऐब्रियट v. t.* to make drunk मतवाला करना; मदिरा पिलाना; *adj.* intoxicated. मतवाला; मदिरा पीये हुए; *n.* a drunk person; शराबी; शराब पीने वाला व्यक्ति।
inebriated *adj.* उन्मत्त; मतवाला।
inebriation, inebriety *ns.* intoxication. नशा।
inebrious *adj.* मतवाला; उन्मत्त।
inedible *-ऐडिबल adj.* unfit to be eaten. न खाने योग्य; अभक्ष्य; अखाद्य।
inedited *-ऐडिटेड adj.* not edited; unpublished. प्रकाशित न किया हुआ; असम्पादित।
ineducable *-ऐद्यूकेबल adj.* incapable of education. शिक्षा के अयोग्य।
ineffable*ऐफेबल adj.* inexpressible; that cannot be described. अवर्णनीय; अकथनीय।
ineffableness *n.* अवर्णनीयता, अकथनीयता।
ineffably *adv.* अवर्णनीयता से, अकथनीयता से
ineffaceable *इनऐफेसेबल adj.* that cannot be effaced or rubbed out न हटाने या मिटाने योग्य।
ineffaceably *adv.* बिना मिटाये या हटाये।
ineffective *इनएफेक्टिव adj.* useless; not effective; inefficient. निष्फल; व्यर्थ; निरर्थक; अकारथ।
ineffectively *adv.* वृथा।
ineffectiveness *n.* विफलता; निष्फलता।
ineffectual *adj.* निष्फल; व्यर्थ; निरर्थक; अकारथ।
ineffectuality *n.* (also effectualness.) विफलता; निष्फलता।
ineffectually *adv.* निष्फलता से।
inefficatious *इनेफिकेशस adj.* ineffective, useless. असमर्थ; निरर्थक; निष्फल; व्यर्थ।
inefficaciously *adv.* वृथा, निष्फलता से।
inefficacy *n.* अशक्ति; असामर्थ्य।
inefficiency *n.* असामर्थ्य।
inefficient *adj.* अयोग्य; निष्फल; अनिपुण, अदक्ष; निकम्मा।
inefficiently *adv.* निष्फलता से।
inelaborate *इनएलाबोरेट adj.* unlaboured; simple. बिना परिश्रम किया हुआ; सरल।
inelaborately *adv.* बिना परिश्रम के।
inelastic *इनऐलास्टिक adj.* not elastic; not yielding. स्थापकत्व हीन; जो लचीला न हो; अनुरोध शून्य।
inelasticity *n.* स्थापकत्व हीनता।
inelegance *इनऐलेजेन्स n.* (also inelegancy want of gracefulness or refinement. अलालित्य; अशिष्टता; अभद्रता।
inelegant *adj.* अप्रशस्त; अश्लील; अशिष्ट; अभद्र; भद्दा; बदसूरत।
inelegantly *adv.* अश्लीलता से।
inelegibility *इनऐलिजिबिलिटि n.* the state or quality being in eligible. अग्राह्यता; अयोग्यता; अपात्रता।
inelegible *-बल adj.* not qualified for election; not suitable for choice; unsuitable. अपात्र; अयोग्य; अग्राह्य।
inelegibly *adv.* अपात्रता से; अयोग्यता से; अग्राह्यता से।
ineloquence *इनऐलोक्वेन्स n.* वाकपटु हीनता।
ineloquent *adj.* वाकपटु हीन; अवाग्मी।
ineluctable *-ऐलक्टेबल adj.* not to be escaped from. जो बच न सके।
inerrable *-ऐरेबेबल adj.* in capable of being narrated or told. अकथनीय; अवर्णनीय।
inept *-ऐप्ट adj.* unfit; not expert; out of place; unsuitable absurd; void. अनुपयुक्त; अनुपयोगी; अयोग्य; अनुचित; अदक्ष; मूर्ख; अवैध।
ineptitude (also ineptness) *n.* अनुपयुक्तता; अयोग्यता; अवैधता।
ineptly *adj.* अयोग्यता से।
inequable *-इक्वेबल adj.* not equable; changeable. परिवर्तनीय।
inequality *-लिटि n.* want of equality or uniformity; irregularity; difference; inadequa... ...ss; an uneven place. विषमता; असमानता, साम्याभाव; भेद; अन्तर; असादृश्य; भिन्नता।
inequitable *-इक्विटेबल adj.* unfair; unjust. न्यायविरुद्ध; अधार्मिक; अनुचित; अन्यायपूर्ण; न्यासगत।
inequitably *adv.* न्यायविरुद्धता से।
inequity *n.* न्याय विरुद्धता; अनुचित कार्य, अन्यायता; पक्षपात; विषमता।
ineradicable *-ऐराडिकेबल adj.* not able to be rooted out. जड़ से हटाने के अयोग्य।
inerasable *-ऐरासेबल* (also inerrasible) *adj.* impossible to erase. खुरचने या मिटाने के अयोग्य।
inerm *इन-अर्म adj.* unarmed; without thorns. बिना हथयार वाला; बिना कांटों का।
inerrable *-ऐरेबल adj.* incapable of erring. जो गलती न कर सके।
inerrancy *n.* गलती से छुटकारा।
inerrant *adj.* बिना गलती वाला।
inert *इनर्ट adj.* without inherent power; passive; chemically inactive; sluggish; lazy. निर्व्यापार; निश्चल; गतिहीन; आलसी; शक्तिहीन; सुस्त।
inertia *n.* आलस्य; जड़ता, शक्तिहीनता; निश्चलता; अप्रवृत्ति।
inertly *adv.* निश्चलता से; जड़ता से, मन्दता से
inertness *n.* मन्दता; आलस्य; जड़ता।
inerudite *-ऐरूडाइट adj.* not erudite. अपण्डित; पाण्डित्यहीन।
inescapable *-ऐस्केपेबल adj* inevitable. न भागने योग्य; अनिवार्य।
inesculent *ऐस्क्यूलेण्ट adj.* inedible. अभक्ष्य; खाने के अयोग्य।
inessential *-एसेन्शैल adj.* not essential ; not necessary; immaterial. अनावश्यक।
inestimable *ऐस्टिमैबल adj.* that cannot be estimated or valued priceless. अमूल्य; अनर्घ्य; जिस का अनुमान या हिसाब न हो सके।
inestimably *adv.* अमूल्यता से।
inevitable *-ऐविटेबल adj.* unavoidable. अनिवार्य; आवश्यक; अवश्यम्भावी; अत्याज्य; अपरिहार्य।
inevitableness, inevitability *n.* अशुद्धता; अयथार्थता; अतथ्यता।
inevitably *adv.* अवश्य; अनिवार्य रूप में।
inexact *-इग्जेक्ट adj.* not exact; inaccurate. अशुद्ध; अतथ्य असमान।
inexactitude, inexactness *n.* अशुद्धता;अयथार्थता; अतथ्यता।
inexactly *adv.* अशुद्धता से।
inexcitable *-इग्साइटेबल adj.* not excitable जो उत्तेजित न किया जा सके।
inexcusable *-एक्सक्यूजेबल adj* that cannot be excused or pardoned;unjustifiable; unpardonable. अक्षम्य।
inexcusableness, inexcusability *ns.* अक्षम्यता।
inexcusably *adv.* अक्षम्यता से।
inexecutable *-ऐक्सिक्यूटेबल adj.* that cannot be executed; carried out. जो पूर्ण न किया जा सके; कृत्य करने के अयोग्य।
inexercise of power अधिकारों के उपयोग में

inexhausted *-एग्जाॅस्टेड adj* unexhausted. जो क्षीण न हो सके; जो खर्च न किया जा सके; अविध्वंसनीय।
inexhaustibility *n.* अविध्वंसिता; अक्षयता।
inexhaustible *adj.* अक्षय, प्रचुर; अधिक; अनन्त; विपुल; अविध्वंसी।
inexhaustibly *adv.* अक्षयता से; प्रचुरता से।
inexhaustive *adj.* अक्षय; प्रचुर; विपुल।
inexistence *-एग्जिस्टेन्स n.* non-existence; inherence. अभाव; सत्ता का न होना; संलग्नता; निहितता।
inexistent *adj.* जिस की सत्ता न हो।
inexorable *-एक्सॉरेबल adj.* unyielding, unrelenting. निष्ठुर; कठोर चित्त; आराध्य; अननुनेय।
inexorableness, inexorability *n.* आराध्यता; निष्ठुरता।
inexorably *adv.* आराध्यता से।
inexpansible *एक्सपैन्सिबूल adj.* that cannot be expanded. जिस का विस्तार न हो सके; अविस्तारीय।
inexpectant *-एक्टेन्ट adj.* not expectant. आशाहीन।
inexpectancy *n.* आशाहीनता।
inexpedience, inexpediency *ns.* अयोग्यता; अनुचितता।
inexpedient *-इक्सपीडिएन्ट adj.* not expedient; unfit, improper. अयोग्य, अनुचित; असुविधा जनक।
inexpediently *adv* अयोग्यता से।
inexpensive *-एक्सपेन्सिव adj* not costly. सस्ता; अधिक खर्च न करने के योग्य।
inexpensively *adv.* सस्ते में।
inexpensiveness *n.* सस्तापन।
inexperience *-एक्सपीरिएन्स n.* want of experience अनभिज्ञता; अनुभव की कमी; अनुभव का अभाव।
inexperienced *adj.* अनभिज्ञ; अनुभवहीन।
inexpert *-एक्सपर्ट adj.* unskilled. अकुशल; अनिपुण; अदक्ष।
inexpertness *n.* अकुशलता; अदक्षता
inexpiable *-एक्सपियबल adj.* that cannot be expiated प्रायश्चित से पवित्र न करने योग्य।
inexpiableness *n.* प्रायश्चित से पवित्र करने की अयोग्यता।
inexplicable *एक्सप्लिकबल adj.* that cannot be explained. अव्याख्य; व्याख्या करने के अयोग्य; जिस की व्याख्या न हो सके।
inexplicableness, inexplicability *ns.* अव्याख्यता।
inexplicit *-एक्सप्लिसिट* not clear. अस्पष्ट; अनिश्चित
inexpressible *एक्सप्रेस्बल adj.* that cannot be expressed; undescribable. अकथनीय; अवर्णनीय।
inexpressibly *adv.* अवर्णनीयता से।
inexpressive *adj.* अकथनीय; अवर्णनीय।
inexpressiveness *n.* अकथनीयता, अवर्णनीयता
inexpugnable *-एक्सपग्नेबल adj.* unassailable. जो आक्रमण के अयोग्य हो।
inextended *-एक्स्टेन्डेड adj.* not extended; without extension. अविस्तारी; जिस का विस्तार न हो सके।
inextensible *adj.* अविस्तारीय।
inextension *n.* अविस्तारीयता।
inextenso (*L.*) at full lenght. पूरी तरह से
inextinguishable *ऐक्स टिङ्क्विशेबल adj.* that cannot be quenched. जो बुझाया न जा सके
inextricable *-एक्सट्रिकेबल adj.* that cannot be united or extricated. जो सुलझाया या जोड़ा न जा सके।
in extrimis (*L.*) at the point of death. मरने के निकट; मरणासन्न।
infact *-फैक्ट n.* तथ्यतः।
infall *-फॉल* नदी का संगम; संगम।
infalliable *-बल adj.* incapable of error; inevitable. अभ्रान्त; आवश्यक; निश्चित; अचूक।
infallibilist *n.* अभ्रांतिवादी।
infallibility *n.* certainty. अभ्रान्ति; निश्चय
infallible *adv.* अभ्रान्त से।
infame *-फेम v. t.* to defame. बदनाम करना
infamise *v. t.* (also infamonise) to make infamous. कलुषित करना; अपकीर्ति करना।
infamous *-फैमस adj.* of ill repute; producing infame; shameful. बदनाम; अकीर्तिकर; कुत्सित, निन्दापूर्ण; लज्जाजनक।
infamously *adv.* अपकीर्ति से।
infamy *n.* बदनामी; अपकीर्ति; कुत्सिता; जनापवाद; निकृष्ट कार्य; दुर्वृत्ति।
infancy *-फैन्सी n* state of being an infant; the first state of anything. बाल्यावस्था; शिशुकाल; आरम्भ की अवस्था; शैशवावस्था।
infant *-फैन्ट n.* (*fem.*) infanta) राजकुमार।
infant school शिशु पाठशाला।
infanticidal *-फैन्टिसाइडल adj.* शिशुहत्या सम्बन्धी।
infanticide *-फैन्टिसाइड n.* the murder of a child; one guilty of a child murder. शिशुहत्या, शिशु घातक।
infantile *-फैन्टाइल adj.* बाल्यावस्था सम्बन्धी शैशव।
infantine *adj.* शिशुसम्बन्धी।
infantile-paralysis शिशुपक्षाघात।
infantry *-फैन्ट्री n.* पैदल सेना; पदाति; पैदल; सिपाही।
infatuate *इनफैटयूएट v.t.* to make foolish; to make excessively fond of; to infuse with excessive passion for; to stupefy. बुद्धि नाश करना; उन्मत्त करना; मूर्ख बनाना; मुग्ध करना; जी जान से आसक्त करने वाला, विमूढ़ करना। *adj.* foolish मूर्ख।
infatuation *इनफैटयूएशन n.* मोह; मूढ़ता।
infaust *-फॉस्ट adj.* unlucky; ill-omened. हतभागा
infeasibility *-फिजिबिलिटि n.* असाध्यता; दुष्करता।
infeasible *-बल adj.* not feasible. असाध्य; दुष्कर।
infect *-फ्रक्ट v. t* to fill with disease germs; to corrupt the atmosphere; to poison, to imbue. संक्रामक रोग लगाना; भ्रष्ट करना; दूषित करना; वातावरण को दूषित करना; विषपूर्ण करना।
infected *adj.* दूषित; भ्रष्ट।
infection *इनफक्शन n.* संक्रमण; स्पर्श रोग।
infectious *adj.* संक्रामिक; संक्रामक।
mean-born *-बोर्न n.* नीचे वंश में उत्पन्न व्यक्ति

meander *मीएडर n.* a winding course; perplexity. घुमावदार पेचीदा रास्ता; उलझन। *v. t.* to be intricate. उलझन वाला होना।

meandered *-मीन्डर्ड adj.* घुमावदार रास्तों का

meandering *मीएडरिङ्ग n.* (also meandrian, meandrous) winding. चक्करदार या घुमावदार बनाना।

meanly *मीनली adv.* नीचता से।

meanness *-नस n.* नीचता।

mean-spirited *-स्पिरिटेड adj.* नीच प्रवृति का।

mean-spiritedness *-नस adj.* नीच प्रवृति।

meant *मेण्ट v. t.* past tense of mean. अर्थ हुआ।

mean-time *मीन-टाइम v. & n.* (also mean while). बीच का समय; इसी बीच में।

mease *मीज n.* (also maze, maize, maise) a tale of 500 herrings. पानसौ मछलियों की एक प्राचीन कथा।

mease *मीज v. t.* to mitigate. कम करना।

measle *मीज्ल n.* a tapeworm larva. एक प्रकार के कीड़े का लारवा।

measled *मीज्ल्ड adj.* (also measly) of an infectious fever accompanied with red spots on skin. चेचक; खसरा अथवा छोटी माता से ग्रस्त या सम्बन्धित।

measles *मीजल्स n.* चेचक; छोटी माता; शीतला;

measliness *n.* शीतला रोग।

measurable *मेज़रेबल adj.* moderate; that can be measured. सीमित; नापने योग्य।

measurableness *-नस n.* नापने योग्य होने का गुण।

measurably *-बली adv.* in a limited degree. नाप मे।

measure *मेज़र n.* standard; size; an instrument for finding out the extent of anything; proportion; moderation; restraint; limit; extent; an enactment or bill; a unit of verse; a dance. परिभाषा; आकार; नाप; भाग, मिता चार; बाधा; सीमा; लम्बाई चौड़ाई; विधेयक अथवा अधिनियम; छन्द; एक प्रकार का नृत्य। *v. t.* to show the dimension of; to proportion. मापना; भाग करना; चिह्नित करना। *v. i.* to take measurement; to be of the stated size. माप लेना; कथित आकार का होना।
out of measure : परिभाषा से अधिक।
hard measures : कड़ा व्यवहार।
in a measure : किसी हद तक।
in some measure : अल्प मात्रा मे।
measure one's length : लम्बा लेट जाना।
measure strength : खुले रूप मे झगड़ा करना
measure swords : तलवार से लड़ना।
short measure : वायदा की हुई रकम मे कम।
take measures : किसी कार्य करने का उपाय करना।
take one's measure. किसी की अपनी योग्यता का अनुमान लगाना।
tread a measure : नृत्य करना।
without measure : अन्धाधुन्ध खर्च करना।
within measure : संक्षेप मे।
tape measure :नापने का फीता।
measure of capacity : मात्रा; प्रमाण।
made to measure : नाप से बना हुआ।
greatest common measure : महत्तम समापवर्तक।
beyond measure : अत्याधिक।

measured *मेज़र्ड adj.* परिमित; नपा हुआ।

measuredly *-ली adv.* परिमित रूप में।

measureless *-लस adj.* बिना सीमा का।

measurement *-मेण्ट n.* परिमित प्रमाण; नाप।

measurer *मॅज़रर n.* नापने वाला।

measuring *मेज़रिङ्ग n.* नापने का कार्य्य।

mesuring rod *-रॉड n.* (also measuring tap) नापने का दण्ड या फीता।

measuriug worm *-वार्म n.* एक प्रकार का टिड्डा

meat *मीट n.* the flesh of animals eaten as food; for food thought; मांस; सोचने की सामग्री।
meat biscuits: मांस के बने बिस्कुट।

meat eater *-ईटर n.* मांस-भक्षक।

meat-fly *-फ्लाई n.* एक प्रकार की मांस में अण्डे देने वाली मक्खी।

meath-meathe *-मीद n.* a kind of liquor एक प्रकार का पेय पदार्थ।

meatiness *मीटीनॅस n.* मांसलता; मांसयुक्तता।

meatless *-लॅस adj.* बिना मांस का।

meat-man *-मॅन n.* हलाल किया हुआ मांस बेचने वाला; कसाई।

meat- market *-मार्केट* मांस बेचने की दुकान।

meat offering ऑफरिंग *n.* यहूदियों मे पिसा हुआ आंटा और फलों का चढ़ावा।

meat-pie *पाई n.* मांस का समोसा।

meat safe सेफ *n.* मांस सुरक्षित रखने का स्थान

meat salesman *सेल्समॅन n.* मांस का बड़ा व्यापारी।

meatscreen *स्क्रीन n.* मॉस को पकाने के लिए नीचे रखने की लोहे की चादर।

meat-tea *-टी n.* मांस के साथ पीने की तेज चाय

meat-tub *-टब n.* मांस के टुकड़े डालने की नांद।

meatus *मीटस n.* a canal or passage. नहर या रास्ता।

meaty *मीटी adj.* मांस से युक्त।

meawes *मीव्ज n.* a way of escape through hedge झाड़ियों मे से बच निकलने का रास्ता; *v.t.* to escape through hedge. झाड़ियों मे से बच निकलना।

meazel *मीज़ल n.* a leper. कोढ़ी।

mebos *मीबॉस n.* salted dried apricots. नमक लगाकर सुखाई हुई खुबानी।

mechanic *मकेनिक n.* a skilled worker; a handicraftsman. कारीगर; शिल्पकार; मिस्त्री।
mechanical powers यन्त्र की प्रारम्भिक वस्तुएं पुली; लीवर इत्यादि।
mechanical tissues यह रेशा जो पौधों को खड़े होने की शक्ति देता है।
mechanics' institute ऐसी संस्था जिसमें यन्त्र विद्या सिखाई जाती है।

mechanisation of the army: सेना का यंत्रीकरण।
mechanical drawing . परकार इत्यादि की सहायता से बना हुआ चित्र।
mechanical *-ल adj.* यन्त्र सम्बन्धी; यन्त्र द्वारा बनाया हुआ; शारीरिक बल से किया हुआ; शिल्प सम्बन्धी।
mechanically *मकेनिकली adv.* यन्त्र की तरह से
mechanician-*शियन n.* a machine maker, one skilled in the art of repairing machines. यन्त्र बनाने वाला यन्त्र की मरम्मत करने वाला।
mechanics *-स n.* मशीन बनाने की विद्या; यंत्र विज्ञान; गति विज्ञान।
mechanise *-नाइज v. t.* to make mechanical. यन्त्र युक्त बनना।
mechanism *-निज्म n.* यन्त्र विज्ञान; सब तरह के यन्त्र; यन्त्र की बनावट।
mechanist *-निस्ट n.*यन्त्र बनाने या सुधारने वाला कारीगर।
mechanistic *मकेनिस्टक adj.* कारीगर से सम्बन्धित।
mechanistically *मकेनिस्टकली adv.* कारीगर के रूप में।
meconate *-नेट n.* a salt of acid obtained from poppy. पोस्त से बनाए गए तेजाब का क्षार।
meconic *-मेकानिक n.* an acid obtained from poppy. पोस्त से बनाया गया एक प्रकार का तेजाब।
meconin *-निन n.* अफीम में पाया जाने वाला एक रासायनिक पदार्थ।
meconium *-नियम n.*बच्चे के जन्मकाल के समय निकला हुआ स्त्री के अन्दर का मैल।
medaewart *मेडीवार्ट n.* a kind of tall fragrant plant. एक प्रकार का बड़ा सुगन्धित पौधा
medal *मॅडल n.* a coin struck in memory of an event or person; a reward of merit; ancient coin. तमगा; पदक; गुण का पुरस्कार; पुराना सिक्का।
medallic *मडैलिक adj.* पदक से सम्बन्धित।
medallion *-लियन n.* एक प्रकार का बड़ा पदक।
medallist *-स्ट n.* पदक प्राप्त व्यक्ति; पदक बनाने वाला।
meddle *मॅडल v. i.* to disturb; to interfere to act officiously. विघ्न डालना; बाधा डालना; ढीठता से काम करना।
meddler *-र n.* विघ्न डालने वाला।
meddlesome *मॅडलसम adj.* हस्तक्षेप करने वाला
meddlesomeness *मॅडलसमनेस n.* विघ्न; हस्तक्षेप।
meddling *मॅडलिंग n.* दूसरे के कार्य में हस्तक्षेप करना।
media *मीडिया n.* (*pl.* medium) agency. साधन; हेतु।
mediacy *मेडीएसी n.* state of being in the middle. बीच में होने की स्थिति।
mediaeval *-ईवल adj.* (also medieval) relating to Middle Ages. मध्यकाल का; मध्यकालीन।
mediaevalism *-लिज्म n.* the spirit of Middle Ages. मध्यकाल की प्रचलित रीतियां।
mediaevalist *-लिस्ट n.* मध्यकालीन कला तथा इतिहास का वेत्ता।
mediaevally *-ली adv.* मध्यकालीन रीति से।
medial *मीडियल adj.* intermediate; occuring within the word; pertaining to an average. मध्य में का; मध्यवर्ती; शब्द के अन्दर ही, औसत का सामान्य।
medially *-यली adv.* औसत दरजे से; मध्य रूपमें
Mede *मीड n.* a member of Indo-German people fused with Persians. भारत और जर्मनी की मिलवां नस्ल जो फारस के रहने वालों में लिप्त हो गई।
median *मीडियन adj.* placed in the middle. माध्यिक; मध्य स्थिति; बीच में रखा हुआ; *n.* a straight line supposed to divide the body longitudinally into two equal parts. मध्य रेखा।
median *-यन adj.* pertaining to Medes and their language. भारत और जर्मनी के लोगों की मिश्रित जाति, मीड से सम्बन्धित।
medianly *-ली adv.* माध्यिक रूप में।
mediant *-यण्ट n.* an appelation given to the third above the key-note. सरगम में मध्यम सुरङ्ग।
mediastinal *-एस्टिनल adj.* pertaining to the space between right and left lung. दांए और बांए फेफड़े के बीच के स्थान से सम्बन्धित
mediastinum *-नम n.* दांए और बांए फेफड़े क बीच का स्थान।
mediate *-एट adj.* middle; intervening. मध्य; मध्यस्थ; *v. i* to intervene; to intercede; to act as a medium. मध्यस्थ होना; बीच में पड़ना; *v. t.* to affect by mediation. मध्यस्थ बनकर किसी झगड़े का फैसला करना।
mediately *मीडिएटली adv.* दूसरों के द्वारा; मध्यस्थ रूप में।
mediateness *-नेस n.* मध्यस्थ होने की स्थिति।
mediation *मीडिएशन n.* interposition. मध्यस्थता; बीच बचाव।
mediatisation *-एटाइजेशन n.* the act of mediating. छोटी रियासत का बड़ी रियासत में मिलाने का कार्य।
mediatise *-एटाइज v. t.* to cause to act through a subordinate agent; to annex a smaller state into a large neighbouring state. किसी दूसरे अभिकर्त्ता द्वारा काम करवाना; छोटी रियासत को पास की बड़ी रियासत में मिलाना।
mediative *-एटिव adj.* उपरोक्त कार्य से सम्बन्धित।
mediator *-एटर n.* मध्यस्थ; बीच बचाव करने वाला व्यक्ति।
mediatress *-एट्रेस n.* (also madiatrix) बीच बचाव करने वाली स्त्री।
medic *मेडिक adj.* medical. चिकित्सा सम्बन्धी *n.* a physician; a medical student. चिकित्सक, चिकित्सा सीखने वाला विद्यार्थी।
medical *-कल adj.* pertaining to medicine or the art of curing diseases; tending to cure. औषधि तथा चिकित्सा करने के ढंग से सम्बन्धि; रोग दूर करने वाला; आरोग्य कारी।
medical certificate : रोग प्रमाण-पत्र।
medical leave : रोगावकाश।
medical practitioner : चिकित्सक जीवी।
medical jurisprudence : वैद्यक या डाक्टरी का कानूनी विज्ञान।
medical science : चिकित्सा-शास्त्र; आयुर्वेद।
medically *-कली adv.* चिकित्सा विज्ञान के अनुसार।
medicament *मेडिकामॅण्ट n.* रोग हटाने वाली औषधि।
medicamental *-कमेन्टल* **medicamentary** *कामेन्टरी adj.* औषधि सम्बन्धी।
medicamentally *-कामेन्टली adv.* औषधि के रूप में।
medicaster *-कास्टर n.* ढोंगी वैद्य।
medicate *-केट v. t.* to treat with medicine. औषधि देना।
medicated *-केटेड adj.* औषधि युक्त।
medication *-केशन n.* औषधि प्रयोग।
medicative *मेडिकेटिव adj.* आरोग्यकर।
medicinable *-सिनल adj.* औषधि में प्रयोग की जाने वाली, आरोग्यकर; औषधि के समान, औषधि सम्बन्धी।
medicine *-सिन n.* any substance used as a remedy for disease; a drug; the science of prevention and cure of diseases. रोग दूर करने वाला पदार्थ; औषधि; दवा; चिकित्सा शास्त्र। *v. t.* to treat or cure by medicine. औषधि देकर इलाज या चिकित्सा करना।
medicine-ball *-बॉल n.* व्यायाम के लिए फेंका जाने वाला लोहे का गोला।
medicine-bottle *-बॉटल n.* दवा रखने की बोतल।
medicine-chest *-चेस्ट n.* औषधि रखने की आलमारी।
medicine-dropper *ड्रापर n.* दवाई डालने का साधन।
medicine-man *-मॅन n.* स्याना; जादूगरनी, नीम हकीम।
medick *मेडिक n.* lucerne. एक प्रकार का पौधा जिसे पशु चाव से खाते हैं।
medico *-को pref.*denoting doctor. 'डाक्टर' सूचक एक उपसर्ग। *n.* a doctor चिकित्सक, डाक्टर।
medico-legal *-लीगल adj.* relating to the application of medicines to question of law. कानूनी मसलों में औषधि का सम्बन्ध।
medieval *-ईवल adj.* of middle Ages. मध्याकालीन।
medio *मीडिओ pref.* denoting the meaning of middle 'मध्य' अर्थ वाला एक उपसर्ग
mediocre *-ओकर adj* ordinary, of middle quality. मामूली, बीच के दर्जे का।
mediocrity *-ओक्रिटी n.* समान्यता; उदासीनता
Medise, Medism *मीडाइज; -डिज्म n.* जर्मनी और भारत की मिश्रित नस्ल से सम्बन्धित।
meditate *मेडीटेट v. t.* to dwell on anything in thought; to turn or revolve any subject in the mind. ध्यान लगाना; किसी विषय को मन ही मन चिन्तन करना, *v. t.* to intend; to think on. संकल्प करना; किसी विषय पर सोचना।
meditate the muse कविता करना।

meditated *-टेटड adj.* ध्यान लगाकर सोचा हुआ
meditation *-टेशन n.* ध्यान, चिन्तन; गहरी चिन्ता।
meditative *-टिव adj.* विचार मग्न, ध्यान-निमग्न; चिन्तनशील।
meditatively *-टिवली adv.* ध्यान से।
meditativeness *-नेस n.* विचारमग्नता; ध्यान-निमग्नता; चिन्तनशीलता।
meditator *-टेटर n.* ध्यान करने वाला।
mediterranean *-टेरेनियन adj.* surrounded by or in the midst of land; situated in the middle of the earth; inland. चारों ओर से पृथ्वी से घिरा हुआ; पृथ्वी के बीच में, भूमध्य; आभ्यन्तरिक।
Mediterranean Sea *-सी n.* भूमध्यसागर।
medium *मीडियम n. (pl.* media and mediums) the middle; a middle course; a mean between two extremes; a state of moderation. an agency. मध्य; बीच का रास्ता; औसत; सामान्य; धैर्य; माध्यम; *adj.* intermediate; mean; average. मध्य का सामान्य, औसतन।
circulating medium मुद्रा; रुपये; नोट; इत्यादि
mediumistic *-स्टिक adj.* अध्यात्मिक माध्यम द्वारा।
medius *-यस n.* the middle finger. बीचवाली उंगली।
Medjidie *मजीदी n.* a Turkish order of knighthood. तुर्की की एक पदवी या खिताब।
medlar *मेडलर n.* a small tree with fruits like apple. सेव के पेड़ के समान एक वृक्ष।
medley *-ले n.* a confused mass; a kind of song made up of scraps of different songs. मिश्रण; खिचड़ी; कई पदों के टुकड़े का मिश्रण करके बनाया हुआ गीत।
Medoc *मादोक n.* an excellent French wine. फ्रांस की एक बढ़िया मदिरा।
medulla *मेड्यूला n.* marrow; pith; marrow of the spine. मज्जा गूदा; वृक्षादि का गूदा; रीढ़ की हड्डी के भीतर की मज्जा।
medullate *मेड्यूलेट adj.* (also medullated) मज्जा युक्त।
medulla-oblogata *-ओब्लांगेटा n.* मस्तिष्क का वह भाग जो रीढ़ की हड्डी से मिलता है।
medullary ray *-लारी रे n.* लकड़ी इत्यादि में से गुजर सकने वाले किरणों के समान जीवाणु।
medullary sheath *-शीथ n.* पेड़ के गूदे के चारों ओर पतली झिल्ली।
medusa *-सा n.* साप जैसे वालों वाली देवी।
medusan *मेड्यूसन adj.* relating to jelly fishes. एक प्रकार की झिल्लीदार मछलियों से सम्बन्धित।
medusiform *-सिफॉर्म adj.* झिल्ली वाली मछली के आकार का।
medisoid *मेडीसाइड adj* सांप के बाल वाली देवी के समान।
meed *मीड n.* wages; reward तनख्वा; मजदूरी, पारितोषिक।
meek *मीक adj.* mild of temper, submissive. विनम्र; विनीत, मृदु।
meeken *मीकन v. t. & v. i.* to render or become meek. विनीत करना, या होना।
meekly *मीकली adv.* नम्रता सहित।
meekness *-नेस n.* नम्रता; विनय।
meerkat *मीरकट n.* a monkey. एक प्रकार का बन्दर।
meerschaum *मेरशम n.* a fine light whitish clay. एक प्रकार की सफेद हल्की खड़िया।
meet *मीट v. t.* to come face to face; to find; to encounter; to receive. पाना; मुठभेड़ होना; ग्रहण करना; *v. i.* to come together; to gather; together; to have an encounter. एकत्र होना; मिलना; साक्षात होना; *adj.* fitting; qualified. उपयुक्त; गुणयुक्त; *n.* a meeting of huntsmen; an assembly for racing. शिकारियों की सभा; दौड़ के लिए एकत्रित हुए लोग।
meeting house : सभा-भवन विशेषतः विद्रोहियों का।
race meeting ; कथित घुड़दौड़ की घटना।
not easy to meet with : दुर्लभ।
give the meeting : द्वन्द युद्ध के लिए समय निश्चित करना।
meet half way : समझौता करना।
meet in with : साक्षात होना।
to meet the eye : शीघ्र दिखाई देने वाला; शीघ्र सत्यता का मालूम होना; देख पड़ना।
to meet with : भेंट होना।
well met एक प्राचीन अभिनन्दन करने का वाक्य
meeting *मीटिंग n.* an interview; an assembly; a crowd; session. भेंट; सभा; अधिवेशन।
meetly *मीटली adv.* fittingly. उपयुक्तता से।
meetness *-नेस n.* योग्यता।
mega *मेगा pref.* denoting bigness; in names of units; a million. बहुत बड़ा दिखाने तथा एक लाख संख्या के अर्थ वाला उपसर्ग
megacephalous *-सेफलस adj.* large headed. बड़े सिर वाला।
megacycles *-साइकलज n.* a million cycles. एक लाख साइकलस या घेरे।
Megacra *मेजीरा n.* a Fury. राक्षस।
megafarad *-फैरड n.* विद्युत शक्ति की एक लाख इकाई।
magafag *-फॉग n.* धुन्ध के बारे में बताने वाला एक यन्त्र जिसमें कई लाउडस्पीकर कई तरफ लगे होते है।
magalith *-लिथ n.* a larg stone. एक बड़ा पत्थर।
megalithic *मेगेलीथिक adj.* बड़े पत्थर या चट्टान से सम्बन्धित।
megalomania *-लोमेनिया n.* mania for big things. बड़े कार्य करने के लिए पागलपन या धुन
megalomaniac *-मेनियाक adj.* उपरोक्त पागलपन या धुन से सम्बन्धित।
megaphone *-फोन n.* a large speaking trumpet. एक बड़ा बोलने का यन्त्र; लाउडस्पीकर
megaron *-रन n.* प्राचीन यूनानी सभ्यता में एक यूनानी के घर का बड़ा कमरा।
megascope *-स्कोप n.* आकृति को बड़ा दिखाने का यन्त्र।
megilp *मेगिल्प n.* a vehicle used by oil painters consisting of linseed-oil and varnish. रङ्गसाजों तथा चित्रकारों द्वारा काम में लाया जाने वाला रंग जिसमें अलसी का तेल और वार्निश मिला होता है।
megrim *मेग्रिम n.* a kind of headache confined to one side of the head. आधासीसी का दर्द; अधिकपारी।
meinie; meiney *मीनी n.* a retinue. अरदली
meionite *मीएनाइट n.* a kind of mineral with less sodium. कम सोडियम वाला एक खनिज पदार्थ।
meiosis *माईओसिस n.* कोई अक्षर छोड़कर उच्चारण करना।
meistersinger *मीस्टर सिन्जर n.* चौदहवीं ईसवी में गाकर मांगने वाले जर्मनी के भिखारी।
meith *मीथ n.* a landmark; a boundary. सीमा; हद; सीमा चिन्ह।
Mejlis *मजलिस n.* the Persian parliament. फारस देश का संसद।
mekometer *मेकोमीटर n.* a form of range finder. दूरी या फासला नापने का एक प्रकार का साधन।
melanaemia *मेलइनीमिया n.* the presence of black particles in the blood. रक्त में काले रंग का पदार्थ होने की बीमारी; रक्त में धीरे धीरे विष फैलने का रोग।
melancholia *-नकोलिया n.* a kind of mental depression. उदासी।
melancholiac *-कोलिएक adj.* (also melancholic) उदासी से सम्बन्धित।
melancholious *-लियस adj.* विषादयुक्त; हताश
melancholy *-कली n.* dejection, depression of spirit. उदासी; हतोत्साह।
melange *मलैन्ज्ह n.* a mixture; a medley. मिश्रण; खिचड़ी।
melanic *मिलैनिक adj.* of black or dark colour. काले रंग या चमड़ी का।
melanin *मिलैनिन n.* a dark pigment in hair; skin etc. बाल तथा त्वचा का काला रंग
melanism *-निज्म n.* blackness of colour. त्वचा अथवा चमड़े का कालापन।
melanistic *-निस्टिक adj.* चमड़े के कालेपन से सम्बन्धित।
melanite *मिलेनाइट n.* a precious stone of dark colour. एक प्रकार का कीमती काली मणि
melano *-नो n.* a person or animal abnormally dark. अत्यधिक काला मनुष्य या जानवर।
Melanochori *-नोक्रॉय n.* a race with pale skin and black hair. पीले रंग का चमड़ा और काले बाल वाली मनुष्यों की नस्ल।
melanochroic-क्रॉइक, melanochroous *-क्रूस adj.* उपरोक्त नस्ल से सम्बन्धित।
melanophore *-फोर n.* बालों तथा त्वचा के काले रंग वाले जीवाणु।
melanosis *-सिस n.* शरीर की त्वचा का अत्याधिक काला होना।
melanuria *-न्यूरिया n.* मूत्र में काले रंग के जीवाणु आने का रोग।
melanuric *-रिक adj.* उपरोक्त रोग से सम्बन्धित
melaphyre *-फायर n.* एक प्रकार की काले रंग की चट्टान।
meld *मेल्ड v. t. & v. i.* to announce; to declare. घोषणा करना; प्रगट करना।

melder *मेल्डर n* the quantity of meal ground at one time एक समय में जितना खाना चबाया जा सकता है उसकी मात्रा।
melee *मेले n* a confused fight affray लड़ाई, दंगा।
melia *मेलिया n* a genus of nim tree नीम के पेड़ की एक श्रेणी।
meliaceous *-एशियस adj* pertaining to a genus of mahogany tree महोगिनी के वृक्ष की श्रेणी से सम्बन्धित।
melic *-क adj* to be sung गाया जाने वाला
melilite *-लाइट n* a honey coloured yellow mineral with calcium, aluminium and magnesium silicate एक प्रकार का शहद के समान पीले रंग का खनिज जिसमें चूना, रेत, मेगनेशिया और एलीमोनिया होता है।
melilot *-लॉट n* a plant with yellow fragrant flowers एक प्रकार का पीला फूल वाला सुगन्धित पौधा।
melinite *-नाइट n* a kind of explosive एक प्रकार का स्फोटक पदार्थ।
meliorate *-ओरेन्ट v t & i* to make or grow better उन्नति करना अथवा बहतर बनाना, अच्छा होना।
melioration *n* उन्नति, सुधार।
meliorative *-ओरेटिव adj* उन्नति सम्बन्धी, सुधारक।
meliorator *-ओरेटर n* उन्नति करने वाला सुधारक।
meliorism *-रिज्म n* प्रकृति का यह सिद्धान्त कि हर वस्तु इस तरह की बनी हुई है कि उसमें सुधार किया जा सकता है।
meliorist *-रिस्ट n* उपरोक्त सिद्धान्त में विश्वास करने वाला।
meliority *-रिटी n* उन्नति करने अथवा सुधार करने का गुण।
meliphagous *-फ़ैगस adj* feeding upon honey पैदा करने वाला, मधु पर निर्वाह करने वाला।
mell *मेल n* a heavy wooden hammer मुद्गरी, लकड़ी का हथौड़ा।
mellay *-मले n.* a melee लड़ाई, दंगा।
melliferous *-फ़रस adj* मधु पैदा करने वाला।
mellification *मेलीफ़िकेशन n.* मधु उत्पन्न करने का कार्य।
mellifluence *-फ़्लुएन्स n.* a flow of sweetness. मधुरता, मधुर भाषण मीठापन।
mellifluent *-फ़्लुअन्ट adj* (also mellifluous) मीठी; मधुरभाषी।
mellifluently *-ली adv* (also mellifluously) मधुर रूप में, मधुरता से।
mellitic *-मेलीटिक adj* pertaining to honey stone. मधु (शहद) के रंग के खनिज से सम्बन्धित।
mellitite *-टाइट n* (also mellivorous) honey stone. मधु की तरह की पीले रंग की एक खनिज।
mellow *मेलो adj* soft and ripe, matured genial, intoxicated मुलायम तथा पका हुआ; पका हुआ; मधुर; प्रफुल्ल, मतवाला *v t* to soften by ripeness, to mature पका कर कोमल करना, पकाना; *v i* to be matured, to become soft. पका हुआ होना; कोमल होना।
mellowly *-ली adv.* मधुरता से।
mellowness *मैलोनेस* कोमलता; परिपक्वता, मधुरता।
mellowy *-ई adj* पका हुआ मधुर।
melocoton, melocotoon *-कॉटन* (also malakatoone, melicotton) a large kind of peach. एक प्रकार का बड़ा शतालू।
melodeon *-डिअन n.* a small reed organ. एक प्रकार का सुरीला वाद्य यन्त्र।
melodic *मेलोडिक adj* containing melody सुरीला।
melodics *-क्स n* the branch of science dealing with the laws of music. संगीत-स्वर विज्ञान।
melodious *-अस adj.* सुरीली; मधुर।
melodiously *-ली adv.* मधुर स्वर में।
melodiousness *-नस n* सुरीलापन।
melodise *v t.* to make melodious. सुरीला करना।
melodist *-डिस्ट n* a singer of melodies सुरीला संगीत गाने वाला।
melody *मेलोडी n* a tune; music, song, sweetness of sound लय, सुर, संगीत; सुर-माधुर्य।
melodrama *ड्रामा n* a kind of romantic and sentimental drama रोंगटे खड़े करने वाला नाटक।
melomania *मेलिया n* craze for music, संगीत के लिए पागलपन, संगीत का शौक।
melomaniac *-आक adj* संगीत के लिए पागलपन से सम्बन्धित।
melomanic *मेलमेनिक adj* संगीत के लिए मतवाला।
melon *मेलन n* a kind of gourd फूट, तरबूज।
musk melon खरबूजा।
melt *मेल्ट v t.&v i* toreduce from solid to liquid by heat; to liquify; to fuse, to dissolve; to soften by a kindly influence, to blend, to become tender गर्मी पहुँचाकर पिघलाना, द्रवीभूत करना; तरल करना; गलाना, विनम्रता से कोमल करना, मिश्रित करना; विनम्र होना।
to melt away पिघल कर लुप्त हो जाना।
to go to the melting pot बदल जाना।
meltable *-बल adj.* पिघलाने योग्य।
melting *मेल्टिंग adj & n* पिघलता हुआ; गलता हुआ।
meltingly *-ली adv* पिघले हुए रूप में।
meltingness *-नस n.* पिघलने का गुण।
melting point *-पॉइंट n.* किसी ठोस पदार्थ के पिघलने का तापमान।
melting pot *मेल्टिंगपॉट n* पदार्थों को पिघलाने का पात्र।
meltith *-थ n.* a meal, a cows yield at one milking भोजन; गाय का एक समय में निकला हुआ दूध।
melton *मेल्टन n* a strong cloth for overcoats. ओवरकोट (बड़े कोट) का एक प्रकार का मजबूत कपड़ा।
member *मेम्बर n* one of a society, a representative in a legislative body, a limb of an animal, a part of whole. सभासद, सदस्य; विधान सभा का सदस्य, अंग प्रत्यंग।
members of the committee of courses in agriculture कृषि विज्ञान पाठ्यक्रम समिति के सदस्य।
members of the committee of courses in Biology जीव विज्ञान पाठ्यक्रम समिति का सदस्य।
membes of the committee of courses in logic : तर्क शास्त्र पाठ्यक्रम समिति के सदस्य
membered *मेम्बर्ड adj.* अङ्ग प्रत्यङ्ग युक्त।
membership *-शिप n.* सदस्यता।
membral *मेम्ब्रल adj.* हाथ पैर आदि से सम्बन्धित।
membrane *मेम्ब्रेन n.* a thin tissue covering; the inner parts of the body झिल्ली परदा।
membraneous *-नियस -शियस -नस adj* (also membranaceous, membanous). उपरोक्त झिल्ली सम्बन्धी।
memento *मिमेण्टो n.* (*pl* mementos or mementoes) a suggestion to awaken memory. याद दिलाने के लिए दिया गया सुझाव, स्मरण के लिए चिह्न।
memo *मेमो n* a memorandum स्मृति-पत्र।
memoir *मेमायर n* a biographical sketch; proceedings of a society, an essay; a memorial account. संक्षिप्त जीवनी; समाज की कार्यवली, प्रबन्ध, वृतान्त।
memoirism *-रिज्म n* जीवनी लिखने की कला या कार्य।
memoirist *-रिस्ट n.* जीवनी लेखक।
memorabilia *-बीलिया n.* note-worthy points; things worth remembering. स्मरण रखने योग्य बातें।
memorable *-बल adj.* worthy of being remembered; very inportant. स्मरणीय; अति आवश्यक।
memorably *-ब्ली adv.* स्मरणीय रूप में।
memorandum *-रंडम n.* (*pl.* memorandums, memoranda) something to be remembered; a note to assist the memory; a brief note of any transaction; a summary of the state of questions. याद करने लायक विषय; स्मृति-पत्र; स्मारक लिपि; उपपत्र, राष्ट्रीय सम्बन्धी पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची।
memorative *apj.* स्मरण शक्ति सम्बन्धी, स्मरण शक्ति बढ़ाने में सहायता करने वाली।
memorial *मेमोरियल n.* that which preserves memory; a record, a written statement of facts, memory, a monument. *adj.* intended to preserve the memory of anything. स्मारक; स्मृति चिन्ह· अभिलेख; प्रार्थनापत्र, यादगार, कीर्ति-स्तम्भ। स्मृति रक्षक।
Memorial Day अमरीका के स्वतन्त्रता संग्राम में शहीद हुए लोगों की स्मृति का दिवस।
memorialise *-लाइज v t.* to commemorate निवेदन पत्र देना।
memorialist *-लिस्ट n.* प्रार्थना पत्र देने वाला
memoria, technica *-रिया-टेकनीका n* स्मरण शक्ति बढ़ाने का विज्ञान।
memorise *-राइज v. t.* to get by heart, to commit to memory कंठस्थ करना।

memoriter *-राइटर adv* by heart कंठस्थ; याद किया हुआ।

memory *मेमोरी n.* recollection, remembrance, the faculty in man to remember. धारणा; यादगार; स्मरण शक्ति।

Memphian *फ़ियन adj.* pertaining to the ancient capital of Egypt. मिश्र की प्राचीन राजधानी से सम्बन्धित।

mem-saheb *-साहेब n.* a word used by Indians for ladies who copy western manners. पश्चिमी संस्कृति की नक़ल करनेवाली महिलाओं के लिए उपयोग करने का एक भारतीय शब्द।

men *मेन n.* plural of man बहुत से मनुष्य।

menace *मिनेस v. t.* to threaten; to hold out threats; धमकाना; डराना *n.* a threat. धमकी; बिभीषिका।

menacing *-सिंग adj.* धमकाने वाला।

menacingly *सिङ्ग्ली adv.* धमकाते हुए।

menage *मिनेज n.* household arrangement an arrangement for selling in instalment गृहस्थी का प्रबन्ध; किश्तों पर माल बेचने का प्रबन्ध।

menagerie *मिनेजरी n.* a place for keeping wild animals. जंगली पशुओं को रखने का स्थान।

mend *मेन्ड v. t* to correct; to improve; to grow better; to regain health, to repair. सुधारना; उन्नति करना; स्वास्थ सुधारना मरम्मत करना।
to mend one's pace शीघ्र उन्नति करना।
to mend one's ways. आदत सुधारना।
on the mend: उन्नतिशील।

mendacious *मेन्डेशियस adj.* lying असत्य बोलने वाला, झूठ बोलने वाला।

mendaciously *-ली adv.* असत्य रूप में।

mendacity *-सिटी n.* असत्यता; झूठ, मिथ्या भाषण।

mender *मेन्डर n.* a repairer सुधारने वाला।

mendicancy, mendicity *-केन्सी, -सिटी ns* beggary. भिक्षावृत्ति।

mendicant *केन्ट adj.* begging मांगने वाला। *n.* a beggar भिक्षुक; भिखारी।

mending *मेन्डिंग n.* the act of repairing सुधारने का कार्य्य।

menhaden-*हेडन n.* an oily fish एक प्रकार की मछली जिस का तेल निकाला जाता है।

menhir *हीर n.* an ancient monumental standing stone. एक प्राचीन समाधि का पत्थर का स्तम्भ।

menial *-नियल adj.* pertaining to work of humiliating nature; low, servile भृत्य सम्बन्धी तथा नीच कर्म सम्बन्धी; नीच; ओछा। *n.* a domestic servant दास; नौकर।

meningeal *मनिञ्जियल adj.* pertaining to membranes enveloping brain and spinal chord. रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क के उपर की झिल्ली से सम्बन्धित।

meningitis *टिस n.* inflammation of the membranes covering the brain and spinal chord. मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के ऊपर की झिल्ली की सूजन की बीमारी।

meningocele *सील n.* उपरोक्त झिल्ली पर सिर के ऊपर की ओर फोड़ा हो जाने की बीमारी।

meninx *मेनइनक्स n.* (*pl.* meninges) रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क के ऊपर की झिल्ली।

meniscus *कस n pl* (menisci) a crescent shaped figure दूज के चांद के आकार की बनी हुई आकृति।

menology *-लॉजी n.* a register of Saint's days especially of the Greek Church. युनानी गिरजाघरों में सन्तों के उत्सव मनाने के दिवसों की सूची या रजिस्टर।

menominee *-मिनी n.* a kind of white fish. एक प्रकार की श्वेत रंग की मछली।

menopause-*पाउज n.* the ending of menstruation. मासिकधर्म बिलकुल बन्द हो जाना।

mensal *मेन्सल adj.* (also mensual) monthly मासिक, महावारी।

mense *मेन्स n.* ornament, credit आभूषण; सम्मान; *v.t.* to set off something. आभूषित करना।

menseful *-फुल adj* respectable; gracious. प्रतिष्ठित, आदरणीय; दयालु, सुन्दर।

menseless *-लेस adj* uncivil, graceless. अशिष्ठ; असभ्य; गुणहीन; दुश्चरित्र।

menses *-सीज n.* the monthly discharge from the uterus. स्त्रियों का मासिकधर्म, रजस्वला होना।

Menshevik *-विक n* the member of Russian socialist party. रूस के समाजवादी दल का सदस्य।

menstruate-*ट्रुएट v.t* the discharge menses. रजस्वला होना।

menstruation *-ट्रुएशन n.* ऋतुस्राव, आर्तव।

menstrul *-ट्रुल adj.* pertaining to menses. मासिकधर्म सम्बन्धी।

menstruous *-ट्रुअस adj.* मासिकधर्म सम्बन्धी।

menstruum *-ट्रुअम a (pl* menstrua) a dissolving fluid; a solvent. घुलाने वाला पदार्थ; द्रावक।

mensur *-र n.* a form of sport of student. एक प्रकार का विद्यार्थियों का खेल।

mensurable *-यूरेबल adj.* measurable. नापने योग्य।

mensural *-यूरल adj.* pertaining to measure. नाप सम्बन्धी।

mensuration *-यूरेशन n.* the art of mesuring the dimensions of anything. किसी पदार्थ की लम्बाई चौड़ाई इत्यादि नापने की कला।

mensuration (ment)-*मेन्ट्सुए* denoting the sense of "result of". 'परिणाम' अर्थ का प्रत्यय, *v. t.* to mix, to unite. मिश्रण करना, मिलाना।

mental *-ल adj.* pertaining to intellect or mind ; intellectual ; without outward expression. मानसिक; बुद्धि सम्बन्धी; मन ही मन में।
mental age : वह आयु जिस में बालक की बुद्धि का विकास ठीक ठीक हुआ हो।
mental arithmetic मानसाङ्क-गणित।

mentalist *-लिस्ट n* मन में सोचने वाला।

mentality *-लिटी n* मानसिक शक्ति।

menthol *-थोल n.* a white crystalline substance obtained from oil peppermint एक प्रकार का श्वेत कपूर।

mentholated *-लेटड adj* कपूरयुक्त।

mention *मेन्शन n.* a brief note or remark in regard to something; a cursory speaking of anything. किसी बात का संक्षिप्त वर्णन अथवा उल्लेख; किसी बात की ओर किया गया इशारा। *v. t* 'to notice briefly; to name. संक्षिप्त में वर्णन करना; नाम लेना।
honourabe mention : किसी विषय में श्रेष्ठ होने पर दिया गया परितोषिक जो दूसरे दर्जे का हो
not to mention : कुछ न कहना।

mentionable *मेन्शनेबल adj.* उल्लेखनीय, चर्चा करने योग्य।

mentionniere *मेन्टोनिअर n* a piece of armour for the chin and throat ठोड़ी और गले की रक्षा के लिए बख्तरबन्द।

mentor *मेन्टर n.* a wise or faithful advisor. बुद्धिमान और सच्चा परामर्शदाता।

mentorial *-मेन्टोरियल adj.* उपरोक्त परामर्शदाता से सम्बन्धित।

mentum *मेण्टम n.* the chin, the central part of the stomach of insects. ठोड़ी, कीड़ों के पेट के बीच का भाग।

menu *मेनू n.* a list of dishes to be served at a dinner भोजन की वस्तुओं की तालिका।

mepacrine *मेपेक्रीन n* a bitter yellow powder used as a medicine for malaria मलेरिया बुखार के लिए प्रयोग किया जानेवाला एक पीले रंग का कड़वा चूर्ण।

mephitic *मेफ़िटिक adj* offensive to smell, foul; noxious. दुर्गन्धी।

mephitis *मेफ़ाइटिस n.* सड़े गले पदार्थों से निकली हुई दुर्गन्ध, जहरीली गैस में सांस लेना।

mephitism *-टिज्म n.* जहरीली गैसों या दुर्गन्ध में सांस लेने से उत्पन्न रोग।

mercantile *मर्कैन्टाइल adj* commercial, trading. वाणिज्य सम्बन्धी; व्यापार करने वाला

mercantile-agency *-एजेन्सी n* व्यापारियों की आर्थिक अवस्था मालूम करने का साधन।

mercantile-law *-लॉ n* व्यापारियों के एक दूसरे से लेन देन से सम्बन्धित कानून।

mercantile-marine *-मेराइन n.* व्यापारिक पोत।

mercantile-system *-सिस्टम n.* देश से निर्यात बढ़ाने तथा आयात घटाकर मुद्रा बचाने का तरीका

mercantilism *-लिज्म n.* व्यापार करने का ढंग।

mercantilist *-लिस्ट n.* व्यापार करने में चतुर व्यक्ति।

mercaptan *मर्कैप्टन n* a substance like alcohol with sulphur instead of oxygen. ऑक्सीजन की जगह गन्धक युक्त एक प्रकार का मद्यसार।

mercaptide *-प्टाइड n.* a compound in which metal takes the place of hydrogen atoms एक ऐसा मिश्रण जिसमें उदजन के अणुओं की जगह धातु के अणु बन जाते हैं।

mercat *-ट n* a market. हाट, बाजार।

mercenarily *मर्सिनेरीली adv* in a mercenary manner भाड़े पर काम करने के रूप में।

mercenary *-नेरी adj* hired, moved by the love of money भाड़े का, लोभी,

n. one who is hired; a hired soldier. भाड़े का टट्टू; भाड़े का सैनिक।

mercer *मर्सर n.* a dealer in costly textiles, a dealer in small wares. कीमती कपड़े का व्यापारी; बर्तन इत्यादि वस्तुओं का विक्रेता।

mercerisation *-राइज़ेशन n.* treating of the cloth so as to look like silk. कपड़े को इस तरह तैयार करना कि रेशम मालूम दे।

mercerise *मर्सेराइज़ v. t.* सूती कपड़े को रेशमी कपड़े के समान बनाना।

merceriser *-ज़र n* सूती कपड़े को रेशमी कपड़े की भांति बनाने वाला।

mercery *मर्सरी n.* बिक्री के कपड़े; वस्त्रादि का व्यापार।

merchandise *मर्चेन्डाइज़ n.* commodities dealt in by merchants; trade. व्यापार की वस्तुएं, वाणिज्य।

merchant *मर्चेन्ट n.* a trader; an importer or exporter of goods. व्यापारी; माल को आयात और निर्यात का व्यापार करने वाला सौदागार; व्यवसायी। *v. i* to trade व्यापार करना। *v. t* to trade in. किसी वस्तु का क्रय विक्रय करना।

merchantable *-चल adj.* व्यवसाय के योग्य।

merchant-like *-लाइक adj.* व्यापारी सदृश्य।

merchant-man *-मैन n.* व्यापारी-पोत।

merchant-prince *-प्रिंस n.* बड़ा धनिक व्यवसायी।

merchantry *मर्चेन्ट्री n.* व्यवसायी लोग; व्यापारी का व्यवसाय।

merchant-service *मर्चेन्ट-सर्विस n.* व्यापारिक पोत।

merchantship *-शिप n.* व्यापारिक माल ले जाने वाला जलपोत।

merchant-tailor *-टेलर n.* वह दर्जी जो कपड़ा भी अपने पास से देता हो।

merchet *मर्चिट n.* a fine paid to a lord for the marriage of a daughter. दास द्वारा लड़की के विवाह करने पर मालिक को दिया जाने वाला हर्जाना।

merciable *मर्सीएबल adj.* merciful; disposd to pardon. दयालु; क्षमाशील।

merciful *-फुल adj.* दयालु; क्षमाशील; कोमल चित्त वाला।

mercifully *-फुली adv.* दयालु रूप से।

mercifulness *-फुलनस n.* दयालुता।

merciless *-लेस adj.* without mercy. निर्दय कठोर; दुष्ट।

mercilessly *-लेसली adv* निर्दयता से।

mercilessness *लेसनेस n* निर्दयता; कठोरता, दुष्टता।

mercury *मर्क्यूरी n.* the planet nearest the sun; the Roman God of commerce a messenger, a newspaper, the quick silver. बुध ग्रह, रोमनों का प्राचीन व्यापार का देवता, दूत; चर, समाचार पत्र, पारा।

mercy-seat *मर्सी-सीट n* ईश्वर का सिंहासन; क्षमाशीलता का स्थान।

Mercurial, mercurial *मर्क्यूरियल adj.* **mercuric** *मर्क्यूरिक,* **mercurous** *मर्क्यूरस* pertaining to Mercury the God of the planet, pertaining to persons born under the planet, active; containing mercury. रोमन लोगों के वाणिज्य देवता तथा बुध ग्रह से सम्बन्धित, बुध ग्रह में उत्पन्न व्यक्ति; चंचल; पारायुक्त।

mercurialise *-रियेलाइज़ v.t.* to affect with mercury; to treat with mercury. पारा चढ़ाना; पारे से कोई नई वस्तु बनाना।

mercurialism *-रियेलिज़्म n.* पारा खा जाने पर उत्पन्न दशा।

mercurialist *-रियेलिस्ट n.* पारे को औषधि के रूप में प्रयोग करने में विश्वास रखने वाला व्यक्ति

mercurially *-रियली adv.* पारे के रूप में।

mercy *मर्सी n.* tenderness of heart which disposes a person to overlook injuries; clemency, pity. क्षमाशीलता; क्षमा; दया।

at the mercy of . दया पर निर्भर।

for mercy : दया करो।

for mercy's sake : ईश्वर के लिए क्षमा करो।

sister's of mercy : रोगियों की देखभाल करने वाली पादरन।

mere *मीयर adj.* (also meer) nothing more; unmixed; pure; absolute. केवल, शुद्ध; बिना किसी मिलावट के; पूर्ण। *adv.* absolutely. निश्चय ही। *n.* a lake or pool; a boundary. झील या तालाब; सीमा; *v. t.* to mark off. सीमाबद्ध करना।

merely *-ली adv.* केवल; एकमात्र; बिल्कुल।

meretricious *मेरीट्रीशियस adj.* of showy nature. दिखावटी शोभा का।

meretriciously *-ली adv.* दिखावटी रूप में; मिथ्या शोभा से।

meretriciousness *-नस n.* दिखावा; कपटपूर्ण शोभा; छलयुक्त प्रलोभन।

merganser *मर्गैन्सर n.* a species of birds like goose. बत्तखों के समान पक्षियों की एक श्रेणी।

merge *मर्ज v. t.* to dip; to cause to be swallowed up; to cause to amalgamate डुबोना; निगल जाना; मिलाना; सीमा के अन्तर्गत करना; *v. i.* to combine; to be lost or swallowed up. मिलाना; लीन होना

merger *मर्जर n.* एक में मिलाना; साम्करण।

mericarp *मेरीकार्प n.* a separating one-seeded part. एक बीज वाले पौधों में बीज का वह भाग जहां से उसके दो भाग किए जा सकते है

meridian *-डियन adj.* pertaining to noon; raised to the highest point. मध्याह्निक सर्वोच्च। *n.* mid-day, noon,a great imaginary circle drawn through the poles and at right angles to the line of equator, the highest point as of success. मध्याह्न, दोपहर; मध्याह्न रेखा, चरम सीमा पराकाष्ठा।

prime (or first) meridian : ग्रीनविच में मध्याह्न रेखा का माप जिसके द्वारा दूसरे स्थानों की मध्याह्न रेखा के माप का हिसाब लगाया जाता है।

meridian-altitude *एल्टीट्यूड n.* क्षितिज और सूर्य इत्यादि की परिधि का एक खण्ड।

meridian-circle *-सर्कल n* एक प्रकार का दूरबीन जो चारों तरफ घुमाई जा सकती है और जिससे मध्याह्न रेखा नापी जाती है।

meridian-passage *-पैसेज n.* दर्शक के दृष्टिकोण का सूर्य इत्यादि का और क्षितिज का रास्ता।

meridional *-ल apj.* मध्याह्न रेखा सम्बन्धी दक्षिण का।

meridionality *-लिटी n.* विशेषत: फ्रांस देश के दक्षिण के निवासी के गुण।

meridionally *-ली adv.* दक्षिण से; मध्याह्नरेखा के रूप में।

merimake *मेरीमेक n.* merrymaking. मनोविनोद।

meringue *मेरङ्ग n.* a cake made of white of the egg and sugar. चीनी और अण्डे की सफेदी का बना हुआ खाने का केक या टिकिया

merino *मेरीनो n.* a sheep of Spanish breed with fine wool;a fine knitting wool a fine woollen fabric. स्पेन की नसल की बढ़िया ऊन वाली भेड़; बुनने का बढ़िया ऊन, बढ़िया ऊनी कपड़ा।

merism *-ज़्म n.* repetition of parts. एक से अङ्गों का होना।

meristem *मेरिस्टम n.* formative tissues of the plant. पौधों के बढ़ने वाले तन्तु।

merit *मेरिट n.* worth; value; that which one deserves; (in pl.) question at issue. योग्यता; मूल्य; श्रेष्ठता; (बहु बच) गुण दोष। *v. t. & v. i.* to earn; to deserve. उपार्जन करना; योग्य होना।

order of merit . योग्यता के अनुसार क्रम सूची

meritorious *मेरीटोरियस adj.* deserving to reward or praise प्रशंसा योग्य; गुणवान।

meritoriously *-यसली adv.* योग्यता।

meritoriousness *-नस n.* योग्यता से।

merk *मर्क n* a Scottish coin worth 13 s. 4 d. १३ शिलिङ्ग ४ पैंस के बराबर के मूल्य का एक स्काटलैण्ड का सिक्का।

merle *मर्ल n.* black bird कोयल, काला पक्षी,

merlin *मर्लिन n.*a species of small falcon छोटी चीलों की एक श्रेणी।

merling *मर्लिंग n.* a fish of white colour. श्वेत रंग की मछली।

merlon *मर्लन n.* a part of the wall to protect soldiers from fire गोलियों की बौछार से बचने के लिए बनाई दीवार का एक भाग।

mermaid *मर्मेड n.* a maid with the lower part of fish. मत्स्य स्त्री, मत्स्ययोनि, कल्पित मत्स्य नारी।

mermaiden *-न n* मत्स्यकुमारी।

meroblastic *मेरोब्लास्टिक adj* involving cleavage in part of the ovum. अण्डे या बीज के एक भाग का फूटना।

meroblastically *-ली adv.* उपरोक्त रूप में।

merogenesis *मेराजेनेसिस n.* segmentation. भागों में विभक्त होना।

merogony *मेरोगोनी n.* production of an embryo from a fertilized fragment of an ovum. अण्डे के एक भाग से बच्चा निकलना

meroistic *-स्टिक adj.* of an avary. अण्डाशय सम्बन्धी।

merrily *-ली adv.* jovially, with mirth. आनन्द से।

merriment *-मेन्ट n.* mirth; joy; fun with laughter and joy. आनन्द; विनोद; क्रीड़ा।
merriness *-मेनस n.* प्रसन्नता; आनन्द।
merry *मेरी adj.*(*comp.* merrier, *sup.* merriest) pleasant; cheerful; causing laughter; joy. आनन्दित; खुश; मग्न; हंसोड़; प्रफुल्लित; प्रमुदित।
to make merry . उत्सव मनाना।
merry dancers : प्रातःकाल; सुबह।
the merry monarch : इंगलैण्ड का राजा चार्ल्स द्वितीय।
merry England : मनोहर इंगलैण्ड।
merry go round: चक्कर दिलाने वाला हिंडोल चरखी।
to make merry over · हंसी उड़ाना।
merry andrew *मेरीएन्ड्रिव n.* हंसोड़; विदूषक।
merry-make *n.* & *v.t.* उत्सव मनाना।
merry making *-मेकिंग n.* उत्सव।
merry man *मैन n.* विदूषक; हंसोड़।
merry men *-मैन n* (*pl.*) डाकू के साथी।
merry night *नाइट n.* गांव का उत्सव।
merry thought *-थॉट n.* मुर्गे की हड्डी से विवाह के लिए शुभ अशुभ निकालना।
mersion *मर्शन n.* dipping. डुबाना।
merulius *मरूलिअस n.* a genus of dry rot fungus. एक प्रकार की कुकुरमुत्ता की श्रेणी।
merycism *सिज्म n.* a disease symptom in a man. मनुष्य में रोग का लक्षण।
mesa *मासा n.* a hill shaped like a table मेज के आकार की चट्टान।
mesail *मसेल* (also mezail) *n.* a part of helmet covering the face. लोहे या धातु की टोपी का मुंह ढंकने वाला भाग।
mesaraic *मसेरेइक adj.* pertaining to the middle part of the belly. पेट के मध्य भाग से सम्बन्धित।
mesaticephalic *एटीसिफ़िलिक adj.*(also mesaticephalous) दो गांठों वाली और चार गांठों वाले के बीच का (पौधा)।
mescal *मेस्कल n.* a kind of cactus chewed and drunk as an intoxicant. एक प्रकार के पौधों का रस या बीज जिसे नशे के लिए चूसा और पिया जाता है।
mesdames-डेम्स *pl.*of madam. श्रीमती; महाशय।
mese *मेसी n.*the middle string of lyre एक प्रकार के गिटार का बीच का तार।
meseems *-मस v.i.* seems to me. मुझे ऐसा जान पड़ता है।
mesel *मीजल* (also meazel) *n.*leper. कोढ़ी।
meseled *adj.* कोढ़ युक्त।
mesencephalic *मेसनसेफ़ेलिक adj.* pertaining to mid-brain. मस्तिष्क के मध्यभाग सम्बन्धित।
mesencephalon *लॉन n.* the mid-brain. मस्तिष्क का मध्य भाग।
mesenterial *-रियल*(also mesenteric) *adjs.* pertaining to intestinal canal. अंत्रपेशी सम्बन्धी, आंतों के पट्ठे का मध्य की आंतें।
mesentery *-री* आंतों का पुट्ठा।
mesh *मेश n.* a net; the opening between the cards of a net; network. जाल; जाल छेद; जाली का काम: *v. t.* to catch in a net जाल में पकड़ना; *v.i.* to become entangled फंस जाना।
meshing *-इंग n.* जाल से पकड़ने का कार्य।
mesh-work *-वर्क n.* जाली का काम।
meshy *-ई adj.* जाल के आकार का।
mesial *मेजिअल adj.* of the middle of a body. शारीर के मध्य का।
mesially *-ली adv.* शरीर के मध्य में।
mesmeric (al) *मेसमरिक (ल) adj.* pertaining to hypnotism. बनावटी निद्रा सम्बन्धी।
mesmerisation *-जेशन n.* the act of mesmerising मूर्छित करने का कार्य।
mesmerise *-राइज v. t.* to bring into a state of mesmeric sleep. बनावटी निद्रा से बेहोश करना।
mesmeriser *-राइजर n.* बनावटी निद्रा से बेहोश करने वाला।
mesmerism *-रिज्म n.* बनावटी निद्रा से मूर्छित करने की विधि।
mesmerist *-रिस्ट n.* मूर्छित करने वाला।
mesne *मीन adj.* intermediate. बीच का;मध्य का।
mesne process . मुकद्दमे की बीच की कारवाई
meso *मेसो pref.* giving the meaning of middle in composition. शब्द के आगे लगाने पर 'मध्य' का अर्थ देने वाला उपसर्ग।
mesoblast *-ब्लास्ट n.* the middle germinal layer. बीजक; बीच की परत जिस में पौधों को उगाया जाता है।
mesoblastic *-ब्लास्टिक adj.* उपरोक्त परत से सम्बन्धित।
mesocarp *-कार्प n.* middle layer of the wall of a fruit derived from that of an ovary.बीज से उत्पन्न होने वाले फल की एक परत।
mesocephalic *-सेफ़लिक*, **mesocephalous** *-सेफ़लस adj.* दो और चार गांठों के बीच का (पौधा)।
mesoderm *-डर्म n.* mesoblast or the tissues derived from it बीज या अण्डे के बीच की परत अथवा उसके तन्तु या रेशे।
mesogloea *-गिलिआ n.* a jelly like middle layer in zoophytes. मूंगे के समान वानस्पतिक पदार्थों में बीच की झिल्लीदार सतह।
meson *मेसन n.* particle equal in charge of electron with a much greater mass. वह तन्तु जो आकार में बड़ा होने पर भी कम मात्रा की विद्युत शक्ति रखता हो।
mesophyel *-फिल n.* the spongy tissues within the leaf. पत्तों में स्पन्ज के समान रेशे
mesophyte *-फाइट n.* वह पौधा जो पानी या हवा पर निर्भर रहने वाले पौधों के बीच की श्रेणी का हो।
mesothorax *-थोरेक्स n.* कीड़े के पेट के तीनों भागों में बीच का भाग।
mesozoa *-जोआ n.* वह जीव जो एक जीवाणु वाले जीवों और बहुत से जीवाणुओं वाले जीवों के उत्पन्न होने के बीच में उत्पन्न हुए।
mesprise, mesprize *-प्राइज n.* a scorn. गाली।
mesquite *-क n.* a kind of shrub with edible pods. एक प्रकार की झाड़ी जिसके डण्ठल खाए जाते हैं।
mess *मस n.* food for a person at one meal; mixed food;a state of dirt and disorder ; a muddle ; a number of persons taking food at a time at a table; a place where food is served on payment. एक व्यक्ति के लिए परोसा गया भोजन; मिश्रित आहार; गड़बड़ की स्थिति; एक मेज पर कई व्यक्तियों का आहार करना;भोजनालय *v.t.* to supply with a mess. भोजन देना; *v.i.* to take meals together. एक साथ भोजन करना।
mess up : गड़बड़झाला।
mess of pottage : बदले में कोई अधिक कीमती वस्तु लेना।
mess or mell : सम्बद्ध होना।
message *मैसेज n.* communication ; an official communication delivered by a messenger. समाचार; आदेश जिसे कोई हरकारा पहुँचाता है;*v.i.* to send a message. सन्देश भेजना; *v.t.* to send a message by telegraph or wireless. तार या बिना तार द्वारा सूचना भेजना।
message bearer : दूत; हरकारा।
message-boy *-ब्वाय n.* सन्देश ले जाने वाला लड़का।
messan *मेसन n.* a lap dog एक प्रकार का छोटा कुत्ता।
messenger *-जर n.* the bearer of a message; a harbinger. हरकारा; चर; दूत ,सन्देशवाहक।
king's or queen's messenger : इंगलैण्ड में सरकारी डाक ले जाने वाला पदाधिकारी।
messenger-at-arms *मेसेन्जर-एट्आर्म्स n.* स्काटलैण्ड में सैशन कचहरी के समन भिजवाने वाला पदाधिकारी।
messenger-wire *-वायर n* वह जो ऊपर के तार का भार सम्भालता है।
Messiah *मसीआ n.* the Jesus; a champion ईसामसीह; मुक्तिदाता।
Messidor *-डोर n.* the tenth month of French Revolutionary calendar about 19th June to July 18th. उन्नीस जून से अट्ठारह जुलाई तक का फ्रांस के क्रान्तिकारियों का पञ्चांग जो उनका दसवां महीना होता था।
messieurs *मेस्यी n.* messrs. plural of monsieur. किसी व्यापारिक संस्था अथवा बहुत से लोगों के नाम के आगे लिखी जाने वाली पदवी; सभ्यगण।
messiness *मेसीनेस n.* गन्दगी, गड़बड़।
mess-mate *मेस-मेट n.* सह भोजी, साथ भोजन करने वाला।
mess-room *-रूम n.* वह कमरा जिसमें साथ खाना खाने वाले साथ रहते हों; साथ भोजन करने का कमरा।
mess-tin *-टिन n.* सैनिक की भोजन करने के बर्तन
messuage *मेस्विज n.* a dwelling house with out-houses attached to it; a mansion house and grounds. निवासगृह; गृह-वाटिका।

messy *मेसी adj.* untidy. गन्दा; गड़बड़ी वाला
mestee *मेस्टी* **mustee** *मस्टी n.* an offspring of a white and negro. सफेद चमड़ी वाले और हबशियों की सन्तान।
mestizo *मस्टीजो n.* अमरीका के आदि निवासियों और स्पेन निवासियों का मिश्रित सन्तान।
met *मेट v. t. p. t.* of meet. मिला।
meta *मेटा*, **met** *मेट* **meth** *मेथ prep.* in sense of among with. 'बीच में; साथ' अर्थ का उपसर्ग।
meta-acid *-एसिड n.* तेजाबयुक्त पानी।
metabasis *मेटाबेसिस n.* a transition. एक वस्तु का दूसरी वस्तु में बदलना, परिवर्तन।
metabolic *-बोलिक adj.* pertaining to change of food into living tissues. भोजन का रेशे तथा मांस पेशियों में परिवर्तन होने से सम्बन्धित।
metabolise *-लाइज v. t.* भोजन को पचा कर रक्त और मांस पेशियों में परिवर्तित करना।
metabolism *लिज्म n.* शरीर में भोजन पच कर रक्त इत्यादि बनने का कार्य्य।
matacarpal *मेटाकार्पल adj.* relating to part of hand between wrist and fingers कलाई से उंगलियों तक के भाग से सम्बन्धित।
metacarpus *-कार्पस n.* कलाई से उंगलियों तक का भाग हाथ की हथेली।
metacentre *n.* तैरने वाली वस्तु का वह केन्द्र जिसके कारण वह वस्तु तैरती है, और जो आकर्षण बिन्दु से ऊपर होना चहिए वरना वस्तु डूब जाएगी
metacentric *सेन्ट्रिक adj.* उपरोक्त केन्द्र से सम्बन्धित।
metachronism *-निज्म n.* the placing of an event after its real time. किसी घटना का बाद में निरूपण करना।
matachrosis *-सिस n.* the change of colour in animals पशुओं में रंग बदलने का कार्य्य।
metage *मीटिज n.* duty paid for a load of coal कोयले के बोझ पर दी गई चुंगी।
metagenesis *-जेनीसिस n.* उपरोक्त नसल में तबदीली होने का कार्य्य।
metagenetic *-जेनेटिक adj.* relating to the change of form of a species from the egg to the perfect state. किसी श्रेणी के जीवों का अण्डे से लेकर पूर्ण रूप में विकसित होने तक नसल में तबदीली से सम्बन्धित।
metagnathous *नेथस adj.* insects having biting jaws in the larvae; of उन कीड़ों से सम्बन्धित जिनके लार्वा के भी डंक होते है।
metagrobolise *बोलाइज* (also metagrabolise) *v. t.* to mystify; to puzzle out. गूढ़ बनाना; गुप्त करना; पहेली बनाना।
metairie *मेटरी n.* a piece of land for share in produce. फसल में हिस्सा बटाने के लिए दी गई थोड़ी भूमि।
metal *मेटल n.* the name given to certain elements which fuse when heated; a simple mineral; a broken stone spirit; courage *v. t.* to cover with metal; to macadamise with broken stones. ऐसे तत्वों का नाम जो गर्म करने पर उड़ जाते हैं जैसा तांबा पीतल इत्यादि; धातु; सड़क पर बिछाने का कंकड़; तेज; साहस। धातु से मंढ़ना; कंकड़ से सड़क की मरम्मत करना। *inferior metal* : सस्ती धातुएं।
metalepsis *मेटालिप्सिस n.* the union of two or more figures of a different kind in one word. एक शब्द में कई भिन्न प्रकार की संस्था मिलाना।
metaleptic *-प्टिक adj.* उपरोक्त शब्द से सम्बन्धित।
metalled *-ल्ड adj.* सड़क पर कंकड़ कूटकर बिछाए हुए।
metallic *मेटैलिक adj.* धातु सम्बन्धी; धातु सा।
metallically *-ली adv.* धातु के रूप में।
metalliferous *मेटेलीफरस adj.* धातु के रूप का।
metalline *-लाइन adj.* धातु युक्त।
metalling *-लिंग n.* कङ्कड़; सड़क पर बिछाने की रोड़ी।
metallisation *-लाइजेशन n.* the act of forming into metal. धातु के रूप में बदलने का कार्य।
metallise *-लाइज v. t.* धातु रूप में बदलना।
metalist *-लिस्ट n.* धातु विज्ञः धातु का काम करने वाला।
metallographic *-फिक adj.* धातु विज्ञान से सम्बन्धित।
metallography *-फी n.* धातु विज्ञान।
metalloid *-लॉयड n.* a non metal; an element resembling metals. बिना धातु वाला पदार्थ; धातु के समान एक तत्व।
metalloidal *-डल adj.* धातु जैसे गुण वाले तत्व से सम्बन्धित।
metallurgic (al) *-कल* pertaining to metallurgy. कच्ची धातु को पक्की धातु बनाने की कला सम्बन्धित।
metallurgist *-जस्ट n.* धातु साफ करने के विज्ञान का वेत्ता।
metallurgy *-जी n.* the art of extracting metal from ores. धातु विज्ञान; धातु साफ करने की विद्या।
metally *-ली adj.* धातु युक्त।
metamorphic *-मॉर्फिक adj.* pertaining to change of form; changeable. परिवर्तनशील बदलने वाला।
metamorphism *-ज्म n.* the change under the influence of heat and chemical agents. नीचे की चट्टानों की गर्मी तथा रासायनिक असर से परिवर्तित हो जाना; परिवर्तन शीलता।
metamorphist *-स्ट n.* भू गर्भ में चट्टानों के परिवर्तन होने के विज्ञान का वेत्ता।
metamorphose *मेटोमॉर्फोज v. t.* to change form; to transform. आकार बदलना; रूपान्तर करलेना।
metamorphosis *-सिस n.* (*pl.* metamorphoses) भेद; रूपान्तर।
metaphase *फेज n.* the middle stage of cell division during which the chromosomes from the equatorial plane. जीवाणु के विभाजित होने की वह अवस्था जब मादा जीवाणु दूसरे जीवाणु में बट जाते है।
metaphor *-फर n.* application of name etc to an inanimate object. रूपक लक्षण; अलङ्कार।
metaphoric *-फोरिक adj.* लाक्षणिक; अलङ्कार युक्त।
metaphorically *-ली adv.* लाक्षणिक रूप में।
metaphosist *-रिस्ट n.* अलंकारों को योग करनेवाला पण्डित।
metaphosphoric *मेटाफ्रोसफोरिक adj.* pertaining to an acid containing a molecule less of water. ऐसे तेजाब से सम्बन्धी जिसमें एक अणु पानी का कम हो।
metaphrase *-फ्रेज n.* (also metaphrasis) changing prose into verse or vice versa; a word by word translation. गद्य का पद्य और पद्य का गद्य बनाना; अक्षरशः अनुवाद।
metaphrast *-फ्रास्ट n.* अक्षरशः अनुवादक; गद्य को पद्य और पद्य को गद्य का रूप देने वाला।
metaphysic(al) *-फिजिक(ल) adj.* pertaining to metaphysics. आत्मविद्या सम्बन्धी।
metaphysically *-ली adv.* अध्यात्मिक विद्या के अनुसार।
metaphysician *-शियन n.* one who is versed in metaphysics. अध्यात्म विद्या तथ तत्वज्ञान वेत्ता; तत्वज्ञानी।
metaphysics *-जिक्स n.* the science which investigates the first principles of nature and thought; (in sing.) general philosophy. आत्मविद्या; मनोविज्ञान: दर्शनशास्त्र।
metaplasia *-प्लासिया n.* tissue formation as of cartilage into bone. मांस पेशी बनन जैसे नर्म हड्डी का कठोर होना।
metapleasis *-प्लेसिस n.* the period of maturity in life-cycle. जीवनकाल में वह समय जब मनुष्य पूरी तरह विकसित हो जाता है।
metaplasm *-ज्म n.* the contents of cells other than protoplasm. जीवाणु में प्रोटोप्लाज्म (शक्ति प्रदान करने वाला पदार्थ) के अतिरिक्त दूसरे पदार्थ।
metapsychic(al) *-साइकिक(ल) adj.* pertaining to metapsychics. दर्शनशास्त्र का वह भाग जो आम लोगों की समझ से बाद हो उससे सम्बन्धित।
metapsychics *-किक्स n.* उपरोक्त दर्शनशास्त्र का भाग।
metasilicate *-सिलीकेट n.* a salt of metasilicic acid. तिजाब का क्षार जिसमें पानी का एक अणु कम हो।
metasilicic *-मेटासिलिसिक adj.* ऐसा तेजाब जिसमें पानी का एक अणु कम हो।
metasomatic *-सोमेटिक n.* pertaining to metasomatism. धातुओं के गर्मी तथा रसायनिक प्रभाव से बदल जाने से सम्बन्धित।
metasomatism *-टिज्म n.* धातुओं में रसायनिक प्रभाव से परिवर्तन आ जाना।
metastable *-स्टेबल adj.* in condition like stability. स्थिरता के समान स्थिति में।
metastability *-बिलिटी n.* स्थिरता के समान होने का गुण।
metastasise *-साइज v. i.* to pass to another part of the body. शरीर के भाग से दूसरे भाग में ले जाना।
metastasis *-सिस n.* शरीर के एक भाग से दूसरे

भाग में रोग का स्थान परिवर्तन।

metastatic *-टिक adj.* उपरोक्त रोग से सम्बन्धित

metatarsal *-टार्सल adj.* relating to metatarsus. पैर की उङ्गलियों की हड्डी से सम्बन्धित।

metatarsus *-टार्सस n.* उपरोक्त पैर की पांचों उङ्गलियों की हड्डी।

metathesis *-थेसिस n.* transformation of the sounds of letters into words. अक्षर-विपर्यास; शब्द में अक्षरों के उच्चारण की अदल-बदल।

metathetic *-थेटिक adj.* अक्षर-विपर्यास सम्बन्धी

metathorax *-थोरैक्स n.* the third and last segment of an insect's thorax. कीड़े के पेट का तीसरा और अन्तिम भाग।

metayage *मटेयाज n.* the system of paying the rent in the shape of crops instead of in money. किसानों द्वारा कर का अनाज के रूप में कर देने की व्यवस्था।


parasitologist *n.* पराश्रयी-विज्ञान वादी (विज्ञान

parasitology *n.* पराश्रयी विज्ञान ।

parasitosis *n.* पराश्रयी-कष्ट (दुःख) ।

parasol *-सॉल n.* a sunshade. स्त्रियों की छोटी छतरी ।

parasphenoid *-सफेनॉइड adj.* alongside the sphenoid bone. उप जतुकास्थि सम्बन्धी; *n.* उपजतुकास्थि ।

parastichy *-स्टिकी n.* (bot.) a para-row. उपपंक्ति; वक्रश्रेणी ।

parasympathetic *-सिम्पैथेटिक adj.* परा सहानुभूतिक ।

parasynthesis *-सिन्थेसिस n.* the formation of a word by a double process of combination and derivation and derivative suffix परा संहति; परासंश्लेष, परासङ्कलन; उपयोग ।

parasynthetic *adj* उपसंयोगीय, परासंश्लेषीय, परासङ्कलीय ।

parasyntheton *n.* (*pl.* parasyntheta) परासङ्कलन शब्द ।

paratactic, -al *पैराटैक्टिक, -ऐल adjs.* उपसंयोगीय ।

paratactically *adv.* उपसंयोगीयावस्था में ।

parataxial-टैक्सियल *adj.* उपाक्ष ।

parataxis-टैक्सिस n. (gram.) the joining of successive clauses without grammatical links between them. संयोग रहित पदों का क्रम; मनोभावों का कुसंयोजन ।

parathesis *-थेसिस n.* (gram.) apposition; (philo.) compounding of words without change. समानधिकरण; एकान्वय; शब्द संयोजन ।

parathyroid *-थाइरायड adj.* beside the thyroid. उपगलग्रंथीय; *n.* a number of small ductless glands. चुल्लका ग्रन्थि, उपगल ग्रन्थियां

paratonic *-टॉनिक adj* (bot.) induced by external stimulus. प्रवर्तित; बाह्यबल्य ।

paratroops *-ट्रूप्स n. pl.* troops carried by air and dropped by parachute. परिच्छत्रिक सेना; छतरी बाज फौज ।

paratyphoid *-टाइफाइड n.* a disease of various types like typhoid. उपान्त्रज्वर ।

paravail *-वेल adj.* inferior; of least account; lowest. न्यून; हीन; अनुत्तम; अनुच्चतम ।

paravane *-वेन n.* जल सुरङ्ग नाशक ।

paravant-वान्ट (paravaunt) *adv.* in front, beforehand; pre-eminently. पूर्व में; पहले; अथवा विशेष रूप से ।

Parazoa *-जोआ n. pl.* a division of the animal kingdom. रन्ध्रिण: ।

parboil *-बॉयल v. i.* to boil thoroughly. पूर्णरूप से पकाना अथवा उबालना ।

parbreak *-ब्रेक n* a vomit. वमन; *v.t. & v.i.* to vomit. वमन करना ।

parcel *n.* a little part; a portion; a quantity; a set, a pair; a package; bundle; a lot; an item. खण्ड, भाग; संख्या; श्रेणी: समूह, युगल; पुलिन्दा; पोटली; डाकखाने का पार्सल; अंश; वस्तु विषय; मन्द; *adv.* partly. अंश में; अल्पभाग में; *adj.* in part. अंश में; अल्पभाग का; *v. t.* to divide into portions; to make up into parcels or packets. भार करना; पुलिन्दा बांधना; खण्ड करना; (*pr. p.* parcelling; *pa. t. & pa.p.* parcelled).

part and parcel : अङ्गभूत; आवश्यक अङ्ग ।

to parcel out : पृथक करना ।

parcel wise *adv.* खण्डों में; अंशों में ।

parcener-नर *n.* a co-heir. समांशभागी; समांशी साझीदार; सह उत्तराधिकारी; पट्टीदार; समानाधिकारी ।

parcenary *-नरि* co-heirship. बराबर का अधिकार; पैतृक-साझा; साझीदारी; सह-उत्तराधिकारित्व पट्टीदारी; समानअधिकारत्व ।

parch *पार्च v. t.* to scorch; to roast on fire. झुलसाना; भूनना; बहुत सुखाना; *v. i.* to become scorched; to be very dry. झुलस जाना; सूख जाना; सूखना ।

parched *-ड adj.* सूखा हुआ; भूना हुआ; भुना

हुआ।
parchedly *adv.* सूखते हुए सूखी अवस्था में।
parchedness *n.* झुलसन; सूखापन।
parched rice *n.* लावा।
parchment *n.* the skin of a sheep of goat prepared for writing or pointing a manuscript written on it;parchment like membrane or skin. चर्मपत्र; लिखने तथा चित्रकारी के लिए चमड़े का कागज;ऐसे कागज पर हस्तलेख; चमड़े के कागज, जैसी कला अथवा त्वचा।
parchmentise *v. t.* चर्म पत्र बनाना।
parchmenty *adj.* चर्म पत्र समान।
parcimony *-मनि n.*(parsimony) stinginess; frugality; economy. मितव्यय; कंजूसी; कमखर्ची।
parclose *-क्लोज n.* a screen in a church enclosing an altar. चर्च में वेदी को ढकने का पर्दा।
pard *पार्ड n.* the leopard. चीता; तेंदुआ।
pard *पार्ड n.* (also partner) भागीदार;साझीदार।
pardal, pardale, pardalis *n.* चीता; तेंदुआ।
parded *adj.* चितकबरा; धब्बेदार।
pardi *पार्डि adv.* (also pardie, pardy perdie) assuredly. दृढ़ निश्चय।
pardon *पार्डन n.* forgiveness; remission of a penalty or punishment;forebearance. क्षमा; दोषमुक्त; अपराध क्षमा; *v. t. & v.i.* to forgive; to excuse.क्षमा करना;माफ करना; सहन करना।
pardonable *adj.* क्षमायोग्य; क्षमापात्र।
pardonableness *n.* क्षमायोग्यता; क्षमापात्रता।
pardonably *adj.* क्षमापूर्वक।
pardon, conditional सप्रतिबन्ध क्षमा।
pardoner *n.* क्षमा करने वाला।
pardoning *n.* क्षमा करने का कार्य; *adj.* क्षमा कार्य सम्बन्धी।
pardonless *adj.* क्षमा करने के अयोग्य।
pardon me : मुझे क्षमा करें।
pardon ? क्षमा करें ? आपने क्या कहा ?
pare *पेयर v. t.* to diminish ; to cut of the extremities ; to shave the skin from ; to reduce. कम करना , छाँटना , कतरना; छीलना; टुकड़ा करना।
paregoric *-गोरिक adj.* soothing. शान्तिप्रद ; शान्तिकारक; *n.* pain soothing medicine. पीड़ा शमन करने वाली औषधि।
paregoric elixir *n.*पीड़ा-शमन-रसायन(औषधि)
parencephalon *-एनसेफेलॉन n.* a cerebral hemisphere. उपमस्तिष्क।
pareira *-रा n.* वन-लता; वेल।
pareira brava *n.* वन-वल्ली।
parenchyma *-किमा n.* (bot.) the ordinary soft thin-walled tissue of organs. तनुभित्तिक, समपरिमाण पेशीजाल।
parenchymatous *adj.* तनुभित्तिकीय।
parenesis *-निस n.* (also paraenesis) exhortation. प्रोत्साहन।
parenetic *-टिक adj.* persuasive. प्रेरणा करने वाला।
parent *पेरेन्ट n.* father or mother , one who or that which produces; origin ; source; a cause; an author.माता अथवा पिता, जनक; प्रभाव; कारण; जन्महेतु;लेखक।
parentage *n.* जाति; कुल; वंश; पितृ-परम्परा ; माता-पिता।
parental *adj.* पैतृक; माता-पिता-सम्बन्धी।
parental affection *n.* अपत्य-स्नेह; पैतृक-स्नेह।
parentally *adv.* माता-पिता के रूप में ; पैतृक अवस्था में।
parent-company पितृ कम्पनी।
parenthood *n.* पितृत्व; मातृत्व।
parenticide *n.* पितृहत्या; मातृहत्या।
parentless *adj.* पितृहीन; मातृहीन।
parenteral *-टेरल adj.* not intestinal.अनान्त्रिक।
parenthesis *-थेसिस n.* (*pl.* parentheses) a sentence or clause not grammatically complete; a round ( ) bracket. निक्षेप वाक्य; अप्रधान रचना; कोष्ठक ( ) का चिन्ह ; गोलाभिवार।
parenthesise *v.t.* शब्दों को कोष्टक में रखना।
parenthetic, -al *adj.* प्रासंगिक ; अप्रधान ; निक्षेप।
parenthetically *adv.* निक्षिप्त रूप में;प्रासंगिक रूप से; अप्रधानता से।
parer *पैरर n.* कतरने वाला।
parergon *-गॉन n.*(*pl.* parerga)a by-work; something done by the way. उपकार्य।
paresis *-सिस n.* a diminished activity of function; a partial form of paralysis. आंशिक पक्षाघात; आंशिक स्नायु; पक्षाघात; आंशिक-शक्ति विहीनता।
paretic *-टिक adj.*पेशियों का सुन्न होने सम्बन्धी; आंशिक स्नायु पक्षाघात सम्बन्धी।
paresthesia *-थेसिया n.* (also paraesthesia) abnormal sensation. विकृतानुभूति।
par-excellence *पारएक्सेलेन्स n.* सर्वोत्कृष्ट।
par-exchange *-एक्सचेंज n.* समविनिमय।
par-exemple (*Fr.*) for example. उदाहरणतया; यथा।
parfleche *-फ्लेश n.* a dried skin; an article made of it. सूखा चमड़ा; सूखे चमड़े से बनी वस्तु।
pargana, pergunnah *परगना n.* (Hindi) a division of a district in India. परगना; भारत में, जिले का विभाग (की शाखा)।
parge *पर्ज v. t.* to plaster. पलास्तर करना।
parget *पैरजेट v. t.* (pargetting; *pa. t. & pa. p.* pargeted) to plaster over. पलास्तर करना; *n.* a plaster; ornamental work in plaster. पलास्तर; पलास्तर में कारीगरी का काम।
pargeter *पार्जेटर n.* पलास्तर करने वाला।
pargeting *n.* (also parge-work). पलास्तर में कारीगरी।
parhelic, -al *पैर-हेलिक-ल adjs.* मिथ्या सूर्य सम्बन्धी, सूर्याभास का व सम्बन्धी।
parhelion *यॉन n.* a mock-sun. (*pl.* parhelia). मिथ्या सूर्य; सूर्याभास।
parhypate *-हाइपेट n.* next tone above the hypate. उप स्वर।
pariah *पैरिया n.* a member of the lowest caste; a social out-caste. नीच जाति का व्यक्ति; जातिच्युत व्यक्ति।
Parian *-यन् adj.* of the island of Paros in the Aegean Sea. ऐगन सागर में पैरोस के द्वीप का। *n.* a native of Paros. पैरोस का निवासी।
Parian marble *n.* पैरोस की उत्तम श्वेत स्फटिक शिला (सङ्गमरमर)।
parietal *-टल adj.* of a wall or walls; pertaining to a plant ovary; relating to the parietal bone. प्राचीर का; भीत्ति का; मध्य कपाल का; पौधे के डिम्बाशय सम्बन्धी। *n.* a parietal bone. प्राचीरास्थि; मध्य कपाल।
parietal membrane *n.* (anat.) प्राचीर-कला।
parietal organ *n.* तृतीय-चक्षु; प्राचीर अवयव।
parietal pericardium *n.* (anat.) प्राचीर-परिहृत्।
parietes *-टीज n.* (anat.) (also paries) wall प्राचीर।
pari-mutuel *-म्यूचुअल n.*a betting-machine; a totalisator. समपरिभाग; जुआ खेलने की एक मशीन; योग करने का यन्त्र।
paring *पैरिङ्ग n.* a portion cut off. कतरन।
pari passu (*L.*) with equal pace; together. समान गति से; एक साथ।
paripinnate *-पाइनेट adj.* (bot.) pinnate without a terminal leaflet. समपक्षयन; समपक्षाकार।
Paris *-स n.* the capital of France. फ्रांस की राजधानी। *adj.* of Paris. पैरिस का।
Parisian *adj.* पैरिस का अथवा सम्बन्धी। *n.* पैरिस का निवासी अथवा नागरिक। *fem.* parisienne).
parish *-श् n.* an ecclesiastical division of a country. पादरी का प्रदेश।
parishen *n.* (also parishioner) पादरी-प्रदेश का अनुयायी; पादर-प्रदेश के चर्च का सदस्य; ग्रामवासी।
parish church: ग्रामीण-गिरजा (चर्च)।
parish clerk: ग्रामीण चर्च का व्यवस्थापक (करणिक)।
parish council: ग्रामीण-चर्च की व्यवस्था के लिये चुनी हुई परिषद् ग्रामीण-चर्च-परिषद्; प्रादेशिक-परिषद्।
parish councillor: ग्रामीण-चर्च-परिषद् का सदस्य।
parish minister: ग्रामीण-चर्च का मन्त्री(पादरी)
parish priest: ग्रामीण-चर्च का पादरी।
parish register: ग्रामीण चर्च की पंजी।
parisyllabic *सिलेबिक adj.* of the same number of syllables. समान अक्षरों का।
paritor *पैरिटर n.* (also apparitor) an officer of court who executes the orders. न्यायालय के आदेशों को पूर्ण करने वाला पदाधिकारी।
parity *पैरिटि n.* equality in status; parallelism; equivalence; a standard equivalence in currency. (*pl.*parities). समता समानता; बराबरी; सादृश्य; तुल्यता; समाहता।
parity of exchange. विनिमय समाहता।
parity of price मूल्य समाहता।
park *पार्क n.* a piece of enclosed land

for public recreation; a field; parking place for motor cars etc.; a space for artillery, stores etc *वाटिका; प्रमदवन; उद्यान; पार्क; मोटर गाड़ी आदि खड़ी करने का स्थान; फौजी सामान रखने का स्थान। v. t.* to enclose in a park; to arrange artillery to bring together. *प्रमदवन बनाना, वाटिका बनाना; फौजी सामग्री एकत्रित करना; एकत्रित करना। v.i.* to use a parking place. *मोटर गाड़ी खड़ी करना।*

parker *n.* पार्क की रखवाली करने वाला।

parking *n.* पार्क करने का कार्य; मोटर गाड़ी खड़ी करने का कार्य।

parking place *n.*मोटरगाड़ी खड़ी करनेका स्थान

park-keeper *n.* पार्कों का अधिकारी (पालक)।

parkland (s) *n.* प्रमदवन।

park-like *adj.* पार्क-समान।

parkly *adj.* पार्क जैसा।

park-officer *n.* पार्कों की रक्षा करने वाला अधिकारी।

parkward (s) *adv.* पार्क की ओर।

parkway *n.* पार्क-मार्ग।

parlance *-लैन्स् n.* mode of speech; conversation; diction; *सम्भाषण; बोलने की रीति; बातचीत का ढङ्ग।*

parlando-लेण्डो *adv. & adj.* in recitative. *कथन का; वर्णन द्वारा।*

parley-पार्ले *v.i.* to talk; to parley; to confer. *बातचीत करना; सम्भाषण करना; वार्तालाप करना; सन्धि करना n.* speech; talk, parleying. *सम्भाषण; बातचीत; वार्तालाप; सन्धिचर्चा*

parely *पार्ले n.* (*pl.* parleys). talk; a conference for debate; discussion. *बातचीत; वार्तालाप; पारस्परिक वादविवाद सन्धि के लिये बात चीत; सम्भाषण; शास्त्रार्थ। v. t.* (*pr. p.* parleying; *pa.t.* and *pa.p.* parleyed) to speak with another; to confer; to treat with an enemy. *शत्रु से सन्धि की बातचीत करना; सन्धि पर विचार करना; बातचीत करना; बहस करना; सन्धि की शर्त तय करना।*

parleyvoo *n.*a Frenchman. *फ्रान्सीसी व्यक्ति v. i.* to speak French. *फ्रान्सीसी भाषा बोलना।*

parliament *-मेन्ट n.* the supreme legislative council of the Indian union and the united kingdom; the central and supreme legislature of a nation; meeting for consultation. *भारत तथा संयुक्त राज्य(ब्रिटेन) की सर्वोच्चतम विधायिनी सभा; संसद्; पार्लियामेन्ट; संस्थागार; सभा; मन्त्रणा-सभा।*

parliament act. *संसद्-अधिनियम।*

parliament, act of *संसद् के दोनों भवनों (सदनों) से स्वीकृत तथा राष्ट्रपति द्वारा अनुमति प्राप्त अधिनियम; संसद् अधिनियम।*

parliamentarian *n.* and *adj.* *संसद्विद्।*

parliamentarily *adv.* *संसदीयता से।*

parliamentarism *n.* *संसद-पद्धति; सांसद-सरकार के सिद्धांत; संसद्-वाद।*

parliamentary *adj.* *सांसद; संसद् सम्बन्धी, संसद् द्वारा अधिनियमित, संसद् नियमों तथा अनुष्ठान अनुसार।*

parliamentary agent *n.सांसद्-प्रतिनिध;संसद् प्रतिनिधि।*

parliamentary government *n.* *संसदीय-शासन (सरकार)।*

parliamentary intervention *n.* *संसदीय हस्तक्षेप।*

parliamentary language *n.* *संसदीय-भाषा।*

parliamentary obstruction *n.* *संसदीय अवरोध।*

parliamentary papers *n.* *संसदीय-पत्र।*

parliamentary practice *n.* *संसदीय पद्धति।*

parliamentary privileges *n.* *संसदीय-विशेषाधिकार।*

parliamentary procedure *n.* *संसदीय-प्रक्रिया (कार्य-विधि, कार्य प्रणाली)*

parliamentary secretary *n.* *संसदीय सचिव; संसद-सचिव।*

parliament-house *n.* *संसद-भवन (सदन)।*

parliamenting *n.* *संसद्-सदस्य के समान कार्य करना; बहस।*

parliament man *n* *संसद-सदस्य; संसदविद्।*

parliament, member of *संसद्-सदस्य; संसत्सदस्य।*

parlour *पार्लर n.* an ordinary sitting room in a house;a room for private conversation. *बैठक; संलापगृह; गुप्त वार्ता-गृह।*

parlour-boarder *n.छात्रावास में विशेषाधिकार पाने वाला छात्र।*

parlour-maid *n.* *रसोईदारिन।*

parlous *-स adj.* perilous. *भयङ्कर।*

parmesan *पैरमेजैन adj.*pertaining to cheese. *पनीर सम्बन्धी। n.* a kind of cheese. *एक प्रकार की पनीर।*

Parnassian *-नेसियन adj.* of Parnassus; of a school of French poetry supposed to believe in art for art's sake. *ग्रीस के पर्वत का; फ्रांस के काव्य के उस पद्धति के मानने वाले का, कि कला, कला के लिए है। n.* a poet a member of Parnassian school. *कवि; 'कला-कला के लिये' के पक्ष का अनुयायी।*

Parnassianism *n.* *कला-कला के लिए का वाद या सिद्धान्त।*

Parnassus-*नैसिस् n.*a mountain in Greece; a collection of poems. *ग्रीस का एक पर्वत; कविताओं का संग्रह।*

Parnellism *पार्नेल-लिज्म n.* *चार्लस स्टिवार्ट पार्नेल का आयरलैण्ड में गृहशासन स्थापित करने का सिद्धान्त तथा नीति।*

Parnellite *n.* *पार्नेल का अनुयायी।*

paroccipital *पैर-ऑक्सि-पिटेल adj.* near the occiput. *पश्चकपाल के समीप।*

parochial *पैरोकियल adj.* of or pertaining to a parish; denominational. *ग्राम्य; देहात का या सम्बन्धी; किसी विशिष्ट जाति का।*

parochialise *v. t.* *ग्रामीण करना; देहाती बनाना; पादरी का काम करना।*

parochialism *n.* *प्रदेश को शासकीय अङ्ग बनाने की पद्धति; प्रान्तीयता, प्रादेशिकता; विचारों की संकीर्णता।*

parochiality *n* *प्रादेशिकता।*

parochially *adv* *प्रादेशिकता से।*

parochin (e) *n.* (also parischan (e), parishen) parish. *प्रदेश।*

parodist *-डिस्ट n.* *व्यङ्ग काव्यकार।*

parody *-डि n.* an imitation of a poem in which the words and ideas of the original are so changed as to produce a ridiculous effect. *व्यङ्ग काव्य; अनुकरण काव्य; कविता का हास्यजनक अनुकरण। v. t.* (*pr. p.* parodying, *pa. t.* & *pa. p.* parodied) to make a parody of. *व्यङ्ग काव्य करना; अनुकरण काव्य करना; ग्रन्थकर्ता के शब्दों को उलट-पलट करना।*

paroema *-इमा n.* a proverb. *कहावत;लोकोक्ति*

paroemiac *adj.* *कहावत सम्बन्धी; लोकोक्ति सम्बन्धी।*

paroemial *adj.* *लोकोक्ति सम्बन्धी; कहावत सम्बन्धी।*

paroemiographer *n.* *लोकोक्ति लेखक अथवा संग्रहकर्ता।*

paroemiography *n.* *लोकोक्ति वर्णन।*

paroemiology *n.* *लोकोक्ति शास्त्र अथवा अध्ययन।*

parole *पैरोल adj.* oral. *मौखिक; मुख से कहा हुआ।*

parole *पैरोल n.* a word of mouth, a word of honour; a word of promise; a military password; a military prisoner's solemn promise; the oral promise of prisoners. *मौखिक शब्द, मर्यादा के शब्द; वचन; प्रतिज्ञा; अभिवचन; मौखिक शर्त (वचन) पर कारा मुक्ति; सेना का सांकेतिक शब्द; युद्ध-बन्दी की दृढ़ प्रतिज्ञा; सामरिक-संकेत; बन्दियों का मौखिक वचन। adj.* relating to parole. *मौखिक वचन सम्बन्धी; वाचनिक; मौखिक। v. t.* to release a prisoner on parole, to put on parole. *कैदी को दृढ़ प्रतिज्ञा पर छोड़ना; मौखिक प्रतिज्ञा पर रखना; v.i.* to give parole. *मौखिक दृढ़ वचन देना।*

parole-evidence *n.* *वचन-साक्ष्य।*

to release on parole : *बन्दियों के मौखिक प्रतिज्ञा पर विश्वास कर थोड़े दिनों के लिए उन्हें मुक्त करना।*

paronomasia *-नोमैसिया n.* (also paronomasy) a play on words. *श्लेष; शब्दालङ्कार*

paronomastic,-al *adjs.* *श्लेषीय।*

paronym *-निम* words alike in sound but different in spelling and meaning. *ऐसे शब्द जिनकी ध्वनि एक, पर उच्चारण और अर्थ भिन्न हों।*

paronymous *adj.* *ऐसे शब्द सम्बन्धी।*

paronychia *पैरोनिकिया n.* a whitlow. *नखव्रण।*

paronychial *adj.* *नखव्रण सम्बन्धी।*

paroquet *-क्वेट n.* (also parrot) *छोटा तोता; (सुग्गा)।*

parotid *-टाइड adj.* near the ear. *कान के पास का; उपकर्ण का; n.* (also parotis) the parotid gland. *उपकर्ण ग्रन्थि।*

parotid-duct *n.* *उपकर्ण-प्रणाली।*

parotid-gland *n.* *उपकर्ण ग्रन्थि।*

parotiditis (also parotitis) *ns.*उपकर्ण ग्रन्थि शोथ।

parousia *-सिया n.* the second arrival of

Christ. ईसामसीह (क्राइस्ट) का दूसरी बार आगमन (अवतरण)।

paroxysm *-इज़्म n.* a fit of acute pain; a violent fit of a disease; a convulsion. आक्षेप; रोग का आक्रमण; ऐंठन; आक्रोस; रोग का आवेग।

paroxysmal *adj.* आक्षेपीय; आवेग सम्बन्धी।

parpen *पार्पेन n.* a partition; a smooth faced stone passing through a wall. विभाजन; पत्थर का बन्द; पत्थर के बन्द का पुल; (also parpane, parpend, parpent, parpoint, perpend, perpent).

parpen-wall *n.* बन्द की दीवार।

parquet *-क्वेट n.* wooden flooring. लकड़ी की छत; *adj.* of floor with parquetry. लकड़ी का छत डालना; *(pa p.* parqueted, parquetted).

parquetry *n.* लकड़ी की छत को रङ्ग विरङ्गा करना।

parrakeet *पैराकीट n.* (also parakeet) a small porrot. छोटा तोता (सुग्गा)।

parrhesia *पैरेसिया n.* boldness of speech. स्वर की उच्चता।

parricidal *पाइडैल adj* pertaining to parricide. पितृहत्या सम्बन्धी।

parricide *-साइड n.* murderer of parent or near relative; one who commits such a crime. पितृघातक; समीप के सम्बन्धी की हत्या करने वाला, पितृहत्या का अपराधी।

parritch *पैरिश n.* porridge. लप्सी; हलवा।

parroquet *-क्वेट n.* (also parakeet) छोटा तोता (सुग्गा)।

parrot *-पैरट n.* a bird of beautiful plumage taught to repeat words. तोता; सुग्गा; *v. t.* to utter words without knowing their meaning. तोते की तरह बिना अर्थ समझे शब्द दुहराना; *(pa. p.* parroted).

parrot-beak, -bill *n.* तोते की चोंच।

parrot-cry *n.* अर्थ विहीन शब्द।

parrotry *n.* कृत्रिम तोता; तोते का खिलौना।

parroty *adj.* तोते के समान।

parry *पैरि v. t. (pr. p.* parrying; *pa t. & pa. p,* parried) to ward off; to prevent to avert. हटाना; रोकना; दूर करना; *n.* a warding off a blow. आघातादि का रोकना।

parse *पार्ज व पार्स v. t.* (gram.) to name the parts of speech and show their relation in a sentence. पद निर्देश करना; पदच्छेद करना; पदभञ्जन करना।

parser *n.* पदच्छेद करने वाला।

parsec *पारसेक n.* a unit for measurement of distances of stars. तारों की दूरी मापने की इकाई।

Parsee, Parsi *पार्सी n.* one who believes in Zoroastrianism. पारसी; अग्निपूजक।

Parseeism Parsiism Parsism *n.* पारसी धर्म; पारसीवाद।

parsimonious *-मोनियस adj.* nigardly. अल्पव्ययी, कृपण; कंजूस; लोभी।

parsimoniously *adv.* कृपणता से।

parsimoniousness *n.* कृपणता; कंजूसी।

Law of parsimony कृपणवाद, कृपण-नियम

parsing *n.* पदभंजन; परच्छेद; पदनिर्देशन; पदपरिचय।

parsley *पार्स्ले n.* a plant with aromatic leaves. अजमोदा; अजवायन; खुरासानी अजवायन।

parsley fern *n.* अजमोदा सदृश पर्णांग।

parsnip, parsnep *-निप n.* a plant with edible root. चुकन्दर।

parson *पार्सन n.* the priest; a rector; a clergyman; a preacher. पादरी; धर्म-प्रचारक

parsonage *n.* the residence of a priest. पादरी का निवास स्थान।

parsonic *adj.* पादरी का। (also parsonical, parsonish).

parson's nose *n.* मुर्गे की पूंछ व नितम्ब का

part *पार्ट n.* a fragment; division; considered apart, share; side; a piece; a proportional division; action; a constituent; a member; on organ; region; participation; concern; interest; character taken by an actor in a play; words and actions of a character in a play; a separately published portion or number; an inflected form of a verb; (in *pl.*) qualities; talent; abilities. भाग; अंश; खण्ड; हिस्सा, ओर; अवयव; टुकड़ा; पक्ष; आनुपातिक भाग; काम; अंगभूत; सदस्य; प्रदेश; बटवारा; विषय; अभिरुचि; नाटक के पात्र का नियोग; नाटक मे अभिनय करने का अंश व भाग; नाटक में अभिनेता के शब्द तथा अभिनय; विशेषांक; क्रिया का रूप (व.ब. मे) गुण; विशेषता; मेधा, क्षमता। *adj.* in part; partial; भाग का; आंशिक। *adv.* in part; partly. भाग में; अंश में। *v. t.* to divide; to separate; to break; to set in different directions; to share; to quit. विभाजित करना; भाग करना; प्रथक करना, अलग करना; तोड़ना; विभिन्न दिशाओं मे स्थापित करना; बांटना; छोड़ना। *v.i* to become divided or separated; to die; to depart; to go different ways. विभाजित होना; विभक्त होना; जाना; छोड़ना; मरना; विभिन्न दिशा में जाना।

for my part जहां तक मेरा सम्बन्ध है।

for the most part प्रायः; बहुधा; साधारणतया

I have done my part मैंने अपना निर्धारित कार्य कर लिया।

in bad part प्रतिकूल; प्रांगमुख; अप्रसन्न।

in good part अनुग्रह से।

in great part काफी हद तक; अति; बहुत।

in ill part प्रतिकूल; प्रांगमुख; अप्रसन्न

in part : अंश मे; भाग में; कुछ; थोड़ा।

on part of : वास्ते; लिए; की ओर।

part and parcel : अवश्यक अङ्ग; अङ्ग भूत।

part company अलग करना; पृथक करना।

parting of the ways निर्णय का विषय; भाग्य बिन्दु।

part of speech : शब्द खण्ड।

part-owner : साझी।

three parts : रुपये में बारह आने; तीन चौथाई; पौना।

to part company : साथ छोड़ना, पृथक करना

to part the hair : सिर के बालों को संवारना।

to part with: त्यागना; बिदाई लेना।

to take part in : सहायता देना; बटवारा करना।

to take part with : पक्ष लेना या करना।

partakable *पार्टेकेबल adj.* बांटने योग्य।

partake *-क v. i. & v.t.(pr. p.* partaking; *pa.t.* partook; *pa.p.* partaken) to take a part; to have a part; to share; to have a share in the knowledge of; to inform. भाग लेना; भागीदार होना; अंश बांटना; बटवारा करना; प्रकृति का भाग लेना; ज्ञान ग्रहण करना; सूचना देना।

partaker *n.* भागी; हिस्सा लेने वाला।

partaking *n.* हिस्सा लेना।

parted *adj.* पृथक किया हुआ; विभाजित; मरा हुआ।

parter *n.* विभाजित करनेवाला।

parterre *पार्टेअर n.* space of flower beds in a garden; ground floor of a theatre. पुष्पवाटिका; नाटक घर की जमीन।

parthenogenesis *नोजेनोसिस n.* reproduction by means of an unfertilised ovum. निः शुक्रजनि; असम्भोग जनन; कौमार्यजनन।

parthenogenetic *adj.* निःशुक्रजनीय; असंयोग जनक।

parti *पार्टी n.* a marriageable match. विवाह योग्य जोड़ा।

partial *-पार्शियल adj.* pertaining to a part only; incomplete; unfair; biased. आंशिक; एक भाग का; अपूर्ण पक्षपाती; एक देशीय; खण्ड; किंचित।

partial activity *n.* आंशिक गति विधि।

partial colour blindness आंशिक वर्णान्धता।

partial fraction *n.* (math.) आंशिक भिन्न।

partial eclipse *n.* पार्श्विक-ग्रहण; आंशिक-ग्रहण।

partial impulse *n.* आंशिक-कामोद्वेग।

partialism *n.* पक्षपात, पक्षवाद।

partialist *n.* पक्षपाती; पक्षवादी।

partiality *n.* असमदृष्टि; पक्षपात; विशेष अनुरागी।

partialise *v. t.* पक्षपात करना।

partial justice *n.* आंशिक न्यास; पक्षपातपूर्ण न्याय।

partially *adv.* अंश में; थोड़ा सा; पक्षपात रूप से

partially soluble *n.* किंचित्-विलेय।

partial product *n.* (Math.) आंशिक गुणनफल।

partial tone *n.* आंशिक-स्वर।

partial verdict *n.* आंशिक निर्णय; पक्षपातपूर्ण सम्मति।

partibility *पार्टिबिलिटि n.* separability. पृथक स्थित; विभक्तावस्था।

partible *adj.* विभाग करने योग्य, पृथक; अलग; भाग होने योग्य; विभाज्य।

particeps criminis (L.) an accomplice. अपराध करने में सहायक।

partie carree (*Fr.*) a party consisting of two men and two wonen. दो स्त्रियों तथा दो पुरुषों का दल।

participable *-सिपेबल adj.* capable of being participated. अंश ग्रहण करने योग्य; साझी होने योग्य; भागीदार होने योग्य।

participant *adj.* भागी; हिस्सेदार; भागीदार। *n.* भाग लेने वाला व्यक्ति।

participantly *adv.* भागीदार होते हुए; भाग ग्रहण करने की अवस्था में।
participate *-सिपेट v. i.* to have a share; to partake. भागीदार होना; योगदान देना। *v. t.* to receive a share part. भाग लेना।
participation *n.* भाग लेना; भाग-ग्रहण, सहभागिता; हिस्सेदारी; बंटवारा।
participative *adj.* भाग लेने योग्य; भागीदार होने योग्य।
participator *n.* भाग लेने वाला।
participial *-सिपियल adj.* formed from a participle. कृदन्तीय; कृदन्त का।
participially *adv.* कृदन्त रूप में।
participle *-सिपल n.* a verbal adjective which qualifies a noun. कृदन्त; वह शब्द जिसमें विशेषता और क्रिया दोनों के लक्षण विद्यमान हों।
participle, last भूतकाल-कृदन्त।
participle, perfect पूर्ण-कृदन्त।
participle, present वर्तमान काल-कृदन्त।
particle *-कल n.* a little part; a very small portion; the smallest amount; an atom; a clause of a document; a minute piece of matter; a little hard piece. कण; परमाणु; लव; लेश; परिमाण; छोटा अंश; अणु; दस्तावेज का एक खण्ड; तत्व का छोटा अंश; छोटा कठोर अंश।
parti-coloured *adj.* रङ्ग-बिरङ्गा।
particular *पर्टिकूलर adj.* relating to a part; pertaining to a single person or thing, individual; special; detailed; noteworthy; definite; particularist. विशेष भाग (अंश) सम्बन्धी; विशिष्ट; सावधान; स्थिर; विलक्षण; अपूर्व; असाधारण; अमुक; सूक्ष्म, निर्दिष्ट; खास; व्यक्तिगत; विस्तृत; ध्यान देने योग्य; निश्चित; विशेषानुरक्तवादी; *n.* a minute part; a single point; a single instance; a detail; an item; personal relation सूक्ष्म अंश; विशेष विषय; विशेष घटना; विवरण; विशेष विवरण; विषय; परस्पर सम्बन्ध।
at a particular time : किसी विशिष्ट समय पर।
give the particulars : उसका विवरण दो।
in particular : विशेषकर; विस्तार से, विशेषतः
particulars of a battle : युद्ध का विस्तार पूर्वक वर्णन।
particular-case *n.* (math.) विशेष प्रतिज्ञा।
particular form *n.* विशेष रूप; ब्यौरेवार।
particularisation *n.* विशेष वर्णन।
particularise *v. t.* विवरण-सहित बतलाना; विशेष रूप से उल्लेख करना; वर्णन करना; ब्यौरेवार कहना; सविस्तार वर्णन करना; किसी विशेष घटना का उल्लेख करना; किसी विशेष वस्तु पर जोर देना; *v. i.* सूक्ष्म वर्णन करना; particularised. *adj.* निर्दिष्ट।
particularism *n.* विशेषानुरक्ति; सूक्ष्म विवरण; विस्तृत-विवरण; व्यक्तिवाद, किसी पक्ष या सम्प्रदाय के प्रति एकान्तिक अनुरक्ति।
particularist *n & adj* विशेषानुरक्तवादी, विस्तार पूर्वक वर्णन करने वाला।
particularistic *adj.* विशेष विवरण सम्बन्धी।
particularity *n.* विवरण; विस्तार; विशेष कथन स्पष्टता; असाधारण विषय; विस्तृत-विवरणत्व।
particularly *adv.* विशेष रूप से; विस्तार से; सूक्ष्म रूप से; विशेष करके।
particularness *n.* विवरणता; सूक्ष्मता; विशिष्टता; विस्तृता।
particular proposition *n.* एक देशी निर्देश; एक देशीय वाक्य; अल्पग्राही निर्देश।
particulars *n. pl.* विवरण; विस्तृत ब्यौरा; तफसील।
particulars, full *n.* पूर्ण विवरण।
particular term *n.* विशेष वाचक पद।
particulate *adj.* विशिष्ट; आनुवंशिक; परमाणु सम्बन्धी।
particulate inheritance विशिष्ट आनुवंशिक संस्कार।
parties *n.* वादी-प्रतिवादी; पक्षद्वय; उभय-पक्ष; उभयदल।
parties concerned सम्बन्धित-पक्षद्वय।
parting *n.* पृथकत्व; प्रस्थान; विभक्त स्थान; विभाजित रेखा; छुट्टी लेना।
partim (*L.*) in part. भाग में।
parti pris (*Fr.*) bias. पक्षपात पूर्ण विचार।
partisan, partizan *पार्टिजन n.* an adherent of a party; a kind of spear. सपक्षी; साथी, सहाय; पक्षावलम्बी; पक्ष-भागी; एक प्रकार की बर्छी; *adj.* सपक्षी; पक्षावलम्बी।
partisanship *n.* पक्षपात; साझा।
partite *पार्टाइट adj.* divided; divided at the base विभक्त; विभाजित; पेंदी पर विभाग किया हुआ।
partition *n.* विभाजन; बंटवारा; भागी करण; बटन, विभाग; पृथक करने वाली दीवार; हिस्सा; स्वतन्त्र अंश। *v. t.* विभाग करना; अंशों में विभाजित करना; दीवार द्वारा विभक्त करना।
to partition off : पृथक-पृथक करना।
partition-case *n.* विभाजन वाद।
partition-deed *n.* विभाजन-विलेख।
partitioner *n.* सम्पत्ति का विभाजन करने वाला
patitionist *n* विभाजन का पक्ष करने वाला, विभाजनवादी।
partitionment *n.* विभाजनत्व; विभक्तता।
partition, perfect *n* पूर्ण-विभाजन।
partition, private *n.* निजी-विभाजन।
partition, public *n.* सार्वजनिक-विभाजन; सरकारी विभाजन।
partition-suit *n.* विभाजन-वाद।
partition-wall *n.* भीतरी-दीवार।
partitive *adj.* विभक्तीय; विभाजनीय; विभागदर्शक; विभक्त शब्द।
partitively *adv.* विभाग से; विभाजन से।
partlet *-लेट n.* proper name for a hen; मुर्गी; a kind of shirt. एक प्रकार की कमीज।
partly *-ली adv.* in part. अंश में; अल्प भाग में; अंशतः।
partner *पार्टनर.* an associate; a sharer, wife or husband; one who dances with another: companion. सहभागी, भागीदार सहभागी; हिस्सेदार; भागी; साझेदार; पति या पत्नी, स्त्री व पुरुष जो दूसरे के साथ नाचता है; साथी। *v. t* to join as a partner. साझेदार होना; भागीदार होना।
partner, active सक्रिय-भागी।
partner, admission of भागी प्रवेश।
partner, death of भागी-मृत्यु।
partner, dormant निष्क्रिय-भागी।
partner, financing अर्थदायी-भागी।
partner, limited परिसीमित-भागी।
partnerless *adj.* बिना साझे का।
partner, normal नाम मात्र-भागी।
partner, quasi नाम मात्र भागी।
partnership *n.* भागिता; साझेदारी; सहकारिता; भागीदारी।
partnership account. भागिता-लेखा।
partnership at will यथेच्छ-भागिता।
partnership, conversion of भागिता-रूपान्तरण।
partnership-deed *n.* भागिता-विलेख।
partnership-debt *n.* भागिता-ऋण।
partnership, dissolution of भागिता-विघटन
partnership-firm भागिता-सार्थ।
partnership-fund भागिता-निधि।
partner-sleeping उदासीन-भागिता।
part-owner *n.* संयुक्त-स्वामी।
part-payment *n.* अंशतः-शोधन; अंशतः भुगतान
partridge *-रिज n.* a kind of game-bird. तीतर; चकोर।
parts *पार्ट्स n. pl.* talents; abilities योग्यता; विशेषता; गुण; मेधा; क्षमता।
part-time *adj.* अंश-काल; अंश कालिक, आंशिक समय।
part-timer *n.* आंशिक समय में काम करने वाला।
parture *पार्टयूर n.* departure. प्रस्थान।
parturient *पियन्ट adj.* bring or about to bring forth; of parturition आसन्न प्रसवा; प्रसव सम्बन्धी।
parturition *n.* आसन्न प्रसव; उत्पत्ति; प्रसव।
party *पार्टि n.* (*pl.* parties) a part; a company of persons joined for a cause; faction; an assembly; side; a person or persons on either side in a law suit; a number of persons invited to refreshment; accessory; body of persons travelling together; detachment of soldiers; a social gathering; a litigant; an entertainment; a body of persons united together to form a political or other cause; a company. भाग; समुदाय; समूह पक्ष; दल; सहायक; यात्रियों का समूह; सैनिक का भाग; सेना का भाग; जल पान गोष्ठी; निमन्त्र; समाज; प्रतिवादी; सहकारी *adj.* pertaining to party; divided. दल सम्बन्धी; विभक्त।
party-coloured *adj.* (also parti-coloured) रङ्ग-बिरङ्गा।
party, coloured *n.* बनावटी दल; रंगा दल।
party, cause *n.* दल की अन्तर्गोष्ठी। party; chief *n.* दल प्रमुख।
party-discipline *n.* दल का अनुशासन।
party-dictatorship *n.* दलाधिनायकता।
party-faction *n.* दल भाग; दल द्वय; दल खण्ड
party-government *n.* दल शासन।
party-in-power अधिकारारूढ़ दल; अधिकार प्राप्त दल।

party, interested *n.* स्वार्थ दल; सम्बन्धित दल।
partyism *n.* दलवाद; पक्षवाद।
party-line *n.* दल की नीति।
party-man *n.* दलवादी; पक्षवादी; पक्षपाती।
party of one अपने पक्ष का।
party of the opposite विपक्षका।
party opposite *n.* विरोधी दल; विपक्ष;प्रतिपक्ष
party original *n.* मूल पक्ष।
party of peasants कृषक-दल।
party politics *n.* दलीय-राजनीति; दलबन्दी; दलबन्दी नीति।
party political *n.* राजनैतिक दल; राजनैतिक पक्ष।
party spirit *n.* दल-भावना; दलबन्दी, दलगत भावना; दलबन्दी का भाव ; पक्षपात; अपने पक्ष पर दृढ़ता।
party spirited *adj.* दलबन्दीय; पक्षपाती; दलबन्दी की भावना वाला।
party strife *n.* दल कलह।
party system *n.* दलप्रणाली।
party verdict *n.* दल-निर्णय।
party wall *n.* दल-भित्ति।
parure पारूर *n.* a set of ornaments, आभूषणों का जोड़ा।
parva componere magnis(*L.*) comparing the great with the small. बड़ों की छोटों से तुलना करना।
parvanimity *mīti n.* littleness of mind. क्षुद्र-संकीर्णता; मन की संकीर्णता।
parvenu *pārvenyū n.* an upstart, one who lately becomes a gentleman or noble; a man of low origin who has amassed wealth. नवविभवोद्धत; सहसा-उन्नति-प्राप्त व्यक्ति; वह व्यक्ति जो हाल ही में सभ्य बना हो, वह व्यक्ति जिस ने बहुत धन कमाया हो।
parvis *pārvis n.* (also parvise). enclosed ground in front of a church गिरजा के सामने का हाता।
pas पा *n.* (*Fr.*) *n.* a dance, a step;action नाच; नृत्य; पद; कदम; कार्य।
to have the pass of one: किसी का (पद चिन्ह) अनुकरण करना।
Pasch पास्क *n.* (also Pace). Easter, the passover, ईस्टर नामक त्योहार, यहूदियों का एक त्योहार।
paschal *adj.* ईस्टर-सम्बन्धी।
paschal-candle *n.* ईस्टर से पूर्व की रात्रि को वेदी के सामने जलने वाली बहुत बड़ी मोमबत्ती।
paschal-lamb *n.* यहूदियों के त्योहार के दिन शहीद करके खाई जाने वाली भेड़।
pasch-egg *n.* ईस्टर के अण्डे।
pasch of the cross Good Friday. गुड फ्राइडे नामक त्योहार।
pasear *pāsēr v. i.* to take a walk. भ्रमण करना; घूमना। *n.* a walk. भ्रमण; घूमना।
paseo *n.* भ्रमण; घूमना; गली।
pash पैश *v.t.* to strike; to dash. धक्का देना *v. i.* to dash. धक्का खाना; टकराना *n.* a blow. मुक्का; धक्का।
pash पैश *n.* the head. शिर; मस्तक।
pash पैश *n.* passion. उत्सुकता, उत्कण्ठ-भाव
pasha *pāshā n* (also pacha). a Turkish title given to governors and high military and naval officers before 1934. तुर्की में राज्यपाल तथा सैनिक एवं जल सेना के पदाधिकारियों को १९३४ से पूर्व दी जाने वाली एक उपाधि विशेष।
pashalik *n.* (also pachalic). पाशा का क्षेत्राधिकार।
Pashto *pashtō n.* (also Pashtu, Pushtu, Pushtoo, Pushto, Pakhtu, Pakhto) the language of the Afghans. अफगानियों की भाषा; पश्तो।
pasigraphy *pāsigrafi n.* a system of ideographic writing. चित्र-लेखन कला की पद्धति।
paspy *pāspi n.* (also passepied) a dance; a dance-tune. नृत्य; नृत्य-राग।
pasquil *pāskwil n.* (also pasquin) a lampoon; a satire. उपहास लेख, आक्षेप करने वाला। *v.t. & v.i.* to lampoon; to satirise. उपहास लेख लिखना; आक्षेप या उपहास करना।
pasquilant (also pasquiler, pasquinader *ns.* आक्षेप करने वाला।
pasquinade *n.* उपहास लेख; निन्दा लेख; आक्षेप *v. t.* उपहास।
pass पास *v. t.* to go; to move, to walk; to change, to disappear; to depart; to go from one state to another; to flow through; to elapse; to die; to change to circulate; to be known; to disappear; to get through a difficulty; to get through an examination; to be approved; to meet with acceptance; to be sanctioned; to be made law; to be talented;to be avoided;to adjudicate, to be pronounced; to be communicated. गमन; जाना; चलना, टहलना, गायब हो जाना, अन्तर्धान होना; रवाना होना; एक अवस्था से अन्य अवस्था में जाना; घटना; बहना, बीत जाना, मर जाना; परिवर्तित होना; प्रसार करना; जानना; आपत्ति से पार हो जाना; परीक्षा में उत्तीर्ण होना; मंजूर किया जाना; स्वीकृत होना; पारण, पारित होना; कानून बनाना; बुद्धिमान होना, टालना; निर्णय करना; घोषणा करना; संचारित किया जाना। *v. t.* to go by or over; to spend; to disregard; to surpass; to enact; to transfer; to go successfully through; to deliver, to send; to put in circulation; to thrust; to omit, to surpass; to utter; to emit; (*pa.t & pa p.* passed, past) पास से जाना, निकट से जाना; व्यतीत करना; अनादर करना; उपेक्षा करना; श्रेष्ठ होना; पारण करना, परिवर्तन करना; परीक्षा में उत्तीर्ण करना; सौंपना, भेजना; जारी करना; प्रसारित करना; बलपूर्वक प्रवेश कराना; छोड़ना; त्यागना; पार करना; कहना; उगलना। *n.* narrow way; a passport; condition; a push; success in any test or examination; critical position; a written permission to go somewhere, a free ticket; a thrust; transference of the ball to another member संकीर्ण-मार्ग; अनुमति-पत्र; दशा; धक्का, कृतकार्यता; परीक्षा की उत्तीर्णता, आज्ञा-पत्र; दर्रा, सकुट; छल; प्रहार, अवस्था; (खेल में) गेंद को दूसरे साथी को देने की अवस्था; प्रवेश-पत्र, पारण।

act was passed : अधिनियम पारित हुआ।
let it pass now . अब ऐसा होने दो।
pass in the negative ; नकारात्मक पारित करना।
pass an order : आदेश देना।
read the paper and pass it on : पत्र पढ़कर आगे बढ़ाओ।
this passes comprehension : यह विचार से बाहर है।
to pass an examination : परीक्षा में उत्तीर्ण होना।
to bring to pass : घटना; घटाना,सम्पन्न करना
to come to pass : घटना; घटित होना।
to make a pass to : हल्का सा धक्का देना।
to pass away : मरना; नाश होना; अन्तर्धान होना।
to pass by : निकट हो जाना; उपेक्षा करना; ध्यान न देना; त्यागना; छोड़ना; तिरस्कार करना।
to pass by the name of : नाम से प्रसिद्ध होना।
to pass into : प्रवेश करना।
to pass off : अन्तर्धान हो जाना; प्रतारणा करना; भाग जाना, हटाना।
to pass on : आगे बढ़ाना या बढ़ना।
to pass on or upon; निर्णय देना; दण्ड देना; निर्णय थोपना।
to pass out : बांटना; मरना; मूर्च्छित होना।
to pass over : त्यागना; उपेक्षा करना; पार हो जाना; छोड़ देना।
to pass the time of day : नागरिकता के साधारण कार्य को करना।
to pass the time : समय बिताना।
to pass through अनुभव करना।
to pass up : त्यागना।
to pass water : लघुशङ्का करना; पेशाब करना।
without a pass : बिना आज्ञा-पत्र के; बिना प्रवेश-पत्र या टिकिट के।

passable *adj.* प्रचलित; प्राप्त-व्यय; सामान्य; सहनीय; ग्रहण योग्य।
passableness *n.* सामान्यता; प्रचलितता; सहनीयता।
passably *adv.* सामान्यता से; सहनीयता से; प्रचलितता से।
passade *pāsēd n.* the motion of a horse to and fro over the same ground. एक ही स्थान पर घोड़े के इधर-उधर घूमने की अवस्था।
passage *pāsij n.* the act of passing; event; currency; crossing; migration; voyage; way of passing; part of a book; moving of a rider sideways; way; entrance; right of passing; journey; fare; death; the passing of a bill; a lobly; traffic. गमन; रास्ता; घटना; यात्रा, निकास; पुस्तक का अंश; घुड़ सवार का एक ओर चलना; प्रवेश पथ; गमनाधिकार; यात्रा; भाड़ा; मृत्यु; पुस्तक का एक अंश निर्गमन; स्वीकृति; स्थान; पारण। *v. t.* to make a passage, to go sideways. मार्ग बनाना; एक ओर जाना।
passage-boat *n.* यात्री-नाव।
passage-money *n.* किराया। passage of light. प्रकाश-यात्रा।
passageway *n.* पास पहुंचने का मार्ग।
pass-book *n* ग्राहक-पुस्तिका।

pass check *n* देखा हुआ टिकिट ।
passed *adj* पारित ।
passenger-pigeon जङ्गली-यात्री-कबूतर ।
passenger train *n.* यात्री-गाड़ी ।
passer *n.* पथिक, यात्री, राहगीर, राही ।
passer-by *n.* (*pl.* passers-by). समीप से जाने वाला ।
passe-partout *पास-पार्टाउट n.* a means of passing anywhere, a master-key; a picture frame, adhesive tape or paper. किसी स्थान पर गमन करने का साधन; निपुण-कुंजी, चित्र का फ्रेम; चिपकने वाला कागज या फीता ।
passepied *-पाइड n.* a dance,a dance-tune. नृत्य; नृत्य-राग ।
passerine *-राइन adj.* a kind of sparrow. एक प्रकार की चिड़िया, गौरैया, चटक ।
passible *पैसिब्ल adj.* susceptible of suffering; susceptible of impressions from external agents. रोग-ग्रहणशील;बाहरी साधन का प्रभाव ग्रहण योग्य ।
passibleness, passibility *n.* रोग ग्रहणशीलता; बाहरी साधन के प्रभाव की ग्रहणशीलता ।
passim (*L.*) everywhere; throughout. सर्वत्र; समस्त ।
passing *पासिङ्ग n.* act of going away; the action of the verb to pass; a place of passing; death गमन; निर्गम; स्वीकृति: गमन स्थान, मृत्यु । *adj.* surpassing; relating to the act of going; incidental. श्रेष्ठ गमन सम्बन्धी, आकस्मिक । *adv.* exceedingly; very. अतिशय रूप से; अतिरिक्त परिमाण में
passing-bell *n.* मृत्यु-घण्टी ।
passion *पैशन n.* mental excitement;strong feeling or agitation of mind ; strong desire; grief ; anger; ardent love, suffering; sexual desire. मन की उत्तेजना ; मनोविकार; भावोद्वेग; राग; भावोद्रेक;उत्सुकता; क्रोध; प्रेम; लालसा: उत्कण्ठाभाव ; प्रबल इच्छा ; दुःख; गाढानुराग; कष्ट ; सम्भोग इच्छा , काम. *v.t.* to imbue with passion. उत्कण्ठित करना; *v. t.* to exhibit passion. मनोभाव प्रदर्शन करना ।
possional *adj.* अभिलाषा सम्बन्धी ; मनोभाव सम्बन्धी ।
passional, passionary *n.* शहीदों के त्याग तथा दुःखों से परिपूर्ण पुस्तक ।
passionate *adj.* चिड़चिड़ा; उत्कट; तीक्ष्ण;तीव्र; तीक्ष्ण; क्रोधी; कामुक;*v.t.* उत्कण्ठित करना;कामुक बनाना ।
passionately *adv.* क्रोध से; कामुकता से; अनुरागपूर्वक ।
pasaionateness *n.* कामुकता, उग्रभाव ।
passioned *adj.* उत्तेजित; क्रोधित; कामुकपूर्ण ।
passionist *n.* कामुकवादी; कामी; भावुक ।
passion-play *n.* दुःखित नाटक; मनोराग नाटक
passion-week *n.* पवित्र सप्ताह ।
passive *पैसिव adj* suffering; unresisting; patient, denoting the suffering of a action by the subject of a verb; being acted upon, submissive, inert, क्लेश ; उदासीन, निष्क्रय; अप्रतिरोध; धीर ; कर्मवाच्य सूचक, कर्मपात्र; अनिवारक; धैर्ययुक्त, सहनशील , कर्मण्य, निश्चेष्ट ।
passive-debt *n.* निष्क्रय-ऋण; बिना ब्याज के ऋण ।
passive existence निष्क्रिय-अस्तित्व ।
passive force निष्क्रय-बल; अकर्मण्यबल ।
passive forgetting निष्क्रय-विस्मरण ।
passive-iron *n.* निष्क्रय-लौह; अकर्मण्य-लौह ।
passively *adv.* सहिष्णुता से; बिना प्रतिकार के
passiveness *n.* सहनशीलता; निश्चेष्टता; शिथिलता । (also passivity) ।
passive obedience *n.* निष्क्रय आज्ञापालन ।
passive resistance *n.* निष्क्रय प्रतिरोध; सत्याग्रह ।
passive resister निष्क्रय-प्रतिरोधक; सत्याग्रही
passive voice कर्मवाच्य ।
passivity *n.* निष्क्रियता; भोगवृत्ति ।
pass-key *n.* बहुत से तालों को खोलने वाली ताली ।
passless *n.* बिना आज्ञा-पत्र का; अगम्य, दुस्तर; मार्ग रहित ।
passman *n.* साधारण डिग्री प्राप्त करने वाला व्यक्ति; स्नातक ।
passout *adj.* सफलीभूत ।
to being to pass : सफल होना ।
passover *n.* यहूदियों का एक त्योहार; *adj.*त्योहार सम्बन्धी ।
passport *पासपोर्ट n.* a written warrant granting permission to travel in a foreign country ; anything which secures advancement. पार-पत्र ; विदेश में भ्रमण करने का अनुमति-पत्र; उन्नति का उपाय ; अभयपत्र; निगम-पत्र ।
pass through मध्यापारण ।
pass through a line (math.) रेखा-मध्येन-गमन ।
passus *पैसस n.* a section ; canto. सर्ग ; स्कन्ध ।
password *n.* संकेत-शब्द ।
past *पास्ट adj.* bygone; of past time ;former; ended; elapsed; (gram.) preterite ; immediately preceeding the present ; having served a term of office. व्यतीत; अतीत; भूतपूर्व ; बीता हुआ ; अतीतकाल का; बीत समय का; पहिले का ; *n.* a state of thing gone by; time that has passed; the past tense; a verb or verbal form in the past tense. अतीतावस्था; भूतकाल; अतीतकाल; भूतकाल की क्रिया; *prep.* after, further than; out of reach; beyond. उस से आगे; पहुँच के बाहर; अनन्तर; *adj.* by. पास से ।
for sometime past : कुछ दिन हुए ।
half past ten : साढ़े दस बजे ।
in the past : प्राचीन काल में; अतीतकाल में ।
ran past the garden : उद्यान की ओर दौड़ा
pastance *-टैन्स n.* pastime. भूतकाल; अतीत काल; प्राचीन काल ।
paste *पेस्ट n.* flour moistened and kneaded, a paste of flour and water ; a plastic mixture; material for making pottery. लेई; गारा: *adj.* of paste. लेई व गारे का, *v.t.* to stick with paste. चिपकाना, लेई लगाना ।
parte-board *n.* कागज की दफ्ती; रोटी बेलने का चकला ।
paste-eel *n.* लेई-कृमि ।
paste-grain *n.* जिल्दें बांधने का चमड़ा ।
pastel *-पैस्टेल n.* a dry pigment paste used for drawing pictures; the process of drawing with pastels. चित्र खींचने की रंग की टिकिया; रंगीन-पेंसिल से चित्र बनाने की रीति; *adj.* of colour. रंग का ।
pastelist *n.* रंगीन पेंसिल से चित्र बनाने वाला ।
paster *n.*लेई से चिपकाने वाला; गोंद वाले कागज का टुकड़ा ।
pastern *-टर्न n.*the part of a horse's foot between the fetlock and hoof. अश्वखुर-सन्धि; गुमची; टखना ।
Pasteurian *-स्चियन adj.* pertaining to Louis Pasteur or his methods. लुई-पास्तो अथवा उसकी रीति (ढङ्ग) ।
pasteurisation *n.* कृमि नाशक विधि ।
pasteurise *v. t.* कृमि नाश करने दूध शुद्ध करना
pasteurism *n.* सूई द्वारा पिचकारी (सूची-भेद द्वारा) देकर पागल कुत्ते के विष का अच्छा करना ।
pastiness *n.* चिपकना ।
pastiche *-ज n.* (also pasticcio) a jumble. मिश्रण; गड़बड़ी ।
pastil *-ल n.* (also pastille) a roll of aromatic paste; pastel; a paper tube containing a fire work. सुगन्धित द्रव्यों की बत्ती; धूप-बत्ती; रंग की पेंसिल; (टिकिया); अग्नि चक्री ।
pastime *-इम n.* recreation; amusement entertainment. क्रीड़ा; विनोद; विहार; खेल; आमोद प्रमोद; खेल कूद; मन बहलाव ।
pastmaster *n.* भूतपूर्व अध्यापक ।
pastor *-र n.* a clergyman; a shepherd; a guardian. गिरजा घर का अध्यक्ष; पादरी; गड़रिया; रक्षक ।
pastoral *adj.* ग्राम्य; पादरी का; गड़रिये का; रक्षक का; *n.* गड़रियों का गीत; गोप काव्य ।
pastorale *n.* ग्राम्य-संगीत ।
pastoralism *n.*ग्राम्यानन्द ;ग्रामीण जीवन;ग्रामीण रीति; ग्राम्य-लेखन कला ।
pastoralist *n.* ग्राम्यवादी; ग्राम्यानन्द लेने वाला
pastorality *n.* चरवाहापन ।
pastorally *adv.* गड़रिये की तरह से ।
pastorate *n.* पुरोहित (पादरी) का पद; पादरी का क्षेत्राधिकार ।
pastorly *adj.* पादरी का ।
pastorship *n.* पादरी का पद ।
pastry *-ट्री n.* food made of paste; a small cake. पैस्ट्री; लेई से बना हुआ भोजन; छोटी रोटी ।
pastrycook *n.* पैस्ट्री बनाने वाला ।
pasturage *-रेज n.* grazing ground; grass for feeding. चरागाह; चरने की घास, गोचर भूमि ।
pasturable *-रेबल adj.*fit for pasture. चरागाह के योग्य ।
pastural *adj.* चारागाह का ।
pasture *-चर n.* feeding food; grazing, growing grass for grazing land, a gra-

zing ground; a piece of grazing land चारागाह, गोचरभूमि; घास से भरी भूमि; चरने की घास, गोचर, चर; चर भूमि; चरी ।

pasture-land *n.* चर भूमि, गोचर भूमि ।

pastureless *adj.* गोचर भूमि रहित ।

pasty *adj.* लेई जैसा चिपकाने वाला ।

pasty-faced *adj.* पीला तथा उदासीन मुख ।

pat *पैट n.*a light quick slap of the hand, a small sound made by striking lightly with something flat; a small lump of butter shaped by patting. थपकी; हल्का प्रहार, थपकी से उत्पन्न शब्द, थपकी हुई मक्खन की लुग्दी, *v.t* & *v.i* (patting, *pa t.* &*pa p* patted) to strike gently with the palm of hand as a mark of sympathy धीरे से मारना; थपथपाना, चपटा करना हथेली से थपथपाना; *adv.*& *adj* exactly fitting, fitly उचित, उचित रीति से; ठीक से ।

to put on the back पीठ पर ठोकना, पीठ थपथपाना ।

to stand pat . परिवर्तन अस्वीकार करना ।

patch *पच n* a piece sewed on a garment a small part of ground, an irregular spot, scrap. पेवन; पेवन्द, चिप्पी, जमीन का छोटा भाग मरहम की पट्टी, धब्बा, टुकड़ा ।

patch *पैच n* a fool; a jester मूर्ख; विदूषक, अमात्य ।

patch *पच v.t.* to mend by patches ; to repair clumsily. पेवन लगाना; चिप्पी लगाना, भद्दे तौर पर मरम्मत करना ।

to patch up . पेवन लगाकर तैयार करना, ठीक करना ।

patchable *adj* पेवन योग्य ।

patched *adj* खण्डमय, खण्डरूप ।

patcher *n* पेवन लगाने वाला ।

patchery *n.* गुथनी ।

patchiness *n* टुकड़ापन ।

patchily *adj* पेवन लगाते हुए ।

patching *adj* पेवन सम्बन्धी ।

patchouli, patchouly *पैचुलि n.* a fragrant Indian plant. सुगन्धरा; ममरी ।

patch-up *n* अस्थायी मरम्मत ।

patch-work *n* पेवन का काम, मिले हुए टुकड़ो का काम, चिप्पी लगाने का काम, भद्दी मरम्मत ।

patchy *adj.* पेवन का ।

pate *पेट n* the head; the crown of the head. मस्तिष्क, सिर; सिर का ताज ।

patella *-ला n.* (*pl.* patellae) the knee-cap पाली ।

patellar *adj.* पाली सम्बन्धी, पालीवत् ; अष्ठीवत ।

patellate *adj.* पाली के आकृति का ।

paten *-न n.* a plate; a thin circular metallic plate. थाली, रकाबी; प्लेट ; धातु का पतला गोल टुकड़ा ।

patency *n.* स्पष्टता; प्रकाशता ।

patent *-ट adj.* conspicuous; open; protected by special privilege , public प्रत्यक्ष; स्पष्ट; खुला हुआ; विशेष रूप से रक्षित; पेटेन्ट; प्रकट, स्वाधिकार; समदी ; *n.* a writ from a sovereign conferring a title or sole right for an invention, a privilege, a certificate. विशिष्ट अधिकारपत्र; असामान्य अधिकार; अधिकार पत्र,विशेषाधिकार; प्रमाणपत्र, *v.t.* to obtain patent for. विशेष अधिकार पत्र देना अथवा प्राप्त करना ; एकस्व प्राप्त करना ।

patentable *adj.* एकस्वीय; असामान्य अधिकार योग्य ।

patented *adj.* एकस्वकृत ।

patentee *n* विशिष्ट अधिकार पत्र धारी; एकस्व धारण करने वाला; एकस्वकर्त्ता ।

patent, letters *n.* एकस्व-पत्र; स्वाधिकार पत्र ।

patently *adv.* स्पष्ट प्रकार से; प्रकाश रूप में ।

patent-leather *n.* उत्तम रूप से वार्निश किया हुआ चमड़ा ।

patent-medicine *n* एकस्व-भेषज (औषधि) ।

patent-office *n.* एकस्व कार्यालय ।

patentor *n.* एकस्व प्रदान करने वाला ।

patent-right *n.* एकस्वाधिकार ।

patent-rolls *n pl.* एकस्व-पर्जी, एकस्व सूची ।

nothing patent बहुत अच्छा या उत्तम नहीं ।

pater *पेटर n* father बाप, पिता, बाबा ।

patera *-रा n.*a sound flat dish थाली, रकाबी; (*pl.* paterae)

paterero *पेरो n* (*pl* patereroes) (also pedrero, paderero, pederero) an old gun. एक प्रकार की पुराना बन्दूक ।

paterfamilias *पाटिफैमिलियस n* (*pl* patresfamilias)the father or the head of a family. पिता अथवा कुटुम्ब पति ।

paternal *-नल adj* pertaining to a father, fatherly,hereditary ; derived from the father पैतृक, वंशौती, पितृतुल्य, मौरूसी, परम्परागत ।

paternal aunt *n* बुआ, पिता की बहिन ।

paternal government *n.* पैतृक शासन; पैतृक सरकार ।

paternalism *n.* पैतृकवाद ।

paternal interference *n.* पैतृक-हस्तक्षेप ।

paternal legislature *n.* पैतृक विधान मण्डल ।

paternal line *n.* पैतृक परम्परा, पित-शाखा ।

paternally *adv* पितृवत, पिता सदृश ।

paternity *n* पितृत्व, मूल, उत्पत्ति; उद्गम ।

paternoster *-स्टर n.* the Lord's prayer; rosary. ईश्वर का भजन,प्रार्थना; भजन करने की माला ।

pater patriae(*L.*)the father of his country. देश का प्रभुत्व; राष्ट्र पिता ।

path *पाथ n* a way a road, a course of life or action, precepts; moral government, (*pl* paths) मार्ग, रास्ता, सड़क; पगडण्डी, जीवन पथ,कर्म मार्ग,उपदेश, नैतिक शासन *v. i.* to go. जाना ।

path of a planet कक्षा ।

Pathan *पठान n* & *adj.* अफगानी, पठान ।

pathemata mathemata (*Gr.*) sufferings are lessons. दुख से (सहन करने से) शिक्षा मिलती है ।

pathetic, pathetical *-टिक-टिकल adjs.* affecting, touching, करुणिक, करुणा जनक; मर्मस्पर्शी ।

pathetic-fallacy *n* प्राकृतिक पदार्थों में मानुषी भावों का आरोपण ।

pathetically *adv.* करुणा पूर्वक ।

pathic *पैथिक* passive; pertaining to disease. रोग सम्बन्धी; निदान, सम्बन्धी; *n.* passive subject. निष्क्रय व्यक्ति ।

patho *पैथो pref.* in sense of "suffering or disease" 'रोग' के अर्थ में उपसर्ग ।

pathogen *-जन* (also pathogeny) on organism or substance that causes disease व्याधिजन ।

pathogenesis, pathogeny *ns.* व्याधि, विकास व्याधिजनन; रोगोत्पत्ति-शास्त्र; निदान-शास्त्र; रोग विज्ञान ।

pathogenetic (also pathogenic, pathogenous,pathognomonic)*adjs.*व्याधिजनीय व्याधिजन; रोग; विशेषत-सम्बन्धी; रोगोत्पादक, रोग कारक; pathogenicity. व्याधिजनत्व ।

pathogenic organism *n* रोगाणु ।

pathognomy *n.* भावों का प्रदर्शन ।

pathography *n.* व्याधि-विज्ञान ।

pathologic,-al *adjs.* निदान शास्त्र सम्बन्धी; व्याधिकीय, रुग्ण; विकृत ।

pathological anatomy *n* विकृत-शरीर ।

pathological histology *n.* विकृत-औतिकी, विकृत-सूक्ष्म रचना विचार ।

pathologically *n.* व्याधि रूप में, रुग्णता से ।

pathologist *n.* चिकित्सक, व्याधिकोविद्, रोग-विज्ञान शास्त्री ।

pathology *n.* रोग विज्ञान; व्याधिविज्ञान, व्याधि विद्या; व्याधिकी; वैकारिकी; मानस रोग शास्त्र, देह वैकारिकी, रोगनिदान शास्त्र, रोग-निदान, निदान शास्त्र ।

pathology of legislation. विधान का निदान शास्त्र ।

pathophobia *n.* विकृत रोगभय, रोग-भय ।

pathos *पेथॉस n.* that which touches the feeling; deep feeling. जो प्रभाव डाले; करुण रस, मनोवेदना, प्रभाव डालने वाली उक्ति या लेख ।

patible *-बल adj* passible, capable of suffering. व्याधि योग्य ।

patibulary *adj.* pertaining to gallows. फांसी के तख्ता सम्बन्धी ।

patience *पेशन्स n* suffering without complaint, perseverance; forebearance; endurance, a game at cards. सहिष्णुता अध्यवसाय; धैर्य; सहनशीलता, धीरता; क्षमा, ताश का एक खेल ।

out of patience with : न सहने योग्य ।

to have no patience . उत्तेजित होना; क्रुद्ध होना ।

patient *पैशैंट adj.* सहनशील; सन्तोषी, सहिष्णु; अध्यवसायी; धैर्यशील । *n.* रोगी ।

patiently *adv.* क्षमापूर्वक; धैर्य से ।

patin, patine *पैटिन n.* (also paten) a plate. थाली; रकाबी; प्लेट ।

patina *-ना n.* green colour on old bronze. पुराने कांसे पर हरा रंग ।

patinated *adj.* पुराने कांसे पर हरा रंग किया हुआ ।

patination *n.* पुराने कांसे पर हरा रंग करने की क्रिया ।

patio *पाटिओ n.* a courtyard सेहन ।

patois *पैटवा n.* (*pl.* patois) the language

of uneducated or uncivilized अशिक्षितों की भाषा; ग्रामीण भाषा।

patriarch *पेट्रिआर्क n.* father or head of a family; the head of a church; respected old man. कुलपति; पारिवारिक शासन-कर्त्ता; पादरी, वृद्ध पुरुष, पितर, ज्येष्ठ पुरुष, कुटुम्बाधिपति, आदि पुरुष; वृद्ध।

patriarchul *adj.* पितृसत्ताक, पितृमूलक; पैतृक, कुलपति का।

patriarchal family *n.* पितृसत्ताक कुटुम्ब।

patriarchalism *n.* कुलपतिवाद, कुलपति का शासन; वृद्ध पुरुष का शासन।

patriarchal kingship *n* पितृ सत्ताक राजपद।

patriarchal society *n.* पितृ सत्ताक समाज; पैतृक, समाज।

patriarchal state *n* पितृ सत्ताक राज्य।

patriarchal theory *n* पितृ सत्ताकीय सिद्धान्त।

patriarchal theory of state origin राज्य की उत्पत्ति का पितृ सत्ताकीय सिद्धान्त।

patriarchate *n.* पादरी का पद, पितृ सत्ता।

patriarchism *n.* कुलपति-शासन, कुलपतिवाद; वृद्ध पुरुष का शासन।

patriarchy *n.* वृद्ध पुरुष अधिपत्य; पितृ सत्ता।

patrician *-शियन n* a nobleman. कुलीन, शिष्ट पुरुष। *adj* of a nobleman. कुलीन, शिष्ट।

patricianly *adj* कुलीन, शिष्ट।

patricianship *n* कुलीन का पद।

patriciate *n.* कुलीन का पद, कुलीन-तन्त्र, अभिजात-तन्त्र।

patricidal *-साइडल adj.* pertaining to a murder of one's father. पितृहत्या सम्बन्धी

patricide *-साइड n* the murder of one's own father, the murderer of one's father. पितृ हत्या, पितृ हत्यारा।

partrilineal *-लियल adj* (also patrilinear) reckoned through the father. पैतृक, बपौती।

patrilocal *-लोकल adj.* विवाह सम्बन्धी, वैवाहिक

patrimonial *लियल adj* pertaining to patrimony. मौरूसी, पैतृक।

patrimonially *adv.* पैतृकता से।

patrimony *n.* property inherited from one's father; ancestral inheritance; a church estate or revenue पैतृक-धन, पैतृक सम्पत्ति; गिरजा की सम्पत्ति।

patriot *-ऑट n.* one who truly loves and serves his nation or native land. देश भक्त; स्वदेशानुरागी; स्वदेशभक्त। *adj.* devoted to one's country. देश भक्त।

patriotic *adj.* स्वदेशाभिमानी; स्वदेशहितैषी।

patriotically *adv.* स्वदेशहितैषिता से।

patriotism. *n.* देशभक्ति, स्वदेशप्रेम; स्वदेशानुराग।

patristic *-स्टिक adj.* (also patristical) pertaining to the fathers of the Christian Church. ईसाइयों के धर्माचार्य सम्बन्धी।

patristicism *n.* धर्माचार्यवाद-शास्त्र।

patristics *n pl.* (also patrology) धर्माचार्यवाद-शास्त्र।

patrol *पैट्रोल v. i.* to go the round in a camp or garrison, to watch and protect. पहरा देना; छावनी में पहरा देने के लिये घूमना; *v. t.* to go the rounds of पहरा देने के लिये घूमना; गश्त लगाना। (*pr p.* patrolling; *pa t.* and *pa p.* patrolled). *n.* going the rounds in a watch; a detachment of troops; perambulation by police or soldiers in uniform, a mounted policeman; a small group of scouts. पहरा; परिरक्षी; गश्त, रात्रिरक्षक; सैन्यदल, घुड़-सवार पुलिस का सिपाही; सेवादल।

patrol contact सम्पर्क गश्त।

patrol fighting लड़ाकू गश्त

patroller *n.* परिरक्षी, पहरा देने वाला।

patrol-leader *n.* परिरक्षीनेता, सेवादल नेता।

patrol-man *n.* परिरक्षी।

patrol, night रात की गश्त।

patrol, protective सुरक्षार्थ गश्त।

patrol, reconnaissance पर्यवेक्षण (टोह) गश्त

patrol, standing स्थिर गश्त।

patron *पेट्रोन n.* (*fem* patroness) a promoter, a protector, a guardian; a supporter संरक्षक; प्रतिपोषक, रक्षक; आश्रयदाता सहायक।

patronage *n* संरक्षक, संरक्षण; आश्रय; सहायता अवलम्बन, अनुग्रह उत्साह; *v. t.* अनुग्रह करना; सहायता देना, अनुमोदन करना।

patronal *adj* रक्षक-सम्बन्धी, संरक्षकीय।

patronise *v. t.* आश्रय देना; उत्साह देना; संरक्षण देना; संरक्षक बनाना, सहायता करना।

patroniser *n.* संरक्षक, सहायक; उत्साह देने वाला।

patronising *adj* आश्रय सम्बन्धी; संरक्षणीय।

patronisingly *adv* आश्रय रूप से; संरक्षणता से

patronless *adj.* अशरण; निराश्रय; अरक्षित।

patron saint *n.* संरक्षक सिद्धान्त, संरक्षकमुनि; संरक्षक ऋषि।

patronymic *-निमिक adj* derived from the name of a father or an ancestor. पितृ प्राप्त पितृनाम, पितृ गोत्र। *n.* a name derived from a father or an ancestor. पितृ प्राप्त नाम, पितृ गोत्र।

patronymic league *n.* अपत्यवाची संघ।

patroon *-ट्रून n.* captain of a ship. जहाज का कप्तान।

patroonship *n.* जहाज के कप्तान का पद।

patte *पैट n.* a narrow band keeping a belt. पेटी को संभालने वाला मुड़ा हुआ भाग।

patte, pattee *पैटि adj* spreading towards the end. सिरे की ओर फैला हुआ।

patten *-टन n.* an over shoe with a wooden role; the base of a pitter. काष्ठ पादुका खड़ाऊ, स्तम्भ का धरातल; *v. t* to go on pattens. खड़ाऊं पर चलना, काष्ठ पादुका से चलना।

patten *-टन n.* (also paten.) plate. थाली; रकाबी, प्लेट।

pattened *adj.* काष्ठपादुका सहित, खड़ाऊं युक्त।

patter *-टर v.t.* to strike in quick succession as hail or train, to mutter; to make a tapping noise. पड़पड़ाना, बड़बड़ाना पटपटाना, *v. t.* to speak in a low voice or fluently धीरे या शीघ्र बोलना *n.* a rapid speech; a quick succession of sounds पटपटाहट; शीघ्र भाषण; किसी जाति या व्यवसाय के विशिष्ट सांकेतिक शब्द।

patterer *n.* बोलबोल कर गली कूंचों में माल बेचने वाला व्यक्ति।

patter-song *n.* हास्य जनक गीत जिसमें बहुत से शब्द जल्दी जल्दी बोले जाते है।

pattern-टर्न a model; a sample; an example; decorative design; a person or thing to be copied. आदर्श नमूना, दृष्टान्त प्रतिमा; आकार; सांचा; प्रतिकृति, प्रतिरूप; ढाचा *v. t.* to make in imitation; to copy; to serve as an example to be followed सांचा बनाना; नमूना बनाना; नकल करना आदर्श स्वरूप होना।

pattern and models प्रतिकृति तथा आदर्श।

pattern-maker *n* लकड़ी का सांचा बनाने वाला

pattern-wheel *n.* बरतें में गिनती का पहिया।

pattle *पैटल n.* हल साफ करने का फावड़ा।

patty *पैटि n.* a little pie. छोटा समोसा।

patty-pan *n.* समोसा बनाने की कड़ाई।

patulous *-लस adj.* spreading, open फैला हुआ; खुला हुआ।

patulously *adv.* फैले हुए।

patulousness *n.* फैलावट।

paucity *-सिटि n.* fewness, insufficiency; smallness of number कमी, अल्पता; न्यूनता; लघुता; कमी।

paughty *पाटि adj.* haughty अभिमानी, घमण्डी।

paul *पॉल n.*(also pawl). a lever used as a catch for the teeth of a wheel. पहिये के दांतों को रोकने का साधन।

paul *पाल n.* a piolo चांदी का सिक्का।

paulinism *n* पॉल के उपदेश, पॉलवाद।

paulinist *n* पॉलवादी।

pauldron, pouldron *-ड्रन n* कवच की पृथक होने योग्य प्लेट।

paulo-post-future *adj* & *n* future perfect future immediately after the present पूर्ण भविष्य, वर्तमान भविष्य।

paunch *पॉन्च n* the belly, stomach पेट, उदर, तोंद, *v. t.* to rip the belly of. पेट चीरना।

paunchy *पॉन्चि adj.* बड़े पेट वाला।

pauper *-पर n.* (*fem.* paupress) a destitute person; a person who has no means of livelihood; a beggar; one not required to pay costs in law suit, one independent on charity. दरिद्र, भिक्षुक कङ्गाल; गरीब आदमी, भिखारी अकिंचन।

pauperdom *n.* भिक्षुक-मण्डली।

pauperisation *n.* दरिद्रता, अकिंचनता।

pauperise *v.t.* दरिद्र बनाना या करना।

pauperism *n* अकिंचनता, दरिद्रता।

pauper-suit *n.* अकिंचनवाद।

pausal *adj.* विराम या रुकावट सम्बन्धी।

pause *पाज़ n.* intermission, a temporary stop or rest, an interval, rest suspense; hesitation; cessation; a mark for suspending the voice. विराम, विश्राम, रुकावट; क्षणिक; निवृत्ति; दुविधा; विराम-चिह्न, *v. t.* & *i.* to make a pause; to stop, to

hesitate, to rest थोड़ी देर के लिए ठहराना, ठहरना, रुकना ; आराम करना ; दुविधा में पड़ जाना।
to give pause दुविधा में पड़ना।
to pause upon : चिन्ता करना।
pauseful *adj.* विरामपूर्ण।
pausefully *adj.* विरामपूर्वक।
pauseless *adj.* विरामरहित।
pauselessly *adj.* विरामरहित।
pauser *n.* रुकने वाला, विराम करने वाला।
pavan, pavane पैवन *n.* (also paven, pavin) a stately dance. एक शांत नाच।
pavage, paviage पैविज *n.* a tax for paving streets. सड़क पर पत्थर लगाने का कर।
pave पेव *v.t.* to lay or cover with brick or stone; to prepare ; to make easy and smooth in any way. फर्श लगाना ; पत्थर का फर्श लगाना, प्रस्तुत करना; राह बनाना; सुलभ करना *n.* a setting of jewels ; a paved road or floor नगीना या रत्न जड़ना; पक्की सड़क अथवा फर्श।
paved *adj.* फर्श लगाया हुआ।
pavement *n.* पत्थर या ईंट का फर्श; *v.t.* to pave. फर्श लगाना।
paver, paviour *n* (also pavior) फर्श लगाने वाला।
paver *adj.* paved. फर्श लगाया हुआ।
on the pavement : बिना घर बार के, सड़क
pavement artist : सड़क पर चित्रकला करने वाला।
pave the way for : मार्ग बनाना ; आसान बनाना; सहायक होना।
pavid पैविड *adj.* timid. भीरू, डरपोक।
pavilion -*लियन n.* a tent; a canopy ; a building with a dome खेमा, मण्डप;तम्बू; गुम्बजदार घर; *v.t.* to furnish with tents. मण्डप बनाना।
pavilion-roof *n.* मण्डप जैसी छत।
paving पेविंग *n.* सड़क की ऊपरी तह।
pavo पैवो *n.* मयूर वंश, मयूर कुल।
pavone पैवोन *n.* a peacock. मोर; मयूर।
pavonian, pavonine *adj.* मयूर सदृश्य ; मोर समान।
paw पॉ *n.* the foot of a beast,a person's handwriting. पंजा; हस्तलेख;*v.t.* to scrape with the forefoot, to handle roughly. पंजे खुरचना; बुरी तरह से हथियाना ; *v. i.* to draw the foot along the ground. अगला पैर भूमि पर घिसना; रुखाई से पकड़ना।
paw पॉ *interj* (also pah) an exclamation of disgust. घृणा सूचक अव्यय ; *adj.* (also paw paw) foul, obscene. मलिन, अपवित्र, घृणित।
pawed *adj.* पंजे वाला; चौड़े पंजे का।
pawk पॉक *n.* a trick, छल; कपट; लीला।
pawkily *adv.* कपट से, छल से; माया से।
pawky *adj.* कपटपूर्ण।
pawl पॉल *n.* a lever used as a catch for the teeth of a wheel. पहिए के दांतों को रोकने का साधन; *v.t.* to secure with a pawl. पहिए के दांतों को साधन से रोकना।
pawn पॉन *n.* something given as security for the repayment of money; a pledge ; the smallest piece in chess. न्यास, निक्षेप; बंधक रखी हुई वस्तु; गिरवी; शतरंज का प्यादा; *v. t.* to give in pledge ; to wager.to deposit as security.गिरवी रखना; बन्धक रखना; बन्धक देना; शर्त लगाना।
pawn, pown, powin पॉन *n.* a peacock. मोर, मयूर।
pawnbroker *n.* रहन रख कर ऋण देने वाला ; गिरवी रखने वाला महाजन।
pawnbroking *n* गिरवी रखने का कार्य।
pawnee *n* गिरवी रखने वाला,जिसके पास बंधक रखा जाता है।
pawner *n* ऋण के बदले गिरवी रखने वाला।
pawnshop *n.* गिरवी रखने वाले महाजन की दूकान।
pawpaw पॉ पॉ *adj* (also paw) foul. मलिन, अपवित्र।
pax पक्स *n.* the kiss of peace. चुम्बन से अभिवादन।
pax-board *n* (also pax-brede). चुम्बनीय अभिवादन।
pax vobiscum (*L.*) peace be with you. आपका कल्याण हो।
pax-wax पैक्स'वैक्स *n.* the strong tendon at the back. पीठ की रीढ़ के पास की मोटी नस।
pay पे *v. t.* to discharge as debt; to reward; to give; to recompense; to fulfil as a duty; to satisfy; to punish, to render. ऋणादि परिशोध करना, चुकाना; निष्कृति करना; शोधन करना; पुरस्कार देना; देन, बदला देना; कर्तव्य करना या पालन करना; सन्तुष्ट करना, वेतन देना। *v. i.* to hand over money, to be profitable; to be punished. ऋण चुकाना; लाभ होना; दण्डित होना। (*pr. p.* paying, *pa. t. & pa. p.* paid; payed) *n* payment; salary; wages. वेतन मूल्य; भाड़ा, हर्जाना; तनख्वा; तनख्वाह।
to pay and discharge : प्रतिशोध लेना; वेतन देकर नौकरी से हटा देना।
to pay back : बदला देना; जैसे को तैसा।
to pay down : नकद रुपया देना।
to pay for : बदले को देना; दाम देना; क्षतिपूर्ण करना; प्रायश्चित करना।
to pay in : हिसाब में देना।
to pay in one's own coin : बदला चुकाना।
to pay off : पूरा ऋण चुकाना; परिशोध करना।
to pay out : दण्ड देना; डांटना।
to pay the pipes : दाम देना।
to pay round : जहाज का मुख मोड़ना।
to pay through the nose : मंहगा पड़ना; मंहगा चुकाना।
to pay up : पूरी रकम चुकाना; पूरा ऋण चुकाना।
pay पे *v.t.* (*pa.t.& pa.p.* payed) to smear with tar. तारकोल से पोतना।
payable *adj.* देय; देनी; चुकाने योग्य।
payable at sight दर्शने देय।
payable during the pleasure of the president राष्ट्रपति प्रसाद पर्यन्त देय।
payable to bearer वाहक देय।
payable to order आदेश देय।
pay-bill *n* वेतन-पत्र।
pay-box,-desk *n.* देय-सन्दूक।
pay-day *n.* वेतन दिवस।
pay-dirt,-gravel *n.* रेत जिसमें काफी मूल्य का सोना हो।
payee आदाता; रुपयावाला; प्राप्तिकर्त्ता; पाने वाला।
payee's receipt *n.* आदाता की प्राप्ति।
payer *n.* देने वाला; चुकाने वाला।
paying *adj.* शोधन।
pay for honour आदरार्थ शोधन।
pay in advance अग्रिम शोधन; अग्रिम वेतन।
pay in gross एक राशि-दान, संराशि-दान।
paying bank शोधन-बैंक।
paying banker शोधन-आधिकौपिक (बैंकर)।
paying-guest शोधन-अतिथि।
paying-in-slip निक्षेप-पर्ची।
paying off शोधन-परिपूर्ण।
pay list *n.* वेतन-सूची; वेतन नामावली।
pay-load *n.* वायुयान पर ले जाने वाला बोझा।
paymaster *n.* वेतनदाता।
Paymaster General *n* वेतन-महादाता।
payment *n.* भुगतान, निष्कृति, रुपया देना, चुकता धन; ऋण परिशोध, बदला, प्रतिदान, निस्तार; शोधन।
payment by instalments प्रभागश -भुगतान।
payment for honour आदरार्थ-भुगतान।
payment in advance अग्रिम शोधन; अग्रिम-भुगतान।
payment in kind वस्तु शोधन, वस्तु- भुगतान।
payment in part अंशत (आंशिक) भुगतान।
payment of compensation हानि पूर्ति का शोधन; हानि पूर्ति-भुगतान।
payment of debt ऋण-भुगतान।
payment of rent भाटक भुगतान।
payment side शोधन-पार्श्व; भुगतान-पार्श्व।
payment voucher शोधन प्रमाणक, भुगतान-प्रमाणक।
paynim पेनिम *n.* & *adj* (also painim, panim) heathen. मूर्ति-पूजक।
paynimry *n.* मूर्ति-पूजन।
paynise *v. t.* लकड़ी में न सड़ने या घुनने वाला मसाला लगाना।
pay roll *n.* वेतन-सूची, वेतन-नामावली।
paysage (*Fr.*) a landscape; a landscape painting. नयनगोचर प्रदेश; प्रकृति-चित्र।
paysagist पैसाजिस्ट *n* a landscape painter. प्रकृति-चित्रकार।
paysd पैज्ड *adj.* (also peised, poised) weighty. वजन वाला।
pb *n.* shortened form of plumbum. (chem.) सी (सीस)।
pea पी *n.* (*pl.* peas, pease) a plant and its fruit. मटर।
pea पी *n* a pea-fowl. छोटा मुर्गा, छोटी मुर्गी
pea-berry *n* काफी का छोटा गोल बीज।
pea-green *n.* & *adj.* मटर के समान हरा रंग।
pea-rifle *n.* छोटी गोली फेंकने वाली राइफल।
pea-chick *n.* छोटी मुर्गी।
pea-cod *n.* (also pea-scod) मटर की फली।
pea-soup *n.* मटर का शोरवा (सूप)।
peace पीस *n.* a state of quiet, freedom from disturbance,tranquility of mind

cessation of, friendliness; silence. calm, harmony, stillness. शान्ति, सन्धि, विग्रह का अभाव अथवा विराम, उपद्रव अथवा युद्ध से छुटकारा, मन की स्थिरता, युद्ध निवृत्ति, लड़ाई-बन्दी, मित्रता; मैत्री, मेल, निश्चलता, विश्राम, अनुरूपता; मौनता, *v. t* to be silent be silent, चुप करना, शान्त करना।

at peace : शान्तावस्था में; युद्ध निवृत्ति में।

breach of the peace : शान्ति भङ्ग; बलवा।

in peace : शान्ति से।

kiss of peace : अभिवादनार्थ-चुम्बन।

peace establishment शान्ति व्यवस्था, शान्तावस्था में सैनिक शक्ति घटना (कम करना)।

peace of God : युद्ध से सरक्षण।

peace of mind : चित्त की शान्ति।

to hold one's peace : मौन होना शान्त होना

to keep the peace : शान्ति व्यवस्था कायम रखना, शान्ति बनाये रखना।

to mak one's peace with सन्धि करना, मेल करना।

to make peace : शान्ति स्थापन करना।

to swear the peace ; मजिस्ट्रेट के सम्मुख शान्ति के लिए शपथ लेना।

peaceable *adj* शान्ति स्वभाव का; युद्ध-विमुख शान्तिप्रिय, प्रसन्न।

peaceableness *n.* शान्तिप्रियता।

peaceably *adv.* शान्ति से शान्तिपूर्वक।

peace and tranquillity सुख शान्ति,शान्ति और अलोभ।

peace-breaker *n.*शान्ति भङ्ग करने वाला,शान्ति-भञ्जक।

peaceful *adj* शान्तिपूर्ण, शान्त, निष्कण्टक।

peacefully *adv.* शान्ति से।

peacefulness *n* शान्ति।

peaceless शान्तिरहित, अशान्त।

peacelessness *n.* अशान्ति।

peace, justice of the शान्तिपाल,शान्ति-न्यायाधीश; विचारक।

peace maker *n.* शान्ति संस्थापक।

peacemeal *adj.* आंशिक; अंशाशी।

peace-offering *n.* शान्तिदान।

peace-officer *n.* शान्ति संस्थापन कराने वाला अधिकारी।

peace-pact *n* शान्ति समझौता; शान्ति-सन्धि।

peace parted *adj.* शान्ति से गमन करने वाला

peace-party *n.* शान्ति-दल।

peace-pledge union *n.* शान्ति संघ, शान्ति-प्रतिज्ञा-संघ।

peace-public *n.* सार्वजनिक-शान्ति।

peacetime *n.* शान्तिकाल।

peace-warrant *n.* शान्ति संस्थापक न्याया धीश द्वारा गिरफ्तारी का आदेश।

peach पीच् *n.* a delicious fruit containing a hard stone सत्फल; आड़ू। *adj.* of the peach; आड़ू का; of the colour of a peach, आड़ू के रंग का।

peach पीच् *v. t.* to betray धोखा देना *v. i.* to become informer; सूचक बनना।

peach-bloom *n* आड़ू का फूल।

peach brandy *n.* आड़ू से बनी ब्राण्डी।

peach-coloured *adj.* आड़ू के रंग का।

peachiness *n* मोलापन।

peach-water *n.* आड़ू के पत्तों का रस।

peach wood *n.* आड़ू के वृक्ष की लकड़ी।

peachy *adj.* आड़ू के रंग का।

peach-yellows *n.* एक प्रकार का रोग जो आड़ू के पत्तों को पीला करदेता है तथा वृक्ष को नष्ट कर देता है।

peacock पीकॉक *n.* a large and beautiful bird with a very fine plumage. (*fem.* pea-hen): मयूर, मोर;a vainglorious person. मिथ्याभिमानी व्यक्ति (पुरुष)। *v. t.* to make like a peacock. मयूर जैसा बनाना *v. i.* to behave like a peacock. मयूर की भान्ति व्यवहार करना; घमण्ड करना।

peacock-blue *n* मयूर की नीली गर्दन।

peacock-butterfly *n* मयूर के रंग जैसी तितली

peacockery *n* घमण्डपूर्ण आडम्बर।

peacockish *adj* मयूर के समान।

peacocklike *adj* मोर के समान।

peacock-throne *n.* मयूर जैसी दिल्ली के बादशाहों का तख्त जो १७३९ में पर्शिया ले जाया गया

peacocky *adj* मयूर सदृश्य।

pea jacket *n* (also pea-coat) नाविक का एक प्रकार का ढीला कोट।

peak पीक *n.* a point; the top of a hill or mountain, the pointed end of anything; brim of a cap; a sharp projection नोक; उच्चतम बिन्दु; पहाड़ की चोटी, अग्रभाग, पर्वत का शिखर, टोपी का छज्जा, नोक *adj.* maximum उच्चतम् अधिकतम् *v. i* to rise in a peak. उच्चतम बिन्दु होना *v. t.* to waste away. क्षीण होना।

peak पीक *v. i* to look sickly. रोगी प्रतीत होना या दिखाई देना।

peaked *adj.* शिखर युक्त; बिन्दु व नोक वाला; नोकीला।

peaked, peaking *adjs.* (also peaky)रोगी, पतला

peak-load *n.* उच्चतम भार।

peak-value *n* उच्चतम-मूल्य।

peaky *adj.* नोकीला; शिखर समान।

peal पील *n.* a loud sound; a round from a set of bells turned to each other, set of bells. ऊंची आवाज; घटियों की ध्वनि; घन्टियों की पंक्ति *v. i.* to utter or give forth loud sounds. उच्च ध्वनि करना *v.t.* to assail with noise शब्द करना; शब्द कर के आक्रमण करना; मधुर शब्द करना; घण्टी बजाना।

peal of thunder. बादलों (मेघों) की गड़गड़ाहट

pean पीन *n.* (also peen, paean) the end of a hammer head. हथौड़े का सिरा।

peanism *n.* जयध्वनि।

pear पेयर *n* a fleshy sweet fruit tapering towards the stock, its tree. नाशपाती; इस का वृक्ष।

pearce पयरस् *v. t* & *v. i* (also pierce). to penetrate प्रवेश करना, घुसना या घुसाना।

pear-drop *n.* नाशपाती के आकार की सुगन्धित मिठाई।

pear-monger *n.* नाशपाती बेचने वाला।

peare पीयर *n* (also peer) one equal in rank; a nobleman. समान पद का, कुलीन पुरुष; रईस *v. t* and *v. i* to make or be equal, to look carefully बराबरी करना, सावधान रहना; सावधानी से देखना।

pearl पर्ल *n.* a shining gem found in the oyster, something very precious; jewel; (print) a five-point type. मोती; मुक्ताफल, मूल्यवान वस्तु रत्न; छपाई में, पाच-पाइन्ट का अक्षर। *adj.* of or pertaining to pearl; made of pearl. मोती का अथवा सम्बन्धी; मोती का बना हुआ। *v. t.* to adorn with pearls मोती से सुशोभित करना; मोती के समान चमकीला बनाना। *v. i.* to become like pearls. मोती के समान होना या बनना।

mother of pearl. मोती का सीप।

pearl पर्ल *n.* a small loop on the edge of lace; ribbon etc.; in knitting, purl. फीते के किनारे पर छोटी गाठ,सिलाई में,कलाबत्तू *v. t* to purl. कलाबत्तू लगाना।

pearl-diver *n.* मोतियों के लिये समुद्र में गोता लगाने वाला।

pearled *adj.* मुक्तामय; मोती के समान।

pearl-eye *n.* मोतियाबिन्द।

pearliness *n.* मोती के समान चमक।

pearling nand *adj.* मोती वाला।

pearling; pearlin *n.* सिलक (रेशम) अथवा धागे की बत्ती।

pearl-like *adj.* मोती के समान।

pearlite *n.* इस्पात।

pearl-shell *n* मोती का सीप।

pear-stone *n.* pearlite इस्पात।

pearly *adj.* मोती के समान, मोती के समान मूल्यवान।

pearmain-मेन *n* a kind of apple एक प्रकार का सेब।

pear-monger *n* नाशपाती बेचने वाला।

to cast pearl before the swine. अयोग्य व्यक्ति को अच्छे पदार्थ देना।

peart पर्ट *adv.*lively; in good health and spirit, saucy. उत्साही, अच्छे स्वास्थ्य तथा प्रवृत्ति का; अविनीत; निर्लज्ज।

peartly *adv.* उत्साहपूर्वक, निर्लज्जता से।

peasant -पेजैन्ट *n.* a rustic, a tiller of the soil; a countryman, a small farmer. a low born fellow. कृषक; खेतिहर; किसान, देहाती। *adj.* rural; rude. देहाती रूखा।

peasant-like *adj.* असभ्य।

peasant proprietor स्वामि-कृषक।

peasant proprietorship कृषक-स्वामित्व।

pease पीज *n.* pea or its plant. मटर; मटर का पौधा; (*in pl.*) peas मटर के दाने।

pease-blossom *n* मटर का फूल।

pease-soup *n.* मटर शोरवा या सूप।

peat पीट *n.* decomposed vegetable matter used for fuel. सड़ी हुई लकड़ी के टुकड़े जो सुखाकर जलाने के काम में आते हैं जीवांक।

peaty *adj.* सड़ी हुई लकड़ी का।

peaze पाज *n.* (also piese, pease, peize, peyse.)weight; a weight भार,भारी वस्तु

pebble पेबल *n.* a small roundish stone transparent and colourless rock-crystal. कङ्कड़; पारदर्शक; पत्थर, बिल्लौर; झाड़ीला,

adj. of pebble. कङ्कड़ का, बल्लौर का, *v. t* to stone; to impart pebble to leather कङ्कड़ बनाना; बिल्लौर के समान बनाना।

pebbled *adj.* कङ्कड़ के समान; बिल्लौर के समान

pebbly *adj.* बिल्लौरी।

pebble-stone *n.* बिल्लौर; कङ्कड़।

pebble-ware *n.* बिल्लौरी युक्त उत्तम बर्तन।

pec पेक *n* a photoelectric cell.प्रकाश-वैद्युत कोष।

peccability पेक्कबिलिटि *n.* capacity for sinning पापी होने की योग्यता।

peccable *adj.* liable to sin. पापवश; अपराधी।

peccadillo -डिल्लो *n.* a trifling offence or fault. अल्पदोष या अपराध: (*pl* peccadillos, peccadilloes).

peccancy *n.* विकार, दोष; पापकर्म।

peccant *adj.* दोषी; पापी; अपराधी; रोग उत्पन्न करने वाला।

peccary पेक्कारी*n.* an American quadruped like swine. अमरीका देश का सूअर के आकार का एक चौपाया।

peccave (*L*) I have sinned. मैं ने पाप किया है।

peck पेक *n.* one fourth of a bushel; a quick sharp stroke as with the beak of the bird; a good deal; a dry measure of two gallons; an indefinitely great amount. एक चौथाई बुशल; ठोकर; बहुत सा; दो गैलन की तौल; अनिश्चित राशि; *v. t.* & *v. i.* to strike with the peak; to pick up with beak for food; to eat. चोंच से चुगना; चोंच मारना; दाना चुगना; खाना। *to peck out* छेद करना।

pecker *n.* चोंच मारने वाला पक्षी।

peckish *adj.* भूखा।

pecten पेक्टेन *n.*comb-like structure. अनेक प्रकार के कंघी के आकार की वस्तुएँ।

pectinal *adj.* कंघी का; कंघी समान; कंघी के समान दांत वाला।

pectinated *adj.* (also pectinate) कङ्घी के आकार का।

pectination *n.* कङ्घी के आकार का बनाना।

pectineal *adj* कङ्घी के समान, नितम्बास्थि के समान।

pectoral -टरल *adj.* relating to the chest वक्ष सम्बन्धी, वक्षीय; *n.* a medicine for the disease of the chest; a breast plate armour for the breast; a chest protector वक्ष रोगों के लिए लाभदायक औषधि; वक्ष-त्राण।

pectoral arch *n.* अस-चक्र; वक्ष-चक्र।

pectoralis -(anat) *n.* उरोवेष्ठ, वक्ष पेशी।

pectoriloquy *n.* फुफ्फुस रोगों में स्टेथस्कोप से रोगी के वक्ष की आवाज सुनना।

peculate -लेट *v. t.* & *v. i.* to steel, to embezzle public money. चोरी करना; सरकारी धन अपहरण करना; छल से पराया धन अपनाना।

peculation *n* धन का अपहरण।

peculator *n.*धन का अपहरण (गबन) करने वाला

peculiar -लियर *adj.* strange; own; preserved, appropriated, special, characteristic, particular; one's own; singular. अद्भुत; विशिष्ट; असाधारण; निजी; अनोखा; असामान्य; विशेष; विचित्र; *n.* exclusive property. अपनी सम्पत्ति; असाधारण धन।

peculiar modification विशेष परिवर्तन।

pecularise *v. t.* विशेष लक्षण; विलक्षणता; विशेषना; अनोखापन।

peculiarly *adv.* विशेषता से।

peculium *n.* निजी सम्पत्ति।

peculiar property विशिष्ट गुण।

pecuniarily -न्यिलि *adv.* in a pecuniary manner. धन से; द्रव्य से।

pecuniary -न्यि *adj.*relating to or consisting of money. अर्थ व धन सम्बन्धी; आर्थिक

pecuniary difficult आर्थिक कष्ट।

pecuniary interest आर्थिक स्वार्थ; धन सम्बन्धी स्वार्थ।

pecuniary interest, direct प्रत्यक्ष आर्थिक स्वार्थ; प्रत्यक्ष धन सम्बन्धी स्वार्थ।

pecuniary interest, indirectअप्रत्यक्ष आर्थिक स्वार्थ।

pecuniary jurisdiction आर्थिक क्षेत्राधिकार।

pecuniary loss आर्थिक हानि।

pecuniary penalty आर्थिक दण्ड (शास्ति)।

pecuniary transactions अर्थ व्यवहार।

ped पेड *n.* (also pad) hamper. बांस की पिटारी।

ped पेड short form of 'pedestrian'. पैदल चलने वाला।

pedagogic -गॉजिक *adj.*(also pedagogical) pertaining to a pedagogue. अध्यापक सम्बन्धी; शिक्षक-सम्बन्धी; शिक्षा शास्त्रीय।

pedagogically *adv.* शिक्षक रूप में।

pedagogic method सांशैलिक-रीति।

pedagogics *n.* शिक्षा शास्त्र।

dedagogism *n.* अध्यापकत्व; शिक्षकत्व।

pedagogist *n.* शिक्षा शास्त्री;संशिक्षाविद्;संशिक्षा विशेषज्ञ।

pedagogue -गॉग *n.* a teacher; a school master; a pedant. बाल शिक्षक; संशिक्षक; शिशु-शिक्षक; विद्याभिमानी; *v.t.* to teach.शिक्षा देना।

pedagoguery *n.* विद्यालय; अध्यापकत्व।

pedagoguish *adj.* शिक्षक-समान।

pedagoguishness *n.* शिक्षकत्व।

pedagoguism *n.* अध्यापकत्व; सांशैलिक रीति; अध्यापन कार्य।

pedagogy *n.* शिक्षा शास्त्र, अध्यापन विद्या; संशिक्षा; सांशैलिकी।

pedal पेडल *adj.* pertaining to the foot; relating to the feet of perpendiculars pertaining to pedal or pedals. पांव सम्बन्धी; पादिक; पायदान सम्बन्धी, *n* a tradle; a lever or key of piano or organ. पांवदान, पायदान, वाद्ययन्त्र का अंश जो पांव से चलाया जाए *v. t.* & *v. i* to work a pedal पांवदान से चलाना, पैर से किसी यन्त्र को चलाना। (*pr. p.* pedalling; *p.t* & *pa. p* pedalled

pedalian *adj.* पैर-सम्बन्धी।

pedaller *n* पांवदान चलाने या प्रयुक्त करने वाला

pedaneous *adj.* पैदल चलता हुआ।

pedant पेडेन्ट *n.* school master; one who makes a vain display of learning; a conceited fellow. शिक्षक; अध्यापक; विद्याभिमानी।

pedantic, -al *adj.* पांडित्य दिखलाने वाला; विद्याभिमानी।

pedantically *adv.* विद्याभिमान से।

pedanticise *v.t.* विद्याभिमानी बनाना।

pedanticism *n.* विद्याभिमानीवाद;गर्वोक्ति।

pedantise *v.i.* पांडित्य दिखलाना।

pedantism *n.* विद्याभिमानीवाद; पांडित्य;विद्यादम्भ।

pedantocracy *n.* विद्यादम्भ-तन्त्र।

pedantocrate *n.* विद्यादम्भ-तन्त्री।

pedantocratic *adj.* विद्यादम्भ-तन्त्र सम्बन्धी।

pedantry *n.* पांडित्य; विद्यादम्भ; पांडित्यदर्शन; विद्या का मिथ्याभिमान।

pedate पेडेट *adj.* footed; foot-like;(biol) having feet or some arrangement resembling the formation of the foot or toes. पैर वाला;पैर के समान; पक्षिपद।

pedder, pether पेडर *v.t.* & *v.i.* pedlar.घूम घूम कर बेचने वाला।

peddle पेडल *v.i.* & *v.t.* to sell in retail; to busy oneself in trifling object.फुटकर बेचना; फेरी कर के बेचना; बिक्री के लिए फेरी करना।

peddler *n.* घूम घूम कर बेचने वाला; फेरीवाला।

peddling *adj.* unimportant. अनावश्यक; *n.* the trade of a pedlar. फेरीवाले का व्यवसाय।

pederasty पेडरैस्टि *n.* अवैध मैथुन; लौण्डेबाजी; गुदामैथुन।

pederero पेडेरेरो *n.* (also paderero, paterero, pedrero) an old one. पुरानी बन्दूक

pedestal पेडेस्टैल *n.* the supporting base or foot of a statue or column; anything that serves a support.स्तम्भ अथवा मूर्ति का आधार; अवलम्भ; *v.t.* to support. आश्रय देना।

pedestrian पेडेस्ट्रियन *adj.* going on foot; flat; of common place; uninspired. पैदल चलने वाला; समतल; साधारण स्थान का; अनुत्साहित; *n.* a walker; one going on foot. पैदल चलने वाला; पथिक।

pedestrianise *v.i.* पैदल चलना, घूमना, फिरना।

pedestrianism *n.* भ्रमण; भ्रमण के गुण।

pedetentous-टेण्टस *adj.*proceeding slowly. शनैः कार्य; शनैः व्यवहार।

pediatrics -ट्रिक्स *n.* the treatment of children diseases. शिशु रोग चिकित्सा।

pediatrician *n.*शिशु रोग चिकित्सक; शिशु रोग विशेषज्ञ।

pedicel पेडिसेल *n.* (also pedicle) a little foot-stalk. पुष्पवृन्त; पुष्पदंड; मंजरी; डण्ठल

pedicelate *adj.* मंजरी युक्त, पुष्प वृन्तीय।

pedicelative *adj.* मंजरी का।

pedicle पेडिसल *n.* a little stalk उपवृन्त; मंजरी, डण्ठल; पुष्प वृन्त, पुष्पदंड।

pedicled *adj* मंजरी का; पुष्पवृन्तीय।

pediculate *adj* (also pediculated) मंजरी

युक्त; पुष्पवृन्तीय ।
pediculare पेडिकुलर *adj.* lousy; of lice लीख का; जुओं का ।
pedicularis *n.* लीख वर्ग, लीख कुल (परिवार)
pediculation, pediculosis *n.* लीखपन ।
pediculous *adj.* लीख युक्त; लीख का ।
pediculus *n.* लीख; लीखजाति; लीख कुल ।
pedicure पेडिक्यूर *n.* treatment of the feet or corn. पांव के गोखरू की चिकित्सा । *v. t.* to the foot or corn. पांव के गोखरू की चिकित्सा करना ।
pedigree पेडिग्री *n.* ancient descent; a line of ancestors; genealogy. वंशक्रम; वंशावली; वंशविवरण; वंश; वंशावलीपत्र; अभिजाति ।
pedigreed *adj.* वंशक्रमीय, अभिजातीय ।
pedigree keeper *n.* वंशावलि-रक्षक; सुवंशपाल
pedigree seed *n.* अभिजात-बीज ।
pediment पेडिमेन्ट *n.* a triangular ornamented portion over the front part of a building. मकान के आगे के भाग के ऊपर का तिकोना आच्छादन ।
pedimental त्रिकोण छज्जे के आकार वाला ।
pedimented *adj.* त्रिकोण छज्जा लगा हुआ ।
pedipalpi पेडिपाल्पि *n. pl.* (zool.) nonchelate acting as feelers. पाद-मृश ।
pedlar पेडलर *n.* a travelling salesman. घूम घूम कर बेचने वाला; फेरी वाला; पादचरिक ।
pedlary *n.* फेरी वालों का व्यापार; खोमचा; फेरी वालों का समान ।
pedological *adj.* भूमि विज्ञान सम्बन्धी ।
pedology पेडोलॉजि *n.* the study of soils भूमि विज्ञान ।
pedologist *n.* भूमि विज्ञान विद ।
pedometer -मीटर *n.* an instrument for recording the distance travelled on foot. पैदल चलने की दूरी मापने का यन्त्र; पद-मापक ।
pedotrophy -ट्राफि *n.* the science of child nursing. शिशु परिचर्या-शास्त्र ।
pedrail पेड्रेल *n.* एक प्रकार का ट्रेक्टर ।
pedrero -रेरो *n.* an old gun. पुरानी बन्दूक ।
peduncle पेडंकल *n.* a stalk from which fruits or flowers grow. पुष्प वृन्त; पुष्प-शाखा; स्तम्भ ।
pedunculer *adj.* (also pedunculate, -d) पुष्पवृन्तीय ।
peece पीस *n.* (also piece) खण्ड; भाग; टुकड़ा
peek पीक *n.* a peep. झांकना । *v. t.* to peep झांकना ।
peekaboo *n.* a childs peeping game. आंखमिचौनी नामक बच्चों का खेल ।
peel पील *v. t. & v. t.* to strip off the rind or bark; to become bare of rind or bark. छिलका या छाल उतारना; बिना छिलके का होना; *n.* the skin or rind of fruits. छिलका; छाल ।
peeled *adj.* छीला हुआ; छिलका उतरा हुआ ।
peeler *n.* छिलका उतारने वाला पुलिस का सिपाही; छिलका उतारने का यन्त्र ।
peeling *n.* छिलका; छिलका उतारने की क्रिया ।
to pack and peel : कोई व्यवहार करना ।
peen पीन (also paen, pane) the end of a hammer head. हथौड़ी का पिछला भाग ।
peecoy, pioy, pioye पेओइ *n.* a home-made fire-work. घरेलू आतिशबाजी ।
peep पीप *v. i.* to chirp; to begin to appear; to look through a narrow space; to look slyly. झांकना; कुटिल दृष्टि से देखना; चूं चूँ करना; दिखाई देना; चोरी से देखना । *n.* the cry of chicken; a sly look; a beginning to appear; a speck of light or flame; a slit; an eye; pip. चूं चूं; झांकना; आरम्भ; प्रकाश-बिन्दु; लम्बी दरार, आंख; ताश की चित्ती; फलों के छोटे बीज
peep of day : अरुणोदय; प्रभात; तड़का । (also peep o-day)
peeper *n.* चीं चीं करने वाले मुर्गी के बच्चे; झांकने वाला; आंख; कांच ।
peep-hole *n.* झांकने का छिद्र ।
peer पीर, पियर *n.* (*fem.* peeress)one equal in rank; a fellow; a nobleman; an antagonist, a member of the House of lords; a comrade. कुलीन; अमीर; रईस; साथी, विरोधी; हाउस-आफ-लार्डस का सदस्य; उपाधिधारी; उमराव; राजुल ।
v. t. & v. i. to equal, to make a peer; to look narrowly. बराबर करना; कुलीन बनाना; उपाधिधारी करना; सावधानी से देखना ।
peerage *n.* धनिक वर्ग; कुलीन जन-समुदाय; उपाधि; सामन्त पद; राजुल-वर्ग; कुलीन की पदवी ।
peerless *adj.* अनुपम ।
peerlessly *adv.* अनुपमता से; असमता से ।
peerlessness अनुपमता ।
House of Peers : लार्ड सभा ।
spiritual peer : धर्माध्यक्ष ।
peever पीवर *n.* a tile. टाइल ।
peevish पीविश *adj.* foolish; quarrelsome fretful; irritable. मूर्ख; दुष्ट प्रकृति का; दुःशील; चिड़चिड़ा; बदमिजाज ।
peevishly *adv.* कर्कश स्वभाव से ।
peevishness *n.* दुःशीलता; चिड़चिड़ाहट ।
peg पेग *n.* a pin of wood or metal; a support; a pretext; a wooden leg, a leg: a theme. खूंटी; कीला; आश्रय; बहाना; लकड़ी की टांग; टांग; प्रकरण; विषय; प्रसङ्ग ।
v.t. & v.i. (*pr. p.* pegging; *pa.t. & pa p.* pegged) fasten with pegs; to work unceasingly. खूंटी से बांधना; अविराम परिश्रम करना ।
a peg too low : खिन्न चित्त ।
a peg to hang : शास्त्रार्थ-विषय ।
to peg away : हठपूर्वक कार्य करना ।
to peg down नियमबद्ध करना ।
to take down a peg : गिराना; नीचा करना; लिख लेना ।
pegged *adj.* खूंटी वाला ।
peg-leg *n.* लकड़ी की टांग; लकड़ी की टांग वाला मनुष्य ।
peg-top *n.* लट्टू ।
pegamoid पेगामोइड *n.* कृत्रिम चमड़ा ।
pegh,peght पेग *v. t.* (also pecht) to pant हांफना; उत्कट इच्छा करना । *n.* a pant. उत्कट इच्छा ।
pehlevi पेहल्वी *n.* (also pahlavi) पहेली ।
peignoir पीगनोइर *n.* a women's dressing-gown. शृङ्गार करने के समय औरतों के पहिनने का गाउन ।
peinct पेण्ट *n.* paint. रंगना; चित्रकारी करना ।
peine forte et dure (*Fr.*) strong and severe punishment. कड़ा दण्ड ।
peirastic -स्टिक *adj.* experimental; tenttative. अनुभवकृत; अनुभवप्राप्त; प्रयोग-सम्बन्धी; परीक्षा की रीति का ।
peirastically *adv.* अनुभवरूपेण; प्रयोग रूप से
peise पीज *n.* (also peize, pease, peaze, peyse.) weight; a weight; balance; a blow. भार; तौल; बोझ; परिमाण; समतोलन; तुल्यता । *v. t.* to balance; to put weights on. तुल्य करना; भार डालना ।
pejorate -रेट *v. t.* to make worse. खराब करना; दूषित करना ।
pejoration *n.* दूषण; भ्रष्टता ।
pejorative *adj.* मूल्य-पात सम्बन्धी । *n.* ह्रास शब्द अथवा प्रत्यय ।
Pekingese, Pekinese -नीज *adj.* of Peking capital of China. चीन की राजधानी पेकिंग का ।
pekoe पेको *n.*a scented black tea. सुगन्धित काली चाय ।
pela पेला *n.* white wax. सफेद मोम ।
pelage पेलैज *n.* fur; wool. रोवां; ऊन ।
pelagian -जियन *adj.* (also pelagic) - pertaining to deep sea गहरे समुद्र का, समुद्र चर; जलचर ।
pele -पेले *n.* volcano goddess. ज्वालामुखी की देवी ।
pele पेले *n.* (also peal) घण्टे की टुनटुनाहट ।
pelf पेल्फ *n.* riches; money. धन; सम्पत्ति ।
pelican -कैन *n.* a large water-fowl. एक प्रकार का बड़ा बत्तख; हवा सील ।
pell पेल *n.* a skin or hide चमड़ा ।
pellagra पेलैग्रा a disease marked by cracking of the skin.चमड़ा काटने का रोग
pellet पेलेट *n.* a small ball or pill; छोटी गोली; बन्दूक की गोली; a ball of shot. वटिका; टिकिया ।
pellicle -कल *n.* a thin skin; a thin membrane, पतली त्वचा; पतली झिल्ली ।
pellitory -टॉरि *n.* a herb with pungent roots अकरकरा ।
pell-mell -मेल *adv.* in disorder, in confusion; vehemently; बिना क्रम के; हड़बड़ी में; व्याकुलता में; प्रचण्डता से; उग्रता से *adj.* indiscriminate; headlong,in disorder अव्यवस्थित; बिना विचार के *n.* disorder; अव्यवस्था; आकुलता
pellucid पेलुसिड *adj.* transparent; clear; mentaly; clear. पारदर्शक; स्वच्छ; विमल; शुद्ध ।
pellucidity, pellucidness विमलता; शुद्धता; पारदर्शकता से ।
pellucidly *adv.* स्वच्छता से; विमलता से; शुद्धता से पारदर्शकता से ।

pelma *पेल्मा n.* the sole of the foot. पांव का तलवा ।

pelmanism *पेल्मनिज्म n.* a modern system of training memory. स्मरण शक्ति तीव्र करने की आधुनिक विधि ।

pelt *पेल्ट n.* a raw skin of sheep; an undressed hide; the prey of a hawk; a blow from something thrown;a storm of rage. भेड़ का कच्चा चमड़ा; रोयां युक्त चमड़ा; बाज पक्षी का शिकार; फेंकी हुई चीज की चोट; क्रोधावस्था । *v. t. & v. i.* to strike with missiles; to speak angrily. ढेला फेंक कर या गोली से मारना; क्रोध में बोलना ।

full pelt : पूरी रफ्तार ।

pelta *पेल्टा n.* (*pl.* peltae) a kind of small shield. एक प्रकार की छोटी ढाल ।

pelter *n.* शस्त्रों की वर्षा; वर्षा होना या पत्थर पड़ना ।

pelting *पेल्टिङ्ग adj.* contemptible. घृणित ।

pelvic *पेल्विक adj* pertaining to the pelvis. श्रोण; वस्ति प्रदेश का, वस्ति प्रदेशीय ।

pelvic arch or girdle श्रोणि-चक्र ।

pelvic diaphragm श्रोणि-प्राचीर ।

pelvimeter *n.* श्रोणि मापक; वस्ति-प्रदेश मापक ।

pelvis *-स n.* (*pl.* pelves) the bony basin-shaped cavity which forms the lower part of the kidney cavity of the pelvis. वस्तिप्रदेश, श्रोणि; श्रोणिपात्र; श्रोणिखात ।

pemphigous *पेमफिगस adj.* pertaining to watery eruptions. फफोले का । (also pamphigoid)

pemphigus *-फिगस n.* a watery eruptions on the skin. त्वचा का फफोला ।

pen *पेन् n.* a small enclosure for cattle; an instrument for writing with ink; a quill; a nib; writing; literary style; an author. बाड़ा; घेरा; कलम; लेखनी; पर की कलम; निब; लिखने का ढङ्ग; साहित्यक-ढङ्ग; लेखक ।

v. t. (*pl.* penning; *pa. t. & pa. p.* penned or pent) to confine in an enclosure; to write with pen; to commit to paper. बाड़े में बन्द करना; लिखना; कलम से लिखना; कागज पर लिखना ।

pen *पेन* a female swan. राजहंसनी ।

penal *-नेल adj.* pertaining to criminal jurisprudence; pertaining to punishment; incurring punishment. दण्डनीय दण्डविषयक;दण्डविधायक;फौजदारी कानून सम्बन्धी ।

penal code *n.* दण्ड संहिता; दण्ड विधान;दण्ड-विधि ।

penal colony *n.* दण्डित; उपनिवेश; कैदी उपनिवेश; कालापानी ।

penal law *n.* दण्ड-विधि; दण्डविधान ।

penal servitude *n.* दण्डित-कारावास; सपरिश्रम कारावास ।

penal settlement *n.* दण्डितों की बस्ती ।

penalisation *n.* दण्डित करण ।

penalise *v.t.* दण्डित करना; दण्डनीय करना ।

penally *adv.* दण्डितावस्था में ।

penalty *-पेनाल्टि n.* punishment; loss imposed for breach of law; a fine, शास्ति, दण्ड; सजा; जुर्माना; अर्थदण्ड: निग्रह ।

under or on penalty of : असुविधा से ।

penalty for default *n.* करणीय च्युति-शास्ति (दण्ड) ।

penalty for death मृत्यु-दण्ड ।

penance *पेनैन्स n.* repentance, suffering; penitence;the act of self-mortification प्रायश्चित; कायाक्लेश; तपस्य; *v. t.* to impose penance on. काया क्लेश देना; प्रायश्चित करना ।

to practice penance : तपस्या करना ।

penannular *-ऐन्यूलर adj.* पूर्ण बलयिक; पूर्ण-बलयाकार ।

panates *-नेट्स n. pl.* household gods. कुल देवता ।

pence *पेन्स pl.* of penny. पेन्स ।

penchant *पेन्शान* inclination. झुकाव; प्रवृत्ति; अभिलाषा, चित्तवृत्ति ।

pencil *पेन्सिल n.*a pointed instrument used for drawing or writing; rays meeting at a single point; a small brush used by painters for laying colours on;the art of painting or drawing;(geom.) a system of straight lines meeting in a point; a narrow beam of light पेन्सिल; अङ्कनी;एक बिन्दु पर मिलने वाली किरणों की रेखा किरण-जाल; चित्रकारी के लिए ब्रुश; रेखा सूची; रश्मि-रेखा रेखायाली; *v. t.* (*pr.p.* pencilling *pa. t. & pa. p.* pencilled)to write;paint draw or mark with a pencil; to apply a pencil; to apply a pencil to. पेन्सिल से लिखना; चित्रकारी करना; खींचना अथवा चिन्हित करना; पेन्सिल प्रयुक्त करना ।

pencil-case *n.* पेन्सिलावरण ।

pencil-compass *n.* पेन्सिल-परकार ।

pencil-lead *n.* पेन्सिल का सुरमा ।

pencilled *adj.* पेन्सिल से चित्रित; लिखित अथवा चिन्हित; पेन्सिल से चिन्हित करने के समान; रश्मि सूची सहित; विकिरणित ।

penciller *n.* पेन्सिल वाला ।

pencilling *n.* चित्रकारी; लेखन; चिन्हित अथवा सूची कला अथवा की क्रिया; पेन्सिल द्वारा बनाये हुए चिन्ह, गुप्पी अथवा परों पर पेंसिल से खिंचित उत्तम रेखा; रेखा चित्र ।

pencil-sharpener *n.* पेन्सिल तेज करने (बनाने का यन्त्र ।

pencil-sketch *n.* पेन्सिल रेखा-चित्र ।

pen-craft *n.* लेखनी मित्रता; रचना कला ।

pend *पेन्ड n.* a vaulted passage. मेहराबदार मार्ग; *v. t. & v.i.* to hold up; to hang as in a balance. रोक रखना; लटकाना ।

pendant *-डैन्ट n.* (also pendent) something that hangs, an carring; a long narrow flag worn at the head of the principal mast of a vessel of war. लटकती हुई वस्तु; झुमका; लोलक, पताका ।

pendency *n.* विचाराधीन; अनिश्चित; अपूर्ण स्थिति ।

pendent *adj.* लटकता हुआ; pendentile *adj.* बादकालीन ।

pendente lite (*l*) during the process of litigation. अभियोग काल में ।

pendentive *n.* महराब में बना हुआ त्रिकोण ।

pendently *adv.* लटकते हुए ।

pendicle *n.* झुमका अधीन प्रदेश, खेती के लिए छोटे से खेत ।

pendicler *n.* खेत का किसान

pending *पेंडिङ्ग adj.* remaining undecided hanging. विचाराधीन; अनिर्णीत, लम्बित, लम्बमान; *prep.* during; until, awaiting. पर्यन्त; जबतक; अनिर्णीत अवस्था में ।

pen-driver *n.* क्लर्क; करणिक ।

pendular *-डुलर adj.*relating to pendulum लटकन सम्बन्धी; लङ्गर सम्बन्धी ।

pendulate*v.i.* लटकन की तरह झूलना; अनिश्चित रहना ।

penduline *adj.* लटकता हुआ ।

pendulous *adj.* लटकता हुआ; झूलता हुआ; सन्देही ।

pendulously *adv.* लटकते हुए;झूलते हुए;सन्देह-पूर्वक ।

pendulousness *n.* लटकनावस्था ।

pendulum *-लम n.* (*pl.* pendulums) a weight suspended from a fixed point and free to swing rhythmically घड़ी का लङ्गर लटकन ।

swing of the pendulum राजनैतिक दलों का अधिकार उलट-पलट होना ।

penetrability *-बिलिटि n.*penetrableness. प्रवेशता; व्याप्ति ।

penetrable *adj.* प्रवेश्य, भेद्य ।

penetrableness *n* प्रवेशता, व्याप्ति, भेद्यता ।

penetrably *adv.* प्रवेशता से; व्याप्ति से ।

penetralia *n. pl.* भवन का सबसे भीतरी भाग; मन्दिर का सबसे पवित्र स्थान; आन्तरिक-रहस्य ।

penetrancy *n.* प्रवेशता, व्याप्ति, भेद्यता ।

penetrant *adj.* प्रवेशक; भेद्य; छेदक ।

penetrate *-ट्रेट v. t. & v. i.* to pierce, to pass through;to make a way through; to understand. छेदना; प्रवेश करना; घुसना; अन्तःप्रवेश करना; मर्म भेद करना, रास्ता करना; भेदना; समझना ।

penetrating *adj.* छेदक; प्रवेशक; सूक्ष्म बुद्धि; मर्मज्ञ ।

penetratingly *adv.* प्रवेश करते हुए ।

penetration *n.* प्रवेश; अन्तःप्रवेशन;प्रवेशन;घुसना अर्थ बोध, तीव्र बुद्धि; समझ, बुद्धिक्षीणता ।

penetrative *adj.* प्रवेशक, छेदक, भेदक ।

penetratively *adv.* प्रवेशकता से; छेदकता से ।

penetrativeness *n.* प्रवेशकता; प्रवेशता, छेदकता

penetrator *n.* प्रवेशक, भेदक; छेदक ।

pen-feather *n.* पर का कलम; अविकसित पर ।

pen-fold *n.* मवेशियों को बन्द करने का बाड़ा; बन्धन-स्थान, काजी-हौस, पशु निरोधालय ।

penful *adj.* एक बार में जितनी स्याही कलम ले सके; कलम भर; फाउन्टेन पेन में एक बार में जितनी स्याही आ सके ।

penguin *-ग्विन n.* एक प्रकार का समुद्री बगला ।

pen-holder *n.* निब लगा हुआ होल्डर ।

peni, penie *n.* penny पेन्स ।

penial *पेनियल adj* pertaining to penis. शिश्न सम्बन्धी; लिंग सम्बन्धी ।

penicillate *-सिलेट adj.* market with a pencil; tufted, brush-shaped. पेन्सिल से चिन्हित, गुच्छों के रूप में उगने वाला; ब्रुश के

आकार का।

penecillin *-सिलिन n.* रोगाणु को रोकने वाला पदार्थ।

penicillium *n.* कूर्च।

penicillium notatum *n.* प्रच्छन्न कूर्च।

penisula *-सुला n.* a piece of land almost surrounded by water. प्रायद्वीप।

penisular *adj.* द्वीप-सम्बन्धी; द्वीप-सदृश।

penisulate *v.t.* प्रायद्वीप बनाना।

The Penisula : स्पेन तथा पुर्तगाल।

penis *-पेनिस (pl.* penes) the external male organ. शिश्न; लिंग; जननेन्द्रिय।

penitence *-टेन्स* (also penetancy) repentance. पश्चात्ताप; पछतावा; अनुपात।

penitent *-टेन्ट adj.* repentant. पश्चात्तापी; अनुतापी; अनुतप्त; *n.* one sorrowful for sins; one who repents. पश्चात्ताप करने वाला व्यक्ति, अनुतापी व्यक्ति; तपस्या करने वाला व्यक्ति।

penitential *adj.* पश्चात्ताप-सूचक, *n* पश्चात्ताप व नियमों की पुस्तक; पश्चात्ताप करने वाला व्यक्ति; काले कपड़े।

penitentially *adv.* पश्चात्ताप पूर्वक; पश्चात्ताप सहित।

penitentiary *adj* प्रायश्चित सम्बन्धी; पश्चात्ताप सम्बन्धी; दण्डनीय तथा सुधारने योग्य, *n.* सुधार-गृह; पश्चात्ताप करने वाला व्यक्ति; पश्चात्ताप कराने वाला व्यक्ति; पश्चात्ताप कराने वाला पदाधिकारी; पश्चात्ताप-पुस्तक; पश्चात्ताप करने का स्थान; कारागार।

penitently *adv.* पश्चात्ताप पूर्वक।

penitential garment प्रायश्चित के समय पहने जाने वाले मोटे वस्त्र।

penitential psalms प्रायश्चित-सङ्गीत।

penknife *-नाइफ n.* पेन्सिल बनाने का चाकू; जेब का चाकू।

penman *-मैन n.* सुन्दर लेख लिखने वाला;लेखक

penmanship *n.* सुन्दरलेख; लेखन कार्य।

penna *पेन्ना n.* a feather पर। *pl.* pennal)

pennaceous *adj.* पर के समान।

pen-name *n.* लेखक का उपनाम।

penned *adj.* लिखा हुआ; पर का बना हुआ।

pen-nib *n.* कलम का निब।

pennied *adj* पेंस वाला।

penniless निर्धनत; दरिद्रता।

pennilessness *n.* निर्धनता; दरिद्रता।

pennon *पेन्न n.* a flag; a long narrow flag or streamer; a wing. झण्डा; ध्वजा; पताका अथवा जहाज; पर।

pennoucelle,penoncelle, pennoncel, penoncel *n.* छोटी पताका।

pennoned *adj.* पताकायुक्त।

pen-wiper *n* कपड़े अथवा चमड़े का टुकड़ा जिस से कलम की स्याही साफ की जाती है।

penny *पेनि n.* a coin,worth one twelfth of a shilling; a small sum; (*pl.* pence, pennies) एक सिक्का जिस का मूल्य एक पेन्स होता है; छोटी रकम। *adj.* sold for a penny; costing a penny. एक पेंस में बेचा हुआ; एक पेंस मूल्य का।

a pretty penny बहुत धन।

take care of the pence छोटे कामों में कम व्यय करना।

turn an honest penny : ईमानदारी से रुपया कमाना।

penny-a-line *n.* सस्ती लिखाई व लिखावट *v. i.* सस्ती लिखाई करना।

penny-a-liner *n.* सस्ती लिखाई करने वाला।

penny-a-lineism *n.* सस्ती लिखावट के भाव।

penny-bank *n.* पेंस बैंक।

penny-fee रुपयों में वेतन।

penny-piece *n.* पेंस।

penny-pig *n.* गुलक।

penny post *n,* पेंस के मूल्य के टिकट वाला पत्र।

penny-rent *n.*(रुपये में) किराया; आय;आमदनी

penny-royal *n.* एक प्रकार का पुदीना।

penny-wedding *n.* वर वधु की सहायतार्थ अतिथियों का धन देना।

penny-weight *n.* एक अंग्रेजी तौल जो एक औंस का चौबीसवां भाग होता है।

penny-wisdom *n.* छोटे मामलों में दूरदर्शिता व चालाकी।

penny-wise *n.* छोटे छोटे कामों में कम खर्ची; मामूली खर्च में कंजूस।

penny wise and pound foolish : अशर्फियों की लूट; कोयलों पर छाप।

penny worth *n.*जितना पदार्थ एक पेंस में खरीदा जा सके; कौड़ियों के मोल; एक पेंस मूल्य की वस्तु (also penn'orth)

pennywinkle *n.* (also periwinkle) एक प्रकार का सदा हरा रहने वाला पौधा।

penological *लॅजिकैल adj.* pertaining to penology दण्ड-विज्ञान सम्बन्धी; बन्दी गृह के प्रबन्ध के अध्ययन सम्बन्धी; अपराध के दण्ड सम्बन्धी।

penologist *n.* बन्दी गृहों के प्रबन्ध का अध्ययन करने वाला; अपराध के दण्ड का अध्ययन करने वाला।

penology *-लॉजि n.* the management of prisons; the study of punishment in its relation to crime. कारागृहों का प्रबन्ध; अपराध के दण्ड का अध्ययन; दण्ड विज्ञान।

pensee (*Fr.*) thought. विचार।

pensieroso (*It.*) melancholy; thoughtful. उदासीन; विचारपूर्ण।

pensil *पेन्सल n.* a small flag. छोटी पताका

pensile-*साइल adj.* pendulous; suspended दोलायमान; लोलक के समान हिलने वाला।

pension *पेन्शन n.* the payment made in consideration of past service; a Continental boarding-house. निवृत्ति वेतन; अवसरवृत्ति; अवकाश वेतन, अवकाशवृत्ति; पूर्व सेवावृत्ति;महाद्वीपीय-निवास गृह। *v.t.* to grant a pension to. निवृत्तिवेतन स्वीकार करना।

pensionable *adj.* निवृत्ति वेतन योग्य।

pensionary *adj* निवृत्ति वेतन पाने वाला।

pensioner *n* वृत्ति भोगी; निवृत्ति वेतन पाने वाला व्यक्ति, निवृत्ति वेतन भोगी।

to pension off निवृत्ति वेतन देकर नौकरी से हटा देना।

pensive *पेन्सिव adj* thoughtful; meditative; melancholy; sad. चिन्तामग्न; ध्यान-परायण; उदासीन, चिन्ताशील; उदास।

pensively *adv* ध्यानपूर्वक चिन्तापूर्वक।

pensiveness *n.* ध्यानपरता, ध्यानपरायणता; उदासीनता।

pensiv'd *adj.* उदासीन किया हुआ।

penstock *स्टॉक n.* a flood gate. बाढ़ का पानी निकालने का मार्ग।

pensum *-सम् n.* a task कार्य।

pent *पेन्ट pa. t. & pa. p.* of pen. to shut up. बन्द करना; रोकना।

pent *पेण्ट adj.* shut up; confined. बन्द; बन्द किया हुआ।

pent, penta *-पेण्टा pref.* in the sense of 'five'. 'पंच'; 'पांच'; अर्थ में उपसर्ग।

pentachord *n.* पंच स्वरीय राग।

pentacle *-किल n.* a pentagram used as a symbol in magic. पंचकोण-जो तन्त्र में प्रयुक्त होता है।

pentachloride *n.* पंचनीरेय।

pentact *पेण्टैक्ट adj.* five-rayed. पंच-रश्मीय।

pentactinal (also pentacyclic) *adj.* पंच-मेखला का।

pentad *पेण्टाड् n.* a group of five things; a period of five years or five days; an atom or element having a combining power of five. पंच वर्ग; पांच का समुदाय; पंच वर्ष अथवा पंच दिवस का समय; पंच शक्ति का परमाणु अथवा तत्व। *adj.* of a set of five. पंच समुदाय का।

pentadic *adj.* पंच समुदाय का।

pentadactyl, pentadactyle *adj.* having five digits.पांच अङ्क का। *n.* a person having five fingers and five toes. पांच अंगुली तथा पांच पांव की अंगुली का व्यक्ति।

pentadelphous *-डेल्फस adj.* having five bundles of stamens. पंचपराग केसर समुदाय का।

pentafoliate *-फोलियेट adj.* पंच पत्री।

pentagon *-गन n.* a rectineal plane figure of five angles and sides. पंच कोण; पंच भुज।

pentagonal *adj.* पंच भुजीय; पंच कोणीय।

pentagonally *adv.* पंच भुज द्वारा; पंच कोण द्वारा।

pentagonal pyramid पंच भुजीय स्तूप; पंच कोण-स्तूप।

pentagraph *-ग्राफ n.* (also pentograph). चित्र-लेखन-यन्त्र।

pentagram *-ग्राम n.* a five pointed star. पंच कोण-तारा।

pentahedral *-हेड्रल adj* having five equal sides. समान भुजाओं की।

pentahedron *-हेड्रान n.* पंच फलकीय।

pentalpha *-ल्फा n.* a pentacle. पंचकोण।

pentameron *-मेरान n.* लोक गाथाओं का एक प्रसिद्ध संग्रह।

pentamerism *-मेरीज्म् n.* pentamerous condition. पंच संख्यावस्था।

pentamerous *-मेरस adj.* of five numbers or parts. पंच संख्यक; पंच-शङ्क।

pentameter *-मीटर n.* a verse of five feet. पंचपदी पद्य। *adj.* पंचपदी।

pentane *-ने n.* मिट्टी के तेल से निकला हुआ एक पदार्थ।

pentangular *adj.* पंच कोणीय।

pentangle *-गल n.* a pentagon पंचकोण।

pentapody *-पॉडि n.*a measure of five feet,

पांच फुट एक पैमाना।

pentapolis *-पोलिस n.*a group of five cities. पंच नगर समुदाय।

pentapolitan *odj.* पंच नगरीय।

pentarch *-र्क adj.* of five vascular strands. पंच सांचिक।

pentarch *-र्क n.* a ruler of in a pentarchy पंच-जन-तन्त्र शासक।

pentarchy *-र्कि n.* government by persons; a group of five rulers.पंच-जन-तंत्र; पंच शासक।

pentastich *-स्टिच n.* (*pl.* pentastichs) a group of five lines of verse. पांच चरण का पद्य समुदाय।

pentastichous *-स adj.* five-ranked. पंचपदीय; पांच-उपाधीय।

pentastyle *-स्टाइल adj.* having five columns in front. पंच स्तम्भीय। *n.* a building of five columns. पंच स्तम्भीय भवन।

pentasyllabic *-सिलेबिक adj* पंचाक्षरीय।

pentateuch *-टूक n.* the first five books of old testament. बाईबिल की प्रथम पांच पुस्तकें।

pentathelete *-थीलेट n.* a competitor in the pentathlon. पंच-व्यायाम का प्रतिवादी।

pentathlon *-थ्लॉन n.* (also pentathlum) a contest in five exercises. पंच व्यायाम प्रतियोगिता।

pentatomic *-टोमिक adj.* having five atoms. पंच परमाणु का।

pentatonic *-टोनिक adj.* of five notes or tones. पंच स्वरीय।

pentavalent *-वैलेण्ट adj.* having a valency of five. पंचयोजी; पंच संयोजी।

penteteric *-टेरिक adj.* occurring every fourth year. प्रति चौथे वर्ष होने वाला।

penthouse *-हाउस n.* (*pl.* penthouses) a slopping roof attached to the wall of a main building; canopy. ओसारा; सायबान। *v. t.* to cover with a penthouse. सायबान से ढकना।

pentode *-पेण्टोड n.* a thermionic tube with five electrodes. पांच विद्युत् द्वार वाला रेडियो कपाट।

pentroof *n.* एक ओर झुकी हुई छत।

pentstemon *-स्टेमॉन n.* सुन्दर फूलों का एक पौधा।

penult *पेन्यूल्ट* (also penultma) *n.* the syllable last but one. उपान्त अक्षर; अन्त से ठीक पहिले का अक्षर। *n.* penult. उपान्त-अक्षर।

penultimate *adj.* last but one. उपान्त; अन्त से ठीक पहिले का; उपान्तिम; *n.* penult. उपान्ताक्षर।

penumbra *-म्ब्रा n.*a shaded region round an opaque body. खण्डछाया; आच्छाया।

penumbral *adj.* खण्डछाया-सम्बन्धी; आच्छायी

penurious *-रिअस adj.* scanty; niggardly ; miserly. निर्धन; दरिद्र; लालची; कंजूस।

penuriously *adv.* दरिद्रता से; निर्धनता से; कंजूसी से।

penuriousness *n.* दरिद्रता; निर्धनता।

penury *-रि n.* want; great poverty; indigence. अति दरिद्रता; गरीबी, निर्धनता।

peon *पीऑन n.* messenger; servant; a kind of serf;a foot soldier;an office servant a day labourer. हरकारा; नौकर; चपरासी; प्यादा; पैदल सिपाही।

peonage *n.* नौकरी; चाकरी।

peonism *n.* नौकरी; चाकरी।

peony *पीयोनि n.* a kind of buttercup family flower. कमल परिवार का फूल।

people *पीपल n.* person in general; in habitants; nation ; subjects. किसी जाति या समाज के लोग; निवासी; जाति; प्रजा;अनुचरवर्ग; सामान्य मनुष्य; (in *pl.*) subjects; followers; employees;servants; members of one's faimly,inhabitants of a place the persons associated with any business; general population;the citizens; voters; they; one; folks. जनता; जन;लोक; प्रजाजन; काम करने वाले; अनुयायी; अनुचरवर्ग; व्यापारी लोग; किसी स्थान के निवासी; साधारण जन; नागरिक; मतदाता; वे; कोई; लोक; *v. t.* to populate बसाना; आबाद करना; मनुष्यपूर्ण करना।

people's commissor *n.* जन कमीसर ; लोक प्राध्यक्ष, सोवियत-मन्त्री; लोकनायक।

people's commissory *n.* जन कमीसर ; लोक नायकत्व।

people's court *n.* जन-न्यायालय।

people's party *n.* जनता-दल; जनता-पार्टी।

pep *पेप n.* vigour. शक्ति; प्रभाव; पौरुष। *v. t.* to put vigour into. शक्ति डालना; प्रभाव डालना।

peprino *-रिनो n.* a porous volcano rock. ज्वालामुखी पर्वत से निकली हुई जल सोखने वाली चट्टान।

peplos *-लास n.* (also peplum) an upper garment worn by women in ancient Greece. प्राचीन ग्रीस में, स्त्रियां द्वारा पहने जाने वाला लाबादा।

pepo *पेपो n.* a melon like fruit. तरबूज के समान फल।

pepper *-र n.* a plant and its aromatic pungent seed much used in seasoning etc. गोल मिर्च; काली मिर्च; इसका पौधा। *v. t.* to mix with pepper. काली मिर्च मिलाना।

pepper-corn *n.* गोल मिर्च के पौधे का दाना ; अल्प मूल्य की वस्तु; *adj.* मामूली।

pepperer *n.* गोल मिर्च बनाने वाला।

pepper, long *n.* पीपल।

peppermint *n.* पिपरमिन्ट ; एक प्रकार का पुदीना।

peppermint-drop *n.* पिपरमिन्ट की मिठाई।

pepper, red *n.* मिर्चा; लाल मिर्च।

peppery *adj.* मिर्च मिला हुआ; चटपटा।

pepsin *-सिन n.* a constituent of the gastric juice.पित्त का एक प्रधान अंश;पेपसीन; पाचक रस।

peptic *पेप्टिक adj.* digestive. पाचक;अग्निवर्धक।

pepticity *n.* पाचकता; अग्निवर्धकता।

pyrope *पइराप n.* a fiery red gem-stone (also pyropus) a red magnesia-alumina garnet. अग्नि वर्ण रत्न; रक्तमणि।

pyrophone *-फोन n.* an organ producing interfence-tones by pairs of flames in tubes. ताप स्वर यन्त्र।

pyrophoric iron *n.* अग्नि जन लौह।

pyrophorous, pyrophoric *adj.* अग्नि फोरस; अग्निफारिक; अग्निजन।

pyrophorus *-फरस n.* anything that takes fire on exposure to air. अग्नि-फरस; अग्नि दीप्त; वायु के सम्पर्क में आने पर जलने वाला पदार्थ।

pyrophosphoric *-फासफरिक adj.* पाइरो-फास्फरिक; अग्नि फास्फरिक।

pyrophotograph *-फोटोग्राफ n.* a burnt-in photograph. अग्नि-चित्र।

pyrophotographic *-ग्राफिक adj.* अग्नि चित्र सम्बन्धी।

pyrophotography *n.* अग्नि चित्र कला।

pyrophylite *-फाइलाइट n.* a clay mineral. अग्नि-धातु विशेष।

pyroscope *-स्कोप n.* an instrument for measuring the intensity of radiant heat विकीर्ण-ताप उग्रता-मापक।

pyrosis *-सिस n.* water brash जठराग्नि-रोग जठर-जलन।

pyro-sulphuric *-सल्फुरिक n* अग्नि सल्फुरिक।

pyrotechnic, -al *-टैक्निक adj.* of the nature of fire works. आतिशबाजी विद्या सम्बन्धी।

pyrotechnically *adv.* आतिशबाजी विद्या द्वारा

pyrotechnics *-टिक्निक्स n.* the art of making fireworks; display of fireworks. आतिशबाजी विज्ञान; आतिशबाजी प्रदर्शन।

protechnist *n.* आतिशबाजी-विज्ञानी; आतिशबाज।

pyrotechny *n.* आतिशबाजी विज्ञान।

pyroxylic *-जिलिक adj.* pyroligneous. काष्ठ ताप द्वारा प्राप्त।

pyroxyle, pyroxylin, -e *n.* नाइट्रेट युक्त रुई

pyrrhic *पिरिक n.* an ancient Greek war-dance; a foot of two short syllables. प्राचीन ग्रीक का युद्ध-नृत्य; दो लघु वर्णों का गण; *adj.* युद्ध नृत्य सम्बन्धी; दो लघु वर्णों के गण का

pyrrhicist *n.* युद्ध-नृत्य कलाकार।

pyrrhonism *पीरोनिज्म n.* sceptic philoso-

phy. उपसंशयवाद; नास्तिकता; नास्तिक-मत; प्रसिद्ध दार्शनिक पीरो का सिद्धान्त।

pyrrhonian *पीरोनियन n.* नास्तिक; उपसंशयवादी; पीरो के दार्शनिक सिद्धान्त का अनुयायी।

pyrrhonic *-निक adj.* उपसंशयवाद सम्बन्धी; नास्तिक-मत सम्बन्धी।

pyrrhonist *-निस्ट n.* उपसंशयवादी; नास्तिक।

pyrrhotite *-टाइट n.* magnetic pyrites. चुम्बकीय-माक्षिक। (also pyrrhotine)

pyrrhous *-अस adj.* reddish. लाल-सा।

pyrhus *पिरस n.* a kind of pear tree. नासपाती के प्रकार का वृक्ष।

Pythagoras *पैथागरस n.* a great philosopher of Greek. ग्रीक का महान दार्शनिक पैथागरस।

pythagoras theorm *n.* पैथागरस प्रमेय; चिति प्रमेय।

Pythagorean *पाइथैगरियन adj.* pertaining to Pythagoras, the famous Greek philosopher or to his philosophy; relating to the transmigration of soul; vegetarian. दार्शनिक पैथागरस सम्बन्धी; पैथागरस के दार्शनिक सिद्धान्त सम्बन्धी; आत्मा के पुनर्जन्म सम्बन्धी; शाकाहारी। *n.* a follower pythagoras. पैथागरस का अनुयायी।

Pythagoreanism, Pythoagorism *n.* पैथागरस वाद; दार्शनिक पैथागरस का मत; जन्मान्तर वाद पर विश्वास।

pythagorean letter *n.* पैथागरस वर्ण।

pythagorean theorem *n.* चिति प्रमेय; पैथागरस प्रमेय।

Pythia *पिथिआ n.* priest who delivered the oracles of Pythian Apollo at Delphi. धर्माध्यक्षा जिसने पिथियन-अपोलो के उपदेश (भविष्यवाणी) का डेल्फि में कथन किया था।

Pythian *adj.* Delphi. डेल्फी का। *n.* an inhabitant of Delphi; Apollo; the priestess of Apollo at Delphi. डेल्फी का निवासी; अपोलो; डेल्फी के अपोलो की धर्माध्यक्ष

Pythian games *n.* प्राचीन ग्रीस का प्रसिद्ध उत्सव जो हर चार वर्ष बाद डेल्फी में अपोलो के सम्मानार्थ होता है।

Pythian verse *n.* the dactyle hexameter. षष्ठपदी चरण जिसमें आदि की मात्रा गुरु और बाद की दो लघु होती हैं।

Phythic *पिथिक् adj.* Pythian; ecstatic. डेल्फी का; मोहक; परमानन्ददायक।

pythium *पिथियम् n.* a genus of fungi which is the cause of damping off of seedlings. बीजनाशक कवक।

pythogenic *पाइथोजेनिक adj.* produced by filth. पंक द्वारा उत्पन्न, धूलि द्वारा उत्पादित।

python *पाइथॉन n.* the great snake killed by Apollo at Delphi अजगर; महासर्प जिसे अपोलो ने डेल्फी में मारा था।

python *पाइथॉन n.* a familiar or possessing spirit; one possessed by a spirit; an utterer of oracles; a large snake. डाइन; भूत आधीन व्यक्ति; भविष्यद्वक्ता; अजगर

pythoness *पाइथॉनेस n.* the priestess of the oracle of Apollo at Delphi. अपोलो देवता की पुजारिन।

pythoness *-नेस n.* a witch. जादूगरनी।

pythonic *-निक adj.* भविष्य वाणी-सम्बन्धी।

pythonist *-निस्ट n.* a foreteller. भविष्यद्वक्ता

pyx *पिक्स n.* a box in which specimen coins are kept. सन्दूक; सिक्कों के नमूने रखने का बक्स। *v. t.* to test the weight & fineness of the deposited in the box. सन्दूक में जमा सिक्कों का भार तथा उत्तमता की परीक्षा करना।

pyxidium *-डियम (pl. pyxidia)* (bot.) a capsule that opens by a transverse circular split शीर्ष स्फोटी; पिक्सीडियम।

pyxis *पिक्सिस n.* a little box or casket. छोटी सन्दूक; सन्दूकची; डिबिया।

trial of the pyx स्वर्णकारों के जूरी द्वारा सोने तथा चांदी के भार तथा स्वच्छता की परीक्षा करना

Q

Q, q क्यू *n.* the seventeenth letter of the English alphabet. अंग्रेजी वर्णमाला का सत्रहवां अक्षर।

Q-boat *n.* छोटा जहाज जो बाहर से साधारण व्यापारी जहाज प्रतीत होता है पर वास्तव में उसमें आक्रमण के लिए तोपें छिपी रहती हैं।

Q.E.D. इति सिद्धम्।

Q.E.F. इति कृतम्।

qua क्वा *adv.* in the capacity of. योग्यता से; रूप में।

quack क्वैक *n.* the voice of a duck. बत्तख की बोली; *v. i.* to make the sound of a duck. बत्तख के समान शब्द करना।

quack क्वैक *n.* & *adj.* charlatan. मिथ्या चिकित्सक; नीमहकीम; *v. t.* to practise as a quack. मिथ्या चिकित्सा करना; *v. t.* to treat like a quack. नीम हकीम की तरह चिकित्सा करना।

quackery *n.* मिथ्या चिकित्सा; नीम हकीमी; मिथ्याभिमान।

quackish *adj.* नीम हकीम या कुवैद्य के समान।

quackism *n.* मिथ्या चिकित्सावाद; नीम हकीमीपन; शेखी का बहाना।

quackle क्वैकल *v. i.* to quack. बत्तख की तरह शब्द करना।

quack salver *n.* मिथ्या चिकित्सक; नीम हकीम, कूट वैद्य; ढोंगी चिकित्सक।

quacksalving *adj.* कुवैद्य के समान, नीम हकीमी

quad क्वैड *n.* an abbreviation form of quadrangle, quadrat, quadrupted, quadruplet. *adj.* abbreviation for quadruple. *v. t.* abbreviation for quadruple.

quadra क्वैड्रा *n.* a square border or frame वर्गाकार (चौकर) किनारा या ढांचा।

quadragenarian *-जेनेरियल n.* a forty years person. चालीस वर्ष के आयु का व्यक्ति, *adj.* of forty years old. चालीस वर्ष का।

Quadragesima *-जेसिमा n* the forty days of Lent, the first sunday in Lent. लेण्ट नामक व्रत के चालीस दिन, लेण्ट व्रत में प्रथम रविवार।

quadragesima *adj* of the number forty; of Lent. चालीस संख्या का, लेण्ट व्रत का।

quadrangle क्वैड-*रैङ्गल n.* figure with four sides; an enclosed courtyard in a building. चतुष्कोण; चतुर्भुज; चतुःशाला, आंगन।

quadrangular *adj.* चतुष्कोणीय; चतुर्भुजीय।

quadrangularly *adv.* चतुष्कोण रूपेण।

quadrans क्वैड्रान्ज *n.* (*pl* quadrants) रोम रोम का तांबे का सिक्का।

quadrant क्वैड्रेण्ट *n.* one quarter of a circle; a sector; an arc of 90°; an area; street of the form of a quarter of a circle; an instrument used for measuring angles; an instrument for navigation or for measuring the altitude of the Sun. पाद; वृत्त का चतुर्थ भाग; चौथाई वृत्त की आकृति का क्षेत्र या सड़क; कोण नापने का यन्त्र; सामुद्रिकों का सूर्य की ऊंचाई मापने का यन्त्र; तुरीय

quadrantal *adj.* पादीय; वृत्त पाद का।

quadrat क्वैड्रैड *n.* (abbr. quad) one of the pieces of metal used to space out short lines; an instrument used for measuring altitudes. छापेखाने में व्यवहृत रांगे की टिकड़ी (क्वैड) तुङ्गता मापक यन्त्र।

quadrate *-रैट adj.* square; rectangular; conformable वर्गाकार; चतुष्कोणीय; चतुर्भुज; अनुरूप, *n.* a square; a quadrate figure; the quadrate bone. वर्ग; चतुर्भुज; चतुष्कोण; वर्गाकार अस्थि, *v. t.* & *v. i.* to square; to conform वर्गाकार बनाना; समान करना।

quadratic *-रैटिक adj.* of or like a square (algebra) involving the square but no high power. वर्गात्मक; चतुर्वर्गीय; वर्ग; *n.* a quadratic equation. वर्ग समीकरण।

quadratical *adj.* वर्गात्मक।

quadratic equation वर्ग समीकरण।

quadratic expression वर्गात्मक व्यंजक।

quadratrix *n.* वक्र।

quadrature *n.* क्षेत्रकलन; वर्ग निकालने की क्रिया; वर्गीकरण; वर्गात्मकता; वर्गाकार स्थान; १८० का कोणीय अन्तर; वह स्थान जहां चन्द्रमा सूर्य से ठीक समकोण पर हो।

quadratus *n.* चतुष्कोणीय पेशी के लिए व्यवहृत नाम।

quadrel क्वैड्रेल *n.* a square tile. चौकोर पत्थर; चौका।

quadrennial *-रेनियल adj.* occurring every four years. प्रत्येक चौथे वर्ष होने वाला।

quadrennium *-रेनियम n.* (also quadriennium) (*pl.* quadrennia) four years. चार वर्ष।

quadri क्वैड्री *pref.* in the sense of 'four', square. 'चार', 'चतुर्थ', 'वर्ग' अर्थों में उपसर्ग

quadric क्वैड्रिक *adj.* of the second degree. द्विघातीय; *n.* (algebra) द्विघात समघातक; (geometry) द्विघातीय पृष्ठ।

quadriceps क्वैड्रि सेप्स *n.* (anat.) the great thigh muscle. चतुशिर पेशी।

quadricone *-कोन n.* a quadric cone. द्विघातीय शंकु।

quadricorn *-कॉर्न n.* an animal with four horns. चार सींग वाला पशु।

quadri costate *-कॉस्टेट adj.* having four ribs. चार पसली वाला।

quadridentate *-डेण्टेट adj.* having four teeth. चार दांत वाला।

quadriennium क्वैड्रीनियम *n.* (*pl.* quadriennia) four years. चार वर्ष।

quadriennial *-नियल adj.* lasting for four years; once in four years. चार वर्ष तक रहने वाला; चार वर्ष में एक बार; *n.* a quadriennial event. हर चौथे वर्ष घटने वाली घटना।

quadriennially *adv.* चतुर्थ वर्ष के रूप में।

quadrifarious क्वैड्रिफेरियस *adj.* fourfold; in four rows. चार स्तर का; चार पंक्तियों में।

quadrifid *-फिड adj.* of four cleft. चार फांक का।

quadrifoliate *-फोलियट adj.* of four leaves. चतुष्पत्री।

quadriform *-फॉर्म adj.* four fold. चतुःस्तरीय; चार स्तर का; चार आकृति का।

quadriga क्वैड्रिगा *n.* (*pl.* quadrigae) चार घोड़ों द्वारा चलाई जाने वाली दो पहियों की गाड़ी

quadrigeminal *-जेमिनल adj.* (also quadrigeminate, quadrigeminous) having four similar parts. चार समान भागों वाला

quadrigenarious *-जेनेरियस adj.* consisting of four hundred. चार सौ का।

quadrilateral *-लैट्रल adj.* having four sides. चतुर्भुज; *n.* (geom.) a four sided figure. चतुर्भुज।

quadrilateral prism *n.* चतुर्भुज प्रिज्म (समक्षेत्र)।

quadrilateral pyramid *n.* चतुर्भुज स्तूप।

quadriliteral *-लिट्रल adj.* having four letters. चार अक्षरों का या वाला; *n.* a word or a root of four letters. चार अक्षरों का शब्द।

quadrille क्वैड्रिले *n.* one of four groups of horsemen; a square dance for four couples; a music for such a dance. घुड़सवारों में चार में से एक; चार जोड़ों का वर्गाकार नृत्य; ऐसे नृत्य का सङ्गीत; *v. i.* to dance in a group of four. चार जोड़ों का वर्गाकार नृत्य करना।

quadrille *n.* चार व्यक्तियों का चालीस ताश के पत्तों का खेल।

quadrillion *-लियन n.* चतुर्विंशति-शून्य; (U.S.) पंचदश-शून्य।

quadrilocular *-लोक्युलर adj.* having four compartments. चार विभागों का।

quadringenary क्वैड्रिनजेनेरि *n.* a four hundredth anniversary. चारसौवां उत्सव।

quadrinomial *क्वैड्रि-नोमियल adj*(alg) consisting of four terms. चार अङ्क का; *n.* an expression of four terms. चार अंक का व्यंजक।

quadripartite *-पार्टाइट adj.* divided into four parts (bot.) deeply cleft into four parts. (archi.) divided into four compartments. चार भागों में विभाजित; चार फांकों में विभाजित; चार विभागों मे विभाजित।

quadripartition *n.* चार बराबर अंशों का विभाग।

quadripennate *-पेनेट adj.* having four wings. चार पंखों वाला।

quadrireme *-रेम n.* चार किनारों के नौका दण्ड वाला जहाज।

quadrisection *-सेक्सन n.* divided into four equal parts. चार समान भागों में विभाजित।

quadrisyllabic *-सिलैबिक adj.* having four syllables. चार अक्षर का।

quadrisyllable *-सिलैबल n.* a word consisting of four syllables. चार अक्षर का शब्द

quadrivalence *-वैलेन्स n.* the state of a quality of a valency of four. चतु: संयोजकता।

quadrivalent *-वैलेण्ट adj.* (chem.) consisting of a valency of four. चतु. संयोजक।

quadrivial *-वियल adj.* consisting of four branches of mathematics. गणित शास्त्र की चार शाखाओं का।

quadrivium *-वियम n.* the four branches of mathematics e.g. arithmetic, geometry, astronomy, music. गणित शास्त्र की चार शाखायें, गणित, रेखा गणित; ज्योतिष, सङ्गीत।

quadrumanous *-क्वैड्रू-मैनस adj.* four handed. चार हाथ का; चतुर्भुजी।

quadruped *-पेड n.* a four-footed animal. चतुष्पद; चौपाया; *adj.* four-footed. चतुष्पदी, चौपाया।

quadrupedal *-पेडल adj.* चतुष्पदी; चौपाये का।

quadruple *-पल adj.* four fold; of four parts, divisions or members. चतुर्स्तरीय; चतुर्गण; चार भागों, विभागों या सदस्यों का; चौगुनी संख्या का; *n.* four times as much; a coin. चौगुनी सख्या; एक सिक्का; *v. t.* to make four times. चौगुना करना; *v i.* to become four times. चौगुना होना।

Quadruple Alliance चार राष्ट्रों (ब्रिटेन, फ्रांस, आस्ट्रे या तथा हॉलैण्ड) का स्पेन के विरुद्ध १७१८ में स्थापित संघ।

quadruplet *n. pl.* चार बच्चों का एक साथ जन्म लेना; चार व्यक्तियों या पदार्थों का एक साथ काम करना; चार मनुष्यों के बैठने की साइकिल; चार स्वरों का सङ्गीत; चार वस्तुओं का समुदाय।

quadruplex *-प्लेक्स adj.* four fold, of a telegraphic system, capable of sending four messages at a time. चार स्तर का; चार पंक्ति का; एक समय में चार तार से समाचार भेजने की पद्धति; *n.* an instrument of a telegraphic system which is capable of sending four messages at a time. एक समय में तार से चार समाचार भेजने का यन्त्र; *v. t.* to make fourfolded. चार पंक्ति या स्तर का बनाना।

quadruplicate *-प्लिकैट adj.* four fold. चारगुण; चतुर्स्तरीय; *n.* fourfoldness. चार गुना पदार्थ; *v. t.* to make four times. चार गुना करना।

quadruplication *n.* चतुर्गुणीकरण।

quadruplicity *n.* चौगुनापन; चतुर्गुणावस्था।

quadruply *adv.* चतुर्गुण रीति में।

quaere *क्वियर v. t.* (also query) to enquire. अन्वेषण करना; पूछताछ करना; पता लगाना; *n.* question; a mark of interrogation (?) प्रश्न; प्रश्नसूचक (?)।

quaestionary *क्विस्चनरी n.* a pardoner. क्षमा करने वाला।

quaestor *क्विस्टर n.* in ancient Rome, a magistrate; an investigator; a prosecutor; a judge in a murder case; a treasurer. प्राचीन रोम में; दण्डनायक (मजिस्ट्रेट) अनुसन्धान कर्त्ता, अभियोक्ता; हत्या के मुकद्मे का न्यायाधीश; कोषाध्यक्ष।

quaestorial *adj.* अनुसन्धान या न्याय सम्बन्धी

quaestorship *n.* न्यायधीश का पद।

quaestuary *adj.* न्याय सम्बन्धी।

quaff *क्वाफ v. t. & v. i.* to drink wine in a large quantity. अधिक मात्रा मे शराब पीना; खूब पीना; *n.* a draught. शराब।

quaffer *क्वाफ्लर.* खूब शराब पीने वाला: बड़े बड़े घूंट पीने वाला।

quag *क्वाग n* a marshy spot. दलदल।

quagga *n.* दक्षिणी अफ्रीका का एक जंगली गधा।

quagginess *n.* दलदलपन।

quaggy *adj.* दलदली।

quagmire *-माइर n.* a marshy ground. दलदल; *v. t.* to entangle in a marshy ground. दलदल में फंसाना।

quagmiry *adj.* दलदल सम्बन्धी या का।

quaich, quaigh *क्वाह n.* a drinking cup. शराब पीने का प्याला; सुरा-पात्र।

quail *क्वैल v.t. & v.i.* to lose heart. साहस छोड़ना।

quail *क्वैल n.* a kind of small bird of partidge family. लवा; बटेर।

quail-pipe *n.* लवा या बटेर को आकर्षित करने के लिए सीटी; गला।

quaint *क्वेण्ट adj.* skilful; fine; pleasantly old; whimsical; fanciful; neat. विलक्षण; अच्छा; पुराने ढङ्ग का; आनन्द प्रद; अनोखा; अजीब; विचित्र; साफ सुथरा।

quaintly *adv.* विलक्षणता से।

quaintness *n.* विलक्षणता।

quair *क्वेर n.* (also quire) a batch of four sheets of paper. एक दस्ता (चौबीस कागजों का)।

quake *क्वेक v. i.* to shake; to tremble. कांपना; थर्राना, *v. t.* to cause to tremble. कम्पाना; थर्राना; *n.* a tremor; an earth quake. कम्पकम्पी; थरथराहट; कम्प; भूकम्प।

Quaker *क्वेकर n.* (*fem.* Quakeress) a member of the society of Friends established for peace. शान्ति स्थापनीय स्थापित मित्र-मण्डली का सदस्य।

Quaker-buttons *n. pl.* कुचले का बीज।

Quakerish *adj.* (also Quakerly) शान्ति के मित्र-मण्डली के सदस्य के समान।

Quakerism *n.* शान्ति मित्र मण्डली के सिद्धान्त

quakeness *n.* कम्पता।

quaking *n.* कम्प।

quakingly *adv.* कांपते हुए।

quake-proof कम्पसह।

quaky *adj.* कम्प सम्बन्धी।

qualifiable *क्वालिफाइएबल adj.* अनुकूल करने योग्य।

qualification *-फिकेशन n.* distinctive quality; modification; restrictions; an accomplishment; legal ability or power; attribution of a quality. अर्हता; योग्यता; गुण; नैतिकशक्ति; विशिष्टता; मर्यादा।

qualificative *adj.* निरूपण करने योग्य।

qualificatory *adj.* योग्यता का या सम्बन्धी।

qualified *adj.* योग्य; विशेषित।

qualifiedly *adv.* योग्यता के रूप में।

qualifier *n.* योग्य करने वाला।

qualify *-फाइ v. t.* to render fit or capable; to furnish with necessary accomplishments or qualities; to prepare; to limit; to soften; to reduce the strength of. योग्य बनाना; सामर्थ्यवान बनाना; गुणशाली करना; नियमानुकूल बनाना; तैयार करना, सीमित करना; नम्र करना; (शराबादि की) शक्ति कम करना; कम करना; *v.i.* to become qualified or fit. योग्य होना; योग्यता प्राप्त करना; (*pr. p.* qualifying *pa. p. & pa. t.* qualified).

qualis ab incepts (*L.*) as from the beginnmg आरम्भ से।

qualitative. *क्वालिटैटिव adj.* relating to quality; estimate according to quality. गुण सम्बन्धी गुणवाचक; जाति स्वभाव; गुण के अनुसार जिसकी गणना हो, गुणात्मक।

qualitative analysis गुणात्मक विश्लेषण।

qualitative distribution गुणात्मक-विभाजन (वण्टन)।

qualitatively *adv.* गुण से (द्वारा)।

qualitied *-टाइड adj.* गुणात्मक।

quality *क्वालिटि n.* attribute; property; virtue; nature; kind; character; social status; sort; accomplishment; degree of excellence; faculty; skill; high rank; temper; vice; persons of upper class collectively; grade of goodness; manner; (log.) the character of a proposition as affirmative or negative. गुण; धर्म; भाव; स्वरूप; प्रकृति; स्वभाव; प्रकार, अर्जित विद्या व धन, ऊंचा पद, लक्षण; गौरव; कुलीनता; प्रतिष्ठा; कोटि; श्रेणी; उच्चकुल समुदाय; विशेषता

quality, bad दुर्गुण।

quality, good सद्गुण।

quality, primary मुख्यगुण; मूलधर्म; प्रधान गुण

quality, secondary गौण गुण; उपहित धर्म।

man of quality : कुलीन व्यक्ति।

qualm *क्वाम n.* a sudden attack of illness; a sensation of nausea; a scruple as of conscience; compunction. रोग की आकस्मिक उत्पत्ति; मनस्ताप; मिचली; क्षणिक अस्वास्थ, ऐंठन; मरोड़; मनोव्यथा; पछतावा।

qualmish *adj.* जी मचलाने वाला; मनस्तापी।
qualmishness *n.* जी मचलने की अवस्था; मनस्तापावस्था।
qualmless *adj.* मनस्ताप रहित।
qualmy *adj.* मिचली वाला; मनस्तापी।
quamash *क्वामाश n.* (also camass, camas, camash) अमरीका का एक छोटा कमल परिवार का पौधा।
quamdiu se bene gesserit (*L.*) during good behaviour. उत्तम व्यवहार पर्यन्त।
quandary *क्वान्ड्री n.* a state of perplexity; dilemma; a difficult situation. व्याकुलता; भ्रमजाल; आशङ्का; घबड़ाहट।
quandong *क्वान-डोङ्ग n.* (also quandong, quantong) आस्ट्रेलिया का एक छोटा चन्दन का वृक्ष; इस वृक्ष की खाने योग्य गिरी।
quand meme (*Fr.*) nevertheless; what ever the consequences may be. तथापि; तो भी; तिस पर भी; कुछ भी परिणाम क्यों न हो
quannet *क्वानेट n.* a flat file.
quant *क्वान्ट n.* a jumping pole. *v. t.* to jump. कूदना।
quantic *क्वान्टिक n.* (math.) a rational function of variables. समघातक।
quantical *adj.* समघातीय।
quantification *-फ़िकेशन n.* the act of quantifying. राशीकरण; मात्रा सूचित करने का कार्य
quantification of the predicate विधेय का राशीकरण।
quantify *-फ़ाइ v. t.* to indicate the quantity or extent of. मात्रा या राशि सूचित करना
quantimeter *-मीटर n.* an instrument for recording the emission of X-Rays. एक्स-रे के प्रवाह को मापने का यन्त्र।
quantitative *-टेटिव adj.* (also quantitive) concerned with quantity. मात्रात्मक; परिमाणात्मक; परिमाण सूचक; जिसकी गणना परिमाण के अनुसार हो; इयत्तात्मक।
quantitatively *adv.* परिमाण रूपेण।
quantity *क्वान्टिटि n.* an amount; the property of anything which is measurable in terms of weight, size, bulk, extent and which can be added to or subtracted from; any specified amount or number; a sum; a determinate amount; a considerable amount; (log.) extension; (math.) the means of measurement; the relative duration of a tone; the length of syllable. परिमाण; मात्रा; राशि; आकार; जोड़; अंश; प्रचय; इयत्ता; विस्तार; स्वर का सम्बन्धित काल; अक्षर की मात्रा।
quantity, algebrical बीजीय राशि।
quantity, assignable निदर्शनीय राशि।
quantity, complex संकर राशि।
quantity, compound मिश्र राशि।
quantity, infinite अनन्त राशि।
quantity, known ज्ञात राशि।
quantity, negative ऋण राशि।
quantity, numerical संख्यात्मक राशि।
quantity of judgement निर्णय परिमाण।
quantity of matter भूत-द्रव्य राशि; द्रव्य राशि
quantity of the second order of smallness द्वितीय श्रेणी की लघु राशि।
quantity, positive धनराशि।
quantity, surveyor परिमाण परिमापक; राशि या मात्रा परिमापक।
quantity theory of money मुद्रा का मात्रा सिद्धान्त।
quantity, small अल्प भाग।
quantity, unknown अज्ञात राशि।
quantity, vector दैशिक राशि।
quantity, veriable परिणम्य राशि।
quantivalence *क्वान्टिवैलेन्स n.* valency. रासायनिक तत्व के मिश्रण की शक्ति; संयोजकता।
quantivalent *-वैलेण्ट adj.* संयोजक; रासायनिक तत्व के मिश्र की शक्ति वाला।
quantise *क्वान्टाइज v. i.* to express in terms of quanta; to express in accordance with the quantum theory. क्वियत्ता में वर्णन करना; क्वियत्तावाद के अनुसार वर्णन करना।
quantum *क्वान्टम n.* (*pl.* quanto) quantity; amount; (phys.) one of the units of uniform value of which radiant energy is constituted. परिमाण; राशि; मात्रा; प्रमात्रा; विशेष मात्रा; क्वियत्ता।
quantum mutatus ab ille (*L.*) how much changed from that. पहले से कितना परिवर्तित है।
quantum number (phys.) क्वियत्ता संख्या।
quantum sufficit (*L.*) a sufficient quantity. पर्याप्त मात्रा (परिमाण)।
quantum theory (phys.) क्वियत्तावाद।
quaquaversal *क्वा-क्वा वर्सल adj.* pointing in every direction. प्रत्येक दिशा में निकला हुआ।
quarantine *क्वारैनटाइन n.* forty days; a time of compulsory isolation imposed on persons infected with contagious diseases for mixing with other people. चालीस दिन; निरोधा; संक्रामक रोग से ग्रस्त व्यक्तियों पर यात्रा करने पर निरोध; *v. t.* to subject to quarantine. निरोधायन।
quarantine-flag निरोधा-पताका।
quarrel *क्वारेल n* an arrow with a square head; diamond pane of glass; a square tile. वर्गाकार शिर का तीर, कांच का हीरक चौकोर टुकड़ा; वर्गाकार टाइल।
quarrel *क्वारेल n.* a brawl; a petty fight; a dispute; a complaint; a breach of friendship. झगड़ा; कलह; विवाद; मित्रता का विच्छेद; *v. t.* (*pr. p.* quarrelling; *pa. t. & pa. p.* quarrelled) to dispute; to disagree; to fall out; to brawl; to fight. झगड़ा करना; कलह करना; विवाद करना; लड़ाई करना; गाली गलौज करना; मारपीट करना.
to pick a quarrel with : झगड़ा मोल लेना; झगड़ा आरम्भ करना।
to quarrel with one's bread and butter अपना व्यवसाय त्याग देना; अपनी रोजी पर धक्का पहुँचाना।
to take up a quarrel : झगड़ा खत्म करना; विवाद तय करना; कलह समाप्त करना।
quarreller *n.* झगड़ने वाला व्यक्ति।
quarrelling *n.* लड़ना; झगड़ना; *adj.* झगड़ालू
quarrellous *adj.* विवादी; झगड़ालू।
quarrelsome *adj.* विवादी, लड़ाका; झगड़ालू
quarrelsomely *adv.* झगड़ालूपन से।
quarrelsomeness *n.* झगड़ालूपन।
quarrender *क्वारेन्डर n.* (also quarender, quarantine, qurenden, quarrington) a kind of red apple. एक प्रकार का लाल सेब
quarriable *क्वारि-एबल adj.* खान से पत्थर निकालने योग्य।
quarrier *-यर n.* a quarryman. खान से पत्थर निकालने वाला।
quarry *क्वारि n.* a place where stones are dug; a great mass of rock; a source of information. पत्थर निकालने की खान; चट्टान का भारी टुकड़ा; सूचना प्राप्त करने का मूल स्थान; *v. t.* to dig from a quarry. खान से पत्थर निकालना। (*pr. p.* quarrying, *pa. t. & pa. p.* quarried).
quarry *क्वारि n.* (*pl.* quarries) a victim; prey; a hunted animal; a deer's entrails given to dogs; a hunter's heap of dead game; a bird killed by a hawk. शिकार; मारा हुआ पशु; मारे हुये पशुओं की अन्तड़ियां जो कुत्तों को दी जाती हैं; शिकार किये हुए पशुओं का ढेर; बाज द्वारा मारा हुआ पक्षी
quarry *क्वारि n.* a square slab or tile; a square pane of glass. चौकोर टाइल या पत्थर; चौकोर शीशा।
quarryman *n.* खान से पत्थर निकालने वाला।
quarry master *n.* पत्थर की खान का मालिक।
quart, quarte *क्वार्ट n.* four successive cards of the same suit. एक प्रकार के लगातार चार ताश।
quart *क्वार्ट n.* a measure of liquid amounting to a quarter of a gallon; two pints; a vessel of two pints; a quarter; a fourth. क्वार्ट; गैलन का चतुर्थ भाग; दो पाइण्ट द्रव का पात्र; चौथाई; चतुर्थांश।
quartan *क्वार्टन adj.* occurring every third or fourth day. हर तीसरे या चौथे दिन होने वाला।
quartation *n.* विशुद्धीकरण के हेतु एक भाग चांदी (रजत) मिलाने का कार्य।
quart-pot *n.* चौथाई गैलन द्रव के माप का पात्र; क्वार्ट-पात्र।
quarter *क्वार्टर n.* a fourth part; a fourth part of a hunderd-weight (cwt.) the fourth part of an hour; the fourth part of the year; a measure of 8 bushels; a 25-cent piece; one of the four limbs of an animal (becklegs); a part of a town; a part of an army; one fourth of the field; fourth part of moon; one of the four cardinal points of the compass; one of the four regions of the globe; mercy to an army who has surrendered; (in *pl.*) lodging for troops; part or station allotted to troops; one of the four quarters of a shield which has been divided crosswise; posts in battle formation; a section of an orange; a quarter-mile race. चौथाई भाग; चतुर्थ अंश; हण्डरवेट का चतुर्थ भाग; २८ पौण्ड; एक घण्टे का चौथा भाग;

quarter वर्ष का चतुर्थ भाग, ८ बुशेल का माप; २५ सेण्ट का भाग; पशु के पिछले पैर; नगर का भाग; मोहल्ला; सेना का भाग; क्षेत्र का चतुर्थ भाग; चन्द्रमा का चौथाई भाग; दिक्-सूचक का एक मुख्य बिन्दु; विश्व की एक दिशा; विश्व का एक प्रदेश; हारे हुए शत्रु पर दया या अनुकम्पा; निवास स्थान, रहने की जगह; शन्तरे का एक भाग; चौथाई मील की दौड़; वेश्म; शिविर; *v. t.* to divide into four equal parts; to divide into compartments; to separate; to provide shelter to; to lodge. चार भागों में विभाजित करना; चार विभागों में विभक्त करना; अलग करना; खण्ड खण्ड करना; आश्रय देना; वास करना; *v. i.* to lodge. निवास करना।

quarter क्वार्टर *adj.* one-fourth part of. चतुर्थांश; पाव; चौथाई; *adv.* to the extent of one fourth. चतुर्थांश तक।

quarterage *n.* तीसरे महीने देने का कार्य (वेतनादि का)।

quarter-bound *adj.* केवल (पुस्तक की) पीठ पर कपड़े या चमड़े की जिल्द का।

quarter-boy, quarter-jack *n.* चौथाई घण्टा बजाने वाला।

quarter-bred *adj.* चतुर्थांश खून वाला।

quarter-day *n.* तीसरे महीने का पहला व अन्तिम दिन।

quarter-deck *n.* जहाज का चतुर्थ भाग।

quartered *adj.* चार भागों में विभाजित किया हुआ; वास किया हुआ।

quarter-guard *n.* सेना की चौकसी, सेना का पहरा।

quarter-horse *n.* चौथाई मील तक शीघ्रता से दौड़ने वाला घोड़ा।

quartering *n.* सिपाहियों का निवास स्थान, *adj* हवा से पूर्व जहाज का चलाने वाला।

quarter-jack *n* घंटा बजाने वाला।

quarterly *adj.* त्रैमासिक; तीसरे महीने होने वाला; त्रैमासिक, प्रकाशित होने वाली; *adv.* तीन मास में एक बार; त्रैमासिक रूपेण; *n.* त्रैमासिक पत्रिका।

quarter-master *n.* शिविर नायक; सेना का प्रधान अधिकारी। (*fem.* quarter-mistress).

quarter-master-general *n.* महा शिविर नायक

quarter-master-sergeant शिविर-पौरिक-नायक

quartern क्वार्टर्न *n.* चतुर्थ भाग (पाइन्ट, पौण्ड आदि)।

quarter-note *n.* अर्ध स्वर; अर्ध सरगम।

quarter-plate *n.* 3¼ × 4¼ की प्लेट।

quarter-road *n.* चार भागों में विभाजित सड़क

quarters *n.* निवास स्थान।

at close quarters : नजदीक से।

from all quarters : चारों ओर से; चारों दिशाओं से।

guardian of a quarter : दिक्-पाल।

headquarters : सेनापति का स्थान; सदर।

in every quarter : सब दिशा में।

quarter of a century चतुर्थ शताब्दी; पच्चीस वर्ष।

quarter of an hour : चौथाई घण्टा, पन्द्रह मिनट का समय।

quarter past ten : सवा दस बजे।

quarter to ten : पौने दस बजे।

to come to close quarters : मुठभेड़ होना।

to keep a bad quarter : झगड़ा (उपद्रव) करना।

to keep good quarter : अच्छी निगरानी रखना।

quartern-loaf *n.* चार पौण्ड का टुकड़ा।

quartet, quartette, quartett क्वार्टेट *n.* a set of four; a composition for four instruments. चार का समूह; चार यन्त्रों के लिए रचना।

quartic क्वार्टिक *adj.* (math.) of the fourth degree. चतुर्घातीय; *n.* a function, curve, or surface of the fourth degree. चतुर्घातीय समघातक।

quarto क्वार्टो *adj.* having the sheet folded into four leaves of eight pages. आठ पृष्ठों में तह की हुई; *n.* (*pl.* quartos) (written 4 to) a book consisting of sheets folded in four parts. चार तह किये हुए कागज पर छपी हुई पुस्तक।

quarto, demy 8½ × 11¼ इञ्च का कागज।

quarto, medium 9½ × 11¼ इञ्च का कागज।

quarto, royal 10 × 12½ इञ्च का कागज।

quarto, small आठ पृष्ठ की पुस्तक।

quartz क्वार्ट्ज *n* a rock crystal. स्फटिक; *adj.* of quartz. स्फटिकीय।

quartzi-ferous *adj.* स्फटिकयुक्त।

quartzite, quartz-rock *n.* स्फटिक शिला।

quartz-mill *n* स्फटिक तोड़ने की मशीन।

quartzose *adj.* स्फटिक का या समान।

quartz vein स्फटिक शिरा।

quartzy *adj.* स्फटिक सदृश्य।

quash क्वैश *v. t* to crush; to annul, to subdue, to put an end to; to make void तोड़ना, रद्द करना, कुचलना; जीतना; दबाना, खण्ड करना, समाप्त करना; अन्त करना; दमन करना, अवैध करना या ठहराना।

Quashee, Quashie क्वाशी *n.* पश्चिमी अफ्रीका के हब्शी का नाम।

quashee,-ie क्वाशी *n.* हब्शी।

quasi क्वासि *adj & conj* as if; as it were; almost; that is to say. मानो कि; जैसा कि; अर्थात् प्राय:; *pref.* अर्ध; कृत्रिम; दिखावटी; आभास, करीब करीब।

quasi-contract *adj.* अनुबन्धाभास-प्रमंबिदा।

quasi-easement *n* सौविध्य सा; अर्ध सुविधा।

quasi-government *adj.* अर्ध सरकारी।

quasi-historical *adj.* अर्ध ऐतिहासिक।

quasi-monopoly *adj.* आभास-एकाधिकार।

quasi-national *adj.* अर्ध- राष्ट्रीय।

quasi-partner *n.* आभास भागी; अर्ध-भागी।

quasi-permanent *adj* स्थायी सा; स्थायी-तुल्य

quasi-personally *n* अर्ध-व्यक्तित्व; व्यक्तित्वाभास

quasi-political *adj* अर्ध-राजनैतिक।

quasi-rent *n.* आभास-भाटक।

quasi-revenue *n.* आभास आगम।

Quasimodo -मोडो *n.* the first Sunday after Easter. ईस्टर के बाद का पहला रविवार।

quassation क्वासेशन *n* act of Shaking. कम्प; हिलने का कार्य।

quassia क्वाशिया *n*, a kind South American tree which is used as a medicine. एक प्रकार का दक्षिणी अमरीका का वृक्ष जिसकी छाल औषधि में काम आती है।

quat क्वाट *n.* pimple; an insignificant person. फुन्सी; मुहांसा; क्षुद्र व्यक्ति।

quatercentenary क्वाटर सेण्टेनरी *n.* 400th anniversary. चारसौवां उत्सव।

quatern क्वाटर्न *adj.* four-fold. चौगुना।

quaternary -नरी *adj.* consisting of four; by fours; in fours; of the fourth order, based on four; with four variables. चतुर्थक; चार का; चतुर्वर्णक; चार भाग का; चतुर्थ श्रेणी का; चार पर आधारित; चतुर्थ परिणम्यी; *n.* the number four; a set of four things. चार का अंक; चार अङ्कों का समुदाय; चार वस्तुओं का समुदाय।

quaternate *adj.* in sets of four. चार के समुदाय में या का।

quaternion *n.* a set or group of four; (math) a method in mathematics; a file of four soldiers. चतुष्क; चार का समुदाय; कलन; चार सिपाहियों की पंक्ति।

quaterniond *adj.* divided into groups of four. चार के समुदाय में विभाजित।

quaternionist *n.* कलन का विद्यार्थी; कलनवादी

quaternity *n.* a combination of four. चार का समूह।

quatorzain *n.* a stanza of poem of fourteen lines. चौदह पंक्ति या चरण की कविता।

quatorze क्वाटर्ज *n.* four kings, queens, knaves, aces, or tens in piquet, counting fourteen. एक प्रकार के ताश के खेल में चार इक्के, बादशाह, बेगमें, गुलाम अथवा दहले जिनकी संख्या चौदह होती है।

quatrain क्वाट्रेन *n.* a stanza of four lines sometimes rhyming alternately. चतुष्पदी श्लोक जिसके पहले-तीसरे तथा दूसरे-चौथे चरण में अनुप्रास होता है।

quatrefoil क्वाटर-फ़ायल *n.* a four petalled flower; leaf of four leaflets; (archit) a piercing or ornamental figure divided by cusps into four lobes. (also quatrefeuille) चतुष्पत्री; भवन निर्माण में चौपतिया छिद्र (चतुष्पत्री छिद्र)।

quattrocento क्वाट्रो सेन्टो *n.* इटली की कला तथा साहित्य की पन्द्रहवीं शताब्दी।

quattrocentism *n.* इटली की पन्द्रहवीं शताब्दी की कला तथा साहित्य का वाद या सिद्धान्त।

quattrocentist *n.* इटली की पन्द्रहवीं शताब्दी की कला तथा साहित्य का वादी या अनुयायी।

quaver क्वेवर *v. i.* to tremble, to shake; to vibrate; to speak or sing in a trembling tone. कांपना; थरथराना, हिलना; बोलते या गाते समय घिघयाना या थर्राना। *v. t.* to sing or speak tremulously. थर्राते हुए गाना या बोलना; *n.* a trembling; a vibration of the voice. कम्प; थरथराहट; आवाज थरथराहट।

quaverer *n.* कंपकंपाने वाला; थरथराने वाला।

quavering *n.* & *adj.* कांपता हुआ, कांपने की अवस्था।

quaveringly *adv.* कांपते हुए।

quavery *adj.* कम्पमान, काँपने वाली।
quay की *n.* a landing place for loading or unloading of vessels. नाव या जहाज से माल उतारने या चढ़ाने का घाट।
quayage *n.* घाट पर माल उतारने का भाड़ा या शुल्क।
quayd क्वेड *adj.* or *pa. p.* daunted. हतोत्साहित।
queach क्वीच *n.* a thicket. झाड़ी; जङ्गल; वन
queachy, queachy *adj.* forming a thicket, boggy; sickly. मोटा; मतिहीन; रोगी।
queam क्वीम *n.* a saucy girl, a characterless woman; a prostitute; a girl. कुलटा स्त्री; वेश्या; लड़की। (also queyn).
queasily क्वीजीलि *adv.* अरोचकता से; अस्थिरता से।
queasiness *n.* अस्थिरता; अरोचकता; चंचलता; सुकुमारता।
queasy, queazy क्वीजी *adj.* unsettled; uneasy, causing nausea; sick; nice, delicate. अस्थिर; चंचल; व्याकुल; अरोचक; वमनकारक; रोगी; उत्तम; सुकुमार।
quebracho क्वेब्राको *n.* दक्षिणी अमरीका के सख्त लकड़ी वाले वृक्ष।
queen क्वीन *n.* (*masc.* king) the wife of a king; a female monarch; a presiding goddess; a most beautiful woman; female cat; a sweetheart; the best example of a thing, a playing-card bearing the picture of a queen; (in chess) a piece in chess. रानी; राजपत्नी; साम्राज्ञी; महारानी; महादेवी; सुन्दरतम स्त्री; दुलारी; प्रिया; अपूर्ण वस्तु; ताश की बेगम; शतरंज का वजीर। *v. t.* to make a queen of, to act as a queen; to rule as a queen; to supply with a queen. रानी बनाना; शतरञ्ज में वजीर बनाना; रानी के समान कार्य करना; रानी के सदृश राज्य करना; ताश की बेगम देना।
queen-bee *n.* मधुमक्खी।
queen-consort *n.* राज करने वाली रानी, महारानी।
queen craft *n.* रानी की नीति।
queen-dom *n.* रानीपन।
queen-dowager *n.* राजा की विधवा, विधवा रानी।
queenhood *n* रानीपन।
queening *n.* अनेक प्रकार का सेब।
queenite *n* रानी का अनुयायी।
queenlet *n.* छोटी रानी।
queenless *adj.* रानी रहित।
queen-like *adj.* रानी के समान।
queenliness *n.* रानीपन।
queenly *adj* रानी के समान, रानी बनने योग्य, रानी के योग्य। *adv.* रानीपन से।
queen-mother *n.* राजमाता।
queen-of-the-meadow(s) *n* जङ्गल की रानी
queen-regent *n.* प्रतिनिधि के रूप में राज्य करने वाली रानी।
queen-regnant *n.* राज्य करने वाली रानी, साम्राज्ञी।
queen's-arm *n.* musket. फौजी सिपाही की बन्दूक।
queenship *n.* रानी का पद।
queen's-metal *n.* काँसा।
Queen Anne's dead : पुराना समाचार।
Queen of Heaven : कुमारी मेरी।
Queen of the May : मई की रानी।
queer -क्विअर *adj.* strange; peculiar; eccentric; odd; singular. विलक्षण; अद्भुत; अनौखा; अनूठा; निराला; अजीब; *v. t.* to cheat; to spoil. लूटना; नष्ट करना।
queerish -रिश *adj.* कुछ अनौखा; अनौखा सा।
queerity *n.* अनौखापन।
queerly *adv.* विलक्षण रूपेण।
queerness *n.* विलक्षणता; अनौखापन।
to queer the pitch : किसी का काम बिगाड़ना
queest क्वीस्ट *n.* (also cushat, quest, quisst, quist) जङ्गली कबूतर।
queint क्वेण्ट *n.* quaint. चतुराई।
queint क्वेण्ट *pa p* of quench. शान्त किया हुआ।
quelch क्वेलच *v t.* & *v.i.* to squelch. दबाकर चपटा करना; समाप्त करना; चुप करना।
quell क्वेल *v. t.* to kill; to subdue; to calm; to extinguish; to crush. मारना; दमन करना; शान्त करना; निश्चेत्त करना; वश में करना; मिटा देना; *v. i.* to die; to subside. मारना; शान्त होना; *n.* slaying; power of slaying. मारना; मारने की शक्ति।
queller *n.* वश में करने वाला; मारने वाला।
quem di dilgiunt adoles cens moritur (*L.*) whom the gods love dies young. जिसे ईश्वर प्यार करता वह युवावस्था ही में मर जाता है।
quem Jupiter vult perdere descentat prives (*L*) *n.* whom Jupitur (a god) wishes to destroy be first makes mad. जिसे ईश्वर मारना चाहता है उसे पहले पागल बनाता है।
queme क्वेम *v. t.* to please. प्रसन्न करना।
quench क्वेन्च (श) *v t* to extinguish; to suppress; to allay, to silence; to put out, to stop; to destroy; to place in water, to put to silence. बुझाना; दबाना; ठण्डा करना, चुप करना; शान्त करना; कम करना; घटाना; निर्वाण करना, नष्ट करना, विनष्ट करना; पानी में बुझाना, चुप कराना; *v. i.* to be extinguished; to die down, to lose zeal. बुझाना, शान्त होना, नष्ट होना, हतोत्साह होना।
quenchable *adj.* बुझाने योग्य; शान्त करने योग्य
quencher *n.* शान्त करने वाला; पीने की वस्तु।
quenching *n.* & *adj.* शमन; शान्ति; शान्त।
quenchless *adj.* न बुझने योग्य।
quenchlessly न बुझने की अवस्था में।
querimonious क्वेरि-मोनियस *adj.* झगड़ालू।
querimoniously *adv.* झगड़ालू रूप में।
querimony -मनि *n.* complaint. शिकायत; असन्तुष्टि।
querist -रिस्ट *n.* an inquirer. अन्वेषण करने वाला।
quern -र्न *n.* पत्थर का हाथ का मिल; चक्की।
querulous क्वेरूलस *adj.* complaining; peevish शिकायती, दुःशील, दुःखी।
querulously *adv.* शिकायत के रूप में; शिकायत करते हुए।
querulousness *n.* शिकायत करने की आदत।
query क्वेरि *n.* (*pl.* queries) an inquiry; the mark of interrogation (?). अन्वेषण; अनुसन्धान; प्रश्नवाचक (सूचक) चिन्ह (?); *v. t.* to inquire into; to question; to doubt; to mark with a query. अन्वेषण करना; अनुसन्धान करना; प्रश्न करना; शंका करना; प्रश्नवाचक चिन्ह लगाना।
que sais je ? (*Fr.*) what do I know ? मैं क्या जानता हूँ ?
quest क्वेस्ट *n.* a search; an adventure; the act of seeking; a searching party; a jury of inquest; investigation. अन्वेषण; दुस्तर कार्य; अनुसन्धान; प्रार्थना; खोज करने वाला दल; परीक्षा; खोज; जांच; *v. i.* & *v. t.* to go in search; to go begging, to give tongue. खोज में जाना; खोज करना; अनुसन्धान करना; प्रार्थना करना; जबान देना।
questant, quester, questrist *n.* खोज करने वाला; अनुसन्धान करने वाला।
question -सचन, -स्टयन *n.* an inquiry; an interrogation; doubt; examination; a problem requiring a solution; a subject of doubt or controversy; conversation; examination by torture; the measure to be voted upon; a relevant matter. प्रश्न; परीक्षा; जांच, सन्देह; अनुसन्धान; विवाद का विषय, पृच्छा; तङ्ग करके प्रश्न पूछना; विचारणीय प्रश्न या विषय, समस्या; *v. t.* to ask a question; to interrogate; to doubt; to ask; to make objection. प्रश्न पूछना; प्रश्न करना, सन्देह उत्पन्न करना, पृच्छा करना; शंका करना, सन्देह करना, आपत्ति करना; *v. i.* to ask question, to inquire; to discuss. प्रश्न करना; जांच करना, विचार करना।
in question : विचाराधीन; प्रश्नास्पद, विवादास्पद।
make question : शंका उपजना; शंका करना।
out of question : निःसन्देह; अवश्य, सन्देह रहित।
out of the question : विचार भी नहीं करना चाहिए; अविवादास्पद।
popping the question : विवाह का प्रस्ताव करना।
the topic in question प्रस्तुत विषय।
to beg the question : सिद्ध करने के विषय को मान लेना।
to call in question : विचारार्थ उपस्थित करना; आपत्ति करना।
leading question : प्रधान समस्य; मुख्य प्रश्न
questionable *adj.* सन्देह युक्त; अनिश्चित; सन्देह पूर्ण; संशयपूर्ण, प्रश्न करने योग्य।
questionableness *n.* अनिश्चितावस्था, सन्देह पूर्ण स्थिति।
questionaly *adv.* शङ्का युक्त; शङ्का पूर्वक।
questionary *adj.* प्रश्नों का क्रम।
question be now put अब प्रश्न रखा जाये।
question begging प्रार्थनीय-प्रश्न।
questioner *n.* प्रश्न पूछने वाला।
question, indicatory ज्ञापक प्रश्न।

questioning *n.* & *adj.* प्रश्नात्मक, प्रश्न करना
questioningly *adv.* प्रश्न करते हुए।
question, irrelevant असङ्गत प्रश्न।
questionist *n.* प्रश्न करने वाला; सन्देह करने वाला।
question, leading प्रधान समस्या; मुख्य प्रश्न।
questionless *adj.* निःसन्देह; निःसंशय; *adv.* निःसन्देहपूर्वक।
question-list *n.* प्रश्न-सूची।
question mark *n.* प्रश्न सूचक चिन्ह।
question-master *n.* प्रश्नाध्यक्ष।
questionnaire *n.* उत्तर देने के लिए प्रश्नों का समूह; प्रश्नावली; प्रश्नमाला।
question of fact तथ्य-प्रश्न।
question of law विधि प्रश्न।
question previous पूर्वतन प्रश्न।
question and answer प्रश्नोत्तर; प्रश्न और उत्तर
question, supplementary पूरक प्रश्न; अनुपूरक प्रश्न।
questor *क्वेस्टर n.* (also (quaestor) a treasurer. कोषाध्यक्ष; खजाञ्ची।
questorship *n.* कोषाध्यक्ष का पद।
questuary *n.* लाभ का धन एकत्रित करने के लिए नियुक्त पुरुष।
queue *क्यू n.* a pendent twist of hair at the back of the head; a group of persons waiting in order of arrival. चुटिया; चोटी; वेणी; कतार; पंक्ति; *v. t.* place or arrange in queue. वेणी गूंथना; चोटी गूंथना; कतार बनाना; पंक्ति में रखना; *v. i.* to from a queue. कतार या पंक्ति बनाना।
queued *adj.* वेणी या चोटीयुक्त; कतार में; पंक्तिमें
queuing, queueing *n.* कतार बनाना; कतार में करना; चोटी या वेणी गूंथने का कार्य।
quey *क्वि n.* बिन बच्चे की गाय।
quibble *-बल n.* an evasion, a play upon words; equivocation. छलोक्ति; वाक्छल; वक्रोक्ति; वाक्-चातुरी; छलोक्ति से उत्तर देना वक्रोक्ति करना; वाक्छल करना; वाक् चातुरी करना
quibbler *-बलर n.* प्रलापी; वाक्-छली; वक्रोक्ति करने वाला।
quibbling *n.* बकवाद; वाक्-चतुराई; बात बनाना; वक्रोक्तीकरण।
quibbling *adv.* वक्रोक्ति द्वारा।
quiblin *n.* वाक्छल; वक्रोक्ति।
quich *क्विच v. i.* (also quatch, quetch, quitch) to stir; to move. हिलाना।
quick *क्विक adj.* living; alive; swift; lively; speedy; fresh; ready; nimble; hasty; rapid; vigorous; sensitive: prompt to act, active; mobile; piercing; pregnant. सजीव; क्षिप्र; तेज; चपल; द्रुत; त्वरित; सत्वर; फुर्तीला; उतावला; शीघ्र; काम करने में प्रस्तुत; चचल; अस्थिर; चीरने वाला; गर्भवती; *adv.* without delay; soon; rapidly. शीघ्रता से; तुरन्त; तेजी से; *n.* the living; a living thing; a living plant; the life; the living part of the body; the living flesh. जीवित प्राणी; सजीव वस्तु; सजीव पौधा (वनस्पति); शरीर का मर्म स्थान; सजीव मांस।
quick *n.* एक प्रकार की घास।
quick-answered *adj.* उत्तर देने मे त्वरित, हाजिर जवाब; शीघ्र उत्तरदाता।
quick-born *adj.* सजीव उत्पन्न।
quick-change *adj.* शीघ्र या झटपट बदलने वाला
quick-conceiving *adj* समझने मे तेज।
quicken *v. t.* सजीव करना, उत्तेजित करना; सजीवता प्रदान करना; तीव्र करना; सचेत करना: आनन्दित करना; *v. i.* सजीव होना; सचेत होना; उत्तेजित होना; गर्भवती होना; शीघ्रता बढ़ना; गर्भ-स्पन्दन ज्ञान होना।
quicken *n.* (also quick-beam, quicken-tree, wicken. wicky) गुलाब परिवार का वृक्ष विशेष।
quicken *adj.* शीघ्र; सजीव; सचेत; तत्पर; त्वरित; *adv.* तुरन्त।
quicken *n.* एक प्रकार की घास।
quickener *n.* तीव्र या उत्तेजित करने; सजीव करने वाला।
quickening *adj.* त्वरा; उद्दीपक; उत्तेजक; *n.* सजीवता; शीघ्रता; गर्भ-स्पन्दन ज्ञान।
quick-eyed *adj.* तीव्र दृष्टि वाला।
quick-fire,-firing *adj.* शीघ्र आग पकड़ने वाला, त्वराक्षेपी।
quick-firer *n.* त्वराक्षेपी तोप या बन्दूक।
quick-firing gun *n.* त्वाक्षेपी तोप।
quick-hedge *n.* सजीव वनस्पतियों की झाड़ी।
quick-lime *n.* बिना बुझाया हुआ; चूना; जीवचूर्णक।
quickly *adv.* झटपट; तुरन्त; शीघ्रता से; वेग से
quickness *n.* तीव्रता; शीघ्रता; वेग; फुर्ती; तेजी
quick-sand *n.* जलीय बालु; सजीव-बालु; बालु-पक
quick-scented *adj.* (also quick-scenting) तीव्र इत्र वाला; तीव्र सुगन्धित।
quick-selling *adj.* शीघ्र बिकने वाली।
quick set *n.* सजीव (हरी) वनस्पती; *adj.* सजीव-वनस्पतियुक्त।
quick-sight *n.* तीक्ष्ण दृष्टि।
quick-sighted *adj.* तीक्ष्ण दृष्टि वाला।
quick-sightedness *n.* दृष्टि की तीक्ष्णता।
quick-silver *n.* पारद, पारा; *adj.* पारदीय; *v.t.* पारद से चिकित्सा करना; पारा चढ़ाना।
quick-silvered *adj.* पारदीय; पारदयुक्त।
quick-silvering *n.* दर्पण के पीछे लगा हुआ पारद; पारयुक्त दर्पण।
quick-silverish *adj.* (also quick-silvery) पारद समान।
quick-step *n.* शीघ्र चाल।
quick-stick(s) *adv.* तुरन्त; झटपट।
quick-tempered *adj.* शीघ्र कोपन; शीघ्र क्रुद्ध होने वाला; तुनुक मिजाज।
quick-water *n.* पारद-नाइट्रेट-द्रव।
quick-witted *adj.* प्रत्युत्पन्नमति; हाजिर-जवाब
quick-wittedness *n.* प्रत्युत्पन्नमति की अवस्था; हाजिर-जवाबी।
quid *क्विड n.* substance. पदार्थ।
quid *क्विड n.* chewing tobacco. खाने की तम्बाकू (सुर्ती)।
quid *क्विड n.* (*pl* quid) a sovereign. अशर्फी; गिन्नी।
quidlet *n.* गिन्नी; अशर्फी।
quidam *क्विडम n.* somebody; a certain person. कोई व्यक्ति; निश्चित पुरुष. (*pl* quidams).
quiddany *n.* श्रीफल (बिही) के रस तथा शर्करा से युक्त मुरब्बा या मिठाई।
quidditative *adj.* सारयुक्त, पारवर्ती।
quiddity *-डिटि n.* essence of a thing; quibble; subtlety. किसी पदार्थ की सूक्ष्मता; तत्व; वाक्छल; वक्रोक्ति, पारवर्ड।
quiddle *-डल v. i.* to waste time, to twiddle. तुच्छ कार्य में समय लगाना, समय नष्ट करना; *n.* a fastidious person. दुराग्रही व्यक्ति
quiddler *n.* समय नष्ट करने वाला व्यक्ति।
quid hoc sibi vult ? (*L.*) what does this mean ? इसका क्या अर्थ है ?
quid nunce *क्विड-नन्स n.* a news monger. समाचार फैलाने वाला।
quid pro quo (*L.*) tit for tat; something given or taken as equivalent to another. जैसे को तैसा; तत्-प्रति-तत्।
quid provuo theory of taxation कर का तत्-प्रति-तत् सिद्धान्त।
quid rides ? (*L.*) why do you laugh ? तुम क्यों हंसते हो ?।
quieu sabe ? who knows ? कौन जानता है ?
quiesce *क्वि-एस v. t* to become silent; to quiet down. चुप करना।
quiescence *n.* (also quiescency) rest; in activity; silence of consonant. निश्चलता; स्थिरता; शान्ति; व्यंजनात्तर लुप्तता।
quiescent *adj.* निश्चल, स्थिर; शान्त; मौन।
quiescently *adv.* स्थिरता से; शान्ति से; निश्चलता से।
quiet *क्वाइएट adj.* calm; still, undisturbed; peaceful; gentle; uninterrupted; tranquil; retired. शान्त; निश्चल; व्याकुल; स्थिर; शान्तिमय; धीर; नम्र; निश्चेष्ट; अचल; सौम्य; निष्कल्लोल; निभृत; नीरव; *n.* rest; silence; stillness, repose; tranquillity; peace of mind; peace; calm. शान्ति; स्तब्धता; नीरवता; स्थिरता; विश्राम, आनन्द, सुख; स्वस्थता; *v.t.* & *v.i.* to make or become quiet. शान्त करना; स्थिर होना, शान्त होना; स्थिर होना।
quieta non movere (*L.*) to let sleeping dogs lie; not to move things that are at rest. सोते कुत्ते को पड़ा रहने दो; जो चीजें अपनी जगह हैं उन्हें वहीं रहने दो।
quieten *v. t.* & *v. i.* to quiet. शान्त करना, शान्त होना; स्थिर करना; स्थिर होना।
quietening *n.* शान्त; स्थिरता; नीरवता, *adj.* शान्त; स्थिर; नीरव।
quieter *n.* शान्त करने वाला; स्थिर करने वाला।
quieting *n.* & *adj.* शान्त, स्थिर, स्थिरता।
quietism *n.* निवृत्तिवाद; निवृत्तिमार्ग, शान्ति मार्ग; शान्तिवाद; सन्यास मार्ग।
quietist *n.* निवृत्तिवादी; शान्तिमार्गवादी; शान्तिवादी; सन्यासमार्गवादी।
quietistic *adj.* निवृत्तिवाद सम्बन्धी; शान्तिमार्ग सम्बन्धी।
quietive *n.* & *adj.* शान्तिकारक।
quietly *adv.* शान्तिपूर्वक; चुपचाप से; शान्त स्वभाव से।

quietness *n.* शान्ति; सन्तोष; स्थिरता; वैराग्य; निराकुलता।
quietsome *adj.* शान्तमय, स्थिर।
quietude *n.* शान्ति; स्थिरता; सन्तोष; निराकुलता
on the quiet विनीत भाव से; शान्त स्वभाव से
quietus *क्विटस n.* final settlement, death. निस्तार; अन्तिम निर्णय; मृत्यु; प्राण त्याग।
qui facit deralium facit perse (*L.*) he who does something through another does it through himself. जो दूसरों की मार्फत काम करता है वह उसी का होता है।
quight *क्विट v. t.* (also quit; quyte) to pay; to repay; to clear off; to discharge, to free; to remit. देना; ऋण चुकाना; हिसाब साफ करना; मुक्त करना; माफ करना; त्यागना; कर से मुक्त कर देना; *v. i.* to leave off; to depart छोड़ देना; चल देना, त्यागना।
qui-hi, qui-hye *क्वि-हि n.* an Anglo-Indian in Bengal. (Hindi) koi hai, a call for a servant; is any one there. बङ्गाल का एङ्गलो-इण्डियन (आंग्ल-भारतीय); (हिन्दी) कोई है ? नौकर के बुलाने के लिए उच्चारित शब्द।
quill *क्विल n* a large feather; the hollow stem of a feather; a pen made of feather, the spine of procupine; the reed of a wooden wind instrument; bobbin. पर; बड़ा पर; पर का खोखला भाग; पर की कलम; सेही का कांटा; बांसुरी की नली; तागे की गिट्टी; *v. t.* to pleat. मोड़ना; गूंथना।
quill *क्विल n.* a combination. संयोग; सन्धि
quill-driver *n.* a clerk; an assiduous writer. क्लर्क; करणिक, तत्पर या परिश्रमी लेखक
quilled *adj.* पर युक्त; पर का बनाहुआ; नलीजैसा
quillet *क्विलेट n.* a quibble. वाक्छल; वक्रोक्ति
quillman *n.* क्लर्क, करणिक।
quill pen *n.* पर का कलम।
quilt *क्विल्ट n.* a padded cover for a bed. रजाई गद्दा; तोशक, लिहाफ; *v. t.* to make in the manner of a quilt; to form into a quilt. रजाई बनाना; दो तहों को जोड़ना।
quilter *n.* रजाई बनाने वाला व्यक्ति या मशीन।
quilting *n.* रजाई बनाने का कार्य; जो जोड़ी जाय, रजाई बनाने का वस्त्र।
quilting-bee *n.* महिलाओं का एकत्रित होकर सामाजिक ढङ्ग से रजाई बनाने का कार्य करना।
quilting-cotton *n.* रजाई की रूई।
quin *क्विन n.* a short form of quintuplet. पांच वस्तुओं का समुदाय।
quina *क्विना n.* (also kina, china, quinaquina, kinakina, chinachina, quinquina) *n.*cinchona bark.सिन्कोना की छाल
quinic *adj.* सिन्कोना की छाल वाला।
quinic acid *n.* सिन्कोना छाल से प्राप्त अम्ल।
quinary *क्विनरी adj.* fivefold, by fives; in fives; based on five; of the fifth order; with five variables. पंचमय; पंचक, पांच का; पंचम श्रेणी का; पंचम परिमेय।
quinate *-नेट adj.* पांच वस्तुओं के समुदाय का; पांच पत्तियों का।
quince *क्विन्स n.* a kind of pear shaped fruit. श्रीफल; बिही।
quincentenary *क्विन-सेण्टेनरि adj.* of 500th year. पांचसौवें वर्ष का; *n.* 500th anniversary. पांचसौवें वर्ष का उत्सव।
quinche *क्विन्च v. i.* to stir. हिलना।
quincunx *क्विन-कनक्स n.* five at dice or cards. पासे या ताश का पंजा।
quingentenary-*जेंटेनरि adj.* of 500th year. पांचसौवें वर्ष का; *n.* 500th anniversary. पांचसौवें वर्ष का उत्सव।
quinine *कुनीन n.* a bitter white alkaloid got from cinchona used as a tonic and antiperiodic. कुनीन; सिन्कोना त्वक् से प्राप्त चार जो मलेरिया ज्वर की अचूक औषधि है।
quinnat *क्विनेट n.* एक प्रकार की मछली।
quinqu quinque *क्विन-क्वि pref.* in the sense of five. 'पंच', पांच अर्थों में उपसर्ग।
quinquagenarian -*अजेनेरियन n.* one who is fifty years old. पचास वर्ष की आयु का व्यक्ति, *adj.* of fifty years of age. पचास वर्ष की आयु का।
Quinquagesima -*विजेसिमा n.* (also Quinquagesima Sunday) ईस्टर रविवार से पचास दिन पूर्व का रविवार।
quinquagesimal *adj.* of the number fifty; of fifty days. पचास की संख्या का; पचास दिन का।
quinquecostate -*क्वि-कास्टेट adj.* five-ribbed. पांच पसली का।
quinquefarious -*फेरियस adj.* five fold; in five rows. पांच तह (स्तर) का, पांच पंक्तियों का
quinquefoliate -*फोलियट adj.* with five leaflets. पंचपतिया; पांच पत्तियों का।
quinquennium -*नियम n.* (*pl.* quinquennia) (also quinquenniad) a period of five years. पांच वर्ष का समय; *adj.* of five years' period. पांच वर्ष के समय का।
quinquennial *adj.* occurring once in five years; lasting for five years. पंच वार्षिक; पांच वर्ष में एक बार होने वाला; पांच वर्ष तक रहने वाला; *n.* a fifth anniversary. पंचवार्षिकोत्सव।
quinquennially *adv.* पांचवें वर्ष में।
quinquangular -*एंग्यूलर adj.* पांच कोण का।
quinquedentate -*डेन्टेट adj.* पांच दांत वाला।
quinqueliteral -*क्वे-लिटरल adj.* पंचाक्षरी; पांच अक्षरों का।
quinquereme -*क्विरेम n.* पांच युग्म पंक्तियों का प्राचीन जहाज।
quinquevalence -*वेलेन्स n.* the state of a quality of a valency of five.पंच-संयोजकता
quinquevalent *adj.* consisting of a valency of five. पंच संयोजक।
quinquina *क्विनक्विना n.* cinchona bark; quinine. सिन्कोना त्वक् ; कुनीन।
quinsy *क्विन्जि n.* acute suppurative tonsillitis. तीव्र पीवयुक्त गल-ग्रन्थि शोथ।
quint *क्विण्ट n.* a fifth note. पंचम स्वर।
quinta *क्विण्टा n.* a country house. ग्रामीण गृह: गांव का घर।
quintal *क्विण्टाल n.* a hunderweight; one hundred killograms. हण्डरवेट; ११२ पौण्ड का वजन; शतकिलोग्राम।
quintan *क्विण्टान adj.* recurring every fifth day or recurring every fourth day. पांचवें दिन होने वाला अथवा चतुर्थक।
quintessence *क्विण्टेसेन्स n.* the pure concentrated essence of a thing; the most essential part. तत्व; सार-तत्व।
quintessential -*सेन्शियल adj.* तत्वयुक्त; सारयुक्त
quintessentialise *v. t.* सारयुक्त करना; तत्वमय करना।
quintet, quintette, quintett *क्विनटेट n.* (also quinteto) a series of five; a composition for five performers or instruments. पंचक; पांच स्वरों या यन्त्रों की रचना; पांच व्यक्तियों या यन्त्रों का समुदाय।
quintic *क्विनटिक adj.* of the fifth degree. पञ्चम श्रेणी का।
quintillion *क्विंटिलियोन n.* दस लाख की पांचवीं शक्ति।
quintroon *क्विन्ट्रून n.* पांचवीं पीढ़ी में।
quintuple *क्विन्टूप्ल adj.* fivefold; having five parts, members, or divisions. पंचगुना; पंचगतीय; पांच भागों, सदस्यों या प्रविभागों का; *n.* five times as much. पंचगुना शक्ति।
quintuplet -*प्लेट n.* a set of five things. पांच समुदाय का पदार्थ।
Santa Claus *सान्टा क्लाज n.* a fat rosy old fellow who brings Christmas presents to children. एक मोटा स्वस्थ बुड्ढा जो बड़े दिन को बच्चों के लिए सौगात लाता है ।

sans phrase *-फ्रेज़ adj.(Fr.)* without phrases of courtesy. बिना शिष्टाचार के ।

santal *सैन्टल n* sandalwood. चन्दन की लकड़ी ।

santalaceae *-सेसी n. (pl.)* a genus of sandalwood. चन्दन के पेड़ों की श्रेणी ।

santalaceous *-शियस adj.* चन्दन के उक्त; चंदन के समान ।

santaline *-लिन n* the red colouring matter of red sandal wood. लाल चन्दन की लकड़ी का लाल रंग ।

santalum *-लम n.* the genus of sandal wood चन्दन के पेड़ों की श्रेणी ।

santon *-न n.* a saint. सन्त; दरवेश ।

sap *सैप v. t.* to undermine; to withdraw the sap from. जड़ समेत उखाड़ना; रस निचोड़ना; *v. i.* to be studious; to destroy by digging underneath, to proceed by undermining. परिश्रमी होना, नीचे खोद कर उखाड़ना, नीचे खोदते हुए आगे बढ़ना; *n.* the vital juice of plants, a simpleton; the blood; a diligent student; a covered trench by which an approach is made words the enemy. पौधों का रस, मूर्ख; गोबर गणेश; रक्त; परिश्रमी विद्यार्थी, ऊपर से ढकी हुई खाई जिससे शत्रु की ओर अग्रसर हुआ जाता है ।

sapajou *सैपजू n.* a kind of monkey. एक प्रकार का बन्दर ।

sapere aude *सेपीयर ऑडे v. t. (L.)* to dare to be wise. बुद्धिमान बनने की हिम्मत करना ।

sapful *सैपफुल adj.* रस युक्त रस भरा हुआ ।

sap green *-ग्रीन n.* रसभरी इत्यादि फलों का रस निचोड़कर बनाया हुआ हरा रंग ।

sap-head *-हेड n.* a silly fellow. गोबर गणेश ।

sapid *सैपिड adj.* perceptible by taste; savoury. सरस; स्वादिष्ट; स्वादु ।

sapidity *-डिटी n.* tastefulness. स्वादिष्टता ।

sapidless *-डलैस adj.* without taste. बिना स्वाद का; फीका ।

sapience *-पन्स n.* wisdom,reason; knowledge, बुद्धिमानी; तर्क; ज्ञान ।

sapient, sapiential *-पन्ट, -पन्शल adj.* wise sagacious. बुद्धिमान, चतुर ।

sapiently *-पन्टली adv.* बुद्धिमानी से ।

sapindus *-पिडस n.* soap-berry साठे का पेड़ ।

sapi-utan *सैपी-उट्टन n.* a kind of wild ox. एक प्रकार का जङ्गली सांड या बैल ।

sapless *सैपलेस adj.* बिना रस का ।

saplessness *-नेस n.* फीकापन; सूखापन; बिना रस का होने का गुण ।

sapling *-लिंग n.* a young tree; a young grey hound. एक छोटा पेड़; शिकारी कुत्ते का पिल्ला ।

sapodilla *सपोडिल्ला n.*a kind of evergreen tropical tree. एक प्रकार का इमारती लकड़ी वाला पेड़ जो गर्म जलवायु में होता है ।

saponaceous *सैपोनेशियस सैपोनेशियस adj.* soapy; soap-like. साबुन के गुण का, साबुन के समान ।

saponaria *-नेरिया n.* a genus of soapwort रीठे जैसे वृक्षों की एक श्रेणी ।

saponifiable *-निफाइबल adj.* that can be converted into soap. साबुन बनाने योग्य ।

saponify *-निफाई v. t.* to convert into soap. साबुन बनाना । *v.i.* to become soap साबुन बनना ।

saponian *-नियन n.* a glucose from soapwort that gives a soapy froth. एक प्रकार का पेड़ का दूध जिसमें साबुन जैसा झाग आती है

saponite *-नाइट n.* a soapy silicate of magnasium. मैगनेशियम का सिलिकेट जो खान से निकाला जाता है और साबुन की तरह झाग देता है ।

sapor *सैपर n.* taste स्वाद ।

saporous *-रस adj.* tasteful. स्वादयुक्त ।

saporosity *-रासिटी n.* किसी पदार्थ का स्वाद उत्पन्न करने का गुण ।

sapota *-टा n.* a genus of trees often abounding in milky juice दूध के समान रस देने वाले पेड़ों की श्रेणी ।

sapotaceous *-टेशियस adj.* उपरोक्त पेड़ों से सम्बन्धित ।

sappan, sapan *सैपन n.* a brazilwood. एक प्रकार का इमारती लकड़ी वाला पेड़ ।

sapped *सैप्ड v. t. pa. t. & pa. p.* of sap. खोदा हुआ ।

sapper *सैपर n.* one who saps. आक्रमण के लिए खाई खोदने वाला ।

sapperment *-मेन्ट inter.* a German oath जर्मनी में खाई जाने वाली शपथ ।

sapphire *सैफायर n.* a transparent blue precious stone. नील मणि; नीलम; शनिप्रिया ।

red sapphire : लाल ।

sapphired *सैफायर्ड adj.* of saphire-blue colour. नीलम के रङ्ग का ।

sapphire quartz *सैफायर क्वार्ट्ज n.* एक प्रकार का नीले रंग का पारदर्शिक खनिज पत्थर ।

sapphire wing *-विंग n.* नीले पंख वाला एक छोटा पक्षी ।

sapphirine *-रिन adj.* नीलम के रंग का, नीलम का बना हुआ ।

sappiness *सैपीनेस n.* juiciness रसयन ।

sapples *सैपल्स n. (pl.)* soap suds साबुन के

भाग ।

sappy *सैप्पी adj.* full of juice रस भरा हुआ ।

sapraemia *सेप्रीमिया n.* the presence of bacteria in the blood रक्त मे बेक्टेरिया जीवाणुओं का होना ।

sapraemic *सेप्रीमिक adj.* उपरोक्त रोग मे सम्बन्धित ।

sapro *सेप्रो pref* in the sense of rotten 'सड़ा' अर्थ का उपसर्ग ।

saprobe *-ब n.* an organism bring in foul water सड़े हुये पानी मे उत्पन्न होने वाला जीवाणु ।

saprobiotic *-बायोटिक adj.* feeding on decaying plants or animals सड़े हुये पौधों और जीवों पर जीने वाला ।

saprogenic *-जेनिक adj.* growing on decaying matter; producing dacay सड़ी हुई वस्तुओं पर जीने वाला; सड़न उत्पन्न करने वाला

saproledgnia *-लैजनिया n.* a genus of fungi which grows on diseased salmon बीमार सामन मछली मे पैदा होने वाले जीवाणु ।

saprophagous *-फेगस adj.* feeding on decaying matter सड़े हुये पदार्थों पर जीने वाला ।

saprophyte *-फाइट n.* a plant which feeds upon decaying matter सड़ी हुई वस्तुओं पर जीने वाला पौधा ।

saprophytic *सेप्रोफाइटिक adj.* उपरोक्त पौधे से सम्बन्धित ।

sapucaia *-पूकेया n.* kind of tree having friut with oval seeds एक प्रकार का वृक्ष जिसके फल की गुठिली मे अण्डाकार बीज होते हैं ।

sapwood *-पवुड n.* the external part of a wood लकड़ी की बाहरी छाल ।

saraband *सारेबन्ड n.* a kind of Spainsh dance एक प्रकार का स्पेन का नृत्य ।

Saracen *-सेन n.* an Arab अरब देशवासी मुसलमान ।

sarafan *-फेन n.* a Russian peasant woman's cloak रूस देश की किसान स्त्री के का साया ।

saratoga *-टोगा n.* a large travelling trunk यात्रा करने के उपयुक्त बड़ा सन्दूक ।

sarbacane *-बेकेन n.* blow gun. एक प्रकार की पलीते से चलाने वाली बन्दूक ।

sarcasm *-काज्म n.* a bitter and ironical remark; taunt; a keen reproachful remark. दुःखद व्यङ्ग; ताना; आक्षेप वाक्य; तिरस्कारपूर्ण व्यंग ।

sarcastic (-al) *-स्टिक (ल) adj.* व्यंग पूर्ण ।

sarcastically *-स्टिकली adv.* व्यङ्ग पूर्वक; ताने से ।

sarcelle *-सेल n.* a kind of duck. एक प्रकार की छोटी बत्तख ।

sarcenet *-नेट n.* a kind of thin silk stuff एक प्रकार का महीन रेशमी वस्त्र ।

sarco *सर्को pry.* used in the sense of 'flash' 'मांस' अर्थ का उपसर्ग ।

sarcocarp *-कार्प n.* the fleshy pericarp of a stone fruit.सख्त छिलके वाले फलों का अन्दर अन्दर का गूदा ।

sarcocele *-सील n.* a fleshy tumour of the testicles. अण्डकोष के ऊपर की मासल ग्रन्थि ।

sarcocolla *-कोला n.* Persian gun reputed to heal wounds. फारस देश मे पाया जाने वाला एक प्रकार का गोंद; जो जो जख्मों को जल्दी भरने के लिए प्रसिद्ध है ।

sarcocystis *-सिस्टिस n.* a geuns of parasites found in the muscles of mammals दूध पिलाने वाले जानवरों की मास पेशी मे मिलने वाले एक प्रकार के जीवाणु ।

sarcode *-सर्कोड n.* protoplasm. जीवाणु ।

sarcodic, sarcoid *-डिक, -इड adj.* like flesh मांस की तरह ।

sarcolemma *-लेमा n* the sheath of muscle fibre. मांस पेशी का पुट्ठा ।

sarcology *-लॉजी n* the part of anatomy which deals with the flashy part of the body. शरीर विज्ञान का वह भाग जो शरीर के मांसल भाग से सम्बन्धित होता है ।

sarcoma *-कोमा n.* (*pl.* sarcomata) tumour on the connecting tissue of an embryo भ्रूण की नाल पर का गुल्म ।

sarcomatous *-मेटस adj.* उपरोक्त गुल्म से सम्बन्धित या उसके आकार का ।

sarcophagous *-फेगस adj.* flesh eating, feeding on flesh. मांस भक्षी; मांस खाने वाला ।

sarcophagus *-फेगस (pl.* sarcophaguses; sarcophagi)a coffiin or tomb of stone पत्थर की बनी हुई कब्र ।

sarcophagy *-फेजी n.* flesh-eating. मांस भक्षण ।

sarcous *सर्कस n.* of flesh of muscles. मांस पेशियों के मांस का ।

Sard *सर्ड n.* a native of Sardinia in Italy a stone. इटली देश मे सार्डीनिया का निवासी; रत्न ।

sardine- *सर्डीन n.* (also sardius) a precious stone रत्न; कीमती पत्थर ।

sardine *सर्डीन n* a kind of small fishes एक प्रकार की छोटी मछली ।

sardonic *सर्डॉनिक adj.* bitter; scornful; sneering; heartless. तीक्ष्ण; तिरस्कारपूर्ण; व्यंग पूर्ण; निर्मम ।

sardonical *--निकल* (also sardonian) *adj.* व्यंग पूर्ण; अस्वभाविक ।

sardonically *- निकली adv.* अस्वभाविक रूप मे तिरस्कार से ।

sardonyx *-निक्स n.* a kind of precious stone. एक प्रकार का रत्न; गोमेदक ।

sargasso *सर्गेसो n.* a gulf-weed. खाड़ी के किनारे उगने वाली एक प्रकार की झाड़ी ।

sargus *सर्गस n.*(also sar & sargo) a kind of sea-fish. समुद्र में पाए जाने वाली एक प्रकार की मछली ।

sarissa *सरीसा n.* a kind of long lance of ancient time. प्राचीन काल का एक लम्बा बर्छा ।

sark *सार्क n.* a shirt. कमीज; कुर्ता ।

sarkful *-फुल adj.* कुर्ता या कमीज पहने हुए ।

sarking *-किंग n.* a lining for the roof. छत पर लगाने का कपड़ा ।

sarment *सर्मेन्ट n.* a cutting कटी हुई टहनी ।

sarmentaceous *-शियस* (also sarmentose; sarmentous) *adjs* having long shoots लम्बे डण्ठल वाला ।

sarmentum *-म n.* (*pl.* sarmenta) a long shoot. लम्बा डंठल ।

sarn *सार्न n* a pavement. पक्की जमीन ।

sarong *सरॉंग n.* a Malay petticoat for man or woman. मलय देश की स्त्री तथा पुरुषों के पहनने का लहमद ।

saros *सेरोस, सरोस n.* a Babylonian cycle of 3600 years. बेबीलोन का ३६०० वर्ष युग ।

sarrasin, sarrazin *सारेजिन n.* buck-wheat मोथी ।

sarrusophone *सेरूसोफोन n.* a reed instrument of brass. एक प्रकार का पीतल का वाद्य-यन्त्र ।

sarsaparilla *सारस्पेरिल्ला n.* a medicine-much used for purification of blood. रक्त को साफ करने के लिए उपयोगी औषधि; सारसा ।

sarsen *सार्सन* (also sarsden, sarsan stone saracen's-stone)*ns* a boulder or sand-stone. रेतीले पत्थर का चिकना बट्टा ।

sarsenet *सार्सनिट* (also sarcenet, sarsnet) *n.* a thin fabric of fine silk. महीन रेशमी वस्त्र ।

sart *सार्ट n.*जङ्गल काटकर कृषि योग्य बनाया हुआ जमीन का टुकड़ा ।

sartage *सार्टेज n.* a clearing of jungles for agricultural purpose. कृषि के लिए जंगल की काटना ।

sartor *सार्टर n.* tailor. दर्जी ।

sartorial *-रियल adj.* sartorian) pertaining to tailor. दर्जी सम्बन्धी ।

sartorially *-रियली adv.* दर्जी के रूप में ।

sartorius *-रियस n.* a thigh muscles that crosses the leg when a tailor sits दर्जी के बैठने पर एक दूसरे पर आने वाले जांघ के पुट्ठे

sarus *सारस n.* (also sarus crane) the Indian crane. सारस ।

sa sa *सासा interj.* expressing incitement, incitement.उत्तेजना सूचक अव्यय व हां ।

sasarara *-सारा n.* a scolding; a bow. गाली घूसा ।

sash *सैश n.* a band or scarf worn over the shoulder for ornament; the frame part of the window in which a glass is fixed; the frame in which a saw is fixed. आभूषणों की जगह कन्धे पर सैनिकों के पहनने की पट्टी; खिड़की के शीशे वाला चौखटा; आरा लगाने वाला चौखटा ।

sash-bar *-बार n.*खिड़की के किवाड़ों में लगे शीशे लगाने की खड़ी और पट लकड़ी ।

sash door *-डोर n.* शीशे लगाने के ढांचे युक्त किवाड़ ।

sashed *सैश्ड adj.* चौखटेदार ।

sash-tool *सैश-टूल n.* रंगसाज की कूची ।

sash-window *-विण्डो n.* शीशे के चौखटे युक्त

खिड़की ।

sasin *सेसिन n.* the common Indian antelope. भारत का बारहसिङ्गा ।

sasine *सासिन n.* the act of giving possession of feudal property. विधिवत् जागीरदारी को अधिकार में करने का कार्य ।

saskatoon *सस्केटून n.* a kind of bush of berry. एक प्रकार के बेर की झाड़ी ।

sass, sasi *सस, सॅसी n.* a sauce. एक प्रकार की चटनी ।

sassaby *सेसब्बी n.* an African antelope. एक अफ्रीका का बारहसिङ्गा ।

sassafras *-फ्रास n.* a kind of scented bark used in medicines. एक प्रकार की सुगन्धित पेड़ की छाल जो औषधियों में प्रयुक्त होती है ।

Sassanid *सॅसेनिड n.* a dynasty that ruled Persia from A. D. 226 to 641. फारस के राजाओं की एक पीढ़ी जिसने सन् २२६ से ६४१ तक राज्य किया ।

sassarra *सेसेरा n.* a scolding; a blow. गाली; घूंसा ।

sasse *सॅस* a lock. ताला ।

Sassenach *सॅसेनाह n.* an Englishman. अंग्रेज ।

sassolite *सॅसोलाइट n.* (also sassolin) native boric acid. देशी सुहागा ।

sastrugi *जेसट्रूगी n.* one of the series of parallel snow-ridges of Russia. रूस की बर्फ से ढकी समानान्तर पहाड़ियों की श्रृंखला ।

sat *सॅट v. t. pa. t. & pa. p.* of sit. बैठा; बैठा हुआ ।

Satan *सॅटन n.* (also Satanas, Sathan, Sathanas) the Devil. पिशाच; शैतान ।
satan monkey : एक प्रकार का काला लंगूर ।

satanic(al) *सॅटेनिक(ल) adj.* पैशाचिक, पिशाचवत् ।

satanically *-निकली adj.* पैशाचिक रीति से ।

satanicalness *-निकलनस n.* पैशाचिक बुद्धि; प्राकृतिक नीचता ।

satanise *-नाइज v. t.* to act as a devil. पैशाचवत् काम करना ।

satanism *-निज्म n.* पैशाचिकता; दम्भपूर्णता ।

satanity *-निटी n.* नीचता; पैशाचिकता ।

satanology *-नॉलॅाजी n.* पिशाचों की कथाओं का संग्रह ।

satanophany *-फ़ेनी n.* पिशाचों जैसी आकृति ।

satanophobia *-फ़ोबिया n.* कल्पित पिशाचों से डरने की बीमारी ।

satara *सटारा n.* a ribbed lustered woollen cloth. उभरी हुई धारीदार ऊनी मखमल ।

satchel *सेचल n.* a small bag for keeping books or paper. कागज या पुस्तक रखने का थैला ।

satchelled *सेचल्ड adj.* थैले में रखा हुआ ।

sate *सेट v. t.* to satisfy completely. to glut or suffice. पूर्णरूप से सन्तुष्ट करना; इच्छापूर्ण कर देना ।

sated *सॅटेड adj.* सन्तुष्ट किया हुआ ।

satedness *-नेस n.* तृप्ति ।

sateen *सेटीन n.* a glossy cotton or woollen fabric. साटन ।

sateless *सेटलेस adj.* असन्तुष्ट; अतृप्त ।

satellite *सेटेलाइट n.* (also satelles) *pl.* satellites a small planet revolving round the bigger one; a subserviant follower, a hanger on. उपग्रह; अनुयायी; खुशामदी अनुचर ।

satellitic *-लिटिक adj.* उपग्रह सम्बन्धी ।

satiable *सेटायेबल adj.* that may be satisfied जिसे सन्तुष्ट किया जा सके ।

satiability *-बिलिटी n.* सन्तुष्टता ।

satiate *सेटियेट v. t.* to satisfy, to satisfy the desires fully; to glut. सन्तुष्ट करना; इच्छाएं पूर्ण रूप से पूरी करना; नाक तक ठूंसना

satiation *-येशन* **satiety** *सेटायटी n.* तृप्ति; परिपूर्ण; सन्तुष्टता ।

satin *सेटिन n.* a silk fabric with glossy surface. साटन का रेशमी कपड़ा; *v. t.* to give glossy surface like satin. साटन की तरह चिकना और चमकदार बनाना; *adj.* made of satin. साटन का बना हुआ ।

satin-beauty *-ब्यूटी n.* एक प्रकार का पतंगा ।

satinette *-नेट n.* a thin satin cloth; an inferior satin. साटन का बारीक रेशमी कपड़ा; सस्ती साटन ।

satin-finish *-फिनिश n.* साटन के समान चिकनी और चमकदार पॅालिश ।

satin-paper *-पेपर n.* एक प्रकार का चिकना और चमकदार कागज ।

satin-sheeting *-शीटिंग n.* सूती चिकना और चमकदार चादर का कपड़ा ।

satin-spar *-स्पार n.* सिलखड़ी ।

satin-stitch *-स्टिच n.* समानान्तर रेखाओं में की गई कशीदाकारी जो साटन के समान दिखाई देती है

satin-stone *-स्टोन n.* चिकनी मिलखड़ी ।

satin-wood *-वुड n.* शीशम की लकड़ी ।

satiny *सेटिनी adj.* साटन के समान ।

satire *सेटायर n.* a composition which criticises a man and his work; a poem aimed at prevalent vices; a severe remark, ridicule. व्यंग काव्य जो किसी साहित्यिक अथवा उसकी कृति की समालोचना करता है; सामयिक दोषों पर टीका टिप्पणी करने वाला काव्य; कटूक्ति; व्यंग; प्रहसन; ताना ।

satiric(al) *-रिक(ल) adj.* व्यंगपूर्ण; तिरस्कारपूर्ण

satirically *-ली adv.* व्यंग से ।

satiricalness *-कलनॅस n.* व्यंग काव्य का गुण ।

satirise *सॅटायराइज v.t.* to assail with satire to make the object of satire. कटु समालोचना करना; व्यंग करना ।

satirest *-रिस्ट n.* व्यङ्ग काव्य रचयिता ।

satisfaction *सेटिस्फेक्शन n.* payment of dues; fulfilment of obligations; compensation; gratification; things accepted by way of satisfaction. कर्जा चुकाना; प्रतिबन्धों को पूरा करना; परिपूर्ति, परिशोध के लिये गृहीत वस्तु ।
satisfaction for : अदा करते हुए ।

satisfactorily *-टरीली adv.* तृप्ति पूर्वक ।

satisfactoriness *-टरीनेस n.* सन्तोष; तृप्ति ।

satisfactory *-टरी adj.* सन्तोष जनक; तृप्तिकर

satisfiable *सेटिस्फायेबल* (also satisfied) सन्तोष करने योग्य, सन्तुष्ट ।

satisfy *-फाई v.t.* (*pr, p* satisfying; *pa.t. & pa.p.*) satisfied) to pay in full; to give enough to;to fulfil the conditions of, to convince. रुपया चुकाना; सन्तुष्ट करना; शर्त का पालन करना; विश्वास दिलाना । *v.t.* to give content; to make atonement.तृप्त करना, परिपूर्ति करना ।

satisfying *-फाइंग adj.* सन्तोषजनक ।

satisfyingly *-फाइंगली adv.* सन्तोषजनक रूप में

satis verborum *-वर्बोरम* (*L.*) enough of words. शब्दों से पर्याप्त ।

sative *सेटिव adj.* cultivated. संस्कृत किया हुआ ।

satrap *सेट्रेप n.* a Persian governor of province; colonial governer;a despot. फारस देश के प्रान्त का राज्यपाल; औपनिवेशिक शासक, नृशंस ।

satrapal, satrapic -al *-पल, -पिकल adj.* उपरोक्त शासक से सम्बन्धित ।

satrapy *-पी n.* औपनिवेशिक शासक का शासन क्षेत्र ।

sat sapienti *सेट सेपीयन्टी* (*L.*) a nod is enough for the wise. बुद्धिमान के लिये संकेत ही पर्याप्त होता है ।

Sastuma *सेस्टूमा n.* a kind of coloured Japanese pottery. एक प्रकार के जापानी रंगीन बर्तन ।

saturable *सेट्यूरेबल adj.* (also saturated) that can be saturated. जो मिश्रित किया जा सके ।

saturant *-रंट adj.* मोखने वाला ।

saturate *-रेट v.t.* to fill, to mix till no more can be soaked, to mix thoroughly, to soak. भरना; इतना मिलाना कि और अधिक न मिल सके;अच्छी तरह मिलाना;भिगोना तर करना । *adj.* full. परिपूर्ण ।

saturation *-शन* सम्मिश्रण; परिपूर्णता ।

saturator *-टर n.* मिलाने वाला ।

Saturday *सेटरडे n.* the seventh day of the week dedicated to Saturn शनिवार ।

Saturn *-र्न n.* a planet with broad flat ring round it. शनिग्रह ।

Saturnalia *-नेलिया n.*merry making;wild revelry. आनन्द का उत्सव ।

Saturania *-रेनिया n.* a genus of large moths. बड़े कीड़ों की एक श्रेणी ।

Saturnian *-रेनियन adj.* शनिग्रह सम्बन्धी ।

saturnic *-निक adj.* affected with lead poisoning सीसे के विष से जहर बाद ।

saturnine *नाइन adj.*grave; gloomy. उदास. चिन्तित ।

saturnism *-निज्म n.* सीसे के विष से जहरबाद हो जाना ।

satyr *सेटिर n.* a woodland diety half-man and half-goat; a lustful person. बन देवता; कामुक पुरुष ।

satyral -ral satyric *सेटिरिक adj.* बन देवता सम्बन्धी ।

sauba *सऊबा n.* a South American leaf carrying ant. दक्षिणी अमरीका की एक प्रकार की पत्तियां ले जाने वाली चींटी ।

sauce *सास n.* a liquid preparation [illegible]

as seasoning for food; fruit stewed with sugar; impudence. चटनी; मुरब्बा; निर्लज्जता। *v.t.* to season with sauce; to use pert language. चटनी मिलाना; तेज बनाना; धृष्टता पूर्वक उत्तर देना।

sauce-alone *-एलोन n.* राई में डाली हुई लहसुन

sauce-boat *-बोट n.* चटनी परोसने का पात्र।

sauce-box *-बाक्स n.* an impudent fellow. ढीठ मनुष्य।

sauce-crayon *-क्रेयन n.* एक प्रकार का काला रंग।

sauce-man *-मैन n.* सब्जी बेचने वाला।

saucepan *-पैन n.* पकाने का बर्तन।

saucepan-fish *सासियन-फिश n.* केकड़ा।

saucer *सासर n.* a dish; a shallow vessel for placing a cup of tea. तश्तरी; रकाबी; पिरच।

saucer-eye *-आई n.* बड़े और सुन्दर नेत्र।

saucerful *-फुल adj.* रकाबी भर।

saucily *सॉसीली adv.* अविनय से; ढिठाई से।

sauciness *-नेस n.* ढिठाई।

saucy *सॉसी adj.* अविनीत; धृष्ट; निर्लज्ज; अहंकारी।

saucisse *सासाइस* **saucisson** *सासिसन n.* a tube of powder of firing a mine. खान को विस्फोटक से उड़ाने की नली जिसमें पलीता लगाया जाता है।

sauerkraut *साअरक्रोउट n.* a German dish of cobbage allowed to ferment with salt. गोभी में नमक लगाकर बनाया हुआ जर्मनी खाने का आचार।

sauger *सॉगर n.* a small American pike perch अमरीका की एक प्रकार की छोटी कांटेदार मछली।

sault *सॉल्ट n.* a leap; a water-fall. कूदना, उछलना; जल-प्रपात।

saunter *सॉन्टर v. t.* to loiter; to stroll. वृथा घूमना; मटर गश्ती करना; चहलकदमी करना; *n.* a leisurely stroll. चहलकदमी।

saunterer *-रर n.* चहल कदमी करने वाला।

sauntering *-रिंग n.* घुमक्कड़।

saunteringly *-रिंग्ली adv.* वृथा चहलकदमी करते हुए।

sauria *सॉरिया n.* an order of reptiles and lizards. मगरमच्छ और छिपकलियों की जाति।

saurian *सॉरियन adj. & n.* lizard-like; a lizard-like reptile. मगर की जाति का; मगर के समान; मगर के समान रेंगने वाले जानवर।

saurognathous *सॉरोगनेथस adj.* having lizard-like arrangement of palate-bones. मगर के समान रीढ़ की हड्डी वाले जिनसे रेंगने में मदद मिलती है।

sauroid *-इड adj.* lizard-like. मगर तथा छिपकली के समान।

sauropoda *-पोडा n.* a suborder of herbivorous reptiles. जड़ी बूटी खाने वाले रेंगने वाले जीवों की एक श्रेणी।

sauropodus *-पोडस adj.* उपरोक्त जीवों से सम्बन्धित।

sauropsida *-पसीडा n.* a divison of birds and reptiles. रेंगने वाले जीवों और पक्षियों का वह विभाग जिनके रीढ़ की हड्डियां होती हैं।

sauropsidan *-पसीडन adj.* उपरोक्त विभाग से सम्बन्धित।

saury *सावरी n.* a sharp beaked fish. लम्बे मुख वाली एक प्रकार की मछली।

sausage *सॉसिज n.* chopped meat seasoned in a tube. नली में सुखाया हुआ कुचला हुआ मांस।

sausage-bossoon *-बोसून n.* the rackett एक प्रकार का वाद्य-यन्त्र।

sausage-meat *-मीट n.* डब्बे में भरकर रखने के लिए बनाया हुआ मांस।

sausage-poisoning *-पॉइनिंग n.* डब्बे में सुरक्षित रखे मास खाने से शरीर में विष फैल जाना

sausage-roll *-रोल n.* गोल और लम्बे मैदा के केक के अन्दर भरा हुआ मांस।

saussurite *सासूराइट n.* a dull opaque mass formed near felsar. अपारदर्शक पत्थर जो फेल्जपार (सफेद पत्थर) के साथ निकलता है।

saussuritic *-राइटिक adj.* उपरोक्त पत्थर से सम्बन्धित।

saute *सोटा adj.* fried quickly. जल्दी में भूना हुआ; अधभुना।

sauterne *सोटर्न n.* a kind of white wine. एक प्रकार की श्वेत मदिरा।

save qui peut *साव की पुट (Fr.)* let him save who can save himself. जो अपने को स्वयं बचा सके उसको बचाने दो।

savable *सेवेबल adj.* that can be saved. जिसे बचाया जा सके।

savage *सेवेज adj.* (also salvage) wild; uncivilized; cruel; nude; fierce. जङ्गली असभ्य, क्रूर; नंगा; भयानक। *v. i.* to act like a savage. असभ्य की तरह काम करना। *v. t.* to make a savage. असभ्य बनाना।

savagedom *-डम n.* असभ्य दशा।

savagely *-जली adv.* असभ्यता से।

savageness *-जनेस n.* (also savagery) असभ्यता; जगलीपन; भयानकता; वृक्षों की उग्र की वृद्धि।

savagism *-जि n.* असभ्यता; असभ्य मनुष्य की अवस्था।

savanna, savannah *सेवाना n.* a large tree less tract covered with bushes. झाड़ियों से ढकी समतल वृक्षहीन भूमि।

savant *सावन्ट n.* a man of learning. विद्वान मनुष्य।

savant faire *सेवेन्ट फेयर (Fr.)* knowing how to act. कार्य क्षमता; कार्य निपुणता।

savate *-ट n. n.* boxing with the use of foot. हाथ और पैर से घूसेबाजी।

save *सेव v. t.* to rescue; to keep out of danger; to protect, to prevent the loss; to board; to prevent. बचाना; किसी विपत्ति से बचाना; रक्षा करना; नुकसान (हानि) से बचाना; जमा करना; किसी होने वाली घटना से बचाना। *v. i.* to be economical. मितव्ययी होना। *prep.* except. सिवाय; *conj.* unless. जब तक कि।

to save one's breath चुप रहना।

to save appearances अपने आपको धनी जताना।

save one's face तिरस्कार से बचना।

save the mark धनुर्विद्या में कहने वाला वाक्य कि निशाना ठीक लगे।

to save up बचा रखना।

save you ईश्वर तुम्हें खुश रखे।

save-all *-ऑल n.* a miser. कृपण।

saved *सेव्ड adj.* बचाया हुआ; रक्षा किया हुआ।

savegard *-गार्ड v. t.* to protect. रक्षा करना

saveloy *-लॉय n.* a highly seasoned sausage. अधिक मसाले दार चटनी।

saver *-र n.* बचाने वाला; कंजूस।

savin, savine *सेविन n.* a kind of plant with small leaves. एक प्रकार का छोटी पत्तियों वाला पौधा।

saving *सेविंग adj. & n.* बचाने वाला, संचय करने वाला; बचत।

saving-bank *-बैंक n.* बचत की रकम जमा करने का बैंक जो सूद देता है; बचत-बैंक।

saving-certificate *-सर्टिफिकेट n.* बचत-निर्माण पत्र।

saving-game *-गेम n.* हानि से बचने की नीति

saviour *सेवियर n.* on who saves from sin; a deliverer; a title applied to Christ. पापों से बचाने वाला; मुक्ति दाता, ईसा मसीह की एक पदवी।

saviour-faire *-फार (fr.) n* tact; knowing how to act. कार्य क्षमता, कार्य निपुणता;

saviour-vivre *-वेवर n. (fr.)* good breeding. अच्छी शिक्षा।

savory *सेवरी n.* a flavouring herb एक प्रकार का पौधा जिसका मसाला बनाया जाता है।

savour *सेवर n.* (also saver) taste; odour flavour, relish; repute. स्वाद, कोई विशेष स्वाद; सुगन्धि; स्वाद लेना; मान, प्रसिद्धि।

v. t. to relish, to smell, to reason *v. i.* to have a taste or smell, to resemble स्वाद लेना; सूंघना; सुस्वादु बनाना विशेष स्वाद या गन्ध रखना; समान होना।

savoured *-वार्ड adj.* स्वादिष्ट।

savourily *-रिली adv.* स्वाद से।

savouriness *-नेस n.* स्वाद।

savourless *लस adj.* बिना स्वाद का, फीका।

savourly *-रली adj.* स्वादिष्ट बना हुआ, रुचिकर

savoury *-वरी adj.* रुचिकर; प्रिय।

savoy *-वॉय n.* a cobbage cultivated in winter. सर्दी के मौसम होने उगने वाली एक की गोभी।

savvoy, savvoy, savey *-वी v. t.* to know; to understand. *v.t.* to have knowledge *n.* general ability. जानना; समझना ज्ञान रखना। ज्ञान; क्षमता।

saw *सॉ pa. t.* of see देखा।

saw *सॉ n.* an old saying; an instrument having toothed edges for cutting wood. *v. t.* to cut with saw. *v.i.* to use a saw. कहावत; घुराना; मुहावरा; आरी; आरा आरी से काटना। आरी चलाना।

saw-blade *-सॉ ब्लेड n.* आरी का पत्ता।

sawder *-सॉडर v. t.* to flatter *n.* flattery. झूठी प्रशंसा करना; खुशामद करना। खुशामद झूठी प्रशंसा।

saw-dust *-डस्ट n.*लकड़ी चीरते समय गिरा हुआ बुरादा ।
sawed *-सॉड adj* आरी से काटा हुआ ।
saw-edge *-एज n.* आरी का दांतेदार किनारा ।
saw-file *-फाइल n.* तिकोनी रेती ।
saw frame-*फ्रेम n.* आरी फंसाने का ढांचा जिस में आरी लगाई जाती है ।
saw-gate *-गेट n.* आरी चलाने पर लकड़ी के बीच का खाली स्थान ।
saw-horse *-हॉर्स n.* थुन्नी जिस पर चीरने के समय लकड़ी रखी जाती है ।
sawing *-इंग n.* लकड़ी चीरने का काम ।
saw-mill *-मिल n.* लकड़ी चीरने का कारखाना ।
sawn *-सान adj* आरे से चीरी हुई ।
sawney, sawny *-नी n.* a Scotsman. स्कॉटलैण्ड का निवासी ।
saw-pit-*पिट n.*भूमि का गढ़ा जहां रख कर लकड़ी चीरी जाती है ।
saw set *सेट n.* आरी का चपरास ।
saw-tooth *-टथ n.* आरी के दांते ।
sawyer *-यर n.* आराकश ।
sax *-सक्स n.* (also zax.) a chopper from trimming slates. पत्थर को काटने की छेनी ।
saxatile-*टाइल adj.* growing on the rocks चट्टान पर उगने वाला ।
saxe *-सक्स adj.* of a deep shade of light blue चमकदार हल्के नीले रंग का ।
saxhorn *हॉर्न n.* musical wind instrument बंसरी के समान एक प्रकार का वाद्य-यंत्र ।
saxicavous *-केवस् adj.* rock boring चट्टान में छेद करने वाला ।
saxicolous *-सक्स adj.* living or growing on rocks चट्टान पर रहने तथा उगने वाला ।
saxifrage *फ्रेज n.* a genus of rock plants चट्टान पर उगने वाले पौधों की श्रेणी ।
Saxon-*सक्सन adj.* pertaining to the Saxons *n.* the people of North Germany who conquered England in the sixth century; the language of their people; inhabitants of Saxony, modern English. सैक्सन जाति का या इस से सम्बन्धित । उत्तरी जर्मनी के निवासी जिन्हों ने छठी सदी में इंगलैण्ड पर पर अधिकार कर लिया था; उनलोगों की भाषा, सेक्सनी निवासी; आधुनिक अंग्रेजी भाषा ।
saxdon-*डम n.*अंग्रेजी भाषा बोलने वाली जातियां
saxonic *सेक्सॉनिक adj.* उपरोक्त जाति से सम्बन्धित ।
saxonise *-नाइज v.t. & v. i.* to make or become Saxon. सैक्सन जाति का बनना या होना ।
saxony *सेक्सनी n.* a soft woollen cloth. एक प्रकार का नर्म ऊनी कपड़ा ।
saxophone *सेक्सोफोन n.* a kind of brass musical instrument. एक प्रकार का पीतल का मुंह से बजाने वाला वाद्य-यन्त्र ।
say *से v.t.* (*pa t. & pa.p.* said) to speak; to utter; to state to declare; to tell; to recite; to take for granted बोलना; उच्चारण करना; बयान करना, घोषित करना; बताना; पढ़ना या बांचना; सत्य मान लेना; *v. i.* to speak; to relate बोलना; वर्णन करना, *n.* something said; a speech, a remark; a saw. उक्ति; व्याख्यान; टीका; मुहावरा ।
say so . प्रभावयुक्त घोषणा; किम्वदन्ती ।
I say : विस्मय सूचक शब्द जो अचानक प्रसन्न होने पर बोला जाता है ।
it is said or *they say* : लोग प्रायः कहते हैं ।
it says : यह कहा गया है ।
that is to say : मान लो ।
nothing to say for oneself : अपने बचाव के लिए कुछ नहीं कहना ।
nothing to say to : बातचीत या लेनदेन न रखना ।
not to say अवश्यमेव आगे यह कहा जा सकता है ।
sooth to say : यदि सच सच कहा जाये ।
that is to say : अर्थात् दूसरे शब्दों में ।
to say nothing of : उसका वर्णन न करते हुए भी ।
what do you say to ? क्या तुम सहमत हो ।
say no more : बोलना बन्द करो ।
to say out : स्पष्ट रूप से प्रकट करना ।
sayable *-एबल adj.* बतलाने योग्य ।
sayer *सेयर n.* बतलाने वाला; कहने वाला; बोलने वाला ।
saying *सेइंग n.* वचन, भाषण; लोकोक्ति; कहावत
sayyid, sayid, said *सइद n.* a descendent of Mohammed's daughter Fatima. मोहम्मद साहब की पुत्री फातमा का वंशज ।
sazoen *साज़ेन n.* a Russian measure equal to about seven feet. सात फुट के बराबर का एक रूस देश का माप ।
sbirro *ज़बीरो n* an Italian police officer. इटली देश के पुलिस विभाग का पदाधिकारी ।
scab *स्केब n* a skin disease; a fungus disease in potatoes etc, a scoundrel; one who works during strike. एक प्रकार का त्वचा का रोग; पपड़ी, खट्टी, आलू के अन्दर कीड़ा लगने का रोग; नीच मनुष्य, हड़ताल में भी काम करने वाला श्रमिक; *v. i.* the scab; to become healed. चर्म रोग का हो जाना; नीचता का बर्ताव करना, घाव का भरना ।
scabbard *-बर्ड n.* a sheath for a sword. तलवार की म्यान, *v. t.* to sheath. म्यान में रखना; ढकना ।
scabbed *स्केब्ड adj.* mean; worthless. नीच; तुच्छ; घृणित ।
scabbedness *-नेस n.* नीचता; तुच्छता ।
scabble *स्केबल v. t.* to work without finishing as stone from a querry. मोटा काम करना जैसे टूटे हुए पत्थरों को खान में से निकालना ।
scabies *-बीज n.* the itch. खुजली ।
scabious *-बियस n.* a kind of plant with flowers like bell. एक प्रकार का घण्टीनुमा फूलों वाला पौधा ।
scabrous *-ब्रस adj.* rough; beset difficulties. खुरदरा; कठिनाइयों में घिरा हुआ ।
scrabrousness *-नेस n.* खुरदरापन; कठिनाइयां ।
scad *स्कैड n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली ।
scaff *स्कैफ n.* food भोजन; खुराक ।
scaffi *स्कैफी n.* a seavanger. सड़क का कूड़ा हटाने वाला; मेहतर ।
scaffold *-फोल्ड n.* a raised platform on which the criminals are hanged, a frame put up while building is carried on round a building that is repaired. अपराधियों को प्राणदण्ड देने का मञ्च; मकान बनाने या मरम्मत करने समय चारों ओर लगाया हुआ लकड़ी और बल्ली का मञ्च; ढांचा; *v. t.* to furuish with a scaffold. मचान बांधना ।
scaffoldage *-फोल्डेज n.* a gallery of a theatre. रंगमञ्च का चारों ओर का गलियारा ।
scaffolder *-फोल्डर n.* मचान बांधने वाला ।
scaffolding *-फोल्डिंग n.* मचान का सामान बल्ली तख्ते इत्यादि ।
scaglia *-गलिया n.* a red limestone. लाल खड़िया ।
scala *स्केला n.* a ladder-like structure. सीढ़ी के समान कोई आकृति ।
scalable *-लेबल adj.* that can be climbed. जिस पर चढ़ा जा सके ।
scalade, scalado *-लेड, -लेडो n.* the scaling of the walls of a fortress by means of ladders. सीढ़ी की मदद से किले की दीवार पर चढ़ना अथवा आक्रमण करना ।
scalar *-लर adj.* सीढ़ी के समान ।
scaliform *स्केलीफॉर्म adj* .like a ladder. सीढ़ी के आकार का ।
scald *स्कॉल्ड v.t.* to injure with hot water; to heat to boiling point as milk; to clean with boiling water as dishes. गरम पानी से जलाना; गर्म करना या औटाना जैसे दूध; गर्म पानी से तश्तरी इत्यादि साफ करना; *n.* an injury from hot water or steam, scurf on the head. गर्म पानी या भाप से पड़ा हुआ जख्म या घाव सिर के बाल उड़कर पपड़ी पड़ जाना; *adj.* scurfy; scably. गंजा; सिर के बाल उड़े हुए ।
scalder *-लडर n.* गर्म पानी इत्यादि जो शरीर के अङ्गों को जलाने वाले होते हैं ।
scaldhead *-हेड n.* बच्चों के सिर का एक रोग ।
scalding *स्कॉल्डिङ्ग adj.* गर्म पानी से जला हुआ
scaldings *-डिङ्गस n.* गर्म पानी इत्यादि से चलने से बचने की चेतावनी ।
scaldino *-डीनो n.* an Italian earthenware. एक इटली देश का मिट्टी का बर्तन ।
scale *स्केल n.*a ladder;a flight of steps; a graduated measure,series,graduation, one of the many horny thin plates on the body of a fish;a husk;a thin layer; the crust formed on a vessel in which water is heated; a balance; a balance pan. कमन्द; सीढ़ी; जीना; विभिन्न अंशों का पैमाना; माला, विभिन्न अंशों में विभक्ति; मछली चोंइटा; भूसी; पतली परत; पानी गर्म करने के बर्तन पर चढ़ी कलसे की परत, पैमाना; तराजू; तराजू का पलड़ा । *v. t.* to clear off scales; to peel of thin layers; to weigh; to spread;to ascend;to mount by ladder. चोंइटा हटाना, छीलना; तोलना; ऊपर चढ़ाना; सीढ़ी से चढ़ना । *v. i* to come off in thin layers; to be weighed.पतली-पतली चुन्नी

छटना; तोला जाना।
on a large scale अधिक परिमाण में।
to hold the scales even पक्षपात न करना।
to sink in the scale : नीचे अवस्था को प्राप्त होना।
to turn the scales अवस्था बदल देना।

scale-armour *-आर्मर n.* एक के ऊपर दूसरी धातु की पतली चद्दर के टुकड़ों से बना जिरा बख्तर।

scale-beam *-बीम n.* तौलने का चिन्ह लगा हुआ डण्डा।

scale-board *-बोर्ड n.* लकड़ी की पतली परत।

scaled *स्केल्ड adj.* चौड़टे वाली; परत वाला,परतदार।

scale-less *-लेस adj.* बिना परत का।

scale-like *-लाइक adj.* परत के समान।

scalene *-लीन adj.* of a triangle with three unequal sides. ऐसे त्रिभुज का जिसकी तीन भुजा बराबर न हों।

scaler *-लर n.* दांतों से जमी हुई चूने की परत हटाने का यन्त्र; मछली के चौड़टे हटाकर उसे बनाने वाला।

scales *-ज n.* तराजू; तराजू के पलड़े तुला-राशि।

scaliness *-लीनस n.* परतदार होने का गुण।

scaling *-लिङ्ग n.* परत या चौड़टे हटाने का कार्य; परत हटाया हुआ टुकड़ा।

scaly *–ली adj.* परत के समान।

scaly-leg *-लेग n.* मुर्गी इत्यादि का टांग का रोग

scall *स्कॉल n* scally eruption on skin. खुजली; कुष्ठ।

scallion *-लियन n* a kind of onion एक की प्याज।

scallop *स्कॉलेप n.* a kind of shell-fish, a curve at one edge. एक प्रकार की सीप; एक किनारे पर का घुमाव।

scalloped *-लड adj.* उपरोक्त घुमावदार।

scallops *-स n.* ornamented edges कामदार किनारा।

scallywag *स्कैलीवैग n.* (also scallawag, scalawag) a good for nothing. किसी काम न आने वाली वस्तु या व्यक्ति।

scalp *स्कल्प n.* the skull; the hair and skin of the head, the skin of the head of a stag with horh atached to it.खोपड़ी खोपड़ी की त्वचा और बाल; बारह सिंगे का सींग युक्त सिर का चमड़ा। *v. t.* to cut the scalp from; to laybare; to deprive of the grass; to undermine the political influence; to sell or less than market-price. खोपड़ी उड़ा देना; नङ्गा करना; घास काटना; राजनैतिक प्रभाव को कम करना, नियत भाव से कम बेचना।

scalpel *-ल n.* a surgeon's small kinfe. चीर-फाड़ करने का जर्राह का छोटा चाकू, नश्तर।

scalpelliform *-लीफार्म adj.* चीरफाड़ के छोटे चाकू (नश्तर) के आकार का।

scalper *-पर n.* an engraver's gouge.नक्काशी करने की गोलची।

scalping-kinife *-लिङ्ग-नाइफ n* शत्रुओं पर वार करने का चाकू।

scalpsless *-लस adj.* बिना खाल का।

scalpriform *-प्रीफार्म adj.* सेरवानी के आकार का।

scaelprum *-परम n.*a surgeon's rasp डाक्टर की चीर-फाड़ करने की आरी।

scamble *-म्बल v. t* to cut roughly; to mangle टेढ़ा मेढ़ा करना, आकृति बिगाड़ना। *v.t* to be busy, to scramble. कार्य में लीन होना, उपद्रव करना।

scambler *-लर n.* एक प्रकार का जीवाणु जो खाने के साथ पेट में पहुँच जाता है; विघ्नकारी मनुष्य।

scambling *-लिङ्ग n.* उपद्रव करना।

scamplingly *-ली adv.* उपद्रव के रूप में।

scammony *-मनी n.* a gum resin. एक प्रकार का गोंद।

scamp *-प v. t* (also scimp) to go about idly,to work dishonestly. इधर-उधर बेकार फिरना; बेईमानी से काम करना।

scamper *-पर v. t* to decamp,to run quickly. भागना, जल्दी से भागना। *n.* the act of scampering जोर की दौड़।

scan *-न v. t.* to examine the feet in a verse, to examine carefully. कविता के चरण गिनना; ठीक से परीक्षा करना। *v. t.* to the rules of metre. मात्राओं तथा चरणों का नियम के अनुसार होना।

scandal *-डल n* a cause for shame; wicked talk which damages the reputation of somebody,feeling of indignation and surprise. कलङ्क; मिथ्यापवाद; बेइज्जती।
v. t. to defence बदनाम करना, कलङ्कित करना

scandal bearer *-बेयरर n.* बदनाम तथा कलङ्कित करने वाली अफवाह फैलाने वाला व्यक्ति।

scandalisation *-जेशन n.* बदनाम; कलङ्क।

scandalise *-लाइज v. t.* to defame; to disgrace by libel. कलङ्कित करना; बदनाम करना।

scandalled *स्कै-ड्ल्ड adj.* बदनाम तथा कलङ्कित किया हुआ।

scandal monger *-ङ्डलमोगर n.*बदनामी फैलाने वाला।

scandalous *-लस adj.* बदनाम करके वाला; कलङ्कित करने वाला।

scandalously *-सली adv.* कलङ्कित रूप में।

scandalousness *-नस n.* निन्दा; अपवाद; कलङ्क बदनामी।

scandalum magnatum-मैग्नेटम n.बड़े विख्यात लोगों को बुराभला कहना।

scandent *-डेन्ट adj.* climbing or creeping चढ़ने वाला; रेंगने वाला।

scandium *-यम n.*metallic element No.21 एक धातु तत्व नं० २१।

scanner *स्कैनर n.* one who can scan कविता के चरण गिन सकने वाला व्यक्ति।

scanning *निग n.* कविता के चरण गिनना।

scansion *-शन n.* the method of counting metres of a verse कविता के चरणों का गिनने का तरीका।

scansorial *-सोर्स n.* (*pl.*) tho order of birds with two toes before and two toes behind ऐसे पक्षियों की श्रेणी जिनके पंजे की दो उंगलियां आगे की ओर और दो पीछे की ओर हों।

scansorial *-रियल adj.* climbing ऊपर चढ़ने वाले।

scant *-ट adj* not plentiful, deficient; sparingly न्यून, कम, थोड़ा। *n.* scarcity न्यूनता; कमी। *adv.* barely बहुत थोड़े में। *v.t.* to restrict to reduce. न्यून करना; कम करना।

scantle *-टल v-t* to divide into pieces; टुकड़े टुकड़े करना।

scantle *-टल v.t.* & *v. i.* to fail, to be in sufficient. हार जाना; कम हो जाना; अपूर्ण होना।

scantlet *-लेट n.* a small piece. एक छोटा टुकड़ा।

scantling *-लिंग n.* a small portion; a piece cut for a particular purpose; a specimen, sample. एक छोटा भाग ;किसी विशेष काम के लिए काटा हुआ टुकड़ा; नमूना; बानगी।

scantily *-ली adv.* थोड़े में।

scantness *-नेस n.* स्वल्पता।

scanto-grace *-ग्रेस n.*a good for nothing fellow. निकम्मा व्यक्ति।

scanty *-टी adj.* not full, small; little. अपूर्ण; छोटा; कम।

scape *स्केप n.* an escape; a fault. *v. t.* to escape from; to miss; to shun. बच निकलना, नहीं पाना; भागना; बचना।

scape-gallows *-गैलोज n.* फांसी के योग्य व्यक्ति

scape goat *गोट n.* बलिदान का बकरा; दूसरे के लिए कष्ट उठाने वाला।

scapegrace *-ग्रेस n.* अल्हड़ तथा फूहड़ व्यक्ति।

scapeless *-लेस adj.* जिसको बचाया न जा सके।

scapement *-मेन्ट n.* बचाव।

scaphocephalus *स्कैफोसेफेलस n.* boat shaped head नाव के आकार का सिर।

scaphocephalic *-लिक adj.* उपरोक्त आकार का

scaphoid *-फोइड adj.* boat shaped नाव के आकार का बना हुआ।

scapolite *-पोलाइट n.* a silicate of aluminium with some chlorine अल्यूमिनियम धातु का एक क्षार जिसमें क्लोरीन भी होती है।

scapple *-पल v.t.* to work without finishing as a stone before leaving a querry अपूर्ण काम करना जैसे खान पर पत्थरों को छोड़ देना।

scapula *-पुला n.* the shoulder blade कन्धे की हड्डी; हंसिया।

scapular *-पुलर adj.* कन्धे की हड्डी से सम्बन्धित।

scapulated *-लटेड adj.* कन्धे की हड्डी जैसे पर वाला।

scapulimancy *-पुलीमैन्सी n.* divination by means of shoulder blades कन्धे की हड्डियों से पूजा करना।

scapus *-पस n.* the shaft of a feather पर का बीच का डण्ठल।

scar *स्कार n.* a mark left by a wound; any mark; craggy part of a mountain घाव का चिह्न; कोई चिह्न; पहाड़ का उभरा हुआ भाग। *v.t.* & *v.i.* to mark with a scar; घाव का चिह्न पड़ना; अंकित करना।

scarab *-रैब* the sacred beetle of ancient Egypt प्राचीन मिश्र देश का भींगुर ।
scarabaeid *-बीइड n.* a species of beetles एक प्रकार के भींगुर की श्रेणी ।
scarabaeist *स्कारबेइस्ट n.* one who studies dung-beetles. गोबर के कीड़ों का अध्ययन करने वाला ।
scarabaeoid *-बेइड n.* एक प्रकार का रत्न जो भींगुर के समान होता है ।
scaramouch *-माउश n.* boastful, coward. शेखीबाज; डरपोक व्यक्ति ।
scarce *स्केयर्स adj. & adv.* not plentiful; hard to get; rare; uncommon. अल्प; दुष्प्राप्य; स्वल्प; असाधारण ।
make one's self scarce : भाग जाना ।
scarcely *-ली adv.* कठिनता से; केवल; सिर्फ ।
scarcement *-मॅन्ट n.* a ledge formed by the setting back of a wall. ताख; आला
scarceness, scarcity *-नैस, -सिटी n.* अप्राप्यता, दुष्प्राप्यता; कंजूसी; दुर्भिक्ष ।
scare *स्केयर v. t.* to affright; to keep off by frightening. डराना; डराकर भगाना । *n.* fright, a baseless public alarm; panic डर; भय; आतङ्क । *adj.* frightened, lean. डरा हुआ; आतङ्कित; पतला; क्षीण ।
to scare up मरम्मत करना; पोंटना ।
to scare away डराकर भगा देना ।
scare-crow *-क्रो n.* (also scare-head) विभीषिका, पक्षियों को डराने का पुतला, भय का निर्मूल कारण ।
scare-monger *-मॉङ्गर n.* आतङ्क उत्पन्न करने वाला व्यक्ति ।
scarer *-र n.* भयभीत करने वाला ।
scarf *स्कार्फ n.* a long narrow piece of cloth worn round the neck; neck tie, a light handerchief for the neck, a joint of timber. गले पर लपेटने का कपड़ा; नेकटाई; गले पर बांधने का छोटा रुमाल; लकड़ी को छील कर बैठाया हुआ जोड़; *v. t.* to join ends of the timber, to flay the skin of whale. लकड़ी को छील का जोड़ना, ह्वेल मछली का चमड़ा उतारना ।
scarfed *स्कार्फ्ड adj.* झालरों से सुशोभित ।
scarfing *n. -फिंग n.* दो लकड़ी के टुकड़ों को छील कर जोड़ने का कार्य ।
scarf-pin *-पिन n.* गलाबन्द में लगाने की पिन ।
scarf-ring *-रिंग n.* गले में बांधने के रुमाल को बांधने का छल्ला ।
scarfskin *-स्किन n.* त्वचा, ऊपरी खाल ।
scarfwise *-वाइज adv.* गलाबन्द पहने हुए रूप में
scarification *-केशन n.* the act of making scratches. चमड़ा काटने का कार्य ।
scarificator *-फाई n.* a kind of surgical instrument एक काटने तथा छीलने का जर्राही औजार ।
scarifier *-फायर n.* an agricultural machine for breaking the surface of the soil. भूमि या सड़क तोड़ने का एक साधन ।
scarify *फाई v. t.* to scratch the skin so as the take out blood; to loosen the soil, to criticise mercilessly. चमड़े को छील देना जिस से रक्त निकल सके, जमीन को थोड़ा जोतना, निर्मम समालोचना करना ।
scarious *-रियस adj.* membraneous, thin and dry. नसदार; झिल्लीदार, सूखा तथा पतला
scarlatina *-टीना n.* a dangerous and contagious fever accompanied with red erruption लाल लाल दानों युक्त एक भयानक संक्रामक ज्वर ।
scarlet-*लेट n* the bright red colour, any cloth of this colour *adj.* dressed in scarlet तेज लाल रंग इस रंग का कोई कपड़ा लाल वस्त्र पहने हुए ।
scarlet-fever *फ वर n.* एक भयानक संक्रामक ज्वर जिस में लाल दाने पड़ जाते हैं ।
scarlet-hat *-हैट n.* पादरी की लाल टोपी ।
scarlet-woman *-वोमन n.* ईसाई मत को न मानने वाली स्त्री ।
scarmong-*मॅंज n.* skirmish. भिड़न्त दो दलों की लड़ाई ।
scarp *स्कार्प n* a steep slope; inner slope of a ditch. *v t.* to make perpendicular slope खड़ी ढाल; खाई की भीतरी दिवार को खड़ी ढाल बनाना ।
scarped *स्कार्प्ड adj.* कटा हुआ ।
scarpetto *-टो n.* a hemp soled climbing boot. तले में कील लगे हुए पर्वत आरोहण के जूते ।
scarpines *-स्काएन्ज n* an instrument of torture the feet. पैर को पीड़ा पहुँचाने का साधन ।
scarred *स्कार्ड adj.* marked with scars. चिन्हों से अङ्कित ।
scart *-स्कार्ट v. t.* to scratch खरोचना । *n.* a scratch, a stroke of pen खरोंच; रगड़; कलम से लिखित ।
scart-free *-फ्री adj* जिससे खरोंच आने की शङ्का न हो ।
scat, scatt *स्कैट n* a tribute; a tax प्रशंसा, कर ।
scat *स्कैट n.* a blow, a sudden shower. घूंसा, घनघोर वर्षा । *v. t.* to scare away. डरा कर अलग रखना । *adv.* to bankruptcy दिवालिए के रूप में ।
scat *स्कैट interj.* a stilt. अलग हो ।
scatch *स्कैच n* be off. जमीन से ऊंचे चलने की लाठी ।
scathe *स्केद n.* hurt, injury; damage. नुकसान, क्षति; हानि । *v. t.* to injure; to scorch हानि पहुँचाना; बरबाद करना ।
scatheful *-फुल adj.* ध्वंसकारी ।
scathefulness *-नेस n.* विध्वंसता, हानि ।
scatheless *-लेस adj.* हानि रहित ।
scathing *-दिंग adj.* नष्ट होता हुआ ।
scathingly *-ली adj.* हानि से ।
scatophagous *-टोफेगस adj.* dung eating. गोबर खाने वाला ।
scatter *स्कैटर v. t.* to throw away in all direction; to sprinkle all over; to put to flight; to dispel. सब तरफ बखेरना; छींटना, मना देना; निकालना; *v. t.* to be scattered. बिखरना, नष्ट हो जाना ।
scatter-brain *-ब्रेन n* लापरवाह व्यक्ति ।
scattered *-र्ड adj.* फैलाया हुआ, बखेरा हुआ ।
scatteredly *-ली adv.* बखेरे हुए रूप में ।
scatterer *-रर n.* बखेरने वाला; नष्ट करने वाला
scatter-good *-गुड n.* अधिक खर्च करने वाला ।
scatter-gun *-गन n.* एक प्रकार की शिकार खेलने की बन्दूक ।
scattering *-रिङ्ग adj.* छितराये हुए ।
scatteringly *-ली adv.* छितराते हुए ।
scatterling *-लिंग n.* a vagabond, a hon less destitute. खानाबदोश, गृहहीन ।
scattermouch *-माउच n.* a cowardly bar foon. डरपोक और मूर्ख व्यक्ति ।
scattery *-टरी adj.* छिन्न भिन्न ।
scaturient *-टूरियण्ट adj.* gushing like water from a fountain. फव्वारे के पानी की तरह तेजी से निकलने वाला ।
scaup *स्काउप n.* a kind of duck. एक प्रकार की बत्तख ।
scauper *-उपर n.* a tool with semicircular face used by engraver. नक्काशी के काम करने वाले का एक गोलार्ध नोक का औजार ।
scaur *-स्काबर n.* a precipitous rock or bank. सीधी खड़ी चट्टान या किनारा ।
scaury *स्कौरी n.* a kind of gull. एक प्रकार की बत्तख ।
scavage *स्कैविज n.* a toll on goods offered for sale by outsiders; street refuge. बाहर वालों के माल बेचने की चुंगी; सड़कों पर कूड़ा करकट ।
scavenge *-विज v. t. & v. i.* to cleanse; to act as scavenger. सफाई करना; सड़क साफ करने वाले मेहतर का काम करना ।
scavenger *-विन्जर n.* सड़क पर झाड़ू लगाने वाला, मेहतर, *v. t.* to act as a scavenger. मेहतर का काम करना ।
scavengering *-रिंग n.* कूड़ा करकट उठाने का कार्य
scavengery *-विन्जरी n.* मेहतर का काम, सड़क की सफाई ।
sceat, sceatt *-शीट n.* a small silver coin of old English time. प्राचीन इंगलैण्ड की एक छोटी चांदी की मोहर ।
scelerate *सेलरेट adj.* (also scelerat) a wicked. धूर्त; कपटी; *n.* a villian, धूर्त व्यक्ति
scena *शेना n.* (*pl.* scene) a portion of an opera. संगीत नाटक का एक अंग ।
scenario *शेनॉरियो n.* the scenes in a play; a skeleton of a dramatic work. नाटक के दृश्य; नाटक या गाने का सरांश ।
scenary *सीनरी n.* नाटकादि का दृश्य; किसी स्थान का प्राकृतिक दृश्य ।
scene *-सीन n.* the stage, a stage performance; the place of action in a play; a painted slide; a division of play marked by fall of the curtain; a series of landscapes shown in a play; an unseemly display of feelings between persons; the picture of a view. रंगमंच; रंगमंच का नाटक, खेल का घटनास्थल; मैजिक लालटेन से दिखाई जाने वाली रंगीन शीशे का टुकड़ा; नाटक का एक अंग जिसके समाप्त होने पर परदा गिर जाता है; नाटक में दिखाए गए प्राकृतिक दृश्य; दो आदमियों के बीच का झगड़ा;

किसी दृश्य का चित्र, *v. t* to exhibit; to display. प्रदर्शित करना; दिखाना।
behind the scene . गुप्त रूप से; परदे के पीछे
quit the scene . मरना।
scene-dock -डॉक *n.* प्राकृतिक दृश्य बने हुए पर्दे रखने का स्थान।
scene-man -मॅन *n* नाटक के पर्दे संभालने वाला व्यक्ति।
scene-painter -पेण्टर *n* पर्दे पर प्राकृतिक दृश्य बनाने वाला कलाकार।
scenery *सीनरी n.* नाटकादि का दृश्य।
scene-shifter -शिफ्टर *n.* नाटक के पर्दे हटाने वाला व्यक्ति।
scenic *सीनिक adj.* नाटकीय; दृश्य सम्बन्धी।
scenical -कल *adj.* रंगमंच सम्बन्धी।
scenically -ली *adv.* नाटकीय रूप में।
scenographic(al) -नोग्राफिक(ल) *adj.* प्राकृतिक दृश्य बनाने की कला से सम्बन्धित।
scenographically -ली *adv.* प्राकृतिक दृश्य के रूप में।
scenography -ग्राफी *n.* प्राकृति दृश्य बनाने की कला।
scent सेन्ट *v.t.* to find out by sense of small to perfume; to guess the existence of.सूंघकर पता लगाना सुगन्धित करना; स्थिति का पता लगाना। *v.i.* to smell; to give forth a smell; महकना सुगन्ध देना। *n.* sense of smell; a substance used to its smell घ्राण शक्ति सूंघने की शक्ति, महक; सुगन्ध; सुगन्धित द्रव्य; खुशबू।
scent-bag -बैग *n* इत्र इत्यादि रखने का थैला
scent-bottle -बॉटल *n.* अतर की शीशी।
scent -box -बक्स *n.* अतर दान।
scented -स्टेड *adj.* सुगन्धित।
scentful -फुल *adj.* अत्यन्त सुगन्धित।
scent gland -ग्लेन्ड *n.* घ्राण शक्ति वाली ग्रंथियां
scenting -सेंटिंग *adj.* & *n.* सुगन्धित करने का कार्य।
scentless -लेस *n.* बिना सुगन्ध का।
scentorgan -ऑर्गन *n.* घ्राण, इन्द्री; नाक।
scentscale -स्केल *n.* a king of butterfly एक प्रकार की तितली।
scepsis, skepsis स्केप्सिस *n.* philosophic doubt दार्शनिक शंका।
sceptic -टिस *adj.* hesitant; doubting; one who doubts in the existence शंकित; अविश्वासी; ईश्वर के आस्तित्व में शंका करने वाला।
sceptical -कल *adj.* doubtful; in credulous. संशयात्मक; सन्देह करने वाला।
sceptically -कली *adv.* सन्देह से; संशय से।
scepticise -इज़ *v. t.* to act like a sceptic. सन्देश करना; शंका करना; संशय करना।
scepticism -सिज्म *n.* संदेहवाद; निर्णय करने से मस्तिष्क की अवस्था।
sceptral -ट्रल *adj.* regal. राजसी।
sceptre सप्टर *n.* the staff carried by a king as a sign of his power; royal rank or power. राज दण्ड, राज शक्ति, राज पद।
sceptred -ड *adj.* राजदण्ड से युक्त।
sceptreless -लैस *adj.* बिना राजशक्ति के।
sceptry -ट्री *adj.* राजदण्ड से युक्त।
scerne सर्न *v. t.* to discern. अनुभव करना विचार करना भेद पहिचानना।
sceuophylax स्क्यूफिलेक्स *n.* a sacristan गिर्जे का वह पदाधिकारी जो पूजा की सामग्री इत्यादियों की देखरेख करता है।
schalstein -टीन *n.* a slaty diabase tuff एक प्रकार का कई तह वाला पत्थर।
schappe -शेप *n.* silk with gum. उबालकर मांड दिया हुआ रेशमी वस्त्र। *v. t.* उपरोक्त रीति से रेशमी कपड़े पर मांड चढ़ाना।
schedule -शेड्यूल *n.* a list; a catalogue; a time table; a table of details. अनुसूची फहरिस्त; समय सारणी; समय विभाग; समय विभाग पत्र; तालिका।
schedule of new douments : नई मांगों की अनुसूची।
schedule of rates : दर अनुसूची।
schedule time : सूचीपत्र में निर्धारित समय।
scheduled -ड *adj.* अनुसूचिशब्द; निर्धारित; परिगणित।
scheduledcastes -कास्ट *n.* हरिजन; अनुसूचित; जातियां।
scheelite *शीलाइट n.* a native calcium tungstate. एक प्रकार का देशी सरेस।
schelm शेल्म *n.* a rascal. लम्पट, कामी; धूर्त; कपटी।
schema *स्कीमा n.* (*pl.* scheme, a plan; an outline, essentiality योजना,खाका, आकार मात्र, तत्व।
schematic -टिक *adj.* आकार मात्र का।
schematically -ली *adv.* आकार मात्र में।
schematise -इज़ *v. t.* to present by a scheme. योजना बन्द करके सामने रखना।
schematism -टिज्म *n.* किसी वस्तु का आकार अथवा रेखा चित्र।
schematist -टिस्ट *n* योजना बनाने वाला।
scheme स्कीम *n.* a systematic plan; some thing designed to be done; a plot; a tabular statement. योजना;उपाय; कोई कार्य जिसे पूरा करना हो,षडयन्त्र;किसी बात का तालिका बद्ध विवरण। *v. t.* to plan. योजना करना; उपाय करना। *v. i.* to form a plan. उपाय सोचना।
schemer-र *n* उपाय रचने वाला; योजना बनाने वाला, षड़यन्त्र रचने वाला।
schemingly -ग्ली *adv.* उपाय करते हुए।
scheroma -रोमा नेत्रों का सूखा पन।
scherzando -न्डो *adv.* & *adj.* with payfulness. खिलवाड़ पन से।
scherzo *शर्त्सो n.* passage of sportive character in musical symphonies. संगीत में कभी कभी बीच खिलवाड़ पन की धुन छेड़ना।
schetic -टिक constitutional प्रकृति सम्बन्धी।
schiavone -वेयोने *n.* 17 th century broadsword.सत्रहवीं शताब्दी की चौड़े फन की तलवार
schiedam -डेम *n.* a kind of gin made in Holand. हौलैण्ड की बनी एक प्रकार की मीदरा
scpiller *शिलर n* a bronze-like lustre in certain minerals कुछ खनिजों में कांसे जैसी विशेष चमक।
schillerisation -जेशन *n* उपरोक्त चमक वाले मोटी चादर के टुकड़े बनाने का कार्य।
schillerise -राइज़ *v. t.* उपरोक्त चमक पदार्थों में उत्पन्न करना।
schiller-spar -स्पार *n.* कांसे की चमक युक्त कांसे का टुकड़ा।
schilling -लिङ्ग *n.* आट्रे लिया की एक प्राचीन मुद्रा।
schimmel -मल *n.*a dark horse काला अश्व
schindylesis -सिस *n.* a joint formed by fitting of one bone into a grove of another. दो हड्डियों के जोड़ पर पड़ी हुई गांठ।
schindyletic -टिक *adj.* उपरोक्त गांठ सम्बन्धी उपरोक्त गांठ के आकार का।
schipperke *शिपर्क n.* a breed of small tailless dogs छोटे आकार के बिना दुम वाले कुत्तों की एक नस्ल।
schism -सिज्म *n.* a breach in the unity of church; a function, धर्म भेद्, मत भेद के कारण पार्थक्य अकारण मत भेद; फूट।
the great or Greeks chism : सन १०५४ में यूनानी गिर्जो का शेष गिर्जो से मतभेद के कारण प्रथकीकरण।
western *schism*: सन १३७८ से १४१७ तक फ्रांस की धार्मिक क्रान्ति के कारण ईसाई धर्म का बनाया हुआ एक वर्ग जो पोप को नहीं मानता था
schisma –सिज्मा *n.* बीज गणित में पांच के बारवें अंश और सात के आठवें भाग का शेष।
schismatic -टिक *n.*धार्मिक मत भेदों का प्रवर्तक, किसी विशेष धार्मिक पन्थ का अनुयायी।
schimatic (al) -टिक(ल) *adj.* धार्मिक भेदों को बढ़ावा देने वाला; धर्म भेदों से सम्बन्धित।
schimatically –कली मतभेद से।
schlsmaticalness -कलनेस *n.*धर्मभेदों के कारण वर्गीकरण।
schismatise -टाइज़ *v. i.* फूट डालना, मतभेद उत्पन्न करना;; धार्मिक मतभेदों का प्रवर्तक होना।
schism-house -हाउस *n.* रूढ़िवाद पन्थ के गिर्जो को मानने वालों द्वारा अरूढ़िवाद ईसाई पन्थ को मानने वालों के लिए घृणास्पद एक शब्द।
schist *शिस्ट n.* पतली पतली तहों वाली चट्टान; अबरक की चट्टान।
schistose *शिस्टोज़ adj* (also schistous) उपरोक्त चट्टानों का, पतली तहों वाला।
schistosity -सिटी *n.* तहों में होने का गुण।
schiz, schizo *स्काइज़ो pref.* in composition cleave, cloven. पृथक किया हुआ; अर्ध वाला एक उपसर्ग।
schizoea -जिआ *n.* a tropical genus of ferns. गर्म जलवायु में उगने वाले नोकदार पत्तों वाले पौधों की एक श्रेणी।
schizaeacae -जिएसी *n.* नुकीले कटे हुए पत्तेदारों की एक श्रेणी।
schizaeaceous -जीशियस *adj.* उपरोक्त पौधों से सम्बन्धित।
schizanthus -जेन्थस *n.*एक प्रकार का सुन्दर फूल और पत्तों वाला पौधा।
schizocarp -जोकार्प *n.* सूखे हुए फल (मेवा) जिनकी में कई गुठलियां निकलती हैं।
schizocarps -कार्पस *adj.* उपरोक्त फल का बीज

से सम्बन्धित तथा उसके आकार का।
schizogenesis *-जेनेसिस n.* पौधों के बीजों के अलग होने से होने वाली उत्पत्ति।
schizogenic *-जेनिक* **schizogenetic** *-जेनेटिक,*
sex-chromosome *-क्रोमोसोम n.* a chromosome that determines the sex. वह डिम्ब जिस से लड़की या लड़का उत्पन्न होता है।

sex-determination *डिटर्मिनेशन n.* the sitting of what the sex of a new organism is to lie जन्म लेने से पहले लड़का या लड़की मालूम करना।

sex digitate *-डिजिटेट adj.* six-fingured. छः उँगलियों का।

sexed *-ड adj* लिङ्गभेद वाला; अत्यधिक कामुक।

sexennial *सिएनल adj* occuring once in every six years प्रत्येक छटे वर्ष होने वाला।

sexfid *-फिड adj.* six-cleft छः टुकड़ों वाला।

sex-foil *-फ़ॉइल n.* a window design with six parts एक प्रकार की खिड़की जिस में छः भाग होते है।

sex-intergrade *-इन्टरग्रेड n.* नपुंसक; हीजड़ा।

sexe (i) valent *सेक्स्-टadj.* of valent of six. छः की शक्ति का।

sexless *सेक्स adj.* without sex. नपुंसक; न नर न मादा; हीजड़ा।

sexlessness *-नस n.* न नर न मादा के गुण।

sexlimited *-टेड adj.* केवल एक ही लिङ्ग में बढ़ा हुआ।

sexlinked *-लिंक्ड adj.* नर या मादा जीवाणु का माता या पिता के गुण लिए हुए होना।

sexlocular *यूलर adj.* with six compartments. छः कोष वाला।

sex reversal *-रिवर्सल n.* किसी व्यक्ति के जीवन काल में उसका लिङ्ग बदलना अथवा शारीरिक अङ्गों का नर की जगह मादा होना।

sext *सेक्स्ट n.* (eccles) the office for the sixth hour or noon in the Roman Catholic churches, in music, a sixth रोम कैथोलिक गिर्जा घरों में छटे घण्टे अथवा दोपहर को होने वाली सभा; संगीत में छटा स्वर 'ध'।

sextan *-टन adj;* recurring every fifth day प्रत्येक पांचवें दिन दुहराया जाने वाला।

sextans *-टन्स n.* a Roman bronze coin. एक प्रकार का रोम का कांसे का सिक्का।

sextant *-टेन्ट n.* an instrument for measuring angular distance between two objects, the sixth part of a circle. दो वस्तुओं के बीच कोण की दूरी नापने का एक यन्त्र; वृत्त का छटा भाग।

sextantal *-टल adj* वृत्त के छटे भाग का।

sextet, sextett, *-सेक्टे n.* a group of six a composition for six performers; the last six lines of a sonnet. छः का समूह; छः व्यक्तियों द्वारा बोला जाने वाला संवाद कविता की अन्तिम छः पंक्ति।

sextile *-टाइल n.* (also sextile aspect) the aspect of two planets at a distance of 60 degrees from each other. दो तारों का एक दूसरे से ६०° कोण की दूरी पर होना।

sextillion *-अन n.* the sixth power of a million; the seventh power of 1000 दस लाख का छ. गुना; हजार का सात गुना।

sexto *-स्टो n.* a loose formed by folding paper into six fold कागज की छः परत मोड़ कर बनाई हुई पुस्तक।

sextodecimo *-सिमो n.* (*abbr* 16mo and *p.l.* sextodecimos) a book made by folding each sheet into sixteen leaves कागज की सोलह परत मोड़ कर बनाई हुई पुस्तक।

sextolet *लेट n.* a group of six notes performed in the time of four. संगीत में छः स्वरों को चार स्वर के समय में द्रुत लय से गाना।

sexton *-टॅन n* an officer who digs grave and rings a church bell. गिर्जा घर की घण्टी बजाने वाला और कब्र खोदने वाला अधिकारी।

sextoness *-नेस n.(fem.)* गिर्जाघर के काम काज देखने वाली तथा घण्टी बजाने वाली स्त्री।

sextonship *-शिप n.* उपरोक्त अधिकारी का पद

sextuor *-अर n.* a band of six singers or players; any collection of six things or persons छः गायकों अथवा अभिनेताओं का समूह; छः व्यक्तियों का समूह।

sextuple-पल *adj.* six fold; *v. t.* to multiply by six. छः गुना। छः से गुणा करना।

sextuplet *-लेट n.* a set of six similar things, one of six born at a birth. एक ही प्रकार की छः वस्तुओं का समूह; एक ही दफा उत्पन्न हुए छः बच्चों में से एक।

sexual *-अल adj.* of the sex or sexes. ऐन्द्रिय; लिंग भेद सम्बन्धित।

sexual affinity: स्त्री पुरुष का परस्पर आकर्षण

sexual appetite: कामुकता।

sexual intercourse: मैथुन।

sexual organs: जननेन्द्रियां।

sexualise *-ल.इज v. t.* to attribute sex to जाति निर्धारित करना।

sexualism *-लिज्म n.* जातित्व।

sexualist *-लिस्ट n.* जातित्व का पंडित।

sexuality *-लिटी n.* जाति भेद।

sexually *-एलि adv.* जाति रूप से।

sexual-selection *-शन n.* सृष्टि रचना शास्त्र का यह सिद्धान्त कि भड़कीले रंग या अच्छा गला जो स्त्रियों को अत्याधिक पसन्द आते है दूसरी आने वाली सन्तानों को भी पसन्द आती हैं।

sexual-system *-टम n.* वनस्पति शास्त्र में पौधों का भेद पर आधारित वर्गीकरण।

sey *सी n.* a part of the upper part of a beef. गाय की जांघ के भाग का मांस।

seyen *सियन u.* a descendant उत्तराधिकारी; सन्तान।

seysure *सिश्योर n.* a sudden attack. एकाएक धावा।

's foot *'स फुट interj. abbr.* form of God's foot. भगवान के चरण।

sforzando *स्फॉरत्सेन्डो adj. & adv. (It.)* forced with sudden emphasis. संगीत में अचानक तेज लय का होना।

sgraffito *स्ग्रेफ़ीटो n.* a kind of decorative art in which colours are got by removing outer layers. एक प्रकार की सजावट की कला जिसमें तह को काटकर विभिन्न रंग उत्पन्न किये जाते है।

shabble *शॅबल n.* an old rusty sword. एक प्राचीन जंग खाई हुई तलवार।

shabbily *शॅबीली adv.* in a manner. कुत्सित रूप में।

shabbiness *-नेस n.* मलिनता, कुत्सितता।

shabby *शॅबी adj.* born out; contemptible; poor looking; mean. जर्जर; फटा हुआ; घृणास्पद दीन; अधम; मलिन, कुत्सित।

shabby genteel *-जेन्टील adj* प्राचीन सभ्यता के उन्नति के चिन्ह से युक्त।

shabrack *शॅब्रक n.* a trooper's saddle-cloth. सैनिक के घोड़े की काठी के नीचे लगने वाला कपड़ा।

shake *शेक n.* a rude hut of logs; a vagabond; a grain fallen on the ground; a slow trot. लकड़ी के लट्ठे का बना हुआ भद्दी कुटिया; आवारा; बदमाश; पृथ्वी पर पड़े हुए अन्न; धीरे धीरे चलना; *v. i.* to go about tramping; to graze on stubble, to go searching for; to fall out. इधर उधर मटरगश्ती करना; खेत में बची हुई जड़ों को चरना, तलाश में जाना; झड़ जाना।

shackle *शॅकल n.* fetter; impediment; link for coupling railway cars; link. हथकड़ी; बाधा; रेलगाड़ी के डब्बों को जोड़ने की जंजीर, सिकड़ी; *v.t.* to fetter; to restrain; to join with a shackle; to bind the limbs. हथकड़ी लगाना, बांधा डालना; सिकड़ी

से बांधकर जोड़ना; अङ्ग प्रत्यंग बांध देना।

shackle bolt -बोल्ट *n.* हथकड़ी की कुण्डी जिसमें फंसाकर ताला लगाया जाता है।

shackle bone -बोन *n.* कलाई।

shad शैड *n.* a kind of fat fish. एक प्रकार की मोटी मछली।

shaddock शैडक *n.* fruit like an orange. बड़ी नारंगी के आकार का एक प्रकार का फल।

shade शेड *v. t.* to screen from light by intercepting its rays; to protect; to make dim; to modify in any way as colours. धूप या प्रकाश से बचाना; शरण देना; हल्का करना; हल्का या गाढ़ा रंग करना; *n.* shadow; shelter, a shady place; a faint colour; ghost; something unreal; a very minute change. छाया; शरण, छायादार स्थान; हल्का रंग; प्रेतात्मा; नकली वस्तु; सूक्ष्म परिवर्तन।

shade, lamp दृपिया चिमनी।

to cast into shade तिरस्कार करना।

shade of meaning अर्थ का सूक्ष्म भेद।

shaded शेडिड *adj.* छायेदार।

shadeless -लेस *adj.* छाया रहित।

shade plant -प्लान्ट *n.* एक प्रकार का पौधा का छाया में ही उगता है।

shade tree -ट्री *n.* छाया देने के लिए लगाया हुआ वृक्ष।

shadily -डीली *adv* छाया रूप में।

shadiness -नेस *n.* छायापन, अन्धकार।

shading -डिंग *n.* चित्र में गहरा रंग करके छाया दिखलाना।

shadeof shaduf -डूफ *n* a contrivance for raising water from a well by buckets. पानी उठाने की रहट की बालटियां।

shadow -डो *n.* the shade cast by an object; the darker portion of a picture darkness; an inseparable companion; a reflected image; an unsubstential thing; a ghost; kindness; obscurity परछाईं, छाया; चित्र का गहरे रंग का भाग, अन्धकार; मित्र, सहयोगी प्रतिबिम्ब, निस्सार वस्तु; भूतप्रेत; अनुकम्पा; एकान्तता। *v.t.* to conceal; to darken छिपाना; छाया करना अन्धकार करना।

shadow of death : मृत्युभय।

shadow pantomime play : पर्दे पर परछाईं दिखाकर खेलने का नाटक।

shadow figure प्रतिबिम्ब।

shadow fight कल्पित शत्रुओं से लड़ना।

shadow boxing -बाक्सिंग *n* कल्पित विरोधी के साथ मुक्के बाजी करने का अभ्यास करना।

shadow cabinet -कैबीनेट *n.* विरोधी दल के नेताओं का कभी कभी राजनैतिक प्रश्नों पर विचार विनमय करके सरकार चलाने के लिए बनायी हुई समिति।

shadowcast -कास्ट *v t.* खुर्दबीन मे सूक्ष्म निरीक्षण करने के लिए बाहर निकले हुए प्रत्यंगों पर भारी धातुओं की गैस डालकर छाया डालना।

shadowcasting -स्टिंग *n.* उपरोक्त रीति से छाया डालने का कार्य।

shadower -अर *n.* छाया डालने वाला।

shadowiness -इंनेस *n.* छायापन; अन्धकारमय।

shady शेडी *adj.* छाया में स्थिति; छाया देने वाला।

Shafiite -आइट *n.* a member of one of the four principapal sects of orthodox Muslims. प्राचीन कट्टर मुसलमानों की चार मुख्य ग्रन्थों में से किसी एक पन्थ का सदस्य।

shaft शेफ्ट *n.* an arrow; anything long and straight; a lance; a long axle of a machine; the part between the base and the top of a pillar; a thing that resembles an arrow; any deep well like excavation sunk into mine for excavating minerals or taking out water; a bar of carriage to which a horse is harnessed. बाण; दण्ड; भाला; मशीन यन्त्र का लम्बा धुरा; स्तम्भ का सीधा भाग; बाण के आकार की कोई वस्तु; खान में जाने और खनिज वस्तु या पानी निकालने के लिए बनाया गया कुएं के समान गड्ढा; गाड़ी का बम; जिसमें घोड़े को जोता जाता है।

to make a shaft or hold of it हिम्मत करना और परिणाम की परवाह न करना।

shafted -इड *adj.* गाड़ी मे जुता हुआ; लम्बे धुरे में बंधा हुआ।

shafter शेफ्टर *n.* धुरी से बांधने वाला।

shaft-horse -हॉर्स *n.* गाड़ी या तांगे के बमों के बीच में जुता हुआ घोड़ा।

shafting शेफ्टिंग *n.* भाप या बिजली के मोटर द्वारा चलाए जाने वाले पहिए का धुरा जो दूसरे कल पुर्जों को चालू करता है।

shag शैग *n.* a mass of rough hair; a kind of tobbaco chopped into thin pieces. सूखे और मोटे बालों का ढेर; लम्बा और छोटे टुकड़ों में कटा हुआ तम्बाकू। *v. t. & v. i.* to make rough; to hang in shaggy clusters. सखड़ा करना; छोटे २ लम्बे टुकड़े कर के गुच्छे बना कर लटकाना।

shag bark -बार्क *n.* एक प्रकार का अखरोट के वृक्ष के आकार का वृक्ष जिसकी लकड़ी मेज़ कुर्सी बनाने के काम आती है।

shagged शैग्ड *adj.* rough. रूखड़ी।

shaggily शैगीली *adv.* रुक्षता से।

shagginess शैगीनेस *n.* रुक्षता; खुरदरापन।

shaggy शैगी *adj.* (*comp.* shaggier, *sup.* shaggiest) मोटे रोवे का; खुरखुरा; रुक्ष; टेढ़ा-मेढ़ा लगा हुआ।

shagreen शैग्रीन *n.* untanned leather made from the skin of horse or ass; usually dyed in green. बिना धुला हरे रंग का घोड़े या गधा का चमड़ा।

shagroon शग्रून *n.* an original setteler in New Zealand of other than English origin. न्यूजिलैण्ड में अंग्रेजों को छोड़ कर पहले पहल बसने वाला आदि वासी।

shah शाह *n.* the king of Persia. ईरान देश के राजा की उपाधि।

shairn शेर्न *n.* cowdung. गोबर।

Shaitan शैतान *n.* satan; an evil spirit; a dust storm; a devilish person. शैतान; भूत प्रेत; राक्षस; तूफान; धूर्त व्यक्ति।

shake शेक (*p. t.* shock & *p. p.* shaken) to shiver; to make tremble; to split; to weaken; to shalter, to excite; to injure by a shock; to discard; to make tremulous. कांपना, झकझोरना, अलग करना; मन्द करना; एक दम गड़बड़ कर देना; उद्विग्न करना; विचलित हो जाना; झटके से दरार पड़ जाना; छुटकारा पाना, थर्राना; *n.* प्रकम्पन; चट्टान, लकड़ी या और किसी वस्तु की दरार; झकझोर; झटका; भूकम्प सोदा।

of no great shake : कोई बड़ी बात नहीं।

shake down : हिला हिला कर बैठा कर भरना सफरी बिस्तरा।

to shake hands : हाथ मिलाना।

to shake off dust of from one's feet : सब सम्बन्ध त्याग देना।

to shake the head : असहमत होने पर सिर हिलाना।

to shake up : मिश्रित करना।

to shake about : अस्थिर करना, हिला देना।

to shake in one's shoes . भय से कांपना।

to shake off : छुटकारा पाना।

to shake one's confidence शंका युक्त करना।

to shake out : बर्तन खाली करना

te shake hands with : विदा लेना।

shakable -एबल *adj.* व्यग्र; उद्विग्न।

shaker -अर *n.* हिलाने वाला।

shake rag रैग *n.* फटे हाल व्यक्ति, गंवार।

shakily -लीं *adv.* अस्थिरता से।

shakiness -नेस *n.* अस्थिरता; ढीलापन।

shaking शेकिंग *n.* व्याकुलता, व्यग्रता; थरांहट।

Sakespearian, Shakesperian, shakespearean शेक्सपीयरिन *adj* relating to Shakespeare or his works. कविसम्राट शेक्सपीयर या उसकी वर्णन शैली से सम्बन्धित।

shako शेकों *n.* a cylindrical military cap एक प्रकार की बेलन नुमा ऊंची सैनिक टोपी।

shaky शेकी *adj.* चंचल, अस्थिर, ढीला प्रकम्पनशील; क्षीण।

shale शेल *n.* a shell or husk, a fragile rock resembling slate. सीप; छिलका; सलेट के आकार की परतों मे सहज ही मे टूट जाने वाला एक प्रकार का पत्थर।

shall शैल *verb.* used an auxiliary in the simple future tense denoting command and obligation in the second and third person. क्रिया (गा) जो मध्यम और अन्य पुरुष के साथ आज्ञा या अनिवार्यता का और भविष्यत्त का द्योतक है।

shallon -लन *n.* An American shrub एक प्रकार की अमरीका में उगने वाली बूटी।

shallon लून *n.* a light woollen fabric. अस्तर लगाने योग्य एक प्रकार का पतला ऊनी कपड़ा।

shallop -लप् *n.* a small light boat एक प्रकार हल्की छोटी नाव।

shallot, shalot -लॉट **eschalot** एशेलॉट *n.* a species of plant like onion एक प्रकार का प्याज की तरह का पौधा।

shallow शेलो *adj.* of no great depth; superficial; trivial, not wise. छिछला; तुच्छ; ओछा; बुद्धहीन। *n.* a shallow place in a body of water; a shoal. छिछली

जगह; पुलिन। *adv.* to no great depth कम गहराई में। *v. t. & v. i.* to make or grow shallow. छिछला करना; छिछला हो जाना।
shallow brained : कम बुद्धि का।
shallowly *-lī adv.* कम गहराई में।
shallowness *-nas n.* छिछलापन; तुच्छता।
shalm *shām n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का वाद्य-यन्त्र।
shalt *shŏlt* second person singular of shall.
sham *shăm v. t & v. i.* to pretend falsely; to feign; to impose. झूठा बहाना करना; कपट करना, बनना; जमाना। *n.* झूठे बहाने; नकल, जाल; निराशाजनक वस्तु।
shama *shāmā n* a kind of Indian singing bird. एक प्रकार की भारतीय चिड़िया; शामा।
shaman *shāmăn n.* a wizard priest of Northen Asia. उत्तरी एशिया का पाखण्डी पुरोहित जो जादू टोना करता है।
shamanic *shāmĕnĭk adj* उपरोक्त पुरोहित से सम्बन्धित।
Shamanism *shāmĕnĭzm n.* उत्तरी एशिया का एक धर्म जिसमें जादू टोने इत्यादि पर विश्वास किया जाता है।
shamanist *shāmĕnĭst n* उपरोक्त धर्म में विश्वास रखने वाला व्यक्ति।
shamble *shămbl v. i* to walk in an unsteady gait. पैर घसीटते हुए भद्दी तरह से चलना; *n* a shambling walk, *(pl)* a place where butchers kill animals; any place of execution, a place marked by great destruction, a market; a slave market. भद्दी चाल; कसाई खाना; वध स्थान; फांसी देने का स्थान; विध्वंस किया हुआ स्थान; हाट; गुलाम बेचने का बाजार।
shambling *shămblĭng adj* भद्दी चाल चलना।
shame *shām n.* a painful sense of guilt caused by consciousness of guilt; fear of incurring disgrace, disgrace, the cause of shame. शर्म; लज्जा; लज्जित होने का डर, अपमान; लज्जा का कारण; *v.t & v. t.* to disgrace, to be ashamed, to goad someone to an action with shame. लज्जित करना; निरादर करना; लज्जित कराकर कोई काम करवाना।
for shame : तुम्हें लज्जित होना चाहिए।
to put to shame : लज्जित करना।
to think shame : लज्जित होना।
to kill the truth and shame the devil सचाई पर दृढ़ रहकर शैतान को लज्जित करना।
shame faced *-fāsd adj* संकोची, लज्जाशील।
shamefacedly *-lī adv* संकोच से; लज्जा से।
shamefacedness *-nas n* संकोच, लज्जा।
shamefull *-fŏl adj* निरादरपूर्ण, लज्जित।
shamefully *-lī adv.* लज्जाजनक।
shamefullness *-nas n* लज्जा, निरादर।
shameless *-las adj* निर्लज्ज।
shamelessly *-lī adv.* लज्जा छोड़कर।
shamelessness *-nas n.* निर्लज्जता।
shammer *shămăr n.* an imposter छली, कपट करने वाला।
shammy *shămī n.* (in full shammy-leather) a piece of soft leather made from sheepskin. पहाड़ी बकरे अथवा भेड़ की खाल से बनाया हुआ नर्म चमड़े का टुकड़ा।
shamoy *shămoi v.t.* to prepere a soft leather piece by working in oil. उपरोक्त भेड़ की खाल के चमड़े को तेल में भिगोकर नर्म बनाना।
shampoo *shămpū v. t.* to wash and rub; to message; to wash hair of the head. धोकर मलना; मालिश करना; साबुन से सिर के बाल धोना; *n.* a shampooing of the head. सिर धोने का कार्य।
shampooer *-ăr n.* मालिश करने वाला।
shampooing *-ĭng n.* मालिश।
shamrock *shămrŏk n.* the national emblem of Ireland; a kind of trefoil. आयरलैण्ड का राष्ट्रीय चिन्ह; एक प्रकार की त्रिपत्ती वाली घास।
Shan *shān n.* a member of a people of akin to the Siamese in China, Burma and Assam श्याम के निवासियों की आकृति के लोग जो चीन, बर्मा और आसाम में रहते हैं।
shand, shan *shănd* (*d*) a base coin. खोटा सिक्का।
Shandry *shăndrī n.* a light cart on springs. स्प्रिङ्ग लगी हुई एक हलकी गाड़ी।
shandrydan *-dăn n.* a kind of two wheeled vehicle. एक प्रकार की दो पहिए वाली गाड़ी
shandygaff *shăndīgăf n.* (also shandy) a mixture of bear and lamonade. लैमन (नीबू) का सोडा मिली हुई जौ का शराब का मिश्रण
shanghai *shăngăhī v. t.* to make drunk and ship as a sailor नशा करके नाविक की तरह जहाज चलाना।
shank *shănk n.* the part of the leg between knee and the ankle; the long part of any tool; vertical part of a bird's leg, the middle part of the sole of a shoe; the footstalk of a flower. नरहर; टांग की नली. पिण्डली, किसी औजार का लम्बा भाग; पक्षी के पैर का खड़ा भाग; जूते के तल्ले का बीच का भाग; फूल की डण्ठी।
on shank's mare : पैदल।
shank bone *-bōn n.* पिण्डली।
shanked *shănkd adj.* डण्ठीदार।
shanny *shănī n.* a kind of fish found in Europe. एक प्रकार की योरुप में पाई जाने वाली मछली।
shan't *shănt* v the contracted form of shall not शैल नोट का संक्षिप्त रूप।
shantung *shăntŭng n* a pkun rough cloth. एक प्रकार का सादा मोटा कपड़ा।
shanty *shăntī n* a roughly built hut. झोपड़ी; कुटीर; मड़ई।
shantyman *-măn n.* झोपड़ी में गाने वाला व्यक्ति
shape *shāp v t.* to form; to create; to mould, to devise or regulate. बनाना; उत्पन्न करना; साचे में ढालना; नियम पर चलाना। *v i* to become suitable for; to have a shape. उपयुक्त होना; आकार होना; *n.* form; outer appearance. मूर्ति; आकार; बाहरी आकृति।
in any shape or form : बिलकुल ही।
to shape one's course : अपना मार्ग स्वयं बनाना।
in the shape of . आकार का; भेष में।
to take shape : किसी नियमित मार्ग पर अग्रसर होना।
shapeable, shapable *-bl adj.* आकार देने योग्य।
shaped *-d adj.* आकार युक्त, बना हुआ।
shapeless *shāplĕs adj.* निराकार; कुरूप।
shapelessly *-lī adv.* निराकार से।
shapelessness *-nĕs n.* निराकृति।
shapeliness *-lĭnĕs n* सुरूपता।
shapely *-lī adj.* सुडौल; सुरूप।
shaper *-păr n.* a turning machine. खरादने की मशीन; खराद।
shaps *shăps n.pl.*short form of chaparejos meaning cowboy's leather riding leggings चरवाहे के घुड़सवारी के लिए जूते से घुटने तक लगाने का चमड़ा।
shard *shārd n.* (Shakes.) a piece of cowdung; a broken piece of pottery; a bettle's wings. case. गोबर का उपला; चीनी के बर्तन का टूटा हुआ टुकड़ा; झींगुर के पंखों का सिरा जो उसके शरीर से लगा होता है।
shard beetle *-bītl n.* गोबर में अण्डे देने वाला एक प्रकार का कीड़ा।
shard borne *-bōrn adj* गोबर में उत्पन्न हुआ।
shardered *-d adj.* गोबर के नीचे दबाया हुआ
share *shār n.* a par separated from the whole; a fixed amount by which one can subscribe to the capital of limited company; the blade of a plough. अंश; हिस्सा, भाग; किसी व्यापारिक संस्था के मूल धन का एक भाग, हल का फल; *v.t. & v.i.* to divide into several parts; to part among others in due proportion; to partake with others; to get a part of income. कई भागों में विभक्त करना; विभाग करना, हिस्सा देना; सहकारी होना; आमदनी का हिस्सा पाना, भागी होना शरीक होना।
share out : हिस्सों में बांटना।
share pusher : वह व्यक्ति जो किसी व्यापारिक संस्था के हिस्से गैरकानूनी ढंग से बेचने की कोशिश करता है।
go shares : बराबर बराबर बांट लेना।
share and share alike : बराबर हिस्सों में।
fair share : उचित अंश।
lion's share . अधिक भाग।
share bone *-bōn n.* गुर्दे के नीचे के भाग का खोखला हिस्सा।
share capital *-kăpĭtl n.* व्यापार में हिस्से बेचने से कमाई हुई आमदनी।
share holder *-hōldăr n.* साझी, हिस्सेदार, अंशभागी।
shareman *-măn n.* वह माझी जो पकड़ी हुई मछलियों की बिक्री का साझीदार होता है।
sharer *-răr n.* हिस्सेदार, अंश भागी।
share-warrant *-wŏrănt n.* अंशाधिपत्र।
shark *shārk n.* a kind of large sea fish; a person dangerous to sailors,a swindler; a cheat; a trickster. एक प्रकार की

बड़ी सामुद्रिक मछली; मल्लाहों के लिए खतरनाक व्यक्ति; ठग; धोखे बाज; चालाक; *v. t. & v. i.* to play the cheat; to take away;to act with fraud. ठगी करना; उठा ले जाना; कपट व्यवहार करना।

shrak's mouth : मस्तूल का छिद्र।

sharker *-र n.* कपट करने वाला व्यक्ति।

sharking *शार्किङ्ग n.* कपट से धन एकत्रित करना

shark oil *शार्क ऑयल n.*शार्क मछली का निकाला हुआ तेल।

shark skin *-स्किन n.* शार्क मछली की खाल।

sharn *शार्न* cowdung. गोबर।

sharny *शार्नी adj.* गोबर का।

sharny peat : गोबर में कोयला मिलाकर थोपा हुआ उपला।

sharp *शार्प adj.* pointed; having a very fine edge; well defined;clear cut;acute pungent; piercing; severe, sensitive; keen witted;shrill never relaxing one's vigilance for one's interests. नुकीली: तेज धार का; साफ साफ बना हुआ; सफाई के साथ छटा हुआ; तीव्र; चरपरा; कर्कश; मर्मभेदी; तीक्ष्ण सतर्क; तीक्ष्ण बुद्धि; ऊंची; (आवाज) स्वार्थ का पक्का। *v. i.* to play the cheat. ठगी करना *adv.* punctually. ठीक समय पर; *n.* a fine pointed sewing needle; a shrill sound

sharp practices . बेईमानी करना।

sharp's the word : तेज होना।

sharp tailed grouse अधिक लम्बी पूंछ वाला बत्तख।

sharp cut *-कट adj.* सफाई के साथ बना हुआ, सफाई के साथ कटा हुआ।

sharp edged *-एज्ड adj.* नुकीला।

sharpen *-न v t.&v.t.* to make or become sharp. तीक्ष्णता होना या बनाना।

sharpener *-नर n.* तेज करने वाला; पेंसिल बनाने का चाकू।

sharper *-पर n.* ठग, धोखेबाज।

sparp eyed *-आइड adj.* चतुर; सतर्क।

sharp ground *शार्प-ग्राउण्ड adj.* नुकीला बनाया हुआ।

sharping *-शार्पिङ्ग n.* धोखेबाजी करना।

sharpish *-श adj.* नुकीला; तेज धार का।

sharp looking *-लुकिङ्ग adj.* भूखा दिखाई देने वाला।

sharply *-ली adv.* तीक्ष्ण से रूखे पन से।

sharpness *-नेस n.* तीखा पन।

sharp nosed *-नोज्ड adj* लम्बी नाक वाला।

sharp pointed *शार्प-पॉइंटेड adj.* नुकीला, नोक वाला।

sharp set *सेट adj.* भूखा।

sharp shod *-शॉड adj.* जूते में कील लगवाए हुए जिससे फिसलने से बचा जा सके।

sharp shooter अच्छा निशाने बाज।

sharp shooting *शार्पशूटिङ्ग n.* पक्का निशाना लगाना।

sharp sighted *शार्प साइटेड adj.* तीक्ष्ण दृष्टि वाला।

sharp toothed *-टूथ्ड adj.* तेज दांत वाला।

sharp visaged *-विसेज्ड adj.* पतले चेहरे वाला।

sharp witted *-विटेड adj.* तीक्ष्ण बुद्धिवाला।

shastra *शास्त्र;शास्ट्रा n.* a holy writting शास्त्र।

shatter *शॅटर v.t* to scatter, to wreck; to dash to pieces बखेरना; तोड़ना;नष्ट करना; टुकड़ों में तोड़ना। *v.i.* to break into pieces छोटे छोटे टुकड़े बनाना। *n.* a fragment; an impaired state. टुकड़े; खराब हालत; दीन अवस्था।

shatter brained *ब्रेन्ड adj.* सनकी।

shatter proof *प्रूफ adj.* टूटने से बचाने वाला।

shattery *शॅटरी* शीघ्र टूटने वाला भुरभुरा; क्षण-भंगुर।

shauchle *शाव्हल v.i. & v.t.* to shuffle; to put out of shape; to put down at heel. मिला देना; आकृति बिगाड़ देना; एड़ी के नीचे दबाकर पीस देना। *n.* shuffling gait; a down at heel shoe मिलाने का ढंग; नीची एड़ी का जूता।

shave *शेव v.t.* (*p.a.* shaved or shaven)to remove hair with razor; to cut in thin slices, to pare the surface of; relieve some one of the hairs of chin a float along the surface; to deprive some one of something. हजामत बनाना छोटे टुकड़ों में काटना; छीलना; दाढ़ी बनाना; पानी के ऊपर झिलझिलाना; अपहरण करना। *n.* the act of shaving; a narrow escape: a narrow failure,a financial deception हजामत बनाने का कार्य; बाल बाल बच जाना; जरा सी बात के लिए होने वाली असफलता; रुपये पैसे का धोखा।

shave grass *-ग्रास n* एक प्रकार की हौर्सेड में पाई जाने वाली घास।

shaveling *-लिङ्ग n.* a shaven person; a monk. सिर मुड़ा हुआ; मनुष्य वैरागी; पादरी।

shaven *-न adj.* हजामत बना हुआ; चिकना बना हुआ।

shaver *-र* हजामत बनाने वाला, नाई; बाल काटने वाला; धूर्त व्यापारी।

shavie *-वी n.* a trick. चालाकी; धोखा।

shaving-ब्रश *n.*उस्तरे से हजामत बनाना; एक पतला टुकड़ा।

shaving brush-*ब्रुश n.*हजामत बनाने का साबुन लगाने का ब्रुश।

shaving soap-*सोप n.*हजामत बनाते समय लगाने का साबुन।

shaving stick *-स्टिक n.*एक बेलन की तरह हजामत बनाने के साबुन की टिकिया।

Shavian *यन adj.* pertaining to the dramatist George Bernard Shaw. जार्ज बर्नेडशाह नाटककार से सम्बन्धित।

shaw *शॉ n.* a small thicket. a show; appearance; the above ground parts of a potato plant. एक छोटी जंगली झाड़ी; दिखावा; आकृति; आलू के पौधे का भूमि के ऊपर निकला हुआ भाग;*v.t.*to show. दिखाना।

shawl *-ल n.* a loose woollen covering for the shoulders. शाल दुशाला; *v. t.* to wrap in a shawl. दुशाले में लपेटना।

*Paisley shawl*कश्मीर शाल की तरह बने स्काटलैंड के शाल।

shawl less *लस adj.* बिना दुशाले का।

shawl pattern *-पैटर्न n.* एक प्रकार के कढ़े हुए दुशाले का नमूना; कश्मीरी शाल।

shawl waist coat *-वेस्ट कोट n.* एक प्रकार का जाकट जिसके शाल की तरह कपड़ा लगा होता है।

shawm *शॉम* **shalm** *शाम n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का वाद्य-यन्त्र।

Shawnee *शॉनी n.* a tribe mostly found in Oklahoma. ओक्लेहोमा में पाई जाने वाली आदिवासियों की एक जाति।

shawnee-wood *-वुड n.* एक प्रकार का इमारती लकड़ी का पेड़।

shay *शे n.* a light open carriage for one or moro persons. एक या इससे अधिक व्यक्तियों के बैठने की एक प्रकार की हल्की गाड़ी।

shchi, shtchi *शी n.* a cobbage soup. गोभी का बनाया हुआ हलुआ।

she *शी pron. & fem.* (*obj.* her, poss. hers, her. *pl.* they) the female. वह स्त्री; यह स्त्री।

she-ass *-आस n.* (*fem.*) गदही।

she-goat बकरी।

she-sparrow चिड़िया।

shea *शी, शीआ n.* a kind of African tree. एक प्रकार का अफ्रीका में पाया जाने वाला वृक्ष।

sheading *-डिङ्ग n.* one of the six divisions of the Isle of Man. मानद्वीप के छः भागों में से एक भाग।

sheaf *शीफ n.* (*pl.* sheaves) a bundle of things bound side by side esp. of corn; a bundle of arrows. पाल का बोझा; नाज का बोझा; किसी वस्तु को लम्बे रख कर बांधा हुआ बोझा; तीरों का बराबर रख कर बांधा हुआ बण्डल।

v. t. to bind into sheafs. बोझा बांधना।

sheafy *शीफी adj.* (also sheaved) बोझे में; बण्डल बना हुआ; पाल का बना हुआ।

sheal, sheel, shiel *शील* **shill** *शिल v. t.* to husk. छिलका उतारना।

shealing *-लिङ्ग n.* a small cottage or hut एक छोटी कुटिया।

shealing-hill *-हिल n.* वह ऊंचा स्थान जहां अन्न सोसाया जाता है।

shear *शीयर v. t.* (*pa t.* sheared or shore *pa. p.* shorn or sheared) to cut with shears; to reap; to clip with scissors. कैंची से काटना; फसल काटना, कैंची से बेकार ऊपर का भाग काटना। *n.* the material got by shearing; shaving a pair of big scissors. छांटन; कतरन; एक प्रकार की बड़ी कैंची।

shear-bill *-बिल n.* एक प्रकार का पक्षी।

shearer *-रर n.* रोवा या दहनी इत्यादि काटने वाला: बाल काटने वाला।

shear-hog *-हॉग n.* वह भेड़ जिसके पहले बाल काट दिये गए हों और दूसरी दफा बाल काटने हो

shear-hulk *-हल्क n.* बिना मस्तूल का जलपोत।

shear-leg *-लेग n.* जलपोत के आगे के भाग से चलाने के चप्पू।

shearing *-रिंग n.* फसल काटने का कार्य।

shearling *-लिङ्ग n.* एक बार बाल उतारी हुई भेड़

shearman *-मॅन n.* कपड़े के ऊपर का रोआं हटाने वाला व्यक्ति।

shears *-र्स n.* (*pl.*) a cutting or clippmg instrument with a pair of blades, a

strain produced by pressure. कैंची; कतरनी; किसी वस्तु पर दबाव का असर।

shear steel *-स्टील n.* कैंची बनाने का इस्पात।

shear-water *-वाटर n.* पानी मे तैरने वाले पक्षियों की एक श्रेणी।

sheart *शार्ट interj.* for God's heart. ईश्वर का दिल।

sheat-fish *शीट-फिश* **sheath-fish** *शीथ-फिश n.* a kind of large fresh-water fish. एक प्रकार की मीठे पानी मे पाई जाने वाली बड़ी मछली।

sheath *n.* a case for a sword, a scabbard. a covering membrane of the body. खड्ग कोष; मियान; शरीर का खोल।

sheathe *शीद v. t.* to encase; to put into a sheath. खोल में रखना; मियान में रखना।

to sheate the sword युद्ध समाप्त करना।

sheathed *-डड adj.* मियान में रखा हुआ।

sheathing *-दिंग n.* मियान में रखने का कार्य; जलपोत के तले पर चढ़ा हुआ आवरण।

sheath-knife *-थ-नाइफ n.* मियान में बन्द चाकू

sheathless *-लैस adj.* बिना मियान का।

sheathwing *-विङ्ग adj.* दो पर वाला कीड़ा।

sheave *-व n* the grove in a pulley. पहिए में की गरारी।

shebang *-बैंग n.* a room; a hut; a vehicle; an affair. कमरा; झोपड़ी; गाड़ी; मामला।

Shebat *-बाट n.* (also sebat) the fifth Jewish month between January and February. जनवरी और फरवरी के बीच में आने वाला यहूदियों के साल का पांचवां महीना।

shebeen *-बीन n.* an illicit liquor shop. गैर कानूनी तौर पर मदिरा बनाने की दुकान। *v. t.* to keep a shebeen. उपरोक्त दुकान रखना।

Shechinah *-कीना n.* the devine presence ईश्वर का हर जगह होना।

shecklaton *शेक्लेटन n.* a gilded leather used for making embroidered jacks. सुनहरी चमड़ा जो चमड़े की जाकेट में कशीदाकारी करने के काम आता है।

shed *शेड v. t.* (*pr. p.* sheding, *pa. t.* & *pa. p.* shdd) to separate; to cast off to leave off, to emit; to spill. अलगाना, छोड़ना; निकालना; छोटे देना। *v. t.* to cast; to let fall. झड़ना, गिरने देना। *n.* a parting of the hairs; one storey building for storing goods etc. सिर के बाल गिरना; एक मन्जिला सामान इत्यादि रखने का गोदाम। *adj.* cast; split; emitted. छोड़ा हुआ; अलगाया हुआ, निकाला हुआ।

shedder *शे डर n.* फैलाने वाला; गिराने वाला; एक प्रकार की मछली।

shedding *-डिंग n.* एक मन्जिला गोदाम या घर

sheel *-ल v. t* to husk छिलका उतारना।

sheen *-न n.* brightness; radiance glistering attire. चमक; प्रकाश; भड़कीली पोशाक। *v. i.* to shine; to glean. चमकना, प्रकाश देना; भड़कना।

sheeny *-नी adj* सुन्दर; चमकीला।

sheep *-प n* (*pl.* heep) a animal covered with wool; a leather made from the hide of the sheep; a tunid person having no initiative a timid animal. भेड़; भेड़ का चमड़ा; डरपोक मूर्ख व्यक्ति, एक एक डरपोक जानवर।

black sheep किसी संस्था या वंश बदनाम करने वाला व्यक्ति।

sheep without a shepherd बिना नेता का दल।

to cast sheep's eyes प्रेम दृष्टि डालना।

to follow like sheep भेड़ चाल चलना; नकल करना; अनुकरण करना।

sheep-biter *-बाइटर n.* भेड़ों को तंग करने वाला अथवा काटने वाला कुत्ता; तङ्ग करने वाला जमादार।

sheep-biting *-बाइटिंग n. & adj.* नीच व्यक्ति; आश्रितों को हानि पहुँचाने वाला।

sheep-cote *-कोट n.* भेड़ो के चरने का घेरा।

sheep-dip *-डिप n.* भेड़ों को निहलाते समय पानी में डालने की कीटाणु नाशक औषधि।

sheep-dog *-डॉग n.* भेड़ों की रखवाली करने वाला कुत्ता जो विशेषकर इसी काम के लिए पाला जाता है।

sheep-faced *-फेस्ड adj.* लज्जा शील और डरपोक।

sheep-farmer *-फार्मर n.* भेड़ पालने वाला किसान; गड़ेरिया।

sheep-fold *-फोल्ड n.* भेड़ों के चरने का बाड़ा।

sheep-hook *-हुक n.* गड़रिये का भेड़ पकड़ने का कांटा।

sheepish *-शिश adj.* भेड़ के सदृश्य; शर्मीला।

sheepishly *-ली adv.* भेड़ के रूप में; लज्जा से।

sheepishness *नैस* लज्जालुता; शर्मीलापन।

sheep ked *-केड n.* भेड़ का खून चूसने वाली एक प्रकार की मक्खी।

sheep louse *-लाउज n.* (*pl.* sheep lice) एक प्रकार का भेड़ों के लग जाने वाला कीड़ा।

sheep master *-मास्टर n.* भेड़ों का मालिक।

sheep pen *-पेन n.* भेड़ों को दाना खिलाने का टब

sheep plant *-प्लान्ट n.* एक प्रकार का पौधा जिसे भेड़ बहुत चाव से खाती है।

sheep-pox *-पाक्स n.* भेड़ों को हो जाने वाली चेचक

sheep-rot *-रॉट n.* जिगर मे हो जाने वाला एक रोग

sheep run *-रन n.* भेड़ों के चरने की चरागाह।

sheep's bit *-बिट n.* एक प्रकार का पौधा जिसके नीली गांठे होती हैं।

sheep scab *स्कैब n.* एक प्रकार का भेड़ों का रोग जो चूहों से लग जाता है।

sheep scoring *स्किंग n.* प्राचीन गड़रियों द्वारा भेड़ गिनने का तरीका।

sheep's eye *-आई n.* विनम्र; लज्जायुक्त और प्रेम पूर्ण नेत्र।

sheep's foot *फुट n.* एक प्रकार का छापे खाने मे काम आने वाला लकड़ी का हत्थोड़ा या मुगरी।

sheep shank *-शेन्क n.* भेड़ के पैर।

sheep's head *-हेड n.* भेड़ के सिर; एक प्रकार की मछली।

sheep shearer *-शियरर n.* भेड़ के ऊपर से ऊन उतारने वाला।

sheep shearing *-शिंग n* भेड़ पर से ऊन उतारने का कार्य।

sheep silver *-सिल्वर n.* भेड़ों पर ऊन इत्यादिक उतारने का अधिकार लेने के लिए दिये हुए रुपये।

sheepskin *स्किन n.* भेड़ की खाल; भेड़ की खाल का बना चमड़ा।

sheep stealer *-स्टीलर n.* भेड़ चुराने वाला।

sheep stealing *-स्टिलिंग n.* भेड़ चुराने का पेशा।

sheep-tick *-टिक् n.* एक प्रकार का कीड़ा जो भेड़ों के बालों में लग जाता है।

sheep track *-ट्रैक n.* भेड़ों का चरागाह जाने और और आने का रास्ता।

sheep walk *-वॉक n.* भेड़ों की चरागाह

sheep wash *-वाश n.* भेड़ों को निल्हाने के लिए पानी में डालने की दवा।

sheep whistling *लिंग adj.* भेड़ पालना।

sheepy *-पी adj.* भेड़ के सदृश्य; शर्मीला।

sheer *-यर adj.* mere; precipitous; unadulterted; having no break; unmitigated. *adv.* at once; perpendicular; outright.to devicate from the right path. केवल; सिर्फ; सीधा खड़ा हुआ विशुद्ध; लगातार; अविरल; अक्षत; एक दम नतक्षण, सीधे; एक दम साफ। ठीक रास्ते से अटक जाना।

sheer off: बोल चाल बन्द कर देना, साथ छोड़ देना।

sheer hulk *-हल्क n.* बिना मस्तूल का जलपोत।

sheer leg *-लॅग n.* जहाज के अगले भाग मे चलाने के चप्पू।

sheerly *-ली adv.* तत्क्षण; सीधे; साफ।

sheers, shears *n.* जलपोत में भारी वजन उठाने का एक यन्त्र।

sheet *n.* a large and thin piece of anything; a rectangular piece of cloth used in bad; a wide expanse of water a piece of paper; a newspaper; a sail; a paper attached to the lower corner of a sail; (in *plu.*) the part of a boat between the stern and thwarts. *v. t.* to wrap or cover with sheet *v. i* to form or run into a sheet. *adj.* in the form of a sheet; printed on a sheet चादर; किसी वस्तु का पतला और बड़ा टुकड़ा; बिस्तरे की चादर; जल का विस्तार; कागज का तख्ता; समाचार पत्र; पाल; पाल के निचले सिरे पर बंधा हुआ रस्सा; नाव के अगले भाग और बीच के भाग का हिस्सा। चादर मे समेटना या या ढकना। हिस्सा; चादर बनाना। चादर की आकृति का; चादरों या कागज के नाव पर छपा हुआ।

a sheet or three sheets in the wind: नशे मे चूर।

sheet anchor *-एंकर n.* an anchor for an emergency; a chief support; the last refuge. तूफान इत्यादि में काम लाया जाने वाला जहाज का सब से बड़ा लंगर; मुख्य आधार; अन्तिम सहारा।

sheet copper *-कॉपर n.* तांबे की बनी हुई चद्दर।

sheeted *-टेड adj.* चादर की तरह फैला हुआ।

sheeting *-टिंग n.* बिस्तरे पर बिछाने की चादर का कपड़ा।

sheet iron *-आयरन n.* लोहे की चादर।

sheet lead *-लेड n.* सीसे की चादर।

sheet lightening *-लिग n.* दूर से दिखाई देने वाली बिजली की चमक।

sheet metal *मेटल n.* धातु की बनी चादर।

sheet rubber *-रबर n.* रबड़ की चादर ।
sheikh, sheik *-क n.* as arab chief, Hindu converted to Islam. अरब देश का एक मुखिया; हिन्दू जिसे मुसलमान बना लिया गया हो ।
sheiling *-लिंग n.* a shepherd's summer hut. गड़रिया की ग्रीष्म ऋतु में रहने की झोपड़ी ।
shekel *-कल n* a Jewish weight and coin; money. यहूदियों का एक प्राचीन वजन या सिक्का; रुपया; धन ।
shekinah, shechinah *-कीना n.* the divine presence. ईश्वर का हर जगह होना ।
(also shelldrake, shieldrake; *fem.* shelduck, shelldduck, shellduck) ।
sheldrake *-ड्रेक n.* a kind of a large duck एक प्रकार की बड़ी बत्तख ।
shelf *-ल्फ n.* one of the board in an almirah; a slab of stone or board fixed in the wall for supporting things. plain rocks; a piece of sand bank covered with water. अलमारी का एक खाना तख्ता; निर्माय टांड; समतल चट्टान; छिछला घाट
put on the shelf : ताक पर रख देना; किनारे कर देना ।
on the shelf : विवाह इत्यादि के लिए बचा कर रखा हुआ ।
shelf catalogue *-लॉग n.* वाचनालय की पुस्तकों की सूची जिसे अलमारी के खाना मे रखा जाता है
shelf ful *-फुल adj. n.* अलमारी के खानों मे भरने लायक । *adj.* अलमारियों मे भरा हुआ ।
shelf mark *-मार्क n.* वाचनालय की अलमारी का निशान जो पुस्तक मे लिखा हुआ होता है ।
shelf-room *-रूम n.* अलमारी के खानों के अन्दर की जगह ।
shelfy *-ल्फी adj.* अलमारी के खानों युक्त ।
shell *-ल n.* the hard outer covering; a a husk; a bomb; inner coffin; outline of a plan; a kind of light boat; a cartouch; any frail structure. *v. t.* to separate from the shell to bombard. सीप; घोंघा; कड़ा छिलका, खोपड़ी, तोप का गोला; भीतरी कफन; टाचा; एक प्रकार का हल्की नाव; फारनूस, कोई जल्दी नष्ट होने वाला ढांचा ।
कड़ा छिलका उतारना; गोला बारी करना ।
shell out: कर्जा अदा करना ।
shellac ; shell lac *शेलक शेल-लक n.* lac prepared in thin plates used in making varnish. चपड़ा लाह । *v.t.* to varnish with shellac .चमड़े की वार्निश करना ।
shell back *-बैक n.* एक पुराना नाविक ।
shell bark *-बार्क n.* एक प्रकार का अखरोट की तरह का वृक्ष ।
shell bound *-बाउन्ड adj.* कड़े छिलके से बाहर न निकल सकने वाला ।
shell button *-बटन n.* कपड़ा चढ़ा हुआ बटन ।
shell crater *-क्रेटर n.* तोप के गोले फटने पर भूमि पर बना हुआ छिद्र ।
shelled *-ल्ड adj.* कड़े छिलके वाला; खोलीदार ।
shell egg *-एग n.* कड़े छिलके वाला अण्डा ।
shell fire *-फायर n.* तोप के गोले चलाना ।
shell fish *-फिश n.* कछुआ या घोंघा का आकार का जानवर ।
shellful *-फुल adj.* कड़े छिलके युक्त ।
shell heap *-हीप n.* तोप के गोलों का ढेर ।
shell hole *-होल n* तोप के गोलों से बना हुआ पृथ्वी पर गढ़ा ।
shell ice *-आइस n* वह बरफ जिसके साथ पानी न हो ।
shelliness *-लीनेस n.* कड़ा छिलका होने का गुण ।
shelling *-लिंग n.* बम फेकने का कार्य ।
shell jacket *-जैकेट n.* एक प्रकार की सैनिक जाकट ।
shell less *-लेस adj.* बिना खोली का ।
shell like *-लाइक adj.* तोप के गोले के समान ।
shell lime *-म n.* सिपी घोंघों इत्यादि जलाकर बनाया हुआ चूना ।
shell limestone *-स्टोन n.* ऐसा पत्थर जो मुख्यतः सीपी और घोंघे से बना हो ।
shell marl *-मार्ल* एक सफेद खनिज पदार्थ ।
shell money *-मनी n.* the shells used as money by american aboriginals. प्राचीन अमरीका के आदि वासियों द्वारा मुद्रा की जगह सीप का काम मे लाना ।
shell mound *-माउन्ड n.* सीप घोंघो इत्यादि का ढेर ।
shell ornament *-ऑर्नेमेन्ट n.* सीप इत्यादि के बने हुये जेवर ।
shell parakeet *-पैराकीट n.* (also shell parrot) एक प्रकार का तोता ।
shell proof *-प्रूफ adj.* जिस पर तोप के गोलों का असर न हो ।
shell sand *-सैन्ड n.* समुद्र के किनारे की रेत जिसमें पुराने समुद्री जीवों की हड्डियां का चूरा मिला रहता है ।
shell shock *-शॉक n.* तोप के गोले फटने की आवाज का मस्तिष्क पर असर ।
shell work *वर्क n.* सीप इत्यादि पर किया हुआ काम ।
shelly *-ली adj* कड़ी छाल या सीप के समान ।
shelly coat *-कोट n* न्यायाधीश का हरकारा ।
Shelta *-ल्टा n.* an Irish vagrant's jargon. आयरलैण्ड के घुम्मकड़ के गुप्त मन्त्र ।
shelter *-ल्टर n.* things served as a protection against heat cold etc ; refuge, protection; a defender. शरण; पनाह; आश्रय, रक्षास्थान पनाह देने वाला । *v.t.* to defend; to protect, to cover; to conceal. पनाह देना; रक्षा करना, आच्छादित करना छिपाना ।
sheltered *-र्ड adj.* सुरक्षित; आच्छादित ।
shelterer *-रर n.* पनाह देने वाला; रक्षा करने वाला बचाने वाला ।
sheltering *शेल्टरिंग n. & adj.* पनाह देने का कार्य ।
shelterless *शेल्टर लेस adj.* अनाथ; बिना शरण का ।
sheltery *-री adj.* शरण देने वाला ।
sheltie, shelty *-टी n.* a kind of pony. एक प्रकार का टट्टू ।
shelve *-व v.t.* to put on shelf; to furnish with shelves, to give up thinking about ताक पर रखना; ताकदार बनाना; किसी काम के बारे में सोचना बन्द कर देना । *v. i.* to slope gently. हल्का ढालुवां होना ।
shelved *-ड adj.* ताकदार; तख्तेदार ।
shelving *-विंग n.* ढालुआं; ताक या अलमारी के खाने बनाने का सामान ।
shelvy *-वी adj.* full of rocks, sloping. चट्टानों से पूर्ण ढलुआं ।
shemozzle *-शिमोज़ल n* a mass, a scrap. टूटी फूटी वस्तुएं; गड़बड़ झाला ।
shenanigan *-नीजन n.* trickery. धोखे बाजी
shend *शेन्ड v.t.* to put to shame; to disgrace. शर्मिन्दा करना; अपमान करना ।
she oak *-ओक n.* a kind of casuarina tree एक प्रकार का बलूत का पेड़ ।
Sheol *-ओल n.* the place of the departed spirits of the deed. प्रेतस्थान ।
shepherd *शेफर्ड n.* (*fem.* shepherdess) one who rears sheep ; a pastor. गड़रिया; भेड़ चराने वाला; *v. t.* to tend as a shepherd; to protect one for some one else's interest. हांकना; चराना; किसी अन्य के स्वार्थ की रक्षा करना ।
the good shepherd : ईसा मसीह ।
shepherdism *-डिज्म n.* गड़रिये का जीवन ।
shepherdless *-लेस adj.* बिना गड़रिये के ।
shepherdling *-लिंग n.* एक छोटा गड़रिया ।
shepherd kings *-किंग्स n.* मिश्र देश के प्राचीन राजा जो गड़रिया के राजा कहलाते थे ।
shepherd's check, tartan *चैक, टार्टन n.* एक प्रकार का काला और सफेद चारखाने का नमूना ।
shepherd's club *-क्लब n* एक प्रकार का पीले फूल वाला पौधा ।
shepherd's cress *-क्रेस n.* एक प्रकार का टी के आकार के फूल वाला पौधा ।
shepherd's myrtle *-मिर्टल n.* कसाई की झाड़ ।
shepherd's needle *-नीडल n* एक प्रकार का छाते के आकार का फूल वाला पौधा ।
shepherd's pie *-पाई n.* एक प्रकार की मांस की रकाबी जिसके ऊपर कटे हुए आलू रखे होते है ।
shepherd's purse *-पर्स n.* एक प्रकार का सरकण्डे का पौधा ।
shedherd's rod *-रॉड n* हुकदार गांठो वाला एक पौधा ।
sheppey *-पी n* a cote for sheep. भेड़ रखने का अहाता ।
sherardise *-डाइज v. t* to coat with zinc by heating with zinc dust in absence of air. बुरादे को गर्म करके बिना हवा ने बर्तन में चढ़ाना ।
Sheraton *-टन n.* a style of furniture of the eighteenth century अट्ठारवीं शताब्दी में बनने वाली मेज कुर्सी का एक विशेष ढंग ।
sherbet *-बट n* a drink of water and fruit juices. शरबत ।
sherd *-र्ड n.* a piece of cowdung. गोबर का टुकड़ा; उपला ।
shere *-यर adj.* bright. चमकदार ।
sheriat *-रियट n.* a body of Islamic religious law मुसलमानो के धार्मिक सिद्धान्तों की किताब, शरियत ।
sherif, shereef *-रीफ n.* a descendent of Mohammed through his daughter Fatima; a prince, the Sultan of Moracco; the chief magistrate of Mecca हजरत मोहम्मद की लड़की फातमा का वंशज, राजकुमार, मराको देश का सुल्तान, मक्का का

मुख्य अधिकारिक ।

sheriff *-रिफ़ n.* the king's representative in a shire with wide judicial and executive powers; a chief judge on the county. इंगलैण्ड में जिले का मुख्य हाकिम जो कि राजा का प्रतिनिधि भी होता है; जिले का न्यायाधीश ।
under sheriff : जिलाधीश का सहायक पदाधिकारी ।

sheriffalty *-फ़ैल्टी n.* शेरीफ़ अथवा जिला अधिकारी का पद अथवा उसका कार्यकाल ।

sheriff clerk *-क्लर्क n.* जिला अधिकारी की कचहरी का पेशकार ।

sheriff court *-कोर्ट n.* जिला अधिकारी की अदालत ।

sheriff dispute *-डिस्प्यूट n.* जिला अधिकारी का अधिवक्ता ।

sheriffdom *-फ़डम n.* (also sheriff ship, sheriffhood) जिला अधिकारी का अधिकार क्षेत्र अथवा कार्य काल ।

sheriff principal *-प्रिंसिपल n.* स्काटलैण्ड में जिला अधिकारी का एक नाम ।

sheriff substitute *-सबस्टीट्यूट n.* स्काटलैण्ड में जिलाधीश के पद पर काम करने वाला अधिकारी ।

sherris *-रिस n.* (Shak.) a kind of wine. एक प्रकार की मदिरा ।

sherry *-री n* a white wine grown in Spain and France; a wine of the type. फ्रान्स और स्पेन में होने वाले सफ़ेद अंगूर; उपरोक्त अंगूरों की मदिरा ।

sheuch, sheugh *-शूह n.* a ditch, a drain. खाई, नाली; *v.t.* to plant temporarily. थोड़े समय के लिए पौधा लगाना ।

sheva *शेवा n.* a Hebrew point (◌ॅ) indicating absence of vowels. यहूदियों की भाषा में एक चिन्ह (◌ॅ) जिसका अर्थ स्वर का न होना होता है ।

shew *शो v. t.* to show. दिखाना ।

shew bread *-ब्रेड n.* the twelve loaves offered by Jews weekly in a sanctuary. किसी धार्मिक स्थान पर यहूदियों का १२ रोटी के टुकड़े एक सप्ताह में चढ़ाना ।

shewel *शूअल n.* a scare-crow; a mark to scare deer. बिभीषिका; चिड़िया या पक्षी डराने का पुतला, हरिणों को डराने का पुतला ।

shiah *शिया n.* a Mohammedan sect who believes recognising Ali as Mohammed's successor. मुसलमानों का एक धार्मिक पन्थ जो अली को हजरत मोहम्मद का जगह पैगम्बर अथवा उत्तराधिकारी मानते हैं ।

shibboleth *-बोलेथ n.* a peculiarity of speech; a test word, behaviour or watch-word of a party; an old fashioned doctrine. भाषा बोलने का एक विशेष ढंग; परीक्षा-शब्द, किसी पन्थ का विशेष व्यवहार जिसके द्वारा उसे पहिचाना जाता है, पुरानी रीति

shidder *-डर n.* a female animal. मादा जानवर ।

shied *साइड v. t. pa. p. & pa. t.* of shy. शरमाया हुआ ।

shiel *लील v. t.* to husk. छिलका उतारना ।

shiel, sheal *लील n.* a hut, a shelter. झोंपड़ी, बचाव का स्थान; शरण लेने का स्थान ।

shieling, sheeling *-लिंग n.* a summer grazing; a shepherd's summer hut. पशु चराने की ग्रीष्म ऋतु का स्थान; गड़रिये की ग्रीष्म ऋतु की कुटिया ।

shield *-ल्ड n.* an armour of defence; a protective part; protection, one who protects. ढाल, रक्षा करने वाला भाग; आश्रय; शरण अथवा आड़; *v. t.* to protect. बचाना; रक्षा करना ।
the other side of shield . प्रस्तुत विषय का अनावश्यक अङ्ग ।

shield of brawn सूअर के चमड़े का मोटा अंश जिसमें मांस भी लगा होता है ।

shield-bearer *-बेयरर n.* ढाल रखने वाला ।

shield-bug *-बग n.* एक प्रकार का रेंगने वाला कीड़ा ।

shielder *-ल्डर n* बचाव करने वाला; रक्षा करने वाला ।

shield-fern *-फ़र्न n.* बाड़ लगाने वाली एक प्रकार की झाड़ी ।

shield-hand *-हैन्ड n.* बायां हाथ ।

shieldless *-लेस adj.* निराश्रय ।

shieldling *-लिङ्ग n* आश्रित व्यक्ति ।

shield-maid *-मेड n.* यूनानी धार्मिक कथाओं की एक सैनिक स्त्री ।

shield-shaped *-शेप्ड adj.* ढाल के आकार का ।

shift *-फ़्ट v. t* to manage, to get on; to change ; to change position ; to change one's cloth; to move; to go away. व्यवस्था करना; काम चलाना; स्थान बदलना; कपड़े बदलना; जगह छोड़ना; चले जाना *v. t.* to change; to remove; to dislodge; to transfer; to quit, to put off. परिवर्तन करना; बदलना; हटाना; अदला बदली करना; एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजना; छोड़ना, टालना । *n.* an artifice; a set of persons taking turns with another set; time of working of such sets; a change, a change of position, a removal. उपाय; चालाकी; आदमियों के दल में नियमित समय तक काम करते हैं और उनके स्थान पर दूसरा दल काम करने आता है; उपरोक्त दल का काम करने का समय; परिवर्तन; स्थान का परिवर्तन; नवादला; अलग करना ।
to make a shift किसी प्रकार काम चलाने का प्रयत्न करना ।
to shift about एक जगह से दूसरी जगह जाना
to shift for oneself अपने ऊपर ही निर्भर रहना ।
to make shift जिस तरह से कोई कार्य कर सकना हो ।
to shift one's ground विवाद से कोई नया आधार पकड़ लेना; नई स्थिति धारण करना ।

shifted *-टेड adj.* परिवर्तित ।

shifter *-र n.* धूर्त; कपटी मनुष्य ।

shiftiness *-नेस n.* उपाय हीनता ।

shifting *-टिंग adj.* स्थान बदलने वाला; चञ्चल; अस्थिर ।

shifting-boards *-बोर्ड्स n.* जलपोत इत्यादि में सामान अलग रखने का कमरा बनाने के लिये लगाया हुआ तख्ता ।

shiftingly *-लि dv.* चञ्चलता से; अस्थिरता से ।

shift-key *-की n.* टाइप करने की मशीन में बड़े अक्षर टाइप करने की चाबी ।

shiftless *-लेस adj.* साधन हीन; निरुपाय ।

shiftlessly *-लेसली adv.* बिना साधन के ।

shiftlessness *-नैस n.* साधन हीनता ।

shifty *adj.* कपटी ।

shiite *शाइट n* शिया; अली को मोहम्मद साहब का पैगम्बर मानने वाला मुसलमानों का एक पन्थ ।

shikar *-कार n.* a hunting sport. शिकार ।

shikaree, shikari *-कारी n.* शिकार खेलने वाला; शिकारी ।

shillelah *-लेला n.* the traditional Irishman's oak. एक प्रकार अशोक का वृक्ष जिसको आयरलैण्ड के निवासी पवित्र मानते हैं ।

shilling *-लिङ्ग n.* a coin or its value; 2 pence. शिलिङ्ग; एक सिक्का १२ पेन्स के बराबर होता है ।
take the shilling सरकारी पदाधिकारी से शिलिंग लेकर लाभ पर जाने के लिए नाम लिखवाना ।

shillingless *-लेस adj.* बिना रुपये या शिलिंग के

shillings worth *-वर्थ n.* एक शिलिंग की कीमत के बराबर ।

shilling-shocker *-शॉकर n.* एक शिलिंग में बिकने वाली सनसनी युक्त कहानी की पुस्तक ।

shilly, shally *-ली adj. & adv.* in hesitating manner. आनाकानी या पशोपेश के साथ अस्थिरता से । *n.* vacillation; one who hesitates. डांवा डोल होना, चित्त की अस्थिरता; आनाकानी करने वाला । *v. t.* to act in a irresolute manner. डांवाडोल होना, आनाकानी करना ।

shilly-shallier *-लियर n.* आनाकानी करने वाला व्यक्ति ।

shilpit *-पिट adj.* sickly looking; washy रोगी दिखाई देने वाला, भीगी बिल्ली के समान ।

shimmer *-मर v. t.* to gleam, to sparkle. जगमगाना; चमकना; *n.* twinkling. चमक; जगमगाहट ।

shimmering *-रिंग n.* जगमगाहट; चमक ।

shimmery *-री adj.* चमकदार; जगमगाहट युक्त

shimmy *-मी n* (also shimmering-shake) a kind of shimmering dance. एक प्रकार भड़कीले वस्त्र पहन कर नाचने का नृत्य ।

shin *-न n.* the large bone of the leg below the knee. नरहर की हड्डी, पिंडली की हड्डी *v. i. & v. t.* to climb by gripping between legs; to trudge. पिंडली से पकड़ कर ऊपर चढ़ना; पैदल चलना ।

shin-barker *-बार्कर n.* एक प्रकार का कुत्ता जो पिण्डली पर ही काटता है ।

shin-bone *-बोन n.* पिण्डली की हड्डी ।

shin-guard *-गार्ड n* पिण्डली को बचाने के लिये जरायकवर ।

shin-plaster *-प्लास्टर n.* पिण्डली पर लगाने का फोया; (अमरीका में) छोटी सी मुद्रा के नोट ।

shindy *-डी n.* a disturbance. झगड़ा, उधम
kick up a shindy झगड़ाखड़ा करना, उपद्रव करना ।

shine *शाइन v. i.* (*pa t. & pa. p.* shone, also shined) to give or reflect light; to be brilliant; to be prominent. प्रकाश

देना; चमकना; चमकदार होना; प्रसिद्ध होना। *v. t.* to cause to shine. चमकाना। *n.* radiance, brightness; a sunny day. चमक; प्रभा; साफ दिन।
to take the shine out of प्रभा निकाल लेना; प्रभित कर लेना।

shineless *-लेस adj.* बिना चमक का।

shiner *-नर n.* a new coin. नया चमकता हुआ सिक्का।

shingle *-ग्ल n.* a thin slip of wood; a round pebble lying on sea-shore. लकड़ी का पतला तख्ता; समुद्र के किनारे पड़ा हुआ गोल पत्थर। *v. t.* to cover with shingle; to cut hair of the head very close. तख्ते जमा कर छत बनाना; सिर के बाल महीन काटना।

shingles *-ग्ल्स n. pl.* a kind of skin disease. एक प्रकार का चर्म रोग; दाद।

shining *-निंग adj.* चमकदार; कान्ति युक्त, देदीप्यमान।

shiningly *-ली adv.* चमकदार रूप में।

shingness *-नैस n.* चमक; कान्ति।

shinto *-न्टो n.* the Japanese nature and hero cult. जापानियों की प्रकृति और उनकी धर्म वीरों की पूजा।

shintoism *-इज्म n.* उपरोक्त धर्म का सिद्धान्त।

shintoist *-इस्ट n.* उपरोक्त धर्म का अनुयायी

shinty *-शिन्टी* (also shinny) *n.* a game like hockey. हौकी के प्रकार का एक खेल।

ship *शिप pr. p.* shipping, *pa.p.* shipped) to put on board; to put on a ship; to send away on board a ship. जहाज पर पर लेना; जहाज पर लादना; जहाज पर रखना, जहाज पर लादकर भेजना; *v. i.* to engage on service on board a ship जहाज पर काम करना, *n.* any sea going large vessel. *suf.* forming abstract noun. भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय।
battle ship युद्ध पोत।
to take ship जहाज पर सवार होना।
ship of the desert ऊंट।
on ship board जहाज में या जहाज पर।
ship a sea लहरों का जहाज पर आना।
ship's paper जहाज के आवश्यक कागज जो दूसरे देश की चुंगी पर दिखाने पड़ते हैं।
ship to oars चप्पू उठा कर जहाज में रख लेना।

ship biscuit *-बिस्कट n.* जहाज पर सवार लोगों के खाने की बिस्कुट।

ship board *शिप-बोर्ड n.* जहाज की मंजिल या तल्ला।

ship boy *-बॉय n.* जहाज पर खाना परोसने का नौकर।

ship breaker *-ब्रेकर n.* पुराने जहाज को तोड़कर टुकड़े करने वाला।

ship broker *-ब्रोकर n.* पुराने जहाज का बीमा करने वाला दलाल।

ship builder *-बिल्डर n.* जहाज बनाने वाला।

ship building *-बिल्डिङ्ग n.* जहाज बनाने का पेशा या काम।

ship canal *-केनाल n.* एक बड़ी नहर जिसमें जहाज आ जा सकें।

ship captain *-केप्टेन n.* जहाज का कप्तान।

ship carpenter *-कारपेन्टर n.* जहाज पर काम करने वाला बढ़ई।

ship chandler *-चन्डलर n.* जहाज पर माल बेचने वाला।

ship chandlery *-लरी n.* जहाज पर सामान बेचने का काम।

ship fever *-फीवर n.* जहाज के हिलने से होने वाला ज्वर।

ship ful *-फुल adj.* पूरे जहाज के अन्दर आने वाला।

ship holder *-होल्डर n.* जहाज का मालिक।

shipless *-लेस adj.* बिना जहाज का।

ship letter *-लेटर n.* ऐसे जहाज द्वारा भेजा हुआ पत्र जो डाक नहीं ले जाता हो।

ship load *शिप-लोड n.* जहाज पर ले जाने का माल।

ship man *मैन n.* नाविक जहाजी।

ship master *-मास्टर n.* जहाज का कप्तान।

shipment *-मेन्ट n.* जहाज द्वारा भेजा हुआ माल

ship money *-मनी n.* बन्दरगाहों पर दिया जाने कर।

ship of the line *-ओफ दी लाइन n.* एक प्रकार का डाकू जहाज जो पहले लड़ाइयों में भाग लेता था।

ship owner *-ओनर n.* जहाज का मालिक।

shipped *-ड n.* जहाज द्वारा भेजी गई।

shippen, shippon *शिपन n.* cowhouse; cow-shed. गाय बांधने का स्थान।

shippo *-पो n.* Japanese ware. एक प्रकार का जापानी बर्तन।

shipper *-पर n.* माल का आयत-निर्यात करने वाला व्यापारी।

shipping *-पिंग n.* जहाजों का समूह; जहाजों में सवारी बैठने की कुल जगह; जहाज द्वारा यात्रा करना।

shipping agent *-एजेन्ट n.* किसी जहाज की कम्पनी के लिए बन्दरगाहों पर काम करने वाला।

shipping articles *-आर्टिकल्स n.* जहाज के कप्तान और मल्लाहों का आपसी समझौता।

shipping bill *-बिल n.* जहाज पर लाए हुए माल की सूची।

shipping pound *-पाउन्ड n.* वाल्टिक सागर में जहाजों में सामान खरीदने की प्रचलित मुद्रा।

ship railway *-रेलवे n.* जहाजों को भूमि पर लाने की पटरी।

ship rigged *-रिग्ड adj.* तीन बड़े मस्तूल और पाल युक्त।

shipshape *-शेप adj.* सजा हुआ; सुन्दर; साफ सुथरा।

ship tire *-टायर n.* जहाज के आकार की पहनने की टोपी।

ship way *-वे n.* जहाज का पानी पर उतारने का स्थान।

ship worn *-वोर्न n.* एक प्रकार का कीड़ा जो लकड़ी में छेक कर देता है।

shipwreck *-रैक n.* जहाज का तहस नहस; *v. t.* जहाज को समुद्र में डुबोना या तहस नहस करना।

shipwright *-राइट n.* जहाज पर बढ़ई का काम करने वाला।

shipyard *-यार्ड n.* जहाज की मरम्मत या उसको बनाने का बाड़ा।

shire *शायर n.* a county. इंगलैण्ड का एक विभाग; सूबा; *suf.* denoting a county. देश के भाग अथवा जिला अर्थ वाला एक प्रत्यय।

shire horse *-हार्स n.* एक जाति का मजबूत गाड़ी खींचने का घोड़ा।

shire man *-मैन n.* इंगलैण्ड के सूबे का मुख्य अधिकारि।

shire moot *-मूट n.* इंगलैण्ड के सूबे की अदालत।

shire reeve *-रीव n.* इंगलैण्ड के सूबे का मुख्य पदाधिकारी।

skit *स्किट n.* a humorous hit; a hoax; a lampoon; taunt. व्यंग; हंसी; तिरस्कार।
skite, skyte *-इट v. t.* to glide obliquely तिरछे होकर खिसक जाना;*n.*a glancing blow a queer person. बगल में मारा हुआ घूंसा; अजीब व्यक्ति।
skittish *-टिश adj.* unsteady; fickle;easily frightened. अस्थिर; चंचल; डरा हुआ; भयभीत; डरपोक।
skittishly *-शली adv.* अस्थिरता से।
skittishness *-नेस n.* चंचलता; अस्थिरता।
skittle *-टल n.* the game of nine pins. एक प्रकार का नौ पिनों का खेल। *v.t.* to knock down. धक्का मार कर गिरा देना।
skittle ball *-बॉल n.* उपरोक्त खेल की गेंद।
skittle ground *-ग्राउंड n.*उपरोक्त खेल खेलने का मैदान।
skive *-इव v. t.* to split; to pare: to grind surface of a gem. टुकड़े करना; घिसना; रत्न को रगड़ना।
skiver *-वर n.* टुकड़े किया हुआ; भेड़की खाल का टुकड़ा; चमड़ा फाड़ने का चाकू।
skivie *-वी adj* deranged. तितर बितर; फैला हुआ, अव्यवस्थिति।
skivvy *-वी n.* a disrespectful word for a maid servant. नौकरानी को दी जाने वाली एक गाली।
sklate *-लेट* (also sklent) *n.*a slope. ढाल; *v. i. & v. t.* to lie oblique. झुकना।
skoal *स्कोल conj.* hail ! a friendly exclamation before drinking. पीने से पहले कहा जाने वाला; भिन्नतापूर्ण शब्द जीयो !
skolion *स्कोलियन n.* a short drinking song in ancient Greece. पीते समय गाने का एक प्राचीन यूनानी गाना।
skran *स्क्रैन n.* broken victuals. टूटे हुए बायदे; तोड़ी हुई धार्मिक रीति।
skreen *स्क्रीन n.* screen. पर्दा; आवरण।
skreigh, skriech; skriegh; scraich; scriech *स्क्रीह n. & v. t.* shriek. चीखना; चिल्लाना; चिल्लाहट।
skreigh of day : प्रातःकाल।
skrimshank, scrimshank *स्किमशैंक v. t.* to evade work. काम से बचना; कर्तव्य पालन न करना; *n.* evasion of work. काम से जी चुराने की आदत।
skrimshanker *-शैंकर n.* काम से जी चुराने वाला व्यक्ति।
skua *स्क्यूआ n.* a genus of large gulls. बड़े समुद्री पक्षियों की एक श्रेणी।
skudler; scuddaler; scudler *स्कडलर n.* a

conductor of a festival. उत्सव का प्रबन्धक
skug, scug *स्कग n.* shadow; shelter. छाया; साया; शरण ।
skug *स्कग n.* a squirrel. गिलहरी ।
skulk *स्कल्क v. t.* to lurk; to conceal; to hide. छिपना; दुबक रहना ।
skulker *-र n.* छिपने वाला ।
skulking *-लिङ्ग n.* छिपने का कार्य ।
skulkingly *-ली adv.* छिपते हुए ।
skull *स्कल n.* the bony frame covering the brain. कपाल, खोपड़ी ।
skull cap *-कैप n.* सिर पर ठीक चिपककर बैठने वाली टोपी ।
skulled *स्कल्ड adj.* उपरोक्त टोपी पहने हुए; खोपड़ीयुक्त ।
skunk *स्कंक n.* a small American animal that emits as offensive fluid, its fur; a low fellow. एक प्रकार का छोटा अमरीका का जहरीला जानवर जो जहरीली राल डालता है; इसकी खाल के बाल; नीच व्यक्ति ।
skunk bird *-बर्ड n.* एक प्रकार का रंगीन पक्षी ।
skunk cabbage *-कैबेज n.* एक प्रकार का दुर्गन्ध देने वाला पौधा ।
Skupshtina *-कूपशटीना n.* the Yugoslav national assembly. युगोस्लेविया की राष्ट्रीय संविधान सभा ।
skutterudite *-कूटरूडाइट n.* a cubic mineral. एक प्रकार का स्फटिक खनिज; संखिया ।
sky *स्काई n.* the firmament; the heaven; the blue canopy over our head; climate. गगन मण्डल; स्वर्ग; आकाश; ऋतु; *v.t.* (*p. t.* skid) to throw high up in the air to lift aloft. आकाश में ऊंचा उछालना; ऊंचा उठाना ।
sky aspiring *एस्पायरिंग adj.* स्वर्ग की इच्छा उत्पन्न करने वाला ।
sky blue *-ब्लू adj.* आसमानी रंग का ।
sky born *-बोर्न adj.* पवित्र जन्म का; दैवी उत्पत्ति का ।
sky bred *-ब्रेड adj.* स्वर्ग में पला हुआ ।
sky clad *-क्लैड adj.* नंगा ।
sky colour *-कलर n.* आसमानी रंग ।
sky coloured *-कलर्ड adj.* आसमानी रंग में रंगा हुआ ।
skye *स्काई n.* a small long haired terrier लम्बे बाल वाला एक छोटा शिकारी कुत्ता ।
skyey *स्काईई adj.* आकाश सम्बन्धी; आसमान सा नीला ।
sky-high *-हाई adj.* बहुत ऊंचा ।
sky lark *-लार्क n.* एक प्रकार का चातक पक्षी ।
sky-larking *-लार्किंग n.* खेल में जहाज के चारों ओर इधर उधर दौड़ना ।
skyless *-लैस adj.* आकाश हीन ।
skylight *-लाइट n.* झरोखा; कमरे की छत के पास की खिड़की; रोशनदान ।
sky line *-लाइन n.* क्षितिज ।
sky-parlour *-पार्लर n.* ऊंची दुछत्ती ।
sky-pilot *-पाइलट n.* स्वर्ग का रास्ता दिखाने वाला पादरी; उपदेशक; गुरू ।
sky-planted *-प्लान्टेड adj.* आकाश में स्थित ।
skyr *स्कर n.* curds. जमे हुए पदार्थ; दही ।
skyre *स्काइर v. t.* to shine. चमकाना ।
sky-rocket *-रॉकेट n.* आसमान में जाकर फटने वाली आतिशबाजी ।
sky-sail *-सेल n.* शाही बादबान से ऊपर का बादबान ।
skyscape *-स्केप n.* आकाश का चित्र या नजारा ।
sky-scraper *-स्क्रेपर n.* गगन चुम्बी महल ।
sky-sign *-साइन n.* किसी ऊंची इमारत पर लगा हुआ रोशनी युक्त विज्ञापन के लिए साइन बोर्ड ।
skyte *स्काइट v.t.* to glide obliquely. तिरछा फिसलना ।
sky-tinctured *-टिंक्चर्ड adj.* आकाश के रङ्ग का ।
sky-touching *-टचिङ्ग adj.* गगन चुम्बी ।
sky-ward *-वर्ड* **sky wards** *-वर्ड्स adv.* आकाश की ओर को ।
sky way *-वे n.* वायुमान का उड़ने का मार्ग ।
sky-writing *-राइटिङ्ग n.* वायुयान के धुंए से शब्द बनाना ।
slab *स्लैब n.* a thin flat piece of stone; the outer flank or cut of a log: mud. शिला; फलक; तख्ता; सिल्ली; कोस, फर्रा; कीचड़ । *v. t.* to cut slab from. तख्ते काटना; परत अलग करना । *adj.* semi-liquid गाढ़ा ।
slabbed *स्लब्ड adj.* तख्तों में कटा हुआ ।
slabber *स्लैबर n.* a slaver. थूक; *v. t.* to sup hastily. शीघ्रता से भोजन करना ।
slabberer *-रर n.* शीघ्रता से भोजन करने वाला
slabbery *-री adj.* जल्दी जल्दी भोजन करने से सम्बन्धित ।
slabbiness *स्लैबीनैस n.* दलदल वाला होने का गुण ।
slab-sided *स्लैब-साइडेड adj.* चौरस रुख वाला
slab-stone *-स्टोन n.* एक प्रकार का पत्थर ।
slack *स्लैक adj.* loose, slow; lax; sluggish. ढीला, मन्द; शिथिल; निर्बल; *n.* loose part of a rope; coal dust. *pl.* trousers a cleft between hills. रस्से का ढीला भाग; पत्थर के कोयले की राख; (बहु व०) पाजामे, पहाड़ियों के बीच का फटा हुआ भाग । *v. t. & v. i.* to make loose. ढीला करना । *adv.* partially; insufficiently अपूर्णता से; धीरे से ।
to slack off शक्ति कम करना ।
to slack up गति कम करना ।
slack season शिथिल समय ।
to slack away बन्धन तोड़ देना ।
slack in stays जाने में धीमी रफ्तार का (जहाज) ।
slack bake *स्लैक-बेक v. t.* आधा पकाना ।
slacken *-न v.t.* to abate,to make slower कम करना; मन्द करना; शिथिल करना ।
slackening *-निंग n. & adj.* मन्द पड़ने वाला;
slacker *-न n.* आवारा; इधर उधर घूमने वाला; बदमाश ।
slack handed *-हैण्डेड adj.* सुस्त हाथ का ।
slack jaw *-जॉ n.* बकवास करने वाला ।
slackly *-ली apj.* शिथिलता से ।
slackness *-नस n.* ढीलापन; शिथिलता ।
slack rope *-रोप n.* फेंक कर फन्दा डालने के लिये बनाया गया ढीला फन्दा ।
slack tide *-टाइड n.* लहरों का कम आना ।
slack water *-वाटर n.* शान्त समुद्र ।
slacky *-की adj.* शिथिल; मंद ढीला ।
slade *स्लेड n.* a small valley छोटी घाटी ।
slag *स्लैग n.* dross separated from a metal volcanic lava. धातु का मैल; ज्वालमुखी पर्वत से निकला लावा; *v.t.* to form int a slag. धातु का मैल निकालना ।
slag wool *-वूल n.* गलाए हुए धातु के मैल का बनाया हुआ तार; धातु के रेशे ।
slaggy *-गी adj.* धातु के से मैल सम्बन्धित ।
slain *स्लेन pa. p.* of slay. कत्ल किया हुआ ।
slaister *-स्टर n.* a slobbery moss; wet slovenly work. कीचड़ युक्त गन्दापन; गीलापन; भद्दा काम, *v. t.* to do any work in wet slobbery way. गन्देपन से गीलापन लिए काम करना ।
slaistery *-री n.* गीलापन; गन्दगी; अकेलापन ।
slake *-क v. t.* to quench; to extinguish to mix with water and make powder. बुझाना; शान्त करना, निर्वाण करना; भिगो कर चूरा बनाना ।
slalom *स्लालोम n.* a race in which skill is required on zig zag ski-run among trees. एक प्रकार की स्काई पहनकर बर्फ पर दौड़ जिसमे पेड़ों और घुमावदार रास्ते से गुजरना पड़ता है ।
slam *स्लैम v.t.* to shut with violence and noise; to beat, to bit. जोर से शब्द से बन्द करना; पीटना; जोर से आघात करना; *n.* a violent sound as of shutting of a door धड़ाके का शब्द जैसा कि दरवाजा बन्द करने पर होता है ।
slammakin *-(र)किन n.* (also slammerkin) a loose gown a sloven by dressed woman. ढीला साया, गन्दे प्रकार के कपड़े पहन हुए स्त्री ।
slander *-डर n.* a malicious and false report defamation; calumny. ईर्ष्या-पूर्ण झूठी; अपवाह; कलङ्क; अपयश; अपवाद; *v. t.* to defame,to injure by a false report. बदनाम करना; कलङ्क लगाना; अपयश लगाना ।
slanderer *-र n.* झूठा कलङ्क लगाने वाला, अपयश फैलाने वाला ।
slanderous *-स adj.* कलङ्की, मिथ्या निन्दक ।
slanderously *-ली adv.* कलङ्क से; अपयाद से ।
slanderousness *-नेस n.* अपयश; अपवाद ।
slang *स्लैङ्ग n.* a vulgar language; words outside the standard language although common in colloquial use a counterfiet weight; a watch chain. गंवारू बोली; प्रचलित बोली से विभिन्न बाजारू बोली, जाली तौल; घड़ी की चेन; *v.t.* to abuse; to scold. गाली देना; बुरा भला कहना ।
slangily *-ङ्गिली adv.* गंवारू भाषा में ।
slanginess *-नेस n.* भाषा का गंवारूपन ।
slanging *-गिंग n.* गाली गलौज ।
slangingly *-ली adv.* गाली गलौज से ।
slang whang *-ह्वैङ्ग v. t. & v. i.* to rail गाली देना ।
slang whanger *-गर n.* गाली देने वाला ।
slangy *स्लैङ्गी adj.* गंवारू; गाली गलौज से युक्त
slant *स्लैन्ट v. t. & v.* to slope: to lie obliquely. ढालू होना तिरछा होना; झुकना;

n. a slope; an oblique position a transitory breeze. ढाल; तिरछी स्थिति; कभी कभी चलने वाली हवा; *adj.* inclined; sloping. टेढ़ा; तिरछा; ढलवां।

slanted *स्लेन्टेड adj.* ढलवां, तिरछा।

slantendicular *-एडीकुलर adj.* तिरछा; झुका हुआ टेढ़ा।

slanting *-टिङ्ग n.* तिरछे मोड़ वाला।

slantingly *-ली adv.* तिरछेपन से।

slantingwise *-वाइज adv.* तिरछी ओर से।

slap *स्लैप n.* a blow with the palm of the hand; a gap in fence. थप्पड़, बाड़ियों के बीच का गुप्त रास्ता; *v. t.* to give a slap थप्पड़ मारना; *adv.* suddenly; effectively शीघ्रता से, वेग से।

slap up : बहुत बढ़िया।

slap dash *-डैश adv.* साहस से, धृष्टता से, *adj.* लापरवाह, *n.* लापरवाही से किया गया काम।

slap jack *-जैक n.* आधी पकी हुई रोटी।

slapper *स्लैपर n.* थप्पड़ लगाने वाला; कोई बहुत बड़ी वस्तु।

slapping *-पिङ्ग n.* खांसना, भौंकना।

slap stick *-स्टिक n.* एक प्रकार की लकड़ी जिसको जमीन पर बजाने से थप्पड़ जैसी आवाज आती है

slash *स्लैश v. t. & v.i* to make sweeping cuts; to lash with a whip, to make long cuts; to cut at random with a sharp instrument. लम्बी फांक करना, चाबुक मारकर दाग उघाड़ना; लम्बे लम्बे काटना; जिधर चाहा उधर किसी तेज धार वाले हथियार से काट देना, *n.* a long cut; a lash. लम्बी चीर, बैंत का दाग।

slasher *-शर n.* कौंड़ मारने वाला, लम्बा काटने वाला।

slashing *-शिङ्ग adj* मर्मभेदी; तीक्ष्ण।

slat *स्लैट n.* a thin strip of wood लकड़ी की पतली पट्टी; *v. t. & v. i.* to strike; to beat with noise. हवा के झोंके से फड़फड़ाना।

slate *स्लेट n.* a rock that splits easily in to thin; smooth and flat layers; a thin piece of this rock, a sheet of slate with wooden frame used by children for writing. स्लेट पत्थर; स्लेट पत्थर का टुकड़ा पटिया; बच्चों के लिखने के काम आने वाली स्लेट *v.t.* cover with slates, to propose a person for an office or position, to scold, to blame, to rebuke. स्लेट से ढकना किसी व्यक्ति का नाम किसी पद अथवा चुनाव के लिये पेश करना; गाली देना, दोषी ठहराना; बुरा भला कहना।

to have a clean slate. कोई अपराध न करना

slaty cleavage: स्लेट की तरह से पाई जाने वाली चट्टान।

to start with a clean slate. पिछले अपराध या दोष भूलने या माफ करने के बाद दुबारा आरम्भ करना।

to clean the slate: किसी अहसान को उतारना

a slate loose: मस्तिष्क से थोड़ी बहुत खराबी होना।

slate axe *-एक्स n.* स्लेट बनाने वाले का एक औजार।

slate club *क्लब n.* एक संस्था जो चन्दा करके बड़े दिन की खुशी मनाने के लिए गरीब सदस्यों की सहायता करती है।

slate coloured *-कलर्ड adj.* स्लेटी रंग का।

slated *-टेड adj.* स्लेट से ढका हुआ।

slate gray *-ग्रे adj* हल्का स्लेटी रंग।

slate pencil *पेन्सिल n.* स्लेट; स्लेट की बत्ती; स्लेट पर लिखने की लड़िया की बनी बत्ती।

slater *-टर n.* स्लेट पत्थर निकालने पर स्लेट बनाने वाला।

slate writer *-राइटर n.* स्लेट पर लिखने वाला।

slate writing *-राइटिंग n.* ढकी हुई स्लेटों पर गुप्त लिखावट।

slather *स्लेथर n* a large quantity. बहुत तादाद।

slatiness *-टीनस n* स्लेट पत्थर जैसी परतों में होने का गुण।

slating *-टिङ्ग n* स्लेट पत्थर से बनी छत बनाने का सामान।

slatter *-टर v. i* to be untidy. गन्दा रहना, *v. t.* to spill to slop about. फैलाना, गन्दा करना, थूकना।

slattern *-टर्न n.* a dirty woman बहुत गन्दे वस्त्र वाली स्त्री।

slatternliness *लीनेस n.* गन्दापन, गलाजत, गन्दगी; फूहड़पन।

slatternly *-ली adv* गन्दगी में, फूहड़पन से।

slattery *-री adj. & adv.* फूहड़पन का; फूहड़पन गन्देपन से।

slaughter *-र n* killing of animals especially for food; massacre, bodies of the slain, killing in large numbers of the helpless; butchery. वध, मांस के लिये पशुओं का वध करना, कत्ले आम; कत्ले आम किए गए लोगों की लाश; लाचार व्यक्तियों की बड़ी तादाद में किया गया वध; हत्या; *v. t.* to kill; to slay. हत्या करना; वध करना।

slaughterer *-रर n.* हत्या करने वाला, वध करने वाला; वधिक।

slaughter house *-हाउस n.* कसाई खाना; बूचड़ खाना, पशु वध शाला।

slaughter man *-मैन n.* पशुओं वध करने के लिए रखा हुआ आदमी; कसाई।

slaughterous *-टरस adj.* हत्यारा; हत्या करने वाला।

slaughterously *-सली* हत्या करते हुये।

slaughtery *-टरी n.* बूचड़ खाना; पशु वध शाला।

Slav *-व n* a member of a race spread over most of Eastern Europe and including Russians, Czechs Poles etc. पूर्वी योरुप, रूस, जेकोस्लेविया; पोलैंड देशों में पाई जाने वाली जाति का सदस्य, *adj.* belonging to the Slavs उपरोक्त जाति का या उससे सम्बन्धित।

slave *स्लेव n.* a person in bondage; one who is submissive under domination; one who does hard or badly paid work, a person in the influence of some habit or influence. दास; गुलाम; गुलामी बरदाश्त करने वाला; कम पैसे देने पर भी बहुत परिश्रम करने वाला।

a slave to आदतों का गुलाम।

slave-ant *-एन्ट n.* किसी दल की चींटी को पकड़ कर दूसरे दल का उससे जबरदस्ती काम लेना।

slave-bangle *-बैंगल n.* अनन्त; वरु; कोनी से ऊपर बांधने का आभूषण।

slave-born *-बार्न n* जन्म से ही दास; गर्भजदास

slave-driver *-ड्राइवर n.* दासों से काम लेने वाला नौकर रखने वाला; गुलाम रखने वाला।

slave-fork *-फार्क n.* गुलाम को भगने से रोकने के लिए कन्धे पर बांधने का भारी बन्धन।

slave-grown *-ग्रोन adj.* गुलामों द्वारा उपजाई हुई।

slave-holder *-होल्डर n.* गुलामों का मालिक।

slave-holding *-होल्डिंग n.* गुलाम खरीदने का कार्य।

slave-hunt *-हन्ट n.* भागे हुए दास की तलाश करना।

slave-labour *-लेबर n.* गुलामों द्वारा किया गया परिश्रम।

slave-owner *-ओनर n.* गुलामों का मालिक।

slaver *-र n.* saliva running from the mouth; a slave trader. राल, लार; गुलामों की तिजारत करने वाला। *v. t.* to let slaver run from the mouth. मुंह राल गिरने देना लार में लपेटना।

slaverer *स्लेवरर n.* मुंह से राल डालने वाला; मूर्ख; लंठ।

slavering *-रिङ्ग n.* मुंह से राल गिरते रहना।

slaveringly *-रिङ्गली adv.* मुंह से राल गिरते हुए, मूर्खता से।

slavery *-री n.* गुलामी; दासत्व, दास रखने का रिवाज; कम पैसे में अधिक कराया हुआ काम; आदतों का गुलाम बन जाने की अवस्था।

slave-ship *-शिप n.* गुलामों को ले जाने वाला जलपोत।

slave-states *स्टेट्स n.(pl.)* अमरीका में दक्षिणी प्रदेश जहां १८६१ की क्रान्ति से पहले बहुत अधिक गुलाम थे।

slave-trade *-ट्रेड n.* गुलामों की तिजारत।

slave trader *-ट्रेडर n.* गुलामों की तिजारत करने वाला।

slavey *स्लेवी n. (fem)* a maid servant. दासी, नौकरानी; चाकरिन।

slavify *स्लेवीफाई v. t.* to assimilate to the Slavs. स्लाव जाति के लोगों में रल मिल जाना।

slavish *स्लेविश adj.* तुच्छ; नीच; दास सम्बन्धी

slavishly *-शली adv.* दासत्व से; नीचता से।

slavishness *-नेस n.* दासत्व; नीचता।

slavocracy *स्लेवोक्रसी n.* दास रखने वाले।

Slavonia *-निया n.* a region bounded by the Danube, Sava and Drava. डेन्यूबा, साबा और ड्राबा नदियों के बीच का प्रदेश।

slavonian *-नियन adj.* उपरोक्त प्रदेश से सम्बन्धित।

Slavonic *-निक n. & adj.* रूस, पोलैण्ड, चैकोस्लोवेकिया इत्यादि पूर्वी योरुप के देशों में बोली जाने वाली भाषा तथा उससे सम्बन्धित।

Slavonise *-नाइज* **Slavonicise** *-निसाइज v. t.* to translate into Slavonic. स्लाव भाषा में अनुवाद करना।

Slavophile *-फाइल adj.* स्लाव जाति के लोगों से मित्रता से रहने वाला।

slaw *स्लाउ n.* a cobbage salad. बन्द गोभी

के पत्ते ।

slay *स्ले v. t.* to kill; to put, to death. वध करना; हत्या करना; मार डालना ।

slayer *स्लेयर n.* (*pa. t.* slew; *pa. p.* slain) वध करने वाला; हत्यारा ।

sleave *स्लीव n.* to separate into threads. धागे को अलगाना ।

sleaved silk *स्लीव्डसिल्क n.* रेशमी धागे की बनाई हुई गुच्छी लच्छी ।

sleaziness *-ज़ीनेस n.* flimsiness. दुर्बलता; सूक्ष्मता ।

sleazy *-ज़ी adj.* flimsy. दुर्बल, सूक्ष्म; महीन बारीक ।

sled *स्लेड n.* (also sledge sleigh) a vehicle for conveyance on snow. बर्फ पर चलने वाली गाड़ी । *v. i.* & *v. t.* to convey on sledge. इस प्रकार की गाडी पर चढ़ कर चलना ।

sledded *-डेड v. pa. p.* of sled. *adj.* बर्फ पर चलने की गाड़ी वाला ।

sledding *डिंग n.* बर्फ पर चलने की गाडियां चलाने का कार्य ।

sledge *-ज n.* a carriage with runners made for sliding upon snow; a large heavy hammer. बर्फ पर फिसलने वाली गाड़ी जिसमें बारहसिंगा रेंडियर इत्यादि जोड़े जाते हैं; एक भारी हथौड़ा ।

sledge chair *-चेयर n.* एक प्रकार की कुर्सी जिसके नीचे बर्फ पर फिसलने का तख्ता लगा होता है ।

sledge hammer *-हमर n.* लुहार का भारी हथौड़ा ।

sledger *-र n.* उपरोक्त गाड़ी चलाने वाला ।

sledging *-जिंग n.* भारी हथौड़े से पीटने का कार्य उपरोक्त गाड़ी पर फिसलने कार्य ।

sleech *-च n.* slimy mud. चिकनी फिसलाने वाली दल दल ।

sleechy *-ची n.* उपरोक्त दलदल का ।

sleek *-क adj* smooth; glossy; slick चिकना, चमकीला; चतुर । *v. t* to make smooth; to calm. चिकना बनाना; शान्त करना । *v.i.* to glide. फिसलना । *adv.* smoothly. चिकनाहट से; आसानी से; सुगमता से ।

sleekan *-न v. t.* to make smooth by rubbing. रगड़ कर चिकना करना ।

sleeker *-र n.* चतुर व्यक्ति; चमकाने वाला; चिकना करने वाला ।

sleek headed *-हॅडेड adj.* चतुर; बुद्धिमान ।

sleeking *-किंग n.* चिकना करने का कार्य ।

sleekit *-किट adj.* चालाक; चतुर ।

sleekly *-क्ली adv.* चिकनाहट से ।

sleekness *n.* चिकनाहट; चमक ।

sleeky *-की adj.* चिकना; चमकदार, जिस पर विश्वास न किया जा सके ।

sleep *-प n.* rest of body and mind, slumber; death, a period of sleep; the vertical position of leaves at night; quiet. नींद; विश्राम; मृत्यु; सोने का निश्चित समय; रात्रि के समय पत्तियों का सीधा हो जाने की स्थिति शान्ति । *v. t.* & *v. i.* to take rest; to fall asleep; uncautious; to be dead. to become. विश्राम करना; सो जाना; असावधान हो जाना; मृत्यु को प्राप्त करना ।

broken sleep : उखड़ी नींद ।

sleep in : बहुत देर तक सोना ।

death sleep : काल निद्रा ।

on sleep : सोया हुआ ।

sleeper *-र n* सोने वाला; रेल की पटरी के नीचे लगाया जाने वाला का सलीपट; पटिया आलसी, मनुष्य; किसी भार का वजन सम्भालने के लिये लगाई गई तिरछी पटिया ।

sleepery *-री adj* (Scot.) आलसी; निद्रा युक्त ।

sleepily *-पीली adv* आलस से; निद्रा में ।

sleepiness *-नेस n.* निद्रा लेने की इच्छा ।

sleeping *-पिंग adj.* निद्रा लेता हुआ; आलसी ।

sleeping car *स्लीपिंग कार n.* (also sleeping carriage) रेल का वह डिब्बा जिसमें यात्रियों के सोने का प्रबन्ध होता है ।

sleeping draught *-ड्राफ्ट n.* एक प्रकार की औषधि जिसको लेने से नींद आजाती है ।

sleeping partner *-पार्टनर n.* वह साझी जो व्यापार में कभी दिलचस्पी नहीं रखता; निष्क्रिय भागीदार ।

sleeping sickness *-सिकनेस n.* दक्षिणी अफ्रीका में होने वाला एक रोग जिसमें जी मिचलता है और गफलत होती है ।

sleepless *-लेस adj.* निद्रा न लेता हुआ जाग्रत ।

sleeplessly *-सी adv.* जागते हुए ।

sleeplessness *-नेस n.* निद्रा का अभाव ।

sleep walker *-वाकर n.* निद्रा अवस्था में इधर उधर चलने का रोगी ।

sleep walking *-किंग n.* निद्रा में चलने का एक रोग ।

sleepy *-पी adj.* निद्राग्रस्त; निद्रालु ।

sleepy head *-हेड n.* आलसी व्यक्ति ।

sleepy sickness *-सिकनेस n.* मस्तिष्क की नसों में विकार के कारण उत्पन्न एक रोग ।

sleet *-ट n.* rain mixed with stone or hail ओले के साथ पानी बरसना; *v.t.* to snow with rain mingled. बरफ के साथ पानी पड़ना ।

sleetiness *-टीनेस n.* तुषार वर्षा की अवस्था ।

sleety *-टी adj.* तुषार वर्षा का या उससे सम्बन्धित ।

sleeve *-व n.* a covering for the arm; a tube in which a rod is inserted. आस्तीन, एक ऐसी नली जिसके अन्दर कोई डण्डा दिया जा सके । *v.t* to furnish with sleeves आस्तीन बनाना ।

hang pin on one's sleeve: भरोसा करना ।

to laugh in one's sleeve: छिपे हुए हंसना ।

up one's sleeve. गुप्त रूप से रक्षित रखा हुआ

wear one's heart on one's sleeve: अपनी भावना साफ साफ व्यक्त करना

to roll up one's sleeve: झगड़ा करने के लिये तैय्यार होना ।

sleeve board *-बोर्ड n.* आस्तीनों पर आस्त्री करने का तख्ता ।

sleeve button *-बटन n.* आस्तीन के या कफों के बटन ।

sleeved *स्लीव्ड adj.* आस्तीन लगा हुआ; आस्तीनदार ।

sleeve dog *-डॉग n.* आस्तीन में ले जाने योग्य छोटा कुत्ता ।

sleeve fish *-फिश n.* एक प्रकार की मछली पकड़ने के कांटे में लगाने का कीड़ा ।

sleeve hand *-हैण्ड n.* (*Shak.*) कलाई पर बांधने का फीता ।

sleeveless *लेस adj.* बिना आस्तीन का; निरर्थक बेकार ।

sleeve link *-लिंक n.* आस्तीन का बटन ।

sleeve nut *-नट n.* एक ऐसा पेंच जिसके दो भाग एक दूसरे पर चूड़ी से चढ़ते हैं ।

sleeve (d) waist coat *-स्लीव -वेस्ट कोट n.* आस्तीन वाली वास्केट *n.* आस्तीन वाली वास्कट ।

sleezy *-ज़ी* flimsy. सूक्ष्म; बारीक दुर्बल ।

sleigh *स्ले n.* (U. S.) a sledge. बर्फ पर चलने की गाड़ी; *v. t.* to travel by sledge. उपरोक्त गाड़ी पर यात्रा करना ।

sleigh bell *-बेल n.* बर्फ पर चलने वाली गाड़ी पर लगाई गई घण्टी ।

sleight *स्लाइट n.* cunning; dexterity; trickery. चतुराई; दक्षता; हाथ की सफाई; धूर्तता; निपुणता ।

sleight of hand *-आफ हैण्ड n.* हाथ की सफाई से जादू दिखाना, इन्द्रजाल ।

slender *स्लेण्डर adj.* thin, slim; narrow; slight; trivial. पतला; दुबला पतला, कमजोर; थोड़ा; मामूली ।

slenderly *-ली adv.* दुर्बलता से ।

slenderness *-नेस n.* दुर्बलता; कृशता ।

slept *स्लेप्ट v. pa. t.* of sleep.

sleuth *स्लूथ n.* a track; a trail; a bloodhound; a detective. पीछा करना; तलाश करना; जासूसी करना; चोर का पता लगाने वाला कुत्ता; *v. t.* & *v. i.* to track. तलाश करना ।

sleuth hound *-हाउण्ड n.* चोर इत्यादि का पता लगाने की शक्ति वाला कुत्ता ।

slew *स्लू v. pa. t.* of slay.

slew, slue *स्लू v.t.* & *v.i.* to swing round; to turn forcibly forward. वेग से आगे बढ़ाना; वेग से घुमाना; *n.* a forward progress. आगे का बढ़ाव ।

sley *स्ले n.* a weaver's reed. जुलाहे की कंघी

slice *स्लाइस n.* a thin broad piece; a share; an instrument with a broad blade. एक पतला और चौड़ा टुकड़ा; फांक; चौड़ी धार का हथियार; *v. t.* to cut into slices; to cut a slice from. छोटे छोटे टुकड़ों में काटना; टुकड़ा काटना; *v. i.* to slash. काट कर अलग कर देना ।

slicer *स्लाइसर n.* छोटे छोटे टुकड़े काटने की छुरी

slicing *-सिंग n.* & *adj.* छोटे टुकड़े करने का कार्य

slick *स्लिक adj.* smooth; sleek; glit; dexterious. आसान; चिकना; चापलूस; दक्ष; *adv.* smoothly; glibly; altogether. सुगमता से; चापलूसी से; सब मिलाकर; *n.* a smooth surface; a slicker. चिकनी तह; चिकना करने के लिए रगड़ने का एक यन्त्र ।

slicken *-कन v. t.* to smooth; to polish. चिकना करना; चमकाना ।

slicken side *-साइड n.* आपस की रगड़ से बना हुआ चिकना तल ।

slicker *स्लिकर n* चिकना करने का एक यन्त्र,

पानी में न भीगने वाला।

slickering *स्लिकरिंग n.* रगड़कर चिकना करने का कार्य।

slickly *-ली adv.* चिकने रूप में।

slickness *कनेस n.* चिकनाहट।

slick stone *-स्टोन n.* घिसकर चमकाने का भुरभुरा पत्थर।

'slid *स्लिड interj.* for God's lid. ईश्वर की की पलकें।

slidable *स्लाइडेबल adj.* arranged for sliding. घिसकने योग्य बना हुआ।

slidder *स्लिडर v. t.* to slip; to slide. फिसलना; घिसकना; *n.* a steep path down a hillside. पहाड़ी के नीचे उतरने का ढलवां रास्ता

slide *स्लाइड v. t. & v. i.* (*pa. t* slid *pa p.* slid) to slip; to move along a smooth surface; to move as quietly as possible, to move or pass gradually, to cause to slip; to push with a sliding movement. पिछलना; घिसकना; चिकने तल पर चलना; चुपचाप खिसक जाना, धीरे धीरे चलना; घिसकाना; सरकाना; घिसकाते हुए सरकाना।

n. a slip; a polished slippery track; a smooth slope used as a means of moving heavy objects; a sloping board for children to slide down, a glass plate bearing a picture which is thrown on the screen by a lantern, a glass piece on which a thing is placed for microscopic examination; a fall of rock, earth or snow down a mountain side. सरकन; चिकना फिसलन वाला रास्ता, भारी सामान को सरकाने के लिए काम में आने का एक औजार; बच्चों का ऊपर से नीचे फिसलने का लकड़ी और टीन का बना तख्ता; मैजिक लालटेन में लगाने की एक छोटा शीशे का टुकड़ा जिस पर चित्र बना होता है और रोशनी डालने पर पर्दे पर दिखाई देता है, शीशे का टुकड़ा जिस पर सूक्ष्म निरीक्षण करने के लिए कोई वस्तु रखी जाती है; बर्फ मट्टी; चट्टान इत्यादि का नीचे फिसल कर गिरना।

to let thing slide : जो हो वैसा होने देना।

land slide : पहाड़ पर से फिसली हुई मट्टी या चट्टान।

slide over : अधूरा काम छोड़कर बच निकालना-

slider *स्लाइडर n.* फिसलने वाला; फिसलने वाला कोई भाग।

slide rest *-रेस्ट n.* खराद में काटने वाला यन्त्र लगाने का यन्त्र।

slide rule *-रूल n.* हिसाब लगाने का एक यन्त्र।

slide valve *-वाल्व n.* एक प्रकार का वाल्व जो सिरकने के कारण बन्द और खुलता है।

sliding *-डिंग n.* सरकन।

sliding keel *-कील n.* जलपोत का बीच का तख्ता

slidingly *-लि adv* सरकते हुए।

sliding scale *-स्केल n.* विसृप अनुमाप।

sliding seat *-सीट n* नाव में चलाने वाले के हिलने के साथ आगे पीछे होने वाली बैठने की जगह

slight *स्लाइट adj.* weak; inadequate; slender, disdainful; negligent. दुर्बल; थोड़ा; अल्प; पतला; कृश; अहंकारी; लापरवाह। *v. t.* to disregard; to heat with neglect. परवाह न करना; निरादर करना; अवज्ञा करना। *n.* neglect; disregard; indignity. लापरवाही निरादर; अपमान।

slight blow : हल्की मार।

to a slight degree : अल्प मात्र।

slight off : परवाह न करना टाल देना।

slight over : ध्यान न देना।

slightingly *-ग्ली adv.* आदर से।

slightish *-श adj.* लापरवाह; अहंकारी।

slightly *-ली adv.* अल्प मात्र; अनादर से।

slightness *-नेस n.* उपेक्षा; तिरस्कार; अनादर।

slim *स्लिम adj.* (*comp.* slimmer, *superl.* slimmest) very thin, slender; crafty. बहुत पतला; दुर्बल; धूर्त। *v. t.* to make thin. दुर्बल करना; पतला करना। *n.* to use means to make more slender. पतला होने के लिए किसी वस्तु को काम में लाना।

slime *स्लाइम n.* a thin slippery. gluey mud, a glutinous substance.चिपकने वाली मट्टी; लसलसी वस्तु। *v. t.* to cover with slime. चिपकने वाली मट्टी से ढांपना।

slime pit *-पिट* मट्टी का तेल इत्यादि खनिज पदार्थ निकलने का गड्ढा।

slimily *स्लीमिली adv.* उपरोक्त मट्टी से ढके हुए रूप में।

sliminess *-जीनेस n.* चिपचिपाहट; लस लसाहट।

slimming *-मिंग n.* लेसदार मट्टी लगाने का कार्य

slimmish *-मिश adj.* कुछ पतला।

slimness *नेस n.* दुर्बलता।

slimsy *स्लिमसी adj.* पतला; क्षीण; कमजोर।

slimy *स्लिमी adj.* लसलसी मट्टी पूर्ण; सरकने वाली।

sling *स्लिंग v. t. & v. i.* (*pa. t.* slung) to hurl; to throw. ढेला या बांस फेंकना। *n.* a hanging bandage for giving rest to the wounded hand. जख्मी हाथ को आराम देने के लिए लटकने की रस्सी।

sling *स्लिंग n.* an American drink with wine and water sweetened. एक प्रकार का अमरीका देश में पीने का पेय जिसमे मसाला मीठा पानी और मदिरा मिली होती है।

slinger *-र n.* फेंकने वाला; झटकारने वाला।

sling ink *-इंक n.* छपाई के लिए लिखना।

sling shot *-शॉट n.* प्राचीन समय का पत्थर; तीर इत्यादि छोड़ने का एक यन्त्र।

sling stone *-स्टोन n.* उपरोक्त यन्त्र से फेंके जाने वाला पत्थर।

slink *स्लिंक v. t. & v. i.* to go in a guilty manner as though ashamed; to miscarry. लज्जित होकर जाना; गर्भ पात हो जाना। *n.* a bastard child; a premature born calf or its skin. अविवाहित माता पिता से उत्पन्न सन्तान; नियत समय से पहले उत्पन्न होने वाला बछड़ा और उसकी खाल।

slink butcher *-बूचर n.* सड़े गले मांस को बेचने वाला।

slinker *-कर* गर्भपात करने वाला।

slink.skin *-स्किन n.* जन्म से पहले होने वाले बछड़े अथवा मेमने की खाल।

slink weed *-वीड n.* एक प्रकार का पौधा जिसके खाने पर गाय के गर्भपात हो जाता है।

slinky *स्लिंकी adj.* गर्भपात करने से सम्बन्धित।

slip *स्लिप v. i.* (*pa. t.* slipped) to slide; to escape, to err; to slink.सरकना; चुपके से खिसक जाना। *v. t.* to cut slips from; to cause to slip; to over look; to insert stealthily. टुकड़े, काटना; फिसलना; परवाह न करना; चोरी से रखना। *n.* an error. a thin piece of wood; a kind of loose garment; an escape; a long narrow piece; the act sliding; a counterfeit coin; a galley proof. भूल चूक; लकड़ी की पतली पट्टी; भागना लम्बा पतला टुकड़ा; सरकाहट जाली सिक्का; गेली से उठाया हुआ प्रूफ। *adj.* slipping. सरकने वाला।

give one the slip : चुपके से बच निकलना।

slip on : बिना बटन खोले पहिना हुआ।

slip one's ways : धीरे से खिसक जाना।

slip up : भूल असफलता।

slip the cable : मरना; मृत्यु को प्राप्त होना।

slip board *-बोर्ड n.* वह तख्ता जो लकड़ी में दरार करके फंसाया गया हो।

slip carriage *-कैरिज n.* एक प्रकार का रेल का डिब्बा जो गाड़ी को बिना रोके उससे अलग किया जा सकता है।

slip dock *-डॉक n.* जहाज की वह छत जो ढलवां हो।

slipe *स्लाइप n.* in mining a sledge. खान के अन्दर आने वाला एक बड़ा हथौड़ा अथवा खिसकने वाली गाड़ी।

slip-knot *स्लिप-नॉट n.* रस्सी खींचने पर खुल जाने वाली गांठ या फन्दा।

slipper *स्लिपर n.* a light loose in indoor shoe. घर में पहनने का जूता; स्लीपर; चप्पल।

slippered *-ई adj.* स्लीपर पहने हुए।

slipperily *-रीली adv.* अस्थिरता से।

slipperiness *-रीनेस*, **slippiness** *स्लिपीनेस n.* चंचलता।

slipperwort *-वर्ट n.* एक प्रकार का सुन्दर फूलों वाला पौधा।

slippery *-री* **slippy** *adj.* चिकना;फिसलने वाला; चंचल; अनिश्चित।

sliprail *-रेल n.* सरकाने योग्य लोहे का शहतीर जिससे रास्ता बन्द किया जाता है।

slipshod *-शाड adj.* चप्पल या स्लीपर पहने हुए, लापरवाह; असावधान।

slip-shoe *-शू n.* चप्पल; स्लीपर।

slipslop *-स्लॉप n.* a sloppy stuff. कोई ढलवां जगह।

slip-string *-स्ट्रिंग n.* किसी चीज के अन्दर दरार को रोकने का साधन।

slip-way *-वे n.* जलपोत की छत का ढलान।

slish *स्लिश n.* a cut. कटाव; जख्म।

slit *स्लिट v. t.* (*pr. p.* slitting; *pa. p.* slit) to split; to cut lengthwise; to cut into strips. तोड़ना; लम्बाई की ओर से काटना; लम्बे लम्बे टुकड़ों में काटना। *n.* a narrow opening; a long cut. लम्बी दरार या फटन; लम्बी दरार।

slither *स्लिहर v. i.* to slide uninterruptedly. बिना किसी रोक टोक के खिसक जाना।

slit-pocket *स्लिट-पाकेट n.* बड़े कोट (ओवर

कोट) की जेब में हाथ डालने के लिए लम्बी कटन वाली जेब।

slive स्लाइव *v. t. & v. i.* (*pa. t.* slove, slived *pa. p.* slived, sliven) to slip. चुपके से खिसक जाना; फिसल जाना।

sliver -वर *n.* a piece cut off; a slice, a strand of untwisted wool or any other fibre. काटा हुआ टुकड़ा; एक बहुत छोटा पतला टुकड़ा: उलझे हुए ऊन या दूसरे रेशों का गुच्छा। *v. t.* to slice; to tear off lengthwise; to split. छोटे छोटे टुकड़े करना; लम्बाई की ओर से फाड़ना; विभाजित करना।

sloan स्लोन *n.* a scolding; a reproof. गाली; डांट फटकार।

slobber स्लाबर *v. t. & v. i.* to run slive from the mouth; to do a work in an awkward manner. मुंह से राल गिरना; फुहड़पन से कोई काम करना।

slobberiness -रीनेस *n.* लार बहना।

slobbery -री *n.* निकृष्ट कार्य; फूहड़पन से किया गया काम।

slocken, sloken स्लोकन *v. t.* to quench; to moisten; to extinguish. प्यास बुझाना गीला करना; बुझाना।

sloe स्लो *n* a kind of wild plum. एक प्रकार का जङ्गली झाड़ी का बेर।

sloe-bush -बुश *n.* उपरोक्त बेर की झाड़ी।

sloe-gin -जिन *n.* जङ्गली बेर से निकाली हुई मदिरा।

sloe-thorn -थार्न *n.* जङ्गली बेर की झाड़ी का कांटा।

slog स्लॉग *v. t. & v. i.* to hit hard; to walk doggedly. जोर से आघात करना; झपट कर चलना। *n.* a hard blow; a strenuous spell of work. तेजी से मारा हुआ घूंसा बहुत अधिक काम करने का समय।

slogan स्लोगन *n.* a war-cry; a party cry; a watch word. लड़ाई का नारा; किसी दल का सिंहनाद; नीति वाक्य; सिंहनाद; नीतिवाक्य

slogger स्लॉगर *n.* a hard hitter. बहुत वेग से मारने वाला।

sloid, sloyd -यड *n.* the manual training imparted in the schools; especially wood work. पाठशाला में हाथ का काम (विशेषत: लकड़ी का काम) सिखाना।

sloom स्लूम *n.* slumber *v. i.* to slumber. छोटी देर की निद्रा; थोड़ी देर निद्रा लेना।

sloop -प *n.* a light boat; a small one masted vessel having ten to eighteen guns. एक हल्की छोटी नाव; एक मस्तूल का छोटा जलपोत जिसमें पहले दस से अठारह तोपें लगी होती हैं।

slop स्लॉप *n.* (always *pl.*) ready made clothing; especially clothes and bedding supplied to sailors, spilled water; liquid refuse waste water from the kitchen or bed rooms; liquid food. मल्लाहों के लिए बने बनाये पहनने तथा बिस्तरे पर बिछाने के वस्त्र; खिड़ा हुआ पानी; गन्दा जल; रसोईघर; तथा स्नानगृह से निकला हुआ गन्दा जल; तरल भोजन; *v.i. & v.t* to over flow; to spill over; to cause to over flew. बर्तन से उभड़ कर निकलना; खिड़ना; उभड़कर बरतन से निकालना।

slop basin -बेसिन *n.* (also slop- bowl) झूठे बरतन मांजने का बर्तन।

slop built बिल्ट *adj.* सस्ते पदार्थों से बनाया हुआ

slop clothing -क्लोदिंग *n.* बने बनाये वस्त्र (पहनने के कपड़े।

slope स्लोप *n.* an incline; an inclined position; uneven ground. उतराई; ढाल; ऊंची नीची भूमि; *v. t.* to slant; to incline. ढाल करना; तिरछा करना।

at the slop : कन्धे पर राइफल को टेढ़ा रखकर।

slop arms हाथ से राइफल कन्धे पर टेढ़ा रखना

slop pail -पेल *n.* सोने के कमरे को साफ करने की झाड़ू।

sloppily -पिली *adv.* छिड़काव से।

slop pouch -पाउच *n.* बना बनाया थैला।

sloppiness पीनेस *n.* भीगापन।

slopping -पिङ्ग *adj.* oblique. ढालुवां।

sloppingly -ली *adv.* ढालुवां रीति से।

sloppy स्लॉपी *adj.* वर्षा से या पानी छिड़कने से भीगा हुआ।

slop seller -सेलर *n.* बने बनाये वस्त्र इत्यादि बेचने वाला।

slop shop -शॉप *n.* बने बनाये पहनने के वस्त्रों की दूकान।

slop work -वर्क *n.* बने बनाये कपड़े बनाने का कार्य; सस्ता; घटिया काम।

slosh स्लॉश *n.* a watery mess; a heavy blow. रसोई का गन्दा पानी; तेजी से मारा गया घूंसा; *v. t.* to slush, to loaf around. पानी छिड़कना; इधर उधर लापरवाही से घूमना।

slot स्लॉट *n.* a narrow opening; a silt; a groove into which something fits; the trap door of a stage; track of deer known by foot steps. दरार; छेद या नाली; खोखला या दरार जिसमें किसी चीज को लगाया जाता है; नाटकघर की रंगमंच की खिड़की; हरिण के पद चिन्ह देखकर उसका पता लगाना; *v.t.* to provide with slots. छेद या दरार बनाना।

sloth स्लॉथ *n.* laziness; sluggishness, a kind of tropical mammal which moves slowly. आलस्य; मन्दता; गर्म जलवायु वाले प्रदेशों में पाया जाने वाला बहुत धीरे चलने वाला एक चौपाया।

sloth bear -बेयर *n.* काला रीछ।

slothful -फुल *adj.* सुस्त; आलसी।

slothfully फुली *adv.* आलस्य से।

slothfulness -नेस *n.* सुस्ती; आलस्यपूर्णता।

slotting machine -मेशीन *n.* दरार बनाने का एक यन्त्र।

slot machine -मेशीन *n.* दरार में सिक्का डालने पर तोलने का यन्त्र।

slouch स्लाउच *n.* a careless bent attitute in walking and standing;a lazy fellow; an awkward lubberly clown; a stoop लापरवाही से कमर झुकाकर बैठने;उठने और चलने का ढंग; आलसी व्यक्ति; भद्दी शकल का कुबड़ा विदूषक; झुकाना; *v.i.*to stand or sit in an awkward manner; to stop. भद्दापन और लापरवाही से खड़ा होना या बैठना; झुकना।

sloucher -चर *n.* कमर झुकाकर भद्दे पन से बैठने उठने तथा चलने वाला।

slouch hatस्लाउचहॅट*n.*किनारे टेढ़े किए हुई टोपी (हैट)।

slouching -चिंग *n.* आलस्य की चाल।

slouchingly -ली *adv.* आलस्य की चाल से।

slaugh -उ *n.* a hollow filled with mud; a coating a dead tissue in a sore; a march; a swamp; a snake's catskin; hopelessness. कीचड़ से भरा गड्ढा; ऊपर का आवरण; फोड़े में पड़ा मवाद; दलदल वाला स्थान दलदल; सांप की केंचुली; आशा ही अवस्था; *v.t. & v. i.* to throwoff; shed; to get rid off; to be cast off. उतार फेंकना;जैसे केंचुली निकालना; छुटकारा पाना; पीछा छुड़ाना।

sloughy -ई *adj.* केंचुली वाला।

Slovak -वेक *n.* a member of the race inhabiting part of Czechoslovakia the language spoken by this race. जेकोस्लेविया देश के एक प्रदेश में रहने वाली जाति का सदस्य; इस जाति द्वारा बोली जाने वाली भाषा; *adj.* of Slovaks and their language.उपरोक्त जाति का तथा उनकी भाषा का।

sloven -वन *n. fem.* slut.) a dirty;careless or unmethodical person.फूहड़ मनुष्य मैला तथा लापरवाही से काम करने वाला मनुष्य।

slovenlike -लाइक *adj.* फूहड़ आदमी की तरह

slovenliness स्लोवनलीनेस*n.*मलिनता;अव्यवस्था; गन्दगी।

slovenly -ली *adv.* अव्यवस्था से; गन्दगी से।

slovery -वरी *n.* (Shak.) गन्दगी; मलिनता।

slow स्लो *adj.* not swift; taking a long time to cover a certain distance;taking a long time to do a thing; performed at less than the usual rate; not quick to learn; not acting immadiately; behind the correct time; not punctual; uninteresting; causing a man or ball dull move at a low rate of speed. मन्द गति; निश्चय फासले को देर में पार करने वाला; किसी कार्य को समाप्त करने में अधिक समय लेने वाला; आम समय से अधिक समय में करने वाला; बहुत देर से सीखने वाला; जल्दी कार्य न करने वाला; समय का पाबन्द न रहने वाला; ठीक समय से पीछे रहने वाला; बुद्धू; फीका; गेंद की रफ्तार कम करने वाला; *adv.* cautiously. सावधानी से आहिस्ता से; *v.t.&v.i.* to reduce speed. to become slow.गति मन्द करना;सुस्त होना;

slow coach -कोच *n.* आलसी व्यक्ति; मूर्ख व्यक्ति

slow footed -फुटेड *adj.* धीरे चलने वाला।

slow gaited -गेटेड *adj.* धीरे चलने की आदत वाला।

slow hound -हाउंड *adj.* slow. सुस्त; मन्द गति वाला।

slowing -इङ्ग *n.* & *adj.* रफ्तार कम करना।

slowly -ली *adj.* धीरे से, मन्द गति से।

slow match -मॅच *n.* आतशबाजी या विस्फोटक पदार्थ भड़काने के लिए लगाई हुई धीरे धीरे जलने वाली रस्सी।

slow motion -मोशन *n.* चलने की शक्ति से कम रफ्तार पर चलना।

slowness -नेस *n.* आलस्य; मन्दता।

slow paced -पेस्ड *adj.* धीमी चाल वाला।

slow worm-वॉर्म *n.* a snake like slow moving legless lizard. एक प्रकार का सांप के आकार की धीरे चलने वाली बिना पंख की छिपकली जैसा जानवर ।

sloyd, sloid -इड *n.* a system of manual training of wood work. लकड़ी का काम सिखाने का एक तरीका ।

slub, slubb स्लब *v. t.* to twist after carding for spinning. धागे को बुनने से पहले बटना; *n.* a roving. बटना; घुमाव देने का कार्य

slubber -बर *v. t.* to do a thing carelessly and lazily; to slaver. लापरवाही से और भद्दे पन से काम करना; धब्बा डालना ।

slubberd gullion -गलियन *n.* भद्दे प्रकार से गन्दा काम करने वाला व्यक्ति ।

sludge -ज *n.* soft mud; half melted snow पतली कीचड़, आधी पिघली हुई बर्फ; मैल ।

sludgy -जी *adj.* कीचड़ युक्त; गंदला; मैल ।

slug -ग a heavy lazy fellow; a kind of shell-less snail; bullet of irregular shape; a lump of metal. मोटा आलसी व्यक्ति; एक प्रकार का वनस्पति को नष्ट करने वाला कीड़ा; बन्दूक की टेढ़ी मेढ़ी गोली; धातु का ठोस टुकड़ा; *v. i.* to be inert; to go sluggishly आलसी होना; धीरे धीरे भद्दी तरह से चलना; *v.t.* to make sluggish; to slog. भद्दा बनाना बड़े वेग से मारना ।

slug-a-bed -ए बेड *n.* बिस्तरे पर देर तक पड़े रहने वाला व्यक्ति ।

sluggard -गर्ड *n.* one who is habitually lazy. आलसी व्यक्ति ।

sluggardise -डाइज *v. t.* to make lazy. सुस्त बनाना ।

sluggish -गिश *adj.* आलसी; मन्दगति; सुस्त ।

sluggishly स्लगिशली *adv.* आलस्य से, मन्द गति से ।

sluggishness -नेस *n.* आलस्य; मन्दता ।

slughorn (e) -हॉर्न *n.* a slogan. नारा; किसी दल का सिंहनाद ।

sluice स्लूस *n.* flood gate, an artificial water channel. पानी निकलने का फाटक, नहर; बनावटी जलमार्ग; *v. t.* to provide with sluice. पानी इधर उधर निकालने के लिए फाटक लगाना ।

sluice gate -गेट *n.* पानी रोकने के लिए नदी या नहर में लगाया गया लोहे का फाटक ।

sluicy -सी *adj.* उपरोक्त फाटकों में से आता हुआ ।

slum-*म n.* a quarter peopled by debased poor persons, a dirty sheet; a non lubricating part of crude oil नीच, बदमाश व गरीबों के रहने की बस्ती, गन्दी अथवा मैली गली; कच्चे तेल का बिना चिकनाई वाला चिपचिपा अंश; *v. t.* to go about in dirty streets. गन्दी गलियों में फिरना ।

slummer -मर *n.* गंदी गली या मोहल्ले में रहने वाला ।

slumber -बर *v. t.* & *v. i.* to sleep for a short time, to be inactive; to close. थोड़ी देर के लिए सोना; कमर सीधी करना, कार्यशील न होना; ऊंघना; *n.* a short sleep; a repose. झपकी; ऊंघ; अल्प निद्रा ।

slumber away : झपकी लेते हुए समय गंवाना

slumberer -रर *n.* ऊंघने वाला; झपकी लेने वाला

slumbering -रिंग *n.* & *adj.* अल्प निद्रा, करने वाला ।

slumberingly -ली *adv.* अल्प निद्रा में ।

slumber land -लैंड *n.* अल्प निद्रा की अवस्था ।

slumberless स्लम्बरलेस *adj.* बिना अल्प निद्रा लिये हुये ।

slumberous -स *adj* ऊंघता हुआ; निद्रालु ।

slumberously -स्लम्बरसली *adv.* ऊंघ में; अल्प निद्रा में ।

slummock -माक *v.t* &*v.i.* to swallow greedily; to speak in an awkward manner. भूक्खड़ की तरह निगलना; फूहड़ की तरह बोलना ।

slump -प *v.i.* to fall or sink suddenly into water collapse; to fall heavily अकस्मात गिरना या पानी में डूब जाना; गिर जाना; बहुत तेजी से गिरना; कमी होना; *n.* a sudden fall in prices of a commodity किसी वस्तु की कीमत एकाएक गिरजाना ।

slump sum -सम *n.* इकट्ठी रकम ।

slumpy -मी *adj.* दलदल युक्त ।

slung स्लंग *v. pa. t.* & *pa. p.* of sling.

slung shot -शॉट *n.* a weight attach to a string. लंगर ।

slunk -क *pa.t.* & *pa.p.* of slink.

slur -र a thin mud; a stain; blot or slight; a piece of slurring in writing पतली गारा; धब्बा; दाग; निन्दा; टेढ़ीमेढ़ी लिखावट; *v.t.* & *v.i.* to soil; to conceal; to pronounce indistinctly. दूषित करना; कम करना; धब्बा लगाना; दाग लगाना; छिपाना; अस्पष्ट उच्चारण करना ।

slurred -र्ड *adj.* कलङ्कित; दाग लगा हुआ ।

slurry -री *n.* गाढ़ा घोल ।

slush -श *n.* a liquid mud; a melting snow; a protective covering of metal कीचड़; पिघलती हुई बर्फ; रक्षा के लिये बना हुआ धातु का कवच; *v.t.* to cover with slush; to fill the joints with mortar. कीचड़ लपेटना; चूने से चुनना; *v.i.* to splesh in slush. कीचड़ उछालना ।

slushy -शी *adj.* कीचड़दार; दलदल युक्त ।

slut -ट *n.* (*mas.* sloven) an untidy woman. अविनीता; मैले कुचैले कपड़े वाली फूहड़ स्त्री ।

sluttish -टिश *adj.* मलिन; भ्रष्ट ।

sluttishly -ली *adv.* फूहड़पन से ।

sluttishness -नेस *n.* (also sluttery) अव्यवस्था, गन्दगी ।

sly -ई *adj.* cunningly made; skilful; witty, artful; done in secret insinuating. कपटता से बनाया हुआ; चतुर; चूर्त गुप्तरूप से किया हुआ; उत्तेजना उत्पन्न करने वाला ।

on the sly: कपट से ।

sly boots -बूट्स *n.* चालाक मनुष्य जानवर ।

slyish -इश *adj.* कपटी; चालाक ।

slyishly -ली *adv.* कपट से; चालाकी से ।

slyishness -नेस *n.* कपटता; चतुराई ।

slype -प *n.* a passage between two walls दो दीवारों के बीच का गलिहारा ।

smack स्मैक *n.* a small fishing vessel; a small quantity, a tinge; taste. flavour a sharp; sound; to kiss noisily एक छोटा मछली पकड़ने का जलपोत; अल्प परिमाण महक; स्वाद; गन्ध; एक तेज आवाज; आवाज करते हुए चुम्बन लेना; *v.t.* to give a smart slap; to have a taste; to crack. जोरे; तमाचा लगाना; चखना; चपचप शब्द करना ।

smacker स्मैकर *n.* सशब्द; चुम्बन; तड़ाके का शब्द ।

smacking -किङ्ग *n.* आवाज करते हुए चुम्बन करने का कार्य; तमाचा मारना ।

smaik स्मैक *n.* a rascal; a contemptible fellow. बदमाश; गुण्डा; घृणा करने योग्य व्यक्ति

small स्मॉल *adj.* not big or large; petty; short; little; unimportant; humble; trifling, ungenerous; poor. छोटा; क्षुद्र; कम; बहुत थोड़ा; तुच्छ; विनीत; नीच; छोटे दिल का । *n.* the quality of being small; mean behaviour; meanness. छोटापन, नीच व्यवहार; नीचता । *v. t.* & *v. i.* to make or become small. छोटा करना या होना ।

by small and small : थोड़ा थोड़ा करके ।

in a small way : थोड़ी पूंजी से ।

in the smallest : बिलकुल ही कम ।

small tooth comb : कंघी ।

small-scale industry: छोटे पैमाने के उद्योग-धन्धे ।

to feel small : क्षुद्र समझना ।

in small : छोटे पैमाने में ।

small capitals : छोटे आकार की (अंग्रेजी वर्णमाला) के बड़े अक्षर ।

small and early : एक अनौपचारिक शाम की दावत ।

small cause court : लघुवाद-न्यायालय ।

small saving scheme : छोटी बचत, योजना ।

smallage स्मॉलिज *n.* a wild celery. जङ्गली चौराई ।

small ale -एल *n.* हल्की मदिरा ।

small arm आर्म *n.* हल्के हथियार, तमञ्चा, बन्दूक इत्यादि ।

small beer -बीयर *n.* हल्की जौ की शराब ।

small clothes -क्लोदस *n.* घुटने तक की तङ्ग आने वाली पतलून ।

small coal -कोल *n.* कोयले के छोटे-छोटे टुकड़े ।

small craft -क्राफ्ट *n.* छोटे जलपोत ।

small debts -डेट्स *n.* स्माटलैण्ड में २० पौण्ड का कर्जा जो जिलाधीश वसूल करवा सकता है ।

small hand -हैण्ड *n.* छोटा लेख जो पत्र इत्यादि में लिखा जाता है ।

small holder -होल्डर *n.* बहुत थोड़ी जमीन का मालिक; किसान ।

small holding -होल्डिङ्ग *n.* छोटी-छोटी भूमियों की देखभाल ।

small hours -आवर्स *n.* आधी रात के बाद का समय ।

small letters -लेटर्स *n.* लिखने या छपाई में काम आने के अंग्रेजी के छोटे अक्षर ।

smallish -लिश *adj.* छोटे आकार का ।

small minded -माइण्डेड *adj.* क्षुद्र बुद्धि का ।

smallness -नेस *n.* छोटापन; तुच्छता ।

small pipes -पाइप्स *n.* हवा की थैली से बजने वाली बीन ।

small-pox *-पॉक्स n.* चेचक; शीतला।
small sword *-सोर्ड n.* इन्हें युद्ध में काम आने वाली छोटी तलवार।
small talk *-टोक n.* इधर-उधर की बातें।
small wares *-वेयर्स n.* छोटी वस्तुएं जैसे बटन हुक इत्यादि।
smalt *-ट n.* blue pigment; a blue coloured glass. नीला रङ्ग; नीले रङ्ग का शीशा।
smalto *-टो n.* coloured glass for mosaic flooring. सङ्गमर के टुकड़ों के स्थान पर शीशे के टुकड़े लगाकर बनाया गया फर्श।
smaragd *स्मारेग्ड n.* the emerald. नीलम।
smaragdine *-डाइन adj.* नीलम जैसे रंग का।
smarm *स्मार्म, smalm स्माम v. t. & v. i.* to smear; to sleek. पोतना; चमकाना।
smarmily *-मिली adv.* पोतते हुये।
smarmy *स्मार्मी adj.* पुता हुआ; चमकदार।
smart *स्मार्ट n.* the quick stinging pain; an acute pain. तेज चुभन; टीस; जोर का दर्द; *adj.* sharp and stinging; brisk, dextrous; clever; witty pungent; lively. तेज और चुभने वाला; फुर्तीला, निपुण; चालाक; प्रफुल्ल; तीखा; चरपरा; *v. t. & v. i.* to feel or give acute pain. दर्द करना; दुखना।
smart Alick: होनहार व्यक्ति।
smarten *-र्टन v. t. & v. i.* to make smart. तीखा करना; चतुर बनाना।
smart money *-मनी n.* हरजाना; दण्ड; जुर्माना
smartness *-नेस n.* तीक्ष्णता; तीव्रता; शोभा।
smart ticket *-टिकेट n.* हर्जाना पाने वाले को दिया गया प्रमाणपत्र।
smart weed *-वीड n.* हरी मिरच।
smarty *स्मार्टी n.* होनहार व्यक्ति।
smash *स्मैश v. t.* to break into pieces; to hit with force, to crush, to route utterly; to come to grief. टुकड़े टुकड़े करना; वेग से मार देना, तितर बितर करना; दुःखी होना; *n.* the act of smashing; destruction; a collision. भंग करण; नाश; धक्का।
smash and grab : खिड़की तोड़कर माल उड़ा लेना।
smash up : गम्भीर टक्कर।
smasher *स्मैशर n.* जोर से शब्द करने का घूंसा।
smashing *-शिंग n.* चकनाचूर कर देना।
smatch *स्मैच n.* taste; touch. स्वाद; स्पर्श; *v. t. & v. i.* to taste; to have a flavour of. स्वाद लेना; चखना।
smatter *-टर v. i.* to talk superficially; to have a superficial knowledge. अज्ञान की तरह बोलना; ऊपरी ज्ञान रखना; *v. t.* to utter useless words. निरर्थक शब्द बोलना; *n.* a superficial knowledge. ऊपरी ज्ञान।
smatterer *-टरर n.* किसी विषय के अल्प ज्ञान वाला।
smattering *-रिङ्ग n.* ऊपरी अल्प ज्ञान।
smatteringly *-ली adv.* अल्प पाण्डित्य से।
smear *स्मीयर n.* a fine glaze for pottery; stain. चीनी के बर्तनों पर चमक लाने वाली वस्तु; लीपन पोतना; *v. t.* to stain with anything oily; soil; to besmear; to daub. लेप करना; पोतना; दाग लगाना; लेप करना।
smearily *-ली adv.* लेप करते हुए; मलिन करते हुए।
smeariness *-नेस n.* मलिनता; गन्दा।
smeary *-यरी adj.* लसलसा।
smeddum *स्मेडम n.* a fine powder. बारीक पिसा हुआ चूरा।
smee *स्मी, smeath, smeeth स्मीथ n.* various kinds of ducks. विभिन्न प्रकार की बत्तखें।
smeech *स्मीच* **smeek** *स्मीक n.* smell of burning. धूंए की गन्ध।
smegma *स्मेग्मा n.* a soapy secretion from skin. चमड़ी का पसेव।
smegmatic *स्मेग्मैटिक adj.* पसेव को साफ करने वाला।
smell *स्मेल n.* the sense by which the very finely devided substances are perceived; odour; scent; bad odour. घ्राण शक्ति; गन्ध; महक; वास; दुर्गन्ध। *v. t. & v. i.* to give fragrance; to perceive by the nose. महकना; खुशबू देना; सूंघना।
to smell a rat सन्देह युक्त होना।
smell of किसी पदार्थ की दुर्गन्ध या सुगन्ध।
to smell at सूंघकर छोंक लेना।
to smell out जादू टोने से मालूम करना।
smellable *स्मैलेबल adj.* सूंघने योग्य।
smeller *-लर n.* सूंघने वाला; नाक पर का आघात।
smell-feast *-फीस्ट n.* सोखने वाला।
smelliness *-लीनेस n.* घ्राण शक्ति।
smelling *-लिंग n.* गन्ध का ज्ञान।
smelling-salts *साल्ट्स n.* नौसादर और चूने का मिश्रण जिसके सूंघने से सिर का दर्द कम होता है
smell-less *-लेस adj.* बिना गन्ध का।
smelt *स्मैल्ट verb. pa. t. & pa. p.* of smell
smelt *n.* a kind of small fish like salmon with cucumber smell. ककड़ी की गन्ध वाली एक प्रकार की मछली। *v. t.* to extract metal from ore by melting. गला कर धातु को अलगाना।
smelt *n.* a half guinea. आधी अशरफी।
smelter *-र n.* धातु गलाने वाला।
smeltery *-री n.* धातु गलाने का कारखाना।
smelting *-ल्टिङ्ग n* धातु गलाने का कार्य।
smelting furnance *-फरनेस n.* धातु गलाने की भट्टी।
smew *स्मिव n.* a kind of duck. एक प्रकार की बत्तख।
smicker *-कर adj.* beautiful. सुन्दर; *v. i.* to look beautiful. सुन्दर दिखाई पड़ना।
smickering *-करिङ्ग n.* सुन्दर बनने की चेष्टा।
smickly *-लीadv.* सुन्दरता के रूप में।
smicket *-कट n.* a chemise. स्त्रियों के पहनने की कमीज; समीज।
smilax *स्माइलैक्स n.* a genus of lily family yielding sarsaparilla. कमल के पौधों की एक श्रेणी जिसमें से चिरायता निकलता है।
smile *स्माइल v. t.* to laugh slightly; to look gay; to favour. मुस्कराना; प्रसन्न दीख पड़ना; मन्द हास्य करना; अनुग्रह करना। *n.* the act of smiling. मुस्कुराहट।
to smile at प्रसन्न होना।
to smile on अनुग्रह करना।
smileful *-फुल adj.* प्रसन्न; मुस्कराहट वाला।
smileless *-लैस adj.* बिना मुस्कराहट का।
smiler *-लर n.* मुस्कराने वाला।
smilet *-लेट n.* थोड़ी मुस्कराहट।
smilingly *-लिङ्ग्ली adv.* मुस्कराहट के साथ।
smilingness *-नैस n.* मुस्कराते रहने का गुण।
smir, smirr *स्मर n.* fine misty rain. बूंदा बांदी। *v. i.* to drizzle. बूंदा बांदी होना।
smirch *-र्च v. t.* to besmear; to soil; to stain. पोतना; दाग लगाना; धब्बा लगाना। *n.* a stain. दाग; धब्बा।
smirk *-र्क v. t.* to smile affectedly. बनावटी हंसी हसना। *n.* affected smile. बनावटी हंसी
smit *-ट pa. t. & pa. p.* of smite.
smit *-ट v. t.* to stain; to taint; to infect. धब्बा लगाना; गन्दा करना; दूषित करना। *n.* a stain; infection. धब्बा; छूत लगाने वाली भारी लगजाना। *adj.* infectious. दूषित करने वाला
smite *स्माइट v. t.* to beat; to strike; to infect with disease; to kill, to overthrow in battle. मारना; घूसा या थप्पड़ मारना; रोगग्रस्त करना; जान से मारना; लड़ाई में हराना। *v. i.* to strike; to meet forcibly. मारना हराना। काट देना।
smiter *स्माइटर n.* बहुत जोर से मारने वाला।
smith *स्मिथ n.* one who shapes or makes things out of metals; one who makes anything. धातु की वस्तु बनाने वाला; सुनार; लोहार इत्यादि; कोई वस्तु बनाने वाला। *v. t. & v.i.* to forge; to fashion, to do smith's. work. गला कर सांचे में ढालना; सुनार या लोहार का काम करना।
smithcraft *-क्रैफ्ट n.* सुनार या लोहार की कला।
smithers *-र्स n. (pl.)* (also smithreens) small fragments; shivers. छोटे छोटे टुकड़े अंश।
smithery *-री n.* सुनार या लोहार का काम।
Smithsonian *-सोनियन adj.* pertaining to James Macie Smithson who founded a scientific institution in Washington. श्री जेम्स मेसी स्मिथसन से सम्बन्धित जिसने वाशिंगटन में विज्ञान अनुसन्धान संस्था स्थापित की थी।
smithsonite *-सोनाइट n.* a mineral zinc carbonate. एक प्रकार का खनिज जिसमें जस्ता मिला होता है।
smithy *स्मिथी n.* a smith's workshop. सुनार लोहार का कारखाना; सुनार इत्यादि का काम *v. t. & v. i.* to smith. गला कर सांचे में ढालना।
smitten *स्मिटन pa. p.* of smite.
smittle *स्मिट्ल adj.* infectious. छूत से लग जाने वाली।
smock *n.* a loose linen garment worn over other clothes to protect them; a wench. कपड़ों को गन्दे होने से बचाने के लिए ऊपर से पहने जाने वाला एक वस्त्र। *v. t.* to clothe in smock. उपरोक्त वस्त्र पहनना।
smock faced *स्मॉक फेस्ड adj.* पीले मुंह का।
smock frock *-फ्रॉक n.* दक्षिणी इंगलैण्ड में ऊपर से पहिने जाने वाला मोटे कपड़े का एक कोट

smocking *स्मॉकिंग n.* मधुमक्खी के छत्ते की तरह गूंथ; घना गुथन।
smock race *-रेस n.* एक दौड़ जिसमें जीतने वाले को ऊपर से पहनने का वस्त्र इनाम में दिया जाता है।
smoile, smoyle *स्मॉइल n.* smile मुस्कुराहट।
smoke *स्मोक n.* visible vapours fine praticles that come off from a burning body; fumes; vapour; fog; that may be smoked; cigarettes; tobacco etc. किसी जलती वस्तु से निकलता हुआ धूआं, धुंवा; भाप; धुन्ध; धूम्र पान करने की सिगरट; सिगार; तम्बाकू इत्यादि। *v. t.* to apply smoke to; to darken; to inhale smoke from; to suffocate; to observe; to ridicule धूम्र व्यवहार करना, काला करना; धुंधला करना; धूम्र पान करना; दम घुटना; देखना; खिल्ली उड़ाना। *v. t.* to inhale and put out the smoke of tobacco, to emit smoke. सिगरट; सिगार इत्यादि पीना; धूवां फेंकना।
cape smoke : एक प्रकार की दक्षिणी अफ्रीका की मदिरा।
end in smoke : कोई भी परिणाम न निकलना
like smoke : शीघ्रता से।
sell smoke : ठगना; छलना।
smoke room story दूसरे स्थान पर ही सुनाने योग्य कहानी।
from smoke into smother : एक आपत्ति के बाद दूसरी आपत्ति में पड़ना।
no smoke without fire : बिना बात के बतंगड़ नहीं बनता।
smoke ball *स्मोकबॉल n.* एक प्रकार का धुंवा फेंकने वाला बिस्फोटक जिससे शत्रु पास नहीं आता
smoke black *-ब्लॅक n.* बिलकुल काला।
smoke board *-बोर्ड n.* अंगीठी के ऊपर लगा हुआ तख्ता जिससे धूंवा कमरा काला नहीं कर पाता।
smoke bomb *-बॉम्ब n.* एक प्रकार का गोला जिसके फटने पर धूंवा निकलता है।
smoke box *-बॉक्स n.* बायलर में धूंवा बाहर निकालने से इकट्ठा होने का एक कोष।
smoke bush *-बुश n.* बहुत पतले और घने पत्तों वाली झाड़ी।
smoke consumer *-कन्ज्यूमर n.* एक प्रकार का यन्त्र जिसमें धूंवे को भी जला दिया जाता है।
smoked *स्मोक्ड adj.* धुवां लगाया हुआ।
smoke dried *-ड्राइड adj.* धुवां लगाकर साफ किया हुआ।
smoke dry *-ड्राई v. t.* धुवां लगाकर साफ करना
smoke helmet *-हेल्मेट n.* धुवे मे काम करने वालों के पहनने की टोपी।
smoke ho *-हो n.* काम करने के दिनों में धूम्रपान करने का अवकाश।
smoke hole *-होल n.* धुवां बाहर निकालने का छिद्र।
smoke house *-हाउस n.* धुवां लगाकर साफ की हुई मछली इत्यादि रखने का स्थान।
smoke jack *-जॅक n.* हवा के झोंके से धुवें का रुख पलटने का एक साधन; कूढ़ मगज का व्यक्ति।
smokeless *-लेस adj.* बिना धुंवें का।
smokelessly *-ली adv.* बिना धुंवें के।
smokelessness *-नेस n.* निर्धूम्रता।
smokeproof *-प्रूफ adj.* जिसमें धुंवां न आ सके
smoker *-कर n.* धूम्रपान करने वाला; तम्बाखू पीने वाला।
smoke room *-रूम n.* धूम्रपान करने के लिए अलग बनाया हुआ कमरा।
smoke sail *-सेल n.* जलपोत में धुंवें का रुख पलटने के लिए लगाया गया पाल।
smoke screen *-स्क्रीन n.* धुंवें का बादल जो शत्रु से बचकर किलेबन्दी करने के लिए बनाया जाता है।
smoke stack *-स्टॅक n.* चिमनी; जलपोत की धुंवां निकालने की चिमनी।
smoke tight *-टाइट adj.* जिसके अन्दर धुंवां न घुस सके।
smokily *-कीली adv.* धुंवे सहित।
smokiness *-नॅस n.* धुंवांपन।
smoking *-किङ्ग n.* धूम्रपान।
smoking concert *-कन्सर्ट n.* संगीत-सभा जिसमें धूम्रपान किया जा सकता है।
smoky *स्मोकी adj.* धुंवे के रंग का; धुंवे से भरा हुआ।
smoky-quartz *-क्वार्ट्ज n.* एक प्रकार का धुंए के रंग का पत्थर।
smolder *-स्डर n.* and *v. t.* American spelling of smoulder meaning smother. सुलगना; भीतर ही भीतर जलना।
smolt *-स्ट n.* a river salmon with silvery sides. मीठे पानी में पाई जाने वाली सामन मछली जिसकी बगलें चांदी के समान श्वेत होती है।
smoot *स्मूट n.* a compositor who does odd jobs in various houses. छापे खाने में काम करने वाला व्यक्ति जो जगह जगह थोड़े समय के लिए काम करता है।
smooth *-द adj.* having an even surface, glossy; evenly spread; hairless; slippery; easy; fair spoken. चिकना, चमकदार समान रूप से फैलाया हुआ; बिना बाल का; फिसलाने वाला, आसान; बढ़ाई की गई। *v. t.* to make smooth; to calm. चिकना या समान करना, शान्त करना। *v. t.* to become smooth; to flatter. चिकना होना; तारीफ करना। *n.* a smooth part; a smoothing touch. चिकना भाग; शान्ति देने वाला स्पर्श।
smooth-bore *-बोर adj.* बिना गहरा, पतली लकीरों का।
smooth-breathing *-ब्रेदिङ्ग n.* in Greek the indication (') over an initial vowel of absence of aspiration. यूनानी भाषा में पहले स्वर के ऊपर लगाया चिह्न (') जो प्रेरणा रहित होता है।
smooth-browed *-ब्रौड adj.* बिना झुर्रियों का भौंह वाला।
smooth-chinned *-चिन्ड adj.* बिना दाड़ी का
smooth-coated *-कोटेड adj.* जिसके गन्दे रुखड़े बाल न हों।
smooth-dab *-डॅब n.* एक प्रकार का चिकना जूते का तला।
smooth-dittied *-डिटीड adj.* आसानी से समझ में आसकने शब्द वाला।
smoothen *-दन v. t.* to make smooth. चिकना या समान करना।
smoother *-दर n.* समान या चिकना करने वाला; चिकना करने का एक यन्त्र।
smooth-faced *-फेस्ड adj.* सुन्दर; अकर्षक; बिना दाढ़ी का; बिना झुर्री के।
smoothing *-दिङ्ग n.* and *adj.* शान्त करने वाला; समान या चिकना करने का कार्य।
smoothing-iron *-आयरन n.* अस्त्री; इस्त्री करने का लोहा।
smoothing-plane *-प्लेन n.* बढ़ई का छोटा रन्दा
smoothish *दिश adj.* चिकनाई युक्त; समान; समतल।
smooth-leaved *-लीव्ड adj.* चिकने पत्तों वाला
smoothly *-दली adv.* निर्विघ्नता से; चैन से; सुख से।
smoothness *-नैस n.* चिकनाहट; मृदुता; स्निग्धता।
smooth-paced *-पेस्ड adj.* ठीक प्रकार पर पग रखने वाला।
smooth-pate *-पेट adj.* गंजी खोपड़ी वाला।
smooth-shod *-शॉड adj.* बिना कील के जूते वाला।
smooth-spoken *-स्पोकन adj.* मृदुता से कहा हुआ।
smooth-tongued *-टंग्ड adj.* मृदु भाषी; तारीफ करने वाला; खुशामदी।
smore *स्मोर, स्मूर v.t.* and *v.i.* to smother, to suffocate. श्वास रोकना; गला घोंटना।
smorzando *-र्त्सेन्डो* **smorzato** *-रत्सातो adj.* and *adv.* growing softer and (of music) slower. धीरे धीरे मध्यम और मधुर होती हुई (लय)।
smote *स्मोट pa.t.* of smite.
smother *स्मादर v.t.* & *v.i.* to suffocate; to cover up thickly, to suppress; to conceal; with kindness; to die by suffocation. गला गोंटना; दम घुटना; भरमार होना; दबाना; छिपाना; इत्यादि भ्रम दर्शाना; *n.* smake; thick cloud of dust, obscurity धुंवां; धूल; गर्द इत्यादि का बादल; अन्धकार; घबराहट।
smothered *-दर्ड adj.* गला घोंटा हुआ।
smotherer *-रर n.* गला घोंटने वाला।
smotherfly *-फ्लाई n.* कलियों का रस चूसने वाला एक कीड़ा।
smotheriness *-दरीनेस n.* अन्धकार; घुटन; घबराहट।
smothering *-रिङ्ग n.* & *adj.* गला घोंटने या दम घुटने का कार्य।
smotheringly *-गली adv.* उपरोक्त रीति से।
smothery *-दरी adj.* रौंधने वाला।
smouch *-उच n.* a hearty kiss; a jew; a pedlar. प्रेम पूर्वक लिया गया चुम्बन, यहूदी; सेठ; साहूकार; फेरी वाला; *v. i.* to kiss, to trade as a pedlar; to cheat. चुम्बन लेना; फेरी करके व्यापार करना; धोखा देना।
smoulder *-ल्डर v. t.* to burn slowly without flames; to exist without visible effects. भीतर ही भीतर धीमे धीमे जलना; बिना प्रत्यक्ष प्रभाव के होना; *n.* smouldering fire. धीरे धीरे अन्दर ही अन्दर जलने वाली आग।
smout, smowt *-उट n.* a small person or

child. छोटा बालक; छोटा व्यक्ति।

smudge *-ज n.* a dirty mark; a stain, a smear; a choking smoke; fuel for obtaining smoke. गन्दा धब्बा; लीपा पोता; दाग दम घोटने वाला धुआं; धुआं करने का ईंधन; *v.t.* to smear; to soil to daub; to fumigate with smoke. गन्दा करना; लीपना; पोतना; धुआं करके शुद्ध करना।

smudger *-जर n.* गन्दा करने वाला; धुआं करने वाला।

smudgily *-ली adv.* गन्देपन से।

smudginess *नेस n.* गन्दापन; गंदलापन।

smudgy *-जी adj.* चिह्न युक्त; गदला।

smug *-ग adj.* neat and clean; self satisfied; pleased; with oneself. साफ सुथरा; शिष्ट आकृति का; तृप्त; अपने ही में मस्त; छैला *v. t.* to confiscate. जब्त करना; छीन लेना। *n.* a reading student; a smug person पढ़ने वाला विद्यार्थी; सुन्दर व्यक्ति; छैला।

smug faced *-फेस्ड adj.* शिष्ट आकृति का।

smugness *-नेस n.* छैलापन।

smuggle *-गल v. t.* to export or import without paying the duty; to fondle. बिना महसूल (कर) दिए चोरी से माल किसी दूसरे देश को भेजना या मंगाना; लाड़ करना।

smuggled *स्मगल्ड adj.* महसूल की चोरी से बाहर से माल मंगाया हुआ।

smuggler *-लर n.* महसूल की चोरी से बाहर से माल मंगाने वाला।

smuggling *-लिंग n.* महसूली माल की चोरी से मंगाना या बाहर भेजना।

smur *स्मर*, **smir (r)** *स्मिर n.* a fine misty rain. बूंदा बांदी।

smut *स्मट n* worthless coal; a spot of dust; a mark or stain of soot; a disease of plants; indecent talk; mildew. बेकार कोयला; मैल का दाग; धुंवें की कालस का दाग; पौधों का एक प्रकार का रोग; अश्लील बार्ता। *v.t.* & *v.i.* to stain; to blacken; to tranish. गेरुई; दाग लगाना; काला करना; मैला करना।

smut-fungus *-फुंगस n.* गेरुई उत्पन्न करने वाले कीटाणु।

smutch *स्मच v.t.* to stain; to make dirty धब्बा डालना; मैला करना। *n.* a dirty mark; soot; stain. गन्दा चिन्ह; धूंवें की कालस; धब्बा।

smutted *-टेड adj.* मैला; गन्दा।

smuttily *-टीली adv.* मलिनता से।

smuttiness *-टीनेस n.* मैलापन; मलीनता; अश्लीलता।

smutty *-टी adj.* गेरुई लगा हुआ।

smytrie *-ट्री n.* a collection of small things. एकत्रित की हुई छोटी छोटी वस्तुएं।

snab *स्नैब n.* a cobbler, a shoe maker's apprentice; a vulgar person. मोची; मोची का काम सीखने वाला शिक्षार्थी; गंवार मनुष्य।

snack *स्नैक n.* a share; a hasty meal; a slight repast. अंश; भाग; शीघ्रता से लिया आधा पेट भोजन; अल्प भोजन। *v.t.* to taste; to share. थोड़ा सा खाना; चखना, हिस्सा लेना।

snack-counter *-काउन्टर n.* किसी भोजनालय में अल्प भोजन करने की मेज।

snaffle *स्नैफ्ल n.* a horse's bit of briddle (the bar in its mouth) which has a joint in the middle. घोड़े के मुंह में लगाने वाली लगाम का अंश जो बीच में जुड़ा होता है। *v.t.* to control a horse by means of a snaffle; to steal. घोड़े को उपरोक्त लगाम के अंश से वश में करना, चोरी करना।

to ride one on the snuffle : किसी मनुष्य की कोमलता अथवा सज्जनता से लाभ उठाना।

snaffle-bit *-बिट n.* घोड़े के मुंह में एक चिकना बीच में जोड़ दार लगाम का अंश।

snaffle-bridle *-ब्रिडल n.* चिकनी लगाम

snaffled *-ल्ड adj.* चिकनी लगाम लगा हुआ।

snaffling *-लिंग n.* घोड़े की चिकनी लगाम पहिनने का कार्य।

snaffling-lay *-ले n.* किसी बड़ी सड़क को साफ करने का कार्य।

snag *स्नैग n.* a stump of branch as of tooth; an unexpected difficulty or obstacle; a piece of rough timber or rock embedded in the bottom of a river or sea obstructing navigation; a projecting point; a catch. ठूंठ; उभरा हुआ कोना जैसे दांत की जड़; अकस्मात आने वाली कठिनता अथवा रुकावट; नदी या समुद्र के तल में उभरी हुई लकड़ी या चट्टान जो नाव आदि के चलने में अड़चन उत्पन्न करती हो; आगे निकला हुआ कोना, पकड़; सिटकनी। *v. t.* and *v. i.* to catch on a snag; to clear of snags. उभरे हुए कोने से पकड़ना; रुकावटों से बच कर निकलना।

snagged *-ड adj.* निकले हुए कोने वाला; नोकीला

snaggy *-ई adj.* ठूंठदार।

snail *स्नेल n* a small creature having a shell on its back into which it can withdraw for protection. घोंघा; शम्बूक।

snail' pace : बहुत ही धीमी गति।

giant African snail : एक दस इंच लम्बा अफरीका में पाया जाने वाला घोंघा।

snail slow : घोंघे की तरह मन्द गति का।

snailery *-री n.* घोंघे को पालने का स्थान।

snail fish *स्नेल फिश n.* समुद्र में पाया जाने वाला एक तरह का शम्बूक अथवा घोंघा।

snail like *-लाइक adj.* घोंघे की तरह का।

snail wheel *-व्हील n.* घड़ी या घन्टे में लगा हुआ एक यन्त्र (कुत्ता) जो घन्टे बजने पर नियन्त्रण रखता है।

snaily *-ली adj.* घोंघे के आकार का।

snake *-क n.* a serpent; a long legless crawling creature; a treacherous person; an apparatus for blasting a passage through mine field. नाग; सांप, सांप ने आकार का बिना पैर का रेंगने वाला जानवर; धोखे बाज अथवा कपटी मनुष्य; खान में रास्ता बनाने वाला एक यन्त्र; *v.t.* & *v.i.* to creep; to wind; to drag रेंगना; लपेटना; घसीटना

snake in the grass: गुप्त भेद; गुप्त शत्रु।

to raise snakes: उपद्रव करना।

snake bird *-बर्ड* गरुड़; एक प्रकार का पक्षी जो सांप खाता है।

snake bite *-बाइट n.* विषैला सांप के काटने से हुआ जख्म।

snake charmer *-चार्मर n.* संपेरा; मदारी।

snake cult *-कल्ट n.* नाग पूजा।

snake dance *-डान्स n.* नाग नृत्य।

snake eel *-ईल n.* एक प्रकार की सांप के आकार की मछली।

snake fence *-फेन्स n.* टेढ़ा मेढ़ा बनाया हुआ अहाता।

snake fly *-फ्लाई n.* एक प्रकार का लम्बा उड़ने वाला कीड़ा।

snake like *-लाइक adj.* सांप के आकार का।

snake lizard *-लिजर्ड n.* बिना पैर की छिपकली।

snake root *-रूट n.* सर्प बूटी, सांप के काटने पर लगाई जाने की एक बूटी।

snake's head *-हॅड n.* नीले फूल वाला कमल का पौधा।

snake stone *-स्टोन n.* नौसादर युक्त एक प्रकार का पत्थर।

snake weed *-वीड n.* एक प्रकार की झाड़ी।

snake wise *-वाइज adv.* सर्प के रूप में।

snake wood *-वुड n.* गहरे भूरे रंग की लकड़ी वाला एक प्रकार का वृक्ष।

snakily *-कीली adj.* धोखे बाजी से; कपट से; गुप्त रूप से।

snakiness *-नस n.* दुष्टता; कुतघ्नता।

snaky *स्नेकी adj.* सर्प के आकार का; लहरिये दार।

snap-स्नैप,the act of snatching at something with teeth;sudden breaking of any thing with a sharp noise;a sharp click; a fastener;energy;a simple card game for children,a photograph taken quickly without warning. किसी वस्तु को दांतों से झपटकर छीनना,चटकाकर एक दम तोड़ना खटका बांधने का साधन; शक्ति, एक बच्चों के खेलने का ताश का खेल; शीघ्रता से कैमरे से लिया चित्र; एक पतली कड़ोरोटी;बिना सूचना दिए किया गया कार्य।

to snap at : क्रोध से बोलना।

to snap out: क्रोध से बोलना।

to snap the fingers अंगुलियां चटकाना।

to snap teeth together : दांत कड़कड़ाना।

snap one's head, nose off बड़े पन से उत्तर देना; सामने बोलना।

snap back *-बैक n.* फुटबोल के खेल में मैदान के बीच में खेलने वाला खिलाड़ी।

snap brim *-ब्रिम adj.* शीघ्रता से मुड़ने वाले किनारे वाला।

snap division *-डिविजन n.* (also snap-vote) अकस्मात मत लेना (विशेषकर विधान सभा में)।

snap dragon *-ड्रेगन n.* एक प्रकार का सांप के फन के आकार के फूल वाला पौधा।

snapha(u)nce *-हन्स*, **snaphaunch** *-हाउन्स n.* a free-booter; a spring-catch or trap. आवारागर्द; व्यक्ति; जाल; अपने आप बन्द होकर पकड़ने का साधन।

snap hook *-हुक n.* वह खटका जिसमें डोरा डालने पर निकल न सके।

snapper *-पर n.* a slip in conduct; a stumble; one who snaps. काम में भूल, चरित्र का दोष; ठोकर; भूलचूक; जल्दबाजी करने वाला।

snapper-up -अप झपट्टा मारकर छीनने वाला व्यक्ति।
snappily *स्नैपीली adv.* झटके से; शीघ्रता से।
snapping *-पिङ्ग n.* and *adj.* झपट्टा मारकर छीनने का कार्य; तोड़ने का कार्य।
snappingly *-ली adv.* शीघ्रता से; तोड़ते हुए।
snapping turtle *-टर्टल n.* उत्तरी अमेरिका का एक प्रकार का बड़ा कछुआ।
snappish *-पिश adj.* क्रोधी।
snappishly *-ली adv.* क्रोध या रोष से।
snappishness *-नॅस n.* कुड़कुड़ाहट; क्रोध; रोष; जल्दबाजी।
snappy *-पी adj.* कर्कश; निर्दय; दुःशील।
snap shooter *-शूटर n.* जल्दी से निशाना लगाने वाला; शीघ्रता से फोटो लेने वाला।
snapshot *-शॉट n.* जल्दी का निशान; जल्दी या हठात खींची हुई फोटो।
snar *स्नार v. t.* to snarl. गुर्राना; कर्कश शब्द बोलना।
snare *स्नेयर n.* a device for catching birds or other animals, a trap; an allurement; a wile; a loop of wire used to remove tumours and other growths from the body; moral danger; a string to produce a rattling on a drumhead. पक्षियों तथा अन्य जानवरों को पकड़ने का फन्दा जाल; फंसाने के लिए दिया हुआ लालच; चालाकी, फोड़ों को काटने के लिये काम में लिये जाने वाला तार का फन्दा; आध्यात्मिक पतन होने का डर; नगाड़े के ऊपर बजाने वाली खाल को बांधने वाली रस्सी; *v.t.* to catch; to entrap; to capture by trickery; to entice. पकड़ना; जाल मे पकड़ना; चालाकी से गिरफ्तार करना; लालच देना।
snare drum *-ड्रम n.* एक छोटा नगाड़ा जिसकी खाल तांत से लकड़ी पर मंढ़ी होती है।
snarer *-रर n.* फंसाने वाला; प्रलोभन देने वाला।
snaring *-रिङ्ग n.* and *adj.* जाल मे फंसाने का कार्य।
snarl *स्नार्ल n.* a sharp angry growl harsh or quarrelsome utterance; a tangle; complication; knot; a quarrel, a knot in wood. गुर्राहट; कर्कश या झगड़ा पैदा करने वाले शब्द बोलना; लट; उलझन; जटिलता; गाठ; झगड़ा; लड़ाई; लकड़ी की गांठ; *v.t.* and *v. i.* to growl harshly as a dog; to speak angrily; to put into a tangle; to entangle mentally, to embrass; to flute. कुत्ते की तरह गुर्राना; कर्कश शब्द बोलना; उलझाना; मानसिक उलझन पैदा करना; घबड़ाना; किसी वस्तु मे छेद बनाना।
snarler *-रर n.* गुर्राने वाला; लट बनाने वाला।
snarling *-लिङ्ग adj.* and *n.* गुर्राहट का शब्द करने वाला, उलझन पैदा करने वाला।
snarling iron *-आयरन n.* खोखले बर्तनों में उभरी हुई नक्काशी का काम करने का एक साधन।
snarlingly *स्नार्लिंगली adv.* गुर्राहट से।
snarly *स्नार्ली adj.* गुर्राहट युक्त।
snary *स्नरी adj.* जाल में फंसाने वाला।
snash *स्नैश n* (Scot.) impertinent or abusive language. बेहूदी और गाली गलौज की भाषा। *v. t. & v. i.* to talk impudently बेहूदे और गाली गलौज की भाषा मे बात चीत करना।
snaste *स्नेस्ट n.* a wick; a candle snuff. बत्ती; बदबू वाली धुवां देने वाली मोमबत्ती।
snatch *स्नैच v.* t. and *v. i.* to attempt to sieze something swiftly and suddenly; to sieze suddenly; to take as opportunity occurs' to grab. किसी वस्तु को अचानक शीघ्रता से झपटने की चेष्टा करना; अचानक पकड़ लेना; मौका आने पर न चूकना एकाएक पकड़ लेना। *n.* a sudden attempt to get something; (in *pl.*) short periods; a incomplete piece. झपट कुछ पाने की एकाएक चेष्टा; थोड़ा थोड़ा समय; अधूरा अंश या टुकड़ा।
by snatches : टुकड़े टुकड़े करके।
to snatch off : चुरा लेना।
to snatch at : पकड़ने की चेष्टा करना।
to snatch out : झपट कर पकड़ लेना।
to work in snatches: थोड़े थोड़े समय के लिए काम करना।
snatch-block *-ब्लॉक n.* एक लकड़ी का टुकड़ा जिसमें रस्सी बांधने का छेद होता है।
snatcher *-र n.* छीनने वाला; झपटने वाला।
snatchily *-चीली* **snatchingly** *-चिङ्गली advs.* झपटते हुए।
snatching *-चिंग adj.* लालची; लोलुप।
snatch-purse *-पर्स n.* झपट्टा मार कर छीनने वाला जेबकट।
snatch-thief *-थीफ n.* झपट्टा मार कर छीन लेने वाला चोर।
snatchy *स्नैची adj.* अनियमित; बेढ़व।
snath *स्नैथ* **snathe** *स्नेद* **sneath** *स्नीद* **sned** *स्नेड n.* the curved shaft of the scythe. दरांती या हंसुवे का मुड़ा हुआ दस्ता।
sneak *स्नीक v. t.* and *v. i.* to steal away; to move silently for a bad purpose; to tell tales; to tell a teacher of another child's fault; to behave meanly. चुपके से चोरी करके चम्पत हो जाना; किसी बुरे उद्देश्य से चुपचाप इधर उधर घूमना; अध्यापक से दूसरे बच्चे की शिकायत करना; नीच व्यवहार करना। *n.* a mean and treacherous person; an informer. नीच और कपटी व्यक्ति; गुप्त रीति से समाचार भेजने वाला।
to have a sneaking : भेद रखना।
sneak up : आलसी नीच व्यक्ति।
sneak-cup *-कप n.* प्याले चुराने वाला।
sneaker *-र n.* चोरी करने वाला; गुप्त सूचनाएं भेजने वाला।
sneakily *-कीली adv.* कपटता से।
sneakiness *-नेस n.* नीचता; कपटता।
sneaking *-किंग adj.* नीच; अधम।
sneakingly *-किंगली adv.* नीचता से।
sneakish *-किश adj.* अधम व्यक्ति के समान।
sneakishly *-किशली adv.* नीच व्यक्ति के रूप में
sneakishness *-नेस* **sneaksby** *-नसबाई n.* कपटी अधम व्यक्ति।
sneak-thief *-थीफ n.* छिछोरा।
sneaky *नीकी adj.* अधम; नीच।
sneap *स्नीप v. t.* to pinch; to put down; to snub; to repress. तङ्ग करना; दबा देना; डांटना; तिरस्कार करना; *n.* a snub. डांट; तिरस्कार।
sneck *स्नेक n.* (Scot.) a latch, a door-catch. चटकनी लगाकर बन्द करना।
sned *स्नेड v. t.* to cut, to prune. काटना; छांटना; तराशना।
sneer *स्नीयर v. t. & v. i.* to show contempt by expression of face; to utter contemptuous remarks; to smile derisively; to scoff. नाक चढ़ाकर घृणा कर करना; तिरस्कार पूर्ण व्यङ्ग करना; हंसी उड़ाना; ताना मारना; *n.* a sneering expression; an act of sneering. मुंह चिढ़ाना की मुखाकृति; हंसी या ताना मारने का कार्य।
sneerer *-रर n.* उपहास करने वाला।
sneering *-रिङ्ग n. & adj.* मुंह चिढ़ाना; उपहास युक्त।
sneeringly *ली adv.* उपहास के रूप में।
sneery *-री adj.* उपहास युक्त।
sneesh *-श n.* (Scot.) snuff; a pinch of snuff. नसवार; सूंघनी: नसवार सूंघने की लत;
sneeshin (g) *-शिन n.* (also sneeshan) snuff. नसवार।
sneeshin-mull *n.* नसवार का डिब्बा।
sneeze *-ज n.* a sudden uncontrollable out burst of breath through the nose and mouth. छींक। *v.t.* to sneeze, छींकना
not to sneeze at : जिसमे घृणा नहीं करनी
sneeze-box *-बॉक्स n.* नसवार का डिब्बा।
sneezer *-र n.* छींकने वाला।
sneeze-wood *-वुड n.* एक प्रकार का वृक्ष जिसका बुरादा सूंघने से छींक आती है।
sneezewort *-वॉर्ट n.* एक प्रकार का कीड़ा जिसको पहले नसवार की जगह सूंघा जाता था।
sneezing *-जिङ्ग n. & adj.* छींकना, छींक लाने वाला।
sneezy *-जी adj.* छींक लाने वाला।
snell *स्नेल adj.* (Scot.) sharp,keen;severe. तीखा; नोकीला; तेज; चतुर; कठोर; *n.* a short piece of gut or hair for attaching a hook to a fishing rod. मछली पकड़ने की बन्सी मे कांटा लगाने की एक छोटी तांत या बटे बालों की रस्सी।
snib *स्निब n.* a small bolt; a catch for a window-sash. एक छोटा कुण्डा; खिड़की बन्द करने की एक छोटी चटकनी; *v. t.* to fasten with a snib. चटकनी लगाना।
snick *स्निक v. t.* to cut out; to snip; (in cricket) to deflect slightly by a touch of the bat; to click. छोटा कटाव निकालना; काटना; क्रिकेट के खेल मे गेंद को बल्ले के एक कोने से मारकर; पर उसका रुख थोड़ा बदल देना; *n.* a glancing stroke in cricket;a small cut. क्रिकेट के खेल में उपरोक्त रीति से लगाई हुई मार; एक छोटा कटाव।
snick up : फांसी देना।
snicker *-र v. i.* to snigger; to whinny, हिनहिनाना; *n.* neigh. हिनहिनाहट।
snickersnee *स्निकरस्नी n.* a large knife for fighting; a fighting with knives. लड़ने के काम आने वाला एक प्रकार का बड़ा चाकू

चाकुओं की लड़ाई; *v. i.* to fight with knives. चाकुओं से लड़ना।

sniff *-फ़ v. t.* and *v. i.* to draw air in through the nose so sharply that it can be heard; to smell with quick intake of the air into the nose; to become aware of, to suspect the danger of. नाक से जोर से सांस लेना जिसका शब्द सुनाई दे सके; नाक में जल्दी जल्दी सूंघना; मालूम हो जाना; सुराग लग जाना; खतरे को पहले से मालूम कर लेना। *n.* the act of sniffing; that which is sniffed. उपरोक्त प्रकार से सूंघने का कार्य; वह वस्तु जिसे सूंघा जाये; नसवार; नाक से शब्द करना; नाक की फूंक।

to sniff at तिरस्कार दिखाना।

sniffer *-फ़र n.* जोर से सांस लेकर नाक से सूंघने वाला; नसवार सूंघने वाला।

sniffily *-फ़िली adv.* तिरस्कार युक्त रूप में।

sniffiness *-फ़िनेस n.* तिरस्कार।

sniffing *-फ़िंग n.* and *adj.* शीघ्रता से सूंघने का कार्य अथवा सूंघने वाला।

sniffle *-फ़ल v. i.* धीरे धीरे सूंघना।

sniffler *-फ़लर n.* धीरे धीरे सूंघने वाला।

sniffy *-फ़ी adj.* तिरस्कार पूर्ण।

snift *-फ़्ट v. i.* to sniff; to blow out steam. सूंघना; भाप छोड़ना।

n. a sniff; (*pl.*) stoppage of the nasal passage in catarrh. नाक की फुंकार; सर्दी या जुखाम में नाक का बन्द होना।

snifting-valve *-फ़्टिंग-वाल्व n.* किसी इंजन के सिलैंडर की हवा अन्दर लाने का वाल्व।

snifty *-फ़्टी adj.* सूंघने योग्य सुगन्ध वाला।

snig *-ग n.* a river-eel. मीठे जल की सांप के आकार की लम्बी ईल-मछली।

snigger *-गर v. t.* to catch salmon with a weighted hook; to say with a snigger बड़ी मछली को बंसी के कांटे में वजन रख कर पकड़ना; दबी हंसी में हंसते हुए कहना। *v.i.* to laugh in a half surpressed manner. अल्पहास करना; *n.* a baited hook; a half surpressed laugh. चारा लगा हुआ बंसी का कांटा; अल्पहास।

sniggerer *-गरर n.* अल्पहास करने वाला।

sniggering *-गरिंग n. adj.* दबी हंसी से हंसने का कार्य।

sniggeringly *-ली adv.* अल्पहास से।

sniggle *-गल v. t.* to fish for eels by throwing bait into their hiding places. ईल मछली को उसके छिपने के स्थान पर चारा डाल कर पकड़ना।

snip *स्निप v. t.* to cut with scissors. कैंची से काटना। *n.* the act of cutting. उपरोक्त प्रकार से काटने का कार्य; काट; कतरन।

snip snap snorum ताश के पत्ते दिखाने का बच्चों का एक खेल।

snipe *स्नाइप n.* a bird with a long straight bill, a fool; a cigar or cigarette end. चाहा; एक प्रकार का सीधी लम्बी चोंच वाला पक्षी; मूर्ख व्यक्ति; सिगरट या सिगार का सिरा; *v.i.* to shoot snipe; to shoot a sniggle man from a cover. उपरोक्त पक्षी का शिकार खेलना; छिपकर किसी अकेले मनुष्य को गोली मारना।

snipe-fish *-फ़िश n.* एक प्रकार की लम्बी मछली

sniper *-पर n.* छिपकर अन्धकार में शत्रु पर गोली मारने वाला।

snipet *-पेट n.* a small fragment; news; a scrap of paper. छोटा टुकड़ा या कटाव; समाचार; कागज का छोटा टुकड़ा।

snippetiness *-स्निपेटीनेस n.* चिथड़ा पन, छोटा पन।

snippety *-टी adj.* कटाव या टुकड़े का।

snipping *-पिंग n.* कटाव या कतरन।

snips *-प्स n.* हाथ से धातु की चद्दर काटने की बड़ी कैंची या कतिया।

snip snap *-स्नैप n.* कैंची चलने की आवाज।

snip taffeta fellow *-टैफ़टा फ़ैलो n.* इधर उधर युक्त रेशमी कपड़े पहन कर घूमने वाला छैला।

snipy *-पी adj.* कतरने योग्य।

snirt *-र्ट n.* a smothered laugh. दबी हुई हंसी।

snirfle *-ल v. t.* to snicker. मुस्कराना; दबी हंसी हंसना।

snitch *-च n.* an informer; a fillip on a nose. सूचना देने वाला; नाक से निकलने वाला कफ।

snitcher *-चर n.* सूचना देने वाला व्यक्ति; हथकड़ी।

snivel *-वल n.*the mucus of the nose;crying. नाक बहना; चिल्लाना; रोना; *v. i.* to be lachrymose; to run at nose; to cry like a child. नाक से कफ निकलना; नाक बहना बच्चों की तरह रोना या चिल्लाना।

sniveller *-लर n* वह व्यक्ति जिसकी नाक बह रही हो।

snivelling *-लिङ्ग n. & adj.* बच्चों की तरह रोने या चिल्लाने वाला।

snivelly-*वली adj.* जुकाम से पीड़ित;रोने चिल्लाने वाला।

snob *स्नॉब n.* a cobbler; a shoe maker's apprentice; a person of low rank; a workman who works for lower wages मोची; मोची का काम सीखने वाला; नीच व्यक्ति; गंवार मनुष्य, कम मजदूरी पर काम करने वाला मजदूर।

snobbery *-स्नॉबरी n.* असभ्य व्यवहार; गंवारपन।

snobbish *-बिश adj.* असभ्य; गंवार।

snobbishly *-शली* असभ्यता से।

snobbishness *-नेस n.* असभ्यता; गंवारपन।

snobby *-बी adj.* गंवार; असभ्य; उजड्ड।

snobling *-लिंग n.* एक छोटा गंवार लड़का; कम मजदूरी पर काम करने वाला मजदूर बालक;।

snobocracy *-क्रेसी n.* उपरोक्त मजदूरों की शक्तिशाली श्रेणी।

snobography *-ग्रेफ़ी n.* असभ्य तथा कम मजदूरी पर काम करने वाले लोगों का अध्ययन।

snod *-ड adj.* smooth; neat trim. चिकना; साफ; *v.t.*to trim; to put in order. सफाई से रखना; सजाकर रखना।

snood *-नूड n.* a fillet for the hair जूड़ा बांधने का फीता।

snooded *-डेड adj.* फीते से बंधा हुआ।

snook *-क* (also snoke, snowk) *v. t.* to smell about; to lurk about. मालूम करना सूंघना; इधर उधर बेकार फिरना; *n.* a kind of fish; a contemptuous gesture with the thumb tip on the nose and the fingers spread out. उंगलियां हिला कर तिरस्कार करने का संकेत।

to cock a snook तिरस्कार पूर्ण संकेत करना।

snooker *-कर n.* a kind of game like billiards. बिलियर्ड खेल की तरह का एक प्रकार का खेल; *v. t.* to render direct stroke impossible for. सीधा निशाना न लगने देना।

snool *-ल n.* one who submits tamely to oppression. जुल्मों को कायरता से बरदाश्त करने वाला व्यक्ति; *v. i.* to keep in subjection. आधीन रखना।

snoop *-प v. i.* to go out sneaking. धीरे से चोरी करने या किसी बुरे इरादे से जाना।

snooze *-ज v. i.* to have a nap; to pass time lazily. दिन के समय झपकी लेना, आलस्य से समय बिताना, *n.* a nap. दिन के समय थोड़ी देर के लिए आने वाली नींद; झपकी।

snoozle *-जल v.t. & v i.* to press the nose in or against; to lie close and comfortable. नाक को रगड़ना; आराम से लेटना।

snore *स्नोर v. t.* to breathe horsely in sleep; to make a sound like this. खर्राटा लेना; खर्राटे जैसा शब्द करना; *n.* a loud harsh breath coming from some one who is sleeping. खर्राटा।

snorer *-रर n.* खर्राटे लेने वाला मनुष्य।

snoring *-रिङ्ग n.* खर्राटे का शब्द।

snort *स्नॉर्ट v. t. & v. i.* to force the air out through tho nose with a loud noise; to express impatience with such a sound or angry words. नाक साफ करना; नाक से हवा निकालकर शब्द करना; घोड़े की तरह नाक के रास्ते जोर से सांस छोड़ना; उपरोक्त प्रकार से या क्रोध से निराशा प्रकट करना; *n.* the act and sound of snorting. उपरोक्त तरह सांस लेने का काम या शब्द।

snorter *-टर n.* नाक से शब्द करने वाला।

snort mast *-मास्ट n.* बन्द रोशनदान जिसके बन्द करने पर पनडुब्बी अधिक देर तक पानी में रह सकती है।

snot *स्नॉट n.* the mucus of the nose; a kerchief; a mean fellow. नाक का कफ; रुमाल; नीच व्यक्ति; *v. t.* to blow the nose. नाक साफ करना; नाक का कफ निकालना।

snotter *-टर v. t.* to breathe through obstruction in the nose; to sob. नाक में कोई अड़चन (कफ) होते हुए सांस लेना; हिचकियां लेना

snottery *-री n.* नाक का कफ; गन्दापन।

snottily *-ली adj.* गन्देपन से।

snottiness *-नेस n.* गन्दापन।

snotty *-टी adj.* and *n.* कफ से गन्दा; जहाज का कप्तान।

snotty nosed *adj.* नाक से कफ निकलने वाला।

snout *स्नाउट n.* the projecting nose of a beast; any similar projection. जानवरों का आगे निकला हुआ नाका; थूथनी; *v. t.* to furnish with a snout. थूथनी लगाना।

snouted *-टेड* **snouty** *adj* लम्बी नाक वाला;

धूंधनीयुक्त; धूंधनी के आकार का।

snow *स्नो n.* the soft; white flakes of frozen vapour that fall from the sky; masses of such flakes lying on the ground; a storm of such flakes; (*pl.*) accumulations of snow; a winter; anything white as hair; a white-fleshed variety of apple. पाला; बरफ; जमीन पर पड़ा बर्फ का ढेर; बरफ का तूफान हिम; तुषार; बर्फ का कोई ढेर, शीत ऋतु; कोई श्वेत वस्तु जैसे श्वेत बाल; सफेद गूदे वाले सेव की एक किस्म।

v.t. & v.i. to come down as snow from the sky; cause to fall like snow,come in large quantities; to be covered with snow; to be overhelmed; to whiten; to whiten the hair of. हिम के समान आकाश से गिरना; बरफ के समान गिराना; बहुत तादाद में आना; बरफ से घिर जाना; घबरा जाना श्वेत करना; बाल सफेद करना।

snowed under with शीघ्र इकट्ठा होने से घबड़ा जाना।

snow shoe rabbit एक प्रकार का बर्फीले प्रदेश में पाया जाने वा अमरीका देश का खरगोश।

snowed up बर्फ के कारण रास्ता बन्द होना।

snowy owl उत्तरी ध्रुव के पास पाया जाने वाला एक प्रकार का सफेद उल्लू।

snow ball *स्नोबॉल n.* बरफ को दबाकर बनाया हुआ गोला या गेंद; सफेद रंग का केक।

snow ball tree *-ट्री n.* एक प्रकार की सफेद बेर की झाड़ी।

snow berry *-बेरी n.* एक प्रकार का श्वेत रंग का जंगली बेर।

snow bird *स्नो बर्ड n.* शीत ऋतु में आने वाले पक्षी।

snow blind *-ब्लाइन्ड adj.* बरफ की चमक के कारण आखों का अन्धा।

snow blindedness *-ब्लैडनेस n.* बरफ की चमक के कारण आखों में उत्पन्न एक रोग जिससे आखों से कम दिखाई देता है।

snow blink *-ब्लिन्क n.* बरफ पड़े मैदानों से सूर्य की किरणों की चमक।

snow boot *-बूट n.* बरफ पर चलने के जूते।

snow bound *-बाउन्ड adj.* बरफ पड़ने के कारण बाहर न निकल सकने वाला।

snow box *-बॉक्स n.* नाटक इत्यादि में नकली बरफदिखाने का सन्दूक।

snow break *-ब्रेक n.* बरफ का पिघलना।

snow broth *-ब्रॉथ n.* पिघली हुई या पिघलती हुई बरफ।

snow bunting *-बन्टिंग n.* बरतानिया में शीत ऋतु में किसी श्वेत चमड़ी वाले आदमी का आना।

snow cap *-कैप n.* पहाड़ की बरफ से ढकी एक चोटी।

snow capped *-कैप्ड adj.* बरफ से ढकी चोटी वाला।

snow cold *-कोल्ड adj.* बरफ के समान ठन्डा।

snow drift *-ड्रिफ्ट n.* नदी इत्यादि जमी हुई बरफ का हवा के कारण बीच में दरार आजाना।

snow drop *-ड्रॉप n.* एक प्रकार का श्वेत फूलों वाला एक पौधा।

snow dropper *-ड्रापर n.* कपड़े चोरी करने वाला चोर।

snowdrop tree *-ट्री n.* एक सफेद घण्टी के समान फूल वाला पौधा।

snow eyes *-आइज n.(pl.)* एक प्रकार का बर्फ की चमक से अन्धेपन को दूर करने का ऐस्कीमो लोगों का साधन।

snow fall *-फॉल n.* हिमपात।

snow fed *-फेड adj.* बर्फ के पिघलने के कारण पैदा हुए पानी से बहने वाला।

snow field *-फील्ड n.* वह पहाड़ी विस्तार जो प्रायः बरफ से ढका रहता है।

snow finch *-फिन्च n.* एक प्रकार का शीतकाल में आने वाला पक्षी।

snow flake *फ्लेक n.* तुषार या बर्फ के टुकड़े।

slow flee *-फ्ली n.* एक प्रकार का श्वेत रंग का कीड़ा।

snow fly *-फ्लाई n.*बर्फीले प्रदेश में पाई जाने वाली एक प्रकार की मछली।

snow goggles *-गॉग्लसn.*बर्फ की चमक के कारण अन्धेपन से बचने के लिए पहनने का चश्मा।

snow goose *-गूज* एक प्रकार की सफेद रंग की बत्तख।

snow-guard *स्नो-गार्ड n.* छत पर से बरफ गिरने से रोकने के लिए लगाया गया एक तख्ता।

snow-ice *-आइस n.* हिम के अच्छी तरह से जमने पर बनी बरफ की सिल्ली।

snowily *-ईली adj.* बरफीले पन से।

snowiness *-ईनेस n.* बरफीला पन।

snow-in-summer *-इन-समर n.* एक प्रकार का बाग में लगने वाला सुगन्धित सफेद फूल वाला पौधा।

snowish *-इश adj.* बरफ के आकार का; बरफ के समान।

snow-leopard *-लेपर्ड n.* पहाड़ी तेंदुआ।

snowless *-लेस adj.* बिना बरफ का।

snowlike *-लाइक adj.* बरफ के समान।

snow-line *-लाइन n.* सदा बरफ पड़ने वाले पहाड़ों की चोटियों की पंक्ति या श्रृङ्खला।

snow-man *-मैन n.* बरफ की बनाई हुई आदमी की आकृति।

snow-plant *-प्लान्ट n.* बरफीले प्रदेशों में होने वाला एक लाल रंग के फूल वाला पौधा।

snow-plough *-प्लाऊ n.* बरफ काट कर हटाने का साधन।

snowscape *-स्केप n.* बरफ पड़ने का दृश्य या चित्र

snow-shoe *-शू n.* बरफ पर चलने के लम्बे जूते।

snow spectacles *-स्पेक्टेकलस n.* बरफ की चमक से बचने के लिए लगाया गया चश्मा।

snow storm *-स्टॉर्म n.* बरफ का तूफान।

snow water *-वाटर n.* बरफ के पिघलने पर बना हुआ पानी।

snow white *व्हाइट adj.* बरफ के समान सफेद।

snow wreath *रेथ n.* बरफ के बड़े टुकड़ों का पहाड़ के ऊपर से गिरना।

snowy *-स्नोई adj.* हिम पूर्ण, बरफीला।

snub *स्नब v. t.* to rebuff; to treat with unexpected rudeness; to check. बहुत जोर से झिड़की देना; अकस्मात बुरा व्यवहार करना रोकना। *n.* a rebuff. बहुत जोर की झिड़की।

snubbe *स्नबे n.* rebuff. झिड़की; बुरा भला कहना

snubber *स्नबर n.* झिड़की देने वाला।

snubbing *स्नबिंग n.* झिड़की।

snubbingly *-ली adv.* झिड़कते हुए।

snubbing-post *स्नबिंग पोस्ट n.* सांड या घोड़े को रोकने के लिए लगाया गया खूंटा।

snubbish *स्नबिश* **snubby** *स्नबी adj.* झिड़की युक्त

snub nose *n.* चिपटी नाक।

snub nosed *adj.* चिपटी और छोटी नाक वाला।

snudge *स्नज v. i.* to be comfortable and quiet; to save in a miserly manner. शान्त और आराम की स्थित में हो तो कंजूसी से पैसा बचाना। *n.* a mean stingy fellow. एक नीच गन्दा व्यक्ति।

snuff *स्नफ n.* powdered tobacco for drawing up the nose; a sniff; resentment; a sooty ill-smelling knob. सूंघने का तम्बाकू; नसवार; शब्द; करते हुए नाक से गया सांस; नाराजगी; मोमबत्ती की बत्ती पर दुर्गन्ध देने वाली धूंवे से काली फूल या गुल। *v.t. & v.i.* to draw in air noisily through the nose; to smell; to examine to detect by smelling, to smell at anything doubtful; to make brighter; to remove the snuff from. शब्द करते हुए नाक से सांस लेना; सूंघना; परीक्षा करना; सूंघ कर तलाश करना; सन्देह जनक बात का पता लगा लेना; चमकीला बनाना; तेज रोशनी वाला बनाना; मोमबत्ती की बत्ती का जला हुआ गुल हटाना।

to take it in snuff बुरा मानना।

up to snuff यह जानते हुए भी कि इसे नहीं लेना है।

to snuff out मोमबत्ती बुझाना।

snuff-box *-बॉक्स n.* नसवार या सूंघने का बक्सा।

snuff-colour *-कलर* **snuff-brown** *-ब्राउन n.* गहरा भूरा रङ्ग।

snuff-dipper *-डिपर n.* नसवार को भिगोकर उस से मञ्जन करने वाला।

snuff-dipping *-डिपिंग n.* उपरोक्त मञ्जन करने की आदत।

snuff-dish *-डिश n.* मोमबत्ती की बत्ती झाड़ने पर गिरे फूल को रखने की एक छोटी रकाबी।

snuffer *-फर n.* नसवार या सूंघनी सूंघने वाला

snuffers *-फर्स n.* मोमबत्ती का गुल मुह से हवा देकर हटाने वाला; मोमबत्ती के गुल हटाने की कैंची

snuffiness *-नेस n.* मलिनता।

snuffing *-फिंग adj.* मलिन; सूंघते हुआ।

snuffle *-फल v. t.* and *v. i.* to utter a snuffling sound; to speak through the nose. नकियाना; नाक से बोलना। *n.* a snuffing sound; an obstructed condition of the nose. नकियाने का शब्द; नाक में कफ होने की स्थिति।

snuffler *-लर n.* नाक से बोलने वाला व्यक्ति।

snuffling *-लिंग adj.* नकियाने वाला।

snuff-mill *-मिल n.* नसवार या सूंघनी बनाने का कारखाना।

snuff-mull *-मल n.* नसवार रखने का डिब्बा।

snuff-paper *-पेपर n.* बैंक की हुण्डी; साहूकार की हुण्डी।

snuff-spoon *-स्पून n.* नसवार के डिब्बे में से नसवार निकालने का चम्मच।

snuff-taker *-टेकर n.* नसवार खाने वाला।

snuff-taking *टेकिंग n.* नसवार खाने की आदत

snuffy *-फी adj.* नसवार से मलिन किया हुआ।

snug *स्नग adj.* comfortable; cosy; close

and warm; neat; concealed. आराम देश कोमल; सटा हुआ और गरम; साफ सुथरा; छिपा हुआ; गुप्त। *v. t.* and *v. t.* to be comfortable; to lie close; to stow away snugly. आराम देह होना; सटा कर रखा हुआ; जल-पोत या नाव का धीरे धीरे चलना।

snuggery *-गरी n.* a small secret room. एक छोटा गुप्त कमरा।

snuggle *-ग्ल v.t.* to lie close for the sake of warmness; to cuddle. सटकर लेटना; गर्माई के लिए पास सोना; बच्चे को शरीर से चिपकाना।

snugly *-ली adv.* आनन्द से; आराम से, सुख से

snugness *-नॅस n.* आराम; स्वस्थता; सुख।

snush *स्नश n.* snuff. सूंघनी या नसवार; *v. t. & v. i.* to snuff. नसवार सूंघना।

snuzzle *स्नजल v. i.* to root, to rub and sniff. जमना; नाक रगड़ना या छींक आना।

so *सो adv.* in that way; thus; for like reasons; therefore; to such a degree; very; that manner; to such an extent; likewise; accordingly; well; thereafter; as; soever; thus; for like reason; provided; in case; in order; be it; that will do; very good. उसी प्रकार से इस प्रकार उसी प्रकार के कारण से; इसलिए; अतः इतना; यहां तक; बहुत; उसी तरह; इस सीमा तक; इसके समान; तदनुसार वैसे; उसी प्रकार से; भले प्रकार से, अधिकता से; योग्यता से; इसके पश्चात्; तथा: प्रकार से; जैसे भी; ऐसा इस रीति से; इस प्रकार से समान कारण से; तद्वत् इस कारण से; इस शर्त पर; इस अवस्था में; इस क्रम से; ऐसा हो; यह प्रयाप्त होगा; बहुत अच्छा, एव। *conj.* provided that; if; then; therefore. इस शर्त पर; यदि, तब, इसलिये। *interj.* stop; steady बस खड़े; रहो।

so, soh *सो n.* (also sol) the fifth note. पंचम् स्वर।

and so forth : इत्यादि ऐसा ही हो।

and so on : इत्यादि ऐसा ही हो।

or so : अथवा उसी स्थान के पास; अथवा उसी संख्या में।

quite so : हां ठीक; बिल्कुल ठीक।

so as : इस प्रकार से कि; इस तरह से कि; यदि केवल; इस शर्त पर कि।

so be it : ऐसा ही हो।

so called : इस नाम का; कथाकथित, इस नाम से विख्यात।

so far : यहां तक; अब तक।

so forth and so on : इत्यादि; वगैराह।

so far so good : जो हुआ अच्छा ही हुआ; उतनी दूर तक अच्छा ही हुआ।

so long : तब तक; इतने समय तक।

so long as : जब तक कि।

so many : इस संख्या तक।

so much : इतना; इस मात्रा तक; इस अवस्था तक; यहां तक; समान संख्या का; इतना अधिक।

so much as : जहां तक कि; इतना कि।

so much for : इस सीमा तक; इससे अधिक नहीं; इसका अन्त है।

so much so : यहां तक कि।

so much the better : यह अच्छा ही हुआ।

so-so : ऐसे वैसे; केवल इस प्रकार।

so that : इसलिए कि।

so then : अतः इसलिए।

so to say (or speak) : मानो; कहने के लिए।

soak *सोक v. t.* to draw in by the pores; to drench; to steep in water; to saturate; to bathe thoroughly; to over charge. सोखना, भिगोना; पानी में डुबाना; आचूषण; पूर्णतया स्नान करना, तर करना; अधिक प्राप्त करना; *v. i.* to be drawn in by the pores. सूख जाना; सोखा जाना; (*pa.p.* soaked; soaken) *n.* act of soaking; a drenching; a marshy place; a hard drinker. आचूषण, सूखने का कार्य; दलदल का स्थान; अधिक (शराब) पीने वाला।

soakage *n.* आचूषण; सोखा जाने वाला द्रव।

soak'away *n.* गड्ढा जिसमें पानी निथरता है।

soaked *adj.* जल में तर किया हुआ।

soaker *n.* सोखने वाला, पियक्कड़।

soaking *n.* भीगना; तर होना; *adj.* अधिक मदिरा पीने वाला।

soakingly *adv.* सोखते हुए।

so-and-so *n.* अमुक।

soap *सोप n.* a compound of oil; fat and soda used in washing and cleansing; flattery; money used for bribery and other secret political purposes. साबुन; स्वफेन; खुशामद; चापलूसी; रिश्वत तथा अन्य गुप्त राजनैतिक प्रयोजन के लिए प्रयुक्त धन; *v.t.* to rub with soap; to flatter. साबुन लगाना; खुशामद करना।

soap-ball *n.* साबुन का गोला।

soap-bark *n.* एक प्रकार का अमरीका का वृक्ष जिसकी छाल साबुन के समान प्रयुक्त होती है।

soap-berry *n.* रीठे का वृक्ष।

soap-boiler *n.* साबुन बनाने वाला; साबुनकार।

soap boiling *n.* साबुन बनाने का कार्य।

soap-box *n.* साबुन पेक करने का बक्स।

soap-bubble *n.* साबुन का बुलबुला।

soap-earth *n.* मज्जी।

soapily *adv.* साबुन की तरह से।

soapiness *n.* साबुनपन।

soapless *adj.* बिना साबुन का।

soap-root *n.* एक प्रकार की जड़ जो साबुन की तरह प्रयुक्त होती है।

soap-stone *n.* सेलखड़ी।

soap-suds *n.* (*pl*) साबुन का पानी।

soap-test *n.* साबुन की परीक्षा।

soap-tree *n.* रीठे का वृक्ष।

soap-works *n.* साबुन साजी; साबुन का कारखाना

soapy *adj.* साबुन के समान; साबुन से पूर्ण।

soar *सोर v. t.* to fly very high; to rise high in the imagination; to mount at a great height; to glide in a rising current. बहुत ऊंचे उड़ना; बहुत ऊंचे तक कल्पना करना; आकाश में पर खोले हुए मंडराना; बहुत ऊंचे चढ़ना; उठे हुए प्रवाह में बहना; *v. t.* to reach in upward flight. ऊंची उड़ान में पहुँचना।

soar, soare *सोर adj.* (also sore) reddish-brown; of hawks. कुछ लाल-भूरा; बाज (पक्षी) का; *n.* a hawk of the first year; a buck of the fourth year. प्रथम वर्ष का बाज पक्षी; चौथे वर्ष का हिरन।

soarer *n.* ऊपर चढ़ने वाला।

soaring *n;* ऊपर चढ़ने की क्रिया।

soaringly *adv.* ऊपर चढ़ते हुए।

sob *सोब v. i.* to weep in a convulsive manner, to make a sobbing sound. सिसकना; सुबकना, सिसक सिसक कर रोना; सिसकने का शब्द करना; *v.t.* to utter with sobs. सिसकने के समान बोलना; (*pr. p.* sobbing; *pa. t. & pa. p.* sobbed) *n.* convulsive catch of the breath. सिसकी।

sobbing *n. & adj.* सिसकी।

sobbingly *adv.* सिसकते हुए।

sobeit *सोबिइट conj.* provided; so be it. पूर्व निर्दिष्ट; युक्ति सहित; ऐसा ही हो।

sober *सोबर adj.* not drunk; temperate; moderate; restrained; serious; sedate calm; quiet, grave; regular, without excess; sombre; sane; rational, feeble. मदिरा न पीये हुए; संयमी; मर्यादा युक्त; गम्भीर शान्त; प्रशान्त; नियमाचारी; उद्वेगरहित, धीर; संयत; उदासीन, स्वस्थ चित्त का; विचार युक्त, बुद्धिमान, निर्बल। *v. t.* to make sober. शान्त करना; उन्माद हटाना; संयमी करना; *v. i.* to become sober. शान्त होना, उन्माद हटना संयमी होना।

sober-blooded *adj.* स्थिर; गम्भीर; शान्त।

soberise *v. t.* संयमी करना या बनाना।

soberly *adv.* गम्भीरता से, विचार पूर्वक; स्थिरता से।

sober-minded *adj.* स्थिर मन का; संयमी; बुद्धिमान; शान्त; धीर।

sober-mindedness *n.* स्वस्थ चित्तता; स्थिरता; धीरता; शान्तता।

soberness *n.* शान्ति भाव; उद्वेग रहित अवस्था।

sobersides *n.* शान्त चित्त तथा संयमी पुरुष।

sober-suited *adj.* उदासीन रङ्ग के कपड़े पहने हुए।

sobole, soboles *सोबोल, सोबोलेज n.* (bot.) a creeping underground stem producing roots and buds. भूमिस्थ स्तम्भ जो मूल तथा कलियों को उत्पन्न करता है; भूस्तम्भ।

Sobranje *सोब्रांजे n.* (also Sobranye) the assembly of Bulgaria. बल्गेरिया की राष्ट्रीय सभा।

sobriety *सोब्राईटी n.* calmness; the quality of being sober; gravity; seriousness. शान्ति; धीरता; संयम; सावधानी; गम्भीरता।

sobriquet *सोब्रिके n.* (also soubriquet) a nickname. कृतक नाम उपनाम; उपाधि; कृत्रिम नाम।

soc *सोक n.* (law) the right of holding a local court. स्थानीय न्यायालय; स्थापित करने का अधिकार।

socage, soccage *सा केज n.* feudal tenure of land. खिदमती आराजी।

socager, soc'man, sokeman *n.* खिदमती आराजी किसान।

so-called *adj.* तथाकथित; इस नाम का।

soccer *सोसर n.* football association. फुटबाल-संघ।

sociability *-सियैबिलिटी* मिलनसारी; सुशीलता;

sociable *-शैबल adj.* fit for company; affable; fond of company, familiar; ready to converse. साथ या संघ रहने योग्य; मिलनसार; समाज प्रिय; संगमप्रिय; हिलामिला। *n.* a kind of tricycle; an informal party. तीन पहिया साइकिल; गैर जान्ते की पार्टी।

sociablenss *n.* मिलनसारी; सुजनता; सुशीलता

sociably *adv.* मिलनसारी से।

social *सोशैल adj.* pertaining to society; affable; associated; gregarious; sympathetic; convivial; interdependent. सामाजिक; मिलनसार; समाज-सम्बन्धी; परस्पर व्यवहार करने वाला; समाज-विषयक; सुशील; सहानुभूतिक; आनन्दी; अन्योन्य आश्रित।

social adaptation *n.* सामाजिक-संयोजन।

social adjustment *n.* सामाजिक-संतुलन।

social and cultural opportunity *n.* सामाजिक तथा सांस्कृतिक अवसर।

social attitudes *n.* सामाजिक प्रवृत्ति।

social boycott *n.* सामाजिक बहिष्कार।

social behaviour *n.* सामाजिक आचरण।

social causation *n.* सामाजिक कारण।

social censorship *n.*सामाजिक दोष दर्शन।

social, chauvinist *n.* सामाजिक देशाहंकारी।

social codes *n.* समाज विधि; सामाजिक संहिता।

social cosiousness *n.* समाज संवित, सामाजिक चेतना।

social contract *n.* सामाजिक अनुबन्ध, सामाजिक इकरार (करारनामा)

social contract; theory of *n.* सामाजिक अनुबन्ध सिद्धान्त।

social control *n.* सामाजिक नियमन।

social custom *n.* सामाजिक रूढ़ि, सामाजिक आचार; लोकाचार।

social decrement *n.* सामाजिक ह्रास।

social degeneracy *n.* सामाजिक अधःपतन।

social democracy *n.* समाजवादी जनतन्त्र।

social democratic party *n.* समाजवादी जनतान्त्रिक दल।

social disapproval *n.* सामाजिक नापसन्दगी।

social distance *n.* सामाजिक अन्तर।

social dynamics *n.* समाज प्रगति विज्ञान।

social economics *n.*सामाजिक अर्थशास्त्र;सामाजिक अर्थव्यवस्था।

social economy *n.* सामाजिक अर्थ व्यवस्था।

social elimination *n.* सामाजिक विनाश;सामाजिक दूरी करण।

social environment *n.* सामाजिक; वातावरण; सामाजिक परिस्थिति।

sociale la *adj.* सामाजिक।

social evolution *n.*सामाजिक विकास।

social evil *n.* सामाजिक अधर्म (दुष्कर्म); वेश्यावृत्ति।

social evil *n.* सामाजिक अधर्म; (दुष्कर्म); वेश्यावृत्ति।

social ethics *n.* सामाजिक आचार शास्त्र।

social fascilitation *n.* सामाजिक,सरली करण

social factor *n.* सामाजिक तथ्य।

social feeling *n.* सामाजिक भावना।

social force *n.* समाजिक शक्ति; सामाजिक बल

social function *n.* सामाजिक समारोह; सामाजिक उत्सव।

social group *n.* सामाजिक समुदाय।

social habit *n.* सामाजिक आदत।

social heredity *n.* सामाजिक परम्परा।

social increment *n.* सामाजिक अभिवृद्धि।

social ideal *n.* सामाजिक आदर्श।

social injustice *n.* सामाजिक अन्याय।

social instinct *n.*सामाजिक सहज प्रवृत्ति;सामाजिक अन्तः प्रज्ञा, सामाजिक सहज बुद्धि।

social insurance *n.* सामाजिक बीमा।

social intelligince *n.* समाज बुद्धि।

social intercourse *n.* सामाजिक संसर्ग।

socialisation *n.* सामाजीकरण; सामाजिक करण

socialise *v. t.* सामाजिक बनाना; सामाजिक कार्य करना।

socialism *n.* समाजवाद; समाजसत्तावाद।

socialism, evolutionary *n.* विकासवादी-समाजवाद।

socialism, guild *n.* कुलिक, समाजवाद; व्यवसाय संघ समाजवाद।

socialism of the chair *n.* निष्क्रय-समाजवाद।

socialism, proletarian *n.* सर्वहारा; समाजवाद; श्रमिक समाजवाद।

socialism, revolutionary *n.*क्रान्तिकारी,समाजवाद।

socialism, state *n.* राज्य समाजवाद।

socialist *n.* & *adj.* समाजवादी।

socialist democracy *n.* समाजवादी,जनतन्त्र।

socialist of the chair *n.* निष्क्रिय समाजवादी

socialistic *adj* समाजवादात्मक।

socialistically *adv.*समाजवादात्मकता से।

socialistic intereference *n.* समाजवादी हस्तक्षेप।

socialist of the evolutionary school *n.* विकासवादी सम्प्रदाय का समाजवादी।

socialistic state *n.* समाजवादी राज्य।

socialist theory of crisis *n.* समाजवाद का संकट सिद्धान्त।

socialite *n.* समाज में स्थान रखने वाला।

sociality *n.* सामाजिकता; मिलनसारी।

social justice *n.* सामाजिक न्याय।

sociality *adv.* सामाजिक रूप से।

social la *n.* भावी समाज।

social legislation *n.* सामाजिक विधान।

social maladjustment *n.* सामाजिक कुसंयोजन।

social microscope *n.* सामाजिक सूक्ष्म दर्शक।

social mind *n* सामाजिक बुद्धि।

social monopoly *n.* सामाजिक एकाधिकार।

socialness *n.* सामाजिकता।

social order *n.* सामाजिक व्यवस्था।

social organism *n.* सामाजरूपी शरीर; सामाजिक शरीर।

social organisation *n.* सामाजिक संगठन; समाज संगठन।

social outcast *n.* समाज बहिष्कृत।

social progress *n.* सामाजिक उन्नति।

social psychology *n.* समाज मनोविज्ञान सामाजिक मानस।

social recontruction *n.* समाज पुनर्निर्माण।

social relation *n.* सामाजिक सम्बन्ध।

social retrogression *n.* सामाजिक अवनति।

social science *n.* समाज विज्ञान।

social security *n.* सामाजिक संरक्षण।

social selection *n.* सामाजिक निर्वाचन।

social selectionism *n.* सामाजिक वरणवाद।

social self *n.* सामाजिक अहम्।

social service *n.* सामाजिक सेवा।

social setting *n.* सामाजिक विन्यास; सामाजिक स्थान।

social situation *n.* सामाजिक स्थिति।

social statics *n.* समाज स्थिति; विज्ञान।

social status *n.* सामाजिक पद; सामाजिक; प्रास्थिति; सामाजिक प्रतिष्ठा।

social stratification *n.* सामाजिक स्तरीकरण।

social stimulus *n.* सामाजिक उत्तेजना।

social structure *n.* समाज रचना; समाज गठन।

social struggle *n.* सामाजिक संघर्ष।

social suppression *n.* सामाजिक दमन।

social theory *n.* सामाजिकवाद;समाज सिद्धान्त समाजवादी सिद्धान्त।

social transmission *n.* सामाजिक संक्रमण।

social unit *n.* सामाजिक इकाई।

social war *n.* सामाजिक संग्राम।

social welfare *n.* सामाजिक हित।

social will *n.* सामाजिक संकल्प;समाज संकल्प।

sociate *n.* & *adj.* साथी; सहयोगी।

sociative *adj;* संगी, साथी।

societarian *adj.* सामाजिक, समाज का; समाज सम्बन्धी; समाजवादी; *n.* सामाजिक प्राणी;समाजवादी।

societary *adj.* सामाजिक।

society *n.* (*pl.* societies) समाज; सामाजिक जीवन; मण्डल; परिषद; मण्डली, संघ; समिति; संसर्ग; सङ्ग, साथ; सभा; *adj.* सामाजिक।

society, natural *n.* प्राकृतिक समाज।

society, political *n.* राजनैतिक समाज।

society, royal *n.* राज परिषद।

socii *n.* सुहृद वर्ग।

Socinian *-नियन adj.* pertaining to Laelius and Faustus; uncle and nephew; Italian unitarians. इटली के एकात्मकवादी-लीलियस तथा फौस्टस;चाचा तथा भतीजा; सम्बन्धी; *n.* एकात्मकवादी।

Socinianise *v. t.* & *v. i.* एकात्मवादी बनाना व बनना।

socinianism *n.* एकात्मवाद।

socio *सोशियो pref.* in the sense of'social' सामाजिक अर्थ में उपसर्ग।

socio economic *adj.* समाजार्थ शास्त्रीय।

sociological *adj* समाज शास्त्रीय।

sociologist *n.* समाज शास्त्री।

sociology *n.*the science of human body समाज शास्त्र।

socionomic force *n.* सामाजिक बल।

socionomics *n.* समाज परिस्थिति विज्ञान।

socius *n.* समाजात्मा।

sock *सॉक n.* a light shoe; a short stocking. हल्का पहनने का जूता; जूते का पताबा; जूते का भीतरी तल्ला; छोटा मोजा।

sock *सॉक n.* a ploughshare. हल की धार; फार।

sock *सॉक v. t.* to thrust hard; to strike hard; to drub; to give a blow (*pl.* so-

cks) कठोर आघात करना; कठोर प्रहार करना, बेंत से मारना; धक्का मारना, प्रतिघात करना।

sockdologer -डोलोजर *n.* (also soc-dologer; sog-dologer; slock-dolager; slock-doliger) *n.* a conclusive arguement; a hard blow; a very big thing. अन्तिम-वितर्क; आखरी-दलील; कठोर प्रतिघात, कठोर प्रहार; बहुत बड़ी वस्तु।

socker *सॉकर n* (also soccer) football play; football association. फुटबाल का खेल; फुटबाल-संघ।

socket *सॉकिट n.* a hollow in which anything is fitted; the hollow of the eye, the hollow of a candle-stick. छिद्र, कूप; उलूखल; अक्षिकूप; दीप काष्ठ-कूप, सकोटर, सांकिट; *v. t.* (*pr p.* socketing; *pa t* & *pa. p.* socketed) to provide with or place in a socket; to strike with a socket. सकोटर में रखना; सकोटर बनाना, सकोटर से टकराना व लगना।

socketed *adj.* सकोटरयुक्त।

socket-pipe *n.* जली सकोटर।

sockeye *सॉक आई n.* मछली विशेष।

socle *सॉक्ल n.* rectangular block of pedestal. खम्भे के नीचे की चौकी।

Socratic,-al *सॉक्रेटिक-कैल adj* pertaining to the great Greek philosopher Socarates or to his philosophy or to his method of teaching. ग्रीक प्रसिद्ध दार्शनिक सांक्रेटिस-सम्बन्धी अथवा इस दर्शन व शिक्षा-पद्धति सम्बन्धी; *n.* a follower of Socrates. सांक्रेटिस का अनुयायी।

socratically *adv.* सांक्रेटिस की पद्धति से।

socratic-method *n.* सांक्रेटिस की पद्धति, प्रश्नोत्तर-पद्धति।

socratise *v. t.* सांक्रेटिस पद्धति का अभ्यास करना; प्रश्नोत्तर-पद्धति अपनाना।

sod *सॉड n.* a turf, the upper layer of the grass land, piece of turfy cutoff घास का चकत्ता; तृण सहित भूमि का भाग; दूब लगी हुई भूमि की ऊपरी तह; *v. t.* to cover with sod. भूमि तृणमय करना।

sod *सॉड pa. t.* of seethe. उबला हुआ।

soda *सोडा n.* sodium oxide; sodium hydroxide, sodium carbonate; sodium bicarbonate, soda-water. सोडा; क्षिजार; खार; सज्जी; क्षारातु जारेय; क्षारातु उदजारेय; क्षारातु प्रांगारीय; क्षारातु द्वयांगारीय; क्षिजार-जल, खारा पानी; *adj.* of or containing soda or sodium. क्षिजारीय; क्षारातु-युक्त व का।

soda ash *n.* सोडा राख।

soda-fountain *n.* क्षिजार-यन्त्र; क्षिजारक।

sodaic *adj.* सोडा-सम्बन्धी; क्षिजारीय।

sodain, sodaine *सोडेन adj.* sudden. अकस्मात्; अचानक।

soda-lake *n.* लवण झील।

soda-lime *n.* कास्टिक सोडा तथा जीवचूर्णक का मिश्रण।

sodalite *n.* सोडिम अल्युमिनियम सिलिकेट तथा क्लोरीन युक्त घनाकार धातु विशेष।

sodality -लिटि *n.* a fellowship or fraternity. साथीपन व भ्रातृत्व संघ।

sodamide *n.* गर्म सोडियम में अमोनियम गैस भेजने से प्राप्त संयोजन।

soda scone *n.* सोडा रोटी।

soda-water *n.* क्षिजार-जल; खारा-पानी।

sodden *सॉडन pa.p* of sheethe. उबला हुआ, *adj* boiled, soaked thoroughly, boggy, doughy; stupid and dull. उबाला हुआ, पूर्णतया-अभ्युक्त, गीला तथा भारी; मूर्ख तथा मन्द, *v. t.* & *v. i.* to soak, to make or become sodden भिगोना; गीला होना या करना।

soddenness *n.* गीलापन; मूर्खता।

sodden-witted *adj* भारी; मूर्ख।

soddy *सॉडि adj.* covered with sod. तृणमय भूमि।

sodger *सॉजर n.* (also soger) soldier सिपाही।

sodic *adj* सोडायक, क्षिजारीय।

sodium *सोडियम n.* (chem.) a blush-white alkaline matter सोडियम क्षार।

sodium bicarbonate *n* (chem.) क्षारातु द्वयंगारीय।

sodium bisulphate *n* (chem.) क्षारातु द्विगुल्वीय।

sodium bisulphite *n.* (chem.) क्षारातु द्विगुल्वित।

sodium carbonate *n* (chem.) क्षारातु प्रांगारीय

sodium chloride *n.* (chem.) क्षारातु-लोरेय।

sodium hydrochloride *n* (chem.) क्षारातु उदलोरेय।

sodium hydrogen sulphate *n* (chem.) क्षारातु उदजन गुल्वीय।

sodium hydroxide *n.* (chem.) क्षारातु उदजारेय।

sodium monoxide *n* (chem.) क्षारातु एकजारेय।

sodium nitrate *n* (chem.) क्षारातु भूर्यीय

sodium nitrite *n.* (chem.) क्षारातु भूर्यित।

sodium peroxide *n.* (chem.) क्षारातु अति जारेय।

sodium phosphate *n* (chem.) क्षारातु भास्वीय

sodium sulphate *n.* (chem.) क्षारातु-गुल्वीय

sodium sulphide *n.* (chem) क्षारातु-गुल्वेय।

sodium sulphite *n.* (chem) क्षारातु-गुल्वित।

sodium thio-sulphate *n.* (chem.) क्षारातु-गन्ध गुल्वीय।

sodom *सॉडम n.* any place of utter depravity. अतिशय दुराचार का स्थान।

sodomite -माइट *n.* an inhabitant of sodom; one who practises sodomy. दुराचार के स्थान का निवासी; पुरुष मैथुन करने वाला गुदा मैथुन करने वाला; लौंडेबाज।

sodomitic, al *adjs.* गुदामैथुन सम्बन्धी।

sodomitically *adv.* गुदा मैथुन से।

sodomy *n.* गुदा मैथुन; पुरुष मैथुन; लौंडे बाजी।

soever -एवर *suf.* having an indefinite meaning अनिश्चित अर्थ सूचक प्रत्यय।
how soever कैसे भी।
who soever जो कोई।

sofa -सोफा *n.* (also sopha) a long couch सोफा; शय्या, पलंग, सेज; पर्यंक।

sprocket स्प्रॉकेट *n* a tooth on the ring of a wheel for engaging the chain. पहिये की कोर पर बना दुआ दांता।

sprocket-wheel *n.* दांतदार पहिया।

sprod *स्प्रॉड n.* दूसरे वर्ष की मछली।
sprong *स्प्रांग pa. t & pa. p.* of spring.
sprout *स्प्राउट n.* the young shoot of a plant; a newgrowth अंकुर; मंजरी, कोंपल, प्ररोह, प्रांकुर, *v. t. & v. i.* to shoot forth; to germinate; to grow, to produce. अंकुर निकलना; उत्पन्न होना, उगना, मंजरी आना, कोंपल निकलना।
sprouted *adj.* अंकुरित, उगा हुआ।
sprouting *n. & adj* उगने वाला; अंकुरित होने वाला।
spruce *स्प्रूस adj.* smart; neat; dapper, finical, trim. स्फूर्तिदायक; विनीतवेष; सुथरा; बनाठना; साफ; फुर्तीला; *adv* sprucely ठाटबाट से; फुर्तीलेपन से; *v t* to smarten फुर्तीला बनना, सुन्दर वस्त्र पहिनाना, *v i.* to become smart. फुर्तीला बनना; सुन्दर वस्त्र पहिनना, *n.* spruce-fir, its wood, spruce-beer. एक प्रकार का सरो का वृक्ष, इस वृक्ष की लकड़ी; इस वृक्ष से बनी बीयर।
Spruce *स्प्रूस n.* Prussia. प्रसिया; *adj* Prussia. प्रसिया से लाया हुआ।
sprucely *adv.* ठाट बाट से।
spruceness *n.* छैलापन; ठाटबाट।
sprue *स्प्रू n.* the hole through which liquid metal is passed while casting; the metal that solidifies in it. छिद्र जिस में से ढालते समय पिघली हुई धातु डाली जाती; इस छिद्र में डाली जाने वाली धातु।
sprue *स्प्रू n.* a tropical disease affecting digestion. संग्रहणी रोग।
sprug *स्प्रग n.* a sparrow एक चिड़िया।
spruit *स्प्रू-इट n.* a small deepish water course. पानी का नाला।
sprung *स्प्रङ्ग pa t. & pa.p.* of spring. *adj.* strained loosed, of springs. खिचा हुआ; तना हुआ; ढीला, कमानीदार।
sprush *स्प्रूश adj* spruce. फुर्तीला; साफ, सुन्दर वेष वाला; *adv.* ठाटबाट से, *v t. & v. i.* फुर्तीला बनना व बनाना।
spry *स्प्राइ adj.* nimble; lively, active (*comp.* spryer; *superl.* spryest) चंचल, आनन्दी; फुर्तीला।
spryly *adv.* चंचलता से; फुर्तीलेपन से।
spryness *n.* चंचलता; फुर्तीलापन।
spud *स्पड n.* a kind of small spade, a stumpy person or thing, a potato. छोटा फरसा; छोटी कुदाली, छोटा और मोटा पुरुष व वस्तु; आलू।
spuddle *v i.* थोड़ा सा खोदना।
spuddy *adj* छोटा मोटा।
spue *स्प्यू v t. & v.i* (also spew) वमन करना; जल्दी से गिराना।
spule *स्पूल n* the shoulder कन्धा, स्कन्ध।
spule-bane spule-bone, spule-blade *n* (also speal) स्कन्धास्थि।
spulzie, spuilzie, spulye, spulyie *स्पूली n* spoliation अपहरण; लूट; डाका, *v t & v i* to plunder डाका डालना, लूटना अपहरण करना।
spume *-म n* foam, scum फेन झाग, *v i* to foam झाग निकालना, *v t* to throw up foam. झाग फेकना।
spumous, spumy *adj.* झाग वाला, फेन युक्त झागदार।
spun *स्पन pa t. & pa. p.* of spin. सूत काता हुआ; *adj* सूत काता हुआ।
spunge *स्पंज* (also sponge) *n* स्पंज; जलशोषक; समुद्र फेन।
spun-out *adj.* अनुचित रूप से बढ़ाया हुआ।
spun-yarn *n.* काता हुआ सूत।
spunk *स्पंक n* a spark, a spirited person; courage, tinder; a fungus from which tinder in made; a matches. प्रेमी, बांका, छैला; साहसी पुरुष; साहस शीघ्र दाह्य पदार्थ; कुकुरमुत्ता (कुम्भी) जिससे दाह्य पदार्थ बनाया जाता है; दियासलाई; *v t.* to take fire; to fire up; to show spirit; to come to light. अग्नि लेना, आग जलना; साहस दिखाना; प्रकाश में आना।
spunkie *स्पंकी n.* a will-o'-the-wisp. दलदल मे उत्पन्न होने वाला; जगमगाता हुआ; a fiery person. साहसी पुरुष, whisky. ह्विस्की।
spunky *adj.* साहसी; वीर; उत्तेजक।
spur *स्पर n.* a prickling good worn on a horseman's heel; stimulus; a projecting mountain; ergot; a short flowering or fruit bearing branch; an expansion of a leaf base. घुड़सवार का एड़ (कांटा) उत्तेजक पदार्थ; पहाड़ का उभरा हुआ भाग; ठोकर (बाध) अर्गट; पुष्प का फल युक्त शाखा; पत्र-तल का वृद्धित भाग; *v.t.&v.i.* (*pr.p.* spurring; *pa. t. & pa. p.* spurred) to prick with spurs, to incite, to press. एड़ मारना; प्रोत्साहित करना; उकसाना; उभाड़ना।
gift spurs : 'नाइट' उपाधि का चिन्ह।
on the spur of the moment उसी क्षण; बिना पूर्व विचार के।
to win the spurs : मान प्राप्त करना; 'नाइट' की उपाधि प्राप्त करना; प्रतिष्ठा प्राप्त करना।
to set spurs to ऐड़ी लगाकर जल्दी से सवारी करना।
spurge *स्पर्ज n.* एक प्रकार का रस दार पौधा।
spur-gear, gearing *n.* दांतेदार पहिया।
spur heeled *adj.* पिछले लम्बे सीधे पांव वाला।
spurge laurel *n.* योरुप का एक प्रकार का सदाबहार, पीत हरे रंग वाला पौधा।
spurial *-री n. pl* feathers of the bastard wing. नकली पंखो की पंखुड़ियां।
spuriousity *n* बनावट; जाल, दोगलापन।
spuriosty *adv.* मिथ्यारीति से; बनावट से।
spurious *-अस adj* not genuine; bastard; illegitimate. false; forged. बनावटी; कृत्रिम; जाली; कल्पित; छद्म, नकली; दोगला; मिथ्या; जाली।
spuriosness *n* बनावट, दोगलापन; जाल।
spurious dissepiment पटाभास।
spur leather *n.* एड़ी का चमड़ा।
spurless *adj* बिना एड़ का, बिना उत्साह का।
spurling *-लिंग* (also sparling) एक प्रकार की मछली।
spurn *-र्न v t* to thrust back with foot; to disdain, to reject with contempt; to kick लात मारना, तिरस्कार करना, घृणा करना, धिक्कारना, ठोकर मारना, a kick; kicking, disdainful rejection ठोकर; घृणा; तिरस्कार।
spurne *-र्न v. t.* to spour एड़ लगाना।
spurner *n.* ठोकर मारने वाला, तिरस्कार करने वाला घृणा करने वाला।
spurning *adj.* ठोकर वाला, घृणाकारक।
spurred *adj.* एड़ वाला, एड़ की आकृति का; विनती युक्त; अर्गट के प्रभाव वाला।
sparrer *n.* एड़ वाला।
spurrier *n.* एड़ बनाने वाला।
spurrey spurry *स्पी n.* एक प्रकार की वनस्पति।
spurring *adj,* एड़ वाला।
spurrowel *n.* एड़ का दांतेदार पहिया।
spur-royal, ryal, rial *n.* पन्द्रह शिलिंग का सोने का टुकड़ा।
spurry *adj.* एड़ के समान।
spurwhang *n.* एड़ का चमड़ा।
spur wheel *n.* दांतेदार पहिया।
spurt *-स्पर्ट v. t.* to spout or sent out in a sudden stream or jet. नली व टोंटी में वेग से फेंकना; *v. i.* to make a sudden voilent effort, to drive liquid from a small pipe. दीर्घ प्रयत्न करना; टोंटी व नली में से तरल पदार्थ को वेग से फेकना, *n* a jet, sudden effort. फव्वारा, फुहारा; हठ; उद्यम, महान प्रयत्न।
spurtle *-र्टल n.* (also spurtle blade) a sword. तलवार।
sputter *-टर v. i. & v i.* to emit saliva from the mouth; to speak rapidly, to utter in a vehement fashion, to throw out with haste; to spit in small drops while speaking. थूकना; खखारना; शीघ्रता से बोलना; क्रोध से डपट कर बोलना; शीघ्रता से फेंक देना; बोलने के समय थूक के कण फेंकना; बोलते समय थूथू करना; *n.* sputtering, matter sputtered out खखारना; थूकने का शब्द, खखरा हुआ पदार्थ।
sputterer *n.* डपट कर बोलने वाला बोलते समय थूक फेंकने वाला।
sputtering *n. & adj* थूकने (खखारने) वाला।
sputteringly *adv.* खखारते हुए, थूकते हुए।
sputtery *adj.* खखार सम्बन्धी।
sputum *-टम n.* (*pl* sputa) matter expectorated from mouth, saliva, spittle थूक, लीसा, सार; खखार।
spy *स्पाई n* (*pl.* spies) one who watches the movement of the enemy, a book a scout, an eye गुप्तचर, भेदिया, जासूस प्रणिधि; खुफिया, मुखबिर, आख, *v t. & v i* to discover by careful investigation; to detect; to explore secretly; to play the part of a spy; अनुसंधान करना, खोजना, पता लगाना, ढूंढना, जासूसी काम करना, भेदिया का काम करना, गुप्त रूप से देखना, छिपकर जांच करना, (*pr.p.* spying; *pa t. & pa p.* spied *3rd pers. pres. indic* spies)
spyal *n.* (also spial) भेदिया, गुप्तचर।
spyglass *n.* छोटी दुरबीन।
spy hole *n.* झांकने का सूक्ष्म छिद्र।
spying *n. & adj.* भेद वाला, गुप्तचर वाला।
spyism *n.* चासूसी काम; भेदिया पन, गुप्त

कार्य ।
spy-money *n.* गुप्त कार्य के लिये दिया गया धन ।
spyre *स्पाईर n.* (also spire) a shoot. a stalk; a cone अंकुर; मंजरी; डठल; शंकु; ।
squab *स्क्वॉब adj.* fat; clumsy; tick and stout; shy; abrupt; newly batched मोटा; भद्दा; नाटा मोटा; लज्जा शील, लम्बमान; अपरिक्व अण्डे की अवस्था का । *n.* a yonng pigeon; a short stumpy person; a carriage cushion. कबूतर का बच्चा; मोटा नाटा मनुष्य; गाड़ी का गद्दा । *adv.* with a dash. धमाके से ।
squabash *स्क्वेबैश v.t.* to crush; to smash कुचलना; दबाना; टुकड़े टुकड़े करना, *n.* crushing कुचलना ।
squabbish *adj.* मोटा; भारी; ।
squabble *स्क्वेब्ल् v.t.*to dispute in a noisy manner, to wrangle झगड़ाना; लड़ाई झगड़ा करना; जमाये हुये टाइप को गड़बड़ करना *n.* a petty quarrel. झगड़ा; लड़ाई ।
squabbler *n.* झगड़ने वाला ।
squabby *adj.* नाटा और मोटा; भद्दा, फूहड़; पलथी मारे हुए ।
squacco *स्क्वोको n.* a kind of heron. एक प्रकार का सारस व बगुला ।
squad *स्क्वॉड n* a small detachment of soldiers, crowd; a working party; a group. सैनिक का छोटा समुदाय; झुण्ड; भीड़; काम करने वालों का दल; दल ।
squad, awkward *n.* भरती होने वाले सैनिकों का दल जो अभी ड्रिल के अयोग्य है ।
squadron *स्क्वाड्रन n.* a body of soldiers drawn upon a square: a detachment; a body, a section of a fleet commanded by a flag officer;a group of aeroplanes forming a unit under one command; a division of cavalry regiment under a major or captain गुल्म, सैनिक दल, सवारों का समूह, झुण्ड, समुदाय; जहाजी बेड़ा, विमान दल, कप्तान अथवा मेजर के अधीन सैनिक दल । *v. t.* to form into squadrons. गुल्म बनाना; सैन्य दल निर्माण करना ।
squadronal *adj.* सैन्यदल सम्बन्धी, गुल्मीय ।
squadroned *adj.* सैन्यदल युक्त, गुल्म सहित ।
squadron-leader *n.* सैन्य दल पति; विमान-दलपति, गुल्म अधिपति ।
squadron-volante *n.* एक स्काटिश राजनैतिक दल ।
squail *स्क्वेल n. pl.* a kind of game played with small wooden disks. एक प्रकार का खेल जिसमें लकड़ी की छोटी टिकड़ियां काम आती है ।
squailor *n.* the stick by which this game is played. इस खेल के खेलने का डंडा
squalid *स्क्वालिड adj.* dirty; foul; mean, nasty, filthy. मलिन; गन्दा, मैला; अधम ।
squalidity *n.* मलिनता; अधमता, गन्दापन; मैलापन ।
squalidly *adv.* मलिनता से; अधमता से; गन्देपन से; मैलेपन से ।
squalidness *n* मलिनता; मैलापन; अधमता; गन्दापन ।
squall *स्क्वाल n.* a loud cry; a short violent wind; a thunderstorm. कोलाहल; चिल्लाहट; वायु का झोंका; प्रचण्ड वायु; तूफान, *v. i.* to cry out violently; to yell; to sing loudly and unmusically. जोर से चिल्लाना; पीड़ा से चिल्लाना; स्वर रहित जोर से चिल्लाना । *v. t.* to sing or utter loudly and unmusically. स्वर रहित जोर से गाना व चिल्लाना ।
to look out for squalls : आपत्ति में सावधान होना ।
squaller *n.* जोर से चिल्लाने वाला ।
squalling *n.* चिल्लाना । *adj* चिल्लाने वाला ।
squally *adv.* चिल्लाहट से; प्रचण्ड वायु से क्षुब्ध ।
squaloid *n.* शार्क नामक मछली के समान ।
squalor *n.* मलिनता; गन्दगी; मैलापन; अधमता
squama *स्क्वेमा n.* (*pl.* squamal) a scale; a scale like structure. प्राणियों के चमड़े की ऊपर की परत; चोइयां; शल्किन; कंचुली; चोइयां के समान आकृति ।
squamata *स्क्वैमेटा n. pl.* an order of reptiles. शल्किनु; सर्प वर्ग ।
squamate *adj.* शल्किनीय; कंचुली सम्बन्धी ।
squamation *n.* कंचुलीपन, चोइयांपन ।
squame *n.* कंचुली; चोइयां; शल्किन; सर्प परिवार का प्राणी ।
squamella *n.* छोटी कंचुली; छोटी चोइयां ।
squamosal *n.* शंखकास्थि का कंचुलीय भाग ।
squamose, squamous *adj.* कंचुलिय; शल्किनीय ।
squamosity *n* कुंचलीपन, कंचुलीयता; शल्किनीयता ।
squamula, squamule *n* छोटी कंचुली, शल्किनिका; कुंचलिका ।
squamulose *adj* कुंचुलिका सम्बन्धी ।
squander *स्क्वेण्डर v t.* to scatter; to spend wastefully. फैलाना, विस्तार करना; अपव्यय करना; धन लुटाना; वृथा व्यय करना । *v. t.* to scatter; to roam; to straggle. फैलना, विस्तार होना; घूमना, छितराना । *n.* a squandering. विस्तार; फैलाव; अपव्यय ।
squandered *adj.* विस्तारित; फैला हुआ, अपव्यय किया हुआ ।
squanderer *n.* अपव्यय करने वाला, धन उड़ाने वाला, विस्तार करने वाला ।
squandering *n.* & *adj.* अपव्यय करने वाला ।
squanderingly *adv.* वृथा व्यय करते हुए ।
squandermania *n* धन का अपव्यय करने का उन्माद ।
square *-अरन* a figure having four equal sides and four right angles, an equilateral rectangle; a quadrilateral area with a garden in the centre surrounded by building, a rectangular block of buildings a body of troops drawn up in this form; the product of a quantity mulitiplied by itself; the yoke of a garment; a unit of flooring; 100 sq. feet, an instrument for drawing or testing right angles; a carpenter's measure; a rule; a canon, squareness; due proportion; order; honesty; fairness; equity, dissension compartment; समकोण चतुर्भुज; वर्ग; समकोण क्षेत्र जिस के मध्य में उद्यान हो तथा चारों ओर मकान हों; भवनों की वर्गाकार आकृति; वर्गाकार आकृति; वर्गाकार आकृति में सैन्यदल; वर्ग; वस्त्र का जोड़ा, फर्श की इकाई, १०० वर्ग फुट; समकोण मापक; बढ़ई की गुनिया; नियम, विधि; व्यवस्था, वर्गता, समानुपात, समक्रम; सत्यता, अनुकूलता, स्पष्टता; समानता, विरोध; कलह; द्विघात; भाग । *adj.* having four equal sides and four right angles;right angled,equal to a quantity multiplied by itself; measuring an area in two dimensions; exact; fair; true, even; equitable; honest; complete; solid. वर्गाकार; समकोणाकार; वर्गाकार माप का; अनुरूप, स्पष्ट, सत्य; सम; समान, निष्कपट; पूर्ण; ठोस । *v. t.* to make a square; to form into squares; to construct a square equal to; to multiply by itself; to adjust; to regulate; to bring into accord; to make equal; to pay; to bribe. वर्ग बनाना, वर्गाकार आकृति में बनाना; एक वर्ग के समान दूसरा वर्ग बनाना, वर्ग निकालना, स्थिर करना,नियमित करना; अनुकूलबनाना; समान करना; देना; चुकाना; रिश्वत (घूस) देना *v. i.* to fit; to accord; to to agree; to swagger; to make account even. सम करना; बैठाना; मानना,शेखी मारना, लेखा समान करना ।
adv. at right angles; solidly; directly; evenly; fairly; honestly. समकोण पर;ठोस रूप में; सीधे रूप से; समान रूप से, अनुकूलता से सत्यता व स्पष्टता से;
how squares go: क्या हो रहा है ।
on the square: सत्यता से; ईमानदारी से ।
to square the circle: असम्भव कार्य करना; वृत्त के क्षेत्र फल के समान वर्ग बनाना ।
to square up: रिश्वत देना ।
out of squares: बदगोनिया ।
to be at squares: लड़ जाना ।
square, arrange in sold अन्तःपूर्ण वर्ग ।
square bracket कोणअभिवार ।
square built *adj.*वर्गाकार आकृति में बना हुआ
squared *adj.* वर्गित ।
squared paper *n.* वर्ग पत्र; वर्ग कोष्ठित पत्र ।
square dealing *n.* निष्कपट व्यवहार ।
square face *n.* जिन नामक सुरा ।
square foot *n.* वर्ग फुट ।
square head *n.* जर्मन ।
square, hollow *n.* खोखला वर्ग ।
square inch *n.* वर्ग इंच ।
squarely *adv.* वर्गाकार रूप में परिपूर्णता से; ठीक-ठीक; निष्कपटता से ।
square measure *n.* वर्ग माप ।
square magic *n.* अंक यन्त्र ।
square mile *n.* वर्ग मील ।
squareness *n.* वर्गता;चौकोरपन;चौरसई;बराबरी; समानता ।
square pyramid वर्गाधार सूचीस्तम्भ ।
square of the radius अर-वर्ग ।

squarer *n.* वर्गाकार बनाने वाला; शेखीखोर ।
square-root *n* वर्गमूल ।
square-shouldered *adj.* वर्गाकार-स्कन्धीय ।
square-toed *adj.* वर्गाकार पादीय ।
square-wise *adv.* वर्गाकार रूपेण ।
square yard *n.* वर्ग गज ।
squaring*n.& adj.* वर्गबाला;वर्गीकरण,द्विघातन ।
squarish *adj.* वर्ग-सा ।
squarrose *स्क्वयर-रोज adj.* standing out at right angles. समकोण लम्बित ।
squarson *-सन् n.* a clergyman who is also a land-owner in his parish. पादरी-जमींदार ।
squarsonage *n.* पादरी-जमींदार का निवास स्थान ।
squash *स्क्वेश v. t. & v. i.* to press into pulp; to squeeze; to crush. चूर्ण करना; कुचलना; दबाना; पीसना । *n.* something unripe or soft; a crust, a sudden fall of a heavy soft body; a species of gourd; a pumpkin; a crushed mass, a drink made from fruit juice; a crushed condition; a squeeziug; squash racquets. अपक्व वस्तु; पीसा हुआ पदार्थ; धड़ाने का शब्द; एक प्रकार का खीरा; लौकी; सीताफल, चूर्णित पदार्थ का पिण्ड; फल के रस से बनाया हुआ पेय पदार्थ; चूर्णित अवस्था; पीसने की क्रिया, रस निकालने का यन्त्र । *adv.* with a squash. चूर्ण के साथ ।
squasher *n.* पीसने वाला; पीसकर रस निकालने का यन्त्र ।
squashily *adv.* पीसकर चूर्ण करने के साथ ।
squashiness *n.* कुचलन; पीसने की अवस्था ।
squashy *adj* पीसा हुआ, कीचड़ युक्त ।
squat *स्क्वॉट v. t. & v. i. pr. p* squatting, *p. t. & pa. p.* squatted) to sit on ground with hams on heels. पल्थी मार कर बैठना; भूमि पर सट कर बैठना । *adj.* short and thick; dumpy; clumsy; sitting on heels with hams. नाटा और मोटा; भद्दा, फूहड़; पल्थी मारे हुए । *n.* the posture of one who squats. पल्थी का आसन ।
squatness *n.* पल्थी मारकर बैठने की अवस्था ।
squatter *n.* पल्थी मारकर बैठने वाला; भूस्वामी ।
squatter *स्क्वॉटर n.* one who settles on public land without legal right. अनधिकार रूप से सार्वजनिक रूप से भूमि पर अधिकार करने वाला व्यक्ति ।
squattiness *n.* पल्थी मारने की अवस्था ।
squattle *v. & v. i.* पल्थी मारकर बैठना ।
squattocracy. *n.* शक्ति शाली भूमि अधिपति वर्ग ।
squatty *n. adj* नाटा तथा मोटा ।
squaw *स्क्वॉक n.* an American-Indian woman or wife अमरीका की भारतीय महिला व पत्नी ।
squawk *-क n.*a croaky call of a bird.पक्षी कर्कश शब्द । *v. i. & t.* to utter a shrill cry कर्कश शब्द करना ।
squaker *n.* कर्कश शब्द करने वाला ।
squaking *n. & adj.* कर्कश शब्द करने वाला या करने की क्रिया ।
squaky *adj.* कर्कश शब्द-समान ।
squawman *n.* भारतीय पत्नि से उत्पन्न श्वेत व्यक्ति ।
squeak *स्क्वीक v. i.* and *v. t.* to utter a short shrill cry. चीखना;किकियाना;चिल्लाना चीत्कार; करना । *n.*a sharp shrill cry चीत्कार; चीख; किकियाना; चिल्लाने का शब्द ।
a narrow squeak narrow escape बाल-बाल बचना ।
squeaker *n.* चीत्कार करने वाला; चीखने वाला; चिड़िया का बच्चा; सूचना देने वाला; चीची करने वाला खिलौना ।
squeakery *n.* चीची करना, चीत्कार करना ।
squeakily *adv.* चीकार करते हुए, चीची करते हुए
squeakiness *n.* चीची करने की अवस्था ।
squeaking *n.* and *adj.* चीची करने वाला या करने की क्रिया ।
squeakingly *adv.* चीत्कार करते हुए; चीची करते हुए ।
squeal *स्क्वील v.i.* and *v.t.* to utter a shrill prolonged cry as from pain or joy, to make a protest; to turn informer; to complaint. चिल्लाना, चीत्कार करना;विरोध करना; भेदिया होना; शिकायत करना । *n* a high sustained cry. चिल्लाहट; चीत्कार ।
squealer *n.* चीत्कार करने वाला, पक्षी का बच्चा, कबूतर का बच्चा; भेदिया; सूचक ।
squealing *n.* and *adj.* भेदिया; सूचक ।
squeamish *स्क्वीमिस adj.* fastidious; coy, over scruplous; tending to vomit. नकचढ़ा, विनीत, संकोची, अति शङ्का-युक्त; वमन की अवस्था का ।
squeamishly *adv.* नकचढ़ेपन से; जी मचलाते हुए ।
squeamishness *n.* अति शंका, वमन-अवस्था; नकचढ़ापन ।
squeedge *स्क्वीज v t. & v. i.* to squeeze. दबाना, निचोड़ना, मसलना; चापना; दबाना डालना, ढकेल कर रास्ता करना ।
squeegee *-जी n.* (also squilgee)a rubber edged mop for sweeping deck,a small instrument or roller used in photography जहाज की छत धोने का रबड़ के किनारों वाला रबड़ का यन्त्र या बेलन जो फोटोग्राफी में प्रयुक्त होता है । *v t.*to rub with a squeegee जैसे यन्त्र से धोना या रगड़ना ।
squeezability *-बिलिटि n.* the act of squeezing निचोड़; निचोड़ने का कार्य ।
squeezable *adj.* निचोड़ने योग्य ।
squeeze *-ज v t* to press hard; to crush; to embrace lightly; to extort or harass दबाना; निचोड़ना मसलना; दृढ़ रूप से आलिंगन करना; हैरान करना; चापना; ढकेल कर रास्ता करना; दबाव डालना; दबाव से धन लेना; *v.i.* to push between two things, to press, to crowd. ठूंसना, ढकेलना; दबाना, भीड़ करना, *n.* act of squeezing; pressure compression निचोड़ना का कार्य, दबाव चाप; रगड़, निचोड़ ।
squeezer *n.* निचोड़ने का यन्त्र; निचोड़ने वाला ।
squeezing *n.* निचोड़ने का कार्य । *adj.* निचोड़ने वाला ।
squeezy *adj* निचोड़ा हुआ ।
squelch. *स्क्वेलश v.t. & v.i.* to crush flat; to finish, to silence दबाकर चिपटा करना; समाप्त करना; चुप करना, *n.* a heavy flat fall चारों खाने चित्त गिरना ।
squelcher *n.* चारों खाने चित्त गिराने वाला, दबाकर चिपटा करने वाला ।
squelching *n. & adj.* दबाकर चिपटा करने का कार्य ।
squelchy *adj.* दबाकर चिपटा किया हुआ ।
squeteague *स्क्वेटीग n.* एक प्रकार की अमरीकी मछली ।
squib *स्क्विब n* firework which burns and makes a hissing sound when thrown on ground, gunpowder used for charging gun; lampoon; a paltry fellow पटाखा, पलीता; अक्षेप; क्षुद्र आदमी । *v.t.&v.i.* (*pa. t.* squibbed) to utter sarcastic language; to write lampoons. निन्दा करना; निन्दित खेल लिखना ।
squibbing *n.* and *adj.* निन्दित कार्य, निन्दा करना सम्बन्धी ।
squid *-ड n.* a kind of bait for fishing. मछली फंसाने का चारा (खाना) *v. t.* to fish with a squid. चारा डालकर मछली पकड़ना ।
squier *-यर* (also squire) a carpenter's rule a canon. बढ़ई का रूल, नियम व्यवस्था ।
squiffer-*फर* a concertina. एक प्रकार का वाद्य यन्त्र ।
squiffy *-फी adj.* tipsy. मदिरा पीये हुए ।
squiggle *-ग्ल v t.*to wriggle, छटपटाना, तड़फना, *n* wriggle. तड़फन, छटफटाहट ।
squilgee-*ज्जी n.* (also squeegee) जहाज की छत धोने रबड़ लगा हुआ बुरुश, रबड़ का यन्त्र व बेलन जो फोटो के काम में प्रयुक्त होता है ।
squill *-ल* a kind of onion, a plant like lily used as a purgative एक प्रकार की प्याज कमलनि के आकार का पौधा जो विरेचन के काम आता है ।
squillitic *adj* जङ्गली प्याज का ।
squinancy *नैन्सि n.* quinsy कण्ठमाला ।
squinch *-न्श n* an arched structure of a square tower. चौकोर मीनार की मेहराब ।
squinny *-निं.v.t.*(also squiny)to peep कटाक्ष करना ।
squint *-ण्ट adv.* asquint; obliquely कटाक्ष से देखते हुए, *adj.*looking obliquely,indirect कटाक्ष का, अप्रत्यक्ष; *n.* an oblique look. कटाक्ष दृष्टि; *v. t* and *v..t.* to look obliquely;to hold eyes half shut.तिरछी दृष्टि से देखना; कटाक्ष करना ।
squinter *n.* कटाक्ष से देखने वाला ।
squint-eye *n* कटाक्षपूर्ण आंख ।
squint-eyed *adj.* कटाक्षपूर्ण आंखों वाला, कटाक्ष युक्त ।
squinting *n. & adj.* कटाक्ष ।
squintingly *adv* कटाक्ष से ।
squire *स्क्वायर n* an esquire, a gentleman next in rank to a knight; a country gentleman, an attendant of a knight, one who escorts a lady; one who has been a justice of the peace महानुभाव, महाशय, महोदय, पदवी विशेष; देहात का ठाकुर; सरदार (नाइट) का सेवक, महिला का

शरीर रक्षक, शान्ति का न्यायाधीश, *v. t* to attend as a gallant. महिलाओं की शरीर रक्षा करना व सहायता देना।
squire of dames . स्त्रियों का सहायक।
squire *स्क्वायर n.* (also squier) a carpenter's rule; canon. बढ़ई का रूल, नियम; व्यवस्था।
by the squire . यथार्थतया; ठीक ठीक, उचित रीति से।
squire'age, squirality, squiralty *n.* महानुभाव; महोदय; महाशय; जमींदार।
squire'arch *n.* जमींदार।
squirearchal *adj* जमींदार सम्बन्धी।
squirearchical *adj.* जमींदार शासन सम्बन्धी।
squirearchy *n.* जमींदार का शासन; सामन्तशाही; सामन्तवर्ग; जमींदार वर्ग।
squiredom *n.* सामन्तत्व।
squireen *n.* छोटा जमींदार।
squire hood *n.* सामन्त की पदवी, सामन्तत्व।
squire-like *adj.* & *adv.* सामन्त समान।
squirely *adj* and *adv.* सामन्त सदृश्य; सामन्त समान।
squireling *n* छोटा जमींदार।
squireship *n* सामन्त का पद।
squiress *n* सामन्त की पत्नि; जमींदारिन।
squirm *स्क्वर्म v.i* to writhe ऐंठना, मरोड़ना
squirmy *adj.* ऐंठन युक्त।
squirr *स्क्वर v. t.* to search. खोजना; तलाश करना।
squirrel *-रेल n.* a nimble rodent with bushy tail गिलहरी।
squirrel-cage *n.* गिलहरी का पिंजरा।
squirrel-monkey *n.* बन्दर विशेष।
squirrel-shrew *n.* वृक्ष विशेष।
squirt *स्क्वर्ट v. t.* and *v. i* to eject fluid in a jet. पिचकारी फेंकना; वेग से जल की धारा छोड़ना, धारा निकलना, *n* a syringe; a jet of water. पिचकारी, धारा-यन्त्र।
squirter *n.* पिचकारी से द्रव फेंकने वाला, धारा-यन्त्र।
squish *स्क्विश v. i* to make a squelching sound दबाने व धारा निकलने का शब्द होना; *n.* दबाने व धारा निकलने का शब्द।
squit *स्क्विट n.* contemptible person निन्दक व्यक्ति।
squitch *स्क्विच n.* घास विशेष।
Sradh, Shraddha *श्राद्ध n.* (Sans.) an offering to the departed souls of ancestors. श्राद्ध।
st, 'st *स्ट interj.* hush. चुप! शान्त।
'st *स्ट* a shortened form of hast. 'हैस्ट' का संक्षिप्त रूप, रखता है।
stab *स्टैब v. t.* (*pr.* stabbing; *pa. t.* and *pa. p.* stabbed) to pierce with a pointed weapon; to kill; to wound; to injure secretely; to thrust a knife. नोकदार वस्तु से छेदना, मार डालना; जख्मी करना; गुप्त रूप से क्षति पहुँचाना, छुरी मारना, कटारी मारना; भोंकना; कष्ट पहुँचाना, *v. i.* to pierce with a pointed weapon नोकदार वस्तु से छेदना; *n.* an act of stabbing, a wound; an attempt. छेदन कार्य; चोट, घाव, जख्म, भोंक।
to stab in the back : निन्दा करना।
to stab in the secret : परोक्ष में मर्म भेद करना।
stabber *n.* छुरी भोंकने वाला, क्षति पहुँचाने वाला
stabbing *n.* and *adj.* छेदन।
stabbingly *adv.* छुरी मारते हुए।
Stabat Mater *स्टेबेट-मैटर n* लैटिन का एक सङ्गीत।
stabilisation *n.* स्थायी करण, सुस्थिरी करण।
stabilisator *n* स्थायी करने वाला, सुस्थिर करने वाला।
stabilise *v. t.* सुस्थिर करना, स्थायी करना।
stability *n.* स्थिरता, दृढ़ता, स्थायित्व; सुस्थिरता।
stable *स्टेब्ल adj.* (also stabile) durable; firm,not to be moved easily, lasting, fixed, constant, not radioactive मजबूत, टिकाऊ, स्थिर, दृढ़, अचल; निश्चल, जो रश्मि उत्पादक न हो।
stable *स्टेब्ल n* a building for horses अश्वशाला; घुड़साल; अस्तबल। *v. t* and *v. i.* घोड़ों को अस्त-बल में रखना, अश्वशाला में रहना।
stable-boy *n.* अश्वशाला में काम करने वाला छोकरा।
stable-equilibrium *n.* स्थायी समतोल; *v.t.* to pile in a stack ढेर लगाना।
stable-man *n.* अश्वशाला में काम करने वाला मनुष्य।
stable ministry *n.* स्थायी मन्त्रीमण्डल।
stableness *n.* स्थिरता, निश्चलता; दृढ़ता स्थायित्व।
stabler *n.* अश्वशाला-रक्षक; सराय का स्वामी।
stable overseer *n.* अश्वशाला-उपदर्शक।
stable room *n* अश्वशाला-कक्ष।
stabling *n.* अश्वशाला में रखने का कार्य; अश्वशाला में घोड़ों के रखने का स्थान।
stablish *स्टैब्लिश v. t.* (also establish) to set up, to make stable. स्थापित करना; स्थायी करना स्थिर करना।
stably *adj* स्थिरता से दृढ़ता से।
stablishment *n* स्थापना,प्रतिष्ठापन; सुस्थिति।
staccato *-काटो adj* and *adv* with each note प्रत्येक स्वर के साथ। *n.* a staccato passage संगीत स्वर का पद।
stack *स्टैक n* a large pile of hay; corn etc. a group of chimneys; steam engine an isolated pillar of rock; a pile पुआल, अनाज आदि का ढेर, टाल; चिमनियों का समूह; भाप का इंजन, चट्टान का स्वतन्त्र स्तम्भ; ढेर।
stacket *स्टैकिट् n* a palisade. स्तम्भ-पंक्ति, कटघरा।
stackyard *n.* ढेर का स्थान।
stacte *स्टैक्टे n* liquid myrrh. द्रव मर्ह (औषधि विशेष)
stacto metre *-टोमीटर n.* a pipette for counting drops. आश्चुनिमान, बूंद-बूंद करके किसी पदार्थ को नापने की नली।
stadda *स्टेडा n.* कंघी बनाने वाले की आरी।
staddle *-डल n.* a support for a stack, the bottom of a stack. ढेर का स्तम्भ व सहारा, ढेर की पेंदी।
stade *स्टेड n.* a stadium स्टेडियम, मञ्च, अखाड़ा, घुड़-दौड़ का मैदान।
stadia *-डिया n.* a rod used in measuring distances. दूरी नापने में प्रयुक्त डण्डा। (also stadia-rod)
stadium *-डियम् n.* a greek measure of length;a race course; a stage; a stage in development (*pl.* stadia). लम्बाई की ग्रीक माप, घुड़-दौड़ का मैदान, मञ्च, अखाड़ा विकास की अवस्था; स्टेडियम।
stadtholder *-हौल्डर n.* (also stadholder) a Dutch viceroy; provincial governor the head of the Dutch Republic. डच का वायसराय; प्रादेशिक गवर्नर, डच गणतन्त्र का अध्यक्ष।
staff *स्टाफ n.* (*pl.* staffs, staves) a stick or pole, shaft, a support, officials of a department, a building material; a stanza, nurse. डण्डा, लाठी; छड़ी; खूंटा आधार; कहारा, दण्ड, अधिकारी-वर्ग; कर्मचारी-गण; अधिकारी-मण्डल, पद्य, चारिका।
staffage *-फ़ेज n* accessories in a picture. चित्र में सहायक।
staff-college *n* अधिकारी शिक्षा कालेज।
staff-corps *n.* अधिकारी-वर्ग।
staff-car *n.* अधिकारी-गाड़ी।
staff-duty *n.* अधिकारी का पेशा (कर्त्तव्य)।
staff-officer *n.* अधिकारी मण्डल का पदाधिकारी।
staff-room *n.* अधिकारी कक्ष।
staff of life रोटी।
stag *स्टैग n.* (*fem.* hind) the male deer; a castrated bull,an informer बारहसिंगा; हिरण, बधिया किया हुआ सांड, भेदिया *adj* male; of males. पुरुष लिंग, पुरुष लिंग का *v. t.* to follow पीछा करना।
stag dance *n.* स्त्री रहित पुरुष का नाच।
stage *स्टेज n* a platform in a theatre, the theatre, a raised platform, a halting place, dramatic art, scene of action; position, a stage-coach रंगमंच, नाट्यशाला, रंगभूमि; नाटकघर चबूतरा, काल; अवस्था; प्रक्रम, विश्रामस्थान; घटनास्थल, स्थिति, किराये पर चलने वाली गाड़ी।
stage-box *n* रंगमंच के देखने का स्थान।
stage by stage क्रमशः।
stage coach *n.* किराये पर चलने वाली गाड़ी।
stage coachman *n.* किराये पर चलने वाली गाड़ी का मालिक।
stage craft *n.* नाट्यकला।
staged *adj.* मंच युक्त, नाटवशाला से युक्त,नाटक में।
stage direction *n.* नाटक का संकेत, नाट्य-निर्देशन।
stage door *n* रंगमंच-द्वार।
stage driver *n.* रंगमंच चालक।
stage effect *n.* नाट्य प्रभाव।
stage fever *n.* नाट्य लालसा।
stage flower *n* मंच पुष्प।
stage fright *n.* मंच आतंक।
stage hand *n* मंच का कर्मचारी।
stage horse *n.* किराये की गाड़ी का घोड़ा।
stage manage *n.* रंग मंच का प्रबन्ध।
stage manager *n.* सूत्रधार ,रंगमंच का व्यवस्थापक

stage play *n* नाटक ।
stage player *n* अभिनेता, नट ।
stager *n.* अनुभवी पुरुष, किराये की गाड़ी का घोड़ा; नट, अभिनेता ।
stagery *n.* नाट्य-अभिनय ।
stage-wagon *n.* किराये की गाड़ी से ढोने वाला माल ।
stage-whisper *n* स्वगत कथन ।
staggard *n.* a four year's old stag. चार वर्ष का बारहसिंगा ।
stagger *-गर v.t.* and *v.i* to reel; to totter to hesitate to waver. डगमगाना, लड़खड़ाना हिचकिचाना, सन्देह मे डालना; *n.* a tottering movement· लड़खड़ाहट ;विचलता ;डगमगाहट हिचकचाहट ।
staggered *adj.* हिचकचाहट युक्त ।
staggerer *n.* हिचकचाहट करने वाला ।
staggering *n.* and *adj.* चक्कर; लड़खड़ाहट, हिचकचाहट युक्त ।
staggeringly *adv.* हिचकचाहट से; डगमगाते लड़खड़ाते हुए ।
staggers *n. pl.* सिर घूमना; चक्कर ।
staggers, grass or stomach *n.* अपचन, बदहजमी ।
staggers, mad or sleepy *n.* मस्तिष्क; शोथ ।
stag head *n.* वृत्त विशेष जिसकी आकृति बारह सिंगा जैसी होती है ।
stag headed *adj.* बारह सिंगा के सिर जैसा ।
stag horn *n.* एक प्रकार का मूंगा ।
stag hound *n.* शिकारी कुत्ता ।
stag hunt *n.* शिकारी ।
stagily *adv.* रङ्गमंच द्वारा ।
staginess *n* नाटक का रूप, नाटकत्व ।
staging *n* नाट्याभिनय,मचान, किराये की गाड़ी चलाना ।
Stagirite *-इट n.* (also Stagyrite) an inhabitant of Stagira 'स्टेजिरा' का निवासी ।
stagnancy *-नान्सि n.* the state of being stagment. स्थिरता, अप्रवाह; निश्चलता, रुकाव रुकावट ।
stagnant *adj.* still; motionless, not blowing impuredull. स्थिर; गति रहित, प्रवाहहीन, बंधा हुआ; गदला; मन्द ।
stagnantly *adv.* स्थिरता से; प्रवाह हीनता से ।
stagnate *v. t.* स्थिर होना; न बहना, प्रवाह हीन होना; धारा का रुकना; निश्चेष्ट बनना, आलस्य पूर्ण बनना ।
stagnation *n.* निष्प्रवाहण; निश्चेष्टता; स्तम्भ; अप्रवाह, गतिहीनता; स्थिरता; अपरिवर्तनशीलता, गति रहित ।
stagnicolous *adj.* दलदल या अप्रवाहित जल मे रहने वाला ।
stag party *n.* केवल मनुष्यों का दल ।
stagy stagey *adj.* नाटकीय आकार का, रङ्गमंच सा ।
Stahlhelm *स्टेहेल्म n.* an organisation after the war of 1914-18 of soldier's of German conservative nationalist and militarist. १९१४-१८ युद्ध के बाद की जर्मनी के वृद्ध फौजियों की एक संस्था ।
Stahlhelmer, Stahlhelmist इस संस्था का सदस्य ।
Stahlian *-लियन adj.* pertaining to Georg Ernst Stahl, German physician. जर्मन चिकित्सक जार्ज इर्नस्ट स्टेह्ल सम्बन्धी ।
Stahlianism, Stahlism स्टेह्लवाद ।
staid *स्टेड adj* steady; sober, grave स्थिर, शान्त, गम्भीर ।
staidly *adv.* स्थिरता से, गम्भीरता से, शान्ति से
staidness *n.* स्थिरता; गम्भीरता, शान्ति ।
staig *स्टेग n* stag. हिरन, बारहसिंगा ।
stain *स्टेन v. t.* to colour; to blemish; to tarnish; to spot. रंगना, कलंक लगाना; दूषित करना; धब्बा लगाना; *v. i* to take a stain धब्बा लगना, *n.* a spot; a blemish a mark or blot disgrace. चिन्ह; धब्बा, अभिरंजक, कलंक; मलिनता, लांछन; दाग, अपयश ।
stainable *adj.* धब्बा डालने योग्य, चिन्ह करने योग्य ।
stained *adj.* धब्बा लगा हुआ, चिन्हित ।
stainer *n.* धब्बा लगाने वाला; कलंकित करने वाला; चिन्हित करने वाला ।
staining *adj.* and *n.* अभिरंजन ।
stainless *adj.* निर्मल; चिन्ह रहित; कलक रहित, अकलुष ।
stainlessly *adv* निर्मलता से; चिन्ह रहितता से, बिना कलंक के ।
stainlessness *n.* निर्मलता; चिन्ह रहितता, कलंक रहित अवस्था, अकलुषता ।
stair *स्टेअर* a set of steps for ascending सीढ़ी; सोपान; जीना ।
stair, below *n.* मकान का नीचे का खण्ड ।
stair carpet *n* सीढ़ियों के लिए गलीचा ।
staircase *n.* सोपान; सीढ़ियां सीढ़ी, जीना ।
stair down *n* मकान का नीचे का खण्ड ।
upstairs सीढ़ियो से ऊपर की मंजिल पर ।
stair case spiral *n* (घूमने वाली सीढ़ी ।
staired *adj* सोपान; युक्त सीढ़ी युक्त ।
stairfoot सीढ़ी पाद ।
stair head *n.* सीढ़ी, जीना; सोपान ।
stair rod *n.* सीढ़ी का डण्डा ।
stairs, flight of सीढ़ियो की पंक्ति ।
stairtower *n.* सीढ़ी गुम्बज ।
stairway *n.* सीढ़ी; जीना, सोपान, सीढ़ी का मार्ग ।
stairwell *n.* सीढ़ी कूप ।
stairwise *adj* सीढ़ी की भाँति ।
staithe *स्टेद् n.* a wharf, a place for loading and unloading coal; an embankment घाट, तटस्थान, कोयला लादने तथा उतारने का स्थान, बाध ।
stake *स्टेक n* a strong pointed stick, a post of a fence; a post to which an animal is tide, anything put as wager death by burning, tinsmiths anvil, principle; money pledged. एक मजबूत नोकदार खूटा; घेरे का खूटा; खूंटा; दांव बाजी, शंकु; जलाकर हत्या, निहाई; सिद्धान्त, पण । *v.t.* to fasten witn a stake, to wager. खूंटा लगाना, दांव लगाना ।
at stake or at the stake सन्देह में, जोखिम में ।
stakhanovite *स्टेकनोवाइट् n* a Russian worker रूसी मजदूर ।
stalactite *-लेक्टाइट n* a desposit of carbonate of lime hanging from the roof of a house मकान की छत से लटकता हुआ चूने का टुकड़ा ।
stalactited (also stalactic-al; stalactiform, stalactital; stalactitic-al, stlactiteiform; stalactitious मकान की छत से लटकते हुये चूने के टुकड़े का व सम्बन्धी व युक्त ।
stalag *-लैग n.* a German camp for prisoners of war युद्धबन्दियों का जर्मन कैम्प ।
stalagma *-मा n.* stalagmite गुफा की छत मे लटकता हुआ भाग ।
stalagmite *n.* गुफा की छत मे लटकता हुआ भाग ।
stalagmometer *n* बूंदो द्वारा छत की शक्ति मापने का यन्त्र ।
stalagmometry *n.* बूंदो द्वारा छत की शक्ति मापने का मान ।
stal'd *-वर्ड pa p.* of stall अस्तबल में चौपायों को बांधते हुए ।
stale *-टेल adj.* old, tasteless, faded,worn out; uninteresting; decayed. पुराना, निःस्वाद, कुम्हलाया हुआ, जीर्ण, निरस, नि सार;
stale-*टेल n.* a decoy-bird;a thief's decoy, a lure, a pretext प्रलोभन पक्षी; चोर का प्रलोभन; प्रलोभन, छल; बहाना; मिथ्या तर्क ।
stale *-टेल n.* urine of horses. घोड़ों का मूत्र। *v. i.* to urinate मूत्र त्याग करना ;पेशाब करना
stale *-टेल v. t* and *v i* to make or become stale. जीर्ण शीर्ण होना या बनाना ।
stale *-टेल n.* a shaft; a stalk. डण्डा, डंठल
stale *-टेल n.* stalemate. रुकावट *v.t* रुकावट डालना ।
stalely *adv.* जीर्णता से, नि सारता मे ।
stalematic *n.* रुकावट *v. t* रुकावट डालना ।
Stalinism *-इज्म n.* the principles or policy of Josef Stalin. स्टालिनवाद ।
staleness *n.* नीरसता; नी सारता,जीर्णता ।
stalk *-टॉक n.* the stem of a plant, a shaft, a tall chimney a support of a thing डण्ठल; वृन्त डण्डी; डण्डा, लम्बी चिमनी, किसी वस्तु का सहारा; आधार *v t* to remove the stalk from डण्ठल दूर करना ।
stalk *-टाक v. t.* and *v i* to stride with proud steps, to pursue under cover or stealthily. अकड कर चलना, पेट कर चलना, चोरी से पीछा करना ।
stalked *adj.* डण्ठल दार;वृन्त युक्त ।
stalker *n.* अकड कर चलने वाला चोरी से शिकार करने वाला ।
stalkless *adj* डण्ठल रहित वृन्त रहित ।
stalklet *n* छोटा डण्ठल, वृन्तिका ।
stalko *-को n* a gentleman without fortune or occupation भाग्य रहित अथवा कार्य विहीन व्यक्ति, बेकार व्यक्ति ।
stalky *adj.* डण्ठल समान ।
stall *स्टाल n* a stand in place, a stable; a compartment for an animal, a table on which goods are exhibited for sale; a booth, bench in a theatre between pit and stage a churchseat with arms, a confederate of a pickpocket

a doorless pew; a working for a finger; a stand still; a surfeit. खोका; अस्तबल, अश्वशाला; घुड़साल का पृथक कमरा; चौकी या मेज जिस पर विक्रय सामग्री सजाई जाती है, छोटी दुकान; हाट की हट्टी; बूथ; नाटक की बेंच, हथ्थी वाली मिर्च की जगह; जेब कतरे का साथी; बिना द्वार का गिर्जाघर में बैठने का स्थान, खान में काम करने का स्थान; अंगुली का दस्ताना स्तब्धता; *v. t.* aud *v. i.* (*da. p.* stal'd) to place cattle in a stall, to stick fast in mud or snow; to stop the working of an engine; to bring to a stand still, to mire; to surfeit, to dwell. चौपायों को अस्तबल में बांधना, कीचड़ में फंसाना, इंजिन की गति का रुक जाना; स्तब्ध करना, दलदल युक्त होना, अधिक मात्रा में किसी वस्तु को ग्रहण करना रहना।

tallage *n.* दुकान बनाने का स्थान; मेले या बाजार में खोका बनाने का किराया।

talled *adj.* अस्तबल में रखा या खिलाया हुआ।

tall-fed *adj.* अस्तबल में चौपायों को खिलाकर मोटा किया हुआ।

tall feed *v. t.* पशु को अस्तबल मे खिलाकर मोटा करना।

talling *n.* खोका बनाने का कार्य।

tallinger, stallenger *n.* खोके का स्वामी।

talling ken *n.* खोए हुए माल को संग्रह करने का स्थान।

tallion *-लियॉन n.* an uncastrated male horse kept for breeding. बीजाश्व; बिना बधिया किया हुआ घोड़ा।

tallion *-लियॉन n* a courtesan. वेश्या; रण्डी।

tallion *-लियॉन n.* (also stanie, stanyel; stanyel, staunel) the kestrel.एक प्रकार का छोटा बाज पक्षी।

tallman *n.* खोके का स्वामी।

tallmaster *n.* घोड़े का स्वामी।

tall-reader *n.* स्टाल पर खड़े होकर पढ़ने वाला व्यक्ति।

talwart *-वॉर्ट adj.* stout; courageous; brave, resolute; strong. शक्तिशाली, साहसी; वीर; पुष्ट, बलवान; हट्टा कट्टा, *n* a resolute person. हट्टा-कट्टा व्यक्ति।

talwartly *adv.* वीरता से, साहस से; पुष्टता मे,

talwartness *n.* वीरता; साहस, पुष्टता।

tamen *-मेन n.* (*pl.* stamens) the pollen producing dart of a flower consisting of anther and filament. पुष्प-केसर; पराग केसर; पुंकेस।

tamened *adj.* पराग केसर युक्त।

tamina *-मिना n.* strength of endurance, innate vigour; stamens. सहनशक्ति; आन्तरिक-बल; सत्व; ऊर्जस्विता; पराग केसर।

taminal *adj.* आन्तरिक बल का; सत्वीय; पराग केसर का।

taminate *adj.* पुष्प केसर का; पराग केसरीय।

tamineal; staminеous, staminiferous *adj.* पराग केसर युक्त; पुष्प केसर सम्बन्धी।

taminode, staminodium *n.* बन्ध्या पुष्पकेसर

taminody *n.* पराग केसर का रूप परिवर्तन।

taminoid *adj.* पराग केसर समान।

stammel *-मेल n.* a kind of red dyed woollen cloth; red colour, एक प्रकार का ऊन का लाल रंगा हुआ कपड़ा; लाल रंग; *adj.* of stammel, red. लाल रंग का, लाल।

stammer *-मर v. i* and *v. t.* to speak with stops and with difficulty; to stutter. तुतलाना; अस्फुट वाणी से बोलना; हकलाना, *n.* defective utterance. तुतलाहट; अस्पष्ट भाषण; हकलाहट।

stammerer *n.* हकलाने वाला, तुतलाने वाला, स्खलित स्वर से बोलने वाला।

stammeringly *adj.* हकलाता हुआ।

stamnos स्टैम्नॉस *n.* ancient Greek-short necked jar. प्राचीन ग्रीक का छोटी गर्दन वाला पात्र।

stamp *स्टैम्प n.* an instrument for stamping; an act of stamping, impression, make; an official mark made on paper, character attestation,authorisation, a coin; मुहर; ठप्पा; मुद्रा, चिह्न, सरकारी ठप्पा लगा हुआ कागज; टिकिट; स्टाम्प; मुद्रांक; चरित्र; संवीक्षण; साक्ष्य; प्राधिकरण; मुद्रा; सिक्का।

v. t. to strike with the sole of a foot, to crush; to seal; to impress; to afflx stamps; to imprint; to characterize; to attest; तलवे से पीटना, कुचलना; लात-मारना; मुहर लगाना; टिकिट लगाना, छापा उठाना; अंकित करना साक्षी करना संवीक्षण करना walk with a heavy tread;to be angry. भारी डग से चलना; क्रुद्ध होना।

of the common stamp: सामान्य प्रकृति का।

of high stamp: महानुभाव।

of the same stamp: तुल्य स्वभाव का।

to stamp out : अन्त करना, समाप्त करना।

Stamp Act *n.* स्टाम्प-विधि; स्टाम्प-कानून।

stamp-adhesive *n.* स्टाम्प-गोंद।

stamp-album *n* स्टाम्प-पुस्तिका।

stamp collector *n.* स्टाम्प शुल्क, मुद्रांक कर।

stamped *adj* मुहर किया हुआ।

stampede *स्टेम्पीड n* a confused rush of animals or multitude due to panic. भगदड़; शीघ्रगति।

stamper *n* मुहर करने वाला, मुद्राङ्कन-यन्त्र।

stamp, impressed *n* अनुचिह्नित स्टाम्प।

stamping *n* & *adj.* मुद्रीकरण; मुद्राङ्कन।

stamping-machine *n.* चिन्हि (स्टाम्प) करने की मशीन।

stamp-mill, stamping mill *n.* धातु के टुकड़ों को कुचलने का यन्त्र।

stamp-note *n.* स्टाम्प प्रमाण-पत्र।

stamp-office *n.* स्टाम्प कार्यालय।

stamp-paper *n.* स्टाम्प-पत्र।

stamp-register मुद्राङ्क-पञ्जी।

stamp-postage *n.* डाक-टिकिट।

stamp-reporter *n.* स्टाम्प-परिदर्शन।

stamp, revenue *n.* राजस्व-टिकिट।

stamp-vendor *n.* स्टाम्प-विक्रेता।

stance *-स n.*a station; a standing-place, a building site; a mode of standing, a stanza स्टेशन;विश्राम स्थान;भवन का स्थान, खड़े होने का ढंग; पद्य; चरण।

stanch, staunch *स्टांच, स्टॉन्च v. t.* to stop the flowing of as blood; to quench रक्तस्राव रोकना; शान्त करना *v. i.* to cease to flow. रक्तस्राव का रुकना। *n.* a flood gate; a styptic बहाव का द्वार; प्रवाह द्वार; रक्त स्तम्भन अवरोध।

stanch *-च adj.* (also staunch) watertight; stout and firm,firm in principle zealous; trusty. जल-अप्रवेश्य; शक्तिशाली, सिद्धांत में दृढ़; विश्वासी।

stancher *n.* रक्त स्राव रोधक।

stunching *n.* रक्त स्राव रोधक क्रिया।

stanchless *n.* स्राव को न रोकने वाला।

stanchion *स्टियन n.* a prop; a post; an upright bar; support (also stanchel, stancher) खम्भा, स्तम्भ; डण्डा; आधार;खूंटा *v.t.* to fasten cattle;to stanchion.पशुओं को खूंटे से बांधना।

stanchioned *adj.*पशुओ को खूंटे से बांधा हुआ

stanchly *adv.* विश्वास से; दृढ़ता से।

stanchness *n.* विश्वास; दृढ़ता।

stanck *स्टांक adj.* faint. मुर्झाया हुआ।

stand *-स्टैण्ड v.i* (*pa.t.*& *pa p.* stood, *infin.* standen)to be stationary,to be in erect or upright position; to occupy a position;to be situated or located;to stop, to cease; to proceed; to halt, to endure; to hold good; to continue to exist; to be a representative, to be a candidate; to cost. स्थिर रहना, खड़ा रहना; किसी पद पर स्थित रहना; स्थापित होना; अवस्थित होना: रुकना; अग्रसर न होना,थमजाना-ठहर जाना;टिकना;अच्छा होना;चिरस्थायी रहना, प्रतिनिधि होना; सिद्धान्त पर दृढ़ होना; उम्मीदवार होना; प्रार्थी होना; कीमत लगाना।

v. t. to cause to stand, to endure; to abide by; to tolerate; to sustain; to suffer; to set erect. खड़ा करना; सहना; मान लेना, सहन करना, उठाए रखना; क्षति उठाना सीधे खड़ा करना। *n.* station; halt; a stationary position; a rack; a frame, resistance a standstill; a stopage; a loss, a platform, a witness box; a base or structure for setting things on, a complete set of clothes or armour; a standing growth or crop, a young tree left standing; a tub. अड्डा; रोक; स्थिति; ठहराव; रैक, ढांचा; तिपाई; मुकाबिला; सामना, स्थान, पड़ाव; रुकाव; दूकान; स्तब्धता; ठमक जाना; हानि; चबूतरा; गवाही का स्थान; किसी वस्तु का आधार व ढांचा; गाड़ियों के ठहरने का स्थान; वस्त्रों व अस्त्रों का पूर्ण जोड़ा; खड़ी हुई फसल; खड़ा हुआ छोटा वृक्ष; टय; स्थाम

all standing : पूर्णतया खड़े हुए।

hair stands on end : रोमांचित होना, रोंगटे खड़े होना।

it stands to reason : यह न्याययुक्त है।

standing orders : स्थाई आदेश।

to be at a stand : स्थिर रहना।

the matter stands thus : विषय ऐसा है।

to make a stand : ठहरना; रुकना।

to stand against : बाधा डालना; रुकावट डालना।

to stand at bay : ठमक कर लड़ना; लड़ाई दिखाना।

to stand by: उपस्थित होना; आश्रय देना;

समीप खड़े होना; सहारा देना, निर्णय पर स्थिर रहना, कार्य करने को तैयार रहना।
to stand down : गवाही का स्थान छोड़ना; काम से छुट्टी पाना; मुकाबले से हटना।
to stand fast : स्थिर खड़ा रहना।
to stand fire : दुश्मन की आग में स्थिर खड़े रहना।
to stand for : पक्ष लेना; प्रार्थी होना; प्रतिनिधित्व करना; मुकाबला करना; प्रारम्भ करना; सहना।
to stand from : मार्ग निर्देशित करना।
to stand in : कीमत लगाना; पक्ष वाला बनना; आपस में समझौता करना।
to stand in help : सहायता की आवश्यकता होना।
to stand in with : साथी होना; साझेदारी होना
to stand low : प्रमाणित ऊंचाई से कम होना।
to stand off : हट जाना; मार्ग से हटना; दूर खड़े रहना।
to stand off and on : किनारे से हट कर नाव चलाना।
to stand on : आश्रय लेना; भरोसा करना; हठ करना।
to stand one's ground : अपनी स्थिति सम्भालना; प्रतिष्ठा सम्भालना।
to stand one's hand to stand shot, to stand treat : चिकित्सा करना।
to stand out आक्षेप करना; प्रसिद्ध होना, मानने से इन्कार करना।
to stand over टालना।
to stand still निश्चल खड़े होना; स्थिर रहना।
to stand the test परीक्षा की कसौटी पर चढ़ना; परीक्षा को सहन करना।
to stand to स्वीकार करना, लीन होना; स्थिर होना; सहारा देना; कार्य प्रारम्भ करना; निर्णय स्थिर रखना।
to stand up खड़े हो जाना, नाचने की स्थिति में होना, उत्तिष्ठ।
to stand up for साथ देना, सहारा देना, वैचारिक पक्ष का प्रयत्न करना।
to stand upon आश्रय लेना, भरोसा करना, हठ करना; आक्रमण करना।
to stand up for साथ देना।
to stand up to साहस से भिड़ जाना।
to stand up with नाचने में साथ देना।
to stand well पक्ष में होना।
to stand with दृढ़ होना।

standard स्टैंडर्ड *n.* a flag; an ensign, test; criterion; established rule, a standard bearer,.that which is fixed; a basis measurement;a grade of classification, fitness of gold or silver; a principle; an upright support. ध्वजा; झण्डा; जांच; परख, प्रमाप, आदर्श, स्थायी नियम; मान; परिमाण; स्थायी वस्तु; माप का आधार; स्तर; दर्जा; श्रेणी; सोने व चांदी की परिमाणता; सिद्धान्त; नियम; तुलना करने का सिद्धान्त; सीधा डण्डा। *adj.* serving as to a standard; of enduring value; growing as a standard; stading upright प्रामाणिक; आदर्श, मान्य; सीधे खड़े होने की स्थिति का।
standard author *n.* प्रामाणिक ग्रन्थकार।
standard bearer *n.* ध्वज लेकर चलने वाला।
standard bread *n.* प्रामाणिक रोटी।
standard coin *n.* प्रमाप टंक, प्रामाणिक मुद्रा।
standard clock *n.* प्रमाप घटक।
standard condition *n.* प्रमाप-परिस्थिति; प्रामाणिक परिस्थिति।
standard deviation *n.* प्रमाप विचलन।
standard English *n.* प्रामाणिक अंग्रेजी।
standard for comparison तुलना प्रमाप।
standard form *n.* (math.) प्रमाप रूप।
standard gold *n.* प्रमाप स्वर्ण; प्रामाणिक-स्वर्ण
standardisation *n.* प्रमापण; माननयन; स्तरीनयन; प्रामाणिकता; प्रमापन।
standardise *v.t.* प्रमाण के अनुसार करना; प्रामाणिकरण; प्रमापीकरण; प्रमापित करना।
standardiser *n.* प्रामाणिक करने वाला; प्रमापक
standard lamp *n.* प्रामाणिक दीप।
standard masses *n.* प्रमाप पुंज।
standard money *n.* प्रामाणिक द्रव्य; प्रमाप मुद्रा।
standard of accuracy परिशुद्धता का प्रमाण।
standard of comfort.सुख प्रमाप।
standard of life जीवनादर्श;जीवनमान; जीवन का स्तर, जीवन प्रमाण।
standard of living निर्वाह प्रमाप; जीवनस्तर जीवनमान; रहन सहन का दर्जा।
standard person प्रामाणिक पुरुष।
standard position प्रमाप स्थिति।
standard rates प्रमाप दर; प्रामाणिक दर।
standard, silver रजतमान; रजत प्रमाणिक हल
standard solution प्रमाप हल;प्रामाणिक हल।
standard substance प्रमाप पदार्थ; प्रामाणिक पदार्थ।
standard value प्रमाप मूल्य; प्रामाणिक मूल्य।
standard weights प्रमाप बट्टक; प्रामाणिक बट्टे
stand by *n.* खड़े होने की स्थिति।
stander *n.* खड़ा होने वाला।
stander by *n.*(*pl.* standers-by) केवल निरीक्षक।
standing *adj.* स्थायी; सनातन; ठहरा हुआ, लम्बित; आधार वाला। *n.* स्थान; पदवी; स्थिति प्रतिष्ठा; सेवाकाल; कार्य का अधिकार।
of high standing मानयीय; बड़ा; प्रतिष्ठित।
ta long standing चिरकालीन।
standing army *n.* स्थायी सेना।
standing bed *n.* स्थायी पलङ्ग।
standing bowl, cup *n.* स्थायी पात्र; खड़े हुए स्थान पर पात्र।
standing committee *n.* स्थायी समिति।
standing counsel *n.* स्थायी सलाहकार।
standing credit *n.* स्थायी प्रत्यय।
standing crop *n.* खड़ी फसल।
standing expenses *n.* स्थायी व्यय।
standing farm-keeper *n.*स्थायी फार्म आरक्षक
standing ground *n.* स्थायी स्थान व आधार व सिद्धान्त।
standing order *n.* स्थायी आदेश।
standing place *n.* स्थायी स्थान।
standing rigging *n.* स्थायी रस्सा।
standing room *n.* खड़े होने का कमरा।
standing stone *n.* भूमि पर लम्ब रूप में स्थित पत्थर।
standish *n.* दवात; कलमदान।
stand off *adj.* अलग खड़े रहने वाला।
stand offish *adj.* अलग खड़ा रहने वाला।
stand offishness *n.* पृथकत्व।
stand pat *n.* स्थाई राजनैतिक सिद्धान्तों पर दृढ़ रहना।
stand patter *n.* स्थाई राजनैतिक सिद्धान्तों पर दृढ़ रहने वाला।
stand pattism *n.* स्थायी राजनैतिक सिद्धान्त।
stand pipe *n.* लम्ब पाइप (नलिका)।
stand point *n.* सिद्धान्त; विचारधारा।
standstill *n.* स्तब्धीकरण; स्तब्धता; ठमकजाना *adj.* स्थायी; स्तब्ध।
stand-to *v. i.* आदेश के लिए तत्पर होना। *n.* पूर्वोपाय; पूर्वावधारणोपाय।
stand-up *adj.*सीधा;लम्ब रूप में; स्थायी अवस्था में।
stane स्टेन *n.* stone. पत्थर।
stang -ग *n.* pole. बल्ली; बांस।
stang -ग *v. t.* to sting. डंक मारना; *n.* a sting. डंक।
stanhope -होप *n.*a kind of light carriage एक प्रकार की हल्की गाड़ी।
Stanhope press स्टैनहोप द्वारा आविष्कृत छपाई का प्रेस।
staniel, stanyel, stallion -नील*n.* the kestrel. एक प्रकार का छोटा बाज पक्षी।
stank -क *pa. t.* stink. दुर्गन्ध निकला हुआ।
stank स्टॉक *n.* a pool; a dam. तालाब; बांध।
stann -न *pref.* in the sense of 'tin' टिन; 'रांग' अर्थ में उपसर्ग।
stanary *n.* रांगे की खान।
stannate *n.* रांगे का लवण।
stannic *adj.* रांगे का; रांगे की खान सम्बन्धी; रांगे का बना।
stanniferous *adj.* रांगे से युक्त।
stannite *n.* एक धातु विशेष जिसमें रांगा; लौह तथा गन्धक होता है।
stannotype *n.* फोटो की यान्त्रिक रीति।
stans pede in uno (*L.*) standing on one foot. एक पांव पर खड़ा हुआ।
stanza स्टेन्ज़ा *n.* (also stanze; stanzo) a group of lines of a poem. चरण; छन्द; श्लोक, कविता एक अंश; पद्य।
stanzaic *abj.* चरण सम्बन्धी; श्लोक सम्बन्धी।
stap -प *n.* stop. विराम।
Stapelia -पेलिया *n.* एक प्रकार का पुष्प।
stapes स्टेपेज *n.* कान का आन्तरिक धारीदार भाग।
staphyle -फाइल *n.* the uvula. उपजिह्वा।
staple -प्लल *n.* a settled market; principal article of commerce; raw material; chief material;fibre of wool or catton main. हाट; मण्डी; सौदा; सामग्री; प्रधान भाग रेशम या सूत का रेशा; खास,विशेष;*adj.* chief प्रधान; *v. t.* to sort different staples of क्रम रखना।
staple -प्ल *n.*a bent rod or wire.मुड़ा हुआ तार व छड़ी; कुण्डी।
staples *n.* सौदा करने वाला व्यापारी।
staple, merchant of the मण्डी का व्यापारी।
stapple, staple -प्ल *n.* a tabacco pipe stem. तम्बाकू-पाइप का भाग।
star -स्टॉर *n.* a luminous body in the

heavens; the asterisk used in printing a prominent person destiny;a person of parts and brilliant qualities;prominent actor or actress. तारा नक्षत्र; सितारा छापे में तारे का चिन्ह; प्रसिद्ध मनुष्य; गुण सम्पन्न आदमी; प्रसिद्ध अभिनेता व अभिनेत्री; *adj.* of stars; marked by a star; brilliant तारों का तारे के चिन्ह से अङ्कित; *v.t.*to adorn with stars; to make a star of तारों से सजाना; तारों का चिन्ह बनाना। *v. i.* to shine as a star; to attract attention. तारे के समान चमकना; ध्यान आकर्षित करना; *pr. p.* starring; *pa. t.* and *pa. p.* starrd).

star, starr *स्टार n.* एक प्रकार की घास।

day star प्रातःकालीन तारा।

litterary star अनोखा साहित्यिक।

polar star ध्रुव तारा।

shooting star उल्का; टूटने वाला तारा।

star of India ब्रिटिश राज्य में एक उपाधि।

star under which one born जन्म नक्षत्र।

staragen *-एगेन n.* एक प्रकार का पौधा।

star-anise *n.* एक प्रकार का चीनी सदाबहार पौधा।

star-apple *n.* एक प्रकार का सेव।

star-blasting *n.* नक्षत्र का हानिकारक प्रभाव।

star board *-बोर्ड n.* the right hand side of a ship जहाज का दाहिना भाग; *adj.* of the right side. दाहिनी ओर का; *adv.* towards the right. दाहिनी ओर; *v. t.* to the right. दाहिनी ओर घूमना।

star bright *adj.* तारे के समान चमकने वाला।

star catalogue *n.* तारों की सूची; उपाधियों की सूची।

starch *-र्च n.* a carbohydrate; preparation of this for stiffening cloth etc, obstinacy;stiffness.श्वेतसार; स्टार्च; अनाज का सत्व; मांड़ी; मड; कलफ हठ; चिपकने की अवस्था; कड़ापन; *adj.* of starch; stiff; precise. स्टार्च का; कड़ा; नियत; निश्चित; यथार्थ।

Star chamber *-चैम्बर n.* a tribunal with a civil and criminal jusisdiction in the days of Henry VII.तारा शालिका.हेनरी सप्तम के समय यातना देने वाला न्यायालय।

starched *adj.* स्टार्च युक्त; मांड़ी युक्त।

starchedly *adv.* स्टार्च से, मांड़ीपन से।

starchedness *n.* कड़ापन, मांड़ीपन।

starcher *n.* स्टार्च वाला; मांड़ी वाला।

starch grain *n.* स्टार्च वाला अन्न पिष्ट कण।

starchily *adv.* स्टार्च से; श्वेत सार से।

starchiness *n.* श्वेतसार की अवस्था; पिष्टत्व; श्वेत सारता।

starch paper *n.* मण्ड पत्र।

starch paste *n.* मण्डलेपी।

starchy *adj.* मण्ड समान; श्वेतसार युक्त।

star crossed,-crost सैनिक उपाधि का चिन्ह।

stardom *n.* अभिनायकत्व।

star drift *n.* तारक गति।

star dust *n.* तारक धूलि

stare *-यर v. i.* and *v. t.* took with fixed eyes; to gaze intently. स्थिर दृष्टि से देखना घूरना, ताकना; एक टक देखना; *n.* fixed gaze स्थिर दृष्टि; टकटकी।

starе *-यर n.* starling. सारिका; मैना; पुल की रक्षार्थ उसके अगल बगल का कंकड़ पत्थर का ढेर।

starfish *n.* तारक मत्स्य।

stargaze *v. i* भविष्य कथन करना।

stargazer *n.* ज्योतिषी; एक प्रकार की मछली।

stargazing *n* भविष्य कथन।

stargrass *n* अनेक प्रकार की घास का नाम।

staring *adv. & adj.* स्थिर दृष्टि का; ब से।

staringly *adv* स्थिर दृष्टि से।

stark *स्टार्क adj.* stiff; regid; resolute; harsh unyielding; out-and-out कठोर; कड़ा; पुष्ट; दृढ़, कठिन; नम्रुकने वाला; पूर्ण रूप का। *adv.* quite; mere; wholly बिल्कुल; केवल; पूर्ण रूप से; पूर्णतया। *v t. & v.i.* to stiffen कठोर करना; कड़ा करना।

starken *v.t. & v.i.* कठोर बनना; व बनाना।

starkly *adv.* कठोरता से।

*on toast.*डबलरोटी के सिके हुए टुकड़े पर रख कर दी हुई वस्तु; किसी की दया पर।
toasted *-ड adj.* सिका हुआ; भुना हुआ।
toaster *-स्टर n.* भूनने वाला; सेकने वाला।
toasting *-ग n* भूनने या सेकने का कार्य।
toasting-fork *-फोर्क* **toasting iron** *आयरन ns.* भूनने या सेकने का चिमटा या सिंकचा।
toast-master-*र n* किसीव्यक्ति विशेष के सम्मान में दिए गए भोज में भोजन शुरु करने से पहले आरोग्य सूचक मदिरा पान की घोषणा करने वाला
toast-rack-*रैक n.* सिकी हुई डबल रोटी के टुकड़ों का रखने की खानेदार अलमारी।
toaze *-ज v. t.* (Shak) to tease out; to draw out. चिढ़ाना; निकालना।
tobaccanalian *लियन n.* a smoker. धूम्रपान करने वाला।
tobacco *-को n.*an American plant whose leaves are used for smoking; chewing or snuffing. अमेरीका का एक पौधा जिस की पत्तियों को हुक्के; सिगरट बीड़ी में पीया जाता है; चूसा जाता है और सूंघने के काम में लाया जाता

है तम्बाखू का पौधा; तम्बाखू।
tobacco-heart *हार्ट n.* अधिकधूम्रपान के कारण उत्पन्न एक प्रकार का हृदय का रोग।
tobacconist *-निस्ट n.* तम्बाखू को साफ कर के बेचने वाला व्यापारी; धूम्रपान करने वाला।
tobaco-pipe *-पाइप n.* तम्बाखू पीने का हुक्का या नली।
tobacco-plant *प्लान्ट n.* तम्बाखू का पौधा।
tobacco-pouch *-पाउच n.* तम्बाखू रखने का बटुवा
tobacco-stopper *-पर n.* तम्बाखू को तम्बाखू पीने की नली के अन्दर ठूंस ठूंस कर भरने का एक साधन।
to be *-बी n.& adj.*future. भविष्य; भविष्य का
tobine *-टाइन n.* twilled silk used in dress बटे हुए सूत का रेशमी कपड़ा।
Tobit-*टिट n.* an old Testament book containing the story of Tobit. ईसाइयों का एक धार्मिक पुराण जिस में टोबिट की कहानी दी गई है।
toboggan *-बोगन n.* a flat sledge turned up in front. एक प्रकार की चौरस और सामने से उठी हुई बर्फ पर चलने वाली गाड़ी। *v. i.* to slide;to travel on a toboggan. फिसलना, घिसकना; उपरोक्त बर्फ पर घिसकने वाली गाड़ी पर बैठ कर यात्रा करना।
tobogganer *-नैनर n.* उपरोक्त गाड़ी में बैठ कर यात्रा करने वाला।
tobogganing *-निंग n.* and *adj.* उपरोक्त गाड़ी का व्यवसाय करना।
to-break *-ब्रेक v. t.* to break in pieces. टुकड़ों में तोड़ना।
to-bruise *ब्रूज v.t.* to break up, to bruise severly.टुकड़े करना, चूर करना, जोर से आघात करना।
toby *-बी n.* a man shaped bear jug;the man wearing three cornered hat; the road· the robbery on the road. एक तिकोनी टोपी पहने मनुष्य के आकार का बीयर पीने का एक पात्र; सड़क; सड़क या रास्ते में रोक कर के ठगना या लूटना।
high toby. बड़े रास्ते या सड़क पर लूटना।
low toby: पगडण्डी इत्यादि पर लूटना।
tobyman *-मैन n.* लुटेरा।
toccata *काटा n.* in music,a sort of overture संगीत में, लय की बारीकियों दिखलाने का कार्य।
toccatella-टेला toccatina-*ना n.* लैय में छोटी बारीकियां।
toc ema-*एमा n.* a trench mortar. बारूद की सुरंग।
Toc H -*आच n.*a society for perpetuating the spirit of comradeship of the war of 1914-18. के विश्वयुद्ध में जो साथी देशों में सन्१६१४-१८मित्रभाव या उसको सदा बनाए रखने वाली एक संस्था।
Tocharian, Tokharian *-रियन* **Tocharish, Tokharish** *-रिश n.* an extinct Indo Germanic language akin to Latin, discovered in the 20 th century in Chinese Turkestan. एक लुप्त भरतीय और जर्मन भाषा मिश्रत भाषा जो बीसवीं सदी में चीनी तुर्किस्तान में खोजी गई थी।
tocher *-हर n.* a dowry; *v.t.* to dowerदहेज। दहेज देना।
tocher good *-गुड n.* property given as dowery. दहेज में दी गई सम्पत्ति।
toco *टोको n.* punishment. दण्ड; सजा।
tocology; tokology *-लेजी n.* mid-wifery. दाई का काम।
tocopherol *-फेरल n.* the defficiency of vitamin E which causes sterlity. एक प्रकार का विटामिन ई जिसकी कमी के कारण बांझपन हो जाता है।
tocsin *-सिन n.* an alarm bell. जगाने की घण्टी।
tod *टॉड n.* a fox; a shy person; an old wool weight of about 28 lb.; a kind of bush. एक प्रकार की लोमड़ी; मूर्ख व्यक्ति; ऊन तौलने का एक पुराना बट्टा जो २८ पौण्ड के बराबर होता था; एक प्रकार की झाड़ी।
today; to-day *टूडे; टुडे n.* this day. आज; आज के दिन; *adv.* now a days. आजकल।
toddle *टॉडल v. i.* to walk feeble steps, to go. बच्चों की तरह लड़खड़ाते हुए चलना; चले जाना; *n.* a toddling walk; an aimless stroll. लड़खड़ाती चाल; बिना उद्देश्य के इधर उधर घूमना।
toddler *-लर n.* लड़खड़ा कर चलने वाला, बच्चा
toddling *-लिंग adj.* लड़खड़ा कर चलने वाला।
toddy *टॉडी n.* fermented palm juice; a mixture of spirits; sugar and hot water. ताड़ी; गर्म पानी और चीनी मिली हुई मदिरा।
toddy cat *-कैट n.* एक प्रकार की बिल्ली; ताड़ या नारियल के पेड़ से बना हुआ इत्र या सुगन्धि
toddy palm *-पाम n.*नारियल का पेड़; ताड़ का पेड़
toddy stick *n.* ताड़ी को मिलाने की एक लकड़ी।
to do *टू डू n.* stir; commotion. कम्पन; हलचल।
tody *टोडी n.* a small West Indian insectivorous bird. एक प्रकार का पश्चिमी भारत का कीड़े मकोड़े खाने वाला पक्षी।
toe *टो n.* one of the five members at the point of the foot; the front of a hoof; the part of the shoe cover the toes. पैर की उंगलियां, घोड़े के खुर का अगला भाग; जूते का वह भाग जिससे पैर की उंगलियां ढकी रहती हैं; *v t.* to touch with the toes; to· kick. पैर की उंगलियों से छूना; पैर की उंगलियों से ठोकर लगाना।
toe the line : दौड़ इत्यादि में रेखा पर ही पहले खड़ा होना।
from the top to toe : सिर से पैर तक।
to tread on one's toes : किसी के मन को दुःखी करना।
toe cap *-कैप n.* जूते के पंजे वाले भाग को ढकने के लिए लगाया गया कोल।
toeclip *-क्लिप n.* साईकिल में पंजा रखने के लिए बनाया गया एक साधन।
toed *-ड adj.* पैर की उंगलियों वाला।
toeless *-लेस adj.* बिना पैर की उंगलियों वाला।
toe nail *-नेल n.* पैर की उंगली का नख (नाखून)
to fall *टु फॉल n.* the beginning; incidence. आरम्भ; हादसा।
toff *टॉफ n.* a person of rich or showy classes. धनवानों अथवा दिखावा करने वाले लोगों की श्रेणी का व्यक्ति।
toffee; toffy *-फी n.* a hard baked sweatmeat of sugar and butter. टाफी; चीनी और मक्खन से बनाई हुई मिठाई की टिकिया; एक प्रकार की मिठाई।
toffee apple *-एप्पल n* एक लकड़ी पर सेब पर चढ़ी हुई चीनी की मिठाई।
tofore *टुफोर adv.* (Shak.) *prep. & conj.* before. पहिले।
toft *टोफ्ट n.* a homestead. रहने का स्थान।
tog *टॉग n.* (generally in *pl.*) a garment. पहनने का एक वस्त्र।
toga *-गा n.* an outer garment of a Roman citizen. लबादा; चोगा; रोम देश के लोगों के पहनने की एक पोशाक।
togapractexta (*L.*) *n.* an toga of deep broder of purple. गुलाबी रंग की धारी वाला लबादा।
togated *-टेड* (also togad, togaed, toged) *adj.* चोगा या लबादा पहने हुए।
together *-दर adv.* in a company with; at the same time; in union with; simultaneously. एक ही साथ;एक ही समय में; मिल कर; एक ही साथ तथा समय में।
toggle-*गेल n.* a pin inserted through the eye of the rope to keep prevent it slipping through the hole; an appliance to keep the force at right angles to its direction. रस्से के फन्दे में लगी हुई खूंटी जिससे रस्सा मजबूती से बंधारहे बोझ को समकोण लटकाने या बांधने का एक साधन; *v.t.* to hold with a toggle; to fix fast.उपरोक्त रीति से रस्सी के फन्दे में खूंटी लगाना, कस कर बांधना।
toggle iron-*आयरन n.* लकड़ी या लोहे की खूंटी जो रस्से के बांधने के काम आती है।
toggle joint *-जाइन्ट n.* समकोण पर लगा हुआ जोड़।
togue *-ग n.* a larged sized salmonid of America. उत्तरी अमेरिका का एक प्रकार का कछुवा।
toho *-होंinterj.*a call to pointers to stop शिकार ढूंढने वाले शिकारी कुत्तों को रोकने के लिए बोला जाना; एक शब्द, रुको।
tohu bohu *-बोहू n.* choas. गड़बड़ी; गोलमाल अंधेर; अव्यवस्था।
toil *-यल v. t. & v. i* to struggle hard; to work hard; to labour; to move with difficulty,to subject to toil. कठिन परिश्रम करना; कड़ी मेहनत करना; परिश्रम से चल पाना; कठिन परिश्रम करवाना। *n.* a net; a share; hard labour जाल; फन्दा, कठिन परिश्रम करवाना।
in the toils of : शिकञ्जे में, बस में।
in the toils : कठिनता; मुसीबत में पड़ने पर बेबसी।
toiled *-यल्ड adj.* कठिन परिश्रम करते हुए।
toiler *-लर n.* कठिन परिश्रम करने वाला।
toilet *-लेट n.*the mode of dressing;washing or arranging of hair; a style of

dressing; a woman's dress a bath room or laterine, articles used in dressing; costume. बालों को धोने तथा सजाने या बहाने का तरीका; स्त्रियों की पोशाक पहनने का तरीका या ढंग, स्नान गृह या टट्टी; शृङ्गार करने की सामग्री।

toilet cover -*कवर n.* (also toilet cloth) शृंगार मेज पर बिछाने का कपड़ा।

toileted -*टेड adj.* शृङ्गार किये हुए; वस्त्रों को पहने हुए।

toilet glass -*ग्लास n.* शृङ्गार मेज पर लगा हुआ शीशा।

toilet service -*सर्विस n.* (also toilet set) शृङ्गार करने में काम आने वाले वर्तन इत्यादि।

toilet paper -*पेपर n.* अंग्रेजों तथा यूरप और अमरीका देशों में पानी की जगह टट्टी में काम आने वाला चिकना कागज।

toilet soap -*सोप n.* नहाने का साबुन।

toilet table -*टेबल n.* शृङ्गार करने की मेज जिस पर शीशा लगा होता है।

toilette -*लेट n.* शृङ्गार।

toilful -*फुल adj.* परिश्रमी; कठिन परिश्रम करने वाला।

toilinet -*नेट n.* (also toilinette) a kind of woollen cloth used for waist coats. एक प्रकार का ऊनी कपड़ा जिसकी बासकट बनाई जाती है।

toiling *टायरलिंग n.* कठिन परिश्रम करने का कार्य

toilless -*लैस adj.* बिना कठिन परिश्रम का।

toilsome *टायलसम adj.* कठिन परिश्रम वाला; परिश्रमी।

toil somely -*ली adv.* कठिन परिश्रम से।

toilsomeness -*नेस n.* कठिन परिश्रम।

toil-worn *adj.* परिश्रम से थका हुआ।

toise *टॉयज n.* an old French lineal measure. एक फ्रान्स का प्राचीन लम्बाई मापने का माप।

toisech *टोशेह n.* an ancient Celtic noble. प्राचीन सेल्टिक भाषा में एक राज दरबारी।

to kalon *टू केलन (Fr.) n.* the beautiful सुन्दरी; अप्सरा; अति सुन्दर।

Tokay -*के n.* a heavy and sweatish wine with an aromatic flavour produced at Tokay in Hungry. एक प्रकार की तेज और सुगन्धित मदिरा जिसे हंगरी देश के टोके स्थान पर बनाया जाता है।

token -*कन n.* a symbole; a sign; an indication; an evidence; an authenticated sign, word or subject; a momento; a keepsake. प्रतीक; चिन्ह; निशान; गवाही; प्रमाणित चिन्ह; शब्द या वस्तु, यादगार; स्मारक। *adj.* serving as a symbol. being a mere show. चिन्ह दिखाने वाला; केवल दिखावटी। *v. t.* to betoken. चिह्नित करना; यादगार बनाना।

by the same token यों ही।

the Lords token : प्लेग बीमारी होने के स्थान

a token payment : कर्ज का एक अंश देना जिससे यह साबित होता है कि देनदार पूरी रकम नहीं दे सकता पर वह इस बात को मानता है कि उसे कर्जा पूरा चुकाना है।

more by token : इसके अतिरिक्त।

a token vote : सरकार को थोड़ी रकम (विशेषत: एक रुपया) की संसद द्वारा मंजूरी जिससे सरकार कितना ही रुपया खर्च करने के बाद संसद के सामने हिसाब किताब रख सकती है।

token cut : प्रतीक कटौती।

tokened -*कन्ड adj.* चिह्न युक्त।

token-money -*मनी n.* सस्ते धातुओं की पहले की बनी मुद्रा जो पहले व्यापारियों द्वारा मुद्रा की जगह काम में लाई जाती है।

toko, tokology -*को, -कोलोजी n.* mid-wifery. दाई के काम का विज्ञाता।

tola -*ला n.* an Indian unit of weight. एक तोला।

tolbooth -*लबूथ n.* an office where tolls are collected. चुंगी इकठ्ठा करने की चौकी।

told -*ल्ड verb. pa. t. & pa. p.* of tell.

tole, toll -*ल v. t* (U.S.) to lure. लालच देना।

Tolado -*लेडो n* a sword blade made in Toledo in Spain. स्पेन देश के टोलेडो स्थान पर बनाई गई तलवार की तेज धार।

tolerable *टॉलरेबल adj.* bearable; endurable; moderately. सहने योग्य; सहनीय; काम चलाऊ।

tolerableness -*रेबलनैस* good. *n.* सहन शक्ति; कामचलाऊपन।

tolerably -*रेबली adv.* सामान्य रूप से।

tolerance -*रेन्स n.* the power of tolerating. सहन शक्ति; सहिष्णुता।

tolerant -*रेन्ट adj.* सहनशील; क्षमाशील।

tolerantly -*रेन्टली adv.* सहनशीलता से; क्षमाशीलता से।

tolerate -*रेट v. t.* to bear; to allow; to allow to exist. सहन करना; होने देना; रुकावट न डालना।

toleration -*रेशन n.* सहनशीलता, धार्मिक विषयों में व्यक्तिगत स्वतन्त्रता।

tolerationist -*रेशनिस्ट n.* धार्मिक विषयों में व्यक्तिगत स्वतन्त्रता का हामी।

tolerator -*रेटर n.* दूसरे धर्मों को मानने वालों की व्यक्तिगत स्वतन्त्रता को मानने वाला; सहन करने वाला।

toll -*ल n.* a tax or duty paid for the right to use a road; to cross a bridge or to sell goods in the market; the sound of a bell; a portion of grain kept by the miller in payment for grinding; a tribute to death राह या पुल पार करने का कर या महसूल; बाजार में सामान बेचने का कर; घण्टे का शब्द; अनाज पीसने की चक्की वाले द्वारा पिसाई के पैसे लेने के बजाय पिसा अनाज की कटौती; किसी के मरने पर उसकी की गई प्रशंसा (विशेष कर अखबार वालों द्वारा)। *v. t.* to collect as a toll; to sound a bell repeatedly; to bar; to take away the right of कर या महसूल वसूल करना; एक ही प्रकार से घन्टा बजाना; बन्दिश लगाना; अधिकार छीन लेना।

tollable -*लबल adj.* चुंगी या कर लगाने योग्य।

tollage -*ज n.* चुंगी या कर की अदायगी, कर या चुंगी की रकम।

toll bait -*बेट n.* मछली को पकड़ने के लिए फेंका हुआ चुग्गा।

toll bar -*बार n.* सड़क पर गाड़ियों इत्यादि को चुंगी वसूल करने के लिए रोकने का फाटक।

toll booth -*बूथ n.* पुल या सड़क पर चुंगी वसूल करने की चौकी।

toll bridge -*ब्रिज n.* पुल पार करने के लिए चुंगी देने का स्थान।

toll call -*कॉल n.* थोड़ी दूर पर स्थिर दूसरे शहर में टेलीफोन से बातचीत करना।

toll dish -*डिश n.* आटा पीसने की चक्की पर कटौती काटने का एक निश्चित तौल का वर्तन।

toller -*लर n.* चुङ्गी लेने वाला।

toll gate -*गेट n.* वह फाटक जिस पर चुङ्गी वसूल की जाती है।

toll free -*फ्री adj. & adv.* बिना चुङ्गी का।

toll house -*हाउस n.* चुङ्गीघर।

tolling -*लिंग n.* चुङ्गी वसूल करने का कार्य; चुग्गा डालकर मछली को पकड़ने का तरीका।

tollman -*मैन n.* चुङ्गी वसूल करने वाला मुंशी।

tol-lol -*लोल adj.* pretty good. अति सुन्दर

tol-lolish -*लोलिश adj* सहने योग्य; काम चलाऊ

tolsel -*त्सल*; **tolsey** -*त्सी*, **tolzey** -*त्जी n.* प्रान्तीय चुङ्गीघर।

tolt -*ल्ट n.* an old English writ removing a court-baron, cause to a county court. अंग्रेजों की अदालतों में एक प्राचीन निषेध आज्ञा जिसके द्वारा मुकद्दमा सरकारी वकील का विरोध करते हुए भी छोटी अदालत में बदल दिया जाता था।

tolter -*र v.i.* to flounder about. इधर उधर ठोकर खाना।

tolu -*लू n.* a kind of resin. एक प्रकार की राल।

toluene -*ईन n. n.* एक प्रकार का शीघ्र उड़ने वाला रसायनिक तरल पदार्थ।

Tom *टॉम n.* a shortened form of Thomas; a male animal, a beg bell. थोमास नाम का लघु रूप; नर पशु; एक बड़ा घण्टा।

long Tom ; एक प्रकार की लम्बी बन्दूक।

old Tom : मदिरा।

Tom and Tib; *Tom Dick and Harry* : कोई भी; जन साधारण।

Tom o' Bedlam : प्राचीन समय का पागल भिखारी जिसको भिक्षा मांगने का अधिकार इंगलैण्ड के राजा द्वारा दिया गया था।

Tom Tiddler's ground : वह स्थान जहां धन वैसे ही पड़ा रहता है; झगड़े की भूमि; वह स्थान जो लड़ने वाले दोनों पक्षों में से किसी का न हो।

tomahawk -*हॉक n.* a kind of North American war-axe. एक प्रकार का उत्तरी अमेरिका की कुल्हाड़ी या गंडासा।

tomalley -*मैली n.* an American lobster's fat. एक प्रकार के अमेरिका में पाए जाने वाले केकड़े की चर्बी।

toman -*मान n.* a former Persian gold-coin worth 10,000 dinars. प्राचीन फारस फारस देश का एक सोने का सिक्का जो दस हजार दीनार के बराबर होता था।

Tom and Jerry *टॉम एण्ड जेरी n.* मसाला मिले उबले अण्डे और मदिरा।

tomato *टोमेटो n.* a plant bearing juicy

friut which of yellow or red colour; its fruit. टिमाटर का पौधा; टिमाटर।

tomb *टोम्ब n.* a grave;a sepulchral monument; *v. t.* to bury, to entomb; कब्र; समाधि; चैत्य; मकबरा। कब्र में गाड़ना; मकबरा बनाना।
the tomb. मृत्यु।

tombac, tombak *-बैक n.* an alloy of copper and zinc. ताबें और जस्त की एक मिश्रित धातु।

tombed *बक्ड adj.* मकबरे में समाधिस्थ; कब्र में गड़ा हुआ।

tombic *-बिक adj.* मकबरे से सम्बन्धित।

tombless *लॅस adj.* बिना कब्र का।

tomboc *-बोक n* a Javanese long handled weapon.जावा देश का एक लम्बी मूठ का हथियार

tombolla *बोला n.* a king of lottery. एक प्रकार का जुआ जिस में सब लोग दांव लगाते हैं और जिसका नम्बर आता है उसे इनाम मिलता है

tomboy *बाय n.* a very noisy and active girl behaving like a boy. लड़कों की तरह शरारत करने वाली लड़की।

tombstone *-स्टोन n.* समाधि; मकबरे अथवा कब्र पर लगा हुआ पत्थर।

tomcat *-कैट n.* a a full grown male cat. युवा नर बिल्ला।

tome *टोम n.* a big book; a big volume. बड़ा ग्रन्थ।

tomelet *-लट n.* एक छोटा ग्रन्थ।

tomentum *-टम n.* a matted cottony soft downy covering esp. in plants पौधों में रोवें दार चटाई के समान नर्म रेशे।

tomfool-*फूल n.*a great fool;a buffoon *v.t.* and *v.i.* to play the fool.महा मूर्ख,विदूषक मूर्ख बनाना; हंसाना।

tomfoolery-*फूलरी n.*महा मूर्खता; विदूषक का काम

tomfoolish-*लिश adj.*महा मूर्ख;विदूषक के समान

tomial *मियल adj.* पक्षियों के चोंच से काटने के के किनारों से सम्बन्धित।

tomium *-मियम n.* पक्षियों के चोंच से काटने के तेज किनारे।

tommy *-टॉमी n* a bread; food; a kind of wrench; a baker's-shop; a private soldier in the British army;an English man whose parent's name is unknown and in childhood was placed in a truck which took him to the nursery. रोटी; एक प्रकार का कल घुमाने का यन्त्र; नानबाई की दुकान; बरतानिया की फौज का सिपाही; वह अंग्रेज जिस को मां बाप का नाम न मालुम हो और बचपन में गुप्त रूप से एक गाड़ी में रख कर शिशु गृह पहुंचा दिया गया हो।
soft tommy: नर्म रोटी।

tommy-bar-*बार n.*बन्दूक को साफ करने का डण्डा

tommy-gun *-गन n.* एक प्रकार की अपने आप चलने वाली मशीन-गन।

tommy-rot *-रॉट n.* मूर्खता की बात।

tommy-shop *-शॉप n.* नानबाई की दुकान।

Tom-noddy *-नाडी n.* a fool. मूर्ख व्यक्ति।

tomorrow, tomorrow *-मॉरो n.* the day after to day. *adv.* on the day after to day. कल कल का दिन; आगामी दिन। कल के दिन को।
to-morrow week: आज से आंठवें दिन।
day after tomorrow: परसों।

tompion *n* (also tompon)an inking pad a kind of watch; the stopper of the gun स्याही लगाने का तख्ता, एक प्रकार की घड़ी, बन्दूक का डण्डा।

tomtit *टॉमटिट n.* the blue or other kind of a small bird एक प्रकार का नीले या दूसरे रङ्ग का छोटा पक्षी।

tom tom *टम टम n.* (also tam tam) an Indian drum एक प्रकार का भारतीय नगाड़ा; *v. t.* to beat such a drum उपरोक्त नगाड़ा बजाना।

tom trot *-ट्रॉट n.* a kind of toffee एक प्रकार की मिठाई।

ton *टन n.* a measure in capacity weighing 20cwt.; a fashion; people of fashion एक २८ मन अथवा २० हंड्रेडवेट तोल का तौल; फैशन; फैशन अथवा बनावटी शृङ्गार करने वाले लोग।

tonal *टोनल adj.* लय का; स्वर का।

tonalite *-नेलाइट n.* a kind of powerful explosive एक प्रकार का भड़कने वाला पदार्थ।

tonality *-लिटी n.* लय और स्वरों का आपसी सम्बन्ध।

to name *टू नेम n.*a nickname, an additional name उपनाम; अतिरिक्त नाम।

tonant *टोनेन्ट adj.* thundering गरजने वाला

tone *-न n.* sound; voice; style, a note of a word, spirit; morale; a shade of colour; normal healthy condition of body and mind; in music; one of the larger intervals between the notes of the scales आवाज; शब्द; स्वर तरीका, ध्वनि; भावना; मानसिक या नैतिक अवस्था; चित्र में अन्धकार तथा प्रकाश का चित्रण; स्वास्थ्य; सङ्गीत में लय अर्थात दो स्वरों के बीच में लय लेने का समय; *v. t. & v. i.* to give a particular tone to, to be in harmony with स्वर बदलकर बोलना; सुर मिलाना; भृष्ट करना।
to tone down : रङ्ग हलका करना।
long tone : तान।
to tone up : स्वर बढ़ाना।

toned *-न्ड adj.* सुर वाला; तान युक्त।

tone deaf *-डेफ n.* सुर अथवा तान को न समझ सकने वाला।

toneless *-लैस adj.* बिना सुर या तान का, बेसुरा।

tonelessly *-लसली adv.* बेसुरे रूप मे।

tonelessness *-नेस n.* बेसुरापन।

tone picture *-पिक्टूयर n.* सङ्गीत के स्वरों के संकेतों द्वारा वर्णित पुस्तक।

tone poem *-पोयम n.* सङ्गीत में पदों का ध्यान न रखकर केवल लय में गाने वाली कविता।

tong *-ग n.* a Chinese secret society. चीन देश की एक गुप्त संस्था।

tonga *-गा n.*a two wheeled horse drawn vehicle. तांगा।

tonga bean *-बीन n* a scented seed used for flavouring snuff नसवार को सुगन्धित बनाने का एक प्रकार का बीज।

tongs *-स n. pl.* domestic instrument consisting of two legs joined by a pivot. चिमटा; संडासी।

tongue *-ग n.* a movable organ in the mouth used for tasting and talking; a language; a way of speeking; the tongue of an animal as a food; anything resembling a tongue; discourse a vote; the catch of buckle;the pointer of a balance; any narrow projection. जीभ; जिह्वा; बोलने की शक्ति; भाषा; बोली; किसी पशु की जबान कामांस; जबान के आकार की कोई दूसरी वस्तु, बात-चीत; धार्मिक व्याख्यान या उपदेश; मत,वक्तव्य का सुआ;तराजू की डंडी, कोई पतली आगे झुकी हुई वस्तु।
v. t & v. t. to utter; to pronounce; to assail with words, to talk; to give tongue to stick out. बोलना; उच्चारण करना; जबान चलाना; बातचीत करना; जबान दिखाना; गाली देना; जबान निकाल कर मुंह चिढ़ाना।

tongued *टंग्ड adj.* जबान युक्त।

tongue-doubtie *-डाउटी adj.* रुक रुक कर बोलने वाला; हलकाने वाला।

tongue-less *-लॅस adj.* बिना जबान का जिसका कभी भी जिक्र न आया हो।

tonguelet *-लेट n.* छोटी जबान या जिह्वा।

tonguester *-स्टर n.* तुतला कर बोलने वाला।

tongue-tacked *-टॅक्ड adj.* न बोलने योग्य; स्वतन्त्रता से बोलने में असमर्थ।

tongue-twister *-टवीस्टर n.* शब्दों को बिना गलती करे उच्चारण करने की एक रीति।

tongue-work *-वर्क n.* शोरगुल; चख चख।

tonging *-गिङ्ग n.* संगीत मे बंसरी इत्यादि वाद्य यन्त्रों की लय में थरथर्राहट उत्पन्न करना।

tonic *टोनिक adj.* relating to tones; giving vigour to the body and mind. सुर या लय सम्बन्धी; शरीर या मन को शक्ति प्रदान करने वाली। *n.* a medicine which tones up body and mind. एक बल-वर्धक औषधि
hold one's tongue : चुप रहना।
to give tongue : चीखना चिल्लाना।
have lost one's tongue : बोलने में शर्माना
mother tongue : मातृ भाषा।
to have one's tongue in one'e cheek : ताना देना।
to find one's tongue : शर्म छोड़ कर बोलना शुरू करना।

tonicity *-सिटी n.* सुर में होने का गुण; पट्ठों की स्वस्थ अवस्था; पट्ठों या मांस पेशियों का लचीलापन

tonight; to-night *टुनाइट n.* this night, आज की रात; *adv.* on this night. आज रात को।

tonish *-निश adj.* having a fashion. फैसन युक्त।

tonishly *-ली adv.* फैसन परस्ती से।

tonishness *-नॅस n,* फैसन परस्ती।

tonite *-नाइट n.* a blasting explosive. एक प्रकार का विस्फोटक पदार्थ।

tonka-bean *-बीन n.* नसवार को सुगन्धित करने का एक प्रकार के पौधे का बीज।

tonnage *टनेज n.* the carrying capacity of a ship in tons; import duty on ships; tax on one ton of wine. जलपोत की माल लादने की टनों में शक्ति; प्रत्येक टन ऐसे जहाज पर

लदे माल पर कर; एक टन मदिरा पर कर।

tonneau *टॉनो n.* the rear part of a motor-car body. मोटर गाड़ी का पिछला भाग।

tonsil *टॉसल .* either of the two glands at the root of the tongue. गले के दोनों ओर की गिल्टियां जो जबान की जड़ के दोनों तरफ होती हैं।

tonsillar *-लर adj.* उपरोक्त गिल्टियों से सम्बन्धित

tonsillectomy *लेक्टॉमी n.* चीरफाड़ कर के गले की गिल्टियां को निकालना।

tonsillitic *-लीटिक adj.* गले की गिल्टियों की सूजन से सम्बन्धित।

tonsillitis *-लाइटिस n.* गले की गिल्टियों की सूजन।

tonsillotomy *लॉटॉमी n.* गले की गिल्टी पूरी या उसका कुछ भाग निकालने का कार्य।

tonsore *टॉन्सोर n.* a barber. नाई; बाल काटने वाला।

tonsorial *-रियल adj.* नाई सम्बन्धी; बाल काटने के कार्य से सम्बन्धित।

tonsure *टोनशुर n.* the act of or mode of shearing the hair or shaving the head, the rite of shaving or cutting a part of the hair of the head at the time of entering priesthood. बाल काटने या सिर मूड़ने का कार्य या तरीका;पादरी के पद पर आरूढ़ होने से पहले सिर के बाल उतारने की एक रस्म;मुड़ा हुआ भाग; मुण्डन संस्कार।

tonsure ceremouy : मुण्डन संस्कार।

tonsured *-शर्ड adj.* बाल कटा हुआ; गंजा।

tontine *-टीन n.*a scheme for life annuity which increases as the subscriber dies वार्षिक चन्दा देकर बीमा करने की एक योजना जो चन्दा देने वालों की मृत्यु के बाद बढ़ता रहता है।

tontiner *टॉनटिनर n.* उपरोक्त योजना को बनाने वाला।

tonus *-नस n* tone; tonic sparm. सुर; बलवर्धक।

tony *-टोनी adj.*fashionable.फैशन करने वाला; शृङ्गार करने वाला; *n.* a simpleton; a fool सीधा साधा व्यक्ति, मूर्ख आदमी।

too *टू adv.* in addition; also like wise; extremely. आवश्यकता से अधिक,भी,वैसा ही; ठीक।

too too, too-too *टू-टू adv.* आवश्यकता से अधिक; अत्याधिक।

tooart *-आर्ट n.*a stong timbered eucalyptus tree. मजबूत लकड़ी वाला; इलायची का पेड़।

took *टुक pa t.* of take.

tool *-ल n.* a working instrument used by hands,a puppet;a person who does dishonest work on behalf of others. औजार; यन्त्र; उपकरण; विशेषकर हाथ से काम करने के;दूसरे के आधीन यन्त्रवत बेईमानी से काम करने वाला; *v. t. & v. i.* to work with a tool. औजारों से काम करना।

tool house *-हाउस n.* औजार;यन्त्र इत्यादि रखने का स्थान।

tooling *-लिङ्ग n.* औजारों द्वारा किया गया कलात्मक कार्य।

tool-shed *-शेड n.* औजार रखने का कमरा।

toom *-म adj.* empty. खाली; *n.* rubbish dump. कूड़ा करकट का ढेर, *v. t.* to empty खाली करना।

toon *-न n.* cedar wood; a large tree with red wood. तुन का पेड़; तुन।

toot *-ट v. t.* to peer; to peep about; to be prominent. झांककर देखना, इधर उधर ताकना; झांकना; प्रसिद्ध होना। *n.* a look out place. चारों तरफ देख सकने लायक स्थान।

toot, tout *-ट v. i.* to make short sounds तेज शब्द करना; *v. t.* to blow as a horn. बिगुल बजाना; भोंपू बजाना; *n* a blast of a horn. बिगुल या भोंपू की आवाज।

tooter *-टर n.* बिगुल बजाने वाला; ऊंचे स्थान पर खड़ा होकर इधर उधर ताकने वाला।

tooth *-थ n.* (*pl.* teeth.) one of the small bones in the jaw used for biting and chewing in animals or human beings a hard projection as on comb or saw taste दांत; दन्त, कांटा, दांता; स्वाद; *v. t.* to cut into teeth; to furnish with teeth दात लगाना; दांतेदार बनाना।

a colt's tooth : युवावस्था की अय्याशियों में लीन रहना।

armed to the teeth ऊपर से नीचे तक अस्त्रों से सुसज्जित।

a sweat tooth : मीठी वस्तुओं का चस्का या स्वाद।

by the skin of one's teeth बाल बाल बचजाना।

to cost, throw in one's teeth : किसी को चिढ़ाना या ताना मारना।

in one's teeth : आमने सामने।

inspite of one's teeth,inthe teeth of खुले विरोध करते हुए।

long in the tooth बड़प्पन से; उस घोड़े के समान जिसके दांत गिर रहे हों।

set one's teeth on edge किसी को इतना क्रोध दिलाना कि वह दांत पीसने लगे।

tooth and nail : सारी शक्ति लगाकर।

to show the teeth : डराना।

toothache *-थेक n.* दांत का दर्द; दांत की चीस।

toothache-tree *टूथेक-ट्री n* दांतेदार पत्तों वाला एक पौधा।

tooth-brush *टूथ-ब्रुश n.* दातुन; दांत साफ करने का ब्रुश।

tooth-drawer *-ड्रॉयर n* दांत निकालने वाला।

tooth-drawing *-ड्रॉइङ्ग n.* दांत निकालने का काम।

toothed *टूथ्ड adj.* दांतेदार।

toothful *-फुल adj.* स्वादिष्ट।

toothless *-लेस adj.* बिना दांत का।

tooth-ornament *-आर्नेमेण्ट n.* सोने या चांदी का खोल चढ़ा दांत।

tooth-paste *-पेस्ट n.* एक प्रकार का लेसदार दन्त मञ्जन।

tooth-powder *-पाउडर n.* दांत-मंजन।

tooth-pick *-पिक n.* दांत खोदनी।

tooth-picker *-पिकर n.* दांत की सफाई करने वाला; दांत खुरेदने का एक साधन।

tooth-shell *-शेल n.* दांतों के ऊपर चमकने वाली वस्तु।

toothsome *-सम adj.* स्वादिष्ट; जायकेदार।

toothsomeness *-नेस n.* स्वादिष्टता।

toothwash *-वाश n.* दांत साफ करने की एक तरल औषधि।

toothwort *-वोर्ट n.* एक प्रकार का दांतेदार पत्तों वाला पौधा।

toothy *-थी adj.* दांतेदार।

tootle *-टल n.* to make feeble sound as on flute. बांसुरी की तरह का शब्द निकालना।

top *टॉप n.* the highest part or place; the upper end or surface, a child's top; the highest place or rank; a topsail; a crest or tuft; a bundle of wool for weaving; a grooved cone held back for between the strands in rope making; a kind of gastropod with a cone-shell. सबसे ऊंचा भाग या स्थान; ऊपरी सिरा या तल; बच्चों के खेलने का लट्टू; उच्चतम चोटी या पद; सबसे ऊंचे पर लगने वाली पाल; ऊपरी परत या खाल; बुनने के लिए बनाई हुई ऊन की गिट्टी; रस्सी बनाने में रस्सी की दो लटों के बीच में लगाने का सुराख वाला तिकोना लकड़ी का टुकड़ा; एक प्रकार का घोंघा या शङ्ख; *v. t.* to cover on the top; to tip; to surpass; to surmount; to cover; to take off the top of. सबसे ऊपर का सिरा या चोटी ढकना; उल्टा कर देना; आगे बढ़ जाना; ढकना; सिरा या डाल काट डालना; *v.i* to finish up; to round off. समाप्त करना; बिलकुल बन्द कर देना; *adj.* highest. उच्चतम।

at the top of one's voice चिल्लाकर; गरज कर।

from top to toe : सिर से पैर तक।

top-dog : जीतने वाला व्यक्ति।

on top : सबसे ऊपर।

top one's part : अभिनय करने में दूसरों से आगे बढ़ जाना।

sleep like a top : सुख की नींद सोना।

toparch *टोपार्क n.* the ruler of a district. जिला अधिकारिक।

toparchy *-पार्की n.* जिला अधिकारिक का अधिकार-क्षेत्र।

topaz *-पाज n.* a kind of precious stone पुखराज; पुष्पराग।

top-boot *-बूट n.* घुटने तक का जूता।

top-booted *-बूटेड adj.* घुटने तक का जूता पहने हुए।

top-coat *टॉप-कोट n.* ऊपर से पहनने का बड़ा कोट; ओवरकोट।

top-drain *-ड्रेन n.* भूमि के ऊपरी तल की सिंचाई

top-dressing *-ड्रेसिंग n.* ऊपर पड़ी खाद को भूमि रमाना।

tope *टोप n.* a Budhist stupa for relics; a kind of shark-fish. बौध स्तूप जिस पर उस काल के उपदेश लिखे होते हैं; एक प्रकार की शार्क मछली। *v. i.* to drink hard. बहुत अधिक पीना।

topek *-पेक n.*an Eskimo skin tent. एस्कीमो का खाल का बना खेमा।

toper *-पर n.* अत्यधिक पीने वाला; शराबी; मतवाला।

topfull *टॉपफुल adj.*किनारे तक भरा हुआ।

top gallant *-गॅलेन्ट adj.* बहुत ऊंचा; उच्चतम;

अत्युत्तम ।

top-hamper *-हैम्पर n.* जलपोत की छत पर अत्याधिक वजन होना ।

top-hat *-हॅट n.* एक रेशमी टोपी (हैट) ।

top-heavy *-हैवी adj.* ऊपरी भाग बोझल वाला

Topbet *-टेट n.* an ancient place of human sacrifice near Jerusalem; a hell. यरुशलम में आदमी की बलि देने का एक प्राचीन स्थान; नरक ।

tophole *-होल n.* ऊपरी छिद्र ।

tophus *-फस n.*a gouty deposit. गुरमुरे पत्थर की खान ।

topi, topee *टोपी n.* a cap. टोपी; धूप की टोपी

topiwallah *-वाला n.* भारत वर्ष आया हुआ अंग्रेज ।

topiarian *-एरियन adj.* झाड़ियों को सुन्दर बनाने की कला से संबन्धित ।

topiary *-एरी n.* art of clepping or cutting shrubs in fanciful shapes. झाड़ियों को सुन्दर आकृतियों में काटने की कला ।

topic *टॉपिक n.* the subject of discourse; अलोचना का विषय; प्रसंग; विषय ।

topical *-कल adj.* किसी स्थान या विषय सम्बन्धी

topically *-कली adv.* स्थानीयता ।

top-knot *टॉप-नॉट n.* सिर का जूड़ा या सिर पर बन्धे फीतों की सुन्दर गांठ ।

topless *-लेस adj.* बिना चोटी का ।

toplofty *-लफ्टी adj.* आडम्बरी ।

topman *-मैन n.* शिखर पर अथवा उच्चतम पद पर नियुक्त पुरुष ।

top-mast *-मास्ट n.* सबसे ऊपर का मस्तूल ।

top-most *-मोस्ट adj.* उच्चतम; सबसे ऊपर का ।

top-notch *-नॉच adj.* सबसे ऊपर आने वाला ।

topographer *टोपोग्राफर n.* a map-maker. नक्शा बनाने वाला ।

topographic *-ग्राफिक adj.*नक्शा बनाने से सम्बन्धित ।

topography *-ग्राफी n.* the detailed description on a map. किसी स्थान का नक्शे द्वारा किया गया वर्णन ।

topology *-लॉजी n.* the association of things as an aid to memory. स्मरण रखने का साधन ।

toponymal *-नीमल* **toponymic** *-नीमिक adj.* स्थानों के नाम के अध्ययन से सम्बन्धित ।

toponymy *-नीमी n.* the study of names of places; the study of the names of the parts of the body स्थानों के नाम का अध्ययन, शरीर के अंगों के नाम का अध्ययन ।

topping *-टापिङ्ग n.* चोटी काटने या गिराने की किया ।

topple *-टॅपल v. t. & v.i.* to fall headlong सिर के बल गिरना; लुढ़कना ।

top proud *-प्राउड adj.* अत्याधिक घमण्डी ।

top-rail *-सेल n.* सबसे ऊपर का पाल ।

top sawyer *-सॉयर n.* लकड़ी चीरने के गड्ढे में उपर खड़ा होकर आरा चलाने वाला आराकश ।

top side *-साइड n.* ऊपरी भाग; शिखर का भाग

topsman *-मैन n.* जमींदार; मजदूरों से काम लेने वाला सरदार ।

top soil*-सॉयलn.*भूमि के ऊपरी परत का एक भाग

top soiling *-सॉयलिंग n.* भूमि के ऊपरी भाग को हटाने का कार्य ।

top stone *-स्टोन n.* चोटी या शिखर का पत्थर ।

topsyturvification *-केशन n.* a turning upside down. सिर नीचे और पैर ऊपर होना ।

topsyturvily *-ली adj.* उपरोक्त रीति से ।

topsyturviness *-नेस*(also tapsyturvydom) *n.* अस्तव्यस्तता;गड़बड़ी; सिर नीचे और पैर ऊपर होने की स्थिति ।

topsyturvy *-टर्वी* (also top-sideturv (e)y, tapasateerie) *adj. & adv.*upside down; in confusion.सिर नीचे और पांव ऊपर;अस्तव्यस्त; गड़बड़ी में ।

toque *टोक n.* a kind of woman's hat. एक प्रकार की औरत की पहनने की टोपी ।

tor *-र n.* a hill, a rockey height. पहाड़ी; ऊंची चट्टान ।

Torah, Thorah *-रा* the Mosaic law. यहूदियों के लिए बनाया हुआ श्री मोज द्वारा बनाया गया कानून ।

torbanite *-नाइट n.* a bright green radioactive mineral consisting of copper and uranium. एक प्रकार का युरेनियन और तांबा विशेष प्रकार की किरणें प्रसारित करने की शक्ति वाला खनिज ।

torch *-र्च n* a large candle; a stick of inflammble material stuck up to give light;a portable electric lamp;a glowing flower, a light of knowledge. बड़ी मोमबत्ती,मशाल; बिजली का लैम्प जिसे इधर-उधर ले जाया जा सके; खिला हुआ फूल; ज्ञान की ज्योति; *v. t.* to light with torches. मशाल से रोशनी करना ।

to carry the torch (for) प्रेम न किए जाने पर भी प्रेम करना ।

clectric torch चोर बत्ती; बिजली की बत्ती ।

torchbearer *टॉर्च-बेयरर n.* दीप दर्शक; पथ प्रदर्शक ।

torch dance *-डान्सn.*हाथ में मशाल लेकर नाचने का एक प्रकार का नृत्य ।

torcher *-र्चर n.* मशाल हाथ में लेने वाला ।

torchere *-रीर n.* प्रकाश दिखाने वाला ।

torch light *-लाइट n.* मशाल का प्रकाश ।

torch lily*-लिलीn.* एक प्रकार का लाल फूलों वाला कुमुदनी का पौधा ।

torchon *-शॉनn.(Fr.)* a duster; a kind of narrow lace. झाड़न;एक प्रकार का पतला फीता

torchon paper*-पेपरn.*एक प्रकार का चित्र खींचने का कागज ।

torch race *-रेस n.* मशाल हाथ में लेकर दौड़ने की प्रतियोगिता ।

torch song *-सॉंग n.* प्रेम न किए जाने पर भी प्रेम करने से सम्बन्धित एक गीत ।

torch-staff *-स्टाफ n.* मसाल में लगी लकड़ी ।

torch-thistle *-थिसल n.* एक प्रकार; का बड़े फूल वाला पौधा ।

torculer *टॉरक्यूलर n.* any appliance for pressing an artery. रक्त की नाली को दबाने का यन्त्र या साधन ।

tore *टोर pa. t. & pa. p* of tear.

tore *-र n.* the base of a floral receptacle. खम्भे के नीचे कक्षनी ।

toreador *टॉरिएडोर n.* a bull-fighter. सांड से घोड़े पर सवार होकर लड़ने वाला ।

to-rend *टु-रेण्ड v. t.* to break into pieces. तोड़ कर टुकड़े करना ।

torero *टोरेरो n.* पैदल ही सांड से लड़ने वाला व्यक्ति ।

toreutic *-यूटिक adj.* of embossed metalwork. धातु पर उभरी हुई नक्काशी किए हुए काम का; *n.* an artistic work in metal. धातु पर नक्काशी का काम ।

torgoch *-गोह n.* a kind of red-bellied small fish. एक प्रकार की लाल पेट वाली छोटी मछली ।

toric *-रिक adj.* खम्भे की कंगनी के आकार का ।

torii *-रीई n.* a Japanese temple gateway. जापान के मन्दिरों का मुख्य द्वार ।

torment *टॉर्मेन्ट n.* a great pain of body or mind; a cause of great pain; anguish. मानसिक तीव्र पीड़ा; दुःख का कारण; सन्ताप; *v. t.* to cause extreme pain; to tease. शारीरिक अथवा मानसिक पीड़ा देना; सताना; तङ्ग करना ।

tormented *-टेड adj.* सताया हुआ ।

torment *-ली adj.* पीड़ा या कष्ट देता हुआ ।

tormentil *-न्टिल n.* a plant having a woody root and four petalled flowers. एक चार पंखुड़ियों के फूलों और मोटी जड़ वाला पौधा ।

tormenting *-न्टिङ्ग adj.* सन्ताप देने वाला ।

tormentingly *-ली adv.* सन्ताप के रूप में ।

tormentor *-न्टर n.* अधिक दुःख या सन्ताप देने वाला, सताने वाला; जल्लाद ।

tormentum *-न्टम n.* एक प्रकार की रोग देश की तोप ।

tormina *टॉर्मीना n.* a cholic pain in the bowels. उदर का शूल ।

torminal *-नल;* **topminous** *-मस adj.* उदर शूल सम्बन्धी ।

torn *टॉर्न pa. p.* of tear.

tornado *-नेडो n.* (*pl.* tornadoes) a hurricane, a violent whirl wind. आंधी; तूफान

toroid(al) *रॉयड(ल) adj.* pertaining to coil of any shape. गोलाकार; किसी घुमावदार वस्तु से सम्बन्धित ।

torpedo *-पीडो n.* the cramp-fish; a self propelled weapon which explodes when it hits a ship or any other object; a bomb. एक प्रकार की चमकनी त्वचा वाली मछली; जिसके शरीर से बिजली निकलती है; एक प्रकार का हथियार जो जहाज अथवा दूसरी किसी वस्तु से टकराने पर फट कर उसे नष्ट कर देता है; तारपीडो; एक प्रकार का गोला, *v. t.* to destroy with torpedoes. इस गोले द्वारा जहाज इत्यादि को नष्ट करना ।

torpedo-boat *-बोट n.* टारपीडो छोड़ने वाला जलपोत ।

torpedo-boom *-बूम n.* जलपोत में टारपीडो ले जाने का स्थान ।

torpedoer *-डूअर n.* टारपीडो छोड़ने वाला ।

torpedoist *-डोइस्ट n.* टारपीडो से निशाना लगाने में दक्ष ।

torpedo-net *-नेट n.* जलपोत के चारों तरफ लटकाया हुआ एक जाल जिससे टारपीडो से बचा जाता है।
torpedo-tube *-ट्यूब n.* टारपीडो छोड़ने की नली
torpefy *-फ़ाई v. t.* to benumb;to paralyse गति शून्य बनाना,लकवा मारना;चैतन्य शून्य करना
torpent *टॉर्पिन्ट adj.* having no activity.
torpescence *-सेन्स n.* जड़ता; चैतन्यशून्यता; मन्दता।
torpescent *-सेन्ट adj.* मन्द होने वाला;चैतन्यशून्य
torpid *-पिड adj.* numb;sluggish;lethargic *n.*the second boat of the Oxford University or its crew, races eight oared boats. ठिठरा हुआ; निश्चल;निरचेष्ट;चैतन्यशून्य; जड़। ओक्सफोर्ड विश्व विद्यालय की दूसरे नम्बर पाने वाली नांव या इसके नाविक; आठ चप्पू से चलने वाली एक प्रकार की दौड़ में भाग लेने वाली नांव।
torpidity *-डिटी* **torpidness** also torpitude torpor *n.* जड़ता;गतिशून्यता;निश्चल निश्चलता
torpidly *-डली adv.* मन्दता से।
torporofic *-फिक adj.* मन्दता या जड़ शून्यता लाने वाली।
torquate (d) *क्वेट* (ड) *adj.* collared; twisted. गर्दन पर पट्टे या चक्र वाला; बटा हुआ।
torque *टॉर्क n.* a neckless in the form of a twisted band. कण्ठहार; सोने के बटे हुए तारों से बना हुआ गले में पहनने का कण्ठा।
torrefaction *-फ़ैक्शन n.* a process of drying. सुखाने की एक क्रिया या तरीका।
torrefy *-फ़ाई v. t.* to scorch; to dry by fire; to parch.जलाना;आग से सुखाना,भूनना
torrefying *-फ़ाइंग adj.* आग पर सुखाया जाने वाला।
torrent *-रेन्ट n.*a violent rushing of steam or water. a violent flow, जल का तीव्र प्रवाह; तेज धार; बाढ़।
torrential *-यल adj.* तीव्र प्रवाह वाला; तेज धार का।
torrentially *-यली adv.* तीव्र प्रवाह में।
torrents *-रेन्टस n.* a heavy down-pour of rain. मूसलाधार वर्षा।
torret *-रेट n.* a ring through which driving reins. घोड़े की जीन का एक छल्ला जिस में से लगाम की रस्सी निकाली जाती है।
Torricellian *-लियन adj.* pertaining to the mathematician Torricalli who discovered the principal of barometer in 1643 in Italy. सन् १६४३ में पारे से हवा दबाव को मालुम करने के सिद्धान्त की खोज करने वाले इटली के श्री टॉरीशेली से सम्बन्धित।
Torricellian-tube *-ट्यूब n.* पारे की नली जिस से हवा का दबाव मालुम किया जाता है; बैरोमीटर
Torricellian vocuum *-अम n.* बैरोमीटर का हवा निकाला हुआ भाग।
torrid *-रिड adj.* violently hot, parching; dried with heat. अत्याधिक गर्म, सेकने वाला गर्मी से सुखाया हुआ।
torridity (also torridness) *-डनत n.* अत्याधिक उष्णता; गर्मी से सूखने का गुण।
Torridonian *-नियन adj. & n* an ancient native of the North West Highlands of Scotland. स्काटलैण्ड के उत्तर पश्चिम के पठारों में रहने वाला प्राचीन आदिवासी या उससे सम्बन्धित।
torrid-zone *-जोन n.* उष्ण कटिबन्ध; भूमध्य रेखा के आस पास का अति उष्ण प्रदेश।
torse *-टॉर्स n.* the heraldic wreath. प्राचीन समय के जागीरदारों की फूलों इत्यादि का बना एक गोल गोल गुलदस्ता।
torsel *-सॅल n.* a plate on the brick-wall to support a beam.ईंटों की दीवार पर लगाई गई एक पत्थर या लोहे का टुकड़ा जो लोहे या लकड़ी के शहतीर लगाने की जगह लगाया जाता है।
torsibility *-लिटी n.* a twisting ऐंठने या बटे जाने की योग्यता।
torsion *-शन n.* the act of twisting; the strain produced by twisting. ऐंठने का काम; ऐंठने से उत्पन्न शक्ति।
torsion-balance *-लैंस n.* बहुत ही अल्प शक्ति नापने का एक यन्त्र।
torsive *-सिव adj.* twisted spirally घुमा कर बटा हुआ।
torsk *-र्स्क n.* a kind of sea-fish with a dorsal fin. एक प्रकार की समुद्री मछली जिसके आगे एक कांटा लगा होता है।
torso *टॉर्सो n.* (also torse)(*pl.* torsos) the trunk of a body or statue without head or limbs मूर्ति या शरीर का बिना हाथ पैर का धड़।
tort *-र्ट n.* wrong; an injury; in law, a wrong for which there is a remedy by compensation or damages. अपकार अपराध; नुकसान; हानि, कानून में वह हानि जिसको हर्जाना देकर पूरा किया जा सके।
tortious *-शियस adj.* सम्पत्ति को हानि या किसी अपराध से सम्बन्धित; हानिकर; कष्टदायक।
torticollis *-टिकोलिस n.* stiff or wry neck गर्दन का अकड़ जाना; गर्दन की गठिया।
tortile *-टाइल adj.* twisted; coiled ऐंठा हुआ बटा हुआ, घुमाव दार।
tortility *-लिटी n.* ऐंठन; बटन; घुमाव।
tortilla *-ला n.* a round flat maize cake. मक्का की बनी गोल रोटी या टिकिया।
tortive *-व adj.* मोड़ा हुआ; बटा हुआ;ऐंठा हुआ
tortoise *-टाइज -स n.* a fresh-water reptile covered with a shell कछुवा; कूर्म; कच्छप
tortoise shell *-शेल n.*कछुवे की पीठ की हड्डी।
tortoise shell butterfly *-बटरफ्लाई n.* एक प्रकार की तितली जिसके पंख काले लाल और नीले होते हैं।
tortoise shell cat *-कैट n.*काले अथवा पीले रङ्ग की पालतू बिल्ली।
tortrix *-ट्रिक्स n.* (also torticed) a genus of moths whose caterpillars live generally in rolled up leaves. एक प्रकार के कीड़े जिनके अण्डे प्रायः मुड़ी हुई पत्तियों में रहते हैं।
tortulous *-ट्यूलस adj.* bulged at intervals बीच बीच में से फूला हुआ।
tortuous *-अस adj* full of winding; not straight forward ऐंठन या बल युक्त; जो स्पष्टवादी न हो; कुटिल।
tortuousity *-ओसिटी n.* ऐंठन; घुमाव; बल।
tortuously *-असली adv.* घुमाव से; ऐंठन से; टेढ़े पन से!
tortuosness *-नेस n.* ऐंठन; कुटिलता; टेढ़ापन।
torture *-रन.* a putting to severe pain;to extort a confession anguish; extreme pain. किसी अपराध को स्वीकार कराने के लिये अति पीड़ा देना; क्षोभ; सन्ताप; यन्त्रणा; दारुण वेदना; *v. t.* to put to torture; to exact by torture. यन्त्रणा देना; सताना, सताकर भेद मालूम करना।
torture *-र n.* सताने वाला; यन्त्रणा देने वाला।
torturing *-रिङ्ग n.* यन्त्रणा देने का कार्य।
torturingly *-ली adj.* अत्यन्त पीड़ा देते हुये।
torturous *-रस adj.* यातना कारक।
toruffled *-फ़ल्ड adj.* ruffled up बिगाड़ा हुआ; अस्तव्यस्त किया हुआ।
torula *-टोर्यूला n.* a yeast like micro organism खमीर में उत्पन्न छोटे छोटे जीवाणु।
toruline *-लीन n.* खमीर में एक प्रकार का बलवर्धक विटामिन।
torulose *-लोज adj.* having small swelling at intervals. स्थान स्थान पर फूला हुआ।
torulosis *-सिस n.* खमीर के जीवाणुओं से उत्पन्न एक रोग जिस में शरीर की नसें काम ठीक नहीं करतीं।
torulus *-लस n.* the socket of an insect's antenna कीड़ों का वह छिद्र या खोल जिसमें वह अपना डङ्क छिपा लेता है।
torus *-रस n.* the receptacle of a flower; the base of a floral receptacle. फूल का गर्भ; खम्भे की नीचे की कङ्कनी।
Tory *टोरी n.* Conservative; (U. S.) one who sided with the British in the Revolution. इंगलैण्ड के अनुदार दल का व्यक्ति; अमेरिका की क्रान्ति में अङ्गरेजों का साथ देने वाला व्यक्ति।
Toryfy, Torify *-फ़ाई v. t.* infect with Tory principles. अनुदार दल के सिद्धान्तों से किसी का मत उस दल के अनुरूप करना।
Toryism *-इज्म n.* अनुदार दल का सिद्धांत।
tose *-ज v. t.* to tease out. चिढ़ा कर भगा देना।
tosh *-श adj.* neat; comfortable, friendly. स्वच्छ; आराम देह; मित्रता पूर्ण। *n.* a foolish talk. व्यर्थ बात; मूर्खता पूर्ण बात।
tosher *-शर n.* a non collegiate student. महाविद्यालय में न पढ़ने वाला विद्यार्थी।
toss *टॉस v. t.* to jerk, to fling; to throw through the air without using force; to throw about violently; to agitate. to tilt in drinking; to drink; to settle a dispute. झटका देना; हाथ से फेंकना; बिना शक्ति प्रयोग किए ऊपर उछालना; इधर उधर बल पूर्वक फेंकना; लहरे मारना; पीने के लिए आगे को झुकाना; पीना; झगड़ा तय करना। *v. i.* to rise and fall; to tumble about; to toss up a coin. ऊपर उछलना और गिरना; अचानक गिर पड़ना; सिक्के को ऊपर उछालना। *n.* the act of tossing; a throwing up or back of the head, confusion; commotion; a toss up. ऊपर उछालने का काम; सिर से पीछे

या ऊपर की ओर फैंकना; गड़बड़ी; हलचल; संदेहजनक प्रश्न।
toss up : सिक्के को उछालने का कार्य; सन्देहजनक प्रश्न।
to toss off : शीघ्रता से कोई कार्य करना।
toss out : मजाक में टालना।
toss up : फैसला करने के लिए सिक्का ऊपर उछालना; शीघ्रता से भोजन इत्यादि परोसना।
toss for something : सिक्के को उछालकर किसी बात का फैसला करना।
take a toss : घोड़े की पीठ पर से लुढ़क जाना
tosser *-सर n.* उछालने वाला; फैंकने वाला।
tossily *-सिली adv.* चपलता से।
tossing *-सिंग n. & adj.* उछलते हुए; उछालने का कार्य।
toss pot *-पॉट n.* शराबी, मतवाला।
tosticated *-स्टीकेटेड adj.* (also tossicated) perplexed; confused. घबराया हुआ।
tostication *-केशन n.* घबराहट; उलझन।
tot *-ट n.* a child; any little thing; a cup; addition of a long column; a bone; anything retrieved from a dust bin. शिशु; कोई छोटी वस्तु; प्याला; लम्बी रकमों का योग; हड्डी; कूड़े करकट से निकाली हुई कोई वस्तु। *v. t. & v. i.* to add up or total. जोड़ लगाना; योग करना।
total *ल adj.* complete; entire; including all. संपूर्ण; पूरा; सकल; सब। *n.* the entire amount; the whole. संपूर्ण परिमाण पूरी वस्तु। *v. t. & v. i.* to add up; to amount to. जोड़ना; योग करना; जोड़ निकालना।
total abstainer : हर प्रकार की मदिरा से परहेज करने वाला।
total war : ऐसी लड़ाई जिसमें सब प्रकार के हथियार काम में लाए जाते हैं और किसी पर भी तरस नहीं खाया जाता।
totalisation *-लाइजेशन n.* जोड़ लगाने का कार्य
totalisator *-जेटर* **totaliser** *-जर n.* जोड़ लगाने का एक प्रकार का यन्त्र।
totalise *-च v. t.* to add up. जोड़ लगाना।
totalitarian *-लीटेरियन adj.* सर्वाधिकारवादी।
totalitarianism *-निज्म n.* सर्वाधिकारवाद।
totality *-लिटी n.* पूर्णता; समीष्ट।
totally *-ली adv.* पूरी तरह से; पूर्ण रूप से।
totalness *-लनेस n.* परिपूर्णता।
totaninae *-निनी n.* a genus of sand pipers with toes webbed at toes. एक प्रकार के पक्षियों की श्रेणी जिनके पंजे जाले की तरह एक दूसरे से जुड़े होते हैं।
totanus *-नस n.* उपरोक्त श्रेणी का विभाग।
tote *टोट v. t.* to carry; to add. ले जाना; जोड़ करना; *n.* the handle of a carpenter's tool. बढ़ई के रन्दे की मूठ।
to-tear *टु-टेयर v. t.* to tear in pieces. फाड़ कर चिथड़े करने।
totem *-टम n.* an outward symbol of an existing intimate unseen relation. पारस्परिक गुप्त सम्बन्ध सूचक एक चिन्ह।
totemic *टोटेमिक adj.* उपरोक्त चिन्ह सम्बन्धी।
totemism *-मिज्म n.* उपरोक्त चिन्हों पर सामाजिक रीति रिवाजों को आधारित करने का सिद्धान्त।
totemist *-मिस्ट n.* उपरोक्त सिद्धान्त को मानने वाला।
totemistic *-मिस्टिक adj.* उपरोक्त सिद्धान्त को मानने वाले से सम्बन्धित।
totempole *-मोल n.* उत्तरी अमेरिका में वहां के आदिवासियों का एक डण्डा जिस पर उपरोक्त चिन्ह बना होता है।
tother; t'other *टूदर pro. & adj.* the other. दूसरा; अन्य।
totient *-शेन्ट n.* a number of the numbers less than another and prime of it. गूढ़ संख्या से और दूसरी संख्या से कम संख्याओं की एक संख्या।
totive *-टिव n.* गूढ़ संख्या से और दूसरी संख्या से कम की संख्या।
totter *टॉटर v. t.* to waver; to reel; to shake; to stagger. हिलाना; लुढ़कना; डगमगाना; विचलित होना।
tottered *-र्ड adj.* ruinous. बरबाद करने वाला
totterer *-रर n.* डगमगाने वाला।
tottering *-रिंग n. & adj.* डगमगाने का काम।
totteringly *-ली adv.* डगमगाते हुए।
tottery *-री adj.* अस्थिर; चंचल; डगमगाने वाला
toucan *टूकन; -कान n.* a kind of American bird with immense beak. एक प्रकार का अमेरिका में पाया जाने वाला पक्षी जिसके लम्बी चोंच होती है।
toucanet *-केनट n.* उपरोक्त प्रकार का एक छोटा पक्षी।
touch *-टच* to come in contact with; to meat without cutting; to attain, to compare with; to apply a slight force; to begin to eat, to impress; to effect with emotion; to hit; to tinge; to say something about; to bribe; to cheat. स्पर्श करना; छूना; बिना काटे मिलना (रेखाओं का); प्राप्त करना; तुलना करना; थोड़ी शक्ति लगाना; खाना आरम्भ करना; प्रभावित करना; विचलित करना; धीरे से मारना; हलके रंग से रंगना; किसी विषय में कुछ कहना; घूंस देना; धोखा देना; *v. i.* to make a passing call at a port; to make some reference; to perceive by sense of feeling. किसी बन्दरगाह पर गुजरते हुए ठहरना; सम्बन्ध बताना; स्पर्शेन्द्रिय द्वारा अनुभव करना; *n.* the act of touching; a small quantity; a slight hit; characteristic manner; a touch stone; fineness; either side of a football field out side the bounds; an official stamp of the fineness of gold. स्पर्श; थोड़ी; मात्रा; हल्की चोट; विशेष व्यवहार; कसौटी; विशुद्धता, फुटबॉल के मैदान के दोनों तरफ की रेखा जिसको छूने पर विपक्षी खिलाड़ी को गेंद फेंकने का दांव दिया जाता है; सोने की विशुद्धता प्रमाणित करने के लिए सोने पर लगाई गई सरकारी मुद्रा।
out of touch सीधा सम्बन्ध न रहना।
to touch up : शुद्ध करना।
near touch : छोटे बाल कटवाना।
touch upon; on : कुछ कहना।
touch on : किसी विषय की कुछ व्याख्या करना
touch and go . बहुत कम आशा।
to touch to the heart : मर्म भेदी होना।
touchable *टचेबल adj.* स्पर्श करने योग्य।
touchableness *-बलनेस n.* स्पर्श किये जाने की योग्यता; स्पर्श योग्यता; मर्म भेदी होने का गुण।
touch and go *टच एण्ड गो n.* केवल आकस्मिक घटना।
touch box *-बॉक्स n.* पलीता भरकर चलाने की बन्दूक में चिनगारी निकालने वाले भाग में लगा शीघ्र आग पकड़ने वाला पतीले का डिब्बा।
touch down *-डाउन n.* फुटबॉल के खेल में गोल की रेखा पर उसी तरफ के खिलाड़ी का गेंद को छूना।
touched *-ड adj.* चिड़चिड़ा; थोड़ा बहुत पागल।
tocher *-र n.* केवल स्पर्श करने वाला।
touch hole *-होल n.* तोप का पतीला लगाने का छेद या छिद्र।
touchily *टचीली odv.* चिड़चिड़े रूप में।
touchiness *-नेस n.* चिड़चिड़ा पन।
touching *टचिङ्ग adj. & prep.* करुणात्मक; विषय में; उद्देश्य से।
touchingly *-ली adj.* हृदय वेधक रूप से।
touchingness *-नेस n.* करुणा।
touch judge *-जज n.* रगबी के खेल में मैदान के बाहर खिलाड़ी गया है या नहीं इस बात का फैसला करने वाला।
touchless *-लेस adj.* बिना स्पर्श का।
touch line *-लाइन n.* फुटबॉल के मैदान में खिलाड़ियों के खेलने की हद्द।
touch me not *-मी नॉट n.* छुईमुई का पौधा।
touch me nottish *-नॉटिश adj.* केवल स्पर्श से मुरझा जाने वाला।
touch paper *-पेपर n.* नौसादर में भिगोया हुआ कागज।
touch piece *-पीस n.* प्राचीन समय में राजा की मुसीबत टालने के लिये दी जाने वाली मुद्रा।
touch plate *-प्लेट n* टीन के डिब्बे इत्यादि बनाने का काम करने वाले के चिह्न लगी एक धातु का टुकड़ा।
touch stone *-स्टोन n.* सोना परखने की कसौटी।
touch wood *-वुड n.* सड़ी और सूखी लकड़ी जो चिंगारी से आग पकड़ लेती है।
touchy *-ची adj.* सहज में क्रोध करने वाला; चिड़चिड़ा।
tough *टफ n.* a rough. कोई भद्दी या कठोर वस्तु *adj.* stiff; hard to cut; strong; flexible tenacious. कठोर; आसानी से न कटने वाली; दृढ़; पुष्ट; लचीला लसलसा।
toughen *-न v. & v.i.* to make or become tough मजबूत होना या बनाना; कड़ा करना।
toughener *-र n.* कड़ा करने वाला।
toughening *-निङ्ग n. & adj.* कड़ा करने का कार्य या तरीका।
toughish *-फिश adj.* कुछ कठोर।
toughly *-फली adv.* चिमड़ी तरह से।
toughness *-नस n.* चिमड़ापन।
toupee *टूपी n.* a wig with a top knot; a lock of false hair. सिर पर लगाने की नकली बालों की ऊपर की गांठ; सिर पर लगाने के नकली बाल।
tour *-र n.* round trip or journey; a sight seeing. दौरा; भ्रमण; किसी ऐतिहासिक यादगार इत्यादि को देखने जाना; पर्यटन; परिभ्रमण;

भ्रमण; *v.t.&v.i.* make a tour. भ्रमण करना दौरे पर जाना; सैर करना।
tour of duty : वह समय जब सैनिक सरकारी काम पर तैनात होता है।
Grand tour : मध्यकाल में पश्चमी योरुप की यात्रा जिसे शिक्षित वर्ग में युवकों की शिक्षा समाप्ति का द्योतक माना जाता था।

touraco *-को n.* an African bird with a horny shield on the forehead and pigments in its feathers. एक प्रकार का अफ्रीका देश का पक्षी जिसकी चोच तुरही के समान होती है और चिकत्ते दार पर होते हैं।

tourbillion *-बिलियन n.* a whirlwind; a whirling fire work. बवंडर; चक्रवात; आतिश बाजी का चक्कर।

tour de force *-डिफोर्स n.* (*Fr.*) on action requiring great skill. अधिक चतुराई और परिश्रम से किया जाने योग्य कार्य।

tourelle *-रेल* पतली मीनार; effort.

tourer *-रर n.* भ्रमण करने वाला; यात्री; यात्रा के उपयुक्त खुली मोटर गाड़ी।

touring *-रिंग n. & adj.* पर्यटन के काम में आने वाली; पर्यटन करने वाला।

tourism *-ज्म n.* परिश्रम करने वालों का व्यवहार; उनकी आवभगत करने वालों का व्यवहार।

tourist *-स्ट n.* पर्यटन करने वाला; सैर करने वाला किसी ऐतिहासिक तथा प्राकृतिक सौंदर्य के स्थान की सैर करने वाला।

tourmaline *मेलिन n.* a beautiful of usally black colour. प्रायः काले रंग का सुन्दर खनिज पदार्थ जिसमें से मणिक भी निकाला जाता है।

touranament *-मेन्ट n.* a military spot of the Middle Ages in which combatant fought on horse back with spears and swords; a series of games to determine a winnar; a military display. मध्य-युग का एक फौजी खेल जिसमें सैनिक घोड़ों पर चढ़कर तलवार अथवा भाले कर्तब दिखाते थे, सबसे श्रेष्ठ खिलाड़ी को चुनने की प्रतियोगिता; फौजी बेला; दङ्गल।

tourney *-नी n.* a mediaeval tournament मध्ययुग की प्रतियोगिता; दङ्गल; *v. t.* to ride in tournament. मध्य युग की प्रतियोगिता में घोड़े पर चढ़ना; दङ्गल में भाग लेना।

tourneyer *-यर n.* उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाल।

tourniquet *-केट* an appliance for compressing an artery. दबाई की सूई लगाने के लिए नस को उभारने का एक साधन।

tournure *-न्योर n.* the curving shape of a figure; a pad former used by women to give the effect of well rounded hips रेखा का उभरा हुआ आकार; प्राचीन समय में योरुप की स्त्रियों द्वारा कूल्हों को गोल बनाने के लिए काम में आने वाला रुई अथवा किसी दूसरी वस्तु की गद्दी।

touse *-उज* (also touze, towse, towze) *v.t. & v.i.* to stir up; to haul to pull about खिलाना; तानना; खींचना; *n.* disturbance. स्थिति बदलने का कार्य।

touser *-जर n.* तानने वाला; खींचने वाला।

tousel, touzle *-जल v. t.* to disarrange; to pull about. क्रम बिगाड़ना; अव्यवस्थित करना; खींचना, *n.* a tousled mass. इधर उधर बिखरा हुआ ढेर।

tousles mois *-लेमा n.*(*Fr.*)a kind of edible starch. एक प्रकार का कलफ युक्त खाद्य-पदार्थ।

tousy, touzy *-जी adj.* अव्यवस्थित किया हुआ; रुक्ष; गड़ बड़ किया हुआ।

toustic *-स्टी adj.* irritable; susceptible of anger. व्याकुल करने वाला; परेशान करने वाला क्रोध दिखाने वाला।

tout *-उट v. i.&v. i.* to observe secretly; to give information in regard to (specifically) a race horse); to solicit customers or votes (Scot.) to push out lips on displeasure. गुप्त रूप से देखना; घुड़दौड़ के घोड़ों के बारे में छिपी हुई सूचना देना, गाहक या मन खोजना, या पटाना घृणा से ओठ बाहर निकालना; *n.* a spy who sells information to sportsman particularly of a race house; one who solicites business; a spy for a robber; a sudden illness. घुड़ दौड़ के घोड़ों के बारे में छिपी हुई सूचना; बेचने वाला; दलाली करने वाला; गाहक खोजने वाला; डाकुओं को छिपा हुआ भेद देने वाला; आकस्मिक रोग।

tout a fait *-आफेट adv.* (*Fr.*) entirely; quite. कतई; बिलकुल।

tout a l'heure *-ल्योर adv.* (*Fr.*) just now; presently. अभी फिलहाल।

tout au contraire *-कोन्ट्रेर adv.* (*Fr*) quite to the contrary; quite to the reverse. इसके विपरीत; बिल्कुल उल्टा।

tout a vous *ट्-टा-वू* (*Fr.*) wholly yours; sincerely yours; at your service. आपका ही; आपका शुभ-चिन्तक; आपकी सेवा में

tout de suite *-डा स्वीट* (*Fr.*) *adv.* at once; immediately. एकदम; तुरन्त; तभी; अभी।

tout ensemble *-टाह्न-साम्बल* (*Fr.*) all in all; every thing considered; the general effect. सर्वोपरि, सब का सब; प्रत्येक बात सोच विचार की हुई; आम असर।

touter *-उर n.* दलाली करने वाला; गुप्त भेद मालूम करने वाला।

tout le monde *-ला माउन्ड* (*Fr.*) all the world; everybody. सारा संसार; प्रत्येक जीव

tovarish *-व्हारिश* (Russ.) comrade. साथी; सहचर।

tow *टो v. t.* to drag behind or pull along; to drag a boat through the water by a rope. आगे या पीछे घसीटना; रस्सी से पानी में नाव को घसीटना। *n.* that which is towed; the act of towing; a rope; a couse part of hemp or flax. रस्से से घसीटी जाने वाली (नाव इत्यादि); रस्से से घसीटने का कार्य; रस्सा; फांसी लगाने की रस्सी।
to take in tow : रस्सी से नांव खींचने का अधिकार लेना; अपनी रक्षा में लेना।

towage *टॉएज n.* रस्से से पानी में नाव को खींचने का कार्य।

toward *टुअर्ड prep.* (also towards) in a line leading to; facing; regarding. for; near; about; tending to result in ओर; सामने; विषय; में; के लिए; समीप; प्रायः। *adj.* ready to learn; imminent. योग्य; तत्पर; उद्यत। *adv.* near at hand. समीप; पास में।

towardliness *-लीनेस n.* समीपता।

towardly *-ली adj.* पास का; सुलक्षण युक्त; उन्नति शील।

towardness *-नेस n.* सामने की ओर की स्थिति।

tow-boat *-बोट n.* दूसरी नावों या छोटे जलपोतों को रस्सी से बांध कर घसीटने वाली एक बड़ी नाव या जलपोत।

towel *टॉवल n.* a cloth, usually of liven for drying; an alter cloth. तौलिया; समाधि या पूजा स्थान पर बिछाने का कपड़ा, मार्जन वस्त्र। *v. t.* to rub with a towel; to cudgel. तौलिया से पोंछना; मुकदर से लड़ना।
an oaken towel : लकड़ी का मुकदर।
a lead towel : बन्दूक की गोली।

towel horse *-हॉर्स* **towel rack** *-रैक ns.* तौलिया लटकाने की अरगनी।

towelling *-लिंग n.* तौलिया बनाने का कपड़ा; तौलिये से बदन पोंछने का कार्य; युरा भला कहना

towel-rail *-रेल n.* तौलिया लटकाने का डण्डा।

tower *-र n.* a structure very tall in proportion to its other dimensions and frequently forming a part of a large building; a tall wooden movable structure formerly used by besiegers for storming a fortress; a place of security; a citadel. मीनार; लाट; एक हल्की लकड़ी की बनी ऊंची लाट जिस पर चढ़ कर प्राचीन काल में किसी किले पर धावा बोला जाता था, रक्षित स्थान; किला; दुर्ग। *v. i.* to rise like a tower; to fly upward. मीनार के समान ऊपर उठना; ऊपर की तरफ उड़ना। *v. t.* to rise aloft into. बहुत ऊंचाई वाली मीनार इत्यादि के ऊपर के भाग में चढ़ना।
Tower of London : लन्दन शहर के पास स्थित एक किला जिसे विलियम प्रथम ने बनवाया था और प्राचीन समय में कैदखाने के रूप में काम आता था।
Tower of Peace : एक प्रकार की गोलाकार मीनार जिसके बीच में कुंआ और एक चबूतरा होता है जिस पर यहूदी लोग पहले अपने मृत सम्बन्धी का मृत शरीर गिद्ध इत्यादि पक्षियों के खाने के लिए तथा सड़ने के लिये रखते थे।

towered *-र्ड adj.* मीनारों से आभूषित।

towering *-रिंग adj.* बहुत ऊंचा; उन्नत।

towerless *-लैस adj.* बिना मीनार का।

tower-shell *-शैल n.* एक प्रकार का घोंघा।

towery *-री adj.* मीनार युक्त; ऊंचा।

tow-head *-हेड n.* a person with light coloured hair. भूरे रंग के बालों वाला व्यक्ति

towhee *टाउही n.* a kind of American sparrow. एक प्रकार की अमरीका में पाई जाने वाली चिड़िया।

towing *टोइंग n. & adj.* रस्से से नाव इत्यादि जल में खींचने वाला।

tow-iron *टो आयरन n.* व्हेल मछली के शिकार में काम आने वाला एक बड़ा कांटा।

towline *-लाइन* **to-rope** *-रोप n.* नाव खींचने का रस्सा।

towmont, tomound, towmon *मन् n.* a twelve month. बारहवां महीना।

town *टाउन n.* any considerable collection of dwellings and other building larger than a village and smaller than a city; the local government of such a community; the voters and inhabitants of a town collectively; the principal town of a district; an urban community; the people of a town especially fashionable or immoral classes; the life in town. *adj.* of a town; urban. नगर; कस्बा; पुरी; नगर का स्वायत्तशासन; नगर निवासी; नगर में मताधिकार रखनेवाले लोग; किसी जिले का मुख्य नगर; नगर के वह लोग जो फैशन परस्त और अध्यात्मिक रूप से गिरे हुए होते है; नगर का जीवन। नगर का; शहरी।

town and gown: किसी विश्वविद्यालय के सामुहिक रूप में सब सदस्य।

to go to town: अत्याधिक सफल होना।

on the town: नगर के सार्वजनिक चन्दे पर पलने वाला।

to paint the town red. अधिक मद्यपान करना

town-clerk *-क्लार्क n.* नगर-परिषद का सचिव तथा उसको कानूनी सलाह देने वाला।

town-council *-काउन्सिल n.* नगर-परिषद्; नगर का शासन चलाने वाली सभा।

town-councillor *-लर n.* नगर परिषद् का सदस्य

town-crier *-क्रायर n.* नगर परिषद् के फैसलों की घोषणा करने वाला।

town-dweller *-ड्वेलर n* नगर निवासी।

townee *टाउनी n.* विश्वविद्यालय वाले नगर का निवासी जो उसका सदस्य न हो।

tow-net *-नेट n.* प्राकृति इतिहास की वस्तुएं इकट्ठा करने का जाल।

town-end *अॅण्ड n.* मुख्य अथवा बड़ी सड़क का अन्त

town-farm *-फार्म n.* नगर परिषद् द्वारा प्रबन्धित गरीब लोगों की मदद करने के लिए की गई खेती।

town-hall *-हॉल n.* नगर भवन; नगर शाला, नगर-शासन का कार्य्य अथवा सभा इत्यादि करने की सभा।

town-house *-हाउस n.* नगर में रहने का भवन; नगर का अगारागार।

townish *निश adj.* नगर से सम्बन्धित।

townless *-लॅस adj.* बिना नगर का।

town-marshal *-मार्शल n.* नगर के पुलिस विभाग का पदधिकारी।

town-meeting *-मीटिंग n.* नगर के लोगों की सभा मताधिकार देने के लिए एकत्रित नगर निवासी।

town-planning *निंग n.* नगर योजना।

town'sbairn *बेयर्न n.* वह नगर निवासी जिस का जन्म उसी नगर में हुआ हो।

towns'folk *-फ़ाक n.* नगर के आम लोग; शहरी, नागरिक।

township *शिप n.* नागरिक अधिकार का जिला।

townskip *-स्किप n.* नगर में उत्पन्न चच्चा।

townsman *-मॅन n. (fem.townswoman.)* नगर निवासी।

town's people *-पीपल n.* नगर के लोग।

towntalk *-टॉक n.* नगर वार्ता।

townwards *-वॅड्स adv.* नगर की ओर।

tow-path *-पाथ n.* नाव इत्यादि को रस्से से घसीटने के लिए नदी के किनारे बना स्थान।

to-worne *-वोर्न adj.* worn-out फटा पुराना।

towse, towze *-टाउज v. t.* to pull about. तानना; खींचना।

toxaemia *टॉक्सीमिया n.* blood-poisoning. रक्त का विषैला या जहरबाद होने का रोग।

toxaemic *-मिक;* **toxic(al)** *-क(ल) adj.* विषैला; विष सम्बन्धी, जहरीला।

toxically *-कली adv.* विषैले रूप में।

toxication *-केशन n.* जहरबाद; विषैला होना।

toxicity *-सिटी n.* विषैला होने का गुण; जहरीलापन; विषैलापन।

toxicological *कोलॅजिकल adj.* विष सम्बन्धी विज्ञान से सम्बन्धित।

toxicologist *-जिस्ट n.* विष सम्बन्धी विज्ञान का वेत्ता।

toxicology *-लॉजी n.* विष सम्बन्धी विज्ञा; विषविद्या।

toxicomania *-कोमेनिया n.* विषैले पदार्थ खाने की तीव्र इच्छा अथवा विषैली वस्तुएं खाने की आदत।

toxin *-न n.* एक विशेष प्रकार का विष जो वनस्पतियों से बनाया जाता है।

toxicophagous *-कोफेगस;* **toxiphagous** *-गस adj.* विष खाने वाला।

toxicophobia *-फोबिया;* **toxiphobia** *-फोबिया n.* जहरबाद होने का डर।

toxicosis *-कोसिस n.* जहरबाद के कारण गम्भीर अवस्था।

toxiphobiac *-फोबियक adj.* उपरोक्त डर से सम्बन्धित।

toxophilite *टॉक्सॉफिलाइट n.* an archer; a lover of archery. धनुर्विद्या में निपुण; तीर चलाने वाला।

toy *टॉय n.* an article manufactured for the amusement of the children; a trifle, a plaything; a matter of no importance; any immitation in a very small scale; a very small pet-dog; a whim; a dwarf breed. बच्चों को खुश करने की वस्तु; खिलौना; क्रीड़ा वस्तु; अप्रधान विषय, छोटे आकार में किसी बड़ी वस्तु की नकल; बहुत छोटा पालतू कुत्ता; वहम; छोटी नस्ल; *adj.* made of imitation as a plaything. बड़ी वस्तु को नकल करके छोटा बनाया हुआ जैसे खिलौना; *v. i.* to trifle; to sport. मूर्खतापूर्ण बात करना; क्रीड़ा करना।

toy-dog *-डाग n.* एक बहुत ही छोटे आकार का कुत्ता।

toyer *-यर n.* खेल करने वाला; खिलाड़ी।

toyful *-फुल adj.* क्रीड़ा करने वाला।

toying *-यिंग adj. & n.* खिलवाड़ करने वाला।

toyish *-इश adj.* खिलवाड़ी; खिलौने के समान।

toyishly *-ली adv.* खिलवाड़ रूप में।

toyishness *-शनेस n.* खिलवाड़।

toyman *-मॅन n. (fem.* toy woman) खिलौने बेचने वाला पुरुष।

toyshop *-शाप n.* खिलौनों की दूकान।

toysome *-सम adj.* खिलवाड़ी; वहमी; मूर्ख।

toze; tose *-ज v. t.* to tease out. चिढ़ाना; मुंह चिढ़ाना।

tozie *-जी n.* a blanket prepared from a goat's inner coat. बकरी की निचली खाल का एक प्रकार का कम्बल।

T-plate *टी-प्लेट n.* a plate in the form of 'T'. 'टी' अक्षर के आकार की कोनियां।

trabeate (d) *ट्रेबियेट(ड) adj.* built of horizental beams. सीधे शहतीरों का बना हुआ।

trabecula *-बॅक्यूला n.* a small supporting band or bar. धरन।

trabecular *-लर adj.* धरन के आकार का।

trace *ट्रेस n.* a mark left by some past event; a very small quantity; a footprint; a path through forest beaten down by men or animals; a slightly drawn line; a line marked by recording instruments; a strap or chain attached to a horse for drawing a vehicle किसी पुरानी बात या काम का चिन्ह; बहुत कम मात्रा; जंगल में पशुओं तथा आदमियों के चलने से बनी पगडण्डी; हल्के हाथ से खींची हुई रेखा; स्वयं निशान से संकेत करने वाले यन्त्रों के जरिये खींची गई रेखा; गाड़ी खींचने की रस्सी; जोत; *v. t.* to map out; to describe in general terms; to copy on a transparent sheet; to follow the tracks of; to make out by examining the details of; to decorate with designs; to fasten as with traces. नक्शा बनाना; पतला कागज ऊपर रख कर चित्र उतारना; पैर के चिन्हों द्वारा पता लगाना अथवा पीछा करना; विस्तृत अंशों की परीक्षा करके अन्दाज लगाना; अच्छे नमूनों से सजाना; जोत से बांधना; घोड़ा जोतना।

traceability *ट्रेसेबिलिटी n.* पता लगाने की चतुराई।

traceable *-बल adj.* पता लगाने योग्य।

traceableness *-नेस n.* पता लगाने की योग्यता; खोज निकालने की योग्यता।

traceably *-ली* पता लगाते हुए।

trace-horse *-हॉर्स n.* गाड़ी में जोत से बांध कर जुतने वाला घोड़ा।

traceless *ट्रेसलेस adj.* जिसका पता न लगाया जा सके।

tracelessly *-ली adv.* उपरोक्त रूप में।

tracer *ट्रेसर n.* अन्वेषण करने वाला; गाड़ी में जुतने वाले घोड़े की देख भाल करने वाला; नक्शानवीस।

trace-bullet *-बुलेट n.* बन्दूक छोड़ने पर गोली से बनी धूंवे की रेखा।

traceried *-रीड adj.* बेलबूटों से सजाया हुआ।

tracer-shell *-शेल n.* बेलबूटों से सजाया हुआ सीप।

tracery *ट्रेसरी n.* बेल बूटों की सजावट।

trachea *-किया n. (pl.* tracheae) the windpipe; or air tube in air breathing. anthropods. हवा की नली; मुंह से सांस लेने वाले चौपायों में हवा लेने की नली।

tracheal *ट्रेकियल adj.* उपरोक्त नली से सम्बन्धित

trachearia *-येरिया n.* बिना फेफड़े के हवा की नली वाले जीव।

trachearian *-रियन* (also tracheary) *adj.* उपरोक्त जीवों से सम्बन्धित।

tracheata -*टेटा n.* (*pl.*) सांस की नली और फेफड़े वाले जीव।
tracheated -*टेड adj.* सांस की नली युक्त।
tracheitis -*टिस n.* सांस की नली में सूजन होने का रोग।
trachelate -*लेट adj.* having a neck.गरदन वाला।
tracheoscopy -*ओस्कोपी n.* सांस की नली का परीक्षण।
tracheotomy -*ओटोमी n.* सांस की नलियों की चीरफाड़।
trachinus -*नस n.* a genus of fishes. एक प्रकार की मछलियों की श्रेणी।
trachoma -*मा n.* a disease of eyes or with hard postules in the inner surface of the eyelids. आंखों में रोहें पड़ने का रोग।
trachypeterus -*टरस n.* a genus of small fishes. एक प्रकार की छोटी मछलियों की श्रेणी।
tracing *ट्रेसिंग adj. & n.* रेखा चित्र बनाने का साधन।
tracing paper *n.* रेखा चित्र बनाने का बारीक कागज जिसको दूसरे चित्र पर रख उसकी नकल की जाती है।
track ट्रक *n.* a mark left; a beaten-path; a foot print; any kind of race-course; the pair of rails on which a railway train runs; a road. छोड़ा हुआ चिह्न; पगडण्डी; पद-चिह्न; घुड़दौड़ का मैदान; रेल की पटड़ी; सड़क, रास्ता। *v. t.* to follow or find out by means of traces; to tow; to make one's way; to traverse as on foot; to run in the same track; to travel by towing. पद चिन्हों द्वारा पीछा करके पता लगाना; नाव को रस्से से खींचना; चलना जैसे पैदल; एक ही रास्ते पर जाना; रस्से से खींच कर चलाना।
in one's tracks ; ठीक वह स्थान जहां कोई व्यक्ति खड़ा होता है।
the beaten track : सामान्य जीवन।
keep track of : अपने आप को हर बात से सूचित रखना।
make tracks : भागना।
to jump the track : पटड़ी से उतर जाना।
trackage -*केज n.* रेल की पटड़ी डालना; रेल की पटड़ियां।
track-boat -*बोट n.* रस्से से खींच कर चलाई जाने वाली नाव।
tracker -*र n.* पद चिन्ह से पीछा करके खोज निकालने वाला; नाव को रस्से से खींचने वाला।
tracklayer -*लेयर n.* रेल की पटड़ी डालने वाला
trackless -*लॅस adj.* बिना पद-चिन्ह का।
tracklessly -*लॅसली adv.* बिना पद-चिन्ह छोड़े हुए।
tracklessness -*लॅसनॅस n.* बिना कोई चिन्ह छोड़े हुए की अवस्था।
trackman -*मॅन* **track-walker** -*वॉकर ns.* रेल की पटड़ियों का देख भाल करने वाला।
track-road -*रोड n.* नाव को रस्से से खींचते हुए चलने का नदी के किनारे बना रास्ता।
track-scout -*स्काउट n.* नहर में रस्से से घसीट कर चलाने वाली नाव।
trackway -*वे n.* पगडण्डी; पुरानी सड़क।
tract ट्रक्ट *n.* an area; an unbroken expanse, a system of organs of the body which serve a particular purpose; a pamphlet; a small book written on a religious subject. क्षेत्र; विस्तार; भूभाग; प्रदेश; शरीर के अङ्गों का कोई विशेष कार्य करने की व्यवस्था; कोई छोटी पुस्तक; धर्म को फैलाने के निमित्त लिखी गई छोटी पुस्तक।
tractability -*टेबिलिटी n.* विनीतता; सहज में प्रबन्ध करने की योग्यता।
tractable -*ब्ल adj.* विनीत; सरल; सहज में प्रबन्ध किये जाने योग्य।
tractableness -*ब्लनॅस n.* सरलता; विनीतता।
tractarian -*रियन n.* छोटी धार्मिक पुस्तकों का लेखक।
Tractarianism -*रियनिज्म n* इंगलैण्ड में एंग्लीकन गिर्जे को और दूसरे पन्थों से ऊंचा रखने के उद्देश्य से बनाया गया ऑक्सफोर्ड में एक इसाई पन्थ।
tractate -*ट n.* धार्मिक विषय पर लिखी गई टीका धार्मिक ग्रन्थ।
tractor -*टर n.* उपरोक्त पन्थ का सदस्य या अनुयायी।
tractile -*टाइल adj.* capable of being drawn into wires. तार खींचने योग्य।
tractility -*टीलिटी n* ductility. लचीलापन।
traction ट्रक्शन *n.* an act of drawing; propulsion of vehicles. खींचने का कार्य; गाड़ियों का चलना; खिंचाव, खिंकुड़न।
tractional -*नल adj.* आकर्षण अथवा खिंचाव युक्त।
traction-engine -*एंजिन n.* सड़क पर चलने वाला भाप का इंजन।
traction-wheel -*व्हील n.* इंजन को चलाने वाला पहिया।
tractive *ट्रक्टिव adj.* किसी वस्तु को खींचने की शक्ति रखने वाला।
tractor ट्रक्टर *n.* a motor plough; an engine for drawing heavy loads. एंजिन द्वारा परिचालित हल, भारी बोझा खींचने वाला एंजिन।
tractoration -*टोरेशन n.* उपरोक्त एंजिनों को व्यवहार में लाने का कार्य।
tractrix *ट्रक्ट्रिक्स n.* a curve like the intercept of a tangent by a fixed straight line is constant. एक वृत्त जो वृत्त की स्पर्श रेखा के समान होता है।
trade ट्रेड *n.* a business; a craft; commerce, a bargain a deal, the people following a particular calling; the amount of business done in a particular place, a firm's customers; occupation; customary persuit; the submarine service of the British Navy; a foot-print; a path; a passage; custom; habit; a trade wind (in pl.) *v. i. & v. t.* to exchange; to barter; to engage in business of bargain and sale; to be associated, to traffic; व्यापार; दुकानदारी; कला वाणिज्य; खरीद फरोख्त; किसी विशेष काम को करने वाले लोग; किसी निश्चित स्थान पर किया गया व्यापार; किसी दुकान के ग्राहक, पेशा; रोजी; बर्नाशिया की नौ सेना में पनडुब्बी का विभाग, रास्ता; रीति; रिवाज; आदत; अन्ध महासागर में नियम से बहने वाली वायु। अदलाबदली करना; एक वस्तु को खरीदकर बदले में दूसरी देना क्रय विक्रय करना; सम्बन्धित होना; बदलना बेच डालना।
to trade in: खरीदने पर थोड़ा बहुत या पूरा पैसा देना।
to trade off: बेच डालना।
to trade on: लाभ उठाना।
home trade: देश का धन्धा।
Jack of all trades. एक साथ बहुत काम करने वाला।
Board of Trade: सरकार का वाणिज्य विभाग
trade-acceptance -*ट्रेड n.* एक प्रकार की हुण्डी जिस पर बेचने वाला जहां उसे सकारना हो उस की स्वीकृति लिख कर देता है।
trade-board -*बोर्ड n.* किसी व्यापार में श्रमिकों और मिल मालिकों की मिली झुली मण्डली।
trade-counsel -*काउन्सल n.* वाणिज्य प्रदूत।
traded *ट्रेडेड adj.* क्रय या विक्रय किया हुआ।
trade-dispute -*ड्यूट n.* श्रमिक विवाद।
trade-fallen -*फॉलन adj.* दिवालिया।
trade ful -*फुल adj.* वाणिज्य सम्बन्धी; क्रयविक्रय में लीन।
trade-journal -*जरनल n.* किसी विशेष व्यापार के सम्बन्ध में सूचना देने वाली पत्रिका।
trade-last -*लास्ट n.* भाव तय करने पर बेचने वाले से दुबारा कहली कर पक्का करवाने का एक शब्द।
tradeless -*लॅस adj.* बिना व्यापार का।
trade-mark -*मार्क n.* वाणिज्य चिह्न।
trade-name -*नेम n.* व्यापारिक नाम या संकेत।
trade-price -*प्राइस n.* वह कीमत जिस पर माल बेचा जाता है।
trader -*डर n.* व्यापारी; व्यवसायी:; सौदागर।
trade-route -*रूट n.* व्यापारी जहाजों का एक से दूसरे देश में माल ले जाने का रास्ता।
trade-sale -*सेल n.* किसी व्यापार के निमित्त नीलाम।
tradescantia -*टिया n-* a genus of grass like herbs. घास के समान बूटियों की एक श्रेणी
trade-folk -*फोक n.* व्यवसाय में लगे हुए लोग।
tradesman -*मॅन n.* व्यापारी; दुकानदार।
tradesmanlike -*लाइक adj.* व्यापारी की तरह
trade-union -*यूनियन* श्रमिक संघ।
trade-unionism-*निज्म n.* मिलमालिकों से अपना हक मनवाने के निमित्त सामूहिक रूप से शान्ति पूर्वक आन्दोलन करने का सिद्धान्त।
trade-unionist -*निस्ट n.* उपरोक्त सिद्धान्त का अनुयायी; श्रमिक संघ का सदस्य।
trade-wind -*विंड n.* शान्त महासागर में निश्चत समय नियम पर बहने वाली तेज वायु।
trading -*डिङ्ग n.* व्यापार; व्यवसाय।
trading-post -*पोस्ट n.* अमरीका में वहां के आदिवासियों से सामान खरीदने के लिए सीमा पर बनाया हुआ स्थान।
tradition -*शन n.* a belief; custom; principle or standard of conduct passed on from generation to generation often without a written record; that which is communicated by tradition; पुरानि रीति; रिवाज; सिद्धान्त अथवा कहावतें जो पीढ़ियों से एक दूसरी पीढ़ी से केवल सुनने पर चली

आती है; कहावतें; किंवदन्ती; परम्परागत कथा।
traditional *-शनल* **traditionary** *-नरी adj.* परम्परा प्राप्त; साम्प्रदायिक।
traditionalism *-नेलिज्म n.* साम्प्रदायिकतावाद
traditionality *-लिटी n.* परम्परा से चले आने वाले रीति रिवाजों पर विश्वास रखने का सिद्धान्त
traditionally *-ली*; **traditionarily** *-नेरीली adv.* परम्परा से।
traditioner *-शनर n.* परम्परा को मानने वाला।
traditionist *-निस्ट n.* परम्परा का अनुयायी।
traditive *-टिव adj.* परम्परा प्राप्त, परम्परा से सम्बन्धित।
traditor *-टर n.* विश्वासघाती; राजद्रोही, छुटकारा पाने वाला।
traduce *ट्रेड्यूस v.t.* to translate, to transmit; to culminate; to defame. अनुवाद करना; बिना तार द्वारा भेजना; निन्दा करना, कलंक लगाना।
traducement *-मेन्ट n.* निन्दा; कलंक, अनुवाद।
traducer *-सर n.* कलंकित करने वाला।
Traductian *-शियन n.* यह आत्मा और शरीर केवल अपने माता पिता से पाते है इस सिद्धान्त में विश्वास करने वाला।
Traducianism *-निज्म n.* उपरोक्त सिद्धान्त।
Traducianist *-निस्ट n.* उपरोक्त सिद्धान्त का अनुयायी।
traducible *-सिबेल adj.* दूषित करने योग्य।
traducing *-सिङ्ग n. & adj.* निन्दा करने का कार्य, निन्दायुक्त; दूषित।
traducingly *-ली adv.* अपयश से; निन्दा से।
traduction *ट्रेडक्शन n.* एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने की क्रिया।
traductive *ट्रेडक्टिव adj.* उपरोक्त क्रिया से सम्बन्धित।
traffic *ट्रैफिक n.* commerce; the movement of people and vehicles in a street the business done by a railway, steamship line etc. व्यापार; वाणिज्य; सड़कों पर चलने वाले लोगों और गाड़ियों का आना जाना; रेलगाड़ी अथवा जहाज द्वारा किया गया व्यापार; *v. t.* to trade to exchange. व्यापार करना, माल अदल बदल करना।
trafficator *-केटर n* एक प्रकार का यन्त्र जिससे यह सकेत हो जाता है कि गाड़ी किधर मुड़ेगी।
trafficker *-कर n.* व्यवसाय करने वाला, व्यापारी
trafficking* *-किङ्ग n.* व्यापार करने का कार्य।
trafficless *-कलस adj.* व्यवसाय रहित।
traffic-lights *-लाइटस*, **traffic-signals** *-सिग्नलस n.* चौराहों पर लगी बत्तियां यसंकेत जो आने जाने वाली गाड़ियों के हादसे होने से बचाती है।
traffic-returns *-रिटर्न्स n.* यात्रियों और जितना सामान ढोया गया हो उनके आंकड़े।
tragecanth *-कन्थ n.* a kind of gum used as a medicine. एक प्रकार का गोंद जो औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है।
tragedian *ट्रेजेडियन n.* an actor who plays tragic parts. दुःखान्त नाटकों में भाग लेने वाला अभिनेता।
tragedy *-जेडी n.* a drama with a sad ending; a mournful event; anything with death or killing in it. दुःखान्त नाटक; शोकपूर्ण घटना, कोई ऐसी घटना जिसमें मृत्यु या कत्ल हुआ हो।
tragic(al) *-जिक(ल) adj.* दुःखान्त नाटक सम्बन्धी शोकजनक; करुणाजनक।
tragically *-ली adv.* शोकजनक रूप में; करुणाजनक रूप में।
tragicalness *-कलनेस n.* दुखान्तता; करुणाजनकता।
tragicomedy *-कोमेडी n.* हर्ष तथा दुखान्त नाटक
tragi comic(al) *ट्रेजीकोमिक(ल) adj.* गम्भीर तथा हास्य पूर्ण दृश्यों से पूर्ण।
tragicomically *-ली adv.* दुःखान्त तथा सुखान्त दोनों के रूप में।
trageladh *ट्रेगिलाफ -जिलाफ n.* an animal half goatlike and a half staglike एक प्रकार का पशु जो कुछ बकरी जैसा और कुछ हिरन जैसा होता है।
tragelaphine *-लेफाइन adj.* उपरोक्त जानवर के आकार का।
tragopan *-पेन n.* a kind of brilliant horned bird. एक प्रकार का चमकीले रङ्ग का सुन्दर कलगी वाला पक्षी।
tragule *-ग्यूल n.* a kind of small dear like animal एक हरिण के आकार का छोटा पशु
traguline *-लाइन adj* बकरे के अथवा छोटे हरिण के आकार का।
tragus *-गस* a small projected part at the entrance of the external ear. कान की लर।
traik *-क v. i.* to go toilsomely; to get lost, to decline heath. थके हुए चलना; अपने आप में खोजाना; कमजोर होजाना; *n.* mutton of sheep who has died of accident or disease; a loss of sheep. बीमार या हादसे से मरने वाली भेड़ का मांस; भेड़ का खो जाना।
traik after : पीछे पीछे फिरना।
trail *-ल n.* a track left in passing by a person; sign that something has passed; a path through rough country; the small or marks followed in huting; a part of a gun carriage resting on the ground behind. गुरजने पर किसी आदमी द्वारा छोड़े गए चिह्न; कोई चिह्न जिससे यह पता लगे कि यहां होकर कोई आदमी गुजरा है; ऊंचे नीचे तथा पेड़ों से घिरे प्रदेश का रास्ता; शिकार में गन्ध तथा चिह्नों से शिकार का पीछा; तोप की गाड़ी का वह भाग जो नीचे टिका होता है; *v t. & v. i.* to drow near the surface, follow by smell or marks; to drag behind; to spread along the ground over a wall; to follow irregularly one after another. जमीन पर घसीटना; गन्ध तथा चिह्नों से पीछा करना;; पीछे लटकना अथवा घसीटना;फर्श तथा दीवार पर फैलाना एक के पीछे दूसरे के पीछे बिना क्रम से चलना।
blaze the trail : किसी कार्य को पहले पहल करने वाला।
hot on the trail : शिकार का पास से पीछा करते हुए।
to trail a pick : सैनिक का काम करना।
trailing edge पिछला हिस्सा।
to trail one's coat : झगड़ा मोल लेना।
trailer *-लर n.* मोटरकार द्वारा खींची जाने वाली दूसरी गाड़ी; आने वाले चित्रपट के बारे में सिनेमा गृह में दिखाया गया चित्र।
trail net *-ल नट n.* घसीटकर मछली पकड़ने का जाल।
train *-न n.* that which is dragged along or follows; a part of a dress which trails; a retinue; a series a number of railway coaches, joined together and drawn along a railwayline; a procession of a number of persons carriages etc. forming a continuous line; a series of ideas or events;a thin line of gun powder leading to a place where material has been arranged for explosion; whale oil extracted by boiling. आगे से खींची जाने वाली वस्तु; पीछे लटकाने वाला वस्त्र,एक के पीछे दूसरे लगे हुए रेल के डिब्बे, रेलगाड़ी; कई व्यक्तियों; गाडियों इत्यादि का एक के पीछे दूसरी पंक्ति में चलने वाला जलूस विचार शृंखला अथवा एक बाद दूसरी संघटित घटना; विस्फोट करने के लिए बारूद के ढेर तक बारूद की बनाई पतली रेखा, उबाल कर निकाला हुआ ह्वेल मछली का तेल, *v.t. &v.i.* to bring to a certain standard by practice and teaching; to draw along; to allure; to go by train. शिक्षा देना; सिखाना; पीछे घसीटना, लालच देना; रेलगाडी द्वारा यात्रा करना
military training सैनिक शिक्षा।
trainable *-रल adj.* शिक्षा देने सिखाने योग्य
train band *-बैण्डn.* सैनिक शिक्षा प्राप्त नागरिकों का समूह।
train bearer *-बेयरर n.* लटकने वाले वस्त्र पकड़ने वाला अनुचर।
trained *ट्रेन्ड adj.* शिक्षित; सिखाया हुआ।
trainee *ट्रेनी n.* शिक्षार्थी; विद्यार्थी; सीखने वाला
trainer *-नर n.* शिक्षक; सिखाने वाला।
train-ferry *ट्रेन-फेरी n.* रेलगाड़ी को दूसरे तट पर लगाने वाली बड़ी नाव।
train-fine *-फाइन n.* अत्यधिक चतुर होना।
training *ट्रेनिंग n. & adj.* शिक्षा, सिखलाना।
training college *-कॉलेज n.* शिक्षकों को शिक्षा देने का महा-विद्यालय।
training school *-स्कूल n.* अध्यापकों को पढ़ाने के सिद्धान्त इत्यादि सिखलाने की पाठशाला।
training-ship *-शिप n* नाविक की शिक्षा देने वाला जलपोत।
training-mile *-माइल n.* रेलगाड़ी की एक मील चलने की यात्रा।
traipse; trapes *ट्रेप्स v t* to trail इधर उधर टहलना, घूमना।
trait *-ट्रे n.* a marked feature; a drawing; peculiarity. विशेष चिन्ह या भाव, रेखा चित्र, विशेषता।
traitor *-टर n.* a betrayer; one who commits treason; a deceiver. विश्वासघाती; बागी; देशद्रोही; राजद्रोही, छली; कपटी।
traitorhood *-हुड*; **traitorism** *-रिज्म*; **traitorship** *-शिप n.* छल; विश्वासघात; देशद्रोह।
traitorly *-ली*; **traitorous** *-रस adj.* कपटी; विश्वासघाती।
traitorously *-ली adv.* विश्वासघातक रूप में।
traitorousness *-सनेस n.* कपटता।

traitoress *-टोरेस n. (fem.)* विश्वासघातिनी।
traject *-जेक्ट v. t.* to take across; to transmit. पार लगाना, भेजना; पहुंचाना, *n.* a crossing; a ferry. पार लगना; एक किनारे से दूसरे किनारे ले जाने वाली नाव।
trajection *-क्शन n.* पार करने की क्रिया।
trajectory *-टरी n.* धूमकेतु का चक्राकार मार्ग।
tralaticious; tralatitious *ट्रेलेटीशियस adj.* traditional; transmitted secondhand परम्परा प्राप्त; भेजा हुआ; पुराना।
tralation *ट्रॅलेशन n.* किसी शब्द के प्रयोग का भेद
tram *ट्राह n.* a car moved by electricity along a tramway; tramway line; a kind of silk yarn. ट्राम गाड़ी, सड़क पर चलने की बिजली की गाड़ी; ट्राम गाड़ी की पटड़ी; एक प्रकार का रेशमी धागा; *v. t.* to travel by a tram. ट्राम गाड़ी से भ्रमण करना।
tram-car *-कार n.* ट्राम गाड़ी।
tram-conductor *-कण्डक्टर n* ट्राम गाड़ी में टिकट बांटने वाला।
tram-line *-लाइन n.* सड़क पर जमीन के अन्दर धसी हुई ट्राम की पटड़ी।
trammer *ट्रेमर n.* मछली या चिड़िया पकड़ने का जाल; रोक, प्रतिबन्ध; *v. t.* रोकना; बेड़ी डालना।
trammler *-लर n.* उपरोक्त जाल से मछली या चिड़िया पकड़ने वाला।
trammel net *-नेट n.* मछली पकड़ने का जाल।
tramontane *ट्रामो-टेन adj.* पर्वत पार का; विदेशी; मूर्ख; अशिक्षित; *n* पर्वत पार प्रदेश का निवासी; विदेशी मूर्ख व्यक्ति; जंगली।
tramontona *-टोना n* a North wind उत्तर की ओर से आने वाली ठण्डी हवा।
tramp *ट्रेम्प v. t.* to tread under foot; to walk on foot, to wander through. रौंदना, कुचलना; पैदल चलना भ्रमण करना; पैदल भ्रमण करने वाला, पैदल चलने का शब्द, भटकने वाला।
tramper *-पर n.* इधर उधर भटकने वाला; भ्रमण करने वाला।
trample *-पल v. t & v. i.* कुचलना; रौंदना; अनादर करना; घमण्ड से बात करना; *n.* रौंदने या कुचलने का कार्य।
trampler *-लर n.* रौंदने या कुचलने वाला; इधर उधर भटकने वाला।
trampling *-लिंग n.* कुचलने या रौंदने का कार्य; पैर पटकने का कार्य।
trance *-न्स n.* a state in which the soul seems to have passed of the body, a state of insensibility to ordinary surroundings; hypnosis; on intermediate state between sleeping and waking, bewilderment, a passage, courtyard अचेत अवस्था; अचैतन्य; बेहोशी, मोहावस्था सुप्त, और जागने की अवस्था; विभ्रान्त; घबड़ाहट; रास्ता; मकान का चौक; *v. t.* to enchant; to entrance. अचैतन्य करना; बेहोश करना।
tranced *ट्रान्सड adj.* अचैतन्य अवस्था का; समाधिस्थ।
trancedly *-डली adv.* अचैतन्य अवस्था में।
trancet *-सेट n.* (Shak.) a ferry. नाव।
trangam *-गम n.* व्यर्थ का आदमी या बात; एक छोटा आभूषण।
trangle *ट्रैंगल n.* छोटी सी छोटी बातों पर घबरा जाना।
trankum *-कम n.* (Scot.) एक छोटा आभूषण
tranquil *-क्विल adj* शान्ति, धैर्य; अक्षोभ; स्थिरता।
tranquilisation *क्विलाइजेशन n.* शान्ति अवस्था; निश्चलता।
tranquilise *-लाइज v t.* शान्त करना, धीरज देना आश्वासन देना।
tranquiliser *-जर n.* शान्त करने वाला।
tranquilisingly *-क्विलाइजिंग adv.* शान्ति पूर्वक, शान्ति करते हुए।
tranquility *n.* शान्ति; प्रशान्त।
trans *ट्रान्स n.* (also tran, tra) *pref.* signifying "across, beyond पार; दूसरी ओर अथवा परे, अर्थ का एक उपसर्ग।
transact *-क्ट v t.* to conduct; to do; to perform; to manage. कार्य चलना; करना, निबाहना; बन्दोबस्त करना, व्यवस्था करना; पूरा करना।
transaction *-क्शन n* कार्य, आचरण; व्यापार; प्रबन्ध।
transactor *-क्टर n* किसी व्यापार या कार्य का करने वाला।
transalpine *-लपाइन adj.* इटली देश के एल्प्स पर्वत के पार या परे का।
transandine *-डाइन n.* ऐण्डीज पर्वत के पार या परे का।
transatlantic *-लॉटिक adj* अन्यमहासागर के पार या परे का।
transcalent *-लेन्ट* उष्णता प्रवाहक।
transcent *-सेन्ट v. t.* ऊपर उठना; अधिक होना, सीमा से बाहर होना; सबसे ऊपर उठना।
transcendence *-डेन्स n.* (also transcendency) श्रेष्ठता; महत्व।
transcendent *ट्रान्सेन्डेन्ट adj.* अति श्रेष्ठ; महत्व वाला।
transcendental *-टल adj.* अस्पष्ट; गुप्त, अत्युत्तम, श्रेष्ठ; सर्वातिरिक्त।
transcendentalise *-लाइज v. t.* अस्पष्ट करना; गुप्त बनना; श्रेष्ट बनाना।
transcendentalism *-लिज्म n.* सर्वातिशायी सिद्धान्त जिसमें मनुष्य मात्र के प्रारम्भिक ज्ञान जो बिना अभ्यास के होता है; उसका विश्लेषण किया गया है।
transcendentailst *-लिस्ट n.* उपरोक्त सिद्धान्त को मानने वाला।
transcendentally *-डेन्टली* (also transcendently) *adv* उपरोक्त सिद्धान्त के अनुसार।
transcendentness *ट्रान्सेन्डेन्टनैस n.* महत्वता; श्रेष्ठता।
transcolate *-कालेट v. t.* छलनी में से छानना।
transcontinental *-कॉन्टिनेन्टल* महाद्वीप के पार या परे का।
transcribe *-क्राइब v. t.* to write over again. दुबारा लिखना; पुस्तक को हाथ से दुबारा नकल करना, रेडियो में दुबारा प्रसारित करने के लिए बिजली से अभिलेखित रिकार्ड; संगीत के किसी गाने को वाद्य-यन्त्र अथवा आवाज पलट कर दुबारा गाना।
transcriber *-क्राइबर n.* प्रतिलिपि करने वाला।
transcript *-क्रिप्ट n.* a copy. प्रतिलिपि; नकल; प्रतिलेख।
transcription *-क्रिप्शन n.* प्रतिलिपि या नकल करने का कार्य; प्रतिलेखन।
transcriptional *-नल*, **transcriptive** *-टिव adjs.* प्रतिलिपि सम्बन्धी।
transcriptively *-क्रिप्टिवली adv.* प्रतिलिपि के रूप में।
transcurrent *-करेन्ट adj.* बेड़ी ओर चलता या बहता हुआ।
transe *n.* रास्ता, मकान का चौक।
transenna *-सेना n.* पूजा स्थान पर लटकाने का पर्दा।
transept *-प्ट n.* गिरजा घर का बेड़े बल का भाग
transeptal *-प्टल adj.* उपरोक्त आकार का।
transeptate *-प्टेट adj.* बेंड बल में बटा हुआ।
transfer *-फर v. t. & v. i.* to remove from one place to another; to take possession of as property; to convey a drawing from one surface to another as by a specially prepared paper; to change from one line or car to another. एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना; एक रेखा चित्र को एक विशेष प्रकार के कागज द्वारा दूसरे कागज पर उतारना, एक गाड़ी को छोड़ कर दूसरी गाड़ी बदलना। *n.* बदली; हस्तान्तर; बदली करी गई वस्तु, बदली करने का स्थान, तरीका या उपाय; एक प्रकार का टिकिट जिसके द्वारा यात्री गाड़ी या नाव बिना और पैसे दिए पलट सकता है; किसी वसीयत या सम्पति का एक से लेकर दूसरे को देना; किसी व्यक्ति को एक व्यापारिक संस्था से दूसरी संस्था में बदली; धन या हिस्सों को दूसरे के नाम में बदलने का आदेश।
transferable *-फरेबल adj* स्थान परिवर्तन करने योग्य।
transferable-vote *-वोट n.* वह मतदान या मतदाता कई उम्मीदवारों में से किसी को दे सकें यदि यह मतदान ऐसे उम्मीदवार को दिया गया हो जो बैठ गया हो।
transfer-book *-बुक n.* सम्पति के अथवा हिस्सों की खरीद फरोख्त के बाद नाम बदल कर चढ़ाने की बही लेखा।
transfer-day *-डे n.* बरतानिया के बैंक में हिस्से इत्यादि अपने नाम चढ़वाने का एक निश्चित समय
transferee *-री n.* वह व्यक्ति जिसको कोई वस्तु या सम्पति दी जाय।
transference *-रेन्स n.* बदली, हस्तान्तर करने का कार्य।
transferor *-रर* **transferer** *-रर n* बदली करने वाला व्यक्ति, हस्तान्तर करने वाला व्यक्ति।
transfer-paper *-पेपर n.* चित्र इत्यादि को दूसरे कागज पर उतारने का कागज।
tranfer-ticket *-टिकट n.* वह टिकट जिसके द्वारा बिना अधिक पैसे दिए एक गाड़ी से दूसरी गाड़ी में बदली की जा सके।
transfiguration *-फिगरेशन n.* a change of form. आकार का परिवर्तन।
transfigure *-फिगर v t* to change the shape or outward from आकार बदलना या बाहरी रूप में परिवर्तन करना।
transfigurement *फिगरमेन्ट n.* आकार परिवर्तन करने का कार्य।

transfix *ट्रान्सफिक्स v. t.* to pierce through to paralyse with sudden emotion छेदना; शस्त्र से आरपार करना, किसी उत्तेजना से जड़वत् होना।

transfixation *-सेशन n.* प्रवेश, घँसाव।

transfluent *-ल्युएन्ट adj.* flowing through किसी पदार्थ में से बहता हुआ।

transflux *-लक्स n.* प्रवाह।

transform *-फॉर्म v. t.* to change the shape or form of, to change the character. आकार बदलना; सूरत बदलना, स्वभाव बदलना।

transformable *-नेबल adj.* बदलने योग्य।

transformation *-शन n.* परिवर्तन, रूपान्तर; विकृति।

transformative *-टिव adj.* आकार पलटने वाला परिवर्तन होने की शक्ति वाला।

transformer *-मर n* रूपान्तर करना,एक प्रकार का बिजली का यन्त्र जो बिजली की शक्ति को परिवर्तित करता है।

transforming *-मिङ्ग n & adj* रूपान्तर करने का कार्य।

transformism *-जम n.* जीवों या पौधों की श्रेणियों में परिवर्तन करने का सिद्धान्त।

transformist *-रूट n-* उपरोक्त सिद्धान्त को मानने वाला।

transformistic *-मिस्टिक adj* उपरोक्त सिद्धान्त से सम्बन्धित।

transfuse *-फ्यूज v. t* डालकर दूसरे बर्तन में रखना एक जीव का खून दूसरे के शरीर में चढ़ाना नली में पिचकारी से दबा चढ़ाना।

transfuser *-र n* एक जीव के खून को दूसरे प्राणी के शरीर में भरने वाला।

transfusibility *-जीबिलटी n.* एक पात्र में से दूसरे पात्र में आने की क्षमता।

transfusion *-न n* एक पात्र दूसरे पात्र में उड़ेलने का कार्य।

transfusionist *-निस्ट n.* एक शरीर का रक्त दूसरे के रक्त में बदलने उपचार करने में विश्वास करने वाला।

transfusive *-सिव adj.* एक पात्र से दूसरे पात्र में डालने योग्य।

transfusively *-ली adv.* उड़ेलते हुए।

transgress *-ग्रेस v. t.* to infringe, to violate; to overpass;to sin नियम भङ्ग करना, कानून न तोड़ना, पाप करना

transgression *-शन n* पाप, दोष, अपराध; उल्लंघन, अत्याचार।

transgressional *-ल adj* (also trangressive) उल्लङ्घन सम्बन्धी।

transgressively *-सिवली adv.* अत्याचार से।

transgressor *-ग्रेसर n.* अत्याचारी; पापी, अपराधी।

tranship transship *नशिप v.t* to transfer from one ship or train to another. एक जहाज या गाड़ी से दूसरे पर रखना।

transhipment *-मेन्ट n* एक जहाज से उतारकर दूसरे जहाज पर लादना।

transhipper *-र n.* माल को एक जहाज से उतारकर दूसरे जहाज पर लादने वाला।

transhipping *-शिप्पिङ्ग n.* उपरोक्त कार्य।

transhuman *-ह्यूमन adj* more than human अति मानवी।

transhumance *-ह्यूमन्स n.*passing from summer to winter or from winter to summer pastures. गर्मी की चरागाह छोड़कर सर्दी के मौसम की चरागाह पर परिवर्तन करने का कार्य

transhumant *-न्ट adj.* उपरोक्त कार्य्य से सम्बन्धित।

transhume *-म v. t.* उपरोक्त कार्य्य करना।

transience *ट्रान्जियेन्स*; **transiency** *-यन्सी n.* a short duration. अल्पकाल; थोड़ा समय।

transient *-येन्ट adj.* शीघ्र चले जाने वाला; अनित्य; क्षणिक; अल्पकाल स्थायी।

transiently *-ली adv.* क्षणिक रूप में।

transientness *-नेस n.* क्षणिकता; अनित्यता।

transiliency *ट्रान्सीलियेन्सी n.* a leaping from one to another. एक वस्तु से दूसरे पर कूदना।

transilient *-येन्ट adj.* एक आधार से दूसरे आधार पर कूदने वाला या उससे सम्बन्धित।

transilluminate *ट्रान्सइल्यूमिनेट v.t.* to throw a strong lght through, बीच में से तेज रोशनी फेंकना।

transillumination *-शन n.* उपरोक्त रूप से रोशनी करने का कार्य।

transire *ट्रान्सायरी n.* a custom warrant for clearing चुंगी का प्रमाणपत्र।

transistor *-निस्टर n.* an amplifier with a crystal and two cat's whiskers. एक प्रकार ध्वनि को बढ़ाने का यन्त्र जिसमें एक चुम्बक का स्फटिक और दो बिल्ली की मूंछें लगी होती है

transit *ट्रान्जिट n* the passage through गति; गमन, मृत पथ; पथ या रास्ता; वहन; क्रान्ति, *v. t* to pass across. पार जाना।

transit-circle *-सर्कल n.* एक प्रकार का नक्षत्र देखने का एक यन्त्र।

transit-duty *-ड्यूटी n.* किसी देश के तट पर से गुजरने वाले माल पर लेने वाला तट कर।

transit-instrament *-इन्सट्रूमेन्ट n.* एक प्रकार की नक्षत्र देखने की दूरबीन।

transition *ट्रान्जीशन n.* अवस्थान; परिवर्तन; स्थिति का अन्तर।

transitional *-नल*; **transitionary** *-नेरी adj* परिवर्तन का; अनित्य; सकर्मक।

transitionally *-ली adv.* परिवर्तित रूप में।

transitive *-टिव adj.* अनित्य, सकर्मक।

transitively *-ली adv.* सकर्मक रूप से।

transitiveness *-नेस*; **transitoriness** *-टॉरिनेस n.* अनित्यता।

transitory *-टरी adj.* क्षणिक, क्षणभंगुर; अनित्य

transit-theodolite *ट्रान्जिट-थ्योडोलाइट n.* वह जिसकी दूरबीन पलटी जा सके।

transit-trade *-ट्रेड n* किसी दूसरे देश के समुद्र द्वारा व्यापार।

translatable *-ल्लेटेबल adj.* that can be translated. अनुवाद करने योग्य।

translate *-लेट v. t. & v. i.* to remove to another place; to express into another language; to remove to heaven without death, to interpret; to transfer from one office to another; a cause to move from one part of the body to another, to explain; to transform. दूसरी जगह हटाना, अनुवाद करना, उल्था करना; बिना मृत्यु के स्वर्ग प्राप्त करना, दुभाषिए का कार्य करना; शरीर के एक भाग से दूसरे भाग में ले जाना; व्याख्या करना; बदलना।

translation *-शन n.* अनुवाद; भाषान्तर, उल्था

translational *-नल*; **translatory** *-लेटरी adj.* अनुवाद उल्था सम्बन्धी।

translator *-लेटर n.* अनुवादक; भाषान्तर करने वाला।

translatress *-लेट्रस n.* (*fem.*) भाषान्तर करने वाली स्त्री।

transleithan *-लीथन प्राचीन* काल का लीथा नदी के पार का जो आस्ट्रिया और हंगरी देशों की सीमा पर थी; हंगरी देश का।

transliterate *-टरेट v.t.* to write in letters of another alphabet. एक भाषा के लेख को दूसरी भाषा के अक्षरों में लिखना।

transliteration *-रेशन n.* उपरोक्त प्रकार की लिखावट।

transleterator *-रेटरn.*उपरोक्त प्रकार से लिखने वाला।

translocate *-केट v. t.* to substitute one thing for another. एक वस्तु के स्थान पर दूसरी रखना।

translocation *-केशन n.* परिवर्तन, अदल बदल

translucence *-सेन्स* (also translucency) *n.* transparency. स्वच्छता; पारदर्शता।

translucent *-सेन्ट adj.* स्वच्छ, कुछ कुछ पारदर्शक।

translucently *-ली adv.* स्वच्छ रूप में।

translucid *-सिड adj.* स्वच्छ; पारदर्शक।

translucidity *-सिडिटी adj* स्वच्छता, पारदर्शता

translunary *-नरी* चन्द्रमा के पार का।

transmarine *-राइन adj.* समुद्र के पार का।

transmew *-म्यू v. t.* पदार्थ की प्रकृति अथवा रूप बदलना।

transmigrant *-ग्रन्ट adj* अन्य देशों में जाकर बसने वाला।

transmigrate *-ग्रेट v. t & v. i* अन्य देशों में जाकर बसना; आत्मा का दूसरे शरीर में बैठना; पुनर्जन्म।

transmigration *-ग्रेशन n.* पुनर्जन्म।

transmigrator *-ग्रेटर n.* पुनर्जन्म लेने वाला।

transmissibility *-बिलिटी n.* प्रेषण।

transmissible *-सिबल adj.* प्रेषण करने योग्य।

transmission *-मिशिन n.* समाचार आदि का संप्रेषण पहुंचाने या भेजना।

transmissional *-नल adj.* संप्रेषण सम्बन्धी।

transmissive *-सिव adj.* संप्रेषण की शक्ति रखने वाला।

transmissivity *-सिविटीn.* संप्रेषण करने का एक गुण।

transmit *-मिट v. t.* to send; to allow to pass tough; to communicate. भेजना; पहुँचाना, बतलाना; समाचार देना।

transmittal *-मिटल n.* भेजना, संप्रेषण।

transmitter *-मिटर n.* परिषक; संप्रेषक,समाचार इत्यादि संप्रेषित करने वाला व्यक्ति।

transmogrification *-मोगीफिकेशन n.*change परिवर्तन।

transmogrify *-मोगीफाई v. t.* आकार बदलना; सूरत बदलना।

transmontane *-मोन्टेन adj* पर्वत के पार का।

transmove *-मूव v. t.* पदार्थ का रूप बदलना।

transmutation *-टेशन n.*रूपान्तर, बदल कर रूप बदलने का कार्य; कीमिया।
transmutationist *-निस्ट n.* कीमिया में विश्वास करने वाला।
transmutability *लिटी n.* रूप बदलने की शक्ति
transmutable *-बल adj.* रूप बदलने योग्य।
transmutably *-बली adv.* रूप बदलते हुए।
transmute-यूट *v.t* रूप बदलना,आकार बदलना; रूपान्तरित करना।
transmuter *-टर n.* रूप या आकार बदलने वाला
transoceanic *-निक adj.* across the ocean. समुद्र के पार का।
transom *-सम n.* a cross piece; a cross beam. आड़ा टुकड़ा; आड़ा शहतीर।
transom-window *-विन्डो n.* आड़े सरिये से दो भाग में विभक्त की गई खिड़की।
transpadane *-डेन adj.* beyond the river Po. रोम की नदी पो के पार का।
transparence *-रेन्स* **transparency** *-सी n.* स्वच्छता; पारदर्शता, पारदर्शक वस्तु;प्रकाश डालने पर दिखाई देने वाली तस्वीर।
transparent *-रन्ट adj.*पारदर्शी; स्वच्छ;पारदर्शक साफ।
transparently *-टली adv.* पारदर्शकता रूप में।
transparentness *-नस n.* पारदर्शता;स्वच्छता।
transpicuous *-अस adj.* transparent. पारदर्शक, स्वच्छ।
transpierce *-पीयर्स v. t.* to pierce through अन्दर घसना; चुभोना।
transpirable *-बल adj.* that can pass through the pores. छिद्रों के मार्ग से निकलने योग्य।
transpiration *-शन n.*छिद्रो से रसने की क्रिया; रसने की योग्यता।
transpiratory *-टरी adj.* उपरोक्त क्रिया से सम्बन्धित; रसने योग्य।
transpire *-पायर v. t.* to exhale water vapours, to pass through the pores of the skin; to become known; to occur; to become public.भाप बनाना,त्वचा के छिद्रों द्वारा रसना;जाहिर होना; संघटित होना।
transplant *-लान्ट v. t.* पौधे को उस के उगने वाले स्थान से उखाड़ कर किसी दूसरे स्थान पर लगाना, हटा कर दूसरे स्थान पर स्थापित करना।
transplantable *-टेबल adj.* उखाड़कर दूसरे स्थान पर लगाने योग्य।
transplantation *-शन n,* पौधे को एक स्थान से उखाड़कर दूसरी जगह लगाने की क्रिया; पौधे की रोपाई।
transplanter *-टर n.* पौधे की रोपाई करने वाला पौधे को एक स्थान से उखाड़कर दूसरे स्थान लगाने वाला।
transplanting *-टिङ्ग n.* उपरोक्त क्रिया।
transplandent *-डेन्ट adj.* highly resplendent. बहुत चमकीला।
transpontine *-पोन्टाइन adj.* across the bridge पुल के पार का।
transport *-र्ट v. t.* to carry or convey from one place to another; to carry beyond bounds of moderation; to kill as by violence or passion, to send overseas as convict. एक स्थान से दूसरे स्थान पर लेजाना; अत्याधिक प्रसन्न या क्रोधित होना; क्रोध या आवेग से मार डालना; काला पानी देना; *n.* परिवहन; एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने की अवस्था; यातायत, सरकार द्वारा सैनिक अथवा रसद इत्यादि भेजने के जलपोत गाड़ी इत्यादि; काले पानी की सजा पाया हुआ कैदी; यात्रियों को दूसरे स्थान ले जाने वाला वायुयान; देश निकाला।
transportability *-बिलिटी n.* ढोकर ले जाने की योग्यता।
transportable *-बल adj.* लादकर ले जाने योग्य
transportal *-पोर्टल;* **tranportance** *-पोर्टन्स n.* (Shak.) यातायात।
transportation *-शन n.* निर्वासन; देश निकाला
transported *-पोर्टेड adj.* यातायात द्वारा लाया हुआ।
transportedly *-पोर्टेडली adv.* प्रफुल्लता से।
transportedness *-नेस n.* प्रफुल्लता।
transporter *-पोर्टर n.* भेजने वाला बोझ वहन करने वाला यन्त्र।
transporting *-पोर्टिङ्ग n.* आनन्द में मग्न।
transportingly *-ली adv.* अति आनन्द से।
transportive *-पोर्टिव adj.* यातायात करने वाला; परिवहन करने वाला।
transport-rider *-पोर्ट-राइडर n.* रेल के डिब्बे द्वारा ले जाने वाला।
transport-ship *-शिप n.* सैनिक; रसद तथा दूसरा सामान ले जाने वाला जलपोत।
transposable *-पोजेबल adj.* that can be changed or transfered. स्थान परिवर्तन करने योग्य।
transposal *-पोजल n.* स्थान परिवर्तन की क्रिया।
transpose *-पोज v. t.* to reverse the order or change the place; to transfer; to alter; to transform; to transport. क्रम बदलना अथवा उलट पुलट करना; एक वस्तु की जगह दूसरी वस्तु बदलना, स्थिति बदलना; प्राकृतिक अवस्था बदलना; एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना।
transposer *-पोजर n.* स्थान पलटने वाला।
transposing *-जिङ्ग n. & adj.* उलट फेर करने की क्रिया।
transposing-instrument *n.* एक प्रकार का वाद्य यन्त्र जिसके द्वारा स्वर अपने आप पलट जाता है।
transposition *-पोजीशन n.* उलट पलट; परिवर्तन
transpositional *-नल; जिटिव adj.* परिवर्तन किया हुआ।
trans-shape *-शेप v. t.* (Shak.) to transform. प्राकृतिक अवस्था बदलना।
trans-ship *-शिप v. t.* एक जहाज या गाड़ी से दूसरे जहाज या गाड़ी पर ले जाना।
trans-sonic *-सोनिक adj.* आवाज की रफ्तार से कुछ थोड़ी अधिक रफ्तार का द्योतक।
transubstantiate *-स्टेनशियेट v.t.* to change to another substance. दूसरे पदार्थ में बदलना।
transubstantiation *-शन n.* पदार्थ परिवर्तन।
transubstantiator *-टर n.* पदार्थ-परिवर्तन में विश्वास रखने वाला।
transudation *ट्रेशन n.* the act of oozng out. छिद्रों से होकर रसने की क्रिया।
transudatory *-टरी adj.* रसकर बाहर निकलने वाला।
transude *-स्यूड v. t.* to ooze out. छिद्रों मे से रसना, *n.* a substance that transudes रसने वाला पदार्थ।
transume *-म v.t* to transcribe officially. सरकार की तरफ से अनुवाद करना।
transumpt *-म्प्ट n.* किसी कानूनी लेख की सरकारी प्रतिलिपि।
transumption *-शन n.* प्रतिलिपि; मुहावरा; स्थानान्तर।
transumptive *-म्प्टिव adj.* एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने वाला।
transuranic *-यूरेनिक,* **transuranium** *-नियम adj. & n.* of greater atomic number than uranium. यूरेनियम से अधिक अणु वाली संख्या का।
transvalue *-वेल्यू v. t.* to evaluate anew. दुबारा कीमत लगाना।
transversal *-र्सल adj.* travers. आड़ा, तिरछा बेंडा। *n.* a line cutting a set of lines. कई रेखाओं को काटने वाली आड़ी रेखा।
transversality *-वर्सेलिटी n.* तिरछापन; आड़ापन।
transversally *-र्सली* **transversely** *-र्सली adv.* तिरछे पन से; आड़े पन से।
transverse *-वर्स adj.* set crosswise. तिरछा बेड़ा; आड़ा।
tranter *-टर n.* a hawker; a carrier. फेरी वाला; ले जाने वाला। *v. t. & v. i.* to hawk. फेरी लगा कर माल बेचना।
trap ट्रैप *n.* a snare; a device for catching a stratagem; a carriage, a ventilating door of a mine; a lock; a contrivance for throwing up a ball or pigeons; a dark fine grained frock, a fault, a ladder; a horse cloth; personal luggage. जाल; पिंजड़ा; फंदा, जानवरों को फंसाने की कल, कपट, गाड़ी, खान का रोशनदान; ताला; गेंद या मिट्टी के कबूतर ऊपर फेंकने का यन्त्र; एक प्रकार का काला पत्थर, टोप, सीढ़ी; घोड़े पर रखने का कपड़ा; व्यक्तिगत सामान। *v. t.* to catch in a trap, to provide with traps. पिंजड़े या फन्दे मे पकड़ना। *v. i.* to act as a trapper. फंदे से पकड़ने का कार्य करना; फंदे बनाना।
trapen *-न n.* a snare; stratagem छल; कपट; जाल। *v.t* to ensnare. जाल मे फंसाना; छल कपट से पकड़ना।
trapanner *-नर n.* फन्दे में फंसाने वाला।
trap-ball *-बॉल n.* जाल और गेंद चलने से खेले जाने वाला एक प्राचीन खेल।
trap-cut *-कट adj.* सीढ़ी के आकार का कटा हुआ
trapezium *-पेजियम n.* समलम्ब।
trapezoid *-जोइड n.* समलम्ब चतुर्भुज जिसकी केवल दो भुजाएं समानान्तर होती है।
trapezoidal *-जोइडल adj.* समलम्ब चतुर्भुज के आकार का।
trap-fall *-फॉल n.* एक प्रकार का पैर के नीचे का दरवाजा जो नीचे पैर रखने से नीचे खुल जाता है
trap-flower *-फ्लावर n.* एक प्रकार का फूल जिस मे कीड़े बन्द हो जाते है।

trap-ladder *-लॅडर n.* छोटे सीढ़ी वाला जीना।
trappear *-र adj.* चट्टान के सदृश।
trapper *n.* पशु या पक्षी पकड़ने वाला।
trappings *-पिंगस n.* घोड़ों का आभूषित साज।
trappy *-पी adj* फन्दे के आकार का, छल युक्त।
traps *-प्स n. pl.* सामान; गठरी इत्यादि।
trap-stick *-स्टिक n.* ट्रैप बॉल खेलने का बल्ला
trash ट्रैश *v. t.* to check; to free from broken twigs; to wear out; to harass रोकना; टूटी हुई टहनियां इत्यादि हटाना; विसकर टूटना; तंग करना; विनीत करना। *v. i.* to trudge. पांव घसीटते हुए चलना। *n.* broken twigs, sugarcane refuse; rubbish, anything worthless; a worthless person; poor whites. टूटी हुई डालियां, गन्ने के रस निकालने के बाद बचा हुआ भाग; कोई व्यर्थ पदार्थ; व्यर्थ का मूर्ख व्यक्ति; बेचारे गरीब सफेद चमड़ी के लोग।
trashery *-री n.* कूड़ा करकट।
trashily *-ली adv.* व्यर्थ या निरर्थक रूप में।
trashiness *-नस n.* निरर्थकता, नि.सारता।
trashling *-लिंग n.* एक प्रकार की मछली।
trashy *-शी adj.* व्यर्थ; असार।
trass ट्रास *n.*an earthy volcanic tuff used as cement. ज्वालामुखी के आस पास की राख जो सीमेंट की तरह काम मे लाई जाती है।
tratoria *-रिया n.* भोजनालय।
trauchle *-ट्रहल v. t. & v. i.* to weary with drudgery; to drudge. अधिक परिश्रम से थकना; अधिक परिश्रम करना।
trauma *-मा n.* जरक; व्रण; चोट, घाव, उत्तेजना के कारण पड़ा हुआ दौरा।
traumatic *-मैटिक adj.* घाव सम्बन्धी।
traumatically *-टिकली adv.* घाव के रूप में।
travail *-वेल n.* excessive labour; labour in child birth; toil. अत्यधिक परिश्रम; प्रसव की पीड़ा; परिश्रम। *v. i.* to labour hard;to suffer prangs of child-birth. अत्याधिक परिश्रम करना, प्रसव की पीड़ा होना।
travailed *-वेल्ड adj* थका हुआ; अनुभव शील; प्रसव पीड़ा युक्त।
travail pang *-पेङ्ग n.* प्रसव पीड़ा।
travel *-वल v. t. &v i.*to journey,to walk; to go;to go round for bringing orders to pass; to move; to send on journey यात्रा करना; पैदल चलना,सफर करना, किसी वस्तु को बेचने के लिए आज्ञा पत्र लाना; गुजरना; इधर उधर जाना; यात्रा के लिए भेजना;*n.* a journey impetus;passage;range of movement; power of going. यात्रा; शक्ति; मार्ग, रास्ता भ्रमण करने की सीमा, जाने या चलने की ताकत।
travelled *-वल्ड adj.* यात्रा का अनुभव वाला; यात्रा किया हुआ।
traveller *-लर n.* यात्री, यात्रा करने वाला; पथिक बटोही।
traveller's joy *-जॉय n.*एक प्रकार का फूल वाला पौधा।
traveller's tale *-टेल n.*किसी यात्री द्वारा विदेशों में देखी हुई वस्तुओं के वर्णन मे सबसे बड़ा झूठ।
traveller's tree *-ट्री n.* केले के पौधे के आकार का एक पौधा।
travelling *-वलिंग n. & adj.* यात्रा; यात्रा की सामग्री।
travelling allowance *-अलाउन्स n.* यात्राधिदेय
travelling allowance bill-*बिल n.* यात्राधिदेय देयक।
travelling expenses *-एक्सपेन्सस n.* मार्ग व्यय
travelogue *-लोग n.* an illustrated narrative of travels. यात्रा विषयक सचित्र व्याख्यान
travels *-ल्स n.* यात्रा का वर्णन।
travel soiled *-सोइल्ड adj.* यात्रा के चिन्ह युक्त
traversable *-वर्सल adj.*that can be crossed पार करने योग्य।
traverse *-वर्स adj* cross: oblique. आड़ा, तिरछा; *n.* a passage across; anything that obstructs; a curtain; a contradiction. आड़ा रास्ता, रोक, बाधा;परदा; मकान के एक छोर से दूसरे छोर तक का गलिआरा; विरुद्ध पक्ष के लगाए हुए दोषों का प्रतिरोध; *v. t.* to lie in across direction; to obstruct; to discuss; to wander over; to cross; to deny an allegation. तिरछा रखना; बाधा डालना; शास्त्रार्थ करना; घूमना;पार होना; लगाए हुए दोषों को अस्वीकार करना।
traversed *-ड adj* आड़ा या तिरछा रखा हुआ।
traverser *-र n* रेल के इंजन को घुमाने का एक यन्त्र।
traversing *-सिंङ्ग n. & adj.* तिरछा रखने या करने का कार्य।
traversing-bridge *-ब्रिज n.* एक प्रकार का पुल जो आगे पीछे या तिरछा घुमाया जा सकता है।
travertine *-टीइन n.* एक प्रकार का हल्के पीले रङ्ग का पत्थर जो सफेदी घोल कर छानने पर निकलता है।
travesty *-टी* बदला हुआ भेष; नकल; हास्यजनक वस्त्र, *v.t.* नकल करना; हास्य जनक बनाना
travis *-विस n.* अस्तबल मे घोड़ों को अलग रखने के लिए बनाई गई टट्टी।
travois *-वोइस* काठी के दोनों तरफ जमीन पर घिसटने वाले दो लम्बे डण्डे जो नीचे से एक तीसरे डण्डे में जुड़े होते हैं।
trawl *-उल n.* an open mouthed net for fishing at the bottom. खुले मुंह का बड़ा घसीटने वाला जाल जिससे गहरे पानी की तली से मछली पकड़ी जाती है; *v. t.* to fish with the drag-net at the bottom उपरोक्त द्वारा मछली पकड़ना।
trawler *-लर n.* उपरोक्त जाल से मछली पकड़ने वाला; मछली पकड़ने का जल पोत; समुद्र मे छितरी हुई काइयों को बटोरने वाला जलपोत।
trawling *-लिङ्ग n.* उपरोक्त जाल से मछली पकड़ने का कार्य।
trawl net *-नेट n.* बड़े मुंह वाला गहरे पानी में डालने का मछली पकड़ने का जाल।
tray *ट्रे n.* a shallow trough like vessel a game played with dice थाली; परात; बड़ी रकाबी; पासे से खेले जाने वाला खेल।
tray-cloth *-क्लाथ n.* बड़ी रकाबी या थाली पर ढकने का कपड़ा।
trayful *-फुल n.* थाली में जितना आता है उतनी मात्रा।
treacher; treachour *-चर n.* धोखा देने वाला; राजद्रोही; विश्वासघात करने वाला।
treacherous *-स adj.* विश्वास घाती; राजद्रोही; देशद्रोही।
treacherously *-ली adv.* विश्वासघात से।
treacherousness *-नेस n.* विश्वासघात; दुष्टता।
treachery *-री n.* विश्वासघात; देशद्रोही, झूठ।
treachetour *-केटूर n.*धोखा देने वाला; देशद्रोही।
